**प्रेषक,**

**डॉ0 पिंकी जोवल,**
मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0
16, ए0पी0सेन रोड, मण्डी परिषद भवन, लखनऊ।

**सेवा में,**

1. **समस्त जिलाधिकारी**, उत्तर प्रदेश।
2. **समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी,** उत्तर प्रदेश।

**पत्रसंख्याः–एस0पी0एम0यू0 / नियोजन / 17 / 2024–25 / 4386–2 दिनांक : 07.10.2024**

**विषयः–राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 की जनपदीय कार्ययोजना की स्वीकृति के सम्बंध में।**

**महोदय / महोदया,**

अवगत कराना है कि भारत सरकार के पत्र संख्या एफ0नं0 एम–11011 / 1 / 2024–एन0एच0 एम0–III दिनांक 12.03.2024 द्वारा एन0एच0एम0, इन्फ्रास्ट्रक्चर मेन्टीनेन्स एवं काइण्ड ग्राण्ट सहित उत्तर प्रदेश राज्य हेतु **वर्ष 2024–25 के लिए** रू0 16262.94 करोड की धनराशि पर स्वीकृति प्रदान की गई है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की विभिन्न गतिविधियों को सुचारु रूप से संचालित किये जाने के उद्देश्य से आपको विस्तृत दिशा–निर्देश तथा मदवार धनराशियों का आवंटन FAMS portal के माध्यम से किया जा रहा है। राज्य कार्यकारी समिति की बैठक दिनांक 09.05.2024 एवं 31.05.2024 में प्राप्त अनुमोदन के क्रम में जनपदों को वर्ष 2024–25 में आवंटित धनराशि की फांट एवं भौतिक दिशा–निर्देशों की संकलित 'रेफरेन्स पुस्तिका' प्रेषित की जा रही है।

मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा यह सुनिश्चित किया जाय कि जनपद स्तरीय चिकित्सालयों, जिला स्तरीय चिकित्सालय, जो मेडिकल कॉलेज में परिवर्तित हो चुके हैं अथवा परिवर्तित किये जा रहे हैं तथा ब्लॉक हेतु भौतिक लक्ष्य एवं वित्तीय फांट सहित वार्षिक कार्ययोजना तैयार कराते हुए उनको उपलब्ध कराई जाय।

उक्त के अतिरिक्त एस0पी0एम0यू0 कार्यालय के पत्रसंख्या–एस0पी0एम0यू0 / नियोजन / 50 / 2024–25 / 3238 दिनांक 29.08.2024, जिसके साथ सचिव–स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रसंख्या–डी0ओ0नं0 पी–17029 / 05 / 2024–एन0एच0एम0–IV दिनांक 09.07.2024 का भी संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। भारत सरकार के उपर्युक्त पत्र द्वारा अवगत कराया गया है कि कतिपय जिला स्तरीय चिकित्सालय, जो कि मेडिकल कॉलेज में परिवर्तित हो चुके हैं (अथवा परिवर्तित किये जा रहें हैं), में पूर्व की भांति राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत गतिविधियां यथावत संचालित रखते हुए जन–मानस को स्वास्थ्य सेवायें निर्बाध रूप से दिया जाना सुनिश्चित किया जाय।

**आपको निर्देशित किया जाता है कि ब्लॉकवार धनराशि का आवंटन तैयार करने हेतु सम्बंधित जनपदीय व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन करें, ताकि आवंटन तैयार किये जाने में उनका भी सहयोग प्राप्त किया जा सके। तत्पश्चात जनपद स्तर से संचालित की जाने वाली गतिविधियों को सम्मिलित करते हुए पूरे जनपद की कार्ययोजना (DHAP) तैयार कराकर ज़िला स्वास्थ्य समिति (DHS) से एकमुश्त अनुमोदन प्राप्त कर लिया जाय। यदि भविष्य में कतिपय गतिविधियों के सम्बन्ध में धनराशि एवं दिशा–निर्देश राज्य स्तर से प्रेषित किये जाते हैं, तो उनका भी संज्ञान लेते हुए जिला स्वास्थ्य समिति का अनुमोदन प्राप्त करके नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।**

समस्त कार्यक्रमों के संचालन, पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण का कार्य चिकित्सा स्वास्थ्य महानिदेशालय, परिवार कल्याण महानिदेशालय, प्रशिक्षण महानिदेशालय तथा राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान के स्तर से किया जा रहा है। अतः समय–समय पर इनके स्तर से अथवा राज्य कार्यक्रम प्रबंधन इकाई स्तर से यदि किसी कार्यक्रम के संशोधित दिशा–निर्देश निर्गत किये जाते हैं, तो उनका पूर्ण संज्ञान लेते हुए कार्यवाही की जाये।

# 1. मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम

## 1.1 जननी सुरक्षा योजनाः—

वित्तीय वर्ष 2024—25 के लिये जननी सुरक्षा योजना के क्रियान्वयन हेतु धनराशि पर अनुमोदन प्रदान किया गया है। तत्क्रम में अवगत कराना है कि जननी सुरक्षा योजना के संचालन हेतु वित्तीय वर्ष 2023—24 में पत्र संख्या एन0एच0एम0/एस0पी0एम0यू0/मातृस्वा0/जे0एस0वाई0/8—9/ 2023—24/ 1444—2 दिनांक 22.05.2023 एवं 9688—15 दिनांक 13.03.2024 के माध्यम से विस्तृत दिशा निर्देश जनपदों को प्रेषित किये गये थे। वित्तीय वर्ष 2024—25 में जननी सुरक्षा योजना के संचालन हेतु वित्तीय वर्ष 2023—24 में प्रेषित किये गये दिशा निर्देश यथावत लागू रहेंगे एवं वित्तीय वर्ष 2024—25 हेतु निम्न तालिकानुसार गतिविधिवार् धनराशि आवंटित की जा रही हैः—

| क्रम सं0 | गतिविधि | एफ0एम0आर0/फैम्स कोड | भौतिक लक्ष्य | वित्तीय वर्ष 2024—25 हेतु आवंटित धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्रामीण क्षेत्र के प्रसवों हेतु भुगतान रू0 1400 की दर से 90% धनराशि आवंटित | 3.1 | 25,00,000 | 315,00,00,000 |
| 2 | शहरी क्षेत्र के प्रसवों हेतु भुगतान रू0 1000 की दर से | 3.2 | 3,00,000 | 30,00,00,000 |
| 3 | बी0पी0एल0 श्रेणी के घरेलू प्रसव हेतु भुगतान रू0 500 की दर से | 3.3 | 615 | 3,07,500 |
| 4 | आशाओं को प्रोत्साहन धनराशि रू0 600 की दर से | 3.4 | 23,80,000 | 142,80,00,000 |
| 5 | जनपद स्तरीय प्रशासनिक मद | 3.5 | 4% | 19,51,32,300 |
| **जनपदों को अवमुक्त की जाने वाली कुल धनराशि** | | | | **507,34,39,800** |

अग्रेतर अवगत कराना है कि आशाओं द्वारा गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव हेतु प्रेरित करने व सहयोग प्रदान किये जाने के लिए निम्नानुसार प्रोत्साहन धनराशि दिये जाने का प्रावधान हैः—

- ग्रामीण क्षेत्र के प्रसवों हेतु आशाओं की प्रोत्साहन धनराशि रू0 600/—की दर से (गर्भवती महिला का मानकानुसार पूर्ण ए0एन0सी0 चेकअप, एम0सी0पी0 कार्ड पर आर0सी0एच0 नम्बर हेतु रू0—300/— प्रति लाभार्थी एवं राजकीय प्रसव इकाईयों में संस्थागत प्रसव हेतु गर्भवती महिलाओं को सहयोग प्रदान करने के लिये रू0—300/— प्रति लाभार्थी)।
- शहरी क्षेत्र के प्रसवों हेतु आशाओं की प्रोत्साहन धनराशि रू0 400/—की दर से (गर्भवती महिला का मानकानुसार पूर्ण ए0एन0सी0 चेकअप, एम0सी0पी0 कार्ड पर आर0सी0एच0 नम्बर हेतु रू0—200/— प्रति लाभार्थी एवं राजकीय प्रसव इकाईयों में संस्थागत प्रसव हेतु गर्भवती महिलाओं को सहयोग प्रदान करने के लिये रू0—200/— प्रति लाभार्थी)।

वित्तीय वर्ष 2024—25 में जननी सुरक्षा योजना हेतु उपर्युक्त तालिकानुसार कुल रू0 507,34,39,800/– (रू0 पॉच सौ सात करोड़ चौतीस लाख उन्तालीस हजार आठ सौ मात्र) की धनराशि जनपदों को आवंटित की जा रही है। जनपदों द्वारा की गयी मांग एवं आवश्यकतानुसार शेष धनराशि जनपदों की नौ माह की प्रगति एवं जनपदों द्वारा व्यय की गयी धनराशि की समीक्षा के आधार पर आवंटित की जायेगी। जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को ससमय व पूर्ण भुगतान किया जाए एवं **''प्रपत्र 18''** पर जे0एस0वाई0 की त्रैमासिक रिपोर्ट प्रत्येक त्रैमास की समाप्ति के बाद 05 कार्यदिवसों के अन्दर राज्य स्तर पर प्रेषित की जायेगी।

## 1.2 जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम :—

वित्तीय वर्ष 2024—25 के लिये जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु धनराशि पर अनुमोदन प्रदान किया गया है। तत्क्रम में अवगत कराना है कि जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के संचालन हेतु वित्तीय वर्ष 2023—24 में पत्र संख्या एन0एच0एम0/एस0पी0एम0यू0/मातृ स्वा0/जे0एस0एस0के0/93—5/2023—24/1438—2 दिनांक 22.05.2023 एवं 4525—2 दिनांक 05.09. 2023 के माध्यम से जनपदों को विस्तृत दिशा निर्देश प्रेषित किये गये थे। वित्तीय वर्ष 2024—25 में जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के संचालन हेतु निःशुल्क औषधि— कन्ज्यूमेबल्स एवं निःशुल्क जांचों हेतु वित्तीय वर्ष 2023—24 में प्रेषित किये गये दिशा निर्देश यथावत लागू रहेंगे परन्तु वित्तीय वर्ष 2023—24 के निःशुल्क भोजन मद के दिशा—निर्देश (प्रस्तर—3) में वित्तीय वर्ष 2024—25 हेतु आवंटित धनराशि के सम्बन्ध में दिशा—निर्देशों में निम्नवत् संशोधन किये गये हैं—

- प्रत्येक जनपद की समस्त 24X7 स्वास्थ्य इकाईयों पर निःशुल्क भोजन की व्यवस्था हेतु समस्त जनपद स्तरीय/ब्लाक स्तरीय/शहरी स्वास्थ्य इकाइयों (एल 2 एवं एल 3 प्रसव इकाईयों) में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष **निःशुल्क भोजन हेतु रू0 150/— प्रति लाभार्थी प्रति दिन की दर से**

**(सुबह का नाश्ता एवं दो समय का भोजन)**। ***नोट–यदि गर्भवती महिला प्रसव से पूर्व या प्रसवोंपरान्त उपरोक्त दिवसों से ज्यादा दिन प्रसव कारणों से स्वास्थ्य इकाई पर भर्ती है, तो भी उसे जे0एस0एस0के0 डाईट के मद से निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराना आवश्यक है।***

- पी0एम0एस0एम0ए0 दिवस में गर्भवती महिलाओं के सूक्ष्म जलपान के लिए 10 माह हेतु धनराशि आवंटित की जा रही है। इस हेतु रू0–2,000/–प्रति पी0एम0एस0एम0ए0 दिवस प्रति चिकित्सा इकाई की दर से, **राजकीय मेडिकल कॉलेजों, जिला महिला चिकित्सालयों, जिला संयुक्त चिकित्सालयों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों** एवं रू0–1,000/– प्रति पी0एम0एस0एम0ए0 दिवस प्रति चिकित्सा इकाई की दर से **प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों** हेतु।

वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु निम्न तालिकानुसार धनराशि आवंटित की जा रही हैः–

| क्रम सं0 | गतिविधि | एफ0एम0आर0/फैम्स कोड | भौतिक लक्ष्य | वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु आवंटित धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| | **निःशुल्क औषधि एवं कन्ज्यूमेबिल्स** | | | |
| 1 | जनपद की चिकित्सा इकाई में सामान्य प्रसव हेतु औषधि तथा कन्ज्यूमेबिल्स रू0 400/– की दर से (20% आवंटित धनराशि) | 4.1 | 25,05,000 | 20,04,00,000 |
| 2 | मेडिकल कॉलेजों के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग एल 3 चिकित्सा इकाई में सामान्य प्रसव हेतु औषधि तथा कन्ज्यूमेबिल्स रू0 400/–की दर से | 4.2 | 1,45,000 | 5,80,00,000 |
| 3 | जनपद स्तरीय एल 3 चिकित्सा इकाई में सिजेरियन प्रसव हेतु औषधि तथा कन्ज्यूमेबिल्सरू0 1,800 की दर से (20% आवंटित धनराशि) | 4.3 | 1,00,000 | 3,60,00,000 |
| 4 | मेडिकल कॉलेजों के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग एल 3 चिकित्सा इकाई में सामान्य सिजेरियन प्रसव हेतु औशधि तथा कन्ज्यूमेबिल्स रू0 1,800/–की दर से | 4.4 | 50,000 | 9,00,00,000 |
| | **निःशुल्क जांचे** | | | |
| 5 | गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जाँचें रू0 200/–की दर से 20% आवंटित धनराशि | 4.5 | 50,00,000 | 20,00,00,000 |
| 6 | पी0एम0एस0एम0ए0 दिवस में गर्भवती महिलाओं हेतु ई रूपी वाउचर के माध्यम से अल्ट्रासाउण्ड की जाँच की व्यवस्था रू0 425/– की दर से | 4.6 | | 90,00,00,000 |
| 7 | छाया वी0एच0एस0एन0डी0 सत्र में गर्भवती महिलाओं हेतु एच0आई0वी0 एवं सिफलिस की जाँचें रू0 40/–की दर से ए. वी. डी. | 4.7 | 28,40,928 वी0एच0एस0एन0डी0 सत्र | 11,36,37,120 |
| | **निःशुल्क भोजन** | | | |
| 8 | निःशुल्क भोजन सामान्य प्रसव–दो दिन एवं सिजेरियन प्रसव–पॉच दिन –रू0 150/– की दर से<br>जनपद स्तरीय एल 2 एवं 3 चिकित्सा इकाई में | 4.8 | 18,65,000 सामान्य प्रसव एवं 1,00,000 सिजेरियन प्रसव | 63,45,00,000 |
| 9 | निःशुल्क भोजन सामान्य प्रसव–दो दिन एवं सिजेरियन प्रसव–पॉच दिन रू0 150/– की दर से मेडिकल कॉलेजों के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग | 4.11 | 1,45,000 सामान्य प्रसव एवं 50,000 सिजेरियन प्रसव | 8,10,00,000 |
| 10 | पी0एम0एस0एम0ए0 दिवस में गर्भवती महिलाओं हेतु सूक्ष्म जल–पान राजकीय मेडिकल कॉलेज, जिला महिला चिकित्सालय, जिला संयुक्त चिकित्सालय, सी0एच0सीरू0–2,000/–प्रति पी0एम0एस0एम0ए0 दिवस प्रति चिकित्सा इकाई की दर से एवं पी0एच0सी को रू0–1,000/– प्रति पी0एम0एस0 एम0ए0 दिवस की दर से 10 माह हेतु | 4.9 | 2071 पीएमएसएमए फैसलिटी | 7,95,80,000 |
| **जनपदों को आवंटन की जाने वाली कुल धनराशि** | | | | **239,31,17,120** |

वित्तीय वर्ष 2024–25 में उक्त के अतिरिक्त 33 राजकीय मेडिकल कॉलेजों (आगरा, अलीगढ़, अम्बेडकरनगर, आजमगढ़, बहराइच, बांदा, बस्ती, बदायू, देवरिया, एटा, इटावा, अयोध्या, फतेहपुर, फिरोजाबाद, गौतमबुद्वनगर, गाजीपुर, गोरखपुर, हरदोई, जालौन, जौनपुर, झांसी, कन्नौज, कानपुर नगर, के0जी0एम0यू0 व आर0एम0एल0आई0एम0एस0 लखनऊ, मेरठ, मिर्जापुर, प्रतापगढ, प्रयागराज, सहारनपुर, शाहजहॉपुर, सिदार्थ नगर एवं वाराणसी) को सामान्य प्रसव हेतु रू0 400/– की दर से एवं सिजेरियन प्रसव हेतु रू0 1,800/– की दर से शतप्रतिशत धनराशि प्रसव हेतु औषधि एवं कन्ज्युमेबिल्स मद में सम्बन्धित जिला स्वास्थ्य समिति को आवंटित की जा रही है। आवंटित धनराशि जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा सम्बन्धित मेडिकल कॉलेज को अवमुक्त की जायेगी।

- जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत निःशुल्क औषधि हेतु रू0 38,44,00,000 /- (रूपये अड़तीस करोड़ चव्वालीस लाख रूपये मात्र) की आवंटित की गयी है।
- जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत निःशुल्क जांचो हेतु रू0 1,21,36,37,120 /– (एक सौ इक्कीस करोड़ छत्तीस लाख सैतीस हजार एक सौ बीस रूपये मात्र) की आवंटित की गयी है।
- जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत निःशुल्क भोजन हेतु रू0 79,50,80,000 /– (रूपये उन्नयासी करोड़ पचास लाख अस्सी हजार मात्र) की आवंटित की गयी है।

वित्तीय वर्ष 2024–25 में जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम हेतु कुल रू0 239,31,17,120 /– (रू0 दो सौ उन्तालीस करोड़ इक्कतीस लाख सतराह हजार एक सौ बीस मात्र) की धनराशि जनपदों को आवंटित की गयी है।

## 1.3 प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान

वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिये प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के कियान्वयन हेतु धनराशि पर अनुमोदन प्रदान किया गया है। तत्क्रम में अवगत कराना है कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के संचालन हेतु वित्तीय वर्ष 2023–24 में पत्र संख्या– एन0एच0एम0 / एस0पी0एम0यू0 / मातृ स्वा0 / पी0एम0एस0एम0ए0 / 134 / 2023–24 / 1445–2 दिनांक 22.05.2023 एवं पत्र संख्या–एन0एच0एम0 / एस0पी0एम0यू0 / मातृ स्वा0 / पी0एम0एस0एम0ए0 / 134 / 2023–24 / 4524–2 दिनांक 05.09.2023 के माध्यम से समस्त जनपदों को दिशा निर्देश प्रेषित किये गये थे।

वित्तीय वर्ष 2024–25 में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के संचालन हेतु वित्तीय वर्ष 2023–24 में प्रेषित किये गये दिशा निर्देश यथावत लागू रहेंगे एवं वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु निम्न तालिकानुसार धनराशि आवंटित की जा रही हैः–

| क्रम सं0 | गतिविधि | एफ0एम0आर0 एवं फैम्स कोड | भौतिक लक्ष्य | वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु आवंटित धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जनपद स्तरीय त्रैमासिक बैठक रू0 3000 की दर से | 6.1 | 75 ×4 बैठक | 9,00,000 |
| 2 | निजी क्षेत्र के स्वैच्छिक सेवा प्रदाता चिकित्सकों द्वारा ग्रामीण स्वास्थ्य इकाई में स्वैच्छिक सेवा प्रदान करने हेतु मोबिलिटी | 6.2 | 600 पी0एम0एस0एम0ए0 दिवस हेतु मोबिलिटी | 6,00,000 |
| 3 | जनपद स्तरीय I Pledge for 9 Achievers सम्मान समारोह समारोह हेतु रू0 40000 /– की दर से | 6.3 | 75 | 30,00,000 |
| 4 | चिन्हित उच्च जोखिम युक्त 03 अतिरिक्त ए0एन0सी0 विजिट सुनिश्चित कराने हेतु रू0 100 /– प्रति विजिट आशा को प्रोत्साहन धनराशि | 6.5 | 2,25,000 एच0आर0पी0 | 6,75,00,000 |
| 5 | चिन्हित उच्च जोखिम युक्त गर्भवती महिला के सुरक्षित संस्थागत प्रसव एवं प्रसवोपरान्त 45 दिनों तक माँ एवं नवजात शिशु की देखभाल को सम्बन्धित ए0एन0एम0 / चिकित्सक द्वारा प्रमाणित करने पर आशा को रू0 500 /– प्रसूता प्रोत्साहन धनराशि | 6.6 | 2,25,000 एच0आर0पी0 | 11,25,00,000 |
| 6 | प्रसवोपरान्त चिन्हित उच्च जोखिम युक्त धात्री महिला हेतु 03 अतिरिक्त पी0एन0सी0 विजिट सुनिश्चित कराने हेतु रू0 250 /– आशा को प्रोत्साहन धनराशि | 6.7 | 4,50,000 एच0आर0पी0 | 11,25,00,000 |
| 7 | चिन्हित उच्च जोखिम युक्त गर्भवती महिला को पी0एम0एस0एम0ए0 दिवस / सन्दर्भित स्वास्थ्य इकाई पर चिकित्सक / स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ से 03 अतिरिक्त ए0एन0सी0 जांचें कराने हेतु लाभार्थी को धनराशि रू0 100 /– प्रति विजिट | 6.8 | 2,25,000 एच0आर0पी0 | 6,75,00,000 |
| **जनपदों को आवंटित की जाने वाली कुल धनराशि** | | | | **36,45,00,000** |

***पी0एम0एस0एम0ए0 दिवस में गर्भवती महिलाओं के सूक्ष्म जलपान के लिए 10 माह हेतु*** रू0–2,000/–प्रति पी0एम0एस0एम0ए0 दिवस प्रति चिकित्सा इकाई की दर से, राजकीय मेडिकल कॉलेजों, जिला महिला चिकित्सालयों, जिला संयुक्त चिकित्सालयों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों हेतु एवं रू0–1,000/– प्रति पी0एम0एस0एम0ए0 दिवस प्रति चिकित्सा इकाई की दर से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों हेतु जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत निःशुल्क भोजन मद में (एफ0एम0आर0 संख्या 4.9) धनराशि का आवंटन किया गया है।

उपर्युक्त हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 में मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान हेतु कुल रू0 36,45,00,000/– (रूपये छत्तीस करोड़ पैतालिस लाख मात्र) की धनराशि आवंटित की गयी है।

## 1.4 हाई रिस्क प्रेगनेन्सी (उच्च जोखिम युक्त गर्भावस्था)

वित्तीय वर्ष 2023–24 में समस्त जनपदों को उच्च जोखिम युक्त गर्भावस्था के चिन्हीकरण, उपचार, फॉलो–अप हेतु पत्र संख्या–एन0एच0एम0/मातृ स्वा0/एनीमिया/HRP/135/2023–24/1443–2 दिनांक 22.05.2023 के माध्यम से विस्तृत दिशा निर्देश एवं पत्र संख्या–एन0एच0एम0/मातृ स्वा0/एनीमिया/HRP/135/2022–23/16774–2 दिनांक 15.12.2022 के माध्यम से गर्भवती महिलाओं में एनीमिया के उपचार एवं रोकथाम हेतु भी जनपदों को समस्त दिशा निर्देश निर्गत किये गये थे तथा पत्र संख्या मा0शि0क0/जे0एस0वाई0/आर0एच0 (निगेटिव)/2023–24/3870–149 दिनांक 21.03.2024 के माध्यम से गर्भवती महिलाओं में Rh Incompatibility के निदान एवं उपचार हेतु पृथक से दिशा निर्देश प्रेषित किये गये थे।

***उक्त समस्त दिशा–निर्देश वित्तीय वर्ष 2024–25 में भी यथावत लागू रहेंगे।***

**वित्तीय व्यवस्था–**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत 2,50,000 उच्च जोखिम युक्त गर्भवती महिलाओं के छाया वी0एच0एस0एन0डी0/यू0एच0एस0एन0डी0 पर चिन्हीकरण, लाइन लिस्टिंग एवं फॉलो–अप हेतु ए0एन0एम0 को रू0 200/– (प्रति केस की दर से) कुल धनराशि रू0 500.00 लाख एवं आशाओं को उच्च इकाई में PMSMA/Extended PMSMA पर जांच, भर्ती, सुरक्षित संस्थागत प्रसव तथा VHIR रजिस्टर में अंकन हेतु रू0 300/– (प्रति केस की दर से) कुल धनराशि रू0 750.00 लाख, इस प्रकार भारत सरकार से वित्तीय वर्ष 2024–25 में प्राप्त आर0ओ0पी0 में कुल रू0 12,50,00,000/–(रू0 बारह करोड़ पच्चास लाख मात्र) की प्रोत्साहन धनराशि हेतु स्वीकृत प्रदान की गयी है एवं वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु निम्न तालिकानुसार जनपदों को धनराशि आवंटित की जा रही है:–

**वर्ष 2024–25 में मिलने वाली प्रोत्साहन धनराशि का विवरण –**

| क्र0 सं0 | गतिविधि | एफ0एम0आर0 कोड | लक्ष्य | जनपदों को आवंटित धनराशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उच्च जोखिम युक्त गर्भवती महिलाओं के चिन्हीकरण हेतु लाइन लिस्टिंग एवं फॉलो–अप हेतु ए0एन0एम0 के लिए रू0 200/–प्रति केस की प्रोत्साहन धनराशि | 2.2 | 2,50,000 | 5,00,00,000 |
| 2 | उच्च जोखिम युक्त गर्भवती महिलाओं के उच्च इकाई में PMSMA/Extended PMSMA पर जांच, भर्ती, सुरक्षित स्थागत प्रसव तथा VHIR रजिस्टर में अंकन हेतुआशा के लिए रू0 300/–प्रति केस की प्रोत्साहन धनराशि | 2.1 | 2,50,000 | 7,50,00,000 |
| **कुल धनराशि** | | | | **12,50,00,000** |

वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु हाई रिस्क प्रेगनेन्सी (उच्च जोखिम युक्त गर्भावस्था) का चिन्हीकरण, उपचार, फॉलो–अप व प्रोत्साहन धनराशि हेतु कुल रू0 12,50,00,000/–(रू0 बारह करोड़ पच्चास लाख मात्र) जनपदों की जिला स्वास्थ्य समिति को आवंटित की गयी है।

## 1.5 मातृ शिशु सुरक्षा (एम0सी0पी0) कार्ड एवं केसशीट के मुद्रण

वित्तीय वर्ष 2023–24 में मातृ शिशु सुरक्षा (एम0सी0पी0) कार्ड एवं केसशीट के मुद्रण हेतु विस्तृत दिशा निर्देश प्रेषित किये गये थे, जो कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में भी यथावत लागू रहेंगे। *मातृ शिशु सुरक्षा (एम0सी0पी0) कार्ड एवं केसशीट का मुद्रण जनपद स्तर पर किया जाना है।*

वित्तीय वर्ष 2024–25 में मातृ शिशु सुरक्षा (एम0सी0पी0) कार्ड एवं केसशीट के मुद्रण हेतु वित्तीय व्यवस्था निम्नवत है–

| क्र0 सं0 | गतिविधि | एफ0एम0आर0 एवं फैम्स कोड | लक्ष्य | जनपदों को आवंटित की जाने वाली धनराशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मातृ शिशु सुरक्षा कार्ड (एम0सी0पी0 कार्ड) का मुद्रण रू0 17 प्रति कार्ड की दर से | 2.3 | 66,94,603 | 11,38,08,251 |
| 2 | केसशीट का मुद्रण रू0 10 प्रति केसशीट की दर से | 14.1 | 28,00,000 | 2,80,00,000 |
| **कुल धनराशि** | | | | **14,18,08,251** |

**वित्तीय व्यवस्था –**

- वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिये एम0सी0पी0 कार्ड के मुद्रण हेतु रू0 17/– (प्रति एम0सी0पी0 कार्ड की दर से) 66,94,603 एम0सी0पी0 कार्ड के मुद्रण के लिये रू0 11,38,08,251/– (रू0 ग्यारह करोड़ अड़तीस लाख आठ हजार दो सौ इक्यावन मात्र) की धनराशि जनपदों को जनपदवार फांट के अनुसार आवंटित की गयी है।
- वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिये केसशीट के मुद्रण हेतु औसतन रू0 10/– (प्रति केसशीट की दर से) 28,00,000 केसशीट के मुद्रण हेतु रू0 2,80,00,000/– (रू0 दो करोड़ अस्सी लाख मात्र) की धनराशि जनपदों को आवंटित की गयी है।

## 1.6 प्रथम सन्दर्भन इकाइयों पर नियमित/संविदा स्त्री व प्रसूति रोग एवं निश्चेतक विशेषज्ञ या EmoC एवं LSAS प्रशिक्षित चिकित्साधिकारी उपलब्ध न होने की स्थिति में ऑन–कॉल स्त्री व प्रसूति रोग एवं निश्चेतक विशेषज्ञों की व्यवस्था

वित्तीय वर्ष 2024–25 में प्रदेश की चिन्हित प्रथम सन्दर्भन इकाइयों पर नियमित/संविदा स्त्री व प्रसूति रोग एवं निश्चेतक विशेषज्ञ या EmoC एवं LSAS प्रशिक्षित चिकित्साधिकारी उपलब्ध न होने की स्थिति में ऑन–कॉल स्त्री व प्रसूति रोग एवं निश्चेतक विशेषज्ञों की व्यवस्था अनुमन्य की गयी है। यह सम्पूर्ण व्यवस्था जनपदों में अक्रियाशील एफ0आर0यू0 को क्रियाशील करने के साथ–साथ किसी अन्य क्रियाशील एफ0आर0यू0 पर विशेषज्ञ की अनुपस्थिति/अनुपलब्धता होने पर सिजेरियन कराये जाने के लिये स्वीकृत की गयी है। यह व्यवस्था राजकीय (नियमित/संविदा) व निजी क्षेत्र में कार्यरत स्त्री व प्रसूति रोग एवं निश्चेतक विशेषज्ञ के लिये अनुमन्य है। तत्क्रम में जनपदों को धनराशि आंवटन किये जाने हेतु प्रस्ताव निम्नवत् है–

वित्तीय वर्ष 2024–25 में भारत सरकार द्वारा प्रेषित आर0ओ0पी0 में मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत ऑन–कॉल व्यवस्था हेतु कुल रू0 176.38 लाख की धनराशि स्वीकृत की गयी है, जिसका विस्तृत विवरण निम्नवत् है–

**वित्तीय व्यवस्था–**

- ऑन–कॉल का उपयोग केवल सिजेरियन प्रसव के लिए ही किया जायेगा। 01 सीजेरियन प्रसव के लिये 01 ही विशेषज्ञ (निश्चेतक या स्त्री व प्रसूति रोग) को ऑन–कॉल अनुमन्य होगी, जिससे नियमित/EmOC टीम के पूर्णकालिक विशेषज्ञ द्वारा सिजेरियन केस की प्रसवोंपरान्त देखभाल की जा सके।

- ऑन कॉल विशेषज्ञ हेतु honorarium, यात्रा भत्ता एवं 01 फॉलो–अप विजिट की वित्तीय व्यवस्था निम्न तालिकानुसार है–

| S.n. | Type of Specialist | Honorarium for Day (8AM to 8 PM) On Call Vists (in Rs) | Honorarium for night (8PM to 8 AM) On Call Vists (in Rs) | Traval allowance (in Rs) | 01 Follow-up visit (in Rs) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Gynaecologist (Regular/Contractual /Pvt) | 2000 | 4000 | 1000 | 1500 |
| 2 | Anaesthetist (Regular/Contractual /Pvt) | 2000 | 4000 | 1000 | Not applicable |

- ऑन–कॉल विशेषज्ञों (निश्चेतक या प्रसूति व स्त्री रोग) द्वारा दिन **(8AM to 8 PM)** में किये गए सिजेरियन प्रसव हेतु honorarium रू0 2000/– प्रति केस एवं obstetric emergency हेतु रात **(8PM to 8 AM)** में किये गए सिजेरियन प्रसव हेतु honorarium रू0 4000/– प्रति केस की दर से अनुमन्य होगा।
- ऑन–कॉल विशेषज्ञों (निश्चेतक या गायनेकॉलजिस्ट) को ग्रामीण इकाईयों पर सिजेरियन प्रसव हेतु यात्रा भत्ता रू0 1000/– की दर से अनुमन्य होगा।
- ऑन–कॉल स्त्री रोग विशेषज्ञों को 01 follow-up visit हेतु भुगतान रू0 1500/–(रू0 1000/– यात्रा भत्ता + रू0 500/–per visit) की दर से अनुमन्य होगा।

उक्त के क्रम में सिजेरियन प्रसव हेतु ऑन–कॉल व्यवस्था के लिए समस्त जनपदों को कुल धनराषि रू0 141.03 लाख आवंटित की गयी है।

## 1.7 एम0डी0एस0आर0 "Maternal Death Surveillance and Response"

प्रदेश में मातृ मृत्यु सर्विलान्स समीक्षा कार्यक्रम Maternal Death Surveillance and Response (MDSR)समस्त जनपदों में संचालित किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य मातृ मृत्यु (स्वास्थ्य इकाई, समुदाय, जनपद एवं राज्य स्तर पर) की समीक्षा कर उनके कारणों एवं कारकों की विस्तृत जानकारी एकत्र कर एक रणनीति तैयार करते हुये महत्वपूर्ण स्तरों में सुधार कर मातृ मृत्यु में कमी लाना है। सैम्पल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (SRS) 2018–20 के अनुसार उ0प्र0 का मातृ मृत्यु अनुपात 167 प्रति 1 लाख जीवित जन्म है, जिसे सत्त विकास लक्ष्य (एस0डी0जी0) के अन्तर्गत वर्ष 2030 तक 70 से कम किया जाना अपेक्षित है।

उक्त के क्रम में वित्तीय वर्ष 2023–24 में पत्रांक–एस0पी0एम0यू0/मातृ स्वा0/एम0डी0आर0/54 –डी0/2023–24/1440–2 दिनांक 22.05.2023 के माध्यम से विस्तृत दिशा निर्देश जनपदों को प्रेषित किये गये थे, जो कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में भी मातृ मृत्यु सर्विलान्स समीक्षा कार्यक्रम के क्रियान्वन हेतु यथावत लागू रहेंगे।

वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु जनपदों में MDSR कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु वित्तीय व्यवस्था गतिविधिवार निम्नवत हैं–

**1. एम0डी0एस0आर0 कार्यक्रम कियान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 सम्बन्धी तालिका निम्नवत हैं–**

| क्रम सं0 | गतिविधि | एफ0एम0आर0 एवं फैम्स कोड | दर (रू0 में) | राज्य स्तर से निर्धारित लक्ष्य | जनपदों की जिला स्वास्थ्य समिति में अवमुक्त की जाने वाली धनराशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कम्युनिटी बेस्ड मैटरनल डेथ रिव्यू–ब्लॉक दल को | **9.1** | 600 | 9938 | 59,62,800 |
| 2. | प्रिटिंग ऑफ एम0डी0एस0आर0 फॉर्मेट | **9.5** | 30 | 10439 | 3,13,170 |
| 3. | जनपद स्तर पर 12 समीक्षा बैठकों हेतु (प्रत्येक माह में एक बार)रू0 1,500/ प्रति बैठक की अधिकतम सीमा तक | **9.3** | 1500 | 900 | 13,50,000 |
| 4. | मण्डल स्तर पर 04 त्रैमासिक समीक्षा बैठकों हेतु रू0 10,000/ प्रति बैठक की अधिकतम सीमा तक | **9.4** | 10,000 | 72 | 7,20,000 |
| 5. | सुमन कार्यक्रम के अन्तर्गत Primary informantहेतु रू0 1,000/प्रति मातृ मृत्यु हेतु प्रोत्साहन धनराशि | **9.2** | 1,000 | 2983 | 29,83,000 |
| | जनपदों को अवमुक्त की जाने वाली धनराशि | | | | 1,13,28,970 |

उपरोक्त हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिये मृत्यु सर्विलान्स समीक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत उक्त गतिविधियों हेतु रू0 1,13,28,970/– (रू0 एक करोड़ तेरह लाख अठठाइस हजार नौ सौ सत्तर मात्र) की धनराशि जनपदों को आवंटित की गयी है।

**2. अनुश्रवण एवं रिपोर्टिंग –**

- एम0डी0एस0आर0 कार्यक्रम के अर्न्तगत भारत सरकार द्वारा एच0एम0आई0एस0 पोर्टल पर निर्धारित फॉर्मेट एवं एस0ओ0पी0 के अनुसार होम एवं ट्रान्जिट में होने वाली समस्त मातृ मृत्यु की रिपोर्ट ब्लॉक स्तर के फार्मेट में BHQ-M3 (Facility Code- 3.1.1,3.1.2) पर एवं स्वास्थ्य इकाई स्तर होने वाली समस्त मातृ मृत्यु की रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप के अनुसार एच0एम0आई0एस0 पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
- मातृ मृत्यु समीक्षा हेतु DHQ-M3 (Facility Code- 3.1,3.2,3.3) प्रारूप के अनुसार एच0एम0 आई0एस0 पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

## 1.8 एल0एस0ए0एस0 (LSAS) एवं ई–मॉक (EmOC) प्रशिक्षित चिकित्साधिकारियों एवं सहयोगी स्टाफ के लिये उपलब्धि आधारित प्रोत्साहन धनराशि''

वित्तीय वर्ष 2024–25 विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के दृष्टिगत वैकल्पिक व्यवस्था के माध्यम से मातृ एवं शिशु सम्बन्धी रोगों एवं जटिलताओं के चिन्हांकन, उनके प्रबन्धन तथा Mortality and Morbidity दर में कमी लाने हेतु एफ0आर0यू0 कियाशीलता के सम्बन्ध में विभिन्न कार्यक्रम/गतिविधयां संचालित किये जा रहे हैं। तत्क्रम में प्रादेशिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के चिकित्सकों को एल0एस0ए0एस0/ई–मॉक प्रशिक्षण प्रदान कर उनकी प्रतिभा एवं कौशल में वृद्धि कर उनकी सेवाओं को योजनाबद्ध तरीके से उपयोग किया जा रहा है।

वित्तीय वर्ष 2024–25 में एल0एस0ए0एस0 (LSAS) एवं ई–मॉक (EmOC) प्रशिक्षित चिकित्साधिकारियों एवं सहयोगी स्टाफ के लिये उपलब्धि आधारित प्रोत्साहन धनराशि' दिये जाने की व्यवस्था के संचालन हेतु वित्तीय वर्ष 2023–24 में पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0/मातृ स्वा0/LSAS-EMOC/147 /2023–24/1678–2 दिनांक 25.05.2023 के माध्यम से प्रेषित किये गये दिशा निर्देशों का (वित्तीय व्यवस्था एवं अनुश्रवण, मूल्यांकन तथा रिपोर्टिंग में संशोधन सहित) यथावत् पालन किया जाना है।

❖ **उक्त दिशा–निर्देश में वित्तीय व्यवस्था में संशोधन निम्नवत है –**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में इस कार्यक्रम के माध्यम से वर्तमान में 64 जनपदों में 158 एल0एस0ए0एस0 एवं ई–मॉक (बडी–बडी) के अन्तर्गत संचालित एफ0आर0यू0 सी0एच0सी0 हेतु निम्न तालिकानुसार एफ0एम0आर0 मद–17.8 के अन्तर्गत रु0 485.28 लाख की धनराशि जनपदों को सम्बंधित जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से आवंटित की गयी है।

## 1.9 Training of Medical Officers in "Comprehensive Emergency Obstetric and Neonatal care (CEmONC) एवं Life Saving Anesthesia skills (LSAS)" प्रशिक्षण

वित्तीय वर्ष 2024–25 में Training of Medical Officers in "Comprehensive Emergency Obstetric and Neonatal care (CEmONC) एवं Life Saving Anesthesia skills (LSAS)" प्रशिक्षण हेतु सम्बन्धित मेडिकल कॉलेजों को धनराशि आंवटन किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है।

एम0बी0बी0स0 चिकित्सकों की Comprehensive Emergency Obstetrics and Newborn Care (CEmONC) एवं Life Saving Anesthetic Skills (LSAS) प्रशिक्षण हेतु मेडिकल कॉलेजों एवं जिला महिला चिकित्सालयों को वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु पत्रांक–एस.पी.एम.यू./मातृ स्वा0/LSAS-EmOC-Trg./164/2023–24/1858-2 दिनांक 29.05.2023 के माध्मय से विस्तृत दिशा निर्देश जनपदों को प्रेषित किये गये थे, जो कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में भी यथावत लागू रहेगें।

वित्तीय वर्ष 2024–25 में सीमॉक प्रशिक्षण के लिए सम्बंधित मेडिकल कॉलेज के 02 बैच (कुल 12 बैच) में होने वाले अनुमानित व्यय हेतु एफ0एम0आर0 संख्या 12.6 में कुल धनराशि रु0 253.176 लाख एवं एल0एस0ए0एस0 प्रशिक्षण के लिए सम्बंधित मेडिकल कॉलेज के 02 बैच (कुल 12 बैच) में होने वाले अनुमानित व्यय हेतु एफ0एम0आर0 संख्या 12.7 में कुल धनराशि रु0 251.976 लाख सम्बंधित जनपदों को आवंटित की गयी है।

## 1.10 ''सुमन'' कार्यक्रम–

अवगत कराना है कि सभी निवारणीय मातृ एवं शिशु मृत्यु और रूग्णता समाप्त करना एवं मातृत्व की सम्मानपूर्ण देखभाल, प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। स्वास्थ्य इकाइयों पर आने वाली प्रत्येक गर्भवती महिला हेतु सेवाओं से इन्कार के लिये शून्य सहिष्णुता और

आश्वासनयुक्त, गरिमामय, सम्मानपरक और निःशुल्क गुणवत्तापरक स्वास्थ्य देखभाल हेतु सुरक्षित मातृत्व आश्वासन ''सुमन'' कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया है। ''सुमन'' कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु भारत सरकार से प्राप्त दिशा–निर्देश के अनुसार समस्त जनपदों के मेडिकल कॉलेज/जिला महिला/संयुक्त चिकित्सालय/अन्य स्वास्थ्य इकाई/NQAS/LaQshya हेतु चयनित स्वास्थ्य इकाइयों को चरणबद्ध तरीके से ''सुमन'' इकाई के रूप में अधिसूचित किया जाना है। शासनादेश संख्या–2023/103(A)/पांच–9–2023 चिकित्सा अनुभाग–9 दिनांक 24 अप्रैल 2023 के माध्यम से 518 स्वास्थ्य इकाइयों को 'सुमन' इकाइयों के रूप में अधिसूचित किया गया है।

आप अवगत है कि सुरक्षित मातृत्व आश्वासन 'सुमन' कार्यक्रम के संचालन हेतु वित्तीय वर्ष 2023–24 में पत्रांक–एन0एच0एम0/एस0पी0एम0यू0/एम0एच0/सुमन/167/2023–24/1284–2 दिनांक 16.05.2023 एवं पत्रांक–एन0एच0एम/एस0पी0एम0यू0/एम0एच0/सुमन/167/2023–24/6002–2 दिनांक 26.10.2023 आई0ई0सी0 मुद्रण हेतु विस्तृत दिशा निर्देश जनपदों को प्रेषित किये गये थे, जो कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में भी यथावत लागू रहेंगे परन्तु स्टीकर का मुद्रण जनपदवार निर्धारित संख्या के अनुसार किया जायेगा।

वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु सुरक्षित मातृत्व आश्वासन 'सुमन' कार्यक्रम के अन्तर्गत 518 स्वास्थ्य इकाइयों पर– Exterior board, Posters, Banners, Digital wall painting (graffiti painting), Standees, Stickers, आई0ई0सी0 मुद्रण हेतु रू0 42,10,900/– (बयालीस लाख दस हजार नौ सौ मात्र) की धनराशि आवंटित की गयी है।

## 1.11 शल्य चिकित्सकों को सिजेरियन प्रसव एवं प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों को गर्भवती महिलाओं की Obstetrics Ultrasound प्रशिक्षण

वित्तीय वर्ष 2024–25 में मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत शल्य चिकित्सकों को सिजेरियन प्रसव सम्बन्धित 12 दिवसीय प्रशिक्षण तथा प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों (गयनोकॉलाजिस्ट) को 14 दिवसीय Obstetric Ultrasound प्रशिक्षण हेतु धनराशि के आवंटन पर अनुमोदन प्रदान किया गया है।

तत्क्रम में वित्तीय वर्ष 2024–25 में मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के जनपदों की प्रथम सन्दर्भन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर गर्भवती महिलाओं को समस्त ए0एन0सी0 सेवाओं के अन्तर्गत अल्ट्रासाउन्ड की सुविधा एवं प्रसव सम्बन्धित जटिलताओं के प्रबन्धन हेतु समस्त चिकित्सकीय सेवायें प्रदान किये जाना है। इस हेतु प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों को गर्भवती महिलाओं के 14 दिवसीय Obstetrics Ultrasound एवं शल्य चिकित्सकों के 12 दिवसीय सिजेरियन प्रसव प्रशिक्षण हेतु वित्तीय वर्ष 2023–24 में पत्रांक–एस.पी.एम.यू./मातृ स्वा0/प्रशिक्षण/146/2023–24/9513–2 दिनांकः 05.03.2024 के माध्यम से विस्तृत दिशा निर्देश जनपदों को प्रेषित किये गये थे। वित्तीय वर्ष 2024–25 में उक्त प्रशिक्षण हेतु गत वर्ष प्रेषित किये गये दिशा निर्देशों का पालन यथावत किया जाएगा।

वित्तीय वर्ष 2024–25 में शल्य चिकित्सकों को सिजेरियन प्रसव प्रशिक्षण हेतु एफ0एम0आर0 संख्या 12.2 में कुल धनराशि रु0 8.976 लाख तथा प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों को गर्भवती महिलाओं की Obstetrics Ultrasound सम्बन्धित प्रशिक्षण हेतु एफ0एम0आर0 संख्या 2.6 में कुल धनराशि रु0 21.714 लाख होने वाले अनुमानित व्यय हेतु जिला स्वास्थ्य समिति जनपद लखनऊ के माध्यम से के0जी0एम0यू0, लखनऊ को आवंटित की गयी है।

## 1.12 250 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रसव कक्ष को सुदृढ़ीकृत किये जाने हेतु उपकरणों का क्रय

प्रदेश में मातृ एवं नवजात मृत्यु में कमी लाने हेतु गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही है। NFHS-5 के आँकड़ो के अनुसार उत्तर प्रदेश में 83.4 % महिलाओं का संस्थागत प्रसव हो रहा है एवं घरेलू प्रसव 32.2 % से घटकर 16.6 % रह गया है। घर पर होने वाले प्रसवों में नवजात मृत्यु दर 37.5 है तथा जन्म के पहले दिन (0–1 दिन) नवजात मृत्यु दर 22.8 प्रति हजार जीवित जन्म है, जिसे प्रसव के दौरान गुणवत्तापरक चिकित्सकीय देखभाल/प्रबंधन से कम किया जा सकता है।

वित्तीय वर्ष 2024–25 में मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत 28 जनपदों के 250 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रसव कक्ष का सुदृढ़ीकरण किये जाने के लिए आवश्यक उपकरण/आर्टिकल का क्रय किये जाने हेतु रु0 2,00,000/– (रुपये दो लाख मात्र) प्रति इकाई की दर से, कुल धनराशि रु0 500.00 लाख (रुपये पांच करोड़ मात्र), भारत सरकार द्वारा प्रेषित आर0ओ0पी0 में निम्न तालिकानुसार स्वीकृत की गयी हैः–

| गतिविधि | एफ0एम0 आर0 संख्या | लक्ष्य | दर (रू0) | जनपदों को आवंटित की जाने वाली धनराशि (रू0) |
|---|---|---|---|---|
| 250 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रसव कक्ष को सुदृढ़ीकृत किये जाने हेतु उपकरण | 14.3 | 250 | 2,00,000 | 5,00,00,000 |

जनपदों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रसव कक्षों के सुदृढ़ीकरण हेतु एम0एन0एच0 टूल किट के अनुसार एक प्रसव कक्ष हेतु निम्न उपकरणों/आर्टिकल का क्रय किया जाना है–

| **S.No.** | **Name of the Equiment / Instruments/Articles** |
|---|---|
| 1 | Labour table with mattress & foot rest |
| 2 | Mackintosh (2sq mtr) |
| 3 | Kelly's Pad |
| 4 | Delivery trolley |
| 5 | Delivery tray with Instruments* |
| 6 | Emergency tray with drugs* |
| 7 | Medicine Tray with drugs* |
| 8 | Baby tray with Instruments* |
| 9 | Episiotomy tray with Instruments* |
| 10 | Portable lamp |
| 11 | Screen between two tables |
| 12 | Stool for birth companion |
| 13 | Wall clock Analouge with seconds hand |
| 14 | Foetal doppler |
| 15 | Autoclave Vertical |
| 16 | Colour coded bins and punture proof container |
| 17 | Plastic Tub for 0.5% chlorine solution |
| 18 | Hub cutter |
| 19 | Weighing scale Adult |
| 20 | Weighing scale Pediatric |
| 21 | I/v drip stand |
| 22 | B.P instrumment table type |
| 23 | Thermometre digital |
| 24 | Pulse oxymeter |
| 25 | Refrigerator |
| 26 | Baby warmer |
| 27 | Stethoscope |

***Instruments/drugs in trays, as per MNH toolkit table 8 (Attached)**

*उपरोक्त 28 जनपदों के 250 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की जनपदवार सूची पत्र के साथ इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि चिन्हित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रसव कक्ष को क्रियाशील किये जाने हेतु उपकरण/आर्टिकल का क्रय सुनिश्चित किया जाए।*

## 1.13 मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यरत मानव संसाधन

### 1. संविदा ए0एन0एम0 का मानदेयः–

वित्तीय वर्ष 2024–25 की आर0ओ0पी0 के एफ0एम0आर0 कोड 185.C.S001 में कुल स्वीकृत 19115 संविदा ए0एन0एम0 के पदों के सापेक्ष जनपदों से प्राप्त सूचना के आधार पर जनपदों में कार्यरत 13004 संविदा ए0एन0एम0 के मानदेय हेतु कुल धनराशि रू0 313,11,16,605/–(तीन सौ तेरह करोड़, ग्यारह लाख, सोलह हजार, छः सौ पॉच मात्र) आवंटित की गयी है, जिसका व्यय वर्तमान में कार्यरत संविदा ए0एन0एम0 के आधार पर नियमानुसार एवं मानकानुसार किया जायेगा। ***साथ ही अवगत कराना है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में इस कार्यालय के पत्रांक–एस0पी0एम0यू0/मा0स्वा0/मा0संसा0/105–3/2023–24/1784–2 दिनांक 26.05.2023 के माध्यम से संविदा ए0एन0एम0 हेतु प्रेषित दिशा–निर्देश वित्तीय वर्ष 2024–25 में यथावत लागू रहेंगे।***

## 2. ओ0टी0 टैक्नीशियन का मानदेय :–

वित्तीय वर्ष 2024–25 में संविदा पर समस्त जनपदों में ओ0टी0 टैक्नीशियन के मानदेय हेतु प्रेषित किये जाने वाले दिशा–निर्देश निम्नवत हैं–

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत प्रदेश में मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम में भारत सरकार से प्राप्त आर0ओ0पी0 वित्तीय वर्ष 2024–25 में संविदा ओ0टी0 टैक्नीशियन के कुल 377 संविदा पदों के मानदेय हेतु एफ0एम0आर0 कोड–185.C.S0061 में स्वीकृति प्रदान की गयी है। **जनपदों से प्राप्त सूचना के आधार जनपदों में कार्यरत संविदा ओ0टी0 टैक्नीशियन के मानदेय की अनुमानित बजट कुल धनराशि रू0 7,77,05,320/–(सात करोड़ सतत्तर लाख पॉच हजार तीन सौ बीस मात्र) आवंटित की गयी है, जिसका वास्तविकता के आधार पर नियमानुसार व्यय किया जायेगा। इस कार्यालय के पत्रांक–एस0पी0एम0यू0/मा0स्वा0/ मा0संसा0/105–8 /2023–24 /1679–2 दिनॉक 25.05.2023 द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 में प्रेषित दिशा–निर्देश में अंकित कार्य एवं दायित्व तथा सामान्य निर्देश वित्तीय वर्ष 2024–25 में यथावत लागू रहेंगे।**

## 3. प्रथम सन्दर्भन इकाइयों के संचालन हेतु वॉक–इन–इन्टरव्यू के माध्यम से कार्यरत संविदा विशेषज्ञ चिकित्सकों (स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं निश्चेतक) के मानदेय।

मातृ एवं शिशु सम्बन्धी रोगों एवं जटिलताओं के चिन्हांकन, उनके प्रबन्धन तथा Mortality and Morbidity दर में कमी लाने हेतु प्रथम सन्दर्भन इकाई (एफ0आर0यू0) का संचालन किया जा रहा है। वर्तमान में कुल 421 इकाईयॉ एफ0आर0यू0 के रूप में चिन्हित है।

वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिये राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम में राज्य कार्ययोजना पर भारत सरकार से प्राप्त स्वीकृति के क्रम में प्रदेश में एफ0आर0यू0 पर कार्यरत संविदा विशेषज्ञों चिकित्सकों के मानदेय एवं कार्य सम्बन्धित दिशा–निर्देश निम्नवत है–

1. **प्रथम सन्दर्भन इकाइयों पर संविदा प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं निश्चेतक की तैनाती–**

वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु संविदा 318 स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं 283 एनेस्थेटिस्ट के कुल स्वीकृत पदों में पूर्व के वर्षों में स्वीकृत किये गये सभी पद समाहित हैं।

**संविदा प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ/शल्यक एवं निश्चेतक हेतु मानदेय व्यवस्था–**

पूर्व से वॉक–इन–इन्टरव्यू के माध्यम से कार्यरत विशेषज्ञ चिकित्सकों के मानदेय का भुगतान पूर्व में प्रचलित व्यवस्था के अनुसार किया जायेगा है, जोकि निम्नवत है–

- वित्तीय वर्ष 2024–25 में वॉक–इन–इन्टरव्यू के माध्यम से कार्यरत हेतु वित्तीय व्यवस्था–

| क्र0सं0 | एफ0आर0यू0 केटेगरी | नियत मानदेय (रू0) | दूरस्थ क्षेत्र अतिरिक्त मानदेय (रू0) | कुल देय मानदेय प्रतिमाह (रू0) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ए केटेगरी | 1,00,000.00 | शून्य | 1,00,000.00 |
| 2 | बी केटेगरी | 1,00,000.00 | 20,000.00 | 1,20,000.00 |
| 3 | सी केटेगरी | 1,00,000.00 | 40,000.00 | 1,40,000.00 |

- *वित्तीय वर्ष 2023–24 से राज्य स्तर विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती बिड माडल के माध्यम से की जा रही है। अतः बिड मॉडल के माध्यम से तैनात विशेषज्ञ चिकित्सकों के मानदेय का भुगतान बिड धनराशि के आधार पर किया जायेगा एवं वॉक–इन–इन्टरव्यू के माध्यम से पूर्व से कार्यरत विशेषज्ञ चिकित्सकों हेतु नियुक्ति तिथि से देय मानदेय एवं समय–समय 05 प्रतिशत वेतन वृद्वि एवं नियमानुसार लायल्टी बोनस का आकणन करते हुये वास्तविकता के आधार पर नियमानुसार व्यय किया जायेगा।*

- **बिड मॉडल के माध्यम से तैनात विशेषज्ञ चिकित्सकों के मानदेय का भुगतान बिड धनराशि के आधार पर किया जायेगा**

2. <u>वित्तीय व्यवस्था</u>–

- वाक–इन–इन्टरव्यू माध्यम से कार्यरत संविदा स्त्रीरोग विशेषज्ञ चिकित्सक के मानदेय का भुगतान–**(FMR Code-185.C.S0113)** एवं संविदा निश्चेतकों का **(FMR Code-185.C.S0144)** से किया जायेगा।

- वॉक–इन–इन्टरव्यू से कार्यरत संविदा स्त्रीरोग विशेषज्ञ चिकित्सक एवं निश्चेतक का उपरोक्त मानकानुसार **<u>01 अप्रैल 2024 से स्लैब निर्धारित कर उन्हें मानदेय आवंटित किया जाये, एवं बिड मॉडल से कार्यरत का निर्धारित बिड धनराशि के अनुसार मानदेय आवंटित किया जाये।</u>**

- ***उपरोक्त हेतु जनपदों से प्राप्त सूचना के आधार जनपदों में कार्यरत संविदा स्त्रीरोग विशेषज्ञ चिकित्सक के मानदेय की अनुमानित बजट कुल धनराशि रू0 22,11,71,700/– एवं संविदा निश्चेतक चिकित्सक मानदेय की अनुमानित बजट कुल धनराशि रू0 10,83,77,400/– जनपदवार फॉट के अनुसार आवंटित की जा रही है(सूची संलग्न) तथा यह आवंटित धनराशि डैप का अंश है।***

3. **उपरोक्त बिन्दुओं के अतिरिक्त इस कार्यालय के पत्रांक–एस0पी0एम0यू0/मा0स्वा0/मा0संसा0/105–4/2023–24/1787–2 दिनॉक 26.05.2023 द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 में प्रेषित दिशा–निर्देश में अंकित कार्य एवं दायित्व तथा सामान्य निर्देश वित्तीय वर्ष 2024–25 में यथावत लागू रहेंगे।**

## <u>4. संविदा जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाताः–</u>

वित्तीय वर्ष 2024–25 में संविदा पर समस्त जनपदों में कार्यरत जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता के मानदेय हेतु प्रेषित किये जाने वाले दिशा–निर्देश निम्नवत हैं–

वित्तीय वर्ष 2024–25 की आर0ओ0पी0 में कुल 75 संविदा जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता का मानदेय के एफ0एम0आर0 कोड 185.C.P267, यात्रा–व्यय एफ0एम0आर0 कोड -194.28 एवं आफिस व्यवस्था हेतु एफ0एम0आर0 कोड -194.29 में धनराशि की स्वीकृति प्राप्त हुई है। जनपदों से प्राप्त सूचना के आधार जनपदों में कार्यरत 59 संविदा जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता के मानदेय हेतु कुल धनराशि रू0 4,14,71,926/–(चार करोड़, चौदह लाख, एकत्तर हजार, नौ सौ छब्बीस, मात्र) यात्रा–व्यय हेतु कुल धनराशि रू0 70,80,000/–(सत्तर लाख, अस्सी हजार, मात्र) एवं आफिस व्यवस्था हेतु कुल धनराशि रू0 5,90,000/–(पॉच लाख, नव्वे हजार, मात्र) जनपदवार फॉट के अनुसार आवंटित की गयी है, जिसका वास्तविक कार्यरत संविदा जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता के आधार पर नियमानुसार व्यय किया जायेगा। इस कार्यालय के पत्रांक– एस0पी0एम0यू0/मा0स्वा0/मा0संसा0 /105–9/2023–24/1783–2 दिनॉक 26.05.2023 द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 में प्रेषित दिशा–निर्देश वित्तीय वर्ष 2024–25 में यथावत लागू रहेंगे।

## <u>5. 35 नग 100 शैययायुक्त एम0सी0एच0 विंग के संविदा स्टाफ का मानदेय</u>

मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के अर्न्तगत 35 नग 100 शैययायुक्त एम0सी0एच0 विंग में संविदा पर कार्यरत स्टाफ के मानदेय हेतु वित्तीय वर्ष 2023–24 में इस कार्यालय के पत्रांक–एस0पी0एम0यू0/मा0स्वा0/मा0संसा0/105–7/2023–24/1680–2 दिनॉक 25.05.2023 द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 में प्रेषित दिशा–निर्देश वित्तीय वर्ष 2024–25 में यथावत लागू रहेंगे।

साथ ही अवगत कराना है कि जनपदों से प्राप्त सूचना के आधार जनपदों में 35 नग 100 शैययायुक्त एम0सी0एच0 विंग में संविदा विशेषज्ञ चिकित्सकों के कार्यरत एवं रिक्त तथा पैरामेडिकल स्टाफ के कार्यरत पदों के मानदेय हेतु विभिन्न एफ0एम0आर0 कोड में कुल धनराशि रू0 **46,99,12,536/-** (छियालिस करोड़ निन्यानवे लाख बारह हजार पांच सौ छत्तीस मात्र) जनपदों की जिला स्वास्थ्य समिति को निम्न तालिकानुसार आवंटित की जा रही है, जिसका व्यय वर्तमान में कार्यरत संविदा स्टाफ के आधार पर नियमानुसार एवं मानकानुसार किया जायेगाः–

| क्रम सं0 | गतिविधि | स्वीकृत पदों की संख्या | कार्यरत पदों की संख्या | रिक्त पदों की संख्या I | एफ0एम0 आर0 संख्या | जनपदों को कुल धनराशि आवंटित (रू0 में) (Salary+05% Inc.+Exp.Bonus) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संविदा स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्साधिकारी | **105** | **46** | **59** | 185.C.S0110 | 9,25,92,480 |
| 2 | संविदा बालरोग विशेषज्ञ चिकित्साधिकारी | **105** | **32** | **73** | 185.C.S0124 | 6,41,09,760 |
| 3 | संविदा निश्चेतक विशेषज्ञ चिकित्साधिकारी | **105** | **16** | **89** | 185.C.S0141 | 3,75,76,560 |
| 4 | संविदा एम0ओ0 पैथोलॉजिस्ट | **35** | **23** | **12** | 185.C.S0178 | 4,62,96,240 |
| 5 | संविदा एम0ओ0 रेडियोलॉजिस्ट | **35** | **9** | **26** | 185.C.S0165 | 2,84,96,064 |
| 6 | संविदा लैब टैक्नीशियन | **210** | **108** | **102** | 185.C.S0045, | 2,72,24,616 |
| 7 | संविदा ओ0 टी0 टैक्नीशियन | 70 | **36** | **34** | 185.C.S0062 | 94,54,320 |
| 8 | संविदा नर्सिंग सिस्टर | 140 | **69** | **71** | 185.C.S0012 | 2,95,89,408 |
| 9 | संविदा स्टाफ नर्स (Neonatology Trained) | 945 | **442** | **503** | 185.C.S0011 | 13,45,73,088 |
| | कुल योग | | | | | **46,99,12,536** |

***नोट–वित्तीय वर्ष 2023–24 से राज्य स्तर विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती बिड माडल के माध्यम से की जा रही है। अतः बिड मॉडल के माध्यम से तैनात विशेषज्ञ चिकित्सकों के मानदेय का भुगतान बिड धनराशि के आधार पर किया जायेगा एवं वॉक–इन–इन्टरव्यू के माध्यम से पूर्व से कार्यरत विशेषज्ञ चिकित्सकों हेतु नियुक्ति तिथि से देय मानदेय एवं समय–समय 05 प्रतिशत वेतन वृद्वि एवं नियमानुसार लायल्टी बोनस का आकणन करते हुये वास्तविकता के आधार पर नियमानुसार व्यय किया जायेगा।***

## 6. एम0बी0बी0एस0 महिला चिकित्साधिकारी के मानदेयः–

वित्तीय वर्ष 2024–25 में संविदा पर समस्त जनपदों में एम0बी0बी0एस0 महिला चिकित्साधिकारी के मानदेय हेतु प्रेषित किये जाने वाले दिशा–निर्देश निम्नवत हैं–

अवगत कराना है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत प्रदेश में मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम में वित्तीय वर्ष 2024–25 आर0ओ0पी0 के एफ0एम0आर0 कोड 185.C.S0282 में भारत सरकार द्वारा एफ0आर0यू0 पर स्वीकृत 250 संविदा एम0बी0बी0एस0 महिला चिकित्साधिकारियों के पदों हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी है राज्य स्तर पर लिये गये निर्णयानुसार वित्तीय वर्ष 2024–25 में एफ0आर0यू0 की केटेगरी ए, बी, सी के अनुसार पूर्व से कार्यरत संविदा चिकित्साधिकारियों का मानदेय का भुगतान निम्नवत किया जाना है–

| क्र0सं0 | एफ0आर0यू0 केटेगरी | कुल देय मानदेय प्रतिमाह (रू0) |
|---|---|---|
| 1 | ए केटेगरी | 60000 / – |
| 2 | बी केटेगरी | 65000 / – |
| 3 | सी केटेगरी | 70000 / – |

**नोट– जनपदों में चिकित्सकों की कमी के कारण वॉक–इन–इन्टरव्यू से तैनात संविदा महिला चिकित्सकों की वित्तीय वर्ष 2024–25 वेतन व्यवस्था में निम्नवत है–**

- ***एफ0आर0यू0 की सभी केटेगरी (ए, बी एवं सी ) पर पूर्व से कार्यरत संविदा महिला चिकित्साधिकारी को वित्तीय वर्ष 2024–25 में पूर्व की भांति ही मानदेय का भुगतान एवं 05 प्रतिशत वार्षिक वृद्वि तथा एक्पीरियेन्स बोनस वास्तविकता के आधार पर नियमानुसार देय होगा।***
- ***वित्तीय वर्ष 2024–25 में वॉक–इन के माध्यम से नवीन संविदा महिला चिकित्साधिकारी का चयन समस्त एफ0आर0यू0(ए0बी0सी0)पर रिक्त पदों हेतु रू0 100000/– प्रतिमाह के अनुसार किया जाना है।***
- ***जनपदों को वित्तीय वर्ष 2024–25 में जनपदों से प्राप्त सूचना के आधार पर जनपदों में कार्यरत संविदा एम0बी0बी0एस0 महिला चिकित्साधिकारी के मानदेय*** (12 Month Salary@Rs.85000/-PM+5% Increment)***)की कुल धनराशि रू0 13,38,75,000/–(रू0 तेरह करोड़ अड़तीस लाख पचहत्तर हजार मात्र) जनपदवार फॉट के अनुसार आवंटित की जा रही है। अनुमानित धनराशि आवंटित की जा रही है, जिसका व्यय वास्तविकता के आधार पर नियमानुसार किया जायेगा।***
- **उपरोक्त बिन्दुओं के अतिरिक्त इस कार्यालय के पत्रांक–एस0पी0एम0यू0/मा0स्वा0/मा0संसा0/105–4/2023–24/1785–2 दिनॉक 26.05.2023 द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 में प्रेषित दिशा–निर्देश में अंकित कार्य एवं दायित्व तथा सामान्य निर्देश वित्तीय वर्ष 2024–25 में यथावत लागू रहेंगे।**

- वित्तीय वर्ष 2024–25 में संविदा पर समस्त जनपदों में कार्यरत एम0बी0बी0एस0 महिला चिकित्साधिकारी के मानदेय आवंटित किया जाना प्रस्तावित है। रिक्त पदों की धनराशि नियुक्ति उपरान्त जनपदों को आवंटित की जायेगी।

## 7. संविदा स्टाफ नर्स का मानदेयः–

वित्तीय वर्ष 2024–25 की आर0ओ0पी0 के एफ0एम0आर0 कोड 185.C.S0015 में कुल 6981 संविदा स्टाफ नर्स के पदों की स्वीकृत प्राप्त हुई है। जनपदों से प्राप्त सूचना के आधार समस्त जनपदों में कार्यरत संविदा स्टाफनर्स के मानदेय हेतु कुल धनराशि रू0 149,55,06,915/– (एक सौ उन्चास करोड़, पचपन लाख, छः हजार, नौ सौ पन्द्रह मात्र) आवंटित की गयी है, जिसका व्यय वर्तमान में कार्यरत संविदा स्टाफ नर्स के आधार पर नियमानुसार किया जायेगा। साथ ही अवगत कराना है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में इस कार्यालय के पत्रांक–एस0पी0एम0यू0/मा0स्वा0/मा0संसा0/105–2/2023–24/1674–2 दिनांक 25.05.2023 के माध्यम से संविदा स्टाफ नर्स हेतु प्रेषित दिशा–निर्देश वित्तीय वर्ष 2024–25 में यथावत लागू रहेंगे।

## 8. ऑब्सटेट्रिक एच0डी0यू0 एवं ऑब्सटेट्रिक हाइब्रिड एच0डी0यू0–आई0सी0यू0/आई0सी0यू0 मेडिकल कालेज एवं जिला महिला चिकित्सालय में कार्यरत संविदा स्टाफ के मानदेय।

मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के 06 मेडिकल कॉलेज–जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, (अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सटी), अलीगढ़, मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज, महारानी लक्ष्मीबाई, मेडिकल कॉलेज, झांसी, बी0आर0डी0, मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर, जी0एस0वी0एम0, मेडिकल कॉलेज, कानपुर नगर में ऑब्सटेट्रिक हाइब्रिड एच0डी0यू0 एवं आई0सी0यू0 (8 Bedded HDU+2 bedded ICU), के0जी0एम0यू0, लखनऊ में ऑब्सटेट्रिक हाइब्रिड एच0डी0यू0 (8 Bedded HDU+2 bedded ICU) एवं ऑब्सटेट्रिक आई0सी0यू0 (4 bedded ICU) तथा जिला महिला चिकित्सालय–आगरा, कानपुर नगर, वीरांगना अवंतीबाई एवं झलकारी बाई, लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, अमेठी, बरेली, सन्तकबीरनगर, सहारनपुर गोण्डा, महोबा एवं वाराणसी (8 Bedded HDU) तथा आजमगढ गौतमबुद्वनगर एवं मुरादाबाद में (6+2 Bedded Obs. Hybrid ICU) एवं जनपद बुलन्दशहर में (4+1 bedded Hybrid ICU), ऑब्सटेट्रिक एच0डी0यू0/आई0सी0यू0 की स्थापना एवं क्रियाशीलता हेतु संविदा निश्चेतक, चिकित्साधिकारी, स्टाफनर्स एवं एम0एण्डई0 असिस्टेन्ट हेतु भारत सरकार से प्राप्त आर0ओ0पी0 2024–25 में मानव संसाधन स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिसका विवरण निम्नवत है–

**Obs. HDU, ICU Medical College DHAP HR Budget 2024-25**

| S. No. | Name of District | Name of Medical College | Anaesthetics (Specialist) FMR-185.C.S0469 | | | | Medical Officer FMR-185.C.S0475 | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Total Sanctioned | In Position | Vacant | Total Budget to District (Rs.) in position staff | Total Sanctioned | In Position | Vacant | Total Budget to District Rs. 65,150/- PM +5% Inrement+5% Exp. Bonus (Rs.) in position staff |
| 1 | Aligarh | JNMC,AMU | 1 | 0 | 1 | 0 | 4 | 2 | 2 | 17,19,960 |
| 2 | Prayagraj | MLNMC | 1 | 0 | 1 | 0 | 4 | 1 | 3 | 8,59,980 |
| 3 | Jhansi | MLBMC | 1 | 0 | 1 | 0 | 4 | 0 | 4 | |
| 4 | Gorakhpur | BRD MC | 1 | 0 | 1 | 0 | 4 | 1 | 3 | 8,59,980 |
| 5 | Kanpur Nagar | GSVMC | 1 | 0 | 1 | 0 | 4 | 0 | 4 | 0 |
| 6 | Lucknow | KGMC | 1 | 0 | 1 | 0 | 8 | 0 | 8 | 0 |
| 7 | GB Nagar | Govt Institute of MC, Noida | 1 | 0 | 1 | 0 | 4 | 0 | 4 | 0 |
| **Total Budget to be District** | | | **7** | **0** | 7 | 0 | 32 | 4 | 28 | 34,39,920 |

**Obs. HDU, ICU Medical College DHAP HR Budget 2024-25**

| S. No. | Name of District | Name of Medical College | Staff Nurse @ Rs.30,000 PM FMR-185.C.S0483 | | | | M&E Assistant @ Rs.16,600 PM FMR-185.C.P131 | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Total Sanctioned | In Position | Vacant | Total Budget to District @Rs. 39,938/-PM+5% increment, old & Rs.30,000/-PM new for 12 months (Rs.) in position staff | Total Sanctioned | In Position | Vacant | Total Budget to District @Rs. 22,100/-PM+5% increment for 12 months (Rs.) in position staff |
| 1 | Aligarh | JNMC, AMU | 20 | 10 | 10 | 50,32,188 | 1 | 1 | 0 | 2,78,460 |

| Obs. HDU, ICU Medical College DHAP HR Budget 2024-25 | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of District | Name of Medical College | Staff Nurse @ Rs.30,000 PM FMR-185.C.S0483 | | | | M&E Assistant @ Rs.16,600 PM FMR-185.C.P131 | | | |
| | | | Total Sanctioned | In Position | Vacant | Total Budget to District @Rs. 39,938/-PM+5% increment, old & Rs.30,000/-PM new for 12 months (Rs.) in position staff | Total Sanctioned | In Position | Vacant | Total Budget to District @Rs. 22,100/-PM+5% increment for 12 months (Rs.) in position staff |
| 2 | Prayagraj | MLNMC | 20 | 2 | 18 | 7,20,000 | 1 | 1 | 0 | 2,78,460 |
| 3 | Jhansi | MLBMC | 20 | 5 | 15 | 18,00,000 | 1 | 0 | 1 | - |
| 4 | Gorakhpur | BRD MC | 20 | 4 | 16 | 14,40,000 | 1 | 0 | 1 | - |
| 5 | Kanpur Nagar | GSVMC | 20 | 1 | 19 | 3,60,000 | 1 | 0 | 1 | - |
| 6 | Lucknow | KGMC | 28 | 23 | 5 | 1,15,74,032 | 1 | 1 | 0 | 2,78,460 |
| 7 | GB Nagar | Govt.I. MC, Noida | 20 | 0 | 20 | 0 | 1 | 0 | 1 | - |
| **Total Budget to be District** | | | **148** | **45** | **103** | **2,09,26,220** | **7** | **3** | **4** | **8,35,380** |

| | Obs. HDU, ICU DWH DHAP HR Budget 2024-25 | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of District | Name of Medical College | | Anaesthetics (Specialist) FMR-185.C.S0958( 8.1.10.3) | | | | Medical Officer @ Rs.100,000 PM Month FMR- 185.C.S0959 (8.1.10.1) | | | |
| | | | | Sanctioned | In Position | Vacant | Total Budget | Sanctioned | In Position | Vacant | Total Budget |
| 1 | Azamgarh | DWH | New | 1 | 0 | 1 | 0 | 4 | 0 | 4 | 0 |
| 2 | Bulandshahar | DWH | New | 1 | 0 | 1 | 0 | 4 | 0 | 4 | 0 |
| 3 | Moradabad | DWH | New | 1 | 0 | 1 | 0 | 4 | 0 | 4 | 0 |
| **Total Budget to be District** | | | | **3** | **0** | **3** | 0 | **12** | **0** | **12** | **0** |

| HDU, ICU DWH DHAP HR Budget 2024-25 Under Maternal Health Programme | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of District | Name of Medical College | Staff Nurse @ Rs.30,000 PM FMR-185.C.S0482 (8.1.10.3) | | | | | M&E Assistant 1@ Rs.16,600 PM FMR-185.C.P403 (16.4.2.1.5) | | | | |
| | | | Sanctioned | In Position | Vacant | Budget of in Positition@ Rs.30,000 PM for 12 month | Total Budget | Sanctioned | In Position | Vacant | Budget of Vacant Post | Total Budget |
| 1 | Kanpur Nagar | DWH | 16 | 6 | 10 | 21,60,000 | 21,60,000 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 2 | Agra | DWH | 16 | 0 | 16 | - | - | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 3 | Amethi | DWH | 16 | 0 | 16 | - | - | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 4 | Azamgarh | DWH | 20 | 0 | 20 | - | - | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 5 | Bareilly | DWH | 16 | 0 | 16 | - | - | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 6 | Bulandshahar | DWH | 12 | 0 | 12 | - | - | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 7 | Gonda | DWH | 16 | 0 | 16 | - | - | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 8 | Lucknow | Aanti bai DWH | 16 | 1 | 15 | 3,60,000 | 3,60,000 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 9 | Lucknow | Jhalkari Bai | 16 | 0 | 16 | - | - | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 10 | Mahoba | DWH | 16 | 0 | 16 | - | - | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 11 | Moradabad | DWH | 20 | 0 | 20 | - | - | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 12 | Raibareilly | DWH | 16 | 5 | 11 | 18,00,000 | 18,00,000 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 13 | Saharanpur | DWH | 16 | 0 | 16 | - | - | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 14 | Sitapur | DWH | 16 | 4 | 12 | 14,40,000 | 14,40,000 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 15 | SK Nagar | DWH | 16 | 0 | 16 | - | - | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 16 | Varanasi | DWH | 16 | 3 | 13 | 10,80,000 | 10,80,000 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| Total | | | **260** | **19** | 241 | 68,40,000 | **68,40,000** | **16** | **0** | **16** | 0 | 0 |

***नोट– ऑब्सटेट्रिक एच0डी0यू0 एवं ऑब्सटेट्रिक हाइब्रिड एच0डी0यू0– आई0सी0यू0/आई0सी0यू0 में पूर्व से कार्यरत संविदा विशेषज्ञ चिकित्सक एवं चिकित्साधिकारी को वित्तीय वर्ष 2024–25 में पूर्व की भांति ही मानदेय का भुगतान एवं 05 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि तथा एक्सपीरियन्स बोनस देय होगा।***

- *वित्तीय वर्ष 2024–25 में वॉक–इन के माध्यम से ऑब्सटेट्रिक एच0डी0यू0 एवं ऑब्सटेट्रिक हाइब्रिड एच0डी0यू0– आई0सी0यू0/आई0सी0यू0 पर नवीन तैनाती संविदा चिकित्साधिकारी का चयन रू0 1,00,000/–प्रतिमाह के अनुसार किया जाना है।*

- एम0बी0बी0एस0 चिकित्साधिकारियों की नियुक्ति जनपद स्तर जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा मानव अनुभाग, एन0एच0एम0, उ0प्र0 के दिशा–निर्देशों के अनुसार से वॉक–इन–इन्टरव्यू माध्यम से की जायेगी।
- संविदा निश्चेतक की तैनाती राज्य स्तर से बिडिंग के माध्यम से राज्य स्तर से की जायेगी।
- पैरा मेडिकल संविदा स्टाफ (स्टाफनर्स एवं एम0 एण्ड ई0 असिस्टेन्ट) का चयन राज्य स्तर से किया जायेगा।
- वित्तीय वर्ष 2024–25 में अनुमानित धनराशि जनपदों को आवंटित की गयी है जनपद कार्यरत संविदा स्टाफ का वास्तविकता के आधार पर नियमानुसार भुगतान किया जाना है।
- जनपद–आजमगढ़, बुलन्दशहर एवं मुरादाबाद में उपकरणों की आपूर्ति होने के उपरान्त ही संविदा चिकित्साधिकारी की तैनाती दिशा–निर्देशों के अनुसार जनपद द्वारा की जायेगी।

**कार्य एवं उत्तरदायित्व तथा सामान्य निर्देश–**

इस कार्यालय के पत्रांक–एस0पी0एम0यू0 / मा0स्वा0 / मा0संसा0 / 105–10 / 2023–24 / 1786–2 दिनॉक 26.05.2023 द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 में प्रेषित दिशा–निर्देश वित्तीय वर्ष 2024–25 में मेडिकल कालेज के साथ–साथ *ऑब्सटेट्रिक एच0डी0यू0 एवं ऑब्सटेट्रिक हाइब्रिड एच0डी0यू0–आई0सी0यू0 / आई0सी0यू0 जिला महिला चिकित्सालय में* यथावत लागू रहेंगें।

**9. संविदा क्यू0 आई0 मेण्टर मानदेयः–**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में संविदा पर जनपद–जनपद–बलिया, चन्दौली, देवरिया, फतेहपुर, हमीरपुर, हापुड़, जालौन, झांसी, ललितपुर, लखनऊ, मैनपुरी, मुरादाबाद, सहारनपुर एवं सम्भल में संविदा पर कार्यरत क्यू0आई0 मेन्टर के मानदेय हेतु प्रेषित किये जाने वाले दिशा–निर्देश निम्नवत हैं–

अवगत कराना है कि मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के अर्न्तगत संविदा पर कार्यरत क्यू0आई0 मेन्टर के मानदेय हेतु वित्तीय वर्ष 2023–24 में इस कार्यालय के पत्रांक–एस0पी0एम0यू0 / प्रशिक्षण / क्यू0आई0 मेन्टर / 16 / 2023–24 / 1577–2 दिनांक 23.05.2023 के माध्यम से दिशा–निर्देश प्रेषित किये गये थे, जो कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में यथावत लागू रहेंगे। आप अवगत हैं कि राज्य स्तर जारी पत्र दिनांक 04.08.2022 एवं 25.10.2023 के अनुसार क्यू0आई0 मेन्टर, एन0एम0टी0सी0 / एस0एम0टी0आई0 में सम्बद्व / कार्यरत है। अतः वर्तमान में कार्यरत जनपद से प्रतिमाह प्राप्त उपस्थिति के अनुसार नियमानुसार मानदेय का भुगतान किया जाना है। ***क्यू0आई0 मेन्टर, वर्तमान में एस0एम0टी0आई0 एवं एन0एम0टी0सी0 पर कार्यरत है। अतः इनके द्वारा क्षेत्र भ्रमण का कार्य नहीं किया जा रहा है, जिस कारण इनके यात्रा व्यय मद में कोई भी धनराशि आवंटित नहीं की जा रही है।***

साथ ही अवगत कराना है कि जनपदों से प्राप्त सूचना के आधार पर जनपदों में कार्यरत 14 संविदा क्यू0आई0 मेन्टर के मानदेय हेतु एफ0एम0आर0 मद संख्या–185.C.P277 के अर्न्तगत कुल धनराशि रू0 1,02,97,670 / –(एक करोड़ दो लाख सत्तानवे हजार छः सौ सत्तर मात्र) जनपदों की जिला स्वास्थ्य समिति को आवंटित की जा रही है, जिसका व्यय वर्तमान में कार्यरत संविदा क्यू0आई0 मेन्टर के आधार पर मानकानुसार एवं नियमानुसार किया जायेगा।

# 2. ब्लड सर्विसेज कार्यक्रम

## 2.1 ब्लड सर्विसेज एवं ब्लड डिसार्डर प्रबन्धन कार्यक्रम –

वित्तीय वर्ष 2024–25 में प्रदेश में ब्लड सर्विसेज कार्यक्रम संचालन हेतु डैप के माध्यम से जनपदों को आवंटित धनराशि के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश निम्नवत प्रस्तावित है–

- **एफ0एम0आर0 मद संख्या 154.1** – के अन्तर्गत भारत सरकार से प्राप्त स्वीकृति के क्रम में प्रदेश के राजकीय जिला चिकित्सालयों के अन्तर्गत संचालित रक्त केन्द्रों को ब्लड डिसार्डर (हीमोफीलिया तथा हिमोग्लोबिनोपैथी) के सम्बन्ध में जनमानस को जागरूक करने, प्रचार–प्रसार तथा हीमोफीलिया तथा हिमोग्लोबिनोपैथी से सम्बन्धित विशेष दिवसों के आयोजन हेतु प्रति जनपद रू0 20,000.00 की धनराशि का आवंटन किया गया है।
- **एफ0एम0आर0 मद 154-2** – के अन्तर्गत
  1. भारत सरकार द्वारा बजट की स्वीकृति के क्रम में हीमोफीलिया प्रबन्धन हेतु नोडल संस्थान हिमैटोलॉजी विभाग एस0जी0पी0जी0आई0एम0एस0, लखनऊ को हीमोफीलिया प्रबन्धन कार्यक्रम से सम्बन्धित दैनिक कार्यालय व्यय एवं अन्य आवश्यक गतिविधियों हेतु Contigency Support के रूप में एकमुश्त रू0 2.00 लाख की धनराशि का आवंटन किया गया है।
  2. भारत सरकार द्वारा बजट की स्वीकृति के क्रम में प्रदेश में Hemophilia Comprehensive care हेतु रू0 51.36 लाख की धनराशि का आवंटन किया गया है।
  3. भारत सरकार द्वारा बजट की स्वीकृति के क्रम में हिमैटोलॉजी विभाग एस0जी0पी0जी0आई0एम0एस0, लखनऊ के द्वारा एन0एच0एम0 पोषित परियोजना Early detection & Counselling हेतु कुल रु0 10.65 लाख का आवंटन किया गया है। सम्बन्धित जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा संस्थान से संचालित परियोजना की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की त्रैमासिक आख्या अनिवार्य रूप से प्राप्त करते हुए स्टेट ब्लड सेल, एस0पी0एम0यू0, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 को उपलब्ध कराया जाना है।
- **एफ0एम0आर0 मद 154.3** – के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा बजट की स्वीकृति के क्रम में प्रदेश में थैलेसीमिया प्रबन्धन हेतु निम्न तालिकानुसार 29 केन्द्रों को निम्नानुसार धनराशि का आवंटन किया गया है–

| S.N. | Name of Districts | Name of Medical College | Manpower support under day care centre | Budget for Iron chelation | Budget for Leukofilteration | Budget for investigation | Contingency | Total Budget to center |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **Agra** | Agra Medical College | 0 | 1680000 | 2100000 | 210000 | 50000 | 4040000 |
| 2 | **Allahabad** | Allahabad Medical College | 0 | 1200000 | 1500000 | 150000 | 50000 | 2900000 |
| 3 | **Aligarh** | JLN Medical College | 705600 | 2400000 | 3000000 | 300000 | 50000 | 6455600 |
| 4 | **Bareilly** | District Hospital | 0 | 3840000 | 4800000 | 286000 | 50000 | 8976000 |
| 5 | **Gorakhpur** | Gorakhpur Medical College | 705600 | 1200000 | 1500000 | 150000 | 50000 | 3605600 |
| 6 | **Kanpur** | GSVM Kanpur | 705600 | 1824000 | 2280000 | 228000 | 50000 | 5087600 |
| 7 | **Lucknow** | Lucknow KGMU* | 705600 | 4800000 | 6000000 | 600000 | 50000 | 12155600 |
| 8 | | Lucknow SGPGIMS* | 705600 | 10800000 | 13500000 | 1350000 | 50000 | 26405600 |
| 9 | | RMLIMS, Lucknow | 705600 | 2880000 | 3600000 | 360000 | 50000 | 7595600 |
| 10 | **Meerut** | LLRM Meerut Medical College | 705600 | 1680000 | 2100000 | 210000 | 50000 | 4745600 |
| 11 | **Varanasi** | IMS BHU | 705600 | 3384000 | 4230000 | 423000 | 50000 | 8792600 |
| 12 | **Jhansi** | MLB Medical | 0 | 720000 | 900000 | 90000 | 50000 | 1760000 |

| S.N. | Name of Districts | Name of Medical College | Manpower support under day care centre | Budget for Iron chelation | Budget for Leukofilteration | Budget for investigation | Contingency | Total Budget to center |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | College | | | | | | |
| 13 | GB Nagar | Child PGI, NOIDA | 705600 | 7440000 | 9300000 | 930000 | 50000 | 18425600 |
| 14 | | GMIC, GB Nagar | 0 | 720000 | 900000 | 90000 | 50000 | 1760000 |
| 15 | Bulandsahar | District Hospital | 0 | 720000 | 900000 | 90000 | 50000 | 1760000 |
| 16 | Saharanpur | District Hospital | 0 | 1680000 | 2100000 | 210000 | 50000 | 4040000 |
| 17 | Azamgarh | District Hospital | 0 | 1200000 | 1500000 | 150000 | 50000 | 2900000 |
| 18 | Etawa | UPRIMS, Etawah | 0 | 480000 | 600000 | 60000 | 50000 | 1190000 |
| 19 | Banda | Rashtriya Medical College, Banda | 0 | 480000 | 600000 | 60000 | 50000 | 1190000 |
| 20 | Jalaun | Government Medical College, Jalaun | 0 | 480000 | 600000 | 60000 | 50000 | 1190000 |
| 21 | Kannauj | Government Medical College, Kannauj | 0 | 480000 | 600000 | 60000 | 50000 | 1190000 |
| 22 | Mirzapur | SIC District Hospital Barister Yusuf Imam Hospital, Mirzapur | 0 | 480000 | 600000 | 60000 | 50000 | 1190000 |
| 23 | Basti | District Hospital, Basti | 0 | 480000 | 600000 | 60000 | 50000 | 1190000 |
| 24 | Gonda | Babu Ishwar Saran Srivastav Zila Chikitsalaya, Gonda | 0 | 480000 | 600000 | 60000 | 50000 | 1190000 |
| 25 | Moradabad | Deen Dayal Upadhyay District Hospital, Moradabad | 0 | 480000 | 600000 | 60000 | 50000 | 1190000 |
| 26 | Ambedkarnagar | Mahamaya Medical College, Ambedkar Nagar | 0 | 480000 | 600000 | 60000 | 50000 | 1190000 |
| 27 | Bahraich | District Hospital, Bahraich | 0 | 480000 | 600000 | 60000 | 50000 | 1190000 |
| 28 | Lalitpur | District Hospital, Lalitpur | 0 | 480000 | 600000 | 60000 | 50000 | 1190000 |
| 29 | Ghaziabad | District Hospital, Ghaziabad | 0 | 480000 | 600000 | 60000 | 50000 | 1190000 |
| **Total** | | | **6350400** | **53928000** | **67410000** | **6547000** | **1450000** | **135685400** |

उपरोक्तानुसार आवंटित धनराशि के उपयोग के सम्बन्ध में यह सुनिश्चित किया जाय कि आवंटित धनराशि का उपयोग उपरोक्त तालिकावत निर्धारित गतिविधियों हेतु ही किया जाय, उक्त उल्लिखित गतिविधियों के अतिरिक्त अन्य किसी भी कार्य हेतु किया गया व्यय वित्तीय अनियमितता के अन्तर्गत आच्छादित होगा।

- **एफ0एम0आर0 मद संख्या 154.4 –** के अन्तर्गत भारत सरकार से प्राप्त स्वीकृति के क्रम में प्रदेश में National Sickle Cell Anemia Elimination Mission के अन्तर्गत चिन्हित जनपदों (सोनभद्र, बलिया, देवरिया, लखीमपुर खीरी, कुशीनगर, ललितपुर एवं बहराइच) में जनमानस को Sickle Cell Anemia के सम्बन्ध में भारत सरकार द्वारा निर्धारित आई0ई0सी0/प्रशिक्षण समाग्रियों के मुद्रण, जनमानस को जागरूक करने हेतु प्रचार–प्रसार गतिविधियों एवं कार्यशालाओं के आयोजन तथा विशेष दिवसों के आयोजन आदि हेतु प्रति जनपद रू0 1.00 लाख की धनराशि का आवंटन किया गया है।
- **एफ0एम0आर0 मद संख्या 156.1 –**के अन्तर्गत राजकीय चिकित्सा संस्थानों/चिकित्सालयों के अन्तर्गत संचालित रक्तकेन्द्रों को Rational Use of Blood & Blood Products पर CME के आयोजन हेतु प्रति रक्तकेन्द्र रू0 15,000.00 का आवंटन किया गया है, जिसके अन्तर्गत रक्ताधान से सम्बन्धित मेडिकल तथा पैरा मेडिकल (स्टाफ नर्स आदि) न्यूनतम 100 प्रतिभागियों को उन्नमुखिकृत/प्रशिक्षित किया जाना है।
- **एफ0एम0आर0 मद संख्या 156.2 –(ब्लड स्टोरेज यूनिट के रेकरिंग हेतु)**– के अन्तर्गत रक्त भण्डारण इकाई में आवश्यकतानुसार केमिकल्स, रीएजेन्ट, ग्लासवेयर्स, कन्ज्यूमेबल, स्टेशनरी, अभिलेख एवं रिकार्ड निर्माण आदि हेतु तथा रक्त भण्डारण इकाई में कार्यरत संविदा कर्मियों हेतु एन0एच0एम0 द्वारा समय–समय पर राज्य स्तर पर आयोजित बैठक/प्रशिक्षण/समीक्षा/कार्यशाला आदि में प्रतिभागिता करने की दशा में प्राप्त निर्देशानुसार प्रतिभागियों के टी0ए0 एवं डी0ए0 की प्रतिपूर्ति रेकरिंग मद में आवंटित धनराशि से किया जाना है।
- **एफ0एम0आर0 मद 158.2 –** के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा प्राप्त स्वीकृति के क्रम में प्रदेश के राजकीय चिकित्सालयों/चिकित्सा संस्थानों के अन्तर्गत संचालित रक्तकेन्द्रों को आउटडोर स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों के आयोजन हेतु प्रति शिविर रू0 2500.00 मात्र की धनराशि का आवंटन किया गया है, जिससे रक्तदान शिविर स्थल तक आवश्यक सामग्रियों एवं कर्मियों के परिवहन, शिविर स्थल पर टेन्ट, बैनर व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी है।
- **एफ0एम0आर0 मद 158.4 –** के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा प्राप्त स्वीकृति के क्रम में प्रदेश के राजकीय चिकित्सालयों/चिकित्सा संस्थानों के अन्तर्गत संचालित रक्तकेन्द्रों में रक्तदान करने वाले **प्रत्येक रक्तदाता** (स्वैच्छिक व प्रतिस्थानी) को अनिवार्य रूप से Refreshment उपलब्ध कराने के लिए प्रति रक्तदाता रू0 25.00 की दर से धनराशि का आवंटन किया गया है।
- **एफ0एम0आर0 मद संख्या 158.5 –** के अन्तर्गत प्रदेश के राजकीय चिकित्सा संस्थानों/चिकित्सालयों के अन्तर्गत संचालित रक्तकेन्द्रों को स्वैच्छिक रक्तदान प्रोत्साहन, रक्तकेन्द्र से सम्बन्धित आई0ई0सी0/रक्तकेन्द्र हेतु आवश्यक अभिलेखों का निर्माण एवं रक्तदान से सम्बन्धित विशेष दिवसों के अन्तर्गत विभिन्न प्रचार–प्रसार एवं जनजागरूकता गतिविधियों के आयोजन हेतु प्रति रक्तकेन्द्र रू0 25,000.00 की धनराशि का आवंटन किया गया है।
- **एफ0एम0आर0 मद संख्या 158.6 –** पर प्रदेश के राजकीय चिकित्सालयों/चिकित्सा संस्थानों के अन्तर्गत संचालित रक्त केन्द्रों के द्वारा ई–रक्तकोष पर Daily Reporting एवं Stock updation के लिए Internet Support हेतु प्रति माह रू0 1000.00 की दर से धनराशि का आवंटन किया गया है।
- **एफ0एम0आर0 मद संख्या 158.7 –** के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा प्राप्त स्वीकृति के क्रम में प्रदेश के 14 राजकीय चिकित्सा संस्थानों में संचालित रक्तकेन्द्रों में स्थापित ऐसे उपकरण जिनकी वारंटी अवधि समाप्त हो चुकी है एवं राज्य रख–रखाव के अन्तर्गत आच्छादित नही है, के रख–रखाव हेतु/ए0एम0सी0/सी0एम0सी0 के लिए निम्नतालिकानुसार आवंटित धनराशि का उपयोग किया जाना है।

| S.N. | District | Blood Center Name | Type | Allocated Budget in Rs. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Agra | SN Med. Coll. | BCSU | 450,000.00 |
| 2 | Aligarh | JN Med. Coll. | BCSU | 450,000.00 |
| 3 | Allahabad | MLN Med. Coll. | BCSU | 450,000.00 |
| 4 | Ambedkar Ngr | Govt Medical College | DLBB | 250,000.00 |
| 5 | Etawah | RIMS,R Saifai | BCSU | 450,000.00 |
| 6 | Gorakhpur | BRD Med. Coll. | BCSU | 450,000.00 |
| 7 | Jhansi | MLB Med. Coll. | BCSU | 450,000.00 |
| 8 | Kannauj | Govt Medical College | DLBB | 250,000.00 |
| 9 | Kanpur Nagar | GSVM Med. Coll. | BCSU | 450,000.00 |
| 10 | GB Nagar | SSPH & PGTI | DLBB | 450,000.00 |
| 11 | Lucknow | SGPGIMS | BCSU | 450,000.00 |
| 12 | Lucknow | KGMU | BCSU | 450,000.00 |
| 13 | Meerut | LLRM Med. Coll. | BCSU | 450,000.00 |
| 14 | Varanasi | IMS,BHU | BCSU | 450,000.00 |
| **Total** | | | | **59,00,000.00** |

- **एफ0एम0आर0 मद 158.9** – के अन्तर्गत
    1. प्रदेश के राजकीय चिकित्सालयों/चिकित्सा संस्थानों के अन्तर्गत संचालित रक्तकेन्द्रों में कार्यरत पी0आर0ओ0 के कम्युनिकेशन एवं यात्रा की प्रतिपूर्ति हेतु प्रति माह रू0 1000.00 मात्र की दर से धनराशि का आवंटन किया गया है।
    2. प्रदेश के राजकीय चिकित्सालयों/चिकित्सा संस्थानों के अन्तर्गत संचालित रक्तकेन्द्रों में कार्यरत काउन्सलर (एन0एच0एम0 तथा डी0जी0एच0एस0 से सहायतित) के कम्युनिकेशन एवं यात्रा के प्रतिपूर्ति हेतु प्रति माह रू0 1500.00 मात्र की दर से धनराशि का आवंटन किया गया है।

## 2.2 ब्लड सर्विसेज एवं हिमोफीलिया प्रबन्धन कार्यक्रम के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु कार्यरत संविदा कर्मियों के मानदेय

वर्ष 2024–25 में ब्लड सर्विसेज एवं ब्लड डिसार्डर कार्यक्रम के अन्तर्गत परिधिगत इकाईयों **ब्लड सेन्टर (ब्लड बैंक), बी0सी0टी0वी0, ब्लड स्टोरेज सेन्टर एवं हिमोफिलिया ट्रीटमेन्ट सेन्टर** हेतु कुल स्वीकृत मानव संसाधन के सापेक्ष सम्बन्धित केन्द्रों में कार्यरत मानव संसाधन के मानदेय एवं नियमानुसार Loyality Bonus/experience/EPF (संविदा कर्मियों हेतु), Increment, ESI/EPF/GST/Service Charges (सेवा प्रदाता ऐजेन्सी हेतु) के सम्बन्ध में प्राप्त राज्य कार्यकारी समिति के अनुमोदन के क्रम में कुल रू0 **4054.24** लाख की धनराशि आवंटित की गई है।

कार्यरत संविदा कर्मियों के 12 माह के मानदेय एवं आउटसोर्स मानव संसाधन (डाटा आपरेटर, स्वीपर व वाहन चालक) के रिक्त पदों हेतु 09 माह के मानदेय के आधार पर आवंटित की गई धनराशि का उपयोग उन्हीं मद में किया जाएगा जिस मद के लिए धनराशि आवंटित की गई है।

2. कार्यरत मानव संसाधन का मानदेय भुगतान मानदेय निर्धारण के आधार पर किया जायेगा, मानव संसाधन हेतु Annual Increment, EPF, experience bonous आदि नियमानुसार प्रदत्त कराया जाना सुनिश्चित किया जाय। Annual Increment की देयता कर्मी के 01 वर्ष के कार्यकाल को पूर्ण होने के पश्चात् Performance Appraisal के आधार पर देय होगा तथा आउटसोर्स स्टाफ के सम्बन्ध में राज्य स्तर से निर्गत दिशा–निर्देश अनुरूप Increment/ ESI/EPF/GST,Service Charges देयता सुनिश्चित की जानी है। डैप में आवंटित धनराशि बजट मात्र है।
3. मानव संसाधन के मानदेय निर्गत करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि रक्तकेन्द्र हेतु स्वीकृत मानव संसाधन की नियुक्ति ब्लड सर्विसेज कार्यक्रम के अन्तर्गत रक्तकेन्द्र मे ही है एवं कर्मी वर्तमान में कार्यरत है तथा महानिदेशालय के पत्रांकः 11फ/ब्लडबैंक/एनएचएम/ सुदृढ़ीकरण/ 15–16/1574, दिनांकः 28 अगस्त, 2015 के माध्यम से प्रदत दिशा–निर्देशों के अनुरूप तकनीकी तथा गैर तकनीकी मानव संसाधन द्वारा उनके कार्य एवं दायित्वों के अंतर्गत सम्बन्धित इकाईयों में अनवरत योगदान प्रदान किया जा रहा है।
4. डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के वेतन को निर्गत करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि नियुक्ति किये गये रक्तकेन्द्र में ई–रक्तकोष का संचालन किया जा रहा है एवं दैनिक स्टाक इन्ट्री की जा रही है।

# 3. बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम

# 3. बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम

भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024–25 की आर0ओ0पी0 में बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व से संचालित कार्यक्रमों/गतिविधियों के संचालन के लिये ऑपरेशनल कास्ट, स्थापना, रिपोर्टिंग प्रपत्रों/प्रशिक्षण मॉड्यूल के मुद्रण, उपकरणों के क्रय, प्रशिक्षण, आशा/आंगनवाड़ी प्रोत्साहन राशि आदि एवं संविदा, बिडिंग मॉडल, तथा आउट सोर्सिंग मानव संसाधन के मानदेय हेतु FMR Code के विभिन्न मदों में धनराशि का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

तत्क्रम में कार्यालय के पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0/CH/DAP/73/2024–25/2105–2, दिनांक 12.07.2024 के माध्यम से कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों के संचालन हेतु धनराशि आवंटित करते हुए दिशा निर्देश निर्गत किये जा चुके हैं।

## 3.1–होम बेस्ड न्यूबार्न केयर कार्यक्रम (HBNC)

होम बेस्ड न्यूबार्न केयर कार्यक्रम (HBNC) के क्रियान्वयन हेतु महानिदेशक, परिवार कल्याण, उ0प्र0 के स्तर से जारी पत्र संख्या–प0क0/आर0सी0एच0/एच0बी0एन0सी0/2015–16/3699–75, दिनांक 28.03.2016 एवं पत्र संख्या–प0क0/आर0सी0एच0/एच0बी0एन0सी0/VOL.iii/2019–20/950–75, दिनांक 10.10.2019 के माध्यम से एच0बी0एन0सी0 कार्यक्रम के अन्तर्गत नवजात शिशुओं एवं माताओं की प्रसवोपरान्त घरेलू देखभाल के उपरान्त आशाओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में समस्त जनपदों को विस्तृत दिशा निर्देश प्रेषित किये गये हैं। तद्नुसार कार्यक्रम का संचालन किया जाना है।

**FMR Code-23.1** पर होम बेस्ड न्यूबार्न केयर क्रार्यक्रम (HBNC) के अन्तर्गत आशा द्वारा नवजात शिशुओं एवं माताओं की प्रसवोपरान्त घरेलू देख भाल के उपरान्त आशाओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान करने हेतु समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है। पूर्व में जारी दिशा निर्देशानुसार कार्यक्रम का संचालन किया जाना है।

**FMR Code-23.5** पर होम बेस्ड न्यूबार्न केयर कार्यक्रम (HBNC) के अन्तर्गत आशा द्वारा नवजात शिशुओं एवं धात्री माताओं के गृह भ्रमण हेतु फार्मेट एवं रिपोर्टिंग प्रपत्रों की मुद्रण/प्रिन्टिग जनपद स्तर पर स्पेसिफिकेशन के अनुसार कराये जाने हेतु 0.50 पैसा प्रति पेज की दर से समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है। पूर्व में प्रेषित दिशा निर्देशानुसार जनपद स्तर पर मुद्रण/प्रिन्टिग नियमानुसार करायी जानी है।

## 3.2–होम बेस्ड केयर फॉर यंग चाइल्ड (HBYC) कार्यक्रम

होम बेस्ड केयर फॉर यंग चाइल्ड (HBYC) कार्यक्रम के अन्तर्गत बाल्यकाल में होने वाली मृत्युओं, बीमारियों (जैसे–न्यूमोनिया, डायरिया इत्यादि) एवं कुपोषण से बचाव करते हुए उनका शारीरिक, सामाजिक एवं मानसिक विकास सुनिश्चित करने, स्वास्थ्य एवं पोषण व्यवहारों को बढ़ावा देने हेतु शिशुओं की आयु 3, 6, 9, 12 एवं 15 माह की होने पर आशा द्वारा अतिरिक्त गृह भ्रमणों की व्यवस्था की गयी है। होम बेस्ड केयर फॉर यंग चाइल्ड (HBYC) कार्यक्रम के अन्तर्गत आशाओं द्वारा शिशुओं की घरेलू देख भाल के सम्बन्ध में एस0पी0एम0यू0 कार्यालय के पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0/CH/HBYC/70/2022–23/5819, दिनांक 15.11.2022 के माध्यम से आशाओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में समस्त जनपदों को विस्तृत दिशा निर्देश प्रेषित किये गये हैं। तद्नुसार कार्यक्रम का संचालन किया जाना है।

**FMR Code-23.2** पर होमबेस्ड केयर फॉर यंग चाइल्ड (HBYC) कार्यक्रम के अन्तर्गत आशा प्रोत्साहन राशि प्रदान करने हेतु प्रति आशा को प्रोत्साहन राशि प्रति भ्रमण के अनुसार त्रैमासिक आधार पर भुगतान करने हेतु समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है। पूर्व में जारी दिशा निर्देशानुसार कार्यक्रम का संचालन किया जाना है।

**FMR Code-23.3** पर होम बेस्ड केयर फॉर यंग चाइल्ड (HBYC) कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किये जाने हेतु समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है। पूर्व में जारी दिशा निर्देशानुसार प्रशिक्षण आयोजित किया जाना है।

**FMR Code-23.4 पर** HBYC कार्यक्रम के अन्तर्गत Procurement of HBYC ECD kit का जनपद स्तर पर भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये Technical specification and illustrative costing of Early Childhood Development Screening kit for HBYC visits by ASHA के अनुसार "Gem Portal" के माध्यम से

क्रय किये जाने हेतु सम्बन्धित जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है। इस हेतु दिशा निर्देश प्रेषित किये जा चुके हैं।

**<u>FMR Code-23.7</u> पर** HBYC कार्यक्रम के अन्तर्गत Printing of Modules and job aids का जनपद स्तर पर मुद्रण/प्रिंन्टिग स्पेसिफिकेशन (Specification) के अनुसार कराये जाने हेतु समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है। पूर्व में प्रेषित दिशा निर्देशानुसार जनपद स्तर पर मुद्रण/प्रिंन्टिग नियमानुसार करायी जानी है।

## 3.3 नवजात शिशु देखभाल सप्ताहः–

**<u>FMR Code-24.33</u>** पर नवजात शिशु देखभाल सप्ताह दिनांक 15–21 नवम्बर 2024 में विभिन्न गतिविधियों हेतु प्रति जनपद रू0 50000/– की दर से समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है। **इस हेतु दिशा निर्देश भारत सरकार से निर्देश प्राप्त होने के उपरान्त पृथक से प्रेषित किये जायेंगे।**

## 3.4–सिक न्यूबोर्न केयर इकाई (SNCU)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत गंभीर नवजात शिशुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश के चयनित मेडिकल कालेजों के बालरोग विभाग एवं जिला महिला/संयुक्त चिकित्सालयो में सिक न्यूबोर्न केयर इकाईयां क्रियाशील की गई हैं अथवा क्रियाशील की जा रही हैं। पूर्व में सिक न्यूबोर्न केयर इकाईयों के संचालन हेतु ऑपरेशनल कास्ट, एस0एन0सी0यू0 डाटा मैनेजमेन्ट एवं बीडिगं मॉडल/संविदा/आउट सोर्सिंग मानव संसाधन के मानदेय हेतु धनराशि एवं विस्तृत दिशानिर्देश निर्गत किये गये थे। तद्नुसार कार्यक्रम का संचालन किया जाना है।

**<u>FMR Code-24.40</u>** पर एस0एन0सी0यू0 ऑपरेशनल कॉस्ट हेतु जिला महिला/संयुक्त चिकित्सालयों/मेडिकल कालेजों में क्रियाशील/क्रियाशील किये जा रहे एस0एन0सी0यू0 इकाईयों के लिये ऑपरेशनल कॉस्ट से औषधियों, कन्ज्यूमेबिल्स आदि के उपयोग किये जाने हेतु Govt. of India FBNC Operational Guidelines के अनुसार) कंगारू मदर केयर (KMC) /एम0एन0सी0यू0 इकाई हेतु आवश्यक सामग्री आदि तथा ए0एम0सी0 एवं उपकरणों के अनुरक्षण एवं इकाई को क्रियाशील बनाये रखने हेतु छोटे–मोटे उपकरण के क्रय एवं अन्य आवश्यक सामग्री एस0एन0सी0यू0 इन्चार्ज की आवश्यकतानुसार क्रय किये जायें। जिन उपकरणों के अनुरक्षण एवं रख–रखाव का कार्य बायो मेडिकल इक्यूपमेन्ट मेन्टीनेन्स के अन्तर्गत सेवा प्रदाता द्वारा किया जा रहा है, उनका रख–रखाव उपरोक्त सेवा प्रदाता के माध्यम से ही किया जाये। प्रमुख/मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका/मेडिकल कालेजों के विभागाध्यक्ष बालरोग विभाग द्वारा बिना एस0एन0सी0यू0 इन्चार्ज के लिखित परामर्श से धनराशि का उपयोग न किया जाये। ऑपरेशनल कॉस्ट हेतु समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है।
**<u>FMR Code-24.44</u>** पर एस0एन0सी0यू0 डाटा मैनेजमेन्ट, Stationary, Printer Cartridge, Paper Rim, Internet, Mobile Recharge Monthly Expenses etc.- (कम्प्यूटर सम्बन्धी स्टेशनरी, प्रिन्टर कार्टेज, पेपर रिम, इन्टरनेट एवं मोबाइल आदि) का उपयोग Mother and newborn Care unit (MNCU) के अन्तर्गत Sick Newborn care Unit (SNCU)/KMC Lounge/Step down वार्ड में भर्ती नवजात शिशुओं हेतु भी उपयोग किया जायेगा)। क्रियाशील/क्रियाशील की जा रही इकाईयों हेतु समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है।

**<u>FMR Code-24.37 पर एस0एन0सी0यू0 डाटा मैनेजमेन्ट</u>** (Format Printing) Printing of SNCU Case Record & Monitoring Sheet/treatment and Discharge Card (केस रिकार्ड शीट, मॉनीटरिंग डिस्चार्ज कार्ड आदि Mother and newborn Care unit (MNCU) के अन्तर्गत Sick Newborn care Unit (SNCU)/KMC Lounge/Step down वार्ड में भर्ती नवजात शिशुओं हेतु भी उपयोग किया जायेगा)। क्रियाशील/क्रियाशील की जा रही इकाईयों हेतु प्रति इकाई के अनुसार समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है।

**<u>FMR Code-28.1</u>** पर जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम (JSSK) के अन्तर्गत जिला महिला/ संयुक्त चिकित्सालय/मेडिकल कॉलेजों में संचालित एस0एन0सी0यू0 में भर्ती नवजात शिशुओं को निःशुल्क जांच की सुविधा एवं डिस्चार्ज हो चुके नवजात शिशुओं को फॉलोअप के समय 01 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जो जांचें चिकित्सालय में उचित इलाज प्रदान करने हेतु नहीं हो पा रहीं है वह जांच अन्य चिकित्सालयों/संस्थानों से कराने हेतु समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है।

**<u>FMR Code-24.42</u>** पर सिक न्यूबोर्न केयर इकाईयों (SNCUs) में पूर्व से स्वीकृत C-PAP के उपयोग हेतु Consumables के क्रय हेतु सम्बन्धित जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है।

**<u>FMR Code-24.42</u>** पर वर्ष 2024–25 में स्वीकृत C-PAP के उपयोग हेतु Consumables के क्रय हेतु कार्यालय के पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0 / CH/SNCU / 36 / 2024–25 / 2674, दिनांक 07.08.2024 के माध्यम से मेडिकल कॉलेजों / जिला महिला / संयुक्त चिकित्सालयों एवं सी0एच0सी0 के लिये एस0एन0सी0यू0 में C-PAP के उपयोग हेतु Consumables के क्रय हेतु दिशा निर्देश प्रेषित किये जा चुके हैं।

**<u>FMR Code-24.14</u>** पर पूर्व से क्रियाशील एस0एन0सी0यू0 के उपकरणों का क्रय जनपद स्तर पर भारत सरकार द्वारा निर्धारित स्पेसिफिकेशन (Specification) के अनुसार **"Gem Portal" से क्रय** किये जाने हेतु सम्बन्धित जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है। **इस हेतु दिशा निर्देश प्रेषित किये जा चुके हैं।**

## <u>3.5 फैसिलिटी बेस्ड न्यूबॉर्न केयर (FBNC) प्रशिक्षण</u>

एस0एन0सी0यू0 में कार्यरत बालरोग विशेषज्ञों, चिकित्सा अधिकारियों एवं स्टाफ नर्सों को 04 दिवसीय फैसीलिटी बेस्ड न्यूबॉर्न केयर (FBNC) मॉड्यूलर प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इस प्रशिक्षण को प्राप्त करने के उपरान्त **2 Weeks FBNC Observership** प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। सिक न्यूबोर्न केयर इकाईयों (SNCUs) में कार्यरत मानव संसाधन को इस प्रशिक्षण को प्राप्त करना अनिवार्य है।

**<u>FMR Code-24.3</u>** पर एस0एन0सी0यू0 में कार्यरत बालरोग विशेषज्ञों, चिकित्सा अधिकारियों एवं स्टाफ नर्सों को 04 दिवसीय फैसीलिटी बेस्ड न्यूबॉर्न केयर (FBNC) मॉड्यूलर प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु सम्बन्धित जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है। पूर्व में जारी दिशा निर्देशानुसार प्रशिक्षण आयोजित किया जाना है।

**<u>FMR Code-24.4</u>** पर एस0एन0सी0यू0 में कार्यरत बालरोग विशेषज्ञों, चिकित्सा अधिकारियों एवं स्टाफ नर्सों को **2 Weeks FBNC Observership प्रशिक्षण** प्रदान करने हेतु सम्बन्धित जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है। **इस हेतु दिशा निर्देश प्रेषित किये जा चुके हैं।**

**<u>FMR Code-24.5</u>** पर एस0एन0सी0यू0 में कार्यरत स्टाफ को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु प्रशिक्षकों का पूल तैयार करने के उद्देश्य से 06 दिवसीय फैसीलिटी बेस्ड न्यूबॉर्न केयर (FBNC) ऑब्सरवर–शिप ToT प्रदान करने हेतु जिला स्वास्थ्य समिति लखनऊ को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है। पूर्व में जारी दिशा निर्देशानुसार प्रशिक्षण आयोजित किया जाना है।

**<u>FMR Code-24.45</u>** पर एस0एन0सी0यू0 में कार्यरत बालरोग विशेषज्ञों, चिकित्सा अधिकारियों एवं स्टाफ नर्सों की क्षमता वर्धन के लिए स्टेट रिसोर्स सेंटर (SRC), के0जी0एम0यू0 लखनऊ, बी0एच0यू0 वाराणसी, मेडिकल कॉलेज गोरखपुर एवं जे0एन0 मेडिकल कॉलेज ए0एम0यू0 अलीगढ़ द्वारा चिन्हित मेंटर्स द्वारा मेंटरिंग विजिट हेतु सम्बन्धित जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है। **इस हेतु दिशा निर्देश प्रेषित किये जा चुके हैं।**

## <u>3.6 न्यूबोर्न स्टेबलाईजेशन इकाई (NBSU):-</u>

**<u>FMR Code-24.39</u>** पर न्यूबोर्न स्टेबलाईजेशन इकाई (NBSU) में उपयोग हेतु Printing of NBSU DATA Management & register printing, Case Record & Monitoring Sheet/treatment and Discharge Card etc. हेतु समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है। **इस हेतु दिशा निर्देश प्रेषित किये जा चुके हैं।**

**<u>FMR Code-24.41</u>** पर जिला महिला / संयुक्त चिकित्सालयों / सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों / प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में क्रियाशील एन0बी0एस0यू0 इकाईयों के लिये ऑपरेशनल कॉस्ट मद में प्रति इकाई रू0 5,000.00 प्रति माह की दर से समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है। पूर्व में जारी दिशा निर्देशानुसार कार्यक्रम का संचालन किया जाना है।

**FMR Code-24.43** पर upgraded NBSU के संचालन हेतु ऑपरेशनल कॉस्ट हेतु सम्बन्धित जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है। **इस हेतु दिशा निर्देश प्रेषित किये जा चुके हैं।**

**FMR Code-24.10** पर न्यूबोर्न स्टेबलाईजेशन इकाई (NBSU) में कार्यरत बालरोग विशेषज्ञों, मेडिकल ऑफिसर और स्टाफ नर्सों को 03 दिवसीय एन0बी0एस0यू0 प्रशिक्षण सम्बन्धित मेडिकल कॉलेजों में कराये जाने हेतु सम्बन्धित जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है। पूर्व में जारी दिशा निर्देशानुसार प्रशिक्षण आयोजित किया जाना है।

**FMR Code-24.9** पर न्यूबोर्न स्टेबलाईजेशन इकाई (NBSU) में कार्यरत मेडिकल ऑफिसर एवं स्टाफ नर्सो का 06 दिवसीय NBSU Observership Training हेतु सम्बन्धित जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है। **इस हेतु दिशा निर्देश प्रेषित किये जा चुके हैं।**

## 3.7 बाल मृत्यु समीक्षा कार्यक्रमः–

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत प्रदेश में बाल मृत्यु समीक्षा कार्यक्रम के संचालन हेतु कार्यालय के पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0 / CH/CDR / 38 / 2021–22 / 3081–75, दिनांक 31.08.2021 पत्र संख्या –एस0पी0एम0यू0 / CH/CDR / 38 / 2021–22 / 6562–75, दिनांक 14.01.2022 के माध्यम से प्रदेश के समस्त जनपदों में बाल मृत्यु समीक्षा (CDR) कार्यक्रम क्रियान्वयन हेतु दिशा निर्देश निर्गत किये गये थे। तद्नुसार कार्यक्रम का संचालन किया जाना है।

**FMR Code-25.1** पर बाल मृत्यु समीक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत Divisional Level Child Death Review Cum Orentation Training हेतु प्रति बैच रू0 28000.00 की दर से समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है।

**FMR Code-25.3** पर बाल मृत्यु समीक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपदों में प्रपत्रों के मुद्रण हेतु प्रति प्रपत्र रू0 0.50 पैसा प्रति पेज के अनुसार समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है।

**FMR Code-25.4** पर बाल मृत्यु समीक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत नवजात एवं बाल मृत्यु की रिपोर्टिगं करने हेतु आशाओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान करने हेतु प्रति केस रू0 50.00 की दर समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है।

**FMR Code-25.5** पर बाल मृत्यु समीक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत बाल मृत्यु के कारणों का (Verbal autopsy) निरीक्षण / जांच–पडताल बाल मृत्यु समीक्षा कार्यक्रय क्रियान्वयन हेतु ए0एन0एम0 को प्रोत्साहन राशि प्रदान करने हेतु प्रति केस रू0 100.00 की दर के अनुसार समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है।

**FMR Code-25.6** पर बाल मृत्यु समीक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत बाल मृत्यु के कारणों का (Verbal autopsy) निरीक्षण / जांच–पड़ताल बाल मृत्यु समीक्षा कार्यक्रय क्रियान्वयन हेतु वर्बल अटॉप्सी करने हेतु दो व्यक्तियों हेतु रू0 250.00 की दर से जनपद के ब्लॉक में वर्बल अटॉप्सी के अन्तर्गत प्रति टीम के आवागमन हेतु रू0 250.00 की दर के अनुसार समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है।

**FMR Code-25.7** पर बाल मृत्यु समीक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत Wage Compensation for parents हेतु रू0 200 / – की दर से समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है।

## 3.8 SAANS (Social Awareness and Action to Neutralise Pneumonia Successfully) कार्यक्रम

निमोनिया की रोकथाम एवं ससमय समुचित इलाज प्रदान कर Under-5 मृत्युदर में कमी लाने के उद्देश्य से समुदाय स्तर पर निमोनिया से ग्रसित बच्चों की पहचान कर उपचार किये जाने हेतु भारत सरकार द्वारा न्यूमोनिया से होने वाली मृत्यु दर को कम करने के उदेश्य से SAANS (Social Awareness and Action to Neutralise Pneumonia Successfully) कार्यक्रम वर्ष 2019 में प्रारम्भ किया गया है। इसी क्रम में कार्यालय के पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0 / CH/SAANS / 79 / 2022–23 / 6216–75, दिनांक 28.11.2022 के माध्यम से SAANS (Social Awareness and Action to Neutralise Pneumonia Successfully) कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु विस्तृत दिशा निर्देश प्रेषित किये हैं। तद्नुसार कार्यक्रम का संचालन किया जाना है।

**<u>FMR Code-26.1</u>** पर SAANS कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद एवं ब्लाक स्तरीय SAANS campaign तथा District & Block Planning & Review Meeting हेतु समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है। **इस हेतु दिशा निर्देश भारत सरकार से निर्देश प्राप्त होने के उपरान्त पृथक से प्रेषित किये जायेंगे।**

**<u>FMR Code-26.2</u>** पर SAANS (Social Awareness and Action to Neutralise Pneumonia Successfully) कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में 02 दिवसीय Peadiatrician/Medical officer and Staff Nurse **के प्रशिक्षण एवं** जनपद में 01 दिवसीय DPM/DCPM/BPM/BCPM/Sangini/ANM/LHV के प्रशिक्षण हेतु समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है। पूर्व में जारी दिशा निर्देशानुसार प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा।

## <u>3.9 आई0एम0एन0सी0आई0 प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (ToT)</u>

**<u>FMR Code-27.4</u>** पर राज्य स्तरीय 05 दिवसीय आई0एम0एन0सी0आई0 प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (ToT) सम्बन्धित मेडिकल कॉलेजों में आयोजित की जायेगी, जिसमें प्रदेश के समस्त जनपदों से चिकित्सा अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है, इन प्रशिक्षित चिकित्सा अधिकारियों द्वारा जनपद स्तरीय ए0एन0एम0 एवं एल0एच0वी0 को प्रशिक्षण दिया जाना है, इस हेतु सम्बन्धित जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है। **इस हेतु दिशा निर्देश प्रेषित किये जा चुके हैं।**

**<u>FMR Code-27.2</u>** पर आई0एम0एन0सी0आई0 प्रशिक्षण ए0एन0एम0 एवं एल0एच0वी0 के जनपद स्तरीय प्रशिक्षण हेतु समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है। **इस हेतु दिशा निर्देश प्रेषित किये जा चुके हैं।**

## <u>3.10 एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम (AMB)</u>

**<u>FMR Code-52.6</u>** पर एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के संचालन हेतु आशा द्वारा 06 माह से 59 माह तक के समस्त बच्चों को वी0एच0एन0डी0 सत्र पर मोबलाइज करने तथा IFA Syrup 50 ml Bottle with auto dispenser के आयरन सीरप का वितरण सुनिश्चित करने हेतु, तथा प्रजनन उम्र की महिलायें (WRA) एवं धात्री महिलाओं को आयरन की गोलियों का वितरण सुनिश्चित करने हेतु रू0 150/– प्रति माह की दर से आशाओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान करने हेतु समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है। पूर्व में जारी दिशा निर्देशानुसार कार्यक्रम का संचालन किया जाना है।

**<u>FMR Code-52.7</u>** पर एनीमिया मुक्त भारत **(AMB)** कार्यक्रम के संचालन हेतु समस्त जनपदों में आशा एवं ए0एन0एम0 के ब्लाक स्तरीय ओरिएण्टेशन कम प्रशिक्षण हेतु समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि आवंटित की जा चुकी है। पूर्व में कार्यालय के पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0 /CH/AMB/69/2021–22/3054–75, दिनांक 29.08.2021 के माध्यम से ब्लाक स्तरीय ओरिएण्टेशन कम प्रशिक्षण हेतु दिशा निर्देश प्रेषित किये गये थे। ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कम ओरिएण्टेशन का आयोजन निम्न मानकों के अनुसार किया जाना है :–

- प्रशिक्षण हेतु प्रति ब्लाक बैनर रू0 150.00 की दर से अनुमन्य है।
- प्रशिक्षण हेतु प्रतिभागियों के Refreshment हेतु प्रति प्रतिभागी रू0 45.00 की दर से अनुमन्य है।
- प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण सामग्री की प्रिन्टिंग आदि प्रति प्रतिभागी रू0 24.00 की दर से अनुमन्य है।

## <u>3.11 पोषण पुनर्वास केन्द्र (NRC)</u>

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत गंम्भीर रूप से कुपोषित बच्चों के उपचार के उद्देश्य से प्रदेश के जनपदों के जिला पुरूष/संयुक्त चिकित्सालयों/सी0एच0सी0/मेडिकल कालेजों में पोषण पुनर्वास केन्द्रों की स्थापना कर क्रियाशील की गयी हैं। पूर्व में, पोषण पुनर्वास केन्द्रों (NRCs) में सीवियर अक्यूट मालन्यूट्रीशन (SAM) से प्रभावित कुपोषित बच्चों की पहचान व भर्ती के मानकों के साथ संचालन हेतु आपरेशनल कास्ट, आशा प्रतिपूर्ति राशि एवं संविदा मानव संसाधन के मानदेय हेतु धनराशि एवं विस्तृत दिशा निर्देश निर्गत किये गये हैं। तद्नुसार इकाईयों का संचालन किया जाना है।

**<u>FMR Code-54.1</u>** पर आशा/आंगनवाड़ी (सन्दर्भन एवं फालोअप) को प्रोत्साहन राशि एन0आर0सी0 में गम्भीर रूप से कुपोषित (Severe Acute Malnutrition-SAM) बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्रों पर संदर्भित करने हेतु आशा/आंगनवाडी को प्रोत्साहन राशि प्रदान करने हेतु रू0 100/– प्रति बच्चे तथा 4

फॉलोअप कराने हेतु रू0 200/- इस प्रकार प्रति बच्चे कुल रू0 300/- की दर से समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है। इस सम्बन्ध में कार्यालय के पत्र संख्या-एस0पी0एम0यू0/CH/NRC/18-4/2023-24/9409, दिनांक 29.02.2024 के माध्यम से जारी दिशा निर्देशानुसार आशाओं को प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाना है।

**FMR Code-54.4** पर पोषण पुनर्वास केन्द्र (NRC) ऑपरेशनल कॉस्ट जिला पुरूष चिकित्सालय/ मेडिकल कालेजों/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में क्रियाशील/क्रियाशील किये जा रहे पोषण पुनर्वास केन्द्रों (NRCs) के संचालन हेतु ऑपरेशनल कॉस्ट मद में समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है। पूर्व में जारी दिशा निर्देशानुसार कार्यक्रम का संचालन किया जाना है।

## 3.12 माँ''कार्यक्रम "MAA" (Mother's Absolute Affection)

**FMR Code-56.1** पर माँ''कार्यक्रम "MAA" (Mother's Absolute Affection) के अन्तर्गत आशा प्रोत्साहन राशि- आशाओं द्वारा की जाने वाली बैठकों के उपरान्त प्रोत्साहन राशि प्रदान करने हेतु माह में 03 मीटिंग तथा त्रैमासिक आधार पर 08 से 10 मीटिंग की जानी है। इन तीन महीनों में आशा को प्रत्येक गर्भवती तथा धात्री महिला तक पहुंचना है। आशा वित्तीय वर्ष के प्रत्येक त्रैमास में मातृ सम्मेलनों को दोहराती रहेगी। आशा को रु0 100.00 प्रोत्साहन राशि त्रैमासिक आधार पर प्रदान करने हेतु 04 त्रैमास के लिये समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है। पूर्व में जारी दिशा निर्देशानुसार कार्यक्रम का संचालन किया जाना है।

**FMR Code-56.3** पर माँ'' कार्यक्रम "MAA" (Mother's Absolute Affection) के अन्तर्गत आशाओं द्वारा की जाने वाली बैठकों की रिपोर्टिंग हेतु रिपोर्टिंग प्रपत्रों की मुद्रण/छपायी जनपद स्तर पर स्पेसिफिकेशन के अनुसार कराये जाने हेतु रू0 1.00 प्रति फार्मेट की दर से समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है। पूर्व में जारी दिशा निर्देशानुसार कार्यक्रम का संचालन किया जाना है।

## 3.13 विश्व स्तनपान सप्ताह 01-07 अगस्त 2024

**FMR Code-56.4** पर विश्व स्तनपान सप्ताह 01-07 अगस्त 2024 में विभिन्न गतिविधयों हेतु प्रति जनपद रू0 40,000/- की दर से समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है। भारत सरकार से प्राप्त निर्देशानुसार आयोजन किया जाना है, इस हेतु दिशा निर्देश प्रेषित किये जा चुके हैं।

## 3.14 LMU and CLMC -

प्रदेश के चयनित मेडिकल कॉलेजों/जिला महिला/संयुक्त चिकित्सालयों में स्थापित/क्रियाशील सिक न्यूबार्न केयर इकाई (SNCU) के निकट एक Lactation Management Unit (LMU) की स्थापना की जानी है। एल0एम0यू0 सभी जिला स्तरीय प्रसव इकाईयों पर स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें प्रशिक्षित Lactation Support Staff द्वारा माताओं को स्तनपान कराने हेतु सहयोग प्रदान किया जायेगा। पूर्व में जारी दिशा निर्देशानुसार कार्यक्रम का संचालन किया जाना है।

**FMR Code-57.4** पर Lactation Management Unit (LMU) की ऑपरेशनल कास्ट हेतु समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है।

**FMR Code-57.5** पर **Comprehensive Lactation Management Center (CLMC)** के लिये बालरोग विभाग, किंगजार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ, आई0एम0एस0-बी0एच0यू0 वाराणसी एवं जी0एस0वी0एम0 मेडिकल कॉलेज कानपुर में संचालित **CLMC** हेतु ऑपरेशनल कास्ट मद में सम्बन्धित जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है।

## 3.15 सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा (IDCF)

प्रदेश के समस्त जनपदों में सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा (IDCF) पूर्व की भाँति इस वर्ष 2024 में भी प्रदेश के समस्त जनपदों में मनाया जाना है। वर्ष 2024-25 में **भारत सरकार से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार कार्यक्रम का नाम बदल कर डायरिया रोको अभियान किया गया है, जिसके सम्बन्ध में दिशा निर्देश प्रेषित किये जा चुके है।**

**FMR Code-58.1 पर IDCF** कार्यक्रम के अन्तर्गत आशा प्रोत्साहन राशि प्रदान करने हेतु रू0 100/— प्रति आशा के अनुसार समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है।

**FMR Code-58.2** पर प्रदेश के समस्त जनपदों में सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा (IDCF) कार्यक्रम के अन्तर्गत One day orientation meeting for IDCF हेतु समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है।

**FMR Code-58.6** पर **IEC for IDCF** कार्यक्रम हेतु **IEC सामग्री** Printing cost for monitoring format, printing of Training material and Treatment protocols for display in health facilities and IEC material Printing like banners, posters, pamphlets etc. हेतु समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है।

## 3.16 बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत मानव संसाधन–

**FMR Code-185.C.S0405,410,415,425,829** पर एन0आर0सी0 के अन्तर्गत संविदा पर कार्यरत मेडिकल ऑफिसर, स्टाफ नर्स एवं फिडिंग डिमॉन्स्ट्रेटर तथा संविदा एवं आउट सोर्स के माध्यम से कार्यरत कुक कम केयर टेकर एवं सफाई कर्मचारियों के मानदेय हेतु समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है।

**FMR Code-185.C.S0431,435,442,1182** पर एस0पी0एम0 चिकित्सालय लखनऊ में संचालित पीकू में संविदा बालरोग विशेषज्ञ, संविदा मेडिकल ऑफीसर, संविदा स्टाफ नर्स एवं आउट सोर्स के माध्यम से कार्यरत वार्ड आया, के मानदेय हेतु जिला स्वास्थ्य समिति लखनऊ को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है।

**FMR Code-185.C.S0441** पर एन0बी0एस0यू0 में कार्यरत संविदा स्टाफ नर्स के मानदेय हेतु समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है।

**FMR Code-185.C.S0430,440,461,462,1181** पर एस0एन0सी0यू0 में संविदा एवं बिडिंग के माध्यम से कार्यरत बालरोग विशेषज्ञ, संविदा मेडिकल ऑफीसर, संविदा स्टाफ नर्स एवं संविदा एवं आउट सोर्स के माध्यम से कार्यरत डाटा इन्ट्री आपरेटर तथा आउट सोर्स के माध्यम से कार्यरत वार्ड आया, सिक्योरिटी गार्ड एवं सफाई कर्मचारियों के मानदेय हेतु समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है।

**FMR Code-185.C.S0446,447,449** पर Comprehensive Lactation Management Center (CLMC) के लिये बालरोग विभाग, किंगजार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ, आई0एम0एस0–बी0एच0यू0 वाराणसी एवं जी0एस0वी0एम0 मेडिकल कालेज, कानपुर नगर में संचालित सी0एल0एम0सी0 में कार्यरत संविदा सी0एल0एम0सी0 मैनेजर, सी0एल0एम0सी0 लैब टैक्नीशियन एव आउट सोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत हाईजीन हेल्पर के मानदेय हेतु सम्बन्धित जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है।

**FMR Code-185.C.S0448** पर **Lactation Management Unit (LMU)** में आउट सोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत एल0एम0यू0 काउंसलर के मानदेय हेतु समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समिति को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है।

**FMR Code-185.C.S0443,444,445** पर चयनित मेडिकल कॉलेजों के बालरोग विभाग में स्थापित स्टेट रिसोर्स सेन्टर (SRC) के संविदा ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर, नर्सिंग कोऑर्डिनेटर एवं प्रशासनिक कम डाटा सहायक के मानदेय हेतु सम्बन्धित जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है।

**FMR Code-185.C.S1149** संविदा स्टाफ नर्स पीडियाट्रिक एच0डी0यू0 के मानदेय हेतु सम्बन्धित जनपदों की जिला स्वास्थ्य समिति को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है।

**नोट–**

- पूर्व से बिडिंग के माध्यम से नियुक्त बाल रोग विशेषज्ञों को बिडिंग में स्वीकृत फिक्स्ड धनराशि एवं पी0बी0एफ का भुगतान पूर्व में निर्गत दिशा निर्देशों के अनुसार दिया जायेगा एवं जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से नियुक्त बालरोग विशेषज्ञों को नियमानुसार एक वर्ष की संतोषजनक सेवा पूर्ण हो जाने पर 05 प्रतिशत की वार्षिक मानदेय वृद्धि देय है।

- केवल नवीन रिक्त संविदा मेडिकल ऑफिसर की भर्ती रू0 100000/- प्रति माह मानदेय की दर से जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से किया जाना है।
- **<u>5 प्रतिशत की वार्षिक मानदेय वृद्धि</u>** बिडिंग के माध्यम से नियुक्त बाल रोग विशेषज्ञों को छोड़कर सभी संविदा एवं आउट सोर्स के माध्यम से कार्यरत कर्मियो को नियमानुसार एक वर्ष की संतोषजनक सेवा पूर्ण हो जाने पर 05 प्रतिशत की वार्षिक मानदेय वृद्धि देय है।
- **<u>लॉयल्टी बोनस/experience bonus</u>** एस0एन0सी0यू0 बालरोग विशेषज्ञ एवं आउट सोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत कर्मियों को छोड़कर सभी कर्मियों को नियमानुसार लॉयल्टी बोनस देय होगा।
- एल0एम0यू0 हेतु रिक्त Lactation Counselor (आउट सोर्सिंग के माध्यम) की भर्ती रू0 15,000/- प्रतिमाह की दर से किया जाना है, एवं **ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0, जी0एस0टी0 एवं एजेन्सी सर्विस चार्ज** का नियमानुसार अलग से भुगतान किया जाना है।
- एस0एन0सी0यू0 हेतु रिक्त डाटा इन्ट्री ऑपरेटर (आउट सोर्सिंग के माध्यम) की भर्ती रू0 12,432/- प्रतिमाह की दर से किया जाना है, एवं **ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0, जी0एस0टी0 एवं एजेन्सी सर्विस चार्ज** का नियमानुसार अलग से भुगतान किया जाना है।
- एस0एन0सी0यू0 हेतु रिक्त वार्ड आया/सिक्योरटी गार्ड/सफाई कर्मी (आउट सोर्सिंग के माध्यम) की भर्ती रू0 10100/- प्रतिमाह की दर से किया जाना है, एवं **ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0, जी0एस0टी0 एवं एजेन्सी सर्विस चार्ज** का नियमानुसार अलग से भुगतान किया जाना है।
- एन0आर0सी0 हेतु रिक्त कुक कम केयरटेकर (आउट सोर्सिंग के माध्यम) की भर्ती रू0 11500/- प्रतिमाह की दर से किया जाना है, एवं सफाई कर्मी की भर्ती रू0 10100/- प्रतिमाह की दर से किया जाना है, एवं **ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0, जी0एस0टी0 एवं एजेन्सी सर्विस चार्ज** का नियमानुसार अलग से भुगतान किया जाना है।
- उत्तर प्रदेश के Minimum Wages Act पालन करते हुये मानदेय देय होगा, **ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0,** का भुगतान ससमय करना सुनिश्चित करें अन्यथा किसी भी विषम परिस्थिति के लिये मुख्य चिकित्सा अधिकारी, विभागाध्यक्ष बालरोग विभाग मेडिकल कॉलेज स्वयं जिम्मेदार होगें।

# वर्ष 2024-25 हेतु नवीन गतिविधियों के संचालन हेतु दिशा निर्देश

भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 की आर0ओ0पी0 में बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत नवीन कार्यक्रमों/गतिविधियों के संचालन **हेतु FMR Code के विभिन्न मदों में** धनराशि का अनुमोदन प्रदान किया गया है। तत्क्रम में जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है।

तत्क्रम में कार्यालय के पत्र संख्या-एस0पी0एम0यू0/CH/DHAP/73/2024-25/2020-2, दिनांक 10.07.2024 के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024-25 में बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों के संचालन हेतु डैप में आवंटित धनराशि एवं दिशा निर्देश निर्गत किये जा चुके हैं।

## 1.1-एस0एन0सी0यू0 में कार्यरत मानव संसाधन को 02 दिवसीय CPAP प्रशिक्षण।

भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 की आर0ओ0पी0 के **FMR Code-24.11** पर एस0एन0सी0यू0 में कार्यरत मानव संसाधन को 02 दिवसीय CPAP (Continuous positive airway pressure) प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु धनराशि का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

तत्क्रम में एस0एन0सी0यू0 में कार्यरत बालरोग विशेषज्ञों/चिकित्सा अधिकारियों एवं स्टाफ नर्सों को 02 दिवसीय CPAP प्रशिक्षण स्टेट रिसोर्स सेन्टर (SRC) बालरोग विभाग, किंगजार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी **लखनऊ,** बालरोग विभाग, डा0 राममनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान **लखनऊ**, स्टेट रिसोर्स सेन्टर (SRC) बालरोग विभाग, आई0एम0एस0-बी0एच0यू0 **वाराणसी**, स्टेट रिसोर्स सेन्टर (SRC) बालरोग विभाग, बी0आर0डी0 मेडिकल कॉलेज **गोरखपुर** एवं स्टेट रिसोर्स सेन्टर (SRC) बालरोग विभाग, जे0एन0 मेडिकल कॉलेज **अलीगढ** में आयोजित करने के लिये जिला स्वास्थ्य समितियों को जिला कार्ययोजना डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है।

## <u>1.2- Family participatory care ToT and जनपद स्तरीय FPC प्रशिक्षण तथा IEC & Training Package</u>

एस0एन0सी0यू0 इकाईयों में कार्यरत स्टाफ को 02 दिवसीय Family Participatory Care (FPCC) विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाना प्रस्तावित है, इस प्रशिक्षण से पूर्व 02 दिवसीय FPCC **प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण (TOT) स्टेट रिसोर्स सेन्टर (SRC),** बालरोग विभाग जे0एन0 मेडिकल कॉलेज **अलीगढ़, स्टेट**

**रिसोर्स सेन्टर (SRC),** बालरोग विभाग बी0आर0डी0 मेडिकल कॉलेज **गोरखपुर**, बालरोग विभाग जी0एस0बी0एम0 मेडिकल कॉलेज **कानपुर नगर**, बालरोग विभाग, डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान **लखनऊ**, **स्टेट रिसोर्स सेन्टर (SRC),** बालरोग विभाग, किंगजार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी **लखनऊ**, एल0एल0आर0एम0 मेडिकल कॉलेज **मेरठ**, **स्टेट रिसोर्स सेन्टर (SRC),** बालरोग विभाग, आई0एम0एस0–बी0एच0यू0 **वाराणसी** में कराया जाना प्रस्तावित है। इस TOT में एस0एन0सी0यू0 में कार्यरत बालरोग विशेषज्ञों, चिकित्सा अधिकारियों एवं स्टाफ नर्सों द्वारा प्रतिभाग किया जाना है, इन प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा जनपद स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024–25 की आर0ओ0पी0 के FMR Code-24.12 पर मेडिकल कॉलेज स्तरीय Family Participatory Care ToT एवं मेडिकल कालेजों के बालरोग विभाग एवं महिला महिला/संयुक्त चिकित्सालयों में क्रियाशील एस0एन0सी0यू0 इकाईयों में कार्यरत बालरोग विशेषज्ञों, मेडिकल ऑफीसर, स्टॉफ नर्सों, डाटा इन्ट्री आपरेटर, वार्ड आया आदि को Family participatory care (FPC) एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं FMR Code:-24.38 पर प्रशिक्षण के लिए लॉजिस्टिक्स की आवश्यकता (उपकरण, प्रशिक्षण पैकेज और आईईसी हेतु धनराशि का अनुमोदन प्रदान किया गया है। तत्क्रम में मेडिकल कॉलेज स्तरीय FPC ToT एवं जनपद स्तरीय FPC प्रशिक्षण तथा IEC & Training Package हेतु सम्बन्धित जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों की डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है।

### 1.3– जनपद में नवीन एन0बी0एस0यू0 की स्थापना हेतु One time establishment cost, radiant warmer and phototherapy unit and NBSU DATA Management.

नवजात शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से गंभीर नवजात शिशुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें प्रदान करने के लिये चिकित्सालयों के प्रसव कक्ष में न्यूबोर्न केयर कार्नर **(NBCC)** प्रथम संदर्भन इकाईयों **(FRUs)** पर नवजात शिशु स्टेबलाईजेशन इकाईयां **(NBSUs)** एवं जनपदों के मेडिकल कॉलेजों/जिला महिला/संयुक्त चिकित्सालयों में सिक न्यूबोर्न केयर इकाईयां **(SNCUs)** की स्थापना कर क्रियाशील की गयी हैं।

भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024–25 की आर0ओ0पी0 में जनपद में क्रियाशील प्रथम संदर्भन इकाईयों (FRUs)/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (CHCs) में नवीन एन0बी0एस0यू0 की स्थापना कर क्रियाशील किये जाने हेतु FMR Code-24.31 पर One time establishment cost, FMR Code-24.17 पर radiant warmer & phototherapy unit and FMR Code-24.39 पर NBSU DATA Management हेतु धनराशि का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

एन0बी0एस0यू0 के उपकरणों का जनपद स्तर पर क्रय भारत सरकार द्वारा निर्धारित स्पेसिफिकेशन के अनुसार "Gem Portal" के माध्यम से वित्तीय क्रय नियमों का पालन करते हुये किया जाना है।

तत्क्रम में नवीन एन0बी0एस0यू0 की स्थापना कर क्रियाशील किये जाने हेतु One time establishment cost, Radiant warmer & phototherapy unit and NBSU DATA Management हेतु समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों की डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है।

### 1.4– नवीन एस0एन0सी0यू0 की स्थापना (अम्बेडकर नगर एवं जालौन)

नवजात शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों एवं जिला महिला/संयुक्त चिकित्सालयों में सिक न्यूबोर्न केयर (SNCUs) इकाईयां स्थापित कर क्रियाशील की गयी हैं।

भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 की आर0ओ0पी0 में राजकीय मेडिकल कॉलेज अम्बेडकर नगर एवं राजकीय मेडिकल कॉलेज जालौन् में नवीन सिक न्यूबोर्न केयर इकाई (SNCU) की स्थापना हेतु धनराशि का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

एस0एन0सी0यू0 उपकरणों का जनपद स्तर पर क्रय भारत सरकार द्वारा निर्धारित स्पेसिफिकेशन के अनुसार **"Gem Portal"** के माध्यम से वित्तीय क्रय नियमों का पालन करते हुये किया जाना है। तत्क्रम में FMR Code-24.27 पर New SNCU One time Establishment Cost and Minor Repair Renovation Cost एवं FMR Code-24.23 पर Procurement of equipment for SNCU हेतु सम्बन्धित जिला स्वास्थ्य समिति की डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है। **इस हेतु दिशा निर्देश प्रेषित किये जा चुके हैं।**

## 1.5— नवीन मदर न्यूबोर्न केयर इकाई (MNCU) की स्थापना एवं उपकरणों का क्रय।

भारत सरकार द्वारा जारी गाइडेन्स नोट के आधार माँ एवं नवजात शिशुओं को उचित उपचार एवं देखभाल प्रदान करने हेतु मेडिकल कॉलेज/जिला महिला/संयुक्त चिकित्सालय में संचालित सिक न्यूबोर्न केयर इकाई (SNCU) के निकट मदर न्यूबोर्न केयर इकाई (MNCU) की स्थापना कर क्रियाशील किया जाना है।

भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024—25 की आर0ओ0पी0 में बालरोग विभाग मेडिकल कॉलेजों एवं जिला महिला/संयुक्त चिकित्सालयों नवीन मदर न्यूबोर्न केयर इकाई (MNCU) की स्थापना हेतु On time Establishment Cost, IEC Material and Radiant Warmer, Phototherapy unit के क्रय हेतु धनराशि का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

नवीन MNCU की स्थापना हेतु उपकरणों एवं अन्य सामग्री का जनपद स्तर पर क्रय भारत सरकार द्वारा निर्धारित स्पेसिफिकेशन (छायाप्रति संलग्न) अनुसार "Gem Portal" के माध्यम से वित्तीय क्रय नियमों का पालन करते हुये क्रय किया जाना है।

**तत्क्रम में FMR Code-24.32** पर नवीन MNCU की स्थापना हेतु One time Establishment Cost and IEC Material एवं **FMR Code-24.25** पर नवीन MNCU की स्थापना हेतु Procurement of equipment for MNCU हेतु सम्बन्धित जिला स्वास्थ्य समितियों की डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है।

## 1.6— बाल मृत्यु समीक्षा (CDR) कार्यक्रम के अन्तर्गत One day Block Level Training cum orientation

कार्यालय के पत्र संख्या—एस0पी0एम0यू0/CH/CDR/38/2021—22/3081, दिनांक 31.08. 2021 एवं पत्र संख्या—एस0पी0एम0यू0/CH/CDR/38/2021—22/6562—75, दिनांक 14.01.2022 के माध्यम से बाल मृत्यु समीक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों को संचालित किये जाने हेतु दिशा निर्देश निर्गत किये गये थे। तद्नुसार कार्यक्रम का संचालन किया जाना है।

भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024—25 की आर0ओ0पी0 के FMR Code-25.2 पर आशाओं के One day Block Level Training cum orientation हेतु धनराशि का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

तत्क्रम में आशाओं के One day Block Level Training cum orientation हेतु समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों की डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है।

## 1.7— एन0आर0सी0 में कार्यरत चिकित्सा अधिकारियों, न्यूट्रिशनिस्ट एवं स्टाफ नर्सो का प्रशिक्षण।

बच्चों में कुपोषण एक गम्भीर समस्या है, कुपोषण के उपचार एवं रोकथाम हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से चयनित मेडिकल कॉलेजों/जिला पुरूष/संयुक्त चिकित्सालयों में पोषण पुर्नवास केन्द्र (NRC) की स्थापना कर क्रियाशील की गयी है। इन इकाईयों में कार्यरत मानव संसाधन को 03 दिवसीय ''Facility Based Management of SAM Children'' प्रशिक्षण डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ, में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है, इस प्रशिक्षण के प्रति बैच कुल 40 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024—25 की आर0ओ0पी के FMR Code-54.2 पर 03 दिवसीय ''Facility Based Management of SAM Children'' प्रशिक्षण हेतु धनराशि का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

तत्क्रम में एन0आर0सी0 में कार्यरत चिकित्सा अधिकरियों, न्यूट्रिशनिस्ट एवं स्टाफ नर्सो को 03 दिवसीय ''Facility Based Management of SAM Children'' प्रशिक्षण आयोजित को कराये जाने हेतु सम्बन्धित जनपद की जिला स्वास्थ्य समिति की डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है।

## 1.8— माँ (MAA"- Mother's Absolute Affection) कार्यक्रम के अन्तर्गत 03 दिवसीय MAA/IYCF TOT एवं 03 दिवसीय MAA/IYCF प्रशिक्षण।

यह सर्वविदित है कि शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिये शिशु एवं बाल पोषण अत्यन्त आवश्यक है और महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शिशु के लिये मॉ का दूध सर्वोत्तम अहार है तथा शिशु का मौलिक अधिकार भी है।

इसी क्रम में ("MAA"- Mother's Absolute Affection) कार्यक्रम के के अर्न्तगत प्रदेश के समस्त जनपदों में ब्लॉक स्तरीय 03 दिवसीय Infant and Young Child Feeding (IYCF) प्रशिक्षण Staff Nurse,

RMNCHA Counsellor, ANM and CHO को प्रदान किया जाना है। ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण से पूर्व जनपद स्तरीय प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण (TOT) में Maternal Health Consultant and Hospital Quality Manager from district; Staff Nurse and RMNCH+A Counselor from district level health facilities (delivery point); atleast one Medical Officer/Lady medical officer/Staff Nurse from each block को प्रशिक्षित किया जाना है, जनपद स्तरीय TOT से पूर्व राज्य स्तरीय प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण (TOT) में Medical Officer and Staff Nurse को प्रशिक्षित किया जाना है। राज्य स्तरीय TOT में प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा जनपद स्तरीय TOT में प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। जनपद स्तरीय TOT में प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024–25 की आर0ओ0पी0 के FMR Code-56.2 पर राज्य स्तरीय एवं जनपद स्तरीय 03 दिवसीय **MAA/IYCF TOT** तथा ब्लॉक स्तरीय 03 दिवसीय **IYCF** प्रशिक्षण हेतु धनराशि का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

तत्क्रम में राज्य एवं जनपद स्तरीय 03 दिवसीय MAA/IYCF TOT के बैचों को आयोजित कराये जाने तथा ब्लॉक स्तरीय 03 दिवसीय **IYCF** प्रशिक्षण के बैचों आयोजित को कराये जाने हेतु समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों की डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है।

### 1.9- CLMC की स्थापना हेतु One time establishment cost

कार्यालय के पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0/CH/CLMC&LMU/67/2023–24/9411, दिनांक 29.02.2024 के माध्यम से जी0एस0वी0एम0 मेडिकल कालेज कानपुर के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में नवीन Comprehensive Lactation Management Center (CLMC) की स्थापना, उपकरणों का क्रय, आपरेशनल हेतु डैप में आवंटित धनराशि एवं दिशा निर्देश निर्गत किये गये थे।

भारत सरकार द्वारा वर्ष 2023–24 की सप्लीमेन्ट्री आर0ओ0पी0 में CLMC की स्थापना हेतु One time establishment cost मद में धनराशि अनुमोदन प्रदान नहीं किया गया था। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024–25 की आर0ओ0पी0 के FMR Code-57.2 पर CLMC की स्थापना हेतु One time establishment cost, मद में **रू0 8.00 लाख** की धनराशि अनुमोदित की गयी है।

तद्नुसार CLMC की स्थापना हेतु (Minor Repair & Renovation, Infrastructure work as per Layout, furniture, Computer, etc.) मद में जिला स्वास्थ्य समिति की डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है।

### 1.10–एन0आई0सी0यू0 की स्थापना एवं उपकरणों का क्रय।

प्रमुख चिकित्सा अधीक्षिका, वीरांगना अवन्तीबाई महिला चिकित्सालय लखनऊ द्वारा एन0आई0सी0यू0 की स्थापना किये जाने हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया था। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024–25 की आर0ओ0पी0 के FMR Code-24.26 पर वीरांगना अवन्तीबाई महिला चिकित्सालय लखनऊ में Onetime Procurement of Equipments for NICU एवं FMR Code-24.29 पर One time establishment cost हेतु धनराशि का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

तत्क्रम में वीरांगना अवन्तीबाई महिला चिकित्सालय लखनऊ में उपकरणों के क्रय एवं स्थापना हेतु जिला स्वास्थ्य समिति लखनऊ की डैप में धनराशि का प्राविधान किया गया है।

**वित्तीय निर्देश :–**

वर्ष 2024–25 में कार्यक्रमों/गतिविधियों हेतु डैप में आवंटित धनराशि की सीमा तक ही व्यय किया जाना है, डैप के सापेक्ष व्यय विवरण प्रेषित किया जाये साथ ही व्यय विवरण Financial Accounts Management System (FAMS) पोर्टल पर अपडेट किया जाये।

भारत सरकार द्वारा दिये गये फाइनेशियल मैनेजमेन्ट मैनुअल में निहित वित्तीय नियमों शासनादेशों अन्य प्रभावी नियमों/निर्देशों एवं सक्षम स्तर से स्वीकृति के उपरान्त ही समस्त व्यय नियमानुसार सुनिश्चित किया जाये। समस्त भुगतान **Financial Accounts Management System (FAMS)** साफ्टवेयर का प्रयोग करते हुये पब्लिक फाईनेशियल मैनेजमेन्ट सिस्टम (PFMS) **पोर्टल** के माध्यम से किये जायेंगे, जिससे कि व्यय धनराशि एवं उपलब्ध बजट की धनराशि का अनुश्रवण नियमित रूप से किया जा सके।

अन्य किसी जानकारी के लिये संयुक्त निदेशक, आर0सी0एच0, परिवार कल्याण महानिदेशालय के मोबाइल नम्बर–9450966181 एवं महाप्रबन्धक, बाल स्वास्थ्य, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के मोबाइल नम्बर–7011198720 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# 4.परिवार नियोजन कार्यक्रम

## 4.1 ए. परिवार नियोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत ऑन गोईंग गतिविधियॉ

प्रदेश की वर्तमान सकल प्रजनन दर (टी.एफ.आर.) 2.4 को आगामी वर्षों में 2.1 तक प्राप्त किए जाने हेतु परिवार नियोजन की स्थाई व अस्थाई दोनों प्रकार की विधियों को जनसमुदाय के मध्य प्रोत्साहित करते हुये लक्ष्य दम्पत्तियों को उनकी इच्छानुसार, गर्भ निरोधक साधन/सेवायें उपलब्ध कराये जाने हैं। वर्ष 2024–25 में, इन उद्देश्यों को ससमय प्राप्त करने हेतु निम्नानुसार गतिविधियां सम्पादित की जानी हैं:–

1. प्रदेश के समस्त जनपदों में परिवार नियोजन सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्‌देश्य से मिशन परिवार विकास कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम की मुख्य गतिविधियॉ यथा–प्रत्येक त्रैमास मिशन परिवार विकास अभियान का आयोजन, समुदाय की सहभागिता बढ़ाये जाने के उद्‌देश्य से सास–बहू बेटा सम्मेलन तथा नव दम्पत्तियों को शगुन किट (शगुन किट का वितरण), एफ0पी0एल0एम0आई0एस0 का क्रियान्वयन, उपकेन्द्र स्तर तक परिवार नियोजन बॉक्स (कण्डोम बॉक्स) की स्थापना तथा नवीन गर्भ निरोधक साधनो की उपकेन्द्र स्तर तक उपलब्धता आदि सुनिश्चित किया जाना है। परिवार नियोजन की सेवाओं की उपलब्धता जन समुदाय के निकटतम बिंदु तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या 1189(ए)/2022/पॉंच–9–2022–9 (127)/12 दिनांक 03.03.2023 के क्रम में परिवार नियोजन सेवाओं की उपलब्धता छाया–वी.एच.एन.डी. (CiVHND) सत्रों के दौरान भी सुनिश्चित किया जाना है। प्रत्येक छाया वी.एच.एन.डी. (CiVHND) सत्र में निर्धारित की गई मात्रा के अनुसार परिवार नियोजन सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना है। जनपद स्तर पर कार्यरत सहयोगी संस्थाओ के समन्वयन के साथ कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाये।
2. यद्यपि, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित धनराशि के आधार पर DHAP में जनपदवार राशि का आवंटन किया गया है, परन्तु इसका सम्बन्ध, जनपद के स्थायी एवं अस्थायी विधा के निर्धारित भौतिक ELA से नहीं है। प्रत्येक जनपद को अपनी जनपद की अनुपूरक मांग (अनमेट नीड) के आधार पर प्रत्येक लक्ष्य दम्पत्ति को उनकी इच्छा के अनुरूप (बास्केट ऑफ च्वॉइस) परिवार नियोजन की सेवाएं उपलब्ध कराना है।
3. चूॅकि भारत सरकार से अनुमोदित आर0ओ0पी0 में गतिविधिवार धनराशि निर्धारित व अनुमोदित होती है, अतः लाभार्थी से संबन्धित (DBT) भुगतान को छोड़कर अन्य सभी मद के भुगतान DHAP में आवंटित बजट के अधिकतम सीमा के अंतर्गत ही उपयोगित किया जाए।
4. प्रायः जनपदों द्वारा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के समय ESB स्कीम, नियत दिवस सेवा (FDOS-Male/Female), पी0ओ0एल0, भिन्न–भिन्न मदों में सेवाप्रदाताओं एवं परिवार नियोजन परामर्शदाताओं को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि के मद में अतिरिक्त धनराशि की मॉग की जाती है। अतः यह स्पष्ट किया जाता है कि उपरोक्त मदों में जनपदों को DHAP में आवंटित सीमा के अन्तर्गत ही नियमानुसार व्यय किया जाना है।
5. सभी भुगतान एवं व्यय डी0बी0टी0/पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से ही किए जाएंगे।
6. जनपद द्वारा वर्ष 2023–24 की कमिट करायी गयी धनराशि को वित्तीय वर्ष 2024–25 में वित्तीय नियमानुसार शत–प्रतिशत उपयोगित किया जाये।
7. समय–समय पर जनपदों द्वारा परिवार नियोजन क्षतिपूर्ति योजना के तहत किये गये क्लेम के सापेक्ष राज्य इण्डेमनिटी उप कमेटी द्वारा परीक्षणोपरान्त दिये गये संस्तुति के आधार पर ही एन0एच0एम0 द्वारा सम्बन्धित जनपदों को धनराशि आवंटित किया जाता है। कुछ जनपदों द्वारा एन0एच0एम0 से आवंटित धनराशि का लाभार्थी को ससमय भुगतान नहीं किया जाता है और आवंटित धनराशि को कमिट भी नहीं किया जाता है जिससे लाभार्थी अथवा लाभार्थी के परिवार कोर्टकेस एवं जनसुनवाई आदि के माध्यम से शिकायत दर्ज करते है जिससे वाद दायर होने की स्थिति उत्पन्न हो जाती है (ऐसी स्थिति उत्पन्न होने की दशा में जनपद द्वारा लापरवाही बरते जाने का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित जनपद का होगा)। अतः स्पष्ट किया जाता है कि

परिवार नियोजन क्षतिपूर्ति योजना के तहत एन0एच0एम0 द्वारा सम्बन्धित जनपदों को धनराशि आवंटित होने के उपरान्त अतिशीघ्र लाभार्थी अथवा उनके परिजनों को तुरन्त भुगतान किये जाने की कार्यवाही वित्तीय नियमानुसार किया जाए।

8. जनपद स्तर पर परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त गतिविधियों के सफल क्रियान्वयन एवं जनपदीय उपलब्धियों हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी उत्तरदायी हैं। अपर/उप मुख्य चिकित्साधिकारी को परिवार कल्याण, पी0सी0पी0एन0डी0टी0, सुरक्षित गर्भपात सेवाओं एवं आर0टी0आई0/एस0टी0आई0 गतिविधियों हेतु समेकित नोडल अधिकारी–परिवार नियोजन के रूप में नामित किया जाये। तदोपरान्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी उनको अधिकार प्रदत्त करें तथा उनके माध्यम से जनपद स्तरीय गतिविधियों का क्रियान्वयन तथा अनुश्रवण एवं मूल्यांकन किया जाना सुनिश्चित करेंगे।
9. भारत सरकार द्वारा परिवार नियोजन की अस्थायी एवं स्थायी विधिओं की प्रगति एच0एम0आई0एस0 पोर्टल पर प्रदर्शित रिपोर्ट से ही ली जाती है। इसलिए नोडल अधिकारी परिवार नियोजन एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक का उत्तरदायित्व होगा कि वे मासिक रिपोर्ट में उपरोक्तानुसार वर्णित निजी चिकित्सालयो की रिपोर्ट को सम्मिलित करने हेतु एच0एम0आई0एस0 पोर्टल पर यूनिट को पंजीकृत करते हुए प्रगति को अद्यतन करें। साथ ही एच0एम0आई0एस0 पोर्टल की रिपोर्ट का आंकलन कर त्रुटियों को दूर कराते हुए मासिक रिपोर्ट का प्रेषण निर्धारित समय सीमा के अन्दर किया जाना सुनिश्चित करें।
10. मा0 उच्चतम न्यायालय के आदेशों के अनुपालनार्थ, भारत सरकार को उपलब्ध करायी जाने वाली विभिन्न रिपोर्टं, जिनसे सम्बन्धित आंकड़ो को एच0एम0आई0एस0 पोर्टल द्वारा संग्रहित एवं संकलित न किये जाने की स्थिति में मैनुअल रिपोर्टिंग नोडल अधिकारी–परिवार कल्याण, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक एवं जिला एफ0पी0एल0एम0आई0एस0 प्रबन्धक के माध्यम से राज्य मुख्यालय को निर्धारित समय सीमा में प्रेषित करना सुनिश्चित किया जाय।
11. परिवार नियोजन कार्यक्रम सम्बन्धी समस्त स्टैण्डर्ड मैनुअल्स, रजिस्टर, प्रपत्र, बुकलेट (सहमति–पत्र, मेडिकल रिकार्ड चेकलिस्ट, पोस्ट ऑपरेटिव कार्डस, प्रमाण पत्र, क्लेम फार्म आदि), वाउचर, प्रचार–प्रसार सामग्री आदि का मुद्रण पूर्ण कर आवश्यकतानुसार सम्बन्धित समस्त स्वास्थ्य ईकाईयो पर उपलब्धता सुनिश्चित की जाय।
12. यह सुनिश्चित करना है कि प्रदेश की समस्त स्वास्थ्य इकाइयों में बास्केट आफ च्वॉइस बना हो एवं सुसज्जित प्रकार से प्रदर्शित किया जाएँ। इसी के साथ समस्त जिला एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में बास्केट आफ च्वॉइस की मुहर भी अवश्य ही उपलब्ध हो एवं उसका प्रयोग भी किया जा रहा हो। इस संबंध में पूर्व में ही विस्तृत दिशा निर्देश प्रेषित किये जा चुके है।
13. वर्तमान में परिवार नियोजन सामग्री की आपूर्ति एफ0पी0एल0एम0आई0एस0 पोर्टल के माध्यम से ही की जा रही है। राज्य स्तर से आरम्भ होकर उपकेन्द्र स्तर तथा समुदाय स्तरीय कार्यकत्री (आशा) तक गर्भनिरोधक सामग्रियों की मॉग के सापेक्ष आपूर्ति एफ0पी0एल0एम0आई0एस0 पोर्टल के माध्यम से ही किया जाना सुनिश्चित किया जाये। प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाए कि जिला स्तर की फैसिलिटी से लेकर आशा स्तर तक परिवार नियोजन सामग्री की उपलब्धता अवश्य रहें और स्टॉक आउट किसी भी दशा में न हो।
14. यह सुनिश्चित करना है कि जनपद की सभी स्वास्थ्य इकाई व आशाओं की मैपिंग एफ.पी.एल.एम. आई.एस. पोर्टल पर अवश्य की जाए। इन सभी का एफ0पी0एल0एम0आई0एस0 आई.डी. एवं पासवर्ड संबन्धित स्वास्थ्य इकाईयों एवं आशाओं से साझा कर दिया जाए।
15. परिवार नियोजन सामग्री के वितरण के लिए मात्र एफ0पी0एल0एम0आई0एस0 पोर्टल का ही प्रयोग किया जाए, किसी भी दशा में मैनुअल सामग्री किसी को भी न दी जाए। हर माह एच0एम0आई0एस0 में अंकित आंकड़ों के सापेक्ष एफ0पी0एल0एम0आई0एस0 में अंकित Consumption (खपत) का मिलान किया जाए, जिससे पोर्टल में भी सही वितरित सामग्री दर्ज हो।

16. जनपद स्तर पर आशा के सहयोग से ग्रामवार, उपकेन्द्रवार एवं ब्लॉकवार लक्ष्य दम्पत्तियों की संख्या का वास्तविक अंकन किया जाये। साथ ही आशा के वी0एच0आई0आर0 रजिस्टर को भी अपडेट करते हुये लक्ष्य दम्पत्तियों को इच्छुक गर्भनिरोधक साधन उपलब्ध कराएं।
17. प्रत्येक इच्छुक लक्ष्य दम्पत्ति को उसकी इच्छानुसार गर्भनिरोधक साधन उपलब्ध कराये जाने हेतु आशा के माध्यम से प्री रजिस्ट्रेशन किया जाये। जनपद स्तर पर समस्त गतिविधियों का नियमित मासिक अनुश्रवण, मुख्य चिकित्साधिकारी, नोडल अपर/उप मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक एवं जिला फैमिली प्लानिंग एवं एल0एम0आई0एस0 प्रबन्धक तथा मण्डल स्तर पर मण्डलीय अपर निदेशक, परिवार कल्याण, मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक एवं मण्डलीय फैमिली प्लानिंग एवं एल0एम0आई0एस0 प्रबन्धक द्वारा किया जाएगा।
18. परिवार नियोजन कार्यक्रम सम्बन्धी मासिक, त्रैमासिक तथा समय–समय पर मांगी गयी समस्त रिपोर्ट्स नवीन निर्धारित प्रारूप पर सॉफ्ट एवं हार्ड/स्कैन कॉपी ई–मेल jdfamilyplanning@gmail.com व gmfamilyplanning2023@gmail.com के माध्यम से राज्य स्तर पर उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी नोडल अधिकारी–परिवार नियोजन एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक के समन्वयन से जिला एफ0पी0एल0एम0आई0एस0 प्रबन्धक की होगी। नोडल अधिकारी–परिवार नियोजन पी0सी0पी0एन0डी0टी0 एवं सुरक्षित गर्भपात सेवाओं सम्बन्धी समस्त गतिविधियों की मासिक प्रगति आख्या को जनपद वैलिडेशन कमेटी में परीक्षण कर जिला कार्यक्रम प्रबन्धक के माध्यम से राज्य मुख्यालय को निर्धारित समय सीमा में प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे।
19. निजी चिकित्सालय/संस्थाएं यथा–हौसला साझीदारी के अन्तर्गत अधिकृत निजी चिकित्सालय/संस्था के अतिरिक्त केन्द्रीय उपक्रमों अथवा अन्य सरकारी संस्थाओं यथा–रेलवे व सैन्य चिकित्सालयों एम0जी0एच0एन0 अधिकृत/एफ0पी0पी0पी0ई0ए0 परियोजना के अन्तर्गत, चिन्हित चिकित्सालय के साथ अन्य निजी चिकित्सालयों/चिकित्सा इकाईयों द्वारा परिवार नियोजन के क्षेत्र में किये गये कार्य को भी जनपद की उपलब्धि में सम्मिलित किया जायेगा।
20. परिवार नियोजन कार्यक्रम की समस्त गतिविधियों का नियमित मासिक अनुश्रवण, मुख्य चिकित्साधिकारी, नोडल अपर/उप मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक एवं जिला फैमिली प्लानिंग एवं एल0एम0आई0एस0 प्रबन्धक तथा मण्डल स्तर पर मण्डलीय अपर निदेशक, परिवार कल्याण, मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक एवं मण्डलीय फैमिली प्लानिंग एवं एल0एम0आई0एस0 प्रबन्धक द्वारा किया जाएगा, जिसमें उत्तर प्रदेश तकनीकी सहयोग इकाई (UPTSU) के जिला विशेषज्ञ–परिवार नियोजन (DFPS) द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा।
21. वित्तीय वर्ष 2024–25 में भारत सरकार से प्राप्त आर0ओ0पी0 के परिवार नियोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत कुछ प्रमुख बेंचमार्क निर्धारित किये गये हैं, जिसकी शत प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित की जानी है। प्रमुख बेंचमार्क का विवरण निम्नानुसार है–

**Key performance indicators (as per ROP 2024-25)**

| Indicator statement | Indicator | Unit | ELA 2024-25 |
|---|---|---|---|
| PPIUCD acceptance | Percentage of PPIUCD acceptance among institutional deliveries<br>Numerator: Number of PPIUCDs inserted in public facilities<br>Denominator: Number of institutional deliveries in public facilities | Percentage (%) | 35 % |
| Injectable MPA user | Percentage of Injectable MPA users among eligible couples<br>Numerator: Total number of injectable MPA dose/4<br>Denominator: Number of eligible couples | Percentage (%) | 0.7% |
| Operationalization of FPLMIS | % of facilities indenting and issuing the stock in FPLMIS out of total facilities (including Sub centers)<br>Numerator: Number of facilities indenting and issuing the stock in FPLMIS (including Sub centers)<br>Denominator: Total number of facilities registered in | Percentage (%) | 96% |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | FPLMIS (including Sub centers) | | |
| % Increase in Male sterilization from 2022-23 | Numerator: No. Of male sterilization in the current year<br>Denominator: No. of male sterilization on 2022-23. | Percentage (%) | 30% |
| No. of Shagun Kit Distributed per ASHA | Numerator: No. of Shagun Kit distribuited<br>Denominator : No. of ASHA<br>Source : MPV Quarterly Report | Number | 7 kit per ASHA |
| No. of Saas Beta Bahu Samellan Conducted | Numerator: No. of SBS Conducted<br>Source: MPV Quarterly Report | Number | 1,79,548 |

## 01. परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत नसबंदी में दी जाने वाली राशियों का विवरण –

**1.1 सरकारी चिकित्सा इकाईयों में महिला नसबंदी (अन्तराल) हेतु लाभार्थी को दी जाने वाली क्षतिपूर्ति धनराशि का प्राविधान (FMR-42.7) –** प्रदेश के समस्त सरकारी स्वास्थ्य ईकाईयों पर होने वाले महिला नसबंदी हेतु निम्न तालिकानुसार क्षतिपूर्ति धनराशि प्रदान की जानी हैः–

**(धनराशि रू0 में)**

| क्र0 | विवरण | महिला नसबन्दी (अन्तराल) दर (रू0 में) |
|---|---|---|
| 1 | लाभार्थी | 2000.00 |
| 2 | प्रेरक / आशा | 300.00 |
| 3 | ड्रग / ड्रेसिंग / आई0पी0 सप्लाई | 100.00 |
| 4 | सर्जन प्रोत्साहन राशि | 200.00 |
| 5 | एनेस्थेटिस्ट / सहयोगी चिकित्सक | 50.00 |
| 6 | नर्स / ए.एन.एम | 40.00 |
| 7 | ओ0टी0 टैक्नीशियन / सहायक / एल0 | 20.00 |
| 8 | वार्ड ब्वाय / आया | 12.00 |
| 9 | स्वीपर | 08.00 |
| 10 | क्लर्क / दस्तावेजीकरण | 30.00 |
| 11 | रिफ्रेशमेन्ट | 20.00 |
| 12 | अन्य विविध | 20.00 |
| **कुल योग** | | **2800.00** |

**1.2 सरकारी चिकित्सा ईकाईयों में प्रसव पश्चात् नसबन्दी हेतु लाभार्थी को दी जाने वाली क्षतिपूर्ति धनराशि का प्राविधान (FMR-42.8)–** प्रदेश के समस्त सरकारी स्वास्थ्य ईकाईयों पर होने वाले प्रसव पश्चात् नसबन्दी हेतु निम्न तालिकानुसार क्षतिपूर्ति धनराशि प्रदान की जानी हैः–

**(धनराशि रू0 में)**

| क्र0 | विवरण | प्रसव पश्चात् नसबन्दी |
|---|---|---|
| 1 | लभार्थी | 3000.00 |
| 2 | प्रेरक / आशा | 400.00 |
| 3 | ड्रग / ड्रेसिंग / आई0पी0 सप्लाई | 100.00 |
| 4 | सर्जन प्रोत्साहन राशि | 325.00 |
| 5 | एनेस्थेटिस्ट / सहयोगी चिकित्सक | 75.00 |
| 6 | नर्स / ए.एन.एम | 50.00 |
| 7 | ओ0टी0 टैक्नीशियन / सहायक / एल0टी0 | 25.00 |
| 8 | वार्ड ब्वाय / आया | 15.00 |
| 9 | स्वीपर | 10.00 |
| 10 | क्लर्क / दस्तावेजीकरण | – |
| 11 | रिफ्रेशमेन्ट | – |
| 12 | अन्य विविध | – |
| **कुल योग** | | **4000.00** |

**1.3 सरकारी चिकित्सा ईकाईयों में पुरूष नसबंदी हेतु लाभार्थी को दी जाने वाली क्षतिपूर्ति धनराशि का प्राविधान (FMR-43.1) –** वित्तीय वर्ष 2024–25 से सरकारी स्वास्थ्य ईकाईयों में पुरूष नसबंदी हेतु निम्न तालिकानुसार धनराशि प्रदान की जानी हैः–

**(धनराशि रू0 में)**

| क्र0 | विवरण | पुरूष नसबन्दी (एन0एस0वी0) |
|---|---|---|
| 1 | लभार्थी | 3000.00 |
| 2 | प्रेरक/आशा | 400.00 |
| 3 | ड्रग/ड्रेसिंग/आई0पी0 सप्लाई | 50.00 |
| 4 | सर्जन प्रोत्साहन राशि | 400.00 |
| 5 | एनेस्थेटिस्ट/सहयोगी चिकित्सक | – |
| 6 | नर्स/ए.एन.एम | 40.00 |
| 7 | ओ0टी0 टैक्नीशियन/ सहायक/एल0टी0 | 20.00 |
| 8 | वार्ड ब्वाय/आया | 12.00 |
| 9 | स्वीपर | 08.00 |
| 10 | क्लर्क/दस्तावेजीकरण | 30.00 |
| 11 | रिफ्रेशमेन्ट | 20.00 |
| 12 | अन्य विविध | 20.00 |
| **कुल योग** | | **4000.00** |

**निजी चिकित्सा इकाईयों एवं कॉट हेतु–**

**1.4 हौसला साझीदारी योजना के अन्तर्गत अभिप्रमाणित निजी चिकित्सा इकाई में महिला नसबंदी अन्तराल हेतु FMR-42.09 एवं प्रसव पश्चात हेतु FMR-42.10 के अन्तर्गत लाभार्थी को दी जाने वाली क्षतिपूर्ति धनराशि का प्राविधान–**वर्ष 2022–23 में संशोधित शासनादेश संख्याः 57/2022/584/पॉच–9–2022 दिनांकित 30.05.2022 के क्रम में हौसला साझीदारी कार्यक्रम के अन्तर्गत अभिप्रमाणित निजी चिकित्सा इकाई में होने वाले महिला नसबंदी (अन्तराल एवं प्रसव पश्चात के अन्तर्गत महिला लाभार्थी को प्रोत्साहन धनराशि रू0 1400/– प्रति लाभार्थी की दर से भुगतान सम्बन्धित जनपद के जिला स्वास्थ्य समिति से किया जाना है। प्राइवेट क्लीनिक में होने वाले महिला नसबन्दी के लाभार्थियों की क्षतिपूर्ति का भुगतान मुख्य चिकित्साधिकारी के स्तर के किया जाना है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति के अनुमोदनोपरान्त मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से परिवार नियोजन के लाभार्थी का भुगतान किया जायेगा।

**1.5 हौसला साझीदारी के अन्तर्गत अभिप्रमाणित कॉट टीम द्वारा महिला नसबंदी हेतु लाभार्थी एवं प्रेरक/आशा को दी जाने वाली क्षतिपूर्ति/प्रोत्साहन धनराशि का प्राविधान (FMR-42.11) –**

हौसला साझीदारी कार्यक्रम के अन्तर्गत अभिप्रमाणित कॉट टीम द्वारा जनपद की सरकारी चिकित्सा इकाई में नसबंदी सेवा प्रदान किये जाने पर लाभार्थी एवं प्रेरक का भुगतान उसी ब्लॉक के चिकित्सा इकाई से किया जायेगा, जहॉ पर कॉट टीम द्वारा सेवाएं प्रदान की गई है। साथ ही नसबंदी फॉर्म की पूर्णतया अंकित मूल बुकलेट इकाई स्तर पर संरक्षित की जायेगी। कॉट टीम द्वारा किये गये समस्त केसों का विवरण इकाई पर उपलब्ध निर्धारित रजिस्टर यथा– नसबंदी पैथॉलॉजी एवं ओ0टी0 रजिस्टर में अवश्य किया जाये। प्रमाण पत्र चिकित्सा इकाई प्रभारी के हस्ताक्षर से ही निर्गत किये जायेंगे। मात्र चिकित्सा इकाई प्रभारी के हस्ताक्षर से ही निर्गत प्रमाण पत्र के आधार पर ही भुगतान किया जायेगा।

**<u>नोट–</u>**

- नसबन्दी लाभार्थियों के समस्त रिकार्ड पूर्ण भरे व हस्ताक्षरित संरक्षित करते हुए फॉलोअप कार्ड व प्रमाण–पत्र का समय से वितरण किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

- लाभार्थियों को परिवार नियोजन क्षतिपूर्ति योजना सम्बन्धी पूर्ण जानकारी प्रदान की जाये। हौसला साझीदारी कार्यक्रम के अन्तर्गत अभिप्रमाणित कॉट टीम द्वारा किये गये महिला नसबंदी हेतु लाभार्थी एवं प्रेरक को निम्न तालिकानुसार धनराशि प्रदान की जानी हैः–

**(धनराशि रू0 में)**

| क्र0 | विवरण | **महिला नसबंदी** |
|---|---|---|
| | | दर |
| 1 | लभार्थी | 2000.00 |
| 2 | प्रेरक / आशा | 300.00 |
| **कुल योग** | | **2300.00** |

**1.6 हौसला साझीदारी के अन्तर्गत अभिप्रमाणित निजी चिकित्सा इकाई में पुरूष नसबंदी हेतु लाभार्थी को दी जाने वाली क्षतिपूर्ति धनराशि का प्राविधान (FMR - 43.3)–** वर्ष 2022–23 में संशोधित शासनादेश संख्याः 57 / 2022 / 584 / पॉच–9–2022 दिनांकित 30.05.2022 के क्रम में हौसला साझीदारी कार्यक्रम के अन्तर्गत अभिप्रमाणित निजी चिकित्सा इकाई में पुरूष नसबंदी हेतु लाभार्थी को **धनराशि रू0 2000/– प्रति लाभार्थी** का भुगतान किया जाना है। प्राइवेट क्लीनिक में होने वाले पुरूष नसबन्दी के लाभार्थियों की क्षतिपूर्ति का भुगतान मुख्य चिकित्साधिकारी के स्तर के किया जाना है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति के अनुमोदनोपरान्त मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से परिवार नियोजन के लाभार्थी का भुगतान किया जायेगा।

**1.7 हौसला साझीदारी अन्तर्गत अभिप्रमाणित कॉट टीम द्वारा पुरूष नसबंदी हेतु लाभार्थी एवं प्रेरक/आशा को दी जाने वाली क्षतिपूर्ति/प्रोत्साहन धनराशि का प्राविधान (FMR – 43.5) –**

हौसला साझीदारी कार्यक्रम के अन्तर्गत अभिप्रमाणित कॉट टीम द्वारा जनपद की सरकारी चिकित्सा इकाई में पुरूष नसबंदी सेवा प्रदान किये जाने पर लाभार्थी एवं प्रेरक का भुगतान उसी ब्लॉक के चिकित्सा इकाई से किया जायेगा, जहॉ पर कॉट टीम द्वारा सेवाएं प्रदान की गई है। साथ ही नसबंदी फॉर्म की पूर्णतया अंकित मूल बुकलेट इकाई स्तर पर संरक्षित की जायेगी। कॉट टीम द्वारा किये गये समस्त केसों का विवरण इकाई पर उपलब्ध निर्धारित रजिस्टर यथा– नसबंदी पैथॉलॉजी एवं ओ0टी0 रजिस्टर में अवश्य किया जाये। प्रमाण पत्र चिकित्सा इकाई प्रभारी के हस्ताक्षर से ही निर्गत किये जायेंगे। मात्र चिकित्सा इकाई प्रभारी के हस्ताक्षर से ही निर्गत प्रमाण पत्र के आधार पर ही भुगतान किया जायेगा।

**नोट–**

पुरूष नसबन्दी लाभार्थियों के समस्त रिकार्ड पूर्ण भरे व हस्ताक्षरित संरक्षित करते हुए फॉलोअप कार्ड व प्रमाण–पत्र का समय से वितरण किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

- लाभार्थियों को परिवार नियोजन क्षतिपूर्ति योजना सम्बन्धी पूर्ण जानकारी प्रदान की जाये। हौसला साझीदारी कार्यक्रम के अन्तर्गत अभिप्रमाणित कॉट टीम द्वारा किये गये पुरूष नसबंदी हेतु लाभार्थी एवं प्रेरक/आशा को निम्न तालिकानुसार धनराशि प्रदान की जानी हैः–

**(धनराशि रू0 में)**

| क्र0 | विवरण | **पुरूष नसबंदी** |
|---|---|---|
| 1 | लभार्थी | 3000.00 |
| 2 | प्रेरक / आशा | 400.00 |
| **कुल योग** | | **3400.00** |

**1.8 महिला एवं पुरूष नसबन्दी नियत दिवस सेवा (FMR- 42.16)-** प्रति नियत दिवस सेवा के लिए रू0 3500.00 की दर से धनराशि का प्राविधान किया गया है, जिसका उपयोग एस0पी0एम0यू0 कार्यालय के पत्र संख्या– एन0एच0एम0 / एस0पी0एम0यू0 / FDOS / 196 / 2022–23 / 6142 दिनांक–24.11.2022 के द्वारा प्रेषित दिशा निर्देश के अनुसार किया जाना है।

- नियत दिवस सेवा में महिला एवं पुरुष में नसबंदी केसों की संख्या 20 से कम होने की स्थिति में नियत दिवस सेवा नहीं माना जाएगा। ऐसी स्थिति में वास्तविक केसों की संख्या के आधार पर प्रति केस रू0 120.00 की दर से वास्तविक व्यय के आधार पर नियमानुसार धनराशि व्यय की जा सकती है, परन्तु नियत दिवस सेवा में नसबंदी केसों की अधिकतम संख्या 30 केस तक ही सीमित है।
- महिला एवं पुरूष नसबन्दी नियत दिवस सेवा हेतु प्रति नियत दिवस कुल धनराशि रू0 3500.00 प्राविधानित है, जिसमें आवश्यकतानुसार कुल प्राविधानित धनराशि से क्रमशः क्वालिटी सेवा हेतु 30 प्रतिशत, मेडिसिन हेतु 40 प्रतिशत, पी0ओ0एल0 हेतु 20 प्रतिशत तथा प्रचार–प्रसार हेतु 10 प्रतिशत धनराशि का व्यय किया जा सकता है। विशेष परिस्थिति में उपरोक्त निर्धारित मदों में से 05 से 10 प्रतिशत तक का मदवार वैरियेशन करते हुए भी व्यय किया जा सकता है। कुल व्यय निर्धारित धनराशि रू0 3500.00 बजट सीमा के अन्दर ही सीमित होना चाहिए।
- जिन स्वास्थ्य इकाईयों पर हौसला साझीदारी के अन्तर्गत कॉट टीम द्वारा सेवाएं प्रदान की जा रही है, वहॉ उस दिन दी गयी सेवाओं हेतु भी नियत सेवा दिवस मद की धनराशि रू0 3500.00, उपरोक्तानुसार व्यय की जा सकती है।
- जनपद स्तर पर जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन या सप्ताह में दो बार एफ.आर.यू./ उपजनपदीय/तहसील स्तरीय चिकित्सालयों में सप्ताह में एक बार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/ब्लॉक स्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पखवाड़ें में एक बार तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर माह में एक बार नियत दिवस सेवाएं प्रदान की जाएंगी।
- उन स्वास्थ्य केन्द्रों जहां पर प्रशिक्षित सेवाप्रदाता/सर्जन उपलब्ध है, वहॉ प्रतिदिन नसबन्दी की सेवा प्रदान की जाये।
- त्रैमासिक नियत दिवस कैलेण्डर चिकित्सा इकाई के अन्तर्गत आने वाली समस्त समुदाय स्तरीय कार्यकर्ताओं आशा, ए0एन0एम0 व आंगनबाड़ी की संख्या के आधार पर पम्पलेट/लीफलेट में मुद्रित कराकर समुदाय स्तरीय कार्यकर्ताओं के मध्य वितरण सुनिश्चित किया जाये।
- इच्छुक दम्पत्तियों का आशा के माध्यम से काउन्सलिंग कराते हुए परिवार नियोजन के स्थाई साधन महिला एवं पुरूष नसबंदी अपनाने हेतु प्री–रजिस्ट्रेशन किया जाय। प्री–रजिस्टर्ड किये गये क्लाइन्ट की सूची को ब्लॉक स्तरीय चिकित्सा इकाईयों पर सूचित किया जाये, जिससे नियत सेवा दिवस की तैयारी ससमय की जा सके।
- प्री–रजिस्टर्ड किये गये क्लाइन्ट की सूची के अनुसार, जनपदीय परिवार कल्याण नोडल द्वारा नियत सेवा दिवस (एफ0डी0ओ0एस0) कैलेण्डर का निर्धारण किया जाये तथा कैलेण्डर की सूचना आशा तक उपलब्ध करायी जाये, जिससे कि आशा द्वारा प्री–रजिस्टर्ड क्लाइंट को उक्त एफ0डी0ओ0एस0 पर लाया जा सके।
- नियत सेवा दिवस (एफ0डी0ओ0एस0) कैलेण्डर के अनुसार सेवाप्रदाता की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुये एफ0डी0ओ0एस0 कराया जाये।
- नियत सेवा दिवस (एफ0डी0ओ0एस0) की सूक्ष्म तैयारी हेतु आशा, ए0एन0एम0 व ऑगनबाड़ी की बैठक में चर्चा की जाए।
- नियत सेवा दिवस (एफ0डी0ओ0एस0) के दिन समस्त केसों का विवरण इकाई पर उपलब्ध निर्धारित नसबंदी बुकलेट, पैथॉलॉजी एवं ओ0टी0 रजिस्टर में अवश्य किया जाये।
- नसबन्दी लाभार्थियों के समस्त रिकार्ड पूर्ण भरे व हस्ताक्षरित संरक्षित करते हुए फॉलोअप कार्ड व प्रमाण–पत्र का समय से वितरण किया जाना सुनिश्चित किया जाये।
- लाभार्थी से सहमति पत्र अवश्य हस्ताक्षरित कराया जाये और निर्धारित प्रारुप पर मेडिकल रिकार्ड चेकलिस्ट भी पूर्ण भरी जाए। सेवा का लाभ लेने आये लाभार्थियों को विधि से सम्बंधित सभी पहलुओं पर पूर्ण जानकारी दी जाये और विधि के प्रभावों से भली भॉति अवगत कराया जाये। साथ ही लाभार्थियों को परिवार कल्याण क्षतिपूर्ति योजना सम्बन्धी

पूर्ण जानकारी प्रदान की जाए। लाभार्थी की काउन्सिलिंग अवश्य करें और सम्बंधित रिकॉर्ड को रजिस्टर पर अंकित करें।

- लाभार्थी के चिकित्सालय से छुट्टी किये जाने पर फालोअप कार्ड प्रदान किया जाए। साथ ही मौखिक रुप में अवगत भी कराया जाए कि किन–किन स्थितियों में अथवा तिथियों में लाभार्थी को स्वास्थ्य केन्द्र पर फालोअप हेतु उपस्थित होना है। सेवाप्रदाता द्वारा किन्हीं परिस्थितियों में नसबन्दी की सफलता के सन्देह की स्थिति में विवरण फालोअप कार्ड, सहमति पत्र एवं मेडिकल रिकार्ड चेकलिस्ट के आपरेटिव नोट्स में अवश्य अंकित किया जाए तथा इस आशय का अंकन नसबन्दी प्रमाण पत्र में भी अवश्य किया जाए।
- पी0ओ0एल0 मद की धनराशि व्यय किये जाने की स्थिति में जेनरेटर लॉग बुक मेण्टेन की जाए।
- नियत सेवा दिवस (एफ0डी0ओ0एस0) हेतु नियत दिवस कैलेण्डर त्रैमासिक तैयार कर उसकी सूचना राज्य मुख्यालय को भेजी जाये, जिससे राज्य स्तर से शिविरों का अनुश्रवण एवं मूल्यांकन किया जा सके।

**1.9 फैमिली प्लानिंग इंडेमिनिटी (FPIS) स्कीम (FMR- 47.1) –**

फैमिली प्लानिंग इंडेमिनिटी स्कीम के अन्तर्गत नसबंदी के पश्चात होने वाले असफल/जटिलता/मृत्यु के केसों के प्रकरणों के निस्तारण हेतु धनराशि प्राविधानित है, जो समय–समय पर राज्य स्तरीय फैमिली इंडेमिनिटी उपसमिति के अनुशंसा पर सम्बन्धित जनपदों के जिला स्वास्थ्य समिति को उपलब्ध कराया जाता है। मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में शासनादेश संख्याः 52/2019/1115/ पांच–9–2019–9(56)/12 दिनांक 21 अगस्त 2019 के माध्यम से प्रदेश में परिवार नियोजन इन्डेमिनिटी योजना के अन्तर्गत प्रदान की जा रही क्षतिपूर्ति धनराशि को दिनांक 01 अप्रैल 2019 से दुगुना किया गया है, जिसका विवरण निम्नवत हैः–

| Sec. | Coverage | Compensation Package as G.O 03.07.2014, with effect from 01.04.2013 | Double Compensation Package as G.O 21.8.2019with effect from 01.04.2019 |
|---|---|---|---|
| | | **Table -A** | **Table –B** |
| I A | Death following sterilization (inclusive of death during process of sterilization operation) in hospital or within 7 days from the date of discharge from the hospital. | Rs. 2,00,000.00 | Rs. 4,00,000.00 |
| I B | Death following sterilization within 8-30 days from the date of discharge from the hospital. | Rs. 50,000.00 | Rs. 1,00,000 |
| I C | Failure of Sterilization | Rs. 30,000.00 | Rs. 60,000.00 |
| I D | Cost of treatment in hospital and upto 60 days arising out of complication following sterilization operation (inclusive of complication during process of sterilization operation) from the date of discharge. | Actual not exceeding Rs 25,000.00 | Actual not exceeding Rs 50,000.00 |
| II | Indemnity per Doctor/Health Facilities but not more than 4 in a year. | Upto Rs. 2 Lakh/ claim | Upto Rs.4 Lakh/claim |

**नोटः–** समय–समय पर जनपदों द्वारा परिवार नियोजन क्षतिपूर्ति योजना के तहत किये गये क्लेम के सापेक्ष राज्य इंडेमिनिटी उप कमेटी द्वारा परीक्षणोपरान्त दी गई संस्तुति के आधार पर ही एन0एच0एम0 द्वारा सम्बन्धित जनपदों को धनराशि आवंटित किया जाता है। कुछ जनपदों द्वारा एन0एच0एम0 से आवंटित धनराशि का लाभार्थी को ससमय भुगतान नहीं किया जाता है और आवंटित धनराशि को कमिट भी नहीं किया जाता है, जिससे लाभार्थी अथवा लाभार्थी के परिवार कोर्टकेस एवं जनसुनवाई आदि के माध्यम से शिकायत दर्ज करते है जिससे वाद दायर होने की स्थिति उत्पन्न हो जाती है (ऐसी स्थिति उत्पन्न होने की दशा में जनपद द्वारा लापरवाही बरते जाने का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित

जनपद का होगा)। अतः स्पष्ट किया जाता है कि परिवार नियोजन क्षतिपूर्ति योजना के तहत एन0एच0एम0 द्वारा सम्बन्धित जनपदों को धनराशि आवंटित होने के उपरान्त अतिशीघ्र लाभार्थी अथवा उनके परिजनों को तुरन्त भुगतान किये जाने की कार्यवाही वित्तीय नियमानुसार किया जाए।

**1.10 सर्जन टीम हेतु परिवहन व्यवस्था के लिए POL (FMR-50.22) –** जनपद में नसबंदी हेतु लगाए जाने वाले नियत दिवस सेवाओं में सर्जन टीम के आवागमन की व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक शिविर हेतु रू0 1000/– की दर से अतिरिक्त धनराशि पी0ओ0एल0 (परिवहन व्यवस्था) हेतु प्राविधानित है जो निम्न परिस्थितियों में दी जानी हैः–

- यदि सर्जन एवं टीम दोनों अलग अलग स्थान से आ रहे हो और सर्जन द्वारा स्वयं के वाहन का प्रयोग किया जा रहा है तो इस दशा में शासन द्वारा निर्धारित प्रति किलोमीटर की दर से सर्जन को भुगतान किया जाएगा। ध्यान यह देना है की भुगतान की जाने वाली राशि रु0 1000/– से अधिक न हो और वित्तीय नियमों का पालन किया गया हो।
- यदि सर्जन द्वारा नियत सेवा दिवस में आने के लिए शासकीय वाहन का प्रयोग किया जाता है तो वाहन हेतु पी0ओ0एल0 की व्यवस्था शासकीय नियमानुसार इसी मद से अधिकतम धनराशि रु0 1000/– की सीमा तक उपयोगित किया जा सकता है।
- यदि कोई सर्जन टीम अपने जनपद के अतिरिक्त अन्य जनपद में नसबन्दी सेवा प्रदान करती है तो ऐसी स्थिति में जिस जनपद में सेवा प्रदान की गयी है, उसी जनपद द्वारा पी0ओ0एल मद में आवंटित धनराशि से उस सर्जन टीम को पी0ओ0एल0 का भुगतान किया जायेगा।

## 02– परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत अस्थाई विधियों में दी जाने वाली राशियों का विवरणः–

**2.1 प्रसव पश्चात आई.यू.सी.डी. (पी0पी0आई0यू0सी0डी0) इन्सर्शन में लाभार्थी को क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान (FMR-44.5)–**लाभार्थी को प्रसव पश्चात आई.यू.सी.डी. (पी0पी0आई0यू0सी0डी0) इन्सर्शन किए जाने के पश्चात गुणवत्ता एवं फॉलोअप सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से इन्सर्शन के पश्चात कुल रु0 300.00 प्रति लाभार्थी की दर से धनराशि प्राविधानित है। पी0पी0आई0यू0सी0डी0 लाभार्थी का भुगतान जननी सुरक्षा योजना के भुगतान के साथ ही किया जाना सुनिश्चित करें, जिससे कि लाभार्थी से पुनः खाता संख्या एवं अन्य दस्तावेज लेने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। जिन स्वास्थ्य केन्द्रों पर पी0पी0आई0यू0सी0डी0 विधा में प्रशिक्षित सेवा प्रदाता उपलब्ध हैं तथा पी0पी0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, केवल उन्हीं केंन्द्रों पर जनपद स्तर से अवमुक्त धनराशि को हस्तांतरित किया जाए।

**नोट**–समस्त पी0पी0आई0यू0सी0डी0 निवेशन अपनाने वाले लाभार्थी से केस शीट पर सहमति लिया जाना अनिवार्य है तथा निर्धारित फॉलोअप कार्ड भी लाभार्थी को उपलब्ध कराया जाये एवं सम्बन्धित विवरण रजिस्टर में अंकित किया जाये।

**2.2 गर्भसमापन पश्चात आई.यू.सी.डी. (पी0ए0आई0यू0सी0डी0) इन्सर्शन हेतु लाभार्थी को क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान (FMR-44.6)–**सुरक्षित गर्भ समापन के पश्चात आई.यू.सी.डी. (पी0ए0आई0यू0सी0डी0) इन्सर्शन किए जाने पर गुणवत्ता एवं लाभार्थी का फॉलोअप सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से लाभार्थी को इन्सर्शन के पश्चात कुल **रु0 300.00 प्रति लाभार्थी की दर** से धनराशि प्राविधानित है।

**नोट**–समस्त पी0ए0आई0यू0सी0डी0 निवेशन अपनाने वाले लाभार्थी से केस शीट पर सहमति लिया जाना अनिवार्य है तथा निर्धारित फॉलोअप कार्ड भी लाभार्थी को उपलब्ध कराया जाये एवं सम्बन्धित विवरण रजिस्टर में अंकित किया जाये।

**2.3 ग्रामीण सरकारी स्वास्थ्य इकाईयों पर प्रसव पश्चात आई.यू.सी.डी. (पी0पी0आई0यू0सी0डी0) इन्सर्शन हेतु सेवा प्रदाताओं (चिकित्सक एवं स्टाफ नर्स/ए0एन0एम0) को कार्य आधारित प्रोत्साहन राशि का भुगतान (FMR - 186.4)**– रू0 150/– प्रति पी0पी0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन की दर से **कार्य आधारित** प्रोत्साहन राशि का प्रावधान किया गया है। यदि Each one teach

one विधि द्वारा किसी मेडिकल ऑफिसर/स्टाफ नर्स/ए.एन.एम. को जिला अस्पताल या एफ.आर.यू. में मास्टर ट्रैनर अथवा परफार्मिंग सेवा प्रदाता द्वारा पी0पी0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन की ट्रेनिंग कराई जाती है तो उक्त स्टाफ को ट्रेन्ड माना जाएगा एवं पी0पी0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन हेतु स्वीकृत धनराशि का भुगतान किया जाएगा। सेवा प्रदाताओं की भूमिका लाभार्थी के 02 बार फॉलोअप (प्रथम फॉलोअप डेढ़ माह पर एवं द्वितीय फॉलोअप तीन माह पर) करना सुनिश्चित किया जाना है। जिस भी फैसिलिटी में पी0पी0आई0यू0सी0डी0 की सेवा दी जा रही है वहाँ के प्रमुख/प्रभारी को यह सुनिश्चित करना है कि जिन भी सेवा प्रदाता को प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जा रहा है उनके द्वारा लाभार्थी का निर्धारित अवधि में 02 फॉलोअप अवश्य किया जाए और उसका विवरण रजिस्टर के निर्धारित स्थान में अवश्य ही किया जाए।

2.4 **नगरीय सरकारी स्वास्थ्य इकाईयों पर प्रसव पश्चात आई.यू.सी.डी. (पी0पी0आई0यू0सी0डी0) इन्सर्शन हेतु सेवा प्रदाताओं (चिकित्सक एवं स्टाफ नर्स/ए0एन0एम0) को कार्य आधारित प्रोत्साहन राशि का भुगतान (FMR - 143.1)–** रू0 150/– प्रति पी0पी0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन की दर से **कार्य आधारित** प्रोत्साहन राशि का प्रावधान किया गया है। यदि Each one teach one विधि द्वारा किसी मेडिकल ऑफिसर/स्टाफ नर्स/ए.एन.एम. को जिला अस्पताल या एफ.आर.यू. में मास्टर ट्रैनर अथवा परफार्मिंग सेवा प्रदाता द्वारा पी0पी0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन की ट्रेनिंग कराई जाती है तो उक्त स्टाफ को ट्रेन्ड माना जाएगा एवं पी0पी0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन हेतु स्वीकृत धनराशि का भुगतान किया जाएगा। सेवा प्रदाताओं की भूमिका लाभार्थी के 02 बार फॉलोअप (प्रथम फॉलोअप डेढ़ माह पर एवं द्वितीय फॉलोअप तीन माह पर) करना सुनिश्चित किया जाना है। जिस भी फैसिलिटी में पी0पी0आई0यू0सी0डी0 की सेवा दी जा रही है वहाँ के प्रमुख/प्रभारी को यह सुनिश्चित करना है कि जिन भी सेवा प्रदाता को प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जा रहा है उनके द्वारा लाभार्थी का निर्धारित अवधि में 02 फॉलोअप अवश्य किया जाए और उसका विवरण रजिस्टर के निर्धारित स्थान में अवश्य ही किया जाए ।

2.5 **ग्रामीण सरकारी स्वास्थ्य इकाईयों पर सुरक्षित गर्भपात सेवा के पश्चात आई.यू.सी.डी. (पी0ए0आई0यू0सी0डी0) इन्सर्शन हेतु सेवा प्रदाताओं (चिकित्सक एवं स्टाफ नर्स) को कार्य आधारित प्रोत्साहन राशि का भुगतान (FMR-186.5)–** रू0 150/– प्रति पी0ए0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन की दर से कार्य आधारित प्रोत्साहन राशि का प्रावधान किया गया है। सेवा प्रदाताओं की भूमिका लाभार्थी के दो बार फॉलोअप (प्रथम फॉलोअप डेढ़ माह पर एवं द्वितीय फॉलोअप तीन माह पर) करना सुनिश्चित किया जाना है। जिस भी फैसिलिटी में पी0पी0आई0यू0सी0डी0 की सेवा दी जा रही है वहाँ के प्रमुख/प्रभारी को यह सुनिश्चित करना है कि जिन भी सेवा प्रदाता को प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जा रहा है उनके द्वारा लाभार्थी का फॉलोअप अवश्य किया जाए और उसका विवरण रजिस्टर के निर्धारित स्थान में अवश्य ही किया जाए ।

2.6 **नगरीय सरकारी स्वास्थ्य इकाईयों पर सुरक्षित गर्भपात सेवा के पश्चात आई.यू.सी.डी. (पी0ए0आई0यू0सी0डी0) इन्सर्शन हेतु सेवा प्रदाताओं (चिकित्सक एवं स्टाफ नर्स) को कार्य आधारित प्रोत्साहन राशि का भुगतान (FMR-143.2)–** रू0 150/– प्रति पी0ए0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन की दर से कार्य आधारित प्रोत्साहन राशि का प्रावधान किया गया है। सेवा प्रदाताओं की भूमिका लाभार्थी के दो बार फॉलोअप (प्रथम फॉलोअप डेढ़ माह पर एवं द्वितीय फॉलोअप तीन माह पर) करना सुनिश्चित किया जाना है। जिस भी फैसिलिटी में पी0पी0आई0यू0सी0डी0 की सेवा दी जा रही है वहाँ के प्रमुख/प्रभारी को यह सुनिश्चित करना है कि जिन भी सेवा प्रदाता को प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जा रहा है उनके द्वारा लाभार्थी का फॉलोअप अवश्य किया जाए और उसका विवरण रजिस्टर के निर्धारित स्थान में अवश्य ही किया जाए ।

2.7 **ग्रामीण सरकारी स्वास्थ्य इकाईयों पर परिवार कल्याण परामर्शदात्रियों हेतु कार्य आधारित प्रोत्साहन (FMR-186.6)–** यह योजना संख्या आधारित है। इस योजना के तहत कार्यरत परिवार कल्याण परामर्शदात्रियों को प्रोत्साहन राशि दिए जाने के मानक निम्नानुसार हैंः–

- **<u>पी.पी.आई.यू.सी.डी</u>**–किसी प्रसव इकाई में किए गए कुल प्रसवों के सापेक्ष परिवार कल्याण परामर्शदात्री द्वारा प्रेरित कर (परामर्शदात्री के परामर्श रजिस्टर से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर) 35 प्रतिशत से अधिक प्रसव पश्चात आई.यू.सी.डी. इन्सर्शन करवाए जाने की स्थिति में परिवार कल्याण परामर्शदात्री को 35 प्रतिशत से अधिक हुए केसों हेतु **प्रति केस रू0 50.00 की दर** से प्रोत्साहन राशि दी जाये। **उदाहरणार्थ**–यदि किसी इकाई में एक माह में 100 प्रसव किए जाते है जिसके सापेक्ष 50 पी.पी.आई.यू.सी.डी इन्सर्शन होता है जिसमें से परामर्शदात्री द्वारा 45 पी.पी.आई.यू.सी.डी इन्सर्शन कराया जाता है, उस स्थिति में 35 प्रतिशत से अधिक (36 से 45 केस तक अर्थात कुल 10 केस) केस पर **रू0 50/–प्रति केस** की दर से प्रोत्साहन राशि परिवार कल्याण परामर्शदात्री को देय होगी।
- **<u>प्रसव पश्चात नसबंदी सेवाः</u>**–किसी प्रसव इकाई में किए गए कुल प्रसवों के सापेक्ष परिवार कल्याण परामर्शदात्री द्वारा प्रेरित करने पर (परामर्शदात्री के परामर्श रजिस्टर से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर) 15 प्रतिशत से अधिक प्रसव पश्चात नसबंदी करवाए जाने की स्थिति में, परिवार कल्याण परामर्शदात्री को 15 प्रतिशत से अधिक हुए केस पर **रू0 50.00 प्रति केस की दर** से प्रोत्साहन राशि देय होगी। **उदाहरणार्थ**–यदि किसी इकाई में एक माह में 100 प्रसव किए जाते है जिसके सापेक्ष 25 प्रसव पश्चात नसबन्दी होता है, जिसमें से परामर्शदात्री द्वारा 20 प्रसव पश्चात नसबन्दी कराया जाता है, उस स्थिति में 15 प्रतिशत से अधिक (16 से 20 केस तक अर्थात कुल 05 केस) केस पर रू0 50/–प्रति केस की दर से प्रोत्साहन राशि परिवार कल्याण परामर्शदात्री को देय होगी।

**नोट**– यह सुनिश्चित किया जाए कि जिन परिवार कल्याण परामर्शदात्रियों द्वारा उपरोक्तानुसार उत्कृष्ट कार्य किया गया हो, उन्हें ही कार्य आधारित प्रोत्साहन धनराशि प्रदान किया जाए।

**2.8 नगरीय सरकारी स्वास्थ्य इकाईयों पर परिवार कल्याण परामर्शदात्रियों हेतु कार्य आधारित प्रोत्साहन (FMR-143.3)**– यह योजना संख्या आधारित है। इस योजना के तहत कार्यरत परिवार कल्याण परामर्शदात्रियों को प्रोत्साहन राशि दिए जाने के मानक निम्नानुसार हैः–

- **<u>पी.पी.आई.यू.सी.डी</u>**–किसी प्रसव इकाई में किए गए कुल प्रसवों के सापेक्ष परिवार कल्याण परामर्शदात्री द्वारा प्रेरित कर (परामर्शदात्री के परामर्श रजिस्टर से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर) 35 प्रतिशत से अधिक प्रसव पश्चात आई.यू.सी.डी. निवेशन करवाए जाने की स्थिति में परिवार कल्याण परामर्शदात्री को 35 प्रतिशत से अधिक हुए केसों हेतु **प्रति केस रू0 50.00 की दर** से प्रोत्साहन राशि दिया जाये। **उदाहरणार्थ**–यदि किसी इकाई में एक माह में 100 प्रसव किए जाते है जिसके सापेक्ष 50 पी.पी.आई.यू.सी.डी इन्सर्शन होता है, जिसमें से परामर्शदात्री द्वारा 45 पी.पी.आई.यू.सी.डी इन्सर्शन कराया जाता है, उस स्थिति में 35 प्रतिशत से अधिक (36 से 45 केस तक अर्थात कुल 10 केस) केस पर **रू0 50/–प्रति केस** की दर से प्रोत्साहन राशि परिवार कल्याण परामर्शदात्री को देय होगी।
- **<u>प्रसव पश्चात नसबंदी सेवाः</u>**–किसी प्रसव इकाई में किए गए कुल प्रसवों के सापेक्ष परिवार कल्याण परामर्शदात्री द्वारा प्रेरित करने पर (परामर्शदात्री के परामर्श रजिस्टर से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर) 15 प्रतिशत से अधिक प्रसव पश्चात नसबंदी करवाए जाने की स्थिति में, परिवार कल्याण परामर्शदात्री को 15 प्रतिशत से अधिक हुए केस पर **रू0 50.00 प्रति केस की दर** से प्रोत्साहन राशि देय होगी। **उदाहरणार्थ**–यदि किसी इकाई में एक माह में 100 प्रसव किए जाते है जिसके सापेक्ष 25 प्रसव पश्चात नसबन्दी होती है, जिसमें से परामर्शदात्री द्वारा 20 प्रसव पश्चात नसबन्दी करायी जाती है, उस स्थिति में 15 प्रतिशत से अधिक (16 से 20 केस तक अर्थात कुल 05 केस) केस पर रू0 50/–प्रति केस की दर से प्रोत्साहन राशि परिवार कल्याण परामर्शदात्री को देय होगी।

**नोट**– यह सुनिश्चित किया जाए कि जिन परिवार कल्याण परामर्शदात्रियों द्वारा उपरोक्तानुसार उत्कृष्ट कार्य किया गया हो, उन्हें ही कार्य आधारित प्रोत्साहन धनराशि प्रदान किया जाए।

**2.9 अन्तरा इंजेक्शन हेतु लाभार्थी को प्रदान की जाने वाली प्रोत्साहन राशि (FMR-45.3)–** अन्तरा के लाभार्थी को प्रोत्साहन राशि रू0 100/– प्रति डोज, प्रति लाभार्थी की दर से धनराशि प्राविधानित की गई है।

**नोट –** वर्ष 2023–24 में जिन जनपदों द्वारा उक्त मद में राज्य स्तर से अतिरिक्त धनराशि की मांग की गई है, ऐसे जनपद वर्ष 2024–25 की आवंटित धनराशि से इस मद में वास्तविक भौतिक उपलब्धि के सापेक्ष नियमानुसार धनराशि उपयोगित कर सकते है।

## 03– परिवार नियोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत आशा को प्रदान की जाने वाली विभिन्न प्रोत्साहन राशि का विवरण–

**3.1 प्रसव पश्चात आई.यू.सी.डी. (पी0पी0आई0यू0सी0डी0) इन्सर्शन करवाने हेतु लाभार्थी को प्रेरित किए जाने पर आशा प्रोत्साहन राशि (FMR-44.1)–** आशा द्वारा लाभार्थी के निर्धारित अवधि में 02 फॉलोअप कराने के उपरान्त धनराशि **रू0 150/–** प्रति पी0पी0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन की दर से प्रोत्साहन राशि आशा को प्रदान की जानी है।

**3.2 गर्भसमापन पश्चात आई.यू.सी.डी. (पी0ए0आई0यू0सी0डी0) इन्सर्शन हेतु आशाओं को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि का भुगतान (FMR-44.2)** –धनराशि **रू0 150/–** प्रति पी0ए0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन की दर से प्रोत्साहन राशि आशा को प्रदान की जानी है।

**3.3 अन्तरा इंजेक्शन हेतु आशाओं को प्रदान की जाने वाली प्रोत्साहन राशि – (FMR-45.1)–** समस्त जनपदों के शहरी एवं ग्रामीण आशाओं के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लाभार्थियों को अन्तरा की सेवा सुनिश्चित कराने के उपरान्त आशा हेतु **रू0 100/–प्रति डोज** की दर से प्रोत्साहन राशि प्रदान की जानी है।

**3.4 सास–बेटा–बहू सम्मेलन के आयोजन हेतु आशा को प्रोत्साहन राशि (FMR-46.1)-** मिशन परिवार विकास गतिविधि के अन्तर्गत समस्त जनपदों के शहरी एवं ग्रामीण आशाओं के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समुदाय के मध्य सास–बेटा–बहू सम्मेलन का आयोजन किया जाना है। सास–बेटा–बहू सम्मेलन के सफल आयोजन के पश्चात सम्बन्धित ग्रामीण आशा को उसके ब्लॉक मुख्यालय तथा शहरी आशा को एन0यू0एच0एम0 कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राविधानित प्रक्रिया के माध्यम से **रु0 100/– प्रति सम्मेलन की दर** से आशा हेतु धनराशि प्रदान की जानी है।

**3.5 शगुन किट (पूर्व में नई पहल किट) वितरण हेतु आशा को प्रोत्साहन राशि (FMR-46.2)–** समस्त जनपदों के शहरी एवं ग्रामीण आशाओं के माध्यम से विगत 01 वर्ष के नव विवाहित दम्पत्तियों को शगुन किट वितरित करने पर आशा को प्रति किट **रू0 100/–** की दर से प्रोत्साहन राशि प्रदान की जायेगी।

**3.6 इन्श्योरिंग स्पेसिंग ऐट बर्थ स्कीम (ESB)**

- **इन्श्योरिंग स्पेसिंग ऐट बर्थ स्कीम (ESB) के तहत अस्थायी विधि के अन्तर्गत आशा प्रोत्साहन राशि (FMR-50.1)––**विवाह के उपरांत 2 वर्षो तक अस्थायी विधियों का परामर्श प्रदान कर उपयोग सुनिश्चित कराने व प्रथम गर्भधारण में कम से कम दो वर्षों का विलम्ब सुनिश्चित कराने पर **रू0 500/– प्रति केस** की दर से प्रोत्साहन राशि का प्राविधान है।
- **इन्श्योरिंग स्पेसिंग ऐट बर्थ स्कीम के तहत अस्थायी विधि के अन्तर्गत आशा प्रोत्साहन राशि (FMR-50.2)–**ऐसे दम्पत्ति जिनका 01 बच्चा है, को पहले एवं दूसरे बच्चे के जन्म में 03 वर्षों तक अन्तर बनाये रखने हेतु अस्थायी विधियों का परामर्श प्रदान कर उपयोग सुनिश्चित कराने पर **रू0 500/– प्रतिकेस** की दर से प्रोत्साहन राशि का प्रावधान किया गया है।
- **इन्श्योरिंग स्पेसिंग ऐट बर्थ स्कीम के तहत स्थायी विधि के अन्तर्गत आशा प्रोत्साहन राशि–(FMR-50.3)-** 02 बच्चों तक परिवार सीमित रखने वाले पात्र दम्पत्तियों को स्थाई विधियों (महिला/पुरूष नसबन्दी) का परामर्श प्रदान कर उनके द्वारा नसबन्दी सेवा प्राप्त करने पर, **रू0 1000/– प्रति केस** का भुगतान आशा को किया जाना है।

**नोट–** इन्श्योरिंग स्पेसिंग ऐट बर्थ स्कीम (ESB) के तहत जनपदों द्वारा यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि वास्तविक केसों के सापेक्ष समस्त आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन उपरान्त ही भुगतान किया जाये एवं भौतिक रिपोर्ट का सत्यापन एच0एम0आई0एस0 पोर्टल पर दर्ज आंकड़ों से मिलान करके किया जाये। इस हेतु सत्यापन की जिम्मेदारी जनपद स्तर पर जिला कम्युनिटी प्रासेस मैनेजर व जनपदीय एफ0पी0 एण्ड एल0एम0आई0एस0 मैनेजर तथा ब्लाक स्तर पर ब्लाक प्रोग्राम मैनेजर व ब्लाक कम्युनिटी प्रासेस मैनेजर की होगी।

## 04–मिशन परिवार विकास कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीकृत गतिविधियों एवं राशि का विवरण

**4.1 नव विवाहित दम्पत्तियों को परिवार नियोजन साधनों के बारे में अवगत कराने हेतु शगुन किट (नई पहल किट) का क्रय (FMR-46.3) –** समस्त 75 जनपदों मे नव विवाहित दम्पत्तियों को परिवार नियोजन साधनों के बारे में अवगत कराते हुये शगुन किट वितरित किया जाना है। पत्र संख्या–एन.एच.एम./एस.पी.एम.यू./एफ.पी.–एम.पी.वी./165/2022–23/4899–2, दिनांक 08.10.2022 में प्रदत्त दिशा निर्देशों के अनुसार अधिकतम रू0 220.00 प्रति शगुन किट क्रय की दर से धनराशि का उपयोग किया जाना है।

**नोट–** शगुन किट का क्रय समय से करना अत्यंत ही आवश्यक है जिससे इसका वितरण भी समय से लाभार्थियों को किया जा सके। प्राथमिकता के आधार पर शगुन किट का क्रय DHAP के प्राप्त होने के बाद, तीन माह के अंदर अवश्य ही कर लिया जाए और अगले तीन माह के अंदर इसे आशा तक वितरित भी कर दिया जाए। शगुन किट का समय से क्रय की जाने की जिम्मेदारी मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक की होगी।

**4.2 मिशन परिवार विकास अभियान (प्रत्येक तिमाही) (FMR- 46.6)–** प्रदेश के समस्त जनपदों में मिशन परिवार विकास गतिंविधि के अन्तर्गत प्रत्येक तिमाही मिशन परिवार विकास अभियान (कुल 04 अभियान) क्रमशः जुलाई 2024 (विश्व जनसंख्या दिवस पखवाड़ा के दौरान), नवम्बर 2024 (एन0एस0वी0 पखवाड़ा के दौरान), जनवरी 2025 एवं मार्च 2025 में आयोजित किए जायेंगे। मिशन परिवार विकास अभियान की सेवाप्रदायगी अधिकतम सात दिवसीय होगी। अभियान के दौरान नियत दिवसों पर शल्यकों को प्रदान किए जा रहे प्रोत्साहन राशि के अतिरिक्त टी0ए0/डी0ए0 के रुप में रू0 1000.00 प्रतिदिन देय होगा। उक्त धनराशि कार्य आधारित प्रोत्साहन है, इसलिए यह राशि तभी प्रदान की जायेगी जब चिकित्सक द्वारा न्यूनतम 10 नसबन्दी केस सफलतापूर्वक सम्पादित कर लिए जायेंगे।

**4.3 सास–बेटा–बहू सम्मेलन का आयोजन (FMR-46.4)–**मिशन परिवार विकास गतिविधि के अन्तर्गत समस्त जनपदों में प्रत्येक ग्रामीण एवं शहरी आशा के कार्यक्षेत्र में सास–बेटा–बहू सम्मेलन का आयोजन किया जाना है। सम्मेलन का आयोजन सास, बेटा एवं बहू की उपस्थिति में किया जायेगा। परिवारों के चयन का आधार वे समस्त परिवार होंगे, जिनमें लक्ष्य दम्पत्ति हो। उक्त कार्य हेतु आशाओं एवं ऑगनबाड़ी की मदद ली जाए, क्योंकि उनके पास क्षेत्र के परिवारों की समस्त जानकारी उपलब्ध रहती है। उक्त कार्यक्रम को आयोजित करने हेतु प्रति सम्मेलन रु0 1500/– की दर से धनराशि उपलब्ध करायी जा रही है, जिनका व्यय निम्न तालिकानुसार ब्लॉक स्तर से किये जा रहे अन्य भुगतानों की भॉति नियमानुसार किया जाए–

**(धनराशि रू0 में)**

| क्रम सं0 | मद | दर |
|---|---|---|
| 1 | सास–बेटा बहू सम्मेलन के आयोजन हेतु | 500.00 |
| 2 | प्रतिभागी हेतु गिफ्ट | 1000.00 |
| | **कुल योग** | **1500.00** |

**नोट–** विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े के महत्व को देखते हुए सभी जनपदों को यह सुनिश्चित करना है कि पखवाड़े के दौरान प्रथम चरण में आयोजित किए जा रहे दंपति संपर्क पखवाड़े के दौरान ही शत प्रतिशत सास–बेटा–बहू सम्मेलनों का आयोजन अवश्य ही कर लिया जाए। इस हेतु कार्ययोजना बनाने की जिम्मेदारी जिलों मे पदस्थ जिला परिवार नियोजन लाजीस्टिक प्रबन्धक की होगी, जिन जनपदों में लाजिस्टिक प्रबन्धक नहीं है, उन जनपदों में कार्ययोजना बनाने का कार्य जिला कार्यक्रम प्रबन्धक द्वारा किया जाएगा। सास–बेटा–बहू सम्मेलनों के आयोजन के दौरान आयोजन स्थल पर निर्धारित बैनर

अवश्य ही लगाया जाए एवं कार्यक्रम का प्रचार प्रसार भी किया जाए, जिससे जन समुदाय की प्रतिभागिता अधिक से अधिक संख्या में हो सके।

4.4 **प्रचार–प्रसार वाहन ''सारथी'' (प्रत्येक तिमाही) (FMR-46.5)** –

समस्त जनपदों में जनपद एवं ब्लॉक स्तर पर एक सुसज्जित सारथी वाहन (ई रिक्शा) जो संचार एवं प्रचार प्रसार के आधुनिक साधनों से सुसज्जित हो, में परिवार नियोजन गतिविधियों से सम्बन्धित आवश्यक प्रचार प्रसार तथा सामग्री की उपलब्ध्ता सुनिश्चित की जायेगी। जागरूकता वाहन को विश्व जनसंख्या दिवस पखवाड़ा, पुरुष नसबन्दी पखवाड़ा एवं जनवरी 2025 के मध्य जनपदो के दूर–दराज के इलाकों में परिवार नियोजन के संदेशों को प्रसारित किए जाने और समुदायों को जागरूक/संवेदनशील बनाने हेतु उपयोगित किया जायेगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 में सारथी वाहन का संचालन एस0पी0एम0यू0 कार्यालय के पत्र संख्या–एन.एच.एम./एस.पी.एम.यू./एफ.पी.–एम.पी.वी./165/2022–23/5569–2, दिनांक 04.11.2022 में प्रदत्त दिशा निर्देशों एवं निर्धारित मानक के अनुसार संचालन तथा धनराशि का उपयोग किया जाना है। जनपद एवं ब्लाक स्तर पर सारथी वाहन के संचालन हेतु प्रत्येक जनपद को प्रत्येक चरण हेतु निम्न तालिकानुसार धनराशि प्राविधानित हैः–

| **(अ) जनपद स्तर पर प्रत्येक चरण हेतु सारथी वाहन के संचालन हेतु वित्तीय प्राविधान – समस्त जनपद** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अभियान की संख्या | कुल सारथी वाहन की संख्या (ई रिक्शा) | कुल कार्यदिवस | प्रति वाहन दर | कुल धनराशि रु0 में |
| 3 | 2 | 4 | 2000 | 48000.00 |
| प्रति चरण हेतु आबंटित धनराशि | | | | 16000.00 |

| **(ब) ब्लाक स्तर पर प्रत्येक चरण हेतु सारथी वाहन के संचालन हेतु वित्तीय प्राविधान– समस्त जनपद** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अभियान की संख्या | कुल सारथी वाहन की संख्या (ई रिक्शा) | कुल कार्यदिवस | प्रति वाहन दर | कुल धनराशि रु0 में |
| 3 | 3 | 4 | 2000 | 72000.00 |
| प्रति चरण हेतु आबंटित धनराशि | | | | 24000.00 |

**वित्तीय वर्ष 2024–25 में प्रदेश के चिन्हित 10 जनपदों के नगरीय स्लम क्षेत्रों हेतु सारथी वाहन का प्राविधान किया गया है जिसका विवरण निम्नवत है–**

| **(स) स्लम स्तर पर प्रत्येक चरण हेतु सारथी वाहन के संचालन हेतु वित्तीय प्राविधान** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अभियान की संख्या | कुल सारथी वाहन की संख्या (ई रिक्शा) **प्रति त्रैमास** | कुल कार्यदिवस **प्रति त्रैमास** | प्रति वाहन दर | कुल धनराशि रु0 में |
| 3 | 15 | 4 | 2000 | 360000.00 |
| | | | | |

| **जनपदवार स्लम स्तर पर चलने वाले सारथी वाहन की संख्या** | | | |
|---|---|---|---|
| **क्रम संख्या** | **जनपद का नाम** | **जनपद वार ई रिक्शा की संख्या प्रति त्रैमास** | **जनपद वार एक मुश्त कुल धनराशि** रु0 में |
| 1 | आगरा | 2 | 48000.00 |
| 2 | अलीगढ | 2 | 48000.00 |
| 3 | बरेली | 1 | 24000.00 |
| 4 | अयोध्या | 2 | 48000.00 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5 | फर्रुखाबाद | 1 | 24000.00 |
| 6 | फिरोजाबाद | 1 | 24000.00 |
| 7 | गौतम बुद्ध नगर | 3 | 72000.00 |
| 8 | गाजियाबाद | 1 | 24000.00 |
| 9 | गोरखपुर | 1 | 24000.00 |
| 10 | हरदोई | 1 | 24000.00 |

## 05— परिवार नियोजन सेवाओं संबंधी सामग्री के भंडारण एवं वितरण सम्बंधी विवरण—

**5.1 परिवार नियोजन सेवाओं सम्बन्धी सामग्रियों को राज्य औषधि भण्डारण गृह से मण्डल, जनपद एवं ब्लॉक के औषधि भण्डारण गृह तक पहुंचाने हेतु यात्रा व्यय—** परिवार नियोजन सेवाओं सम्बन्धी समस्त सामग्रियों को राज्य औषधि भण्डारण गृह से मण्डल, जनपद एवं ब्लाक के औषधि भण्डारण गृह तक पहुँचाने हेतु बजट का प्राविधान किया गया है। प्राविधानित बजट से, समस्त 18 मण्डलीय भण्डारण गृह एफ0पी0—एल0एम0आई0एस0 पोर्टल के माध्यम से किये गये इन्डेण्ट अनुसार राज्य मुख्यालय के परिवार नियोजन सामग्री सम्बन्धित भण्डार गृह से प्राप्त करेंगें। इसी प्रकार समस्त 75 जनपद सम्बन्धित मण्डल मुख्यालय के भण्डार गृह से तथा जनपद के समस्त चिकित्सा ईकाईयॉ जनपद भण्डार गृह से एफ0पी0एल0एम0आई0एस0 पोर्टल के माध्यम से किये गये इन्डेण्ट अनुसार परिवार नियोजन सेवाओं सम्बन्धी सामग्री प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे। जनपदों का दायित्व होगा कि इसी मद का उपयोग करते हुए समस्त ब्लाक स्तरीय चिकित्सा इकाईयों पर ब्लाक के समस्त प्राथमिक (ग्रामीण व शहरी) स्वास्थ्य केन्द्रों व उपकेन्द्रों हेतु परिवार नियोजन सेवाओं सम्बन्धी सामग्रियों का आपूर्ति एवं वितरण सुनिश्चित करें। साथ ही आवंटित धनराशि वित्तीय व शासकीय नियमानुसार व्यय करना सुनिश्चित करें। आवंटित धनराशि में समस्त प्रकार के टैक्स आदि सम्मिलित हैं। इस हेतु विभिन्न औषधि भण्डार गृह हेतु निम्नानुसार बजट का प्राविधान किया गया हैं—

- **मण्डलीय औषधि भण्डारण गृह हेतु (FMR-48.3)** एकमुश्त धनराशि रू0 1.75 लाख प्रति वर्ष।
- **जनपदीय औषधि भण्डारण गृह हेतु (FMR-48.4)** एकमुश्त धनराशि रू0 84,000/— प्रति वर्ष।
- **ब्लाक स्तरीय औषधि भण्डारण गृह हेतु (FMR-48.5)** एकमुश्त धनराशि रू0 5,250/— प्रति वर्ष

## 6— परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले प्रशिक्षणों का विवरण

**6.1 लैप इन्डक्शन प्रशिक्षण—(FMR -42.2)** वर्ष 2024—25 में 12 दिवसीय लैप इन्डक्शन प्रशिक्षण का आयोजन किया जाना है जिसमें प्रत्येक बैच में 04 चिकित्साधिकारी एवं 04 स्टाफनर्स/ओ.टी. टेक्निशियन को प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। वर्ष 2024—25 में कुल 43 बैच आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। जनपदवार बैचों की संख्या संलग्नक के माध्यम से दिया गया है। उक्त प्रशिक्षण हेतु **प्रति बैचवार धनराशि रू0 2,16,070/—**प्राविधानित है, जो निम्न तालिकानुसार हैः—

| **Laparoscopic Tubectomy Induction Training** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Duration of Training | 12 working days for doctors & 6 working days for SN | | | | |
| Number of trainees | 4 Doctors & 4 Staff Nurse/OT Technician | | | | |
| Trainers | 2 Doctor trainers & 1 SN trainer | | | | |
| **S.N** | **Budget Head** | **Rate** | **No. of Participants** | **Days** | **Total (Rs.)** |
| 1 | TA – Mos | 2000 | 4 | 1 | 8000 |
| 2 | TA – SN/ OT Technician | 1500 | 4 | 1 | 6000 |
| 3 | Honorarium per diem to trainer – Doctor | 1000 | 2 | 12 | 24000 |
| 3 | Honorarium per diem to trainer – SN | 500 | 1 | 6 | 3000 |
| 4 | Honorarium per diem to participants - MOs | 500 | 4 | 12 | 24000 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | Honorarium per diem to participants - SNs/OT Technician | 300 | 4 | 6 | 7200 |
| 6 | Accommodation to participants – Mos | 1500 | 4 | 12 | 72000 |
| 7 | Accommodation to participants - SNs/OT Technician | 1000 | 4 | 6 | 24000 |
| 8 | Refreshment to Doctors trainees | 250 | 4 | 12 | 12000 |
| 9 | Refreshment to participants - 2 SNs/OT Technician | 250 | 4 | 6 | 6000 |
| 10 | Refreshment to trainers | 250 | 2 MO Trainer | 12 | 6000 |
| | | | 1 SN trainer | 6 | 1500 |
| 11 | Stationary including certificate | 150 | 8 | 1 | 1200 |
| 12 | Training Manual | 350 | 8 | 1 | 2800 |
| | **Sub total** | | | | **197700** |
| 13 | **Institutional Over Head 10 % of total training expenses excluding TA** | | | | **18370** |
| | **Total for 01 Batch** | | | | **216070** |

**6.2 लैप रिफ्रेशर प्रशिक्षण–(FMR -42.1) -** वर्ष 2024–25 में 3 दिवसीय लैप रिफ्रेशर प्रशिक्षण का आयोजन किया जाना है, जिसमें प्रत्येक बैच में 03 चिकित्साधिकारी को प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। वर्ष 2024–25 में कुल 17 बैच किया जाना प्रस्तावित है। जनपदवार बैचों की संख्या संलग्नक के माध्यम से दी गयी है। उक्त प्रशिक्षण हेतु **प्रति बैचवार धनराशि रू0 62145/–**प्राविधानित है जो निम्न तालिकानुसार हैः–

| **Laparoscopic Tubectomy Refresher Training** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Site of training | | Medical Collage/District hospital/FRU CHC | | | |
| Duration of Training | | 03 working days | | | |
| Number of trainees | | 3 Doctors & 3 Staff Nurse/OT Technician | | | |
| Trainers | | 2 Doctor trainers & 1 SN trainer | | | |
| **S.N** | **Budget Head** | **Rate** | **No. of Participants** | **Days** | **Total (Rs.)** |
| 1 | TA – Mos (As per Norms) * | 2000 | 3 | 1 | 6000 |
| 2 | TA – SN/ OT Technician (As per Norms) * | 1500 | 3 | 1 | 4500 |
| 3 | Honorarium per diem to trainer – Doctor | 1000 | 2 | 3 | 6000 |
| 4 | Honorarium per diem to trainer – SN | 500 | 1 | 3 | 1500 |
| 5 | Honorarium per diem to participants – Mos | 500 | 3 | 3 | 4500 |
| 6 | Honorarium per diem to participants - SNs/OT Technician | 300 | 3 | 3 | 2700 |
| 7 | Accommodation to participants – Mos (As per Actual) | 1500 | 3 | 3 | 13500 |
| 8 | Accommodation to participants - SNs/OT Technician (As per Actual) | 1000 | 3 | 3 | 9000 |
| 9 | Refreshment to Doctors trainees | 250 | 3 | 3 | 2250 |
| 10 | Refreshment to participants - SNs/OT Technician | 250 | 3 | 3 | 2250 |

| Laparoscopic Tubectomy Refresher Training | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Site of training | | Medical Collage/District hospital/FRU CHC | | | |
| Duration of Training | | 03 working days | | | |
| Number of trainees | | 3 Doctors & 3 Staff Nurse/OT Technician | | | |
| Trainers | | 2 Doctor trainers & 1 SN trainer | | | |
| 11 | Refreshment to trainers | 250 | 3 | 3 | 2250 |
| 12 | Stationary including certificate | 150 | 6 | 1 | 900 |
| 13 | Training Manual | 350 | 6 | 1 | 2100 |
| | **Sub total** | | | | **57450** |
| 14 | Institutional Over Head 10 % of total training expenses excluding TA | | | | **4695** |
| **Total for 01 Batch** | | | | | **62145** |

**6.3 मिनि लैप इन्डक्शन प्रशिक्षण–(FMR-42.4)-** वर्ष 2024–25 में 12 दिवसीय मिनीलैप इन्डक्शन प्रशिक्षण का आयोजन किया जाना है, जिसमें प्रत्येक बैच में 04 चिकित्सा अधिकारी को प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। वर्ष 2024–25 में कुल 17 बैच किया जाना प्रस्तावित है। जनपदवार बैचों की संख्या संलग्नक के माध्यम से दी गयी है। उक्त प्रशिक्षण हेतु **प्रति बैचवार धनराशि रू0 162000/–** प्राविधानित है जो निम्न तालिकानुसार है:–

| Minilap Induction Training | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Site of training | | Medical college/District hospital/FRU CHC | | | |
| Duration of Training | | 12 working days for doctors | | | |
| Number of trainees | | 4 Doctors | | | |
| Trainers | | 2 trainers | | | |
| **S.N** | **Budget Head** | **Rate** | **No. of participants** | **Days** | **Total (Rs.)** |
| 1 | TA – Mos | 2000 | 4 | 1 | 8000 |
| 2 | Honorarium per diem to trainer – Doctor | 1000 | 2 | 12 | 24000 |
| 3 | Honorarium per diem to participants - MOs | 500 | 4 | 12 | 24000 |
| 4 | Accommodation to participants – Mos | 1500 | 4 | 12 | 72000 |
| 5 | Refreshment to Doctors trainees | 250 | 4 | 12 | 12000 |
| 6 | Refreshment to trainers | 250 | 2 | 12 | 6000 |
| 7 | Stationary including certificate | 150 | 4 | 1 | 600 |
| 8 | Training Manual | 350 | 4 | 1 | 1400 |
| | **Sub total** | | | | **148000** |
| 9 | **Institutional Over Head 10 % of total training expenses excluding TA** | | | | **14000** |
| **Total for 01 Batch** | | | | | **162000** |

**6.4 मिनि लैप रिफ्रेशर प्रशिक्षण–(FMR-42.3)-** वर्ष 2024–25 में 3 दिवसीय मिनीलैप रिफ्रेशर प्रशिक्षण का आयोजन किया जाना है जिसमें प्रत्येक बैच में 04 चिकित्सा अधिकारी को प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। वर्ष 2024–25 में कुल 25 बैच किया जाना प्रस्तावित है। जनपदवार बैचों की संख्या संलग्नक के माध्यम से दी गयी है। उक्त प्रशिक्षण हेतु **प्रति बैचवार धनराशि रू0 48,150/–** प्राविधानित है जो निम्न तालिकानुसार है:–

| Minilap Refresher Training | |
|---|---|
| Site of training | Medical college/District hospital/FRU CHC |
| Duration of Training | 03 working days for doctors |
| Number of trainees | 4 Doctors |
| Trainers | 2 trainers |

| S.N | Budget Head | Rate | No. of participants | Days | Total (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | TA – Mos | 2000 | 4 | 1 | 8000 |
| 2 | Honorarium per diem to trainer - Doctor | 1000 | 2 | 3 | 6000 |
| 3 | Honorarium per diem to participants - MOs | 500 | 4 | 3 | 6000 |
| 4 | Accommodation to participants - Mos | 1500 | 4 | 3 | 18000 |
| 5 | Refreshment to Doctors trainees | 250 | 4 | 3 | 3000 |
| 6 | Refreshment to trainers | 250 | 2 | 3 | 1500 |
| 7 | Stationary including certificate | 150 | 4 | 1 | 600 |
| 8 | Training Manual | 350 | 4 | 1 | 1400 |
| | Sub total | | | | 44500 |
| 9 | Institutional Over Head 10 % of total training expenses excluding TA | | | | 3650 |
| | Total | | | | 48150 |

**6.5 लैप/मिनि लैप मास्टर ट्रेनर (ToT) प्रशिक्षण–(FMR -42.5)** वर्ष 2024–25 में 3 दिवसीय लैप मास्टर ट्रेनर (ToT) प्रशिक्षण का आयोजन किया जाना है जिसमें प्रत्येक बैच में 04 चिकित्साधिकारी को प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। वर्ष 2024–25 में कुल 18 बैच किया जाना प्रस्तावित है। जनपदवार बैचों की संख्या संलग्नक के माध्यम से दी गयी है। उक्त प्रशिक्षण हेतु **प्रति बैचवार धनराशि रू0 48,150/–**प्राविधानित है, जो निम्न तालिकानुसार हैः–

| **Laparoscopic/Mini LAP Master Trainer Training (ToT)** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Site of training | | Medical Colleges | | | |
| Duration of Training | | 03 working days for doctors | | | |
| Number of trainees | | 4 Doctors | | | |
| Trainers | | 2 trainers | | | |
| S.N | Budget Head | Rate | No. of participants | Days | Total (Rs.) |
| 1 | TA – Mos | 2000 | 4 | 1 | 8000 |
| 2 | Honorarium per diem to trainer - Doctor | 1000 | 2 | 3 | 6000 |
| 3 | Honorarium per diem to participants - MOs | 500 | 4 | 3 | 6000 |
| 4 | Accommodation to participants - Mos | 1500 | 4 | 3 | 18000 |
| 5 | Refreshment to Doctors trainees | 250 | 4 | 3 | 3000 |
| 6 | Refreshment to trainers | 250 | 2 | 3 | 1500 |
| 7 | Stationary including certificate | 150 | 4 | 1 | 600 |
| 8 | Training Manual | 350 | 4 | 1 | 1400 |
| | Sub total | | | | 44500 |
| 9 | Institutional Over Head 10 % of total training expenses excluding TA | | | | 3650 |
| | Total | | | | 48150 |

**6.6 पुरुष नसबंदी (NSV) इन्डक्शन प्रशिक्षण–(FMR-43.7)-** वर्ष 2024–25 में 05 दिवसीय **पुरुष नसबंदी (NSV) इन्डक्शन प्रशिक्षण** का आयोजन किया जाना है जिसमें प्रत्येक बैच में 04 चिकित्सा अधिकारी को प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। वर्ष 2024–25 में कुल 06 बैच किया जाना प्रस्तावित है। जनपदवार बैचों की संख्या संलग्नक के माध्यम से दी गयी है। उक्त प्रशिक्षण हेतु **प्रति बैचवार धनराशि रू0 73450/–** प्राविधानित है, जो निम्न तालिकानुसार हैः–

| **NSV Induction Training -FY 2024-25** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Site of training | | As per the table attached in the annexure | | | |
| Duration of Training | | 05 working days | | | |
| Number of trainees | | 4 Doctors | | | |
| Trainers | | 2 Doctor trainers | | | |
| **S.N** | **Budget Head** | **Rate** | **No. of Participants** | **Days** | **Total (Rs.)** |
| 1 | TA – Mos | 2000 | 4 | 1 | 8000 |
| 2 | Honorarium per diem to trainer – Doctor | 1000 | 2 | 5 | 10000 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | Honorarium per diem to participants - MOs | 500 | 4 | 5 | 10000 |
| 4 | Accommodation to participants – Mos | 1500 | 4 | 5 | 30000 |
| 5 | Refreshment to Doctors trainees | 250 | 4 | 5 | 5000 |
| 6 | Refreshment to trainers | 250 | 2 | 5 | 2500 |
| 7 | Stationary including certificate | 150 | 4 | 1 | 600 |
| 8 | Training Manual | 350 | 4 | 1 | 1400 |
| | **Sub total** | | | | **67500** |
| 9 | Institutional Over Head 10 % of total training expenses excluding TA | | | | **5950** |
| **Total for 01 Batch** | | | | | **73450** |

**6.7 पुरुष नसबंदी (NSV) रिफ्रेशर प्रशिक्षण–(FMR-43.8)-** वर्ष 2024–25 में 03 दिवसीय पुरुष नसबंदी (NSV) रिफ्रेशर प्रशिक्षण का आयोजन किया जाना है जिसमें प्रत्येक बैच में 04 चिकित्सा अधिकारी को प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। वर्ष 2024–25 में कुल 04 बैच आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। जनपदवार बैचों की संख्या संलग्नक के माध्यम से दी गयी है। उक्त प्रशिक्षण हेतु **प्रति बैचवार धनराशि रू0 48,150/–** प्राविधानित है, जो निम्न तालिकानुसार हैः–

| **NSV Refresher Training -FY 2024-25** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Site of training | | As per the table attached in the annexure | | | |
| Duration of Training | | 03 working days | | | |
| Number of trainees | | 4 Doctors | | | |
| Trainers | | 2 Doctor trainers | | | |
| **S.N** | **Budget Head** | **Rate** | **No. of Participants** | **Days** | **Total (Rs.)** |
| 1 | TA – Mos | 2000 | 4 | 1 | 8000 |
| 2 | Honorarium per diem to trainer – Doctor | 1000 | 2 | 3 | 6000 |
| 3 | Honorarium per diem to participants - MOs | 500 | 4 | 3 | 6000 |
| 4 | Accommodation to participants – Mos | 1500 | 4 | 3 | 18000 |
| 5 | Refreshment to Doctors trainees | 250 | 4 | 3 | 3000 |
| 6 | Refreshment to trainers | 250 | 2 | 3 | 1500 |
| 7 | Stationary including certificate | 150 | 4 | 1 | 600 |
| 8 | Training Manual | 350 | 4 | 1 | 1400 |
| | **Subtotal** | | | | **44500** |
| | Institutional Over Head 10 % of total training expenses excluding TA | | | | **3650** |
| **Total for 01 Batch** | | | | | **48150** |

**6.8 कम्प्रहेन्सिव प्रसव पश्चात आई.यू.सी.डी-पी0पी0आई0यू0सी0डी0 प्रशिक्षण (CHOs/SNs/ANMs हेतु)(FMR- 44.3)-** वर्ष 2024–25 में 05 दिवसीय कम्प्रहेन्सिव प्रसव पश्चात आई.यू.सी.डी. पी0पी0आई0यू0सी0डी0 प्रशिक्षण का आयोजन किया जाना है जिसमें प्रत्येक बैच में 10 CHOs/SNs/ANMs को प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। वर्ष 2024–25 में कुल 50 बैच किया जाना प्रस्तावित है। जनपदवार बैचों की संख्या संलग्नक के माध्यम से दिया गया है।

उक्त प्रशिक्षण हेतु **प्रति बैचवार धनराशि रू0 121650/–** प्राविधानित है जो निम्न तालिकानुसार है:–

| **Comprehensive IUCD - PPIUCD for CHOs/SNs/ANMs** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | Site of training | | Divisions HQ DWH | | |
| | Duration of Training | | 5 days | | |
| | Number of trainees | | 10 CHOs/SNs/ANMs | | |
| | Number of trainers | | 2 Trainers | | |
| **S.N** | **Budget Head** | **Rate** | **No. of Participants** | **Days** | **Total (Rs.)** |
| 1 | TA - CHOs/SNs/ANMs | 1000 | 10 | 1 | 10000 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | Honorarium per diem to trainer -Doctors | 1000 | 2 | 5 | 10000 |
| 4 | Honorarium per diem to participants - CHOs/SNs/ANMs | 300 | 10 | 5 | 15000 |
| 6 | Accommodation to participants - CHOs/SNs/ANMs | 1000 | 10 | 5 | 50000 |
| 8 | Refreshment to CHOs/SNs/ANMs | 250 | 10 | 5 | 12500 |
| 9 | Refreshment to trainers | 250 | 2 | 5 | 2500 |
| 10 | Stationary including certificate | 150 | 10 | 1 | 1500 |
| 11 | Training Manual, training aids & Kelly forceps | 1000 | 10 | 1 | 10000 |
| | **Sub total** | | | | **111500** |
| **Institutional Over Head 10 % of total training expenses excluding TA** | | | | | **10150** |
| **Total for 01 Batch** | | | | | **121650** |

**नोट–** विभिन्न क्लीनिकल परिवार नियोजन सम्बन्धित प्रशिक्षण (उक्त तालिका के अनुसार) हेतु बजट सम्बन्धित प्रशिक्षण स्थल यथा– मेडिकल कालेज एवं जिला महिला चिकित्सालय के प्रभारी को सम्बन्धित जनपद के जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से प्राविधानित धनराशि एक मुश्त आवंटित की जाएगी।

**6.9 गर्भनिरोधक इन्जेक्शन अन्तरा पर SNs/ANMs का दो दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण–(FMR–45.2)-** प्रदेश के 75 जनपदों के समस्त चिकित्सा इकाईयों पर पदस्थ SNs/ANMs को 02 दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत गर्भनिरोधक अंतरा छाया माला–एन, ईसीपी (OCP मैनुअल) के माध्यम से किया जाएगा। वर्ष 2024–25 में कुल 50 बैच आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। जनपदवार बैचों की संख्या संलग्नक के माध्यम से दी गयी है। उक्त प्रशिक्षण हेतु जनपदों को प्रति बैचवार धनराशि **रू0 107000/–** निम्नानुसार प्राविधानित की जा रही है:–

| **Antara+ COCs Training for SNs/ANMs** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | Site of training | | As per the table attached in the annexure | | |
| | Duration of Training | | 2 days | | |
| | Number of trainees | | 20 SNs/ANMs | | |
| | Number of trainers | | 2 Trainers | | |
| **S.N** | **Budget Head** | **Rate** | **No. of Participants** | **Days** | **Total (Rs.)** |
| 1 | TA - SNs/ANMs | 1500 | 20 | 1 | 30000 |
| 2 | Honorarium per diem to trainer – Doctor | 1000 | 2 | 2 | 4000 |
| 3 | Honorarium per diem to participants - SNs/ANMs | 300 | 20 | 2 | 12000 |
| 4 | Accommodation to participants - SNs/ANMs | 1000 | 20 | 2 | 40000 |
| 5 | Refreshment to SNs/ANMs | 250 | 20 | 2 | 10000 |
| 6 | Refreshment to trainers | 250 | 2 | 2 | 1000 |
| 7 | Stationary including certificate | 150 | 20 | 1 | 3000 |
| | **Sub total** | | | | **100000** |
| 8 | Institutional Over Head 10 % of total training expenses excluding TA | | | | **7000** |
| **Total for 01 Batch** | | | | | **107000** |

**6.10 Integrated counselling training on GOI manual (6 days) (FMR -50.6)-** विदित है कि परिवार नियोजन एक व्यापक RMNCAH+N रणनीति की आधारशिला है। सतत विकास लक्ष्य SDG–3 जो परिवार नियोजन सहित यौन और प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं की सर्वभौमिक पहुंच पर जोर देता है, को 2030 तक साकार करने के लिए परिवार नियोजन सेवाये अनिवार्य है। गुणवत्ता परक परिवार नियोजन सेवाओं व जानकारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करके, हम बेहतर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य परिणामों के लिए भी मार्ग प्रशस्त करते हैं। वर्तमान में कुछ ही स्वास्थ्य केन्द्रों

पर RMNCHA+N और AFHC परामर्शदाता उपलब्ध हैं जो महिलाओं/दम्पतियों तथा युवाओं को गर्भनिरोधक परामर्श प्रदान करते हैं। इसके अलावा राज्य में पर्याप्त संख्या में आईसीटीसी काउंसलर भी हैं, जिनका RMNCHA+N से सम्बन्धित पहलुओं पर क्षमता वर्धन किया जा सकता है ताकि वे भी महिलाओं/दम्पतियों को परिवार नियोजन संबन्धित आवश्यक जानकारी और परामर्श प्रदान कर सकें। वर्तमान में राज्य भर में विभिन्न स्तर के स्वास्थ्य केंद्रो पर उपरोक्त तीनों श्रेणी में कुल 1369 (252–RMNCHA, 186-Lactation counsellor, 435–AFHC, 496–ICTC ) परामर्शदाता के पद स्वीकृत हैं। गुणवत्तापूर्ण परिवार नियोजन सेवाएं प्रदान करने हेतु यह आवश्यक है कि सभी श्रेणी के परामर्शदाताओं का क्षमता वर्धन किया जाए, जिससे उनके द्वारा समुदाय मे महिलाओं/दम्पत्तियों को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप गर्भ निरोधक साधनों पर जानकारी दे कर उन्हे उनके पसंद के साधन को चुनने मे समर्थ बनाया जा सके एवं साथ ही लाभार्थी द्वारा चुने गए गर्भ निरोधक साधनो के उपयोग की निरंतरता में भी सुधार लाया जा सकेगा। यह प्रशिक्षण राज्य स्तर द्वारा संपादित किया जाएगा।

**नोट—** परिवार नियोजन से सम्बन्धित समस्त प्रशिक्षण में यू0पी0टी0एस0यू0 के द्वारा सहयोग प्रदान किया जायेगा।

## 07—परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली अभिमुखीकरण/समीक्षा बैठकों का विवरण —

**7.1 समस्त जनपदों के ग्रामीण ए.एन.एम. का त्रैमासिक अभिमुखीकरण/समीक्षा बैठक (FMR-50.4)**— प्रदेश के 75 जनपदों के प्रत्येक ब्लॉक पर ए0एन0एम0 के क्षमता वर्धन हेतु त्रैमासिक अभिमुखीकरण/समीक्षा बैठक आयोजित की जानी है, जिसमें नवीन गर्भनिरोधक साधनो एवं एफ0पी0एल0एम0आई0एस0 के सन्दर्भ में अभिमुखीकरण तथा उनके द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा भी की जायेगी। उक्त बैठकों का उद्देश्य ए.एन.एम. कार्यकत्रियों द्वारा समुदाय को विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध मे जागरूक किये जाने, समुदाय में गर्भनिरोधक साधनो की ग्राह्यता बढ़ाने, समुदाय की जिज्ञासा को उत्तरित किये जाने, कार्यकत्रियों का क्षमतावर्द्धन, किए गये कार्यों का मूल्यांकन एवं उनकी कमियों को दूर करना है। साथ ही कार्यक्षेत्र के लक्ष्य दम्पत्तियों को परिवार नियोजन सेवायें प्राप्त करने के लिए प्रेरित किए जाने हेतु एवं काउन्सलिंग की आधारभूत जानकारियॉ प्रदान करके क्षमता वर्धन भी किया जाएगा, ताकि समुदाय स्तर पर लक्ष्य दम्पत्तियों को परिवार नियोजन साधनों के सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी प्रदान की जा सके। आशाओं को दी जाने वाली विभिन्न प्रोत्साहन राशियों के बारे में जागरूक किया जाना भी इस बैठक का प्रमुख उद्देश्य है। इन बैठकों में बी.सी.पी.एम. द्वारा नसबंदी, अंतरा एवं पी.पी.आई.यू.सी.डी. साधनों में शून्य प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने वाली आशाओं के नाम सभी ए.एन.एम. को नोट कराने है जिससे सम्बन्धित आशा से चर्चा कर उन्हें प्रोत्साहन राशि लेने के लिए प्रेरित किया जा सकें। इन बैठकों में नसबंदी, अंतरा एवं पी.पी.आई.यू.सी.डी. में सर्वाधिक आशा भुगतान प्राप्त करने वाली ए.एन.एम.को सम्मानित भी करना है, जिससे एक स्वस्थ्य प्रतियोगिता की शुरुआत हो सके। बैठक हेतु प्रति ब्लॉक प्रति त्रैमास अधिकतम रू0 1000.00 की दर से धनराशि का प्राविधान किया जा रहा है, जो निम्न तालिकानुसार व्यय किया जाना हैः—

| क्र0 | मद | कुल अधिकतम व्यय (रू0 में) |
|---|---|---|
| 1 | उपस्थित प्रतिभागियों हेतु बैठक व्यवस्था, स्टेशनरी एवं जलपान आदि | रू0 1,000.00 |

**7.2 समस्त जनपदों के शहरी ए0एन0एम0 व आशा का त्रैमासिक अभिमुखीकरण/समीक्षा बैठक (FMR-50.5)**— प्रदेश के 75 जनपदों के शहरी ए.एन.एम. व आशा के क्षमता वर्धन हेतु त्रैमासिक अभिमुखीकरण/समीक्षा बैठकें आयोजित की जानी है, जिसमें नवीन गर्भनिरोधक साधनो एवं एफ0पी0एल0एम0आई0एस0 के सन्दर्भ में अभिमुखीकरण तथा उनके द्वारा किये गये कार्यों का समीक्षा भी किया जायेगा। सभी शहरी प्राथमिक/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के शहरी आशा एवं

ए0एन0एम0 द्वारा समुदाय को विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध मे जागरूक किये जाने, समुदाय में गर्भनिरोधक साधनो की ग्राह्यता बढाने, समुदाय की जिज्ञासा को उत्तरित किये जाने, कार्यकत्रियों का क्षमतावर्द्धन करना, किए गये कार्यों का मूल्यांकन एवं उनकी कमियों को दूर करना है। साथ ही कार्यक्षेत्र के लक्ष्य दम्पतियों को परिवार नियोजन सेवायें प्राप्त करने के लिए प्रेरित किए जाने हेतु एवं काउन्सलिंग की आधारभूत जानकारियॉ प्रदान करके क्षमतावर्धन भी किया जाएगा, ताकि समुदाय स्तर पर लक्ष्य दम्पतियों को परिवार नियोजन साधनों के सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी प्रदान की जा सके। आशााओं को दी जाने वाली विभिन्न प्रोत्साहन राशियों के बारे में जागरूक किया जाना भी इस बैठक का प्रमुख उद्देश्य है। इन बैठकों में सी.सी.पी.एम. द्वारा नसबंदी, अंतरा एवं पी.पी.आई.यू.सी.डी. साधनों में शून्य प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने वाली आशाओं के नाम सभी ए.एन.एम. को नोट कराने है, जिससे संबन्धित आशा से चर्चा कर उन्हें प्रोत्साहन राशि लेने के लिए प्रेरित किया जा सकें। इन बैठकों में नसबंदी, अंतरा एवं पी.पी.आई. यू.सी.डी. में सर्वाधिक आशा भुगतान प्राप्त करने वाली ए.एन.एम.को सम्मानित भी करना है जिससे एक स्वस्थ्य प्रतियोगिता की शुरुआत हो सके। बैठक हेतु प्रति नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र प्रति त्रैमास **अधिकतम रू0 250.00 की दर** से प्रति बैठक धनराशि का प्रावधान किया जा रहा है। इस गतिविधि के ससमय सम्पादन की जिम्मेदारी अर्बन हेल्थ कोआर्डिनेटर की होगी। उक्त बैठक के आयोजन हेतु प्राविधानित धनराशि को निम्नानुसार व्यय किया जाना सुनिश्चित किया जाए:–

| क्र0 | मद | कुल अधिकतम व्यय |
|---|---|---|
| 1 | उपस्थित प्रतिभागियों हेतु बैठक व्यवस्था, स्टेशनरी एवं जलपान आदि | रु0 250.00 |

**7.3 मण्डल स्तर पर परिवार नियोजन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक (FMR- 50.26)** वर्ष 2024–25 में मण्डल स्तर पर परिवार नियोजन कार्यक्रम की समीक्षा हेतु 04 समीक्षा बैठकों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मण्डल के समस्त जनपदों के परिवार नियोजन कार्यक्रम की उपकेन्द्र स्तर तक के समस्त शहरी एवं ग्रामीण स्वास्थ्य इकाईयों की भौतिक प्रगति, सेवाप्रदाताओं के भौतिक उपलब्धि ऑकलन, एफ0पी0–एल0एम0आई0एस0 पोर्टल के क्रियान्वयन की स्थिति, मिशन परिवार विकास गतिविधि की भौतिक प्रगति, विभिन्न मुद्रित कराये जाने वाले सामग्रियों के क्रय की स्थिति, आशा एवं लाभार्थियों के भुगतान, गर्भनिरोधक सामग्रियों की उपलब्धता एवं वित्तीय प्रगति आदि विषयों पर समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाएगा। मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक का यह दायित्व होगा कि वह त्रैमासिक आधार पर मण्डलीय अपर निदेशक के अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित करेंगें। इस बैठक में मण्डल के समस्त जनपदों के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नोडल आफिसर (परिवार कल्याण), मण्डलीय एवं जनपदीय कार्यक्रम प्रबन्धक, क्षेत्रीय एवं जिला कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर, जिला लेखा प्रबन्धक, मण्डलीय एवं जनपदीय एफ0पी0–एल0एम0आई0एस0 मैनेजर्स, मण्डलीय एवं जनपदीय एन0यू0एच0एम0 कोआर्डिनेटर महिला चिकित्सालय के हॉस्पिटल मैनेजर एवं जिला फैमिली प्लानिंग स्पेशलिस्ट (टी0एस0यू0) आदि प्रतिभाग करेंगे। सम्बन्धित मण्डल के जनपदों के जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा मण्डलीय मुख्यालय को एकमुश्त धनराशि अवमुक्त की जाएगी। उक्त बैठक के आयोजन हेतु प्रति तिमाही प्रति मण्डल धनराशि रू0 5,000.00 की दर से धनराशि का प्राविधान किया गया है।

| क्र0 | मद | कुल अधिकतम व्यय (रू0 में) |
|---|---|---|
| 1 | उपस्थित प्रतिभागियों हेतु जलपान आदि | रु0 3,500.00 |
| 2 | बैठक, व्यवस्था, बैनर, स्टेशनरी | रु0 1,000.00 |
| 3 | अन्य | रु0 500.00 |

**7.4 क्षेत्रीय स्तर पर परिवार नियोजन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक (FMR-50.29)-** परिवार नियोजन कार्यक्रम की समीक्षा हेतु प्रदेश में वर्ष 2024–25 में क्षेत्रीय स्तर पर – झांसी, लखनऊ, मेरठ, मुरादाबाद, प्रयागराज, एवं वाराणसी में कुल 06 क्षेत्रीय समीक्षा बैठकों का आयोजन किया

जाएगा। मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक का यह दायित्व होगा कि वो जनपदीय कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई के समन्वयन से उक्त समीक्षा बैठक आयोजित करेंगें। इस बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नोडल आफिसर (परिवार कल्याण), मण्डलीय एवं जनपदीय कार्यक्रम प्रबन्धक, क्षेत्रीय एवं जिला कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर, जिला लेखा प्रबन्धक, मण्डलीय एवं जनपदीय एफ0पी0–एल0एम0आई0एस0 मैनेजर्स, मण्डलीय एवं जनपदीय एन0यू0एच0एम0 कोआर्डिनेटर महिला चिकित्सालय के हॉस्पिटल मैनेजर एवं जिला फैमिली प्लानिंग स्पेशलिस्ट (टी0एस0यू0) प्रतिभाग करेंगे। उक्त बैठक में राज्य स्तरीय अधिकारियों के द्वारा इकाईवार, विधिवार सेवाप्रदातावार उपलब्धि की समीक्षा के साथ संसाधनों की उपलब्धता एवं वित्तीय प्रगति आदि की समीक्षा की जायेगी। क्षेत्रीय स्तर पर बैठक के आयोजन हेतु सम्बन्धित मण्डल के मण्डलीय मुख्यालय के जिला स्वास्थ्य समिति के खाते में रू0 1,25,000.00 प्रति समीक्षा बैठक की दर से धनराशि का प्रावधान किया गया है।

**नोट–** बैठक के निर्धारण की तिथि की सूचना राज्य स्तर से पृथक से दी जायेगी।

**मण्डल स्तर पर आयोजित की जाने वाली समीक्षा बैठकों की प्रस्तावित समय सारणी**

| **समीक्षा बैठक का नाम** | |
|---|---|
| परामर्शदाताओं (RMNCHA+ARSH+ICTC) का मण्डल स्तरीय त्रैमासिक अभिमुखीकरण/समीक्षा बैठक हेतु वर्ष 2024–25 में निर्धारित माह | मण्डल स्तर पर परिवार नियोजन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक हेतु वर्ष 2024–25 में निर्धारित माह |
| **मई, अगस्त, नवम्बर एवं फरवरी** | **जून, सितम्बर, दिसम्बर एवं मार्च** |

## 08–परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत दिये जाने वाले मानदेय/मैनेजमेंट कॉस्ट का विवरण –

8.1 **परिवार नियोजन परामर्शदात्रियों हेतु मानदेय (FMR-HSS.9.185.C.S0522)**–कार्यरत परिवार नियोजन परामर्शदात्रियों हेतु 12 माह (अप्रैल 2024 से मार्च 2025) हेतु ई0पी0एफ0, मानदेय एवं वार्षिक वेतन वृद्धि हेतु धनराशि का प्राविधान किया गया है। यह सुनिश्चित किया जाए कि मानव संसाधन नीति, एन0एच0एम0, उ0प्र0 में प्रदत्त दिशा–निर्देशों के अनुसार ही वेतन वृद्धि प्रदान की जाए।

8.2 **मण्डल स्तर पर तैनात संविदा मण्डलीय एफ0पी0 एण्ड एल0एम0आई0एस0 मैनेजर का मानदेय (FMR- 185.C.S1109)**– मण्डल स्तर पर कार्यरत संविदा मण्डलीय एफ0पी0 एण्ड लाजिस्टिक मैनेजर हेतु 12 माह (अप्रैल 2024 से मार्च 2025) हेतु मानेदय एवं वार्षिक वेतन वृद्धि हेतु धनराशि का प्राविधान किया गया है। इस हेतु सम्बन्धित मण्डलीय जनपद के जिला स्वास्थ्य समिति के खाते में बजट का प्राविधान किया गया है। सम्बन्धित जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा मण्डलीय अपर निदेशक, चि0स्वा0 एवं प0क0 के खाते में बजट अवमुक्त किये जाने के उपरान्त मण्डलीय अपर निदेशक के स्तर से मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई मे कार्यरत अन्य एन0एच0एम0 के संविदा कर्मियों की भॉति भुगतान किया जायेगा। यह सुनिश्चित किया जाए कि मानव संसाधन नीति, एन0एच0एम0, उ0प्र0 में प्रदत्त दिशा–निर्देशों के अनुसार ही वेतन वृद्धि प्रदान की जाए।

8.3 **मण्डल स्तर पर तैनात संविदा मण्डलीय एफ0पी0 एण्ड एल0एम0आई0एस0 मैनेजर हेतु मैनेजमेंट कॉस्ट– (FMR-48.6)**–_मण्डलीय एफ0पी0 एण्ड लाजिस्टिक मैनेजर द्वारा अनुश्रवण, सर्पोटिव सुपरविजन, हैंण्ड होल्डिंग, प्रशिक्षण तथा राज्य मुख्यालय पर बैठकों आदि में प्रतिभाग करने हेतु पी0ओ0एल0, यात्रा भत्ता, टी0ए0/डी0ए0 एवं बोर्डिग लॉजिंग का भुगतान एवं अन्य विविध व्यय का भुगतान मैनेजमेण्ट कास्ट से किया जायेगा, जिसमें धनराशि रू0 12500/– प्रति माह की दर से एस0पी0एम0यू0 कार्यालय के पत्र संख्या–एन.एच.एम./एस.पी.एम.यू./एफ. पी–रिक्रू0/142/2022–23/6828–2, दिनांक 19.12.2022 मे प्रेषित विस्तृत दिशा निर्देश के अनुसार धनराशि का उपयोग किया जाना है।

8.4 **जनपद स्तर पर तैनात संविदा जिला एफ0पी0 एण्ड एल0एम0आई0एस0 मैनेजर हेतु मानदेय मद का व्यय– (FMR- 185.C.S1110)** जनपद स्तर पर कार्यरत संविदा जिला एफ0पी0 एण्ड लाजिस्टिक मैनेजर हेतु 12 माह (अप्रैल 2024 से मार्च 2025) हेतु मानेदय एवं वार्षिक वेतन वृद्धि हेतु धनराशि का प्राविधान किया गया है। यह सुनिश्चित किया जाए कि मानव संसाधन नीति, एन0एच0एम0, उ0प्र0 में प्रदत्त दिशा–निर्देशों के अनुसार ही वेतन वृद्धि प्रदान की जाए।

8.5 **जनपद स्तर पर तैनात संविदा जिला एफ0पी0 एण्ड एल0एम0आई0एस0 मैनेजर हेतु मैनेजमेंट कॉस्ट– (FMR-48.7)–** जनपदीय एफ0पी0 एण्ड लाजिस्टिक मैनेजर द्वारा अपने जनपद के विकास खण्डों में अनुश्रवण, सर्पोटिव सुपरविजन, हैंण्ड होल्डिग, प्रशिक्षण तथा राज्य मुख्यालय पर बैठकों आदि में प्रतिभाग करने हेतु पी0ओ0एल0, यात्रा भत्ता, टी0ए0/डी0ए0 एवं बोर्डिग लॉजिंग का भुगतान एवं अन्य विविध व्यय का भुगतान मैनेजमेण्ट कास्ट से किया जायेगा। जिसमें धनराशि **रू0 10416/–** प्रति माह की दर से एस0पी0एम0यू0 कार्यालय के पत्र संख्या–एन.एच.एम./एस.पी.एम.यू./एफ.पी–रिकू0/142/2022–23/6828–2, दिनांक 19.12.2022 मे प्रेषित विस्तृत दिशा निर्देश के अनुसार धनराशि का उपयोग किया जाना है।

8.6 **<u>लेप्रोस्कोप मरम्मत हेतु बजट प्राविधान–(FMR-184.1)</u>** – वर्ष 2024–25 में लेप्रोस्कोप के मरम्मत हेतु धनराशि का प्राविधान किया गया है। उक्त धनराशि के माध्यम से जनपदों में प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत योग्य लेप्रोस्कोप को वास्तविक व्यय के आधार पर नियमानुसार धनराशि उपयोगित किया जाना है। इस मद में धनराशि का प्रावधान सम्बन्धित जनपदों को Lum Sum किया गया है। परन्तु प्रति लेप्रोस्कोप के मरम्मत हेतु अधिकतम धनराशि रू0 50,000.00 से अधिक नही होना चाहिए।

<u>**नोट–** जिन जनपदों में लेप्रोस्कोपिक विधा से नसबन्दी का प्रचलन है, उन्हीं जनपदों हेतु धनराशि का प्रावधान किया गया है।</u>

## 09– परिवार नियोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित किए जाने वाले विशेष पखवाड़े एवं सम्मान समारोह का विवरण–

**9.1 विश्व जनसंख्या दिवस पखवाड़ा आयोजन से सम्बंधित गतिविधियॉ –**

**(FMR-49.1)**–विश्व जनसंख्या दिवस पर विभिन्न गतिविधियों के आयोजन हेतु **प्रति जनपद रू0 80,000.00** एवं **प्रति ब्लाक रू0 9,000.00।**

**(FMR-49.3)**–जनपद स्तर पर आयोजित गतिविधियों की मानीटरिंग हेतु मोबिलिटी सपोर्ट के लिए प्रति जनपद रू0 20,000.00।

**(FMR-49.5)**–ब्लाक स्तर पर आयोजित गतिविधियों की मानीटरिंग हेतु मोबिलिटी सपोर्ट के लिए प्रति ब्लाक रू0 1,000.00।

**9.2 पुरुष नसबन्दी दिवस पखवाड़ा आयोजन से सम्बंधित गतिविधियॉ–**

**(FMR-49.2)**–पुरुष नसबन्दी दिवस पखवाड़ा के विभिन्न गतिविधियों के आयोजन हेतु प्रति जनपद रू0 20,000.00 एवं प्रति ब्लाक रू0 9,000.00।

**(FMR-RCH.49.4)**– पुरुष नसबन्दी दिवस पखवाड़ा के दौरान जनपद स्तर पर आयोजित गतिविधियों की मानीटरिंग हेतु मोबिलिटी सपोर्ट के लिए प्रति जनपद रू0 5,000.00।

**(FMR-49.6)**– पुरुष नसबन्दी दिवस पखवाड़ा के दौरान ब्लाक स्तर पर आयोजित गतिविधियों की मानीटरिंग हेतु मोबिलिटी सपोर्ट के लिए प्रति ब्लाक रू0 1,000.00।

**9.3 मण्डल स्तरीय परफारमेन्स रिवार्ड (सम्मान समारोह**)– **(FMR-186.2)**–वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान परिवार नियोजन की विभिन्न विधाओं में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले सेवाप्रदाता तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024–25 के विश्व जनसंख्या दिवस पखवाड़ा के दौरान परिवार नियोजन के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले सेवा प्रदाताओं (चिकित्सक, स्टॉफ नर्स) तथा क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं (एल0एच0वी0, ए0एन0एम0 सी0एच0ओ. परिवार नियोजन परामर्शदाता एवं आशा) को सम्मानित किये जाने हेतु सम्मान समारोह का आयोजन मण्डल स्तर पर किया जाना है। इस हेतु प्रति मण्डल रू0 1.00 लाख की दर से मण्डलीय जनपद की जिला स्वास्थ्य समिति के खाते में धनराशि का प्राविधान किया गया है। उपलब्ध कराये गये बजट में से वेन्यू खर्च, बैनर,

लंच एवं स्वल्पाहार, सम्मानित किये जाने वाले प्रतिभागियो को प्रदान किये जाने वाले प्रतीक चिन्हों, प्रशस्ति पत्र, फोटोग्राफी तथा अन्य विविध व्यय आदि मे किया जा सकेगा। पुरस्कार के लिए नाम चयनित करते समय किसी मान्य एवं प्रामाणिक स्रोत (जैसे–एच0एम0आइ0एस0, ई–कवच, बी0सी0पीएम0 एम0आइ0एस0, मंत्रा ऐप आदि) का संज्ञान अवश्य ही लिया जाए। मण्डल स्तरीय सम्मान समारोह को समय से कराने की जिम्मेदारी मंडलीय कार्यक्रम प्रबन्धक एवं मंडलीय लॉजीस्टिक प्रबन्धक की होगी। सम्मान समारोह का आयोजन विश्व जनसंख्या पखवाड़ा के समापन के उपरांत (15 कार्य दिवस के अंदर) किया जाए। सम्मान समारोह को समय से आयोजित करने से स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार होगा और इसके परिणाम स्वरूप वर्ष के बचे हुए दिनों में अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे।

**9.4 जनपद स्तरीय परफार्मेन्स रिवार्ड (सम्मान समारोह) (FMR- 186.3)–** वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान परिवार नियोजन की विभिन्न विधाओं में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले सेवाप्रदाता तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024–25 के विश्व जनसंख्या दिवस पखवाड़ा के दौरान परिवार नियोजन के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले सेवा प्रदाताओं (चिकित्सक, स्टॉफ नर्स) तथा क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं (एल0एच0वी0, ए0एन0एम0 सी0एच0ओ. परिवार नियोजन परामर्शदाता एवं आशा) को सम्मानित किये जाने हेतु सम्मान समारोह का आयोजन जनपद स्तर पर किया जाना है। इस हेतु प्रति जनपद रू0 30,000.00 की दर से धनराशि का प्राविधान किया गया है। उपलब्ध कराये गये बजट में से वेन्यू खर्च, बैनर, लंच एवं स्वल्पाहार, सम्मानित किये जाने वाले प्रतिभागियो को प्रदान किये जाने वाले प्रतीक चिन्हों, प्रशस्ति पत्र, फोटोग्राफी तथा अन्य विविध व्यय आदि मे किया जा सकेगा। पुरस्कार के लिए नाम चयनित करते समय किसी मान्य एवं प्रामाणिक स्रोत (जैसे–एच0एम0आइ0एस0, ई–कवच, बी0सी0पीएम0 एम0आइ0एस0, मंत्रा ऐप आदि) का संज्ञान अवश्य ही लिया जाए। जनपद स्तरीय सम्मान समारोह को समय से कराने की जिम्मेदारी जिला कार्यक्रम प्रबन्धक एवं एवं जिला लॉजिस्टिक प्रबन्धक की होगी। सम्मान समारोह का आयोजन विश्व जनसंख्या पखवाड़ा के समापन के उपरांत (15 कार्य दिवस के अंदर) किया जाए। सम्मान समारोह को समय से आयोजित करने से स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार होगा और इसके परिणाम स्वरूप वर्ष के बचे हुए दिनों में अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे।

## 10– परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत होने वाली आई.ई.सी., प्रपत्र एवं रजिस्टर के मुद्रण का विवरण –

**10.1 परिवार नियोजन प्रपत्र/रजिस्टर आदि का मुद्रण (FMR–50.9)-** परिवार नियोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रयोग में आने वाले विभिन्न मैनुअल/प्रपत्र/रजिस्टर आदि के मुद्रण हेतु अवमुक्त की गयी धनराशि के सापेक्ष प्रेषित बजट फॉट में दिए गए विवरण के अनुसार निम्नानुसार व्यय की जानी है:–

| SN | Particulars | Pages | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | MC | DH/DWH/DCH | CHC/UCHC/BPHC | UPHC/PHC | HSC |
| 1 | Sterilization Register for MC,DH,CHC | 120 | 120 | 120 | 0 | 0 |
| 2 | PPIUCD/IUCD/PAIUCD Registration cum Follow up Registers for (all MC,DH, CHC, UCHC) | 120 | 120 | 100 | 60 | 60 |
| 3 | DIMPA/Antara Injectable Registration cum Follow up Registers for (all MC,DH, CHC,UCHC) | 100 | 100 | 100 | 60 | 40 |
| 4 | OCP Register for registration of Mala N, Chhaya, CC, ECP clients (all MC, DH, CHC, UCHC) | 100 | 100 | 100 | 70 | 0 |
| 5 | Integrated register for reporting of all method/Integrated FP register ( all SC) | 0 | 0 | 0 | 0 | 120 |
| 6 | Counsellor Register (3/counsellors (120 pages), 1/AFHC (120 pages )counsellor) | 120 | 120 | 120 | 0 | 0 |
| 7 | Booklet for different forms of sterilization cases (Sterilization case sheet) -Public Sector and Private Sector in facilities providing FDS& FDOS services, distribution as per last year performance | As per specimen copy provided. | | | | |
| 8 | PPIUCD/PAIUCD/IUCD Follow up card | As per specimen copy provided. | | | | |
| 9 | Pre-registration slip for ASHAs | As per specimen copy provided. | | | | |
| 10 | Injectable Registration cum Follow- up Cards | As per specimen copy provided. | | | | |

शासकीय एवं वित्तीय क्रय नियमों का पालन करते हुए उक्त सामग्रियों का मुद्रण धनराशि प्राप्त होते ही निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए कराया जाए। यह अवश्य ही सुनिश्चित करना है कि किसी भी दशा में निर्धारित रजिस्टर एवं प्रपत्र स्वास्थ्य इकाइयों में उपलब्ध रहे और उनका समुचित प्रयोग एवं अंकन किया जा रहा हो।

10.2 **पी.एन.सी. वार्ड में परिवार नियोजन कार्नर (हैंगिंग वाल माउन्ट) की स्थापना (FMR–50.20) –** संस्थागत प्रसव सेवाएँ, परिवार नियोजन (एफ.पी.) की जानकारी और सेवाओं तक पहुँचने का एक आदर्श अवसर प्रदान करती हैं। इसी संदर्भ में पीएनसी वार्ड में एक परिवार नियोजन कॉर्नर (हैंगिंग वाल माउन्ट) विकसित करना प्रस्तावित है, जो परिवार नियोजन संबन्धित पोस्टर, परामर्श कार्ड, ''बास्केट ऑफ च्वॉइस'' तथा एम.ई.सी. व्हील (चिकित्सा पात्रता मानदंड) सामग्री से सुसज्जित होगा। इसके उपयोग द्वारा सेवा प्रदाता प्रसवोत्तर माताओं व उनके परिवारजनों को गर्भनिरोधक साधनो के उपयोग तथा प्रसव पश्चात प्रजनन क्षमता की वापसी पर जानकारी दे पाएंगे। साथ ही पीएनसी वार्ड मे भर्ती महिलाएं व उनके परिवारजन इसके माध्यम से स्वयं भी जागरूक हो पाएंगे। यह परिवार नियोजन के संदर्भ मे वन–स्टॉप प्वाइंट के रूप में कार्य करेगा।

भारत सरकार के परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत उपलब्ध सभी परिवार नियोजन साधनों एवं संबंधित विभिन्न सूचना सामग्रियों को प्रसव पश्चात महिलाओं तथा योग्य लाभार्थियों की जानकारी हेतु पीएनसी वार्ड में उपयुक्त स्थान/दीवार पर लगाना प्रस्तावित है, जिसके लिए एक एफ.पी. कॉर्नर (हैंगिंग वाल माउन्ट) पीएनसी वार्ड में लगाने का प्रावधान है, जिसमे रैक भी होगा ताकि उसमे परिवार नियोजन सामग्रियों को जानकारी एवं वितरण हेतु रखना सुनिश्चित किया जा सके।

इस गतिविधि से सम्बन्धित तकनीकी सहयोग – "उत्तर प्रदेश तकनीकी सहयोग इकाई (UP TSU)" द्वारा प्रदान किया जाएगा।

प्रति एफ.पी. कॉर्नर **(हैंगिंग वाल माउन्ट)** स्थापित किए जाने हेतु धनराशि रु0 3500/– प्रावधानित है जिसका स्पेसिफिकेशन निम्न तालिका अनुसार है –

| **Description** | **Unit Cost (Rs.)** |
|---|---|
| **Wall hanging racks collapsible family planning corner**<br>Specification of wall hanging rack<br>1200 gsm Microns Zorbo Board<br>24-inch x 48 inch<br>12-inch flat platform on the top shelf<br>UV Printing throughout the rack<br>Semi-blade cuts throughout the rack to facilitate collapse<br>Digital Die Cutting with 80 gg German Cutters<br>3 shelves with pockets<br>Branding throughout the rack<br>Depth 10 inches<br>Collapsible side walls for branding | 3,500.00 |

**10.3 मिशन परिवार विकास अभियान में प्रयोग होने वाले हैंडबिलों का मुद्रण (FMR–50.15) –** परिवार नियोजन के महत्व एवं प्रचार प्रसार के लिए अभियान के दौरान परिवार नियोजन के मुख्य संदेशों का हैंडबिल के रूप में मुद्रण करा कर जन समुदाय में वितरित करवाना है। अभियान के दौरान चलाये जा रहे सभी सारथी वाहनों में प्रचुर मात्रा में हैंडबिल की उपलब्धता रहनी चाहिए एवं इसका वितरण भी होना चाहिए। इन हैंड बिलों में सीमित परिवार के महत्व, परिवार नियोजन साधनों के प्रयोग की जानकारी, परिवार नियोजन के साधन के मिलने के स्थान एवं सेवा प्रदाताओं की जानकारी आदि की सूचना प्रदर्शित होनी चाहिए। प्रति जनपद हैण्डबिल मुद्रण हेतु धनराशि रु0 5,000.00 प्रति त्रैमास प्राविधानित है।

**वित्तीय दिशा निर्देश–** वर्ष 2024–25 में कार्यक्रमों/गतिविधियों हेतु डैप में आवंटित धनराशि की सीमा तक ही व्यय किया जाना है, डैप के सापेक्ष व्यय विवरण प्रेषित किया जाये साथ ही व्यय विवरण **(Financial Accounts Management System (FAMS)** पोर्टल पर अपडेट किया जाये।

भारत सरकार द्वारा दिये गये फाइनेन्सियल मैनेजमेन्ट मैनुअल में निहित वित्तीय नियमों शासनादेशों अन्य प्रभावी नियमों/निर्देशों एवं सक्षम स्तर से स्वीकृति के उपरांत ही समस्त व्यय नियमानुसार सुनिश्चित किया जाये। समस्त भुगतान **Financial Accounts Management System (FAMS)** पोर्टल का प्रयोग करते हुये पब्लिक फाइनेन्सियल मैनेजमेन्ट सिस्टम **(PFMS)** पोर्टल के माध्यम से नियमानुसार किये जायेंगे, जिससे कि व्यय धनराशि एवं उपलब्ध बजट की धनराशि का अनुश्रवण नियमित रूप से किया जा सके।

## 1.1 बी. परिवार नियोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत नवीन गतिविधियॉ

- **आशा एवं सीएचओ के परिवार नियोजन विषयक क्षमतावर्धन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण (FMR - 50.8) –**

  वर्ष 2024–25 में समस्त 75 जनपदों में आशा एवं सीएचओ के परिवार नियोजन विषयक ज्ञान वर्धन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाना है, जिस हेतु बजट का प्रावधान किया गया है। इस गतिविधि हेतु जनपदों द्वारा 4 मास्टर ट्रेनर का चयन कर राज्य स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु नामांकन दिया जाएगा। राज्य से प्रशिक्षण उपरांत मास्टर ट्रेनर द्वारा अपने अपने जनपदों में जनपद के ब्लॉक के कर्मियों का जनपद स्तरीय प्रशिक्षण का कार्य किया जाएगा। कुल 75 जनपदों में एक–एक बैच आवंटित किया जा रहा है जिसमें प्रति बैच लगभग 32 प्रतिभागीयों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। जनपद स्तर पर प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षण में प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा अपने–अपने ब्लॉक में Cluster Meetings के दौरान ANM/CHO को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जनपद स्तरीय प्रशिक्षण हेतु प्रति बैच कुल धनराशि रु0 8700.00/– प्रावधानित है जिसका विवरण निम्न तालिका अनुसार है –

| One Day Training of Block Officials at District Level for Further Training of ANM,CHO,ASHA in ongoing Block and Cluster Meetings on New Booklet for ASHA and CHO FP Introduced in year 2023 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **Site of training** | | CMO Office | | | |
| **Participants** | | HEO/ARO,BCPM,Nurse Mentors | | | |
| **Duration of Training** | | 01 Days | | | |
| **Trainers** | | 02 trainers | | | |
| **S.N** | **Budget Head** | **Unit Rate (In Rs.)** | **No. of participants** | **Days** | **Total (Rs.)** |
| 1 | Refreshment to Participants | 250 | 32 | 1 | 8000.00 |
| 2 | Refreshment to trainers | 250 | 2 | 1 | 500.00 |
| 3 | Contingency | 200 | | | 200.00 |
| | **Total budget** | | | | 8700.00 |

- **परामर्शदाताओं (RMNCHA+ARSH+ICTC) का मण्डल स्तरीय त्रैमासिक अभिमुखीकरण/ समीक्षा बैठक (FMR-50.27)**– परिवार नियोजन सेवाएँ प्रदान करने में परामर्शदाता बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समुचित परामर्श के माध्यम से परामर्शदाता लाभार्थी की शंकाओं का समाधान करने, लाभार्थी का फॉलोअप करने एवं परिवार नियोजन सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित करने में सक्षम होते हैं। परामर्शदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका के कारण यह आवश्यक हो जाता है कि समय–समय पर उनके द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा की जाये तथा उनकी विषयगत क्षमता को भी बढ़ाया जाये। इसी को ध्यान में रखते हुए मण्डल स्तर पर त्रैमासिक एक दिवसीय समीक्षा/क्षमतावर्धन का आयोजन मंडलीय अपर निदेशक के मार्गदर्शन में किया जाएगा। **इस हेतु प्रति मण्डल प्रति त्रैमास की धनराशि रु0 105500.00/– प्रावधानित है जिसका विवरण निम्न तालिका अनुसार है –**

| Quarterly Divisional Level Review cum Orientation of RMNCHA Counsellors , AFHSC, ICTC, Lactational Counsellors | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **Site of training** | | Division | | | |
| **Duration of Training** | | 01 Days | | | |
| **Number of trainees** | | 70 Counsellors in one batch (RMNCHA Counsellors , AFHSC, ICTC) | | | |
| **Trainers** | | 02 trainers | | | |
| **S.N** | **Budget Head** | **Unit Rate (In Rs.)** | **No. of participants** | **Days** | **Total (Rs.)** |
| 1 | TA - Counsellor | 1000 | 70 | 1 | 70000.00 |
| 2 | Refreshment to Counselor | 250 | 70 | 1 | 17500.00 |
| 3 | Refreshment to trainers | 250 | 2 | 1 | 500.00 |
| 4 | Stationery and contingency | 250 | 70 | 1 | 17500.00 |
| | **Total budget** | | | | **105500.00** |

- **परामर्शदाताओं (RMNCHA+ARSH+ICTC) का जनपद स्तरीय त्रैमासिक अभिमुखीकरण/समीक्षा बैठक (FMR-50.28)**–_इसी प्रकार जनपद स्तर पर भी परामर्शदाताओं (RMNCHA+ARSH+ICTC) का त्रैमासिक एकदिवसीय समीक्षा/क्षमतावर्धन का आयोजन मुख्य चिकित्साधिकारी के मार्गदर्शन में किया जाएगा। **इस हेतु प्रति जनपद प्रति त्रैमास की धनराशि रु0 11,200.00/– प्रावधानित है जिसका विवरण निम्न तालिका अनुसार है –**

| Quarterly District Level Review cum Orientation of RMNCHA,AFHSC ICTC Counsellors | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **Site of training** | | CMO Office | | | |
| **Duration of Training** | | 01 Days | | | |
| **Number of trainees** | | 30 Counsellors in one batch (RMNCHA , AFHSC, ICTC Counsellors) | | | |
| **Trainers** | | 02 trainers | | | |
| **S.N** | **Budget Head** | **Unit Rate (In Rs.)** | **No. of participants** | **Days** | **Total (In Rs.)** |
| 1 | Refreshment to Counselor | 250 | 32 | 1 | 8000.00 |
| 2 | Stationery and contingency | 100 | 32 | 1 | 3200.00 |
| | **Total budget** | | | | **11200.00** |

- **<u>परिवार नियोजन कार्यक्रम पर ग्राम प्रधानो की ब्लॉक स्तरीय त्रैमासिक अभिमुखीकरण (FMR – 51.3)</u>** – ग्राम प्रधानों का परिवार नियोजन सेवाओं पर क्षमतावर्धन करते हुए उनके द्वारा अपने क्षेत्र के समुदाय में परिवार नियोजन सेवाओं की जानकारी, सेवाओं को अपनाने हेतु प्रोत्साहन तथा क्षेत्र में प्रदान की जा रही परिवार नियोजन सेवाओं की पहुँच, जागरूकता, समुदाय द्वारा भागीदारी एवं गुणवत्ता आदि का क्षेत्र में समुदाय को परिवार नियोजन सेवाओं का समुचित लाभ मिल सके जिसके लिए प्रधानों की सहभागिता से परिवार नियोजन सेवाओं का सुदृढ़ीकरण कराने हेतु आच्छादित जनपद यथा– फतेहपुर, वाराणसी, मुरादाबाद एवं श्रावस्ती के चयनित ब्लॉक के प्रधानों को आर.एम.एन.सी.एच.ए. के अन्तर्गत परिवार नियोजन सेवाओं में प्रधानो का अभिमुखीकरण किया जाना है। इस कार्य में सी–3 संस्था द्वारा सहयोग प्रदान किया जाएगा। उक्त चार जनपदो के आच्छादित ब्लॉक निम्नवत हैं–

| क.स. | जनपद का नाम | ब्लाक के नाम |
|---|---|---|
| 1 | **फतेहपुर** | ऐरायां, असोथर, बहुआ, भिटौरा, हसवा, तेलियानी, अमौली, देवमई, खजुहा, मलवां, धाता, हथगाम, विजयीपुर |
| 2 | **वाराणसी** | अराज़ीलाइन, बड़ागांव, चिरईगांव, चोलापुर, हरहुआ, काशी विद्यापीठ, सेवापुरी व पिण्डरा |
| 3 | **मुरादाबाद** | भगतपुर टांडा, दिलारी, बिलारी, छज़लैट, मुरादाबाद, मुण्डापाण्डे, कुन्दरकी व ठाकुरद्वारा |
| 4 | **श्रावस्ती** | इकौना, हरिहरपुर रानी, गिलौला, जमुनहा व सिरसिया |

**अभिमुखीकरण हेतु गतिविधियां–**

- **राज्य स्तरीय प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण (टी.ओ.टी.):** प्रधानों के अभिमुखीकरण हेतु सिफ्सा के सहयोग से जनपद स्तरीय चयनित स्वास्थ्य एवं पंचायती राज के जनपदीय अधिकारियों को 2 दिवसीय प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण (टी.ओ.टी.) में मास्टर ट्रेनर्स के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। इस गतिविधि में सी–3 संस्था सिफ्सा को पूर्ण सहयोग प्रदान करेगी।
- टी.ओ.टी. में प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स ब्लॉक स्तर पर प्रधानों का अभिमुखीकरण करते हुए परिवार नियोजन सेवाओं की ग्राहयता बढ़ाने हेतु एडवोकेसी करेंगे।
- प्रधानों का अभिमुखीकरण प्रत्येक त्रैमास में एक बार होगा साथ ही अभिमुखीकरण के साथ–साथ प्रधानों द्वारा परिवार नियोजन के क्षेत्र में किये गये कार्यों पर चर्चा तथा उनके अनुभव को साझा करना आदि गतिविधियां की जायेंगी। इस प्रकार एडवोकेसी मीटिंग प्रत्येक ब्लॉक में मिशन परिवार विकास त्रैमासिक अभियान में प्रत्येक पखवाड़े में आयोजित की जायेंगी। सी–3 संस्था द्वारा ब्लॉक स्तरीय एडवोकेसी मीटिंग में सिफ्सा से समन्वय करते हुए समुचित सहयोग प्रदान किया जायेगा।
- इस प्रकार प्रति त्रैमास 102 बैठक के अनुसार कुल 306 अभिमुखीकरण बैठक होनी है, **इस हेतु प्रति बैठक धनराशि रु0 15215.00/– प्रावधानित है जिसका विवरण निम्न तालिका अनुसार है–**

| प्रधानों के अभिमुखीकरण हेतु प्रति बैठक बजट | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रशिक्षक की सं0 | | 2 | | | |
| प्रशिक्षण की अवधि | | 01 दिवसीय | | | |
| प्रतिभागियों की सं0 | | 48 | | | |
| S.N | Budget Head | Unit Rate (In Rs.) | No. of participants | Days | Total (Rs.) |
| 1 | भोजन प्रतिभागी हेतु | 200 | 48 | 1 | 9600.00 |
| 2 | भोजन प्रशिक्षक हेतु | 200 | 2 | 1 | 400.00 |
| 3 | स्टेशनरी | 100 | 48 | 1 | 4800.00 |
| 4 | कन्टिंजेसी / बैठक की दर से | 415 | | | 415.00 |
| | कुल योग (रू0) प्रति मीटिंग | | | | 15215.00 |

➢ **मिस्टर स्मार्ट सम्मेलन (FMR –51.4)** — पुरूषों में परिवार नियोजन की भागीदारी, जागरूकता तथा परिवार नियोजन साधनों को अपनाने एवं छोटे परिवार के महत्व आदि के लिए सब–सेन्टर स्तर पर मिस्टर स्मार्ट सम्मेलन तथा लोक विधा (मैजिक शो / कठपुतली शो) का आयोजन किया जाना है।

**आच्छादित क्षेत्र:**18 मंडल के मुख्यालय जिलों के समस्त 230 ब्लाक के 20 सब–सेन्टर प्रति ब्लॉक

**कॉहोर्ट ग्रुप**–

- नवविवाहित जोड़ा।
- ऐसे पुरुषों के परिवार जिनके 3 या अधिक बच्चे हैं।
- नवयुवक (आयु 18–21 वर्ष)

**रणनीति एवं क्रियान्वयन–**

- मण्डलीय परियोजना प्रबन्धक, सिफ्सा / एन0एच0एम0 द्वारा परियोजना के समुचित क्रियान्वयन हेतु ब्लॉक स्तर पर मिस्टर स्मार्ट सम्मेलन के लिए ट्रेनर का पूल तैयार किया जायेगा। सिफ्सा द्वारा पूर्व में मिस्टर स्मार्ट सम्मेलन हेतु जनपद स्तरीय ट्रेनर का पूल तैयार किया जा चुका है। इन ट्रेनर्स द्वारा ब्लॉक स्तर से दो अधिकारी यथा पुरुष आयुष एम0ओ0, एच0ई0ओ0 / पुरुष स्टाफ नर्स, पुरुष काउंसलर और बी0सी0पी0एम0 का जिला स्तर पर अभिमुखीकरण किया जाएगा।
- एम0ओ0आई0सी0 एवं बी0सी0पी0एम0 द्वारा अपने ब्लॉक के 10 बेस्ट परफार्मिंग तथा 10 लो परफार्मिंग उपकेन्द्र का चिन्हिकरण किया जायेगा।
- प्रथम चरण में जनपद के चिन्हित 10 उपकेन्द्रों (5 बेस्ट परफार्मिंग तथा 5 लो परफार्मिंग उपकेन्द्र) पर मिस्टर स्मार्ट सम्मेलन माह जुलाई में आयोजित विश्व जनसंख्या दिवस (डब्ल्यू0पी0डी0) पर कराया जायेगा तथा इसी प्रकार द्वितीय चरण में जनपद के अन्य 10 उपकेन्द्रों (5 बेस्ट परफार्मिंग तथा 5 लो परफार्मिंग उपकेन्द्र) पर एन0एस0वी0 पखवाडे के दौरान आयोजित कराया जाना प्रस्तावित है। इस प्रकार जनपद के कुल 20 उपकेन्द्रों को इस के अन्तर्गत आच्छादित किया जा सकेगा।
- सम्मेलन की अवधि लगभग 3 घंटे की रहेगी जिसमें ट्रेनर्स द्वारा पूर्व निर्धारित एजेन्डा एवं मानकीकृत टूल किट के अनुसार गतिविधि सम्पन्न की जायेगी।
- प्रति उपकेन्द्र तीन आशाओं द्वारा कॉहोर्ट ग्रुप (नवविवाहित जोड़े, ऐसे पुरुषों के परिवार जिनके 3 या अधिक बच्चे हैं और नवयुवक (18 से 21 वर्ष) का मोबलाइजेशन किया जायेगा, इस सम्मेलन की अध्यक्षता ग्राम प्रधान द्वारा की जाएगी।

**मैजिक शो / कठपुतली शो** :

- 230 ब्लॉक के चयनित 20 सब–सेन्टर के क्षेत्र में प्रति सब–सेन्टर मैजिक शो / कठपुतली शो का आयोजन समुदाय के बीच में सायंकाल किया जायेगा। यह गतिविधि डब्लू0पी0डी0 तथा एन0एस0वी0 पखवाड़े के दौरान कराई जानी है अतः प्रत्येक चिन्हित मुख्यालय जनपद के सभी ब्लॉक के 10 सब–सेन्टर प्रति पखवाड़ा मैजिक शो / कठपुतली शो किये जायेगें।
- जिला स्तर पर मैजिक शो / कठपुतली शो हेतु वेन्डर का चयन एवं अनुबन्ध मुख्य चिकित्साधिकारी स्तर से किया जायेगा। मैजिक शो / कठपुतली शो के वेन्डर का सूचना

एवं जनसम्पर्क विभाग से इम्पैनल होना जरूरी है। वेन्डर के चयन के उपरान्त जिला स्तर पर ब्लॉक वार एवं सब–सेन्टर वार मैजिक शो/कठपुतली शो कराने का शेड्यूल तैयार कर सम्बंधित अधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को उपलब्ध करायी जायेगी जिसे आशा के माध्यम से समुदाय में दो दिन पूर्व सूचित किया जायेगा साथ ही मैजिक शो/कठपुतली शो हेतु कोहार्ट ग्रुप के अनुसार ज्यादा से ज्यादा समुदाय के लोगों को एकत्रित किया जा सके।

- मैजिक शो/कठपुतली शो हेतु अनुमोदित धनराशि रू0 1700/–प्रति सम्मेलन मय जी.एस.टी. सम्मिलित की गई है जिसमें वाद्य यंत्र, पोशाक एवं अन्य सम्मिलित हैं।

**वर्ष 2024–25 में मिस्टर स्मार्ट सम्मेलन के सम्पादित की जाने वाली गतिविधियों हेतु प्रावधानित बजट का विवरण निम्न तालिका अनुसार है –**

| मिस्टर स्मार्ट सम्मेलन | | | |
|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | | **मद** | **दर (रू0 में)** |
| **क** | 1 | मिस्टर स्मार्ट सम्मेलन के आयोजन हेतु (सूक्ष्म जलपान आदि) | 500.00 |
| | 2 | प्रतिभागी हेतु गिफ्ट, बैनर एवं विविध व्यय | 800.00 |
| | | **कुल धनराशि** | **1,300.00** |
| **ख** | 1 | आशा इन्सेन्टिव (प्रति सम्मेलन/प्रति आशा रू0 100/–एक सम्मेलन एक सब–सेन्टर पर अधिकतम 3 आशा हेतु इन्सेंटिव | 300.00 |
| **क+ख** | | **कुल बजट प्रति मिस्टर स्मार्ट सम्मेलन प्रति सब–सेन्टर** | **1,600.00** |
| **ग** | 1 | मैजिक शो/कठपुतली शो हेतु प्रति सब–सेन्टर जहां पर मिस्टर स्मार्ट सम्मेलन का आयोजन किया गया है (बजट मय जी.एस.टी.) | **1,700.00** |

**नोट–** एक मिस्टर स्मार्ट सम्मेलन प्रति सब–सेन्टर पर अधिकतम 3 आशा द्वारा समुदाय से सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी।

- **प्रथम संदर्भन इकाइयों में प्रसव पश्चात परिवार नियोजन सेवा में सुधार एवं निरंतरता हेतु होल–साइट–ऑन–साइट (Whole site & On site Orientation) अभिमुखीकरण (FMR -51.5)**

प्रथम संदर्भन इकाइयों (एफआरयू) में परिवार नियोजन सेवाओं मुख्यतः प्रसव पश्चात नसबंदी एवं पीपीआईयूसीडी के महत्व को देखते हुए एफ आर यू में पदस्थ सर्जन/स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, मेडिकल ऑफिसर तथा नर्स मैंटर/स्टाफ नर्स/परामर्शदाता का जनपद स्तर पर मास्टर ट्रेनर के रूप में एक दिवसीय अभिमुखीकरण किया जाएगा। उसके उपरांत सभी 417 एफआरयू में मास्टर ट्रेनर द्वारा अभिमुखीकरण का कार्य किया जाएगा। इस कार्य में UPTSU द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाएगा।

- जनपद स्तर पर की जाने वाली ToT में प्रयोग की जाने वाली राशि का विवरण निम्न तालिका के आधार पर किया जाना है –

| District level whole site onsite ToT for FRU | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Site of training | | CMO Office/DWH | | | |
| Duration of Training | | 01 Days | | | |
| Number of trainees | | 3 per FRU | | | |
| Trainers | | Master trainers trained by State | | | |
| **SN** | **Budget Head** | **Rate** | **Days** | **No. of participants** | **Total (Rs.)** |
| 1 | Honorarium to Trainers | 500 | 1 | 4 | 2,000 |
| 2 | Food for participants (Breakfast, Tea, Lunch etc.) | 250 | 1 | 30 | 7,500 |
| 3 | Food for trainers (Lunch, Tea etc.) | 250 | 1 | 4 | 1,000 |
| Support/Cleaning Staff - NUHM FY 2024-25 | (Amount in Rs.) |
|---|---|
| **Particular** | **Employee Hired by Agency** |
| Salary | 10089 |
| PF(Emp.) 12% | 1211 |
| ESI(Emp.) 1.75% | 177 |
| **Net Payable to Employee** | **8702** |
| GST 18% | 2299 |
| Service charge (10%) | 1009 |
| EPF (13.36%) by Employer | 1348 |
| ESI (3.25%) by Employer | 328 |
| | **15073** |

**नोट–**

- *उपरोक्त मानदेय की धनराशि का आवंटन मात्र आपको व्यय करने के लिये प्राधिकृत नही करता, अपितु वित्तीय नियमों, शासनादेशों एवं कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए, सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त ही व्यय नियमानुसार किया जायेगा।*
- *उपरोक्त सर्पोट स्टॉफ का वेतन निर्धारण Minimum Wages Act, 1948 के अन्तर्गत समय–समय पर निर्गत दिशा–निर्देशों का अनुपालन करते हुए किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।*

* *नवीन स्वीकृत सर्पोट स्टॉफ की भर्ती आउटसोर्स एजेन्सी के माध्यम से किया जाना सुनिश्चित किया जाय।*

➢ **FAMS code 180.8- Free Diagnostic Services Initiative–** इस मद में भारत सरकार द्वारा Drugs & consumables हेतु 722 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए रु0 6.50 लाख प्रति नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की दर से स्वीकृत किया गया है। जनपदों को स्वीकृत धनराशि का कुल 20% बजट @ रु0 1.30 लाख प्रति नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की दर से Reagents & consumables हेतु आवंटित किया गया है। अवशेष 80% बजट से यू0पी0एम्0एस0सी0एल0 के माध्यम से औषधियों का क्रय राज्य स्तर से किया जा रहा है।

**उपरोक्त गतिविधियों हेतु स्वीकृत धनराशि के उपयोग हेतु निम्न बिन्दुओं का विशेष ध्यान दिया जाय–**

1. जनपद द्वारा समस्त भुगतान FAMS Software का प्रयोग करते हुये PFMS पोंटल के माध्यम से किया जायेगा, जिससे कि उपलब्ध बजट का अनुश्रवण किया जा सके।
2. किसी भी दशा में किसी भी कर्मचारी या सेवा प्रदाता को नगद भुगतान न किया जाय। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/जिला मुख्यालय पर भुगतान किये गये समस्त बिल बाउचर सुरक्षित रखे जाय, जिससे कि ऑडिट या अन्य जॉच के समय प्रेषित किया जा सके।
3. ऑपरेशनल गाइडलाइन फॉर फाइनेन्शियल मैनेजमेन्ट के नियमों का अनुपालन किया जाये।
4. धनराशि का आवंटन मात्र आपको व्यय करने के लिये प्राधिकृत नही करता, अपितु वित्तीय नियमों, शासनादेशो एवं कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए, सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त ही व्यय नियमानुसार किया जायेगा।
5. मानदेय का निर्धारण नियुक्ति के समय निर्धारित मानदेय तथा प्रत्येक वित्तीय वर्ष में भारत सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली वार्षिक वेतन वृद्धि एवं लॉयल्टी/एक्सपिरियंस बोनस के आधार पर सक्षम स्तर से मानदेय निर्धारण के उपरान्त नियमानुसार देय हैं। उपरोक्त निर्धारित मानदेय में किसी भी प्रकार का पुर्नरीक्षण राज्य स्तर की अनुमति के उपरान्त ही अनुमन्य/मान्य होगा।
6. जनपद स्तर से क्रय किये जाने वाली समस्त सामग्री को जैम पोर्टल के माध्यम से समस्त वित्तीय नियमों को ध्यान में रखते हुये किया जाय।

उपर्युक्त धनराशि के उपयोग में किसी प्रकार की अनियमितता के लिए जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी, नोडल अधिकारी, एन0यू0एच0एम0 एवं कार्यक्रम से संबन्धित अधिकारी/कर्मचारी उत्तरदायी होंगे।

# 11. अनुश्रवण एवं मूल्यांकन

## 11. सहयोगात्मक पर्यवेक्षण एवं मासिक समीक्षा बैठकों हेतु दिशा–निर्देश

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत निर्धारित उद्देश्यों की प्राप्ति के लिये आवश्यक है कि उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जाये। इस हेतु प्रत्येक स्तर पर पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण प्रणाली को सुदृढ़ किये जाने की आवश्यकता होती है। सहयोगात्मक पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण तन्त्र को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राज्य स्तर पर वित्तीय व्यवस्था एवं योजना बनायी गयी है। योजना के अर्न्तगत विभिन्न स्तरों पर सहयोगात्मक पर्यवेक्षण एवं मासिक समीक्षा बैठक करने हेतु गत वर्ष में पत्रांक– एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / एम.एण्डई. / 2023–24 / 01 / 1436 दिनांक 22.05.2023 के माध्यम से दिशा–निर्देश प्रेषित किये गये थे। वित्तीय वर्ष 2024–25 में एस0पी0एम0यू0 कार्यालय के पत्रसंख्या–एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / एम.एण्डई. / 2024–25 / 01 / 1544 दिनांक 18.06.2024 के माध्यम से गत वर्ष के दिशा–निर्देशों (कुछ संसोधनों के साथ) का ही अनुसरण किये जाने के निर्देश दिये गये हैं, जो कि निम्नवत हैं–

1. सहयोगात्मक पर्यवेक्षण हेतु गत वर्ष की ही भांति इस वर्ष भी 04 प्रकार की चेकलिस्टों का प्रयोग किया जाना है। पूर्व में प्रचलित एच0डब्ल्यू0सी0 चेकलिस्ट का नाम परिवर्तित कर अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर चेकलिस्ट कर दिया गया है। समस्त चेकलिस्टों को पूर्व की भांति गूगल फार्म पर ही भरा जाना है। भारत सरकार से प्राप्त अनुमोदन के क्रम में इन चेकलिस्टों के आधार पर एक मोबाइल ऐप भी विकसित किया जा रहा है, जिसे शीघ्र ही लागू किया जायेगा।
2. मण्डल स्तर पर आयोजित की जाने वाली मण्डलीय समीक्षा बैठक मण्डलायुक्त महोदय की अध्यक्षता में की जायेगी। इस बैठक हेतु बजट में भी संशोधन किया गया है। मासिक मण्डलीय समीक्षा बैठक हेतु रू0 7500.00 प्रति बैठक का प्रावधान किया गया है। बैठक का विस्तृत कार्यवृत्त (प्रतिभागी सूचना सहित), एन0एच0एम0 पोर्टल पर मण्डल स्तर से एक सप्ताह के भीतर अपलोड किया जायेगा।
3. जनपद स्तर पर आयोजित की जाने वाली शासी निकाय की बैठक हेतु रू 4500.00 प्रति बैठक हेतु आवंटित किये जा रहे हैं। इसी प्रकार कार्यकारी समिति की बैठक हेतु रू0 2500.00 प्रति बैठक का प्राविधान किया गया है। बैठक के उपरान्त विस्तृत कार्यवृत्त (प्रतिभागी सूचना सहित), एन0एच0एम0 पोर्टल पर जनपद स्तर से दो सप्ताह के भीतर अपलोड किया जायेगा।

उक्त के क्रम में मण्डल, जनपद एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों के पर्यवेक्षण हेतु समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समिति के खाते में 12 माह हेतु निम्नवत धनराशि आवंटित की जा रही है–

- एफ.एम.आर.कोड संख्याः **194.46** Field Visit (Supportive Supervision at State Level) मद में Divisional Meeting/DHS-GB/EC हेतु **रु0 79.20 लाख** (उन्यासी लाख बीस हजार रूपये मात्र),
- एफ.एम.आर. कोड संख्या **194.47** Field Visit (Supportive Supervision at District Level) मद में **रू0 665.28 लाख** (छः करोड़ पैंसठ लाख अट्ठाईस हजार रूपये मात्र) एवं
- एफ.एम.आर. कोड संख्या **194.48** Field Visit (Supportive Supervision at Block Level) मद में **रू0 3247.20 लाख** (बत्तीस करोड़ सैंतालीस लाख बीस हजार रूपये मात्र)।

उपरोक्त के आलोक में निर्देशित किया जाता है कि मण्डल, जनपद एवं ब्लाक में जी0पी0एस0 युक्त टैक्सी परमिट वाहनों से सहयोगात्मक पर्यवेक्षण हेतु स्वीकृत बजट को शासकीय एन0एच0एम0 वित्तीय मैनुअल के नियमानुसार व्यय करना सुनिश्चित करें।

***नोट– सहयोगात्मक पर्यवेक्षण से संबंधित पत्राचार एम0 एण्ड ई0 अनुभाग की ई–मेल आई डी medivisionspmu@gmail.com पर करना सुनिश्चित करें।***

# 12. नर्सिंग एवं मिडवाइफरी कार्यक्रम

## 12.प्री–सर्विस एजूकेशन फार नर्सिंग एवं मिडवाइफरी कार्यक्रम

### परियोजना का उद्देश्यः

प्री–सर्विस नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी एजूकेशन कार्यक्रम को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जी0एन0एम0 स्कूल्स एवं ए0एन0एम0टी0सी0 को सुदृढ़ करना है, जिससे की उच्च गुणवत्तापरक शैक्षिक एवं क्लीनिकल्स सेवाओं की जानकारी नर्स/मिडवाइफ्स को प्रदान कर उनकी क्षमता का विकास किया जा सके। कार्यक्रम के अन्तर्गत राजकीय 06 कॉलेज ऑफ नर्सिंग व 09 जी0एन0एम0 स्कूल्स तथा 36 ए0एन0एम0 प्रशिक्षण केन्द्रों मे स्किल लैब, आई0टी0 लैब एवं लाइब्रेरी की स्थापना की जा चुकी है।

### चयनित जनपदः–

परियोजना के अन्तर्गत 07 जनपदों में 09 जी0एन0एम0, 35 जनपदों में 36 ए0एन0एम0 प्रशिक्षण केन्द्र एवं 05 जनपदों में 06 कॉलेज ऑफ नर्सिंग स्थापित है।

### क्रियान्वयन रणनीतिः–

- शैक्षिक मानकों के क्रियान्वयन के माध्यम से नर्सिंग कालेज/स्कूल्स के सम्बंधित कालेज में शैक्षिक और मूल्यांकन प्रक्रियाओं की गुणवत्ता सुधार मे मदद एवं सहयोग करेंगें।
- चयनित कालेज आफ नर्सिंग/जी0एन0एम0/ए0एन0एम0 स्कूल्स में स्किल्स लैब के माध्यम से छात्रों को उच्च गुणवत्तापरक शैक्षिक एवं क्लीनिकल जानकारी प्रदान की जायेगी।
- मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं नर्सिंग स्कूल्स के प्रधानाचार्य द्वारा नर्सिंग फैकल्टी/पी0एच0एन0 ट्यूटर्स को विभिन्न प्रशिक्षण हेतु नामित किया जाना है।
- आई0एन0सी0 के मानकों के अनुसार नर्सिंग कालेज/स्कूल्स में नर्सिंग फैकल्टी/पी0एच0एन0 ट्यूटर्स की तैनाती सुनिश्चित की जानी है।

### वित्तीय व्यवस्थाः–

- एफ0एम0आर0 मद संख्या 185.C.S1025/185.C.S1026/185.C.S1030/185.C.S0953 में कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं जी0एन0एम0/ए0एन0एम0 स्कूल्स में संविदा मानव ससाधन–नर्सिंग फैकल्टी/पी0एच0एन0 ट्यूटर्स को मानदेय धनराशि रु0 35,000/– प्रतिमाह, नर्सिंग मिडवाइफरी ट्यूटर्स को रु0 45,000/– प्रतिमाह एवं कार्यक्रम सहायकों को रु0 22,660/– प्रतिमाह की दर से धनराशि का प्रविधान किया गया है। साथ ही नियमानुसार इंक्रीमेंट एवं एक्सपीरियंस बोनस की धनराशि अनुमन्य है।
- एफ0एम0आर0 मद संख्या 192.1 में 6 कॉलेज ऑफ नर्सिंग व 7 जी0एन0एम0 स्कूल तथा 36 ए0एन0एम0 प्रशिक्षण केन्द्रों हेतु रु0 25000/– की दर से (6 माह) Mobility/ POL हेतु कुल रू0 73.50 लाख की धनराशि तथा एफ0एम0आर0 मद संख्या 192.2 Contingency मद में 6 कॉलेज ऑफ नर्सिंग के लिए रू0 7500/– तथा 7 जी0एन0एम0 स्कूल 36 ए0एन0एम0 प्रशिक्षण केन्द्रों के लिए रू0 5000/– की दर से (6 माह) हेतु कुल रू0 15.60 लाख की धनराशि सम्बंधित जनपदों की जिला स्वास्थ्य समिति को आवंटित की गई है।
- एफ0एम0आर0 मद संख्या 194.27 में कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कानपुर नगर, मेरठ एवं वाराणसी मे तैनात 05 नर्सिंग मिडफाइफरी ट्यूटर्स हेतु कुल 15 दो दिवसीय सहयोगात्मक पर्वेक्षण (3 भ्रमण प्रति एन0एम0टी0 प्रति वर्ष) भ्रमण हेतु अधिकतम रु0 7000/– प्रति भ्रमण की दर से कुल रु0 1.05 लाख की धनराशि सम्बंधित जनपदों की जिला स्वास्थ्य समिति को आवंटित की गई है, जिसका व्यय मानकानुसार/वास्तविकता के आधार पर किया जाय।

## सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान किये जाने वाले कार्यः–

- प्रत्येक नर्सिंग मिडवाइफरी ट्यूटर्स द्वारा चार माह में एक बार आवंटित जी0एन0एम0 स्कूल्स का दो दिवसीय सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया जाना है, जिसमें निम्न बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दिया जाना होगाः–
  - i. आई0एन0सी0 मानको के अनुसार जी0एन0एम0 स्कूल में स्थापित विभिन्न लैबों की स्थिति।
  - ii. जी0एन0एम0 स्कूल मे तैनात नर्सिंग ट्यूटर्स का OSCE based कॉम्पीटेंसी एसेसमेन्ट।
  - iii. नर्सिंग ट्यूटर्स का कौशल विकास हेतु Mannequins पर आन साइट प्रशिक्षण दिया जाना।
  - iv. नर्सिंग स्कूल से सम्बद्ध क्लीनिकल प्रेक्टिस हेतु चयनित चिकित्सालय का भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार अनुश्रवण तथा नर्सिंग छात्रों द्वारा किये जा रहे कार्यो का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया जाना।
  - v. जी0एन0एम0 स्कूल मे रखे जाने वाले समस्त अभिलेखों के रख–रखाव में सहयोग प्रदान करना आदि।

## नोडल अधिकारीः–

जनपद स्तर पर प्री–सर्विस नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी एजूकेशन को क्रियान्वित करने के लिए पूर्व में नोडल अधिकारी नामित किये जा चुके है। सम्बंधित मुख्य चिकित्सा अधिकारी से अपेक्षा है कि उनके द्वारा नोडल अधिकारी न बदले जाये यदि अपरिहार्य परिस्थितियों में बदला जाना आवश्यक हो तो, नये नोडल अधिकारी का नाम, मोबाइल नम्बर, पदनाम एवं ई–मेल आई0डी0 की सूचना महानिदेशक, (प्रशिक्षण), चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 की ई–मेल आई0डी0 dgmhtraining@gmail.com तथा एस0पी0एम0यू0 के नर्सिंग अनुभाग की ई–मेल आई0डी0 spmunursingcellup2022@gmail.com पर उपलब्ध कराई जाय।

## अनुबंध की कार्यवाही :–

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अर्न्तगत प्री–सर्विस नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी एजूकेशन कार्यक्रम में चयनित नर्सिंग मिडवाईफिरी ट्यूटर्स, नर्सिंग फैकल्टी, पी0एच0एन0 ट्यूटर्स एवं कार्यक्रम सहायको को जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से संविदा पर नियमानुसार तैनात किये जाने की कार्यवाही सम्बंधित जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्तर से की जाय।

## अनुश्रवण एवं मूल्यांकनः–

प्री–सर्विस नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी एजूकेशन कार्यक्रम के लिए अनुश्रवण एवं मूल्यांकन अभिन्न अंग है। इसके अंतर्गत महानिदेशक (प्रशिक्षण), चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, निदेशक नर्सिंग, चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाएं, अपर निदेशक– परिवार कल्याण, अपर निदेशक– चिकित्सा शिक्षा तथा एन0एच0एम0 के तकनीकी सहयोग हेतु अनुबंधित जपाईगो संस्था के अधिकारियों द्वारा आवश्यकतानुसार नर्सिंग फैकल्टी की RMNCH+A गतिविधियों में Competency Assessment की प्रगति समीक्षा की जाय।

## सम्पर्क सूत्रः–

1. डा0 नरेन्द्र अग्रवाल, महानिदेशक–प्रशिक्षण, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, ई–मेल dgmhtraining@gmail.com
2. डॉ0 दिनेश कुमार, निदेशक–मातृ एवं शिशु कल्याण, परिवार कल्याण महानिदेशालय मो0 9412816699, ई–मेल jdmch@gmail.com
3. डॉ0 अनीता शर्मा, निदेशक, नर्सिंग, मो0–9897220115, ई–मेल dirnursing.dgmh@gmail.com
4. डॉ0 रवि प्रकाश दीक्षित, महाप्रबन्धक मातृ स्वास्थ्य/नर्सिंग, एस0पी0एम0यू0, मो0–6306872191, ई–मेल spmunursingcellup2022@gmail.com

# 13. प्रशिक्षण

# 13. प्रशिक्षण कार्यक्रम

## 1. स्किल्ड बर्थ अटेन्डेन्ट (एस0बी0ए0)–एफ0एम0आर0 कोडः 17.1 & 17.2

प्रदेश में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए अनेक प्रयास किये जा रहे हैं, जैसे संस्थागत प्रसवों को बढ़ाना देना एवं संस्थागत प्रसवों को प्रशिक्षित चिकित्सकों/स्टाफ़ नर्सों/ए0एन0एम0 के द्वारा कराया जाना आदि। इसी क्रम में भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार प्रसव केन्द्रों पर तैनात समस्त ए0एन0एम0/एल0एच0वी0/स्टाफ नर्स/महिला सी0एच0ओ0 की दक्षता में वृद्वि के लिये विशेष प्रशिक्षण ''स्किल्ड बर्थ अटेण्डेंट (एस0बी0ए0) प्रशिक्षण'' दिया जा रहा है।

जिला महिला/संयुक्त चिकित्सालय के अतिरिक्त प्रसव सेवा प्रदान करने वाले सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/उपकेन्द्र/उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर पर तैनात ए0एन0एम0/एल0एच0वी0/स्टाफ नर्स/महिला सी0एच0ओ0 का वर्ष 2024–25 में 21 दिवसीय (5 दिन थ्योरी सत्र + 16 दिन प्रैक्टिकल सत्र) एस0बी0ए0 प्रशिक्षण प्रदेश के समस्त ज़िला महिला/संयुक्त चिकित्सालय एवं प्रथम सन्दर्भन इकाईयों (एफ0आर0यू0)/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर सम्पादित किया जाना है। उक्त प्रशिक्षण इस कार्यालय के पत्र संख्या एस0पी0एम0यू0/प्रशिक्षण/16/2023–24/1579, दिनांक 25.05.2023 के माध्यम से एस0बी0ए0 प्रशिक्षण से सम्बंधित प्रेषित दिशा निर्देशानुसार वर्ष 2024–25 में समस्त कार्यवाही सम्पादित किया जाना है। साथ ही आवश्यकतानुसार उक्त प्रशिक्षण की 2 दिवसीय टी0ओ0टी0 एस0आई0एच0एफ0डब्लू0, लखनऊ में आयोजित की जानी है।

प्रशिक्षण का अनुश्रवण राज्य स्तर से महानिदेशक–प्रशिक्षण, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा एस0पी0एम0यू0 के अधिकारियों, मण्डल स्तर से मण्डलीय अपर निदेशक एवं मण्डलीय तथा जनपदीय कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा किया जाएगा। प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु यू0पी0टी0एस0यू0 द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाएगा।

**वित्तीय व्यवस्था**–एफ0एम0आर0 कोड 17.2 में स्टॅाफ नर्स/ए0एन0एम0/एल0एच0वी0/महिला सी0एच0ओ0 (@ Rs. 1.83 lakh per batch) आदि हेतु धनराशि सम्मिलित है। वर्ष 2024–25 में एस0बी0ए0 प्रशिक्षण हेतु रू0 13,84,29,250.00 की धनराशि समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समिति को आवंटित की जा रही है।

## 2. दक्ष प्रशिक्षण–एफ0एम0आर0 कोडः 17.3 & 17.4

प्रशिक्षण का उद्‌देश्य प्रसव इकाइयों पर तैनात स्टाफ नर्सों को प्रसव पूर्व/दौरान एवं प्रसवोपरान्त प्रसव प्रक्रिया को सुरक्षित बनाने तथा प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं के प्रबंधन एवं आवश्यकतानुसार संदर्भित किया जाना है। नवजात शिशु की आवश्यक देखभाल सुनिश्चित करना तथा नवजात को पुनर्जीवित (Newborn Resuscitation) करने का कौशल प्रदान किया जाना है, जिससे उनके द्वारा गुणवत्तापरक प्रसव सेवाएं प्रदान की जा सकें।

स्टॅाफ नर्स का 6 दिवसीय आवासीय दक्ष प्रशिक्षण टी0एन0ए0आई0 नोएडा एवं प्रदेश में स्थापित 4 आर्ट ऑफ स्किल लैब (एस.आई.एच.एफ.डब्ल्यू–लखनऊ, डी0सी0एच0–नोएडा, आर0एच0एफ0 डब्ल्यू0टी0सी0–झांसी एवं वाराणसी) में आयोजित किया जाना है। इस हेतु सम्बंधित संस्थान द्वारा सेमिनार कक्ष, आवश्यक मैनीक्विंस/ऑडियो विज़ुअल उपकरण (एल.सी.डी/टी.वी./प्रोजेक्टर) आदि की क्रियाशीलता, लर्निंग रिसोर्स सामग्री, एजेण्डा एवं बैनर एवं प्रशिक्षार्थियों के ठहरने/भोजन तथा सुरक्षा आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जानी है। साथ ही आवश्यकतानुसार उक्त प्रशिक्षण की टी0ओ0टी0 एस0आई0एच0एफ0डब्लू0, लखनऊ में आयोजित की जानी है।

प्रशिक्षण का अनुश्रवण राज्य स्तर से महानिदेशक–प्रशिक्षण, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं एस0पी0एम0यू0 के अधिकारियों, मण्डल स्तर से मण्डलीय अपर निदेशक एवं मण्डलीय तथा जनपदीय कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा किया जाएगा। साथ ही Objective Structured Clinical Examination

(OSCE) स्कोर का मूल्यांकन करने में तकनीकी सहयोग यू0पी0टी0एस0यू0 के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा।

**वित्तीय व्यवस्था–** प्रशिक्षण के एक बैच में 16 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया जाना है, जिस हेतु एफ0एम0आर0 कोड 17.4 में रू0 82.03 लाख की धनराशि निम्न तालिकानुसार सम्बंधित जनपदों की जिला स्वास्थ्य समिति एवं एस.आई.एच.एफ.डब्ल्यू–लखनऊ की चार्ट सोसाइटी को आवंटित की जा रही है :–

| S.N. | Name of District | Skill Lab Name | No. of Batch | Per batch Cost | Total Budget (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Chart Society-SIHFW, Lucknow | Skill Lab, SIHFW | 2 | 215880.00 | 431760.00 |
| 2 | Varanasi | Skill Lab, RHFWTC- Varanasi | 4 | 215880.00 | 863520.00 |
| 3 | Jhansi | Skill Lab, RHFWTC- Jhansi | 4 | 215880.00 | 863520.00 |
| 4 | G.B. Nagar | Skill Lab, DCH - Noida | 3 | 215880.00 | 647640.00 |
| 5 | | Skill Lab-TNAI Noida | 25 | 215880.00 | 5397000.00 |
| **Total batch** | | | **38** | | **8203440.00** |

## 3. स्टेट ऑर्ट आफ स्किल लैब का रख–रखाव– एफ0एम0आर0 कोडः 17.5

प्रदेश की 4 स्टेट आर्ट ऑफ स्किल लैब (एस0आई0एच0एफ0डब्लू0, लखनऊ, डी0सी0एच0–नोएडा, आर0एच0एफ0डब्लू0टी0सी0 वाराणसी एवं झांसी) के आर्टिकल्स/मैनीक्वींस के रख–रखाव आदि के लिए इस कार्यालय के पत्र संख्या एस0पी0एम0यू0/प्रशिक्षण/32/2023–24/4541–2, दिनांक 06.09.2023 के माध्यम से प्रेषित दिशा निर्देशानुसार वर्ष 2024–25 में समस्त कार्यवाही सम्पादित किया जाना है। इस हेतु एफ0एम0आर0 मद संख्या 17.5 में निम्न तालिकानुसार धनराशि स्वीकृत की जा रही हैः–

| Sl. No. | Name of District | Budget for Skill lab Articles maintenance (Rs. in lacs) |
|---|---|---|
| 1. | SIHFW, Lucknow | 1.00 |
| 2. | Varanasi | 1.00 |
| 3. | Jhansi | 1.00 |
| 4. | G.B. Nagar | 1.00 |
| **Total** | | **4.00** |

## 4. चिकित्सालयों में कार्यरत स्वागती, वार्ड ब्वाय/वार्ड आया एवं सुरक्षा गार्डों हेतु व्यवहारिक प्रशिक्षण (Behavioural Training)- एफ0एम0आर0 कोडः 192.7

उच्च चिकित्सा इकाइयों यथा–जिला पुरूष/महिला/संयुक्त चिकित्सालयों, सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कार्यरत स्वागती, वार्ड ब्वाय/वार्ड आया एवं सुरक्षा गार्डों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। चूंकि एक ओर ये कर्मी चिकित्सा इकाई पर दी जाने वाली विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के सुचारू रूप से संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं वहीं दूसरी ओर चिकित्सा इकाई पर आने वाले लाभार्थियों तथा उनके सहयोगियों के साथ बातचीत करने, जानकारी प्रदान करने तथा सहयोग प्रदान करने के प्रथम बिन्दु होते हैं। इन कर्मियों द्वारा अपने उत्तरदायित्व को अच्छी तरह निभाने से चिकित्सा इकाई की गुणवत्ता बढ़ती है, साथ ही आने वाले लाभार्थियों तथा जनसमुदाय के चिकित्सालय से संतुष्टि के स्तर को भी बढ़ाता है। अतः इन कर्मियों को अपने उत्तर दायित्व में दक्ष, सक्षम तथा कुशल बनाये जाने हेतु व्यवहारिक प्रशिक्षण वर्ष 2024–25 में कराया जाना है।

उपर्युक्त प्रशिक्षण एक दिवसीय है, जो जनपद स्तर पर जिला चिकित्सालयों में आयोजित किया जाना है। इस हेतु सेमिनार कक्ष, रिसोर्स सामग्री, चार्ट, मार्कर, एजेण्डा एवं बैनर आदि की उपलब्धता तथा प्रतिभागियों के बैठने की उचित व्यवस्था की जाए।

साथ ही अवगत कराना है कि उक्त प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु राज्य स्तर पर 2 दिवसीय टी0ओ0टी0 आयोजित किया जाना है, जिसमें प्रत्येक जनपद से 4 प्रतिभागी (चिकित्सा अधिकारी–1, हास्पिटल मैनेजर–1, क्वालिटी परामर्शदाता–1, डी0एच0ई0आई0ओ0 / एच0ई0ओ0 / स्टाफ नर्स–1) द्वारा प्रतिभाग किया जाना है।

**वित्तीय व्यवस्था–** वर्ष 2024–25 की आर0ओ0पी0 के एफ0एम0आर0 कोड 192.7 में रू0 22,55,985.00 की धनराशि एस0आई0एच0एफ0डब्लू0, लखनऊ की चार्ट सोसाइटी को टी0ओ0टी0 के 9 बैच सम्पादित किये जाने हेतु एवं रू0 76,95,050.00 की धनराशि समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समिति को आवंटित की जा रही है।

## 5. एस0आई0एच0एफ0डब्लू0 द्वारा संचालित वर्चुअल क्लासरूम–एफ0एम0आर0 कोडः 192.8

वर्ष 2024–25 की आर0ओ0पी0 के मद संख्या 192 में राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, लखनऊ के अंतर्गत संचालित Virtual Classroom (एस0आई0एच0एफ0डब्लू0 एवं 10 आर.एच. एफ.डब्लू.टी.सी.) हेतु कुल रू0 15.00 लाख की धनराशि एस0आई0एच0एफ0डब्लू0 की चार्ट सोसाइटी को आवंटित की जा रही है। उक्त धनराशि का उपयोग एन0एच0एम0 की वित्तीय आपरेशनल गाइडलाइन फार फाइनेंशियल मैनेजमेंट में दिये गये निर्देशानुसार किया जाना है। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाना है कि इसमें किसी प्रकार की डुप्लीकेसी न हो।

## 6. एस0आई0एच0एफ0डब्लू0 से सम्बंधित CMEs Training and Digital Connectivity of Classroom- एफ0एम0आर0 कोडः 192.9

भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024–25 की आर0ओ0पी0 के मद संख्या 192 में राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, लखनऊ हेतु CMEs Training and Digital Connectivity of Classroom के लिए स्वीकृत रू0 225.00 लाख की धनराशि में से रू0 112.50 लाख की धनराशि एस0आई0एच0एफ0डब्लू0 की चार्ट सोसाइटी को आवंटित की जा रही है। उक्त धनराशि का उपयोग एन0एच0एम0 की वित्तीय ऑपरेशनल गाइडलाइन फॉर फाइनेंशियल मैनेजमेंट में दिये गये निर्देशानुसार किया जाना है। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाना है कि इसमें किसी प्रकार की डुप्लीकेसी न हो।

**सम्पर्क सूत्रः–**

1. डा0 संजय शहवाल (मो0 7007722314) एवं डा0 अल्का सिंह (मो0 7985542089) संयुक्त निदेशक–प्रशिक्षण (dgmhtraining@gmail.com)
2. डा0 अर्चना वर्मा, महाप्रबंधक–प्रशिक्षण, एस0पी0एम0यू0 मो0–8604401148 (gmtrainingnhm2022@gmail.com)
3. डा0 महेश सिंह (मो0 8090668710) एवं डा0 मनीष सिंह (मो0 7800090315) नोडल अधिकारी, एस0आई0एच0एफ0डब्लू0
4. डा0 वन्दना सिंह (8004930725) एवं डा0 प्रशान्त मिश्रा (9721081399), यू0पी0टी0एस0यू0, लखनऊ।

# 14. जिला चिकित्सालय सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम

## 14.1 जिला चिकित्सालय सृदुढ़ीकरण कार्यक्रम

अवगत कराना है कि जिला चिकित्सालय सृदुढ़ीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत मानव संसाधन के सापेक्ष ऑनगोइंग मानव संसाधन एवं ट्रामा सेण्टर के मानदेय, लॉयल्टी/एक्सपीरियन्स एवं अन्य कम्प्लाइन्सेज़ (ई0पी0एफ0, ई0एस0आईसी0, सर्विस चार्ज एवं जी0एस0टी0) हेतु धनराशि रू0 26233.99 लाख का आवंटन इस कार्यालय के पत्रसंख्या–एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/डी0एच0एस0/ 3/2024–26/1914–3, दिनाँक 06.07.2024 के माध्यम से किया गया है, का संज्ञान लेने का कष्ट करें एवं आवंटित बजट का व्यय नियमानुसार वास्तविकता के अनुसार करना सुनिश्चित करें।

उक्त पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है कि जिला चिकित्सालय सृदुढ़ीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत गत् वर्ष 2023–24 में इस कार्यालय के पत्र, दिनाँक 22.05.2023 एवं 23.11.2023 में उल्लिखित दिशा–निर्देशों का अनुपालन करते हुए निम्न दिशा निर्देशों सहित यथावत् किये जाने हेतु निर्देशित किया जाना है–

1. सभी विशेषज्ञ चिकित्सकों के पदों पर चयन प्रक्रिया राज्य स्तर से की जानी है।
2. विभिन्न संवर्गो पर स्वीकृत **पैरामेडिकल पदों एवं चतुर्थ श्रेणी– कुक, वार्ड आया/वार्ड ब्वॉय एवं मल्टी टास्क वर्कर के पदों के सापेक्ष रिक्त पदों पर चयन प्रकिया के सम्बन्ध में** राज्य कार्यकारी समिति की बैठक, दिनाँक 09.05.2024 में दिये गये निर्देशों के क्रम में **पृथक से दिशा निर्देश प्रेषित किये जायेंगे। अतः तब तक सभी पैरामेडिकल पदों एवं चतुर्थ श्रेणी पदों पर मानव संसाधन का चयन स्थगित किया जाता है।**
3. वर्तमान में कार्यरत् मानव संसाधन के मानदेय में संशोधन के क्रम में अवगत कराना है कि–
   - **I.** बलरामपुर चिकित्सालय, लखनऊ में संचालित डेन्टल यूनिट हेतु स्वीकृत 7 डेन्टल सर्जन (एम0डी0एस0) के पदों पर कार्यरत् मानव संसाधन के संशोधित मानदेय में रू0 1,20,000/– प्रतिमाह पर भारत सरकार से अनुमोदन प्रदान किया गया है (अवगत हों कि इस संशोधित मानदेय में वित्तीय वर्ष 2024–25 में पाँच वर्ष सम्बन्धी देय लॉयल्टी/एक्सपीरियन्स बोनस एवं इन्क्रीमेण्ट भी निहित है)। अतः वित्तीय वर्ष 2024–25 में कुल मानदेय रू0 1,20,000/– प्रतिमाह की दर से देय होगा एवं भविष्य में यदि कोई पद रिक्त होगा तब रिक्त पद के सापेक्ष मूल मानेदय धनराशि रू0 1,20,000/– ही होगी। उक्त पदों पर मानदेय हेतु अनुमोदित धनराशि दिनाँक 01.04.2024 से लागू की जानी है। इस क्रम में वित्तीय वर्ष 2024–25 में मानदेय की गणना नियमानुसार करते हुए मानदेय निर्गत किया जाये। साथ ही अवगत कराना है कि उक्त मानदेय पर नियमानुसार इन्क्रीमेण्ट आगामी वर्ष से लागू होगा।
   - **II.** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा निर्गत पत्र सं0 4150, दिनाँक 18.08.2023 में दिये गये दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करते हुए डी0एच0एस0 कार्यक्रम के निर्बाध संचालन हेतु ई0एम0ओ0, ई0एम0ओ0–एच0डी0यू0 एवं ई0एम0ओ0–ट्रॉमा सेण्टर के स्वीकृत पदों के सापेक्ष वर्तमान में रिक्त पदों पर चयन जनपद स्तर पर वॉक–इन–इन्टरव्यू के माध्यम से पूर्व में प्रेषित टी0ओ0आर0 के आधार पर किया जायेगा। संज्ञान लें कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में ई0एम0ओ0 के रिक्त पदों का मूल मानदेय रू 1,00,000/– स्वीकृत है एवं कार्यरत् ई0एम0ओ0 हेतु वित्तीय वर्ष 2023–24 के मानदेय में 5 प्रतिशत वार्षिक इन्क्रीमेण्ट एवं नियमानुसार लॉयल्टी/एक्सपीरियन्स देय होगा। **संशोधित मानदेय मात्र रिक्त पदों पर लागू होगा।**
4. आप अवगत हैं कि दिनाँक 01.10.2022 द्वारा प्रेषित दिशा निर्देशानुसार अग्रिम आदेशों तक जनपदों में चतुर्थ श्रेणी कुक एवं वॉर्ड आया/वॉर्ड ब्वॉय के अतिरिक्त अन्य पदों हेतु ऑउटसोर्सिंग के माध्यम से चयन प्रकिया स्थगित की गई थी। तत्पश्चात् पुनः एस0पी0एम0यू0

कार्यालय के पत्र दिनाँक 23.05.2023 में अवगत कराया गया कि चतुर्थ श्रेणी के अतिरिक्त सभी पैरामेडिकल पदों पर चयन प्रकिया राज्य स्तर से की जायेगी।

इस कम में निर्देशित किया जाता है कि स्वीकृत **पैरामेडिकल पदों एवं चतुर्थ श्रेणी– कुक, वार्ड आया/वार्ड ब्वॉय एवं मल्टी टास्क वर्कर के पदों के सापेक्ष रिक्त पदों पर चयन प्रकिया के सम्बन्ध में** राज्य कार्यकारी समिति की बैठक, दिनाँक 09.05.2024 में दिये गये निर्देशों के कम में **पृथक से दिशा निर्देश प्रेषित किये जायेंगे। अतः तब तक सभी पैरामेडिकल पदों एवं चतुर्थ श्रेणी पदों पर मानव संसाधन का चयन स्थगित किया जाता है।**

उक्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाना अपेक्षित है। यदि जनपद स्तर पर उक्त निर्देशों की अवहेलना की गई है या की जायेगी तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी एवं वित्तीय हानि होने पर (संबंधित के मानदेय से) रिकवरी करते हुए भरपाई की जायेगी। साथ ही इस कारण उत्पन्न होने वाली समस्याओं जैसे–विधिक मामले/आई0जी0आर0एस0/आर0टी0आई0/अन्य शिकायतें इत्यादि के लिए सम्बन्धित जनपद की जिला स्वास्थ्य समिति पूर्ण रूप से जिम्मेदार होगी।

5. माह फरवरी, 2024 एवं मार्च, 2024 में राज्य स्तर से की गई चयन प्रक्रिया के परिणाम स्वरूप नवचयनित मानव संसाधन– स्टाफ नर्स, स्टाफ नर्स (यू0) स्टाफ नर्स–एच0डी0यू0, फार्मासिस्ट एवं लैब टैक्नीशियन द्वारा सम्बन्धित जनपदों पर कार्ययोगदान दिया गया है। इन नवचयनित मानव संसाधन पर भी अन्य संविदा मानव संसाधन की भाँति एन0एच0एम0 की मानव संसाधन नीति लागू होगी।

6. कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत मानव संसाधन की नियुक्ति जिस स्वास्थ्य इकाई हेतु स्वीकृत है, उसको वहीं कार्य योगदान देना अनिवार्य है। अर्थात् उनका स्थानान्तरण अथवा सम्बद्धीकरण किसी अन्य स्वास्थ्य इकाई से किया जाना पूर्णतया निषेध है।

7. अवगत कराना है कि यू0पी स्टेट के मिनिमम वेजेस् एक्ट का अनुपालन करते हुए कुक, वार्ड आया/वार्ड ब्वॉय एवं मल्टी टास्क वर्कर के पदों पर पूर्व से कार्यरत् कर्मियों का मानदेय एवं अन्य कम्प्लाइन्सेज़ निर्गत किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

8. ई0पी0एफ0 व ई0एस0आई0सी0 का ससमय भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जाये अन्यथा किसी भी प्रतिकूल स्थिति की दशा में सम्बन्धित मुख्य/प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक/अधीक्षिका स्वयं जिम्मेदार होंगे।

9. जनपदवार एवं चिकित्सालयवार आवंटित बजट का उपयोग वास्तविकता के आधार पर नियमानुसार कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

**नोट– तत्कम में पुनः अवगत कराना है कि कार्यकम के अन्तर्गत जनपद स्तर केवल ई0एम0ओ0 (बिन्दु 3 के प्रस्तर II पर अंकित सभी ई0एम0ओ0 के पद) के स्वीकृत पदों के सापेक्ष रिक्त पदों पर चयन प्रकिया** पत्र सं0 4150, दिनाँक 18.08.2023 **पर निर्गत दिशा निर्देशों के आधार पर नियमानुसार की जायेगी एवं शेष अन्य चिकित्सकीय पदों पर चयन प्रकिया राज्य स्तर से की जायेगी।**

**स्वीकृत पैरामेडिकल पदों एवं चतुर्थ श्रेणी– कुक, वार्ड आया/वार्ड ब्वॉय एवं मल्टी टास्क वर्कर के पदों के सापेक्ष रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया के सम्बन्ध में पृथक से दिशा निर्देश प्रेषित किये जायेंगे। अतः तब तक सभी पैरामेडिकल पदों एवं चतुर्थ श्रेणी पदों पर मानव संसाधन का चयन स्थगित किया जाता है।**

जिला स्वास्थ्य समिति से अनुबंधित ट्रामा सेण्टर/चिकित्सालय में तैनात संविदा मानव संसाधन (आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत् कर्मियों के अतिरिक्त) पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मानव संसाधन नीति में जनपदीय संविदा कर्मियों हेतु उल्लिखित नियम शर्तें लागू होंगे। साथ ही राष्ट्रीय

स्वास्थ्य मिशन के स्टेट हेल्थ एक्शन प्लान वर्ष 2023–24 के पृष्ठ सं0 213 से 222 पर अंकित नियम शर्तों का संज्ञान लेने का कष्ट करें। जनपद द्वारा समस्त भुगतान FAMS Software का प्रयोग करते हुए PFMS Portal के माध्यम से किया जायेगा, जिससे कि उपलब्ध बजट का अनुश्रवण किया जा सके। प्रत्येक मद में स्वीकृत धनराशि की सीमा तक वित्तीय नियमों का शत–प्रतिशत् अनुपालन सुनिश्चित करते हुए व्यय/भुगतान किया जायेगा।

उपरोक्त के क्रम में सम्बन्धित द्वारा जिला चिकित्सालय सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत पत्र 1914–3, दिनाँक 06.07.2024 के माध्यम से प्रेषित प्रपत्र पर **स्वीकृत मानव संसाधन सम्बन्धी वांछित सूचना पत्र प्राप्ति की दिनाँक से 15 कार्यदिवसों में** एवं **मासिक कार्य समीक्षा हेतु** भर कर **प्रत्येक माह की 5 तारीख तक राज्य स्तर पर ई– मेल के माध्यम से districthospitals2.up2024@gmail.com पर प्रेषित करना सुनिश्चित किया जाये।**

## 14.2 डी0एन0बी0 एवं दो वर्षीय पोस्ट एम0बी0बी0एस0 डिप्लोमा कार्यक्रम

अवगत कराना है कि जिला चिकित्सालय सृदुढ़ीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित डी0एन0बी0 कार्यक्रम एवं दो वर्षीय पोस्ट एम0बी0बी0एस0 डिप्लोमा कार्यक्रम हेतु धनराशि रू0 1969.26 लाख का आवंटन इस कार्यालय के पत्र एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/डी0एच0एस0/1/2024–26/1560–3, दिनाँक 18.06.2024 के माध्यम से किया गया है, का संज्ञान लेने का कष्ट करें एवं आवंटित बजट का व्यय नियमानुसार वास्तविकता के अनुसार करना सुनिश्चित करें।

उक्त पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है कि जिला चिकित्सालय सृदुढ़ीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत गत् वर्ष 2023–24 में इस कार्यालय के पत्र, दिनाँक 19.05.2023 एवं 23.05.2023 में उल्लिखित दिशा–निर्देशों का अनुपालन निम्न दिशा निर्देशों सहित यथावत् किया जाना है–

### डी0एन0बी0 कोर्स–

### प्रशिक्षार्थियों का मानदेय (एफ0एम0आर0 191.1)–

सभी चिकित्सालयों में एकरूपता से प्रशिक्षार्थियों को स्टाईपेन्ड दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश शासन के पत्रांक 910/चि0–3–2021 दिनांक 25.06.2021 द्वारा स्टाइपेंड प्रथम वर्ष में धनराशि रू0 70,000/– प्रतिमाह, द्वितीय वर्ष मे धनराशि रू0 72,000/– प्रतिमाह,तथा तृतीय वर्ष में धनराशि रू0 74,000/प्रति माह की दर से निर्धारित की गई है, तदनुसार जनपदों को धनराशि आवंटित की जा रही है। नवीन आवेदित विभागों के एक्रीडिटेशन के परिणाम घोषित होने के पश्चात् स्वीकृत सीटों के आधार पर बजट पृथक से आवंटित किया जायेगा। सेकेण्ड्री सीटों के विद्यार्थियों को भी प्रथम वर्ष में रू0 72,000/–प्रतिमाह तथा अन्तिम वर्ष में रू0 74000/–प्रतिमाह की दर से स्टाइपेंड का भुगतान किया जायेगा। आवंटित धनराशि का व्यय प्रशिक्षार्थियों की उपलब्धता के अनुसार वास्तविकता के आधार पर किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि एक वित्तीय वर्ष में प्रशिक्षार्थी दो विभिन्न शैक्षिक वर्षों में अध्ययन करते हैं। चिकित्सालयों में स्वीकृत प्राइमरी सीटों तथा अपेक्षित सेकेण्ड्री सीटों के आधार पर स्टाइपेन्ड हेतु धनराशि का आवंटन किया गया है।

### राजकीय चिकित्सकों हेतु प्रोत्साहन भत्ता– (एफ0एम0आर0 191.2) –

डी0एन0बी0 कोर्स के अन्तर्गत फैकल्टी के रूप में कार्यरत राजकीय चिकित्सकों के द्वारा अपने दैनिक कार्यों, दायित्वों के साथ–साथ शिक्षण एवं प्रशिक्षण का भी कार्य किया जाता है। इसके लिए प्रति लेक्चर/थ्योरी क्लासेज़ लेने के लिए प्रोत्साहन धनराशि रू0 2,000/– प्रति लेक्चर स्वीकृत है। नेशनल बोर्ड ऑफ इग्ज़ैमिनेशन (एन0बी0ई0) के मानकों के अनुसार सप्ताह में कम से कम 10 घंटे, जिसमें से

5 घंटे प्रायोगिक कक्षाएं एवं 5 घंटे थ्योरी की कक्षाएं ली जायेंगी। इस प्रकार प्रति विषय प्रति सप्ताह 75 मिनट के कम से कम 4 क्लासेज़ लिये जायेंगे।

## सीनियर रेजीडेन्ट्स (एस0आर0) का मानदेय (एफ0एम0आर0 191.3 )–

वर्ष 2024–25 हेतु कुल 49 सीनियर रेजीडेन्ट्स के पदो हेतु मानदेय रू0 1,25,000/प्रतिमाह की दर से 12 माह के लिए स्वीकृति प्राप्त है (इन्क्रीमेंट/लॉयल्टी बोनस हेतु भारत सरकार द्वारा स्वीकृति नही दी गई)। आवंटित धनराशि का व्यय सीनियर रेजीडेन्ट्स की उपलब्धता के अनुसार वास्तविकता के आधार पर किया जायेगा। सीनियर रेजीडेन्ट्स के मानदेय के साथ–साथ निम्नलिखित शर्तें/कन्डीशनैलिटीज़ निर्धारित की जा रही हैः–

- सीनियर रेजीडेन्ट्स आकस्मिक सेवाओं में पूर्ण योगदान देंगे।
- शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्य के साथ–साथ चिकित्सा उपचार के कार्यों में भी पूर्ण योगदान देगें।
- सीनियर रेजिडेंट्स की उपस्थिति चिकित्सालय में डी0एन0बी0 कोर्स हेतु एन0बी0ई0 के अनुसार मान्यता प्राप्त करने में सहायक है। अतः सीनियर रेजीडेन्ट्स के चयन के सम्बन्ध में मिशन निदेशक के पत्र एस.पी.एम.यू./नियोजन/38/2017–18/13290–2 दिनॉक 26.03.2018 के माध्यम से निर्गत दिशा–निर्देशों एवं एन0बी0ई0 के मानकों का पालन किया जायेगा।

आवंटित धनराशि का व्यय सीनियर रेजीडेन्ट्स के कार्यकाल के अनुसार वास्तविकता के आधार पर किया जायेगा।

## सेटिंग–अप/रनिंग लाइब्रेरी (एफ0एम0आर0 191.4) –

नेशनल बोर्ड ऑफ इग्ज़ैमिनेशन (एन0बी0ई0) द्वारा लाइब्रेरी की स्थापना एवं क्रियाशीलता पर विशेष बल दिया गया है। इस हेतु वर्तमान में 7 लाइब्रेरियन कम प्रोग्राम अस्सिटेंट कार्यरत् हैं। उनके मानदेय सम्बन्धी धनराशि का आवंटन किया जा रहा है। आवंटित धनराशि का व्यय लाइब्रेरियन कम प्रोग्राम असिस्टेंट के कार्यकाल के अनुसार वास्तविकता के आधार पर किया जायेगा।

**नोट–**

1. वर्ष 2020 में डॉ0 राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय के आयुर्विज्ञान संस्थान में परिवर्तित एवं चिकित्सा शिक्षा का स्थानांतरित होने के कारण वर्तमान में डी0एन0बी0 कोर्स का संचालन नहीं किया जा रहा अतः सम्बन्धित चिकित्सालय हेतु भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024–25 में डी0एन0बी0 कोर्स के लिए किसी मद में स्वीकृति प्राप्त नही हुई है, अतः डॉ0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में लाईब्रेरियन कम प्रोग्राम असिस्टेंट का पद समाप्त कर दिया गया है।
2. वित्तीय वर्ष 2024–25 में भारत सरकार द्वारा लाइब्रेरियन कम प्रोग्राम असिस्टेंट के पद पर स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है एवं उक्त पद के स्थान पर सेटिंग–अप/रनिंग लाइब्रेरी के नाम से धनराशि अनुमोदित की गई है।
3. वर्तमान में कार्यरत लाइब्रेरियन कम प्रोग्राम असिस्टेंट के पद हेतु मानदेय रू 33,075/– प्रति माह के अनुसार भारत सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है (इन्क्रीमेंट/लॉयल्टी बोनस हेतु भारत सरकार द्वारा स्वीकृति नहीं दी गई)।

## डी0एन0बी0 कार्यक्रम के संचालन हेतु वित्तीय रख–रखाव एवं शासकीय कार्य हेतु प्रोत्साहन धनराशि (एफ0एम0आर0 191.5)–

कार्यक्रम के अर्न्तगत वित्तीय रख–रखाव एवं शासकीय कार्य सम्पादित करने के लिए प्रमुख/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा नामित अधिकारी (एम0बी0बी0एस0) हेतु रू0 10,000.00 प्रतिमाह की दर से धनराशि का आवंटन किया गया है। उक्त धनराशि निदेशक/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/अधीक्षिका द्वारा नामित (उनके अलावा अन्य कार्यरत राजकीय चिकित्सक) को देय होगा। आवंटित धनराशि का व्यय वास्तविकता के आधार पर किया जायेगा।

## बुक्स एवं जर्नल्स (एफ0एम0आर0 191.8) –

कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित लाइब्रेरी हेतु बुक्स के लिए रु0 1.00 लाख प्रति विषय एवं जर्नल्स हेतु रु0 1.00 लाख प्रति विषय की दर से भारत सरकार द्वारा प्रदान की गई स्वीकृति के सापेक्ष धनराशि का आवंटन किया गया है।

## रोटेशनल पोस्टिंग हेतु धनराशि (एफ0एम0आर0 191.10) –

नैशनल बोर्ड ऑफ एग्ज़ामिनेशन के दिशा–निर्देशानुसार डी0एन0बी0 प्रशिक्षार्थियों के लिए रोटेशनल पोस्टिंग अनिवार्य मानकों में से एक है। लखनऊ के 3 चिकित्सालयों (बलरामपुर जिला चिकित्सालय, डॉ0 एस0पी0एम0 चिकित्सालय, वीरांगना अवन्ती बाई महिला चिकित्सालय) द्वारा किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के साथ रोटेशनल पोस्टिंग के लिए एम0ओ0यू0 हस्ताक्षरित किया गया है, जिसके अनुसार रोटेशनल पोस्टिंग का भुगतान प्रति अभ्यर्थी प्रतिमाह रु0 20,000.00 (बीस हजार मात्र) किया जाना है।

# दो वर्षीय पोस्ट एम0बी0बी0एस0 डिप्लोमा कार्यक्रमः–

## प्रशिक्षार्थियों का मानदेय (एफ0एम0आर0 191.11)–

सम्बन्धित चिकित्सालयों में अध्ययनरत् जूनियर रेजीडेन्ट्स को देय स्टाइपेण्ड प्रथम वर्ष में रू0 70,000/– प्रतिमाह, द्वितीय वर्ष मे धनराशि रू0 72,000/– प्रतिमाह की दर से आवंटन किया गया है। नवीन आवेदित विभागों के एक्रीडिटेशन के परिणाम घोषित होने के पश्चात् स्वीकृत सीटों के आधार पर बजट पृथक से आवंटित किया जायेगा।

## राजकीय चिकित्सकों हेतु प्रोत्साहन भत्ता (एफ0एम0आर0 191.12)–

दो वर्षीय पोस्ट एम0बी0बी0एस0 डिप्लोमा कार्यक्रम के अन्तर्गत फैकल्टी के रूप में कार्यरत राजकीय चिकित्सकों तथा अन्य सहयोगी विभागों के चिकित्सकों द्वारा अपने दैनिक कार्यों, दायित्वों के साथ–साथ शिक्षण एवं प्रशिक्षण का भी कार्य किया जाएगा, जिसके लिए प्रति लेक्चर/थ्योरी क्लासेज़ हेतु प्रोत्साहन धनराशि रू0 2,000/– प्रति लेक्चर स्वीकृत की गई है। नेशनल बोर्ड ऑफ इग्ज़ैमिनेशन (एन0बी0ई0) के मानकों के अनुसार सप्ताह में कम से कम 10 घंटे, जिसमें से 5 घंटे प्रायोगिक कक्षाएं एवं 5 घंटे थ्योरी की कक्षाएं ली जायेंगी। इस प्रकार प्रति विषय सप्ताह में 75 मिनट के कम से कम 4 क्लासेज़ लिये जायेंगे।

## बुक्स एवं जर्नल्स (एफ0एम0आर0 191.15) –

कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित लाइब्रेरी हेतु बुक्स के लिए रु0 1.00 लाख प्रति विषय एवं जर्नल्स हेतु रु0 1.00 लाख प्रति विषय की दर से भारत सरकार द्वारा प्रदान की गई स्वीकृति के सापेक्ष धनराशि का आवंटन किया गया है।

साथ ही अवगत कराना है कि नवीन आवेदित विभागों के एक्रिडिटेशन के परिणाम घोषित होने के पश्चात् सम्बन्धित सभी एक्रिडिटेड डी0एन0बी0/डिप्लोमा कोर्सेज़ सम्बन्धी बजट पृथक से आवंटित किया जाएगा।

दो वर्षीय पोस्ट एम0बी0बी0एस0 डिप्लोमा कार्यक्रम एवं डी0एन0बी0 कार्यक्रम सम्बन्धी बजट के आवंटन का विस्तृत विवरण सुलभ सन्दर्भ हेतु चिकित्सालयवार, जनपदवार एवं मदवार कार्यालय के पूर्व प्रेषित पत्र एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/डी0एच0एस0/1/2024–26/1560–3, दिनाँक 18.06.2024 के साथ संलग्न किया गया है। जनपद द्वारा समस्त भुगतान FAMS Software का प्रयोग करते हुए PFMS Portal के माध्यम से किया जायेगा, जिससे कि उपलब्ध बजट का अनुश्रवण किया जा सके प्रत्येक मद में स्वीकृत धनराशि की सीमा तक वित्तीय नियमों का शत–प्रतिशत् अनुपालन सुनिश्चित करते हुए व्यय/भुगतान किया जायेगा। साथ ही उक्त से सम्बन्धित व्यय विवरण प्रतिमाह पूर्व में उपलब्ध कराये गये प्रपत्र पर ससमय राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय में (ई–मेल dnb.up2024@gmail.com) पर उपलब्ध करवाना सुनिश्चित किया जाये। उपरोक्त दिशा–निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करते हुए आंवटित बजट का उपयोग नियमानुसार वास्तविकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें।

# 15. आयुष

# 15.1 आयुष औषधियों के क्रय एवं भण्डारण हेतु दिशा–निर्देश

जनपदों को CHC/PHC/DH हेतु आयुष औषधियों के क्रय एवं भण्डारण तथा पंचकर्म इकाई के लिए आयुष औषधियों के क्रय हेतु धनराशि आवंटित की जा रही है। धनराशि का उपयोग निम्नलिखित दिशा–निर्देशों के अनुरूप किया जाना है–

1. आवंटित की जा रही धनराशि के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिये आवश्यक आयुष औषधियों की आवश्यकता का आंकलन एवं निर्धारण किया जाय तथा तद्नुसार क्रय जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति की अध्यक्षता में निम्नवत् गठित समिति द्वारा दिशा–निर्देशों का पालन करते हुये किया जाये–
   - (i) मुख्य चिकित्साधिकारी – सदस्य सचिव।
   - (ii) जिला होम्योपैथिक अधिकारी – सदस्य।
   - (iii) क्षेत्रीय आयुर्वेद/यूनानी चिकित्साधिकारी – सदस्य।
   - (iv) वित्त एवं लेखाधिकारी, कार्यालय, मुख्य चिकित्साधिकारी – सदस्य।
   - (v) जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0आर0एच0एम0 – सदस्य।
2. आयुष औषधियों और दवाईयों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, मेसर्स इंडियन मेडिसिन फार्मास्यूटिकल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (भारत सरकार) के अन्तर्गत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से अथवा राज्य सरकारों के अन्तर्गत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, अपनी स्वयं की विनिर्माण इकाईयों में निर्माण करने तथा सुव्यवहार (जीएमपी) का अनुपालन करने वाले सहकारिता संस्थानों से प्राप्त औषधियों के लिए कम से कम 50 प्रतिशत प्रदत्त अनुदान का उपयोग किया जाना चाहिए।
3. आयुष विभाग, भारत सरकार द्वारा आयुर्वेद, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी की आवश्यक औषधि सूची के अनुसार और वैध विनिर्माण अनुज्ञप्ति धारक अन्य उत्तम विनिर्माण व्यवहार (जीएमपी) वाली अनुपालन ईकाईयों से औषधियों प्राप्त करने के लिए मिशन के तहत प्रदत्त शेष अनुदान सहायता का उपयोग औषधियों को खरीदने के लिए किया जा सकता है।
4. शास्त्रीय औषधियां क्षेत्रीय आवश्यकतानुसार भारत सरकार के आयुष मंत्रालय की Essential Drug List (EDL) for AYUSH के अनुरूप क्रय की जायें, जो एन0एच0एम0 की वेबसाइट– www.upnrhm.gov.in पर उपलब्ध है।
5. आयुष औषधियां क्रय करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि प्रत्येक सम्बन्धित औषधि के प्रत्येक बैच का किसी अनुमोदित प्रयोगशाला या नेशनल एक्रिडेटेड बोर्ड ऑफ टेस्टिंग केलिबेरेशन लेबोरेटरीज (एन0ए0बी0एल0) द्वारा मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला द्वारा परीक्षण कर लिया गया है। प्रयोगशाला रिपोर्ट की प्रति सुरक्षित रखी जायेगी।
6. जनपदों में आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथिक चिकित्सको की उपलब्धता एवं आवश्यकतानुसार औषधियों का क्रय चिकित्सा इकाईयों पर तैनात चिकित्सकों की विधानुसार किया जाये एवं क्रय की जाने वाली औषधियों की मात्रा आवश्यकतानुसार सुनिश्चित की जाय, यानि कि अधिक उपयोग वाली औषधियां अधिक मात्रा में कम उपयोग आने वाली औषधियां कम मात्रा में क्रय की जायें।
7. आयुष औषधियों के क्रय हेतु उपलब्ध धनराशि से आयुष विधा की औषधियां पर्याप्त मात्रा में क्रय के पश्चात् अवशेष धनराशि से आयुष की जिस विधा की औषधि की अतिरिक्त आवश्यकता हो, का जिला स्वास्थ्य समिति के अनुमोदनोपरान्त उपरोक्तवत् गठित क्रय समिति द्वारा दिशा–निर्देशों का पालन करते हुये नियमानुसार किया जाय।
8. आयुष औषधियों के क्रय–आदेश की एक प्रति gmayushnrhm03@gmail.com पर भी प्रेषित की जाय।

9. आयुष औषधियों के वितरण हेतु शीशियां इत्यादि आवश्यकतानुसार संबंधित चिकित्सालय के आर0के0एस0 अनटाईड फन्ड से नियमानुसार क्रय की जायें।

10. क्रय की गयी आयुष औषधियों का भण्डारण जनपद स्तरीय सी0एम0एस0डी0 में किया जायेगा। जहां से औषधि भण्डारण नियमों का पालन करते हुए आवश्यकतानुसार जनपद के चिकित्सालयों में वितरण हेतु आवंटित करते समय औषधि प्राप्ति एवं अवसान तिथि (एक्सपायरी दिनांक) का अंकन सुनिश्चित किया जाये, जिससे शीघ्र एक्सपायर होने वाली औषधियों को प्राथमिकता के आधार पर समय से पूर्व वितरण सुनिश्चित किया जा सके।

11. जनपद स्तरीय सी0एम0एस0डी0 में आयुष मद में क्रय की गयी औषधियों हेतु अलग स्टॉक रजिस्टर बनाया जायेगा, जिसमें आपूर्ति की गयी औषधियों का सम्पूर्ण विवरण तथा उनका विभिन्न चिकित्सालयों में वितरण अंकित किया जायेगा। इसी प्रकार समस्त चिकित्सालयों में भी अलग से आयुष औषधियों का स्टॉक रजिस्टर बनाया जायेगा, जिसमें प्राप्ति एवं वितरण अंकित किया जायेगा।

12. चिकित्सालय स्तर पर आयुष औषधियों की प्राप्ति/वितरण का कार्य एवं अभिलेखों का रख–रखाव आयुष फार्मासिस्ट द्वारा किया जायेगा। आयुष फार्मासिस्ट की अनुपलब्धता की स्थिति में उक्त कार्य संविदा आयुष चिकित्सक द्वारा किसी अन्य कार्मिक के सहयोग से किया जायेगा।

13. आयुष औषधियों की एक्सपायरी दिनांक पंजिका अलग से बनायी जायेगी तथा स्टोर कीपर द्वारा प्रतिमाह समीक्षा सुनिश्चित की जायेगी। एक्सपायरी दिनांक के अतिरिक्त भौतिक एवं रासायनिक परिवर्तन अथवा फंगस आदि का प्रकोप होने पर औषधि वितरण रोक कर सम्बन्धित अधिकारियों से परामर्श लिया जायेगा।

14. शेल्फ लाइफ, आपूर्ति के समय औषधि के अवसान (एक्सपायर) होने की निर्धारित अवधि की कम से कम 75 प्रतिशत अवश्य होनी चाहिये तथा निर्माण की तिथि 6 माह से अधिक पुरानी न हो।

15. आयुष औषधियों के वितरण सम्बन्धित अभिलेख जैसे इन्डैन्ट बुक, इशु रजिस्टर, डेली एब्सट्रैक्ट रजिस्टर आदि का नियमानुसार रख–रखाव सुनिश्चित किया जायेगा।

16. आयुष औषधि के क्रय, भण्डारण एवं वितरण की त्रैमासिक समीक्षा उपर्युक्त समिति द्वारा की जायेगी तथा उसकी आख्या मुख्यालय को उपलब्ध करायी जायेगी।

17. मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा नामित जनपद स्तर पर तैनात एक आयुष चिकित्सक एवं एक आयुष फार्मासिस्ट को अपने चिकित्सालय के नियमित कार्य के अतिरिक्त सी0एम0एस0डी0 स्टोर में मुख्य फार्मासिस्ट के सहयोग से आयुष औषधियों के रख–रखाव, भण्डारण तथा प्राप्ति एवं वितरण की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी जायेगी।

18. आयुष औषधियों हेतु जनपदवार आवंटित धनराशि का उपयोग कर प्रत्येक दशा में उपयोगिता प्रमाण–पत्र आयुष अनुभाग की ई–मेल gmayushnrhm03@gmail.com पर प्रेषित की जायेगी।

19. धनराशि का आवंटन मात्र व्यय करने के लिये प्राधिकृत नहीं करता, अपितु आपरेशनल गाइडलाईन फार फाईनेन्शियल मैनेजमेन्ट में की गयी व्यवस्था, वित्तीय नियमों, शासनादेशों, अन्य प्रभावी संगत नियमों/निर्देशों एवं कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का समस्त स्तरों पर पालन सुनिश्चित करते हुए व्यय नियमानुसार किया जायेगा।

20. धनराशि का व्यय गतिविधि हेतु आवंटित बजट की निर्धारित सीमा तक सभी वित्तीय एवं क्रय नियमों का अनुपालन करते हुये किया जाये। किसी भी प्रकार की अनियमितता के लिए जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी उत्तरदायी होंगे।

## 15.2 पंचकर्म इकाई की Operational Cost हेतु दिशा–निर्देश

मेनस्ट्रीमिंग ऑफ आयुष कार्यक्रम के अंर्तगत, श्री राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय, लखनऊ में संचालित **पंचकर्म इकाई** की Operational Cost (एफ0एम0आर0 कोड–198.6) हेतु धनराशि रू0 5.00 लाख जनपद–लखनऊ को आवंटित की गयी है। उक्त धनराशि का व्यय, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, लोकबन्धु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय, जनपद–लखनऊ के स्तर से सभी वित्तीय एवं क्रय नियमों का अनुपालन करते हुए निम्नलिखित दिशा–निर्देशों के अनुरूप किया जाना है –

1. उक्त धनराशि का प्रयोग पंचकर्म इकाई के सुचारु रुप से संचालन हेतु आवश्यक स्टेशनरी, कन्ज्यूमेबिल्स तथा मरीजों को पंचकर्म क्रिया कराने हेतु आवश्यक सहायक सामग्री हेतु सक्षम अधिकारी से अनुमति के पश्चात् किया जायेगा।
2. उक्त धनराशि का प्रयोग एक वित्तीय वर्ष में पंचकर्म इकाई के आवश्यक उपकरणों की मरम्मत हेतु अधिकतम धनराशि रु0 50,000 की सीमा में किया जा सकता है। अपरिहार्य परिस्थितियों में जिला स्वास्थ्य समिति के समक्ष स्पष्ट प्रस्ताव प्रस्तुत कर अनुमोदनोपरान्त अधिकतम रु0 2.00 लाख सीमा तक भी व्यय किया जा सकता है।
3. उक्त धनराशि का व्यय पंचकर्म विशेषज्ञ (पुरूष/महिला) द्वारा प्रेषित प्रस्ताव के आधार पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक लोकबन्धु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय, जनपद–लखनऊ के अनुमोदनोपरान्त नियमानुसार किया जायेगा।
4. सक्षम अधिकारी से अनुमोदनोपरान्त व्यय की गयी धनराशि का बीजक प्रमाणित कर प्रस्तुत करना होगा, जिस पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा नियमानुसार बीजक की धनराशि का भुगतान सम्बन्धित के खाते में किया जायेगा।
5. पंचकर्म मद से धनराशि के उपयोग के समय सुनिश्चित किया जाय कि उक्त मद में किसी अन्य स्रोत से धनराशि आवंटित न की गयी हो। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाय कि एक कार्यक्रम की धनराशि दूसरे कार्यक्रमों में स्थानान्तरित न की जाय।
6. प्रत्येक व्यय विवरण (एफ0एम0आर0) लेखा पुस्तिकों की प्रविष्टियों से मिलान कर तैयार किया जाय तथा यह भी सुनिश्चित कर लें कि एफ0एम0आर0 में दर्शायी गयी धनराशि एवं लेखापुस्तिकों में प्रविष्टि की गयी धनराशि में मदवार कोई अन्तर न रहे।
7. व्यय से सम्बन्धित समस्त बिल वाउचर्स व अन्य अभिलेखों को अपने स्तर पर सुरक्षित रखना एवं मासिक कान्करेन्ट आडिटर, स्टेट्यूटी आडिटर, महालेखाकार की आडिट एवं सक्षम निरीक्षण अधिकारी हेतु उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
8. मेनस्ट्रीमिंग ऑफ आयुष कार्यक्रम के अन्तर्गत उपरोक्त गतिविधि के सुचारू संचालन के लिए दिशा–निर्देशों के अनुरूप आवंटित वित्तीय सीमा (धनराशि रू0 5.00 लाख) में आपरेशनल गाइडलाइन फार फाइनेन्शियल मैनजमेन्ट में की गयी व्यवस्था, वित्तीय नियमों, शासनादेशों, अन्य प्रभावी संगत नियमों/निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त ही नियमानुसार व्यय किया जायेगा। किसी भी प्रकार की अनियमितता के लिए सक्षम प्राधिकारी/जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी उत्तरदायी होंगें। किसी तरह की त्रुटि अथवा विसंगति दृष्टिगत होने पर मुख्य चिकित्साधिकारी अपनी स्पष्ट अभियुक्ति सहित सूचना ई–मेल gmayushnrhm03@gmail.com पर तत्काल प्रेषित करे।

## 15.3 आयुष मानव संसाधन के मानदेय हेतु दिशा–निर्देश

मानव संसाधन के 12 माह के मानदेय हेतु आवंटित धनराशि का व्यय निम्न दिशा–निर्देशों के अनुरूप किया जाना सुनिश्चित करें:–

1. एफ0एम0आर0 कोड 185.C.S0296 के अन्तर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024–25 में नवीन नियुक्ति/एक वर्ष से कम की सेवा अवधि वाले संविदा आयुष चिकित्सकों को रू0 32,000 प्रतिमाह तथा 5 वर्ष से अधिक सेवा अवधि पूर्ण करने वाले (वर्तमान में कार्यरत) संविदा आयुष चिकित्सकों को अधिकतम रू0 47,195 प्रतिमाह की दर से Basic मानदेय (दिनांक 31 मार्च 2024 को प्रदत्त मानदेय) वास्तविक गणना के आधार पर नियमानुसार देय होगा। उक्त Basic मानदेय पर नियमानुसार 5 प्रतिशत वार्षिक मानदेय वृद्धि देय होगा।
2. एफ0एम0आर0 कोड 185.C.S0297 के अन्तर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024–25 में नवीन नियुक्ति/एक वर्ष से कम की सेवा अवधि वाले (वर्तमान में कार्यरत) संविदा आयुष फार्मासिस्टों को रू0 12,500.00 प्रतिमाह, 5 वर्ष से अधिक सेवा अवधि पूर्ण करने वाले संविदा आयुष फार्मासिस्टों को अधिकतम रू0 17,700.00 प्रतिमाह की दर से Basic मानदेय (दिनांक 31 मार्च 2024 को प्रदत्त मानदेय) वास्तविक गणना के आधार पर नियमानुसार देय होगा। उक्त Basic मानदेय 5 प्रतिशत वार्षिक मानदेय वृद्धि तथा ई0पी0एफ0 देय होगा।
3. एफ0एम0आर0 कोड0 185.C.S0302 के अन्तर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024–25 में नवीन नियुक्ति/एक वर्ष से कम की सेवा अवधि वाले संविदा पंचकर्म विशेषज्ञ को रू0 50,000 प्रतिमाह की दर से देय होगा।
4. जनपद में तैनात संविदा आयुष चिकित्सकों एव फार्मासिस्टों तथा पंचकर्म इकाई में तैनात उन्ही संविदा पंचकर्म विशेषज्ञ को लॉयल्टी/एक्सपीरियंस बोनस प्रदान किया जाना है, जिनके द्वारा मानव संसाधन अनुभाग द्वारा पूर्व प्रेषित पत्र संख्या–300/एस0पी0एम0यू0/डैप–एचआर/लॉयल्टी बोनस 2017– 2018/12448 दिनांक–08.03.2018 तथा पत्र संख्या–300/एस0पी0एम0यू0/डैप–एच आर/लॉयल्टी बोनस 2017– 2018/13035–75 दिनांक– 20 मार्च 2018 में प्रदत्त दिशा–निर्देशों के अनुरूप वर्तमान वित्तीय वर्ष 2021–22 में 03 अथवा 05 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली गयी है।
5. वित्तीय वर्ष 2024–25 में संविदा आयुष फार्मासिस्टों के ई0पी0एफ0 हेतु भारत सरकार द्वारा 13.36 प्रतिशत की दर से प्रदत्त धनराशि एफ0एम0आर0 कोड 185.C.S0297 पर आवंटित धनराशि में सम्मिलित है जो कि तद्समय लागू दर के आधार पर नियमानुसार देय होगा।
6. वित्तीय वर्ष 2024–25 में पंचकर्म इकाई में आउटसोर्सिंग एजेन्सी के माध्यम से तैनात मानव संसाधन (पंचकर्म टेक्नीशियन, पंचकर्म अटेण्डेंट एवं सफाई कर्मी) हेतु ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0, जी0एस0टी0 तथा एजेन्सी चार्जेस, एफ0एम0आर0 कोड 185.C.S0303, 185.C.S0304, 185.C.S0305 पर आवंटित धनराशि में सम्मिलित है।
7. संविदा आयुष चिकित्सकों (विशेषकर संविदा आयुष पुरूष चिकित्सकों) को सर्वप्रथम ऐसे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों जहाँ पर कोई भी चिकित्सक (M.B.B.S./AYUSH) नियमित अथवा संविदा पर तैनात नहीं है, पर तैनात करते हुये उनकी उपस्थिति सुनिश्चित की जाय। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाय कि जनपद स्तर पर संचालित आयुष विंग में तीनों विधा के एक–एक संविदा आयुष चिकित्सक एवं यथासंभव फार्मासिस्ट तैनात रहें।
8. यदि जनपद के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्सक उपलब्ध हो, ऐसी स्थिति में चिकित्सा इकाईयों के कार्य की आवश्यकता के आधार पर संविदा आयुष चिकित्सकों की तैनाती की जाय।
9. स्वास्थ्य इकाईयों पर जिस विधा का संविदा आयुष चिकित्सक तैनात किया जा रहा है, वहाँ पर उसी विधा के संविदा आयुष फार्मासिस्ट की तैनाती तथा आयुष औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय । साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाय कि किसी भी स्वास्थ्य इकाई (PHC/CHC/DH) पर संविदा आयुष फार्मासिस्ट की तैनाती संविदा आयुष चिकित्सकों के बिना न की जाये।
10. आवंटित धनराशि का वित्तीय सीमा में सभी शासकीय एवं वित्तीय नियमों का पालन करते हुए व्यय किया जाना सुनिश्चित करें, साथ ही उपर्युक्त तालिका में किसी तरह की त्रुटि अथवा विसंगति दृष्टिगत होने पर मुख्य चिकित्साधिकारी अपनी स्पष्ट अभियुक्ति सहित सूचना ई–मेल gmayushnrhm03@gmail.com पर तत्काल प्रेषित करे।

# 16. आई0एम0ई0पी0

## 16.1 प्रदेश के ग्रामीण चिकित्सा इकाईयों यथा एम0सी0एच0 विंग (50 एवं 30 शैय्या हेतु), ट्रामा सेन्टर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं मेडिकल केयर यूनिट पर साफ–सफाई व्यवस्था, रख–रखाव, गार्डनिंग एवं लाण्ड्री सेवाओं सम्बन्धी दिशा–निर्देश।

आप अवगत है कि प्रदेश सरकार जनसामान्य को गुणवत्तापरक चिकित्सकीय सेवाये उपलब्ध कराने के लिये दृढसंकल्प है। गुणवत्तापरक चिकित्सा सेवाओं के लिये चिकित्सालय में सफाई व्यवस्था तथा स्वच्छ वातावरण आवश्यक है। ग्रामीण चिकित्सा इकाईयों यथा एम0सी0एच0 विंग, ट्रामा सेन्टर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं मेडिकल केयर युनिट पर साफ–सफाई व्यवस्था, रख–रखाव, गार्डनिंग एवं लाण्ड्री सेवाओं के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश निम्नवत् हैः–

प्रदेश के ग्रामीण चिकित्सा इकाईयों यथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, एम0सी0एच0 विंग (50 एवं 30 श्यया हेतु), ट्रामा सेन्टर, एवं मेडिकल केयर युनिट पर साफ–सफाई व्यवस्था, रख–रखाव एवं लाण्ड्री का कार्य जिला स्तर से जैम पोर्टल के माध्यम से निविदा कराते हुये जिला स्वास्थ्य समिति के अनुमोदनोंपरान्त कार्य कराया जाये।

**आउटसोर्सिंग के माध्यम से सेवा प्रदाता एजेन्सी का चयनः–**

- मुख्य चिकित्साधिकारी जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से निविदा प्रक्रिया के द्वारा श्रम विभाग में पंजीकृत ऐसी सेवा प्रदाता एजेन्सी का चयन कर लें, जिसका चिकित्सालय की साफ–सफाई, रख–रखाव तथा लाण्ड्री सेवाओं के क्षेत्र में कार्य करने का कम से कम 05 वर्ष का अनुभव हो।
- जनपद स्तर पर सेवाप्रदाता एजेन्सी का स्वतंत्र कार्यालय/कार्यशाला स्थापित हो तथा पर्याप्त प्रशिक्षित मानव संसाधन एवं लाण्ड्री से सम्बन्धित उपकरणों की उपलब्धता हो। इस आशय के प्रमाणित साक्ष्य, फोटोग्राफ्स एवं कर्मचारियों के पूर्ण विवरण (नाम, पता, उम्र सहित) टेण्डर के साथ प्राप्त कर लिये जाये।
- सेवा प्रदाता एजेन्सी चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के किसी अधिकारी/कर्मचारी के परिवार एवं उसके नजदीकी रिश्तेदार की न हो।
- सेवाप्रदाता एजेन्सी के चयन में भारत सरकार द्वारा सम्बन्धित वित्तीय वर्ष में स्वीकृत धनराशि की सीमा को ध्यान में रखते हुये ही दरों का निर्धारण किया जाये।

**सेवा प्रदाता एजेन्सी के साथ अनुबन्ध में शामिल करने हेतु आवश्यक बिन्दुः–**

- एम्बयूलेटरी एरिया (OPD, Emergency, Lab), प्रोसीजर एरिया, ऑग्जिलरी एरिया, वार्ड, लॉबी, खुली जगह (Kitchen, Pharmacy, Laundry, Admin Office, Garden & Open Area. etc) तथा स्नान गृह व शौचालय की साफ सफाई नियमित रूप से प्रतिदिन की जायेगी।
- चिकित्सालयों मे शौचालयों की सफाई प्रतिदिन कम से कम 03 बार की जायेगी। शौचालय के दरवाजे पर निर्धारित प्रारूप के अनुसार मासिक कलेण्डर चस्पा किया जाये जिस पर प्रतिदिन (प्रातः, दोपहर एवं शाम) सफाई करने का समय तथा सफाई कर्मी के हस्ताक्षर अंकित किये जायें।
- प्रत्येक प्रसव के बाद प्रसव कक्ष की सफाई की जाए, ताकि स्वच्छता की गुणवत्ता की मानिटरिंग सुनिश्चित हो सके।
- चिकित्सालय में प्रसूता एवं अन्य रोगियो को फ्रेश धुले हुए चादर/तकिया आदि बांसी कागज के लिफाफो में देते हुये रजिस्टर में उपलब्ध कराये गये वस्त्रों की तारीख व समय अंकित कर लाभार्थी के हस्ताक्षर कराए जायें। सभी अभिलेख कार्यालय में सुरक्षित रखे जायें।
- सेवा प्रदाता के साथ एम0ओ0यू0 में यह अवश्य दर्शाया जाए कि यदि सेवा प्रदाता एजेन्सी वांछित सेवाएं 02 महीने के अन्दर प्रदान नहीं करती है तो अनुबन्ध समाप्त कर दिया जायेगा। अनुबन्ध में गुणवत्तापरक एवं ससमय कार्य न करने पर नियमानुसार पेनाल्टी का भी प्राविधान किया जाये।
- स्वच्छ वातावरण के अर्न्तगत स्वच्छ चिकित्सालय परिसर, यथास्थान पर कूडादान की व्यवस्था एवं स्वच्छ पेयजल व्यवस्था इत्यादि आते है।
- Hospital upkeep (रख–रखाव) के अन्तर्गत एनिमल एवं पेस्ट कन्ट्रोल (एन्टीटरमाइट, रोडेन्ट, इन्सेक्ट कन्ट्रोल, मच्छरों से बचाव हेतु खिडकियों एवं दरवाजों में जाली की व्यवस्था), गार्डनिंग एवं खुली जगह का रख–रखाव तथा रिमूवल ऑफ जंक मैटेरियल आते है।
- सफाई व्यवस्था के अन्तर्गत Functional Areas की साफ–सफाई उनके जोखिम स्तर (उच्च, मध्यम एवं सामान्य) के अनुरूप नियमानुसार समयावधि में करायी जाये।

**वित्तीय व्यवस्था–भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 की आर0ओ0पी0 में FMR Code-175.2 के अन्तर्गत–**

आउटसोर्सिंग के माध्यम से मेडिकल केयर यूनिट, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, एम0सी0एच0 विंग (50 एवं 30 शैय्या) एवं ट्रामा सेन्टर की सफाई व्यवस्था, गार्डनिंग तथा लाण्ड्री सेवाओं हेतु धनराशि रू0 9625.45 लाख (रू0 2400.00 प्रति शैय्या प्रति माह की दर से) की स्वीकृत गयी है।

- स्वीकृत धनराशि का उपयोग चिन्हित चिकित्सालयों मेडिकल केयर युनिट, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, एम0सी0एच0 विंग (50 एवं 30 शैय्या) एवं ट्रामा सेन्टर में नियमित साफ–सफाई, गार्डनिंग एवं लाण्ड्री सेवाओं जिला स्वास्थ्य समिति के अनुमोदन उपरान्त एन0एच0एम0 फाइनेन्सियल मैनुअल के वित्तीय नियमों के प्राविधानों के अनुसार निविदा कराकर सेवा प्रदाता एजेन्सी द्वारा कार्य प्रारम्भ करने की वास्तविक तिथि से किया जाये।
- धनराशि का व्यय–विवरण मुख्य चिकित्साधिकारी के स्तर से मासिक वित्तीय रिपोर्ट में महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाए, उत्तर प्रदेश तथा एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0 में प्रति माह उपलब्ध कराया जाये।
- समस्त भुगतान फैम्स साफ्टवेयर का प्रयोग करते हुए PFMS पोर्टल के माध्यम से किया जायेगा, जिससे कि व्यय धनराशि एव उपलब्ध बजट का अनुश्रवण किया जा सके।
- जिला स्वास्थ्य समिति को आवंटित धनराशि का उपयोग नियमों की परिधि में सुनिश्चित करें।
- मुख्य चिकित्साधिकारी की जिम्मेदारी होगी कि सेवा प्रदाता एजेन्सी का नाम एवं विवरण विभागीय वेबसाइट पर प्रदर्शित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।
- स्टेट बजट अथवा अन्य किसी योजनाओं से यदि उक्त मद में कोई धनराशि प्राप्त होती है, तो एन0एच0एम0 द्वारा अवमुक्त धनराशि का उपयोग न किया जाये तथा प्रकरण को महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ एवं मिशन निदेशक, एन0एच0एम0, उ0प्र0 के संज्ञान में लाया जाये, जिससे की किसी भी प्रकार की डुप्लीकेसी के कारण भविष्य में होने वाले अनावश्यक विधिक वाद की संभावनाओं से बचा जा सकें।

**<u>नियमित अनुश्रवण एवं मूल्यांकनः–</u>**

1. नियमित अनुश्रवण एवं मूल्यांकन का कार्य अधीक्षक/प्रत्येक जनपद की क्वालिटी एश्योरेंस टीम (DQAC) के सदस्यों द्वारा किया जायेगा।
2. जिला अधिकारी द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति एवं विभागीय कार्यक्रम समीक्षा बैठकों में ग्रामीण चिकित्सा इकाईयों में सफाई व्यवस्था का नियमित अनुश्रवण किया जाए।
3. राज्य स्तरीय, मण्डल स्तरीय तथा जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा समय–समय पर क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान चिकित्सालयों की सफाई व्यवस्था का अनुश्रवण किया जायेगा, जिससे जनता को गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें।

यदि किसी जनपद में वर्ष 2023–24 में चिकित्सालयों की साफ–सफाई, रख–रखाव तथा लाण्ड्री सेवाओं हेतु जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से उपरोक्तवत् नियमानुसार सेवा प्रदाता एजेन्सी का चयन किया गया है, तो जिला स्वास्थ्य समिति से अनुमोदन प्राप्त कर अपरिहार्य परिस्थितियों में अगली निविदा होने तक वर्ष 2024–25 हेतु सेवाएं ली जा सकती है।

## <u>16.2 प्रदेश के जनपद स्तरीय चिकित्सालयों में मशीनीकृत/मैनुअल लाण्ड्री सेवाएं</u>

अवगत कराना है कि एन0एच0एम0 योजना अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 की आर0ओ0पी0 में जिला स्तरीय चिकित्सालयों एवं एम0सी0एच0 विंग (100 एव 200 शैय्या) हेतु भारत सरकार द्वारा मशीनीकृत लाण्ड्री के लिये कुल धनराशि रू0 3906.03 लाख अनुमोदित की गयी है। जनपद स्तरीय चिकित्सालयों में लाण्ड्री सेवाओं हेतु एफ0एम0आर0 कोड– 175.5 में 06 माह (अप्रैल 24 से सितम्बर 24) के लिए कुल धनराशि रू0 1296.37 लाख (रू0 बारह करोड़, छियानबे लाख 37 हजार मात्र) जी0एस0टी0 सहित जिला स्वास्थ्य समिति के खाते में अवमुक्त/आवंटित की जा रही है। शेष माह हेतु धनराशि शीघ्र ही अवमुक्त/आवंटित की जायेगी। जिला स्वास्थ्य समिति से अनुमोदन के उपरान्त इस धनराशि का उपयोग वर्ष 2024–25 में सेवाप्रदाता एजेन्सी द्वारा किए गए वास्तविक कार्य के अनुसार किया जायेगा।

- वित्तीय वर्ष 2023–24 में लाण्ड्री सेवाओं हेतु एफ0एम0आर0 कोड– 175.5 के अन्तर्गत केन्द्रीकृत निविदा के आधार पर चयनित अनुबन्धित 44 जिला स्तरीय चिकित्सालयों एवं 07 एम0सी0एच0

विंग (100 शैय्या) में मशीनीकृत लाण्ड्री तथा शेष जिला स्तरीय चिकित्सालयों/एम0सी0एच0 विंग (100/200 शैय्या) में मैनुअल लाण्ड्री की व्यवस्था है।

- जिन जिला स्तरीय चिकित्सालयों हेतु मैनुअल लाण्ड्री की निविदा जिला स्तर से की गयी है उन चिकित्सालयों में केन्द्रीयकृत निविदा पूर्ण होने तक पूर्ववत् नियम एवं शर्तों के अनुसार जारी रहेगी।
- केन्द्रीयकृत निविदा के माध्यम से मैकेनाइज्ड लाण्ड्री की व्यवस्था हेतु एजेन्सियों के चयन एवं अनुबन्ध के उपरान्त प्राप्त दरों के आधार पर भुगतान किया जायेगा।

जिन जिला स्तरीय चिकित्सालयों में केन्द्रीयकृत अनुबन्ध नहीं हुआ है उन चिकित्सालय में अधिकतम रू0 500/बेड/माह (जी0एस0टी0 अतिरिक्त) की दर से मैनुअल लाण्ड्री की व्यवस्था जिला स्तर से जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा करते हुए जिला स्वास्थ्य समिति के अनुमोदन उपरान्त कार्य का सम्पादन किया जाये। सेवाप्रदाता एजेन्सी के चयन में सम्बन्धित वित्तीय वर्ष में आवंटित धनराशि की सीमा को ध्यान में रखते हुये ही दरों का निर्धारण किया जाये।

- इस धनराशि का उपयोग वित्तीय वर्ष 2024–25 में सेवाप्रदाता एजेन्सी द्वारा कार्य प्रारम्भ करने की वास्तविक तिथि से किया जाये।
- मशीनीकृत लाण्ड्री सेवाओं हेतु चयनित सेवा प्रदाता को चिकित्सालय प्रशासन द्वारा चिकित्सालय परिसर में लाण्ड्री सेवाओं हेतु स्थान चिन्हित कर प्रदान किया जायेगा तथा पानी एवं विद्युत की उपलब्धता भी चिकित्सालय प्रशासन द्वारा की जायेगी। विद्युत व्यवस्था हेतु चयनित सेवा प्रदाता द्वारा एक सब मीटर स्थापित किया जायेगा तथा चिकित्सालय प्रशासन को प्रत्येक माह के अन्त में चेक के माध्यम से उपयोग की गयी विद्युत का निर्धारित दरों से भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा।
- सेवा प्रदाता द्वारा मशीनीकृत लाण्ड्री कार्य हेतु प्रदत्त स्थान को 24X7 साफ–सुथरा रखा जायेगा।
- निविदा की शर्तों के अनुरूप पर्याप्त प्रशिक्षित मानव संसाधन एवं सम्बन्धित उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। इस हेतु प्रमाणित साक्ष्य, फोटोग्राफ्स एवं कर्मचारियों के पूर्ण विवरण (नाम, पता, उम्र सहित) प्राप्त कर लिये जाये।
- सेवा प्रदाता द्वारा प्रत्येक जिला स्तरीय चिकित्सालय में न्यूनतम एक सुपरवाईजर की व्यवस्था की जायेगी जोकि सेवा प्रदाता के प्रतिनिधि के तौर पर कार्य करेगा तथा मशीनीकृत लाण्ड्री (एकत्रीकरण, परिवहन, पृथक्कीकरण तथा धुलाई इत्यादि) सेवाओं के सुचारू संचालन हेतु उत्तरदायी होगा।
- सेवा प्रदाता द्वारा मशीनीकृत लाण्ड्री (एकत्रीकरण, परिवहन, पृथक्कीकरण तथा धुलाई इत्यादि) सेवाओं के सुचारू संचालन हेतु अनुबन्ध में उलेखित शर्तों के अनुरूप समुचित संख्या में शारीरिक रूप से स्वस्थ प्रशिक्षित कर्मियों (Supervisor, Washerman, Ironman, Pickup & Delivery man) की व्यवस्था की जायेगी। उक्त कर्मियो के नियुक्ति से पूर्व एवं कार्य के दौरान टीकाकरण की व्यवस्था भी सेवा प्रदाता द्वारा सुनिश्चित की जायेगी।
- सेवा प्रदाता द्वारा उक्त कर्मियों हेतु निर्धारित यूनीफॉर्म, एप्रन तथा अन्य सुरक्षात्मक उपकरणों (Protective Gears) को प्रदान किया जायेगा। जिससे सुरक्षात्मक तरीकों का पालन करते हुये मशीनीकृत लाण्ड्री व्यवस्था (एकत्रीकरण, परिवहन, पृथक्कीकरण तथा धुलाई इत्यादि) सुचारू रूप से संचालित किया जाना सुनिश्चित हो सके।
- सेवा प्रदाता द्वारा अनुबन्ध में उल्लिखित शर्तों के अनुरूप चिकित्सालय की कैटगरी (बेड सं0) के आधार पर निम्नतालिकानुसार मशीनीकृत लाण्ड्री उपकरणों की स्थापना एवं क्रियाशीलता सुनिश्चित की जायेगी।

| Need of set of equipment to cater the linen | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Hospital Category (No. of beds)-** | | **Category A (Upto 150 Beds)** | **Category B (151-300 Beds)** | **Category C (301-450 Beds)** | **Category D (451-600 Beds)** | **Category E (above 600 Beds)** |
| **Particulars** | **Capacity** | **Required No.** | **Required No.** | **Required No.** | **Required No.** | **Required No.** |
| Washing Machine | 30 Kg | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| | 60 Kg | 0 | 1 | 1 | 2 | 2 |
| Hydro Extractor | 15 Kg | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30 Kg | 0 | 1 | 1 | 2 | 2 |
| Drying Tumbler | 30 Kg | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| | 60 Kg | 0 | 1 | 1 | 2 | 2 |
| Steam Press | Medium Size | 2 | 3 | 4 | 4 | 5 |
| Steam Generator | 9 KW | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | 18 KW | 0 | 1 | 1 | 2 | 3 |
| Dry Linen Trolley | 200 Ltr | 4 | 8 | 12 | 15 | 20 |
| Wet Linen Trolley | 200 Ltr | 4 | 8 | 12 | 15 | 20 |
| Folding Table | | 2 | 3 | 4 | 4 | 5 |
| Racks | | 4 | 8 | 12 | 15 | 20 |
| Calendaring Machine | | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 |

- सेवा प्रदाता द्वारा प्रस्तुत बिल का नियमानुसार भुगतान साप्ताहिक परफार्मेन्स रिव्यू (WPR) शीट के प्राप्त प्राप्तांकों के औसत योग के आधार पर निम्न तालिकानुसार किया जायेगाः–

| **Performance Based Payment and Penalities** | |
|---|---|
| **WPR Average Score (out of 100)** | **Percentage of Payment to be Reimbursed of the Gross Bill Amount** |
| 0-20 | No payment |
| 21-40 | 40% |
| 41-60 | 60% |
| 61-70 | 80% |
| 71-80 | 90% |
| 81-100 | 100% |

- चिकित्सालय में बेड–शीट, तकिया–कवर इत्यादि का पर्याप्त भण्डारण सुनिश्चित कर प्रतिदिन बेड–शीट, तकिया–कवर बदला जाना सुनिश्चित करें।
- चिकित्सालय में प्रसूता एवं अन्य रोगियो को फ्रेश धुले हुए चादर/तकिया आदि बांसी कागज के लिफाफो में देते हुये रजिस्टर में उपलब्ध कराये गये वस्त्रों की तारीख व समय अंकित कर लाभार्थी के हस्ताक्षर कराए जायें। सभी अभिलेख कार्यालय में सुरक्षित रखे जायें।
- गंदी, दागदार एवं रक्तरंजित बेड–शीट, तकिया–कवर इत्यादि को हटाकर उनका नियमानुसार पृथक्करण एवं निसंक्रमित किया जाना सुनिश्चित करें।
- स्वीकृत धनराशि का उपयोग एन0एच0एम0 फाइनेन्सियल मैनुअल के वित्तीय नियमों के प्राविधानों के अनुसार किया जाए। धनराशि व्यय करते समय यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि किसी तरह का व्ययावर्तन, Diversion न हो।
- समस्त भुगतान फैम्स साफ्टवेयर का प्रयोग करते हुए PFMS पोर्टल के माध्यम से किया जायेगा, जिससे कि व्यय धनराशि एव उपलब्ध बजट का अनुश्रवण किया जा सके।
- स्टेट बजट अथवा अन्य किसी योजनाओं से यदि उक्त मद में कोई धनराशि प्राप्त होती है, तो किसी भी प्रकार की डुप्लीकेसी एवं भविष्य में अनावश्यक विधिक वाद की संभावनाओं से बचने के लिये उक्त कार्य हेतु अन्य किसी योजना से प्राप्त धन का व्यय न किया जाये तथा प्रकरण को महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं उत्तर प्रदेश एवं मिशन एन0एच0एम0, उ0प्र0 के संज्ञान में लाया जाये।
- जिला स्वास्थ्य समिति में अवमुक्त की गयी धनराशि का उपयोग नियमों की परिधि में सुनिश्चित करें।
- प्रश्नगत धनराशि का व्यय–विवरण प्रमुख/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/अधीक्षिका के स्तर से मासिक वित्तीय रिपोर्ट में महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं उत्तर प्रदेश तथा एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0 में प्रति माह उपलब्ध कराया जाये।
- किसी भी प्रकार के विवाद/मतभिन्नता की अवस्था में अनुबन्ध पत्र में उल्लेखित शर्तों के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

- प्रमुख अधीक्षक/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/अधीक्षिका की जिम्मेदारी होगी कि सेवा प्रदाता एजेन्सी की नियमित रिपोर्टिंग एवं अनुश्रवण तथा बीजको का समयबद्ध भुगतान हेतु शीघ्र कार्यवाही करें।

**अनुश्रवण एवं मूल्यांकन–**

- मशीनीकृत/मैनुअल लाण्ड्री की सेवाओं के नियमित अनुश्रवण एवं मूल्यांकन का मुख्य दायित्व क्वालिटी एश्योरेंस टीम का होगा। इस कार्य में हॉस्पिटल मैनेजर द्वारा प्रमुखता से सहयोग दिया जायेगा।
- जिलाधिकारी द्वारा चिकित्सालयों में मशीनीकृत/मैनुअल लाण्ड्री व्यवस्था का जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक बैठकों एवं विभागीय कार्यक्रमों की समीक्षा बैठकों में नियमित अनुश्रवण किया जाए।
- जनता को गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने हेतु राज्य, मण्डल तथा जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान चिकित्सालयों की मशीनीकृत/मैनुअल लाण्ड्री व्यवस्था का अनुश्रवण किया जायेगा।

## 16.3 जनपद स्तरीय चिकित्सालयों में मशीनीकृत/मैनुअल क्लीनिंग एवं गार्डनिंग सेवायें

भारत सरकार द्वारा वर्ष 2016–17 में स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत प्रदेश के जिला स्तरीय चिकित्सालयों में क्लीनिंग एवं गार्डनिंग का कार्य मशीनीकृत सिस्टम द्वारा कराये जाने की स्वीकृति प्राप्त हुयी थी। प्रदेश सरकार चिकित्सालयो में जनसामान्य को गुणवत्तापरक चिकित्सकीय सेवाये उपलब्ध कराने के लिये दृढसंकल्प है। गुणवत्तापरक चिकित्सा सेवाओं के लिये चिकित्सालय में सफाई व्यवस्था तथा स्वच्छ वातावरण आवश्यक है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाईज कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा निविदा के माध्यम से प्रदेश के 181 जनपद स्तरीय चिकित्सालयों में मशीनीकृत क्लीनिंग एवं गार्डनिंग का कार्य आउटसोर्स से किये जाने हेतु निम्नलिखित सेवाप्रदाताओं को चयनित किया गया–

1. मेसर्स ऑल सर्विसेस ग्लोबल प्रा0 लि0।
2. मेसर्स प्राइम क्लीनिंग सर्विसेज।
3. मेसर्स सन् फैसिल्टी प्रा0 लि0।
4. मेसर्स ए01 फैसिल्टी एण्ड प्रोपटी मैनेजर प्रा0 लि0।
5. मेसर्स एन0 कपूर जनोटरर्स प्रा0 लि0।
6. मेसर्स बिलीव साल्यूशन एण्ड सर्विसेस।
7. मेसर्स सर्विस मास्टर।
8. मेसर्स एस0ए0बी0 फैसिलिटी मैनेजमेन्ट सर्विसेस प्रा0 लि0

उक्त चयनित सेवाप्रदाताओं द्वारा अपने क्लस्टर के जिला चिकित्सालयों में क्लीनिंग एवं गार्डनिंग सेवाओं का कार्य निविदा की शर्तों के अनुसार मशीने, उपकरण एवं मानव संसाधन उपलब्ध कराते हुये प्रारम्भ कर दिया गया है। निविदा शर्तों के अनुसार जिला चिकित्सालयों में मशीनीकृत क्लीनिंग एवं गार्डनिंग सेवाओं की नियमित रिपोर्टिंग एवं अनुश्रवण तथा संबंधित सेवाप्रदाताओं के बीजकों के समयबद्ध भुगतान हेतु मैनुअली भुगतान की प्रक्रिया जारी रहेगी।

जनपद स्तरीय चिकित्सालयों की मशीनीकृत स्वच्छता के क्षेत्र में आर0एफ0पी0/अनुबन्ध को दृष्टिगत रखते हुये इसका संक्षिप्त विवरण में निम्नलिखित है–

(1) Cleaning and gardening schedule.

(2) Indicative equipment, tools and consumables required for mechanized cleaning and gardening.

(3) Responsibilities of service providers

(4) Responsibilities of SIC/CMS/Nodal office

वित्तीय वर्ष 2024–25 में क्लीनिंग एवं गार्डनिंग सेवाओं हेतु एफ0एम0आर0 कोड– 175.3 के अन्तर्गत महानिदेशालय चिकित्सा स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा अनुबन्धित 181 जिला स्तरीय चिकित्सालयों में मशीनीकृत क्लीनिंग एवं गार्डनिंग की जा रही है तथा शेष 16 जिला स्तरीय चिकित्सालयों में मैनुअल क्लीनिंग की जा रही है।

तत्क्रम में जिन जिला स्तरीय चिकित्सालयों हेतु मैनुअल क्लीनिंग की निविदा जिला स्तर से की गयी है उन चिकित्सालयों में केन्द्रीयकृत निविदा पूर्ण होने तक पूर्ववत् नियम एवं शर्तों के अनुसार जारी रहेगी। जिन जिला स्तरीय चिकित्सालयों में केन्द्रीयकृत अनुबन्ध नहीं हुआ है। उन चिकित्सालयों में अधिकतम रू0 600/बेड/माह (जी0एस0टी0 अतिरिक्त) की दर से मैनुअल क्लीनिंग एवं गार्डनिंग की व्यवस्था जिला स्तर से जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा करते हुये जिला स्वास्थ्य समिति के अनुमोदन उपरान्त कार्य का सत्यापन किया जायेगा। सेवाप्रदाता एजेन्सी के चयन में सम्बन्धित वित्तीय वर्ष में आवंटित धनराशि की सीमा को ध्यान में रखते हुये ही दरों का निर्धारण किया जाये।

**वित्तीय व्यवस्था–** वित्तीय वर्ष 2024–25 की आर0ओ0पी0 में जिला स्तरीय चिकित्सालयों एवं एम0सी0एच0 विंग (100 एवं 200 शैय्या) हेतु भारत सरकार द्वारा मशीनीकृत साफ–सफाई के लिये कुल धनराशि रू0 11463.32 लाख अनुमोदित की गयी है। जनपद स्तरीय चिकित्सालयों में सफाई व्यवस्था, रख–रखाव एवं गार्डनिंग सेवाओं हेतु एफ0एम0आर0 कोड–175.3 में 09 माह (अप्रैल 24 से दिसम्बर 24) के लिए कुल धनराशि रू0 8029.25 लाख (रू0 अस्सी करोड़, उन्तीस लाख पच्चीस हजार मात्र) जी0एस0टी0 सहित जिला स्वास्थ्य समिति के खाते में अवमुक्त/आवंटित की जा रही है। शेष माह हेतु धनराशि शीघ्र ही अवमुक्त/आवंटित की जायेगी।

जिला स्वास्थ्य समिति से अनुमोदन के उपरान्त–

- इस धनराशि का उपयोग वर्ष 2024–25 में सेवाप्रदाता/एजेन्सी द्वारा कार्य प्रारम्भ करने की वास्तविक तिथि से किया जायेगा।
- सेवा प्रदाता द्वारा मासिक बीजक प्रस्तुत किये जाने के सापेक्ष भुगतान अनुबन्ध में सम्मिलित निविदा के अनुसार मासिक प्राप्तांक के आधार पर किया जायेगा।
- कुल प्राप्तांक की गणना साप्ताहिक मानिटरिंग शीट के प्राप्तांको के औसत (कुल 100 मे से) के योग के आधार पर की जायेगी।

  (The calculation of Final score value, 100% i.e. sum of the weightage scored to be considered from the average cumulative weighted score of weekly Review Sheet. The final score value shall fall in a particular range of score and based on that particular percentage of full payment will be reimbursed to the provider as following:

| Sr. No. | Score (out of 100) | Percentage of payment to be reimbursed |
|---|---|---|
| 1 | 0-10 | No payment |
| 2 | 11-20 | 20% |
| 3 | 21-40 | 40% |
| 4 | 41-60 | 60% |
| 5 | 61-70 | 80% |
| 6 | 71-80 | 90% |
| 7 | 81-100 | 100% |

- निविदा की शर्तों के अनुरूप पर्याप्त प्रशिक्षित मानव संसाधन एवं सम्बन्धित उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। इस हेतु प्रमाणित साक्ष्य, फोटोग्राफ्स एवं कर्मचारियों के पूर्ण विवरण (नाम, पता, उम्र सहित) प्राप्त कर लिये जाये।
- स्वीकृत धनराशि का उपयोग एन0एच0एम0 फाइनेन्सियल मैनुअल के वित्तीय नियमों के प्राविधानों के अनुसार किया जाए। धनराशि व्यय करते समय यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि किसी तरह का व्ययावर्तन, Diversion न हो।
- स्टेट बजट अथवा अन्य किसी योजनाओं से यदि उक्त मद में कोई धनराशि प्राप्त होती है, तो किसी भी प्रकार की डुप्लीकेसी एवं भविष्य में अनावश्यक विधिक वाद की संभावनाओं से बचने के लिये उक्त कार्य हेतु अन्य किसी योजना से प्राप्त धन का व्यय न किया जाये तथा प्रकरण

को महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं उत्तर प्रदेश एवं मिशन एन0एच0एम0, उ0प्र0 के संज्ञान में लाया जाये।

- प्रश्नगत धनराशि का व्यय–विवरण प्रमुख/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/अधीक्षिका के स्तर से मासिक वित्तीय रिपोर्ट में महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं उत्तर प्रदेश तथा एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0 में प्रति माह उपलब्ध कराया जाये।
- जिला स्वास्थ्य समिति में अवमुक्त की गयी धनराशि का उपयोग नियमों की परिधि में सुनिश्चित करें।
- प्रमुख अधीक्षक/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/अधीक्षिका की जिम्मेदारी होगी कि सेवा प्रदाता एजेन्सी की नियमित रिपोर्टिंग एवं अनुश्रवण तथा बीजको का समयबद्ध भुगतान हेतु विभागीय वेबसाइट (पोर्टल सिस्टम) पर प्रदर्शित करने हेतु शीघ्र कार्यवाही करें।
- किसी भी प्रकार के विवाद/मतभिन्नता की अवस्था में अनुबन्ध पत्र में उल्लेखित शर्तों के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

**अनुश्रवण एवं मूल्यांकन**

1. मशीनीकृत क्लीनिंग एवं गार्डनिंग की सेवाओं के नियमित अनुश्रवण एवं मूल्यांकन का मुख्य दायित्व क्वालिटी एश्योरेंस टीम का होगा। इस कार्य में हॉस्पिटल मैनेजर द्वारा प्रमुखता से सहयोग दिया जायेगा।
2. जिलाधिकारी द्वारा चिकित्सालयों में मशीनीकृत क्लीनिंग एवं गार्डनिंग व्यवस्था का जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक बैठकों एवं विभागीय कार्यक्रमों की समीक्षा बैठकों में नियमित अनुश्रवण किया जाए।
3. जनता को गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने हेतु राज्य, मण्डल तथा जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान चिकित्सालयों की मशीनीकृत क्लीनिंग एवं गार्डनिंग व्यवस्था का अनुश्रवण किया जायेगा।
4. चिकित्सालय स्तर पर नोडल अधिकारी नामित कर दैनिक आधार पर कन्ज्यूमेबल्स के स्टॉक रजिस्टर, वितरण आदि का भौतिक सत्यापन कराया जाये।
5. भुगतान हेतु निर्धारित परफारमेंन्स इंडिकेटर्स दैनिक आधार पर विभागीय नोडल अधिकारियों एवं मैट्रन द्वारा भरा जाये तथा उनके चेकलिस्ट को संकलित कर भुगतान हेतु नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जाये एवं मानक पूर्ण न होने पर नियमानुसार 'पेनाल्टी' लगायी जाये।
6. डेली राउण्ड के दौरान चिकित्सालय की सफाई की फीडबैक रजिस्टर में अंकित करायी जाये तथा सुधारात्मक कार्यवाही हेतु उत्तरदायित्व का निर्धारण कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

## 16.4 उपकेन्द्र की साफ–सफाई हेतु दिशा निर्देश

भारत सरकार के स्तर से प्रदेश में 25730 उपकेन्द्रों की साफ सफाई हेतु रू0 1000.00 प्रति उपकेन्द्र/माह की दर से एक वर्ष के लिए धनराशि रू0 30,87,60,000/– (तीस करोड़ सत्तासी लाख, साठ हजार मात्र) की स्वीकृति प्रदान की गयी है। प्रत्येक उपकेन्द्र की साफ सफाई हेतु एफ0एम0आर0 कोड– 175.4 के अन्तर्गत रू0 1000.00 प्रतिमाह की धनराशि का समुचित उपयोग दिशा निर्देश के अनुसार किया जाना है, जो कि निम्नवत् है –

1. स्वीकृति धनराशि का व्यय अंशकालिक स्वैच्छिक सफाई कर्मी के मानदेय पर किया जायेगा जिसके द्वारा उपकेन्द्र परिसर, कक्ष व स्वचालय की प्रतिदिन प्रातः सफाई की जायेगी साथ ही आवश्यकतानुसार फर्नीचर, रैक, लेबर टेबिल, एवं कड़ेदान आदि की सफाई ए0एन0एम0 के निर्देशानुसार सुनिश्चित किया जायेगा।
2. उपकेन्द्र की साफ सफाई हेतु आवश्यक सामग्री यथा झाड़ू, डस्टर, फिनायन, साबुन, ब्लीचिंग पाउडर, वाईपर इत्यादि की उपलब्धता सम्बन्धित उपकेन्द्र अनटाइड फण्ड के मद में उपलब्ध धनराशि से की जायेगी।

3. उपकेन्द्र की साफ सफाई का पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित केन्द्र की ए0एन0एम0 का होगा। जिसका नियमित मूल्यांकन एवं अनुश्रवण उस क्षेत्र के सम्बन्धित स्वास्थ्य पर्यवेक्षक द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।
4. उक्त धनराशि सम्बन्धित जिला स्वास्थ्य समिति के खाते में नियमानुसार सम्बन्धित सी0एच0सी0/पी0एच0सी0 के आर0के0एस0 खातें में पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से स्थानान्तरित की जायेगी।
5. सम्बन्धित अधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा सम्बन्धित उपकेन्द्र की ए0एन0एम0 द्वारा सत्यापित बाउचर के आधार पर सम्बन्धित सफाई कर्मी के खाते में पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से धनराशि स्थानान्तरित की जायेगी। ए0एन0एम0 द्वारा सभी सत्यापित बिल एवं बाउचर आडिट हेतु सुरक्षित रखे जायेंगे।
6. उपरोक्त धनराशि के सदुपयोग का उत्तदायित्व सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी का होगा एवं उनके द्वारा नियमित क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान उपकेन्द्रों की साफ सफाई की व्यवस्था की व्यवस्था का भी अनुश्रवण किया जायेगा।
7. स्टेट बजट अथवा अन्य किसी भी योजना से यदि उक्त मद में कोई धनराशि प्राप्त होती है तो राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा अवमुक्त धनराशि का उपयोग नहीं किया जायेगा, तथा प्रकरण महानिदेशक परिवार कल्याण एवं मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के संज्ञान में लाया जायेगा, जिससे भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न हो।
8. धनराशि का आवंटन मात्र व्यय करने के लिए प्राधिकृत नहीं करता है, अपितु आपरेशनल गाइडलाइन फार फाईनेन्शियल मैनेजमेण्ट में की गयी व्यवस्था, वित्तीय नियमों, शासनादेशों व अन्य प्रभारी संगत नियमों/निर्देशों तथा राज्य कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का समस्त स्तरों पर पालन सुनिश्चित करते हुए सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त ही व्यय नियमानुसार किया जायेगा, किसी भी प्रकार की अनियमितता के लिए सक्षम अधिकारी जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी उत्तरदायी होंगे।

## 16.5 प्रदेश की समस्त चिकित्सा इकाईयों पर उत्सर्जित होने वाले बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश।

आप अवगत है कि प्रदेश के जिला स्तरीय चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों/ब्लॉक स्तरीय पी0एच0सी0, अरबन पी0एच0सी0, एम0सी0एच0 विंग, पी0एच0सी0 एवं सब सेंटर (जहां पर प्रसव का कार्य किया जाता है) तथा ट्रामा सेन्टर पर उत्सर्जित बायो मेडिकल वेस्ट (उपचार एवं चिकित्सीय जॉच से उत्पन्न होने वाले जैव अपशिष्टों) का एकत्रीकरण, परिवहन एवं निस्तारण किया जा रहा है। प्रदेश के 61 जनपदों हेतु बायो मेडिकल वेस्ट के एकत्रीकरण, परिवहन एवं निस्तारण हेतु केन्द्रीकृत निविदा के माध्यम से सेवा प्रदाताओं द्वारा बायो मेडिकल वेस्ट निस्तारण संबंधी सेवायें प्रदान की जा रही है एवं शेष 14 जनपदों के जिला स्तर एवं ब्लाक स्तरीय चिकित्सालयों में बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण हेतु सेवाओं का कार्य जिला स्तर से किया जा रहा है। वर्तमान में प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में जिला स्तरीय एवं ग्रामीण चिकित्सालयों में बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण हेतु राज्य स्तर पर नवीन केन्द्रीयकृत निविदा प्रक्रियाधीन है। अतः वित्तीय वर्ष 2024–25 में एक वर्ष तक अथवा केन्द्रीयकृत निविदा होने तक (जो भी पहले घटित हो) पूर्ववत् व्यवस्था जारी रहेगी।

उक्त के क्रम में प्रदेश की समस्त चिकित्सा इकाईयों पर उत्सर्जित होने वाले बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण हेतु दिशा–निर्देश निम्नवत् हैः–

1. भारत सरकार के राजपत्र बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेन्ट रूल्स, 2016 यथा संशोधित रूल्स, 2018 का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेन्ट रूल्स, 2016 यथा संशोधित रूल, 2018 में निहित प्रविधानों के अनुसार नियमो का अनुपालन न करने पर चिकित्सा इकाई के प्रभारी के विरुद्ध जुर्माना व सजा का भी प्राविधान है, जिसके लिये चिकित्सा इकाईयों के प्रभारी पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे।
2. प्रत्येक चिकित्सा इकाई को प्रश्नगत प्रयोजन हेतु क्षेत्रीय/स्थानीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में पंजीकरण कराना अनिवार्य है।
3. प्रत्येक चिकित्सालय के प्रभारी, चिकित्सालय में उत्सर्जित हो रहे विभिन्न श्रेणियों के बायो मेडिकल वेस्ट को नियमानुसार पृथक–पृथक कलर कोडिंग के अनुसार पीला, लाल बैग्स तथा सफेद एवं

नीले कन्टेनर/बाक्स में एकत्रित कर कॉमन ट्रीटमेन्ट फैसिलिटी द्वारा नियामानुसार निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

4. कन्टेनर पर बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेन्ट रूल्स, 2016 यथा संशोधित रूल्स, 2018 की अनुसूची–iv, A & B में वर्णित चित्र के अनुसार नामांकन किया जाये।
5. बायो मेडिकल वेस्ट के पृथककरण, भण्डारण एवं परिवहन के समय शारीरिक सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग करें।
6. चिकित्सालय में उत्सर्जित हो रहे विभिन्न श्रेणियों के बायो मेडिकल वेस्ट को अधिकतम 48 घण्टे के अन्दर निस्तारित कराना अनिवार्य होगा।
7. प्रत्येक चिकित्सालय प्रभारी का दायित्व होगा कि वह एक रजिस्टर तैयार कराये, जिसमें प्रतिदिन उत्सर्जित होने वाले विभिन्न प्रकार के बायो मेडिकल वेस्ट की मात्रा तथा कब और किसके द्वारा कॉमन ट्रीटमेन्ट फैसिलिटी पर निस्तारण हेतु भेजा गया, को अंकित किया जाये।
8. प्रत्येक चिकित्सालय प्रभारी का दायित्व होगा कि वह बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेन्ट रूल्स, 2016 यथा संशोधित रूल्स, 2018 के प्रारूप–4 (नियम–13) के अनुसार वार्षिक रिपोर्ट तैयार कर प्रत्येक वर्ष जून 30 तक या उससे पहले उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को प्रेषित करते हुये, रिपोर्ट की एक प्रति इस महानिदेशालय को भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें। समस्त स्वास्थ्य इकाईयों द्वारा उक्त वार्षिक रिपोर्ट का प्रदर्शन चिकित्सा इकाई की वेबसाइट पर भी किया जाना अपेक्षित है।
9. चिकित्सा इकाई प्रभारी/नोडल आफिसर प्रतिदिन उत्सर्जित होने वाले बायो मेडिकल वेस्ट का डाटा http://bmwmis.uphssp.in पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
10. सामान्यतः जनपदों में बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण हेतु दो या तीन कॉमन बायो मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेन्ट फैसिलिटी कार्यशील है, जिन्हें उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्राधिकृत किया गया है। अतः जनपद हेतु अनुमन्य कॉमन बायो मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेन्ट फैसिलिटी से निविदा के आधार पर जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा अनुमोदित कराने के उपरान्त ही बायो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण कराना सुनिश्चित किया जाये।
11. प्रत्येक चिकित्सालय सेवाप्रदाता को भुगतान करने से पूर्व जाँच ले कि कॉमन बायो मेडिकल वेस्ट फैसिलिटी क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से प्राधिकृत/सत्यापित है।

## चिकित्सालयों के बायो मेडिकल वेस्ट निस्तारण हेतु कॉमन ट्रीटमेन्ट फैसिलिटी सर्विस प्रोवाइडर को निविदा के आधार पर अनुबन्धित करने हेतु मार्गदर्शक नियम एवं शर्तेः–

1. उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्राधिकृत कॉमन ट्रीटमेन्ट फैसिलिटी सर्विस प्रोवाइडर ही निविदा में भाग लेने हेतु अर्ह होंगे।
2. शहरी क्षेत्र के चिकित्सा इकाईयों हेतु प्रतिदिन शैय्या उपयोगिता दर के आधार पर दरें प्राप्त की जायेगी तथा जो इकाईयाँ नगर निगम/नगर पालिका की सीमा के बाहर स्थित हैं, उन पर उत्सर्जित होने वाले बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण हेतु अलग से दरें प्राप्त की जायेंगी।
3. सर्विस प्रोवाइडर को प्रति दिन संबंधित चिकित्सालय परिसर में आकर निर्दिष्ट स्थल से बायो मेडिकल वेस्ट निस्तारण हेतु ले जाना होगा। प्रत्येक दशा में बायो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण अनिवार्य रूप से 48 घंटे के अन्दर किये जाने का उत्तरदायित्व संबंधित सर्विस प्रोवाइडर का होगा।
4. सर्विस प्रोवाइडर द्वारा बायो मेडिकल वेस्ट के संग्रहण, परिवहन एवं निस्तारण से संबंधित समस्त कार्य बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेन्ट रूल्स, 2016 यथा संशोधित रूल्स, 2018 में निहित प्राविधानों के अनुसार किये जाने की बाध्यता होगी। उक्त रूल्स का उल्लंघन होने पर सम्पूर्ण विधिक एवं आर्थिक उत्तदायित्व संबंधित सर्विस प्रोवाइडर का होगा।
5. बायो मेडिकल वेस्ट का संग्रहण परिवहन तथा निस्तारण किये जाने हेतु आवश्यक कंज्युमेबिल्स एवं अन्य सामग्री की पर्याप्त एवं निर्बाध आपूर्ति संबंधित सर्विस प्रोवाइडर के साथ किये गये अनुबन्ध के अनुसार सुनिश्चित की जाये।
6. बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण तथा कंज्यूमेबिल व अन्य सामग्री की आपूर्ति हेतु पृथक–पृथक दरें संबंधित निविदादाता द्वारा उपलब्ध करायी जायेंगी।
7. निविदा आमंत्रित किये जाने हेतु वित्तीय हस्तपुस्तिका में उल्लिखित अन्य समस्त वित्तीय नियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
8. सेवाप्रदाता एजेन्सी के चयन में भारत सरकार द्वारा सम्बन्धित वित्तीय वर्ष में स्वीकृत धनराशि की सीमा को ध्यान में रखते हुये ही दरों का निर्धारण किया जाये।

**<u>उपरोक्त सभी बिन्दुओं का उल्लेख सेवा प्रदाता एजेन्सी के अनुबन्ध में अवश्य इंगित करें।</u>**

जिन जनपदों में केन्द्रीयकृत निविदा नहीं हुई है उनके द्वारा केन्द्रीयकृत निविदा होने तक के लिये अधिकतम रू0 25.00 प्रति शैय्या प्रति दिन से जनपद स्तर पर निविदा करते हुये बायो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण अपेक्षित है।

<u>वित्तीय व्यवस्था–</u>

प्रदेश में शहरी एवं ग्रामीण चिकित्सालयों में बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के वित्तीय वर्ष 2024–25 की आर0ओ0पी0 में जिला स्तरीय चिकित्सालयों एवं ग्रामीण क्षेत्र के चिकित्सालयों हेतु एक वर्ष के लिये एफ0एम0आर0 कोड संख्या 175.1 के अन्तर्गत कुल धनराशि रू0 11570.03 लाख स्वीकृत की गयी है। जिला स्तरीय चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों/ब्लॉक स्तरीय पी0एच0सी0, अरबन पी0एच0सी0, एम0सी0एच0 विंग पी0एच0सी0 एवं सब सेंटर (जहां पर प्रसव का कार्य किया जाता है), तथा ट्रामा सेन्टर में बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण हेतु एफ0एम0आर0 कोड संख्या 175.1 में 06 माह अप्रैल 2024 से सितम्बर 2024 (183 दिन) के लिए कुल धनराशि रू0 5800.87 लाख (अट्ठावन करोड़, सत्तासी हजार मात्र) जिला स्वास्थ्य समिति के खाते में अवमुक्त की जा रही है।

- चिन्हित चिकित्सालयों में नियमित बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण हेतु जिला स्वास्थ्य समिति के अनुमोदन उपरान्त एन0एच0एम0 फाइनेन्शियल मैनुअल के वित्तीय नियमों के प्राविधानों के अनुसार सेवा प्रदाता एजेन्सी द्वारा कार्य प्रारम्भ करने की वास्तविक तिथि से किया जाये।
- चिकित्सा इकाईयों में बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेन्ट के (सर्विसेज एवं कन्ज्यूमेबिल्स) मद में किया जाने वाला भुगतान एन0एच0एम0 द्वारा अनुमन्य राशि से अधिक नहीं होना चाहिए, अन्यथा सम्बन्धित प्रभारी स्वयं इसके जिम्मेदार होगें।
- प्रश्नगत धनराशि का व्यय–विवरण मुख्य चिकित्साधिकारी के स्तर से मासिक वित्तीय रिपोर्ट राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, एस0पी0एम0यू0, लखनऊ को प्रतिमाह अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराये जायें।
- जिला स्वास्थ्य समिति को अवमुक्त की गयी धनराशि का उपयोग नियमों की परिधि में सुनिश्चित करें।
- समस्त भुगतान फैम्स साफ्टवेयर का प्रयोग करते हुए PFMS पोर्टल के माध्यम से किया जायेगा, जिससे कि व्यय धनराशि एव उपलब्ध बजट का अनुश्रवण किया जा सके।
- भारत सरकार की मंशानुसार प्रत्येक मुख्य चिकित्साधिकारी का उत्तरदायित्व है कि उनके द्वारा सेवा प्रदाता एजेन्सी का नाम एवं विवरण विभागीय वेबसाइट पर प्रदर्शित कराया जाये।
- यदि उक्त मद में स्टेट बजट अथवा किसी अन्य योजना से कोई धनराशि प्राप्त होती है, तो किसी भी प्रकार की पुनरावृत्ति अथवा विधिक वाद की संभावनाओं से बचने के लिये एन0एच0एम0 द्वारा अवमुक्त धनराशि का उपयोग न करते हुये प्रकरण को महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0 एवं मिशन निदेशक, एन0एच0एम0, उ0प्र0 के संज्ञान में लाया जाये।

## 16.6 जिला स्तरीय चिकित्सालयों (129) एवं ग्रामीण क्षेत्रों की 936 सी0एच0सी0 delivery points पर पी0ओ0एल0 फॉर जनरेटर मद में अवमुक्त धनराशि के उपयोग हेतु दिशा निर्देश।

अवगत कराना है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 की वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु प्रदेश के 129 जनपद स्तरीय चिकित्सालयों के लिये रू0 35000/माह/इकाई की दर से धनराशि रू0 541.80 लाख एवं 936 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिये रु0 17500/माह/इकाई की दर से धनराशि रू0 1965.60 लाख, इस प्रकार Quality Assurance Implement & Mera Aspataal के अंतर्गत पावर बेकअप हेतु पी0ओ0एल0 फॉर जनरेटर के लिय कुल धनराशि रू0 2507.40 लाख (पच्चीस करोड़ सात लाख चालीस हजार मात्र) एफ0एम0आर0 कोड 175.6 के अन्तर्गत सम्बन्धित जनपदों की जिला स्वास्थ्य समिति को धनराशि आवंटित की गई है।

समस्त प्रभारी अधिकारी जनपद एवं ब्लॉक स्तर पर विद्युत विभाग से विद्युत आपूर्ति से सम्बन्धित रोस्टर प्राप्त कर लें एवं उसके अनुसार विद्युत बाधित होने की स्थिति में जनरेटर का उपयोग किया जाए तथा जनपद के अभियन्ता अथवा मण्डलीय तकनीकी परामर्शी द्वारा जांच कराकर जनरेटर की औसत उचित खपत की जांच कर लॉगबुक में अंकित की जाय। चिकित्सा इकाइयों में निर्बाध रूप से 24 X 7 घंटे आपूर्ति सुनिश्चित की जाये जिससे कि विभाग की छवि धूमिल न हो।

1. जनरेटर की लॉगबुक प्रतिदिन भरी जाए, लांगबुक में विद्युत बाधित होने की अवधि, जनरेटर चलाये जाने की अवधि, पी0ओ0एल0 की खपत दर्शायी जाए। स्वास्थ्य इकाई के प्रभारी अधिकारी, द्वारा प्रतिदिन लॉगबुक का सत्यापन किया जाए।
2. जिन स्वास्थ्य इकाई में जनरेटर आपरेटर नियुक्त न हों, वहां पर प्रत्येक स्वास्थ्य इकाई पर इस कार्य का दायित्व एक जिम्मेदार अधिकारी/कर्मचारी को सौंपा जाए।
3. राज्य स्तरीय, मण्डल स्तरीय अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी एवं अन्य जनपदीय अधिकारियों द्वारा इकाइयों के निरीक्षण में समय–समय पर विशेष रूप से रात्रि कालीन निरीक्षण के दौरान विद्युत बाधित होने कि स्थिति में जनरेटर की क्रियाशीलता तथा लॉगबुक का सत्यापन किया जाए, तथा निरीक्षण आख्या में किसी प्रकार की प्रतिकूल प्रविष्टि अंकित किये जाने की स्थिति में कार्यवाही कर राज्य स्तर पर अवगत कराया जाए।
4. स्टेट बजट अथवा अन्य किसी योजनाओं से यदि उक्त मद में कोई धनराशि प्राप्त होती है, तो एन0एच0एम0 द्वारा अवमुक्त धनराशि का उपयोग न किया जाये तथा प्रकरण को महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं तथा मिशन निदेशक, एन0एच0एम0 के संज्ञान में लाया जाये, जिससे किसी भी प्रकार की डुप्लीकेसी के कारण भविष्य में होने वाले अनावश्यक विधिक वाद की संभावनाओं से बचा जा सकें।
5. किसी प्रकार का व्ययावर्तन (Diversion) न किया जाए।
6. चिकित्सा इकाईयों द्वारा मदवार पी0ओ0एल0 फॉर जनरेटर हेतु बीजक की मूल प्रति सुरक्षित रखा जाये एवं स्टॉक एंट्री की जाये।
7. सम्बन्धित जिला स्तरीय चिकित्सालयों/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/ चिकित्सा अधीक्षक द्वारा सतत् अभिलेखों का रख–रखाव सुनिश्चित किया जाये।
8. पी0ओ0एल0 फॉर जनरेटर से सम्बन्धित समस्त बीजको के सत्यापन की पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/चिकित्सा अधीक्षक की होगी तथा सभी बीजक सम्बन्धित मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रति सत्यापित किये जायेगे।
9. प्रति इकाई आवंटित की गयी धनराशि का उपयोग वास्तविक विद्युत कटौती के दृष्टिगत अधिकतम सीमा में ही किया जाना है।
10. समस्त भुगतान फैम्स साफ्टवेयर का प्रयोग करते हुए PFMS पोर्टल के माध्यम से किया जायेगा, जिससे कि व्यय धनराशि एव उपलब्ध बजट का अनुश्रवण किया जा सके।
11. जिलाधिकारी स्तर से गठित समिति के द्वारा न्यूनतम 10 प्रतिशत रैंडम बिलों का सत्यापन सुनिश्चित किया जाये।
12. धनराशि का आवंटन मात्र व्यय करने के लिए प्राधिकृत नहीं करता, अपितु आपरेशनल गाइडलाइन फार फाइनेन्शियल मैनजमेन्ट में की गयी व्यवस्था, वित्तीय नियमों, शासनादेशों, अन्य प्रभावी संगत नियमों/निर्देशों एवं राज्य कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का समस्त स्तरों पर पालन सुनिश्चित करते हुए सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त ही व्यय नियमानुसार किया जायेगा। किसी भी प्रकार की अनियमितता के लिए सक्षम प्राधिकारी/ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी उत्तरदायी होंगें।

अतएव उपरोक्त के क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में पी0ओ0एल0 फॉर जनरेटर के लिए सुचारू संचालन हेतु गतिविधिवार तालिका एवं दिशा–निर्देश के अनुरूप आवंटित वित्तीय सीमा में सभी शासकीय एवं वित्तीय नियमों का पालन करते हुए व्यय किया जाना सुनिश्चित करें तथा उपरोक्त प्रावधानों के अनुसार पी0ओ0एल0 फॉर जनरेटर की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करते हुये प्रत्येक माह की प्रगति रिपोर्ट एस0पी0एम0यू0 एवं महानिदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ को उपलब्ध करायें।

# 17. मानव संसाधन

## 17.1 राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संविदा कर्मियो की तैनाती के संबंध में सामान्य नियम, जी0आर0सी0 एवं एच0आर0 पॉलिसी का अनुपालन किये जाने के संबंध में:—

**1.** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संविदा कर्मियों की तैनाती/अनुबन्ध के नवीनीकरण के सम्बन्ध में पूर्व में निर्गत समस्त निर्देशों को संकलित करते हुए वित्तीय वर्ष 2024—25 हेतु दिशा—निर्देश जारी किये जा रहे हैं।

**2.** सभी चयन/तैनाती के सम्बन्ध में जो दिशा—निर्देश जारी किये जा रहे हैं, उन पर सर्वप्रथम जिला स्वास्थ्य समिति के अन्तर्गत गठित शासी निकाय में चर्चा/विचार—विमर्श किया जायेगा। चर्चा/विचार विमर्श के उपरान्त उक्त पर सहमति प्राप्त की जायेगी। यदि शासी निकाय की बैठक में विलम्ब हो रहा हो तो अध्यक्ष—शासी निकाय से पत्रावली पर अनुमोदन प्राप्त कर कार्यवाही की जाये। इस आदेश में जो दिशा—निर्देश दिये गये हैं उन दिशा—निर्देशों के क्रम में कार्मिकों की तैनाती/अनुबन्ध का नवीनीकरण किया जायेगा।

**3.** यह संज्ञान में आया है कि कुछ (कतिपय) जनपदों में भारत सरकार से प्राप्त आर0ओ0पी0 में स्वीकृत पदों के सापेक्ष अधिक मानव संसाधन (कार्मिक) रख लिये जाते हैं और उनका वेतन भी निर्गत किया जाता है, जो कि नियम विरुद्ध/गैर कानूनी की श्रेणी में आता है। इस सम्बन्ध में यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि किसी भी जनपद द्वारा ऐसा किया गया तो सम्बन्धित जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी के विरूद्ध नियमानुसार प्रशासनिक कार्यवाही की जायेगी।

**4.** यह संज्ञान में आया है कि कुछ (कतिपय) जनपदो में अधिकतम मानदेय हेतु स्वीकृत बजट को प्रतिमाह वेतन के रूप में आहरित किया जाता हैं। इस सम्बन्ध में यह स्पष्ट किया जाता है कि मानदेय का निर्धारण नियुक्ति के समय निर्धारित मानदेय तथा प्रत्येक वित्तीय वर्ष में भारत सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली वार्षिक वेतन वृद्धि एवं लॉयल्टी/एक्सपीरियंस बोनस के आधार पर नियमानुसार देय हैं। उपरोक्त निर्धारित मानदेय में किसी भी प्रकार का पुर्नरीक्षण राज्य स्तर की अनुमति के उपरान्त ही अनुमन्य/मान्य होगा। यदि किसी भी जनपद में इसका अनुपालन नहीं किया जाता है तो सम्बन्धित अधिकारी/कर्मी के विरूद्ध नियमानुसार प्रशासनिक कार्यवाही की जायेगी।

**5.** प्रत्येक संविदाकर्मी का छमाही मूल्यांकन Appropriate Authority द्वारा निर्धारित प्रारूप पर किया जायेगा, उक्त प्रारूप पर सूचना पूर्ण रूप से संकलित/भरकर मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के कार्यालय में प्रेषित किया जायेगा। Appraisal प्रारूप न होने की स्थिति में संविदा कर्मियों के वेतन आहरण पर राज्य कार्यक्रम प्रबंधन इकाई कार्यालय के स्तर से रोक लगाई जा सकती हैं (प्रथम छमाही अप्रेजल किये जाने के पश्चात् किसी संविदाकर्मी का कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने पर उसे चेतावनी—पत्र इस आशय के साथ निर्गत किया जायेगा कि वह अपने कार्य व व्यवहार में अतिशीघ्र सुधार कर लें)। प्रथम छमाही अप्रेजल उपरान्त किसी भी संविदाकर्मी की सेवा—समाप्ति नहीं की जायेगी।

**6.** यह पुनः अवगत कराया जाता है कि जनपद स्तर पर तैनात समस्त संविदा कर्मियों का अनुबन्ध संबंधित जिला स्वास्थ्य समिति के साथ ही किया जायेगा।

**7.** संविदा कर्मियों/चिकित्सकों इत्यादि की तैनाती स्थान विशेष के लिये होगी। जिन चिकित्सा इकाईयों पर नियमित पद भरे हुए हैं, उन इकाईयों पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से संविदा के आधार पर तैनाती नहीं की जाएगी। चिकित्सा इकाईयों पर नियमित पद के सापेक्ष राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से संविदा के आधार पर तैनाती होने की दशा में सम्बन्धित जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी के विरूद्ध प्रशासनिक कार्यवाही की जायेगी।

**8.** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के अन्तर्गत कार्यरत समस्त संविदा कर्मियो हेतु मानव संसाधन नीति पत्रांक संख्याः 501/एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/एच0आर0पॉलिसी/2019—20/7790 दिनांक 13.12.2019 के माध्यम से दिनांक 01.04.2019 से लागू की गयी है। जो कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के पोर्टल www.upnrhm.gov.in पर गाइडलाइन सेक्शन में उपलब्ध है।

**9.** नियत मासिक मानदेय पर तैनात किये गये समस्त संविदा कर्मियों एवं चिकित्सक, नियमित सेवाओं के कर्मी एवं चिकित्सक की भांति ही नियत रोस्टर के अनुसार कार्य करेंगे तथा प्रभारी

अधिकारी की सहमति से इन्हें आकस्मिक अवकाश (कलैण्डर वर्ष में अधिकतम 14), चिकित्सकीय अवकाश (कलैण्डर वर्ष में अधिकतम 16) तथा राजपत्रित अवकाश पूर्व में अनुमति के पश्चात् देय होंगे।

एक कैलेंडर वर्ष में संविदा कर्मचारी की अप्रयुक्त (शेष) चिकित्सकीय अवकाशों को अगले वर्ष में अग्रसारित किया जायेगा। संविदा कर्मी की पूर्ण सेवा अवधि में चिकित्सकीय अवकाश के संचय की अधिकतम सीमा 120 दिवसों की मान्य होगी। जिन संविदा कर्मियों द्वारा रोस्टर के अनुसार कार्य नहीं किया जा रहा है ऐसे कर्मियों को राजपत्रित अवकाश हेतु पूर्व से अनुमति लिया जाना आवश्यक नहीं है।

**10.** **(A)** समस्त महिला संविदा कर्मियों को मातृत्व अवकाश, मैटरनिटी बेनीफिट एक्ट 1961 एवं मानव संसाधन नीति में वर्णित नियमों के अन्तर्गत 180 दिन का मातृत्व अवकाश सवेतन अनुमन्य होगा।
The Maternity Benefit (Ammendment) Act, 2017, an act further to amend the Maternity Benefit Act, 1961 vide Official Gazette registered no. DL-(N)04/007/2003-17 dated 28.03.2017. The Maternity Benefit (Ammendment) Act, 2017 made ammendments in the the Principle Maternity Benefit Act, 1961 accordindly section 5 has been amended the details are mentioned as follows:

- **<u>Section 5:</u>** In the principal act, in section5, A In sub-section (3) -

**i.** For the words "twelve weeks of which not more than six weeks", the words "twenty-six weeks of which not more than eight weeks" shall be substituted;

**ii.** After sub-section (3) and before the first proviso, the following proviso shall be inserted, namely: -

**"Provided that the maximum period entitled to maternity benefit by a woman having two or more than two surviving children shall be twelve weeks of which not more than six weeks shall precede the date of her expected delivery."**

Note: As per Maternity Benefit Act,1961 "No woman shall be entitled to maternity benefit unless she has actually worked in as establishment of the employer from whom she claims maternity benefit, for a period of not less than 80 days in the twelve months immediately preceeding the date of her expected delivery".

<u>Note: All Female employees (excluding Trainees) working under NHM, UP are eligible for Maternity Leaves as per the Principle Maternity Benefit Act, 1961 & The Maternity Benefit (Ammendment) Act,2017.</u>

**For further more information kindly refer the Maternity Benefit Act, 1961 & The Maternity Benefit (Ammendment) Act,2017 for reference.**

यदि कोई महिला कर्मी मातृत्व अवकाश का उपभोग करती है तो उस अवधि में महिला कर्मी को अनिवार्य रूप से नियमित वेतन निर्गत कराया जाना सुनिश्चित करें।

यदि किसी भी जनपद में इसका अनुपालन नहीं किया जाता है तो सम्बन्धित अधिकारी/कर्मी के विरूद्ध नियमानुसार प्रशासनिक कार्यवाही की जायेगी एवं उपरोक्त हेतु संबंधित मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं जिला लेखा प्रबंधक उत्तरदायी होगें।

**(B)** समस्त पुरूष संविदा कर्मियों को 15 दिवसों (साप्ताहिक अवकाश/छुट्टियों को छोड़कर) का पितृत्व अवकाश, एच0आर0 पॉलिसी में वर्णित नियमों के अनुसार सवेतन अनुमन्य होगा।

**11.** **मण्डल/जनपद स्तर पर किसी संविदा कर्मी के नवीन तैनाती, त्याग–पत्र, मातृत्व अवकाश, पितृत्व अवकाश, मानव संसाधन नीति में अनुमोदित अवकाश के समाप्ति के उपरान्त यदि कोई कर्मी किसी भी प्रकार के अवकाश का उपभोग जैसे कि अवैतनिक अवकाश/चिकित्सकीय अवकाश इत्यादि करता है तो इन सभी का अनुमोदन पूर्वोत्तर/कार्योत्तर संबंधित जिला स्वास्थ्य समिति से लेना अनिवार्य है।**

**12.** यदि कोई संविदाकर्मी बिना किसी विशेष (विशिष्ट) कारण अथवा पूर्व सूचना के अपने कार्यस्थल (ड्यूटी) से लगातार 07 दिवसों से अधिक समय तक अथवा अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहता है तो मानव संसाधन नीति में वर्णित व्यवस्था के अनुसार संबंधित जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा

कार्यवाही की जायेगी। ऐसे संविदाकर्मी जो बिना सूचना के कार्यालय से अनुपस्थिति/कार्य छोड़कर चले गये उनको 03 नोटिस प्रत्येक 07 दिवसों के अन्तराल पर देते हुये भरपूर सुनने का अवसर प्रदान किये जाने के उपरान्त ही जिला स्वास्थ्य समिति से अनुमोदन प्राप्त करते हुये संविदा समाप्ति की प्रक्रिया की जायेगी एवं उक्त सूचना को मानव सम्पदा पोर्टल पर भी अपलोड किया जाना सुनिश्चित किया जायें। ऐसे संविदाकर्मी को उस पद पर पुनः कार्य की अनुमति/योगदान कराने का कोई प्रावधान नहीं है।

**13.** पैरामेडिकल कर्मियों के पदों का एक ''पूल'' दिया जा रहा है, जिसमें सभी प्रकार के पैरामेडिकल कार्मिक सम्मिलित हैं (पैरामेडिकल कर्मियों का प्रकार, कार्यक्रम विशेष द्वारा वर्णित दिशा–निर्देश (गाइडलाइन) के अनुसार होगा)। (सी0एच0सी0/पी0एच0सी0 स्तर पर 80–85 प्रतिशत पैरामेडिकल तैनात किये जायें तथा आवश्यकतानुसार मात्र 15–20 प्रतिशत ही जनपदीय महिला/पुरूष एवं संयुक्त चिकित्सालयों में तैनात किये जायें। किसी भी दशा में जनपद हेतु आवंटित संख्या से अधिक पैरामेडिकल कार्मिक न रखे जायें।

**14.** जिला पुरूष/महिला/संयुक्त चिकित्सालय/मेडिकल कॉलेज पर तैनात किये गये संविदा कर्मियों/ चिकित्सकों हेतु प्राविधानित मानदेय की धनराशि की लिमिट इन इकाइयों पर खोले गये ZBSA (Zero Balanace Subsidiary Account) बैंक खाते में जारी की जायेगी। जो संविदा कर्मी ई0पी0एफ0 के दायरे में आते है उसका भुगतान जिला स्वास्थ्य समिति से किया जायेगा। सी0एच0सी0/पी0एच0सी0/अन्य इकाईयों जो मुख्य चिकित्साधिकारी के अधीन आती है ऐसे संविदा कर्मियो के मानदेय का भुगतान जिला स्वास्थ्य समिति से किया जायेगा।

**15.** प्रत्येक कर्मी के मानदेय के भुगतान हेतु आवश्यक है कि वह अपने लिए चिन्हित कार्यदायित्वों की प्राप्ति सुनिश्चित करें, तभी उनके मानदेय का भुगतान किया जायेगा। अनुमोदित संख्या से अधिक संख्या में मानव संसाधन की तैनाती किसी भी दशा में अनुमन्य/मान्य नहीं होगा।

**16.** संतोषजनक कार्य के आधार पर जो कर्मी/चिकित्साधिकारी जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय से अनुमोदनोंपरान्त पुनर्अनुबन्धित कर लिये गये हैं, उनके मानदेय का भुगतान जनपदवार दी गई स्वीकृति संख्या एवं निर्धारित मानदेय के अनुसार कर दिया जाये।

**17.** संविदा कर्मी के जनपद पर सफलतापूर्वक दस्तावेज सत्यापन उपरान्त योगदान देने के साथ यह भी सुनिश्चित किया जायें कि सम्बन्धित द्वारा मानव सम्पदा पोर्टल पर आधार ऑथेन्टिकेशन की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली गयी हो तथा उसका ई0एच0आर0एम0एस0 कोड को जनरेट कर लिया गया हो।

**18.** मण्डल/जनपद स्तर पर किसी संविदा कर्मी के नवीन तैनाती/त्याग–पत्र/मृत्यु/सेवा निवृत्त/सेवा–समाप्ति की दशा में संबंधित मण्डल/जनपद द्वारा तत्काल प्रभाव से मानव सम्पदा पोर्टल पर संबंधित कर्मी की अद्यतन सूचना को अपडेट किया जायें एवं मानव सम्पदा पोर्टल पर अपडेट होने के उपरान्त राज्य कार्यक्रम प्रबंधन इकाई के संबंधित प्रोग्राम डिवीजन एवं मानव संसाधन अनुभाग को उक्त की सूचना अगले माह की 07 तारीख तक आवश्यक रूप से प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।

**19.** मानव संसाधन से सम्बन्धित किसी भी कार्यवाही हेतु सूचना मानव सम्पदा पोर्टल पर उपलब्ध सूचना के आधार पर की जायेगी। अतः मानव सम्पदा पोर्टल पर संविदा कर्मियों की सही एंव अद्यतन सूचना दर्ज कराना सुनिश्चित करें। केवल संविदा कर्मियों का ही रजिस्ट्रेशन मानव सम्पदा पोर्टल पर किया जाना सुनिश्चित करें। किसी भी विवाद की स्थिति में उत्तरदायित्व, संयोजक, जिला स्वास्थ्य समिति का होगा।

**20.** वित्तीय वर्ष 2024–25 में ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में संविदा पर तैनात कर्मियों का मानदेय अलग–अलग दर पर स्वीकृत किया गया है जिसके सम्बन्ध में श्रेणीवार विस्तृत विवरण आगामी प्रस्तरो में दिया गया है।

**21.** वित्तीय वर्ष 2024–25 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत मण्डल/जनपद स्तर पर कार्यरत कर्मियो के पदो के सापेक्ष विभिन्न एफ0एम0आर0 मदों के अन्तर्गत अनुमोदित मानदेय में गत वर्ष के सापेक्ष 05 प्रतिशत की वार्षिक बढ़ोत्तरी हेतु स्वीकृत निम्न शर्तों के आधार पर कार्यकारी समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गयाः–

(i) ऐसे कर्मी जिनका वर्ष 2024–25 में 01 वर्ष का संतोषजनक कार्यकाल पूर्ण हो रहा हैं, उन्हें 01 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपरान्त भारत सरकार से प्राप्त स्वीकृति के क्रम में 5% की प्रथम वार्षिक मानदेय वृद्धि उनके प्रथम वर्ष पूर्ण होने की तिथि से प्रदान की जाये।

(ii) ऐसे कर्मी जो 01 अप्रैल 2024 को 01 वर्ष या उससे अधिक वर्ष का संतोषजनक कार्यकाल पूर्ण कर चुके है, उन्हें 01 अप्रैल 2024 से भारत सरकार द्वारा प्राप्त स्वीकृति के क्रम में 5% की वार्षिक मानदेय वृद्धि प्रदान की जायें।

(iii) वित्तीय वर्ष 2024–25 में कर्मियों को संतोषजनक परफॉरमेंस के आधार पर 5% की वार्षिक मानदेय वृद्धि प्रदान करने के लिए राज्य स्वास्थ्य समिति हेतु मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 तथा जिला स्वास्थ्य समिति हेतु अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति को अधिकृत किया गया।

**22.** भारत सरकार द्वारा अनुमोदित विभिन्न एफ0एम0आर0 कोड के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 की आर0ओ0पी0 में मण्डल/जनपद स्तर पर कार्यरत संविदा कर्मियों के स्वीकृत पदो के सापेक्ष एक्सीपीरियन्स बोनस (पूर्व में कहा जाने वाला लॉयल्टी बोनस) हेतु स्वीकृत निम्नलिखित प्रावधानों के अनुसार भुगतान किये जाने के प्रस्ताव पर कार्यकारी समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गयाः–

(i) ऐसे संविदा कर्मी जो कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में सेवाकाल का 03 वर्ष पूर्ण किया गया है उनको मार्च, 2024 में निर्गत किये गये मानदेय में 10% एक्सपीरियन्स बोनस प्रदान किया जायेगा।

(ii) ऐसे संविदा कर्मी जो कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में सेवाकाल का 05 वर्ष पूर्ण किया गया है उनको मार्च, 2024 में निर्गत किये गये मानदेय मे 5% (उनको 10% एक्सपीरियन्स बोनस का लाभ पूर्व में भुगतान किया जा चुका हैं एवं शेष 5% एक्सपीरियन्स बोनस देय है) एक्सपीरियन्स बोनस प्रदान किया जायेगा।

(iii) ऐसी महिला संविदा कर्मी जो मातृत्व अवकाश पर हों एवं वर्ष 2024–25 में निरंतर 03 अथवा 05 वर्ष की सेवा एक ही पद पर पूर्ण कर ली हो, भी एक्सपीरियन्स बोनस की पात्र होंगी।

(iv) ऐसे पुरुष संविदा कर्मी जो पितृत्व अवकाश पर हों एवं वर्ष 2024–25 में निरंतर 03 अथवा 05 वर्ष की सेवा एक ही पद पर पूर्ण कर ली हो, भी एक्सपीरियन्स बोनस के पात्र होंगे।

(v) जिन संविदा कर्मियों को एक्सपीरियन्स बोनस हेतु पात्रता अवधि में प्रतिकूल प्रविष्टि दी गयी है, वे कर्मी एक्सपीरियन्स बोनस के पात्र नहीं होंगें।

(vi) **जिन संविदा कर्मियों द्वारा 03 वर्षों में कुल 06 माह तथा 05 वर्षों में कुल 08 माह का अवकाश लिया गया है वे कर्मी लॉयल्टी/एक्सपीरियन्स बोनस हेतु पात्र नहीं होंगें।**

(vii) सेवाप्रदाता के माध्यम से कार्यरत कर्मी एक्सपीरियन्स बोनस के पात्र नहीं है।

**23.** **(A)** भारत सरकार द्वारा पत्र दिनांक 10.03.2016 के माध्यम से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राज्य/जिला स्वास्थ्य समिति, मे कार्यरत पात्र संविदा कर्मियों हेतु कर्मचारी भविष्य निधि के प्रावधान को लागू किया गया है। उक्त के भुगतान हेतु निम्नलिखित दिशा–निर्देश (गाइडलाइन) का पालन किया जायेगा।

भारत सरकार द्वारा रू0 15,000.00 प्रतिमाह तक के मानदेय प्राप्त करने वाले पात्र संविदा कर्मियों हेतु ई0पी0एफ0 की स्वीकृति आर0ओ0पी0 2024–25 में प्रदान की गयी हैं। ई0पी0एफ0 का लाभ यदि रू0 15,000.00 प्रतिमाह या कम मानदेय आहरित करने पर किसी संविदाकर्मी को एक पद पर कार्य करते हुये प्राप्त हो चुका हैं तथा वित्तीय वर्ष 2024–25 में समान पद पर रहते हुये यदि मानदेय रू0 15,000.00 प्रतिमाह से ज्यादा होता है तो ऐसे संविदा कर्मियों को रू0 15,000.00 प्रतिमाह के मानदेय तक ई0पी0एफ0 का लाभ मिलता रहेगा। ई0पी0एफ0 हेतु

समय–समय पर भारत सरकार द्वारा प्राप्त अन्य दिशा–निर्देशों को लागू किया गया हैं। जिसे जनपदों द्वारा ससमय अनुपालन सुनिश्चित किया जाना है। इसमें किसी प्रकार की लापवाही पायी गयी तो सम्बन्धित के विरुद्ध उचित अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

**(B)** भारत सरकार द्वारा पत्र दिनांक 02.08.2019 के माध्यम से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राज्य/जिला स्वास्थ्य समिति, मे सेवाप्रदाता के माध्यम से कार्यरत पात्र कर्मियों हेतु कर्मचारी बीमा योजना के प्रावधान को लागू किया गया है। भारत सरकार द्वारा रू0 21,000.00 प्रतिमाह (रू0 25,000.00 प्रतिमाह दिव्यांग कर्मी हेतु) तक के मानदेय प्राप्त करने वाले कर्मी जोकि सेवाप्रदाता के माध्यम से कार्यरत हैं उन्हे ई0एस0आई0 की स्वीकृति आर0ओ0पी0 2024–25 में प्रदान की गयी है। ई0एस0आई0 हेतु समय–समय पर भारत सरकार द्वारा प्राप्त अन्य दिशा–निर्देश लागू किया गया हैं। जिसे जनपदों द्वारा ससमय अनुपालन सुनिश्चित कराया जाना है।

**24.** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों में सेवाप्रदाता एजेंसी के माध्यम से कर्मियों के चयन हेतु पत्र संख्याः 144/एस0पी0एम0यू0/ डैप–एच0आर0/ नियु0/2019–20/6074–2 दिनांक 15.10.2019 के माध्यम से दिशा–निर्देश प्रेषित किये गये है। जिनका जनपद स्तर पर सेवाप्रदाता एजेंसी के माध्यम से कर्मियों के चयन हेतु पालन सुनिश्चित किया जाना है।

**25.** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के अन्तर्गत मण्डल/जनपद स्तर पर सेवाप्रदाता एजेंसी के माध्यम से कार्यरत आउटसोर्स कर्मियो हेतु सरकार द्वारा निर्धारित सभी वैधानिक अनुपालन (Statutory Compliance) जैसे कि Minimum Wages EPF, ESI, Service Charge, GST इत्यादि का नियमानुसार अनुपालन सुनिश्चित किया जायें। मुख्य चिकित्साधिकारी/संयोजक, जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि संबधित जनपद में चयनित सेवाप्रदाता एजेंसी द्वारा वैधानिक अनुपालन न्यूनतम मजदूरी अधिनियम–1948 के अन्तर्गत 74 अनुसूचित नियोजनों में देय परिवर्तनीय मंहगाई भत्ता (उत्तर प्रदेश में लागू न्यूनतम मजदूरी शासनादेश के दृष्टिगत) का ससमय अनुपालन किया जाय, उदाहरण तालिकानुसार निम्नवत् है :–

| For Example | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sr. No | For monthly Honoraria per unit (In Rs) for the F.Y. 2024-25 with 5% Increment | | | | Employer EPF & ESI | | Total Rs | GST @18 % | Service Charge @4.50 % | Sub Total Rs (01 Month) |
| | Gross Honoraria | EPF (Employee share) @12% | ESI (Employee share) @0.75 % | Honorarium of Employee (In Rs) | Rs 15000/- (maximum ceiling) EPF Employer Share (@13%) | Rs 21,000/- (maximum ceiling) ESI (Employer Share) @ 3.25% | | | | |
| **1** | 13500 | 1620 | 101 | 11779 | 1755 | 439 | 15694 | 2825 | 706 | **19225** |

**26.** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के अन्तर्गत यदि नवीन भर्ती/नियुक्ति की गयी है तो पात्र कर्मियों (संविदा, आउटसोर्स व वेन्डर मानव संसाधन) का सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि, आयुक्त कार्यालय में पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें एवं पूर्व से कार्यरत पात्र कर्मियों (संविदा, आउटसोर्स व वेन्डर/कोविड–19 में कार्यरत अस्थायी मानव संसाधन) के ई0पी0एफ0 ससमय ई0पी0एफ0 खाते में जमा कराकर चालान की प्रतिलिपि पत्रावली मे रक्षित करना सुनिश्चित करने के साथ राज्य स्तर पर वेतन निर्गत किये जाने की प्रारुप के साथ प्रत्येक माह की 03 तारीख तक प्रेषित करना सुनिश्चित करें। यदि किसी जनपद में ई0पी0एफ0 के सम्बन्ध में पैनालिटी अथवा डैमेजेस कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा लगाये जाते है तो उसके लिये सम्बन्धित जनपद के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आर0सी0एच0)/प्राशासनिक अधिकारी (नोडल अधिकारी) एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक व जिला लेखा प्रबन्धक पूर्णतया उत्तरदायी होंगें।

**27.** प्रत्येक माह की 03 तारीख तक विगत माह के मानदेय की धनराशि संविदा/आउटसोर्स/वेण्डर कर्मियों को अनिवार्य रूप से उनके खाते में मानव सम्पदा साफ्टवेयर के माध्यम से स्थानान्तरित की जायें। 01 माह से अधिक मानदेय लम्बित/न निर्गत किये जाने पर उक्त जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी इसके लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे एवं सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही भी की जायेगी। मुख्य चिकित्साधिकारी/ संयोजक, जिला स्वास्थ्य समिति, उपरोक्त उल्लिखित संविदा/आउटसोर्स/वेण्डर कर्मियों का मानदेय उपरोक्त उल्लिखित तिथि तक निर्गत किये जाने व समस्त वैधानिक अनुपालन जैसे ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0, सर्विस चार्ज, जी0एस0टी0, वेतन वृद्धि, एक्सपीरियन्स बोनस (संविदाकर्मी) इत्यादि (Statutory Compliance) का विगत् माह का जमा चालान प्राप्त करने के उपरान्त मानदेय निर्गत करें एवं प्रत्येक माह की 03 तारीख तक पूर्व प्रेषित प्रारूप पर निर्गत किये गये मानदेय (सैलेरी सर्टिफिकेट) ससमय मानव ससांधन अनुभाग एवं वित्त अनुभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें एवं उक्त को जिला स्वास्थ्य समिति बैठक के कार्यवृत्त में सम्मिलित कराना भी सुनिश्चित करें।

**28.** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के अन्तर्गत संविदा कर्मियों की कार्य करने हेतु अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष होगी, किन्तु संविदा पर कार्यरत चिकित्सा कार्य हेतु विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं चिकित्सकों (एम0बी0बी0एस0) को शारीरिक एव मानसिक रुप से स्वस्थ्य होने पर निर्धारित अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष का प्रतिबन्ध समाप्त कर दिया गया है तथा संविदा पद पर कार्य करने की इनकी अधिकतम आयु सीमा 70 वर्ष तक की होगी (आयुष चिकित्साधिकारी एवं आयुष विशेषज्ञ की आयु सीमा अधिकतम 65 वर्ष ही होगी जिस हेतु दिशा–निर्देश पत्र संख्याः 03/SPMU/NHM/AYUSH/Manav Sansadhan/2018-19/2457 दिनांक 18.06.2019 से प्रेषित किया गया)। **नोटः–चिकित्साधिकारी (एम0बी0बी0एस0) एवं विशेषज्ञ के रिक्त पदो पर समस्त श्रेणी (अनारक्षित, ई0डब्ल्यू0एस0, ओ0बी0सी0–एन0सी0एल0, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति) के अभ्यर्थियों हेतु आरक्षण हेतु आयु के समस्त लाभोपरान्त (After Availing all the age relaxation benefits) आवेदन करने की अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष होगी। आवेदन हेतु अभ्यर्थियों की आयु की गणना विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से की जायेगी (इच्छुक अभ्यर्थी की आयु विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि पर 65 वर्ष से अधिक न हों)।**

**29.** पत्र संख्या–648/एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/एच0आर0/2022–23/8683 दिनांक 15.02. 2023 के माध्यम से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के अन्तर्गत विशेषज्ञ के रिक्त पदों हेतु भर्ती प्रक्रिया ऑनलाइन बिडिंग के माध्यम से राज्य स्तर पर सम्पादित किये जाने हेतु प्रदेश के समस्त जनपदो को पत्र प्रेषित किया गया है। उक्त के क्रम मे विशेषज्ञ के रिक्त पदों हेतु भर्ती प्रक्रिया ऑनलाइन बिडिंग के माध्यम से राज्य स्तर से सम्पादित की जा रही है।

**30.** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों में डिस्ट्रिक्ट वॉक इन के माध्यम से संविदा चिकित्साधिकारियों (एम0बी0बी0एस0) के रिक्त पदो हेतु भर्ती प्रक्रिया सम्पादित करते हुये जिला स्वास्थ्य समिति के अनुमोदनोंपरान्त तैनाती किये जाने हेतु पत्र संख्या–179/एस.पी.एम.यू. /एन.एच.एम./ डिस्ट्रिक्ट/वॉक–इन–इंटरव्यू/2023–24/4150 दिनांक 18.08.2023 के माध्यम से जनपदों को अधिकृत किया गया है एवं राज्य स्तर से अनुमोदन की बाध्यता को समाप्त किया गया है।

**30.1 <u>कमेटी का गठनः–</u>**

30.1.1 जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति–अध्यक्ष अथवा जिलाधिकारी द्वारा नामित अधिकारी–ADM/CDO।

30.1.2 मुख्य चिकित्साधिकारी/संयोजक, जिला स्वास्थ्य समिति–सदस्य।

30.1.3 मुख्य चिकित्सा अधीक्षक–सदस्य।

30.1.4 जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0–सदस्य।

30.1.5 मुख्य कोषाधिकारी–सदस्य।

30.1.6 जिला लेखा प्रबन्धक, जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0–सदस्य।

***नोट– उक्त के अतिरिक्त यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि उक्त चयन समिति में प्रत्येक वर्ग विशेष (सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति) के सदस्य का प्रतिनिधित्व हो यदि ऐसा संभव नही है तो ऐसे वर्ग विशेष के सदस्य को विशेष आमंत्री के रूप में चयन समिति में जोड़ा जाएगा।***

***नोटः–*** *उपरोक्त वर्णित समिति के अतिरिक्त अन्य गठित समिति द्वारा की गयी भर्ती प्रक्रिया किसी भी दशा मे मान्य नही होगी।*

30.2 भर्ती प्रक्रिया में उ0प्र0 शासन द्वारा निर्धारित आरक्षण नियमों का पालन सुनिश्चित किया जायें।

30.3 इच्छुक अभ्यर्थियो की आयु विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि पर 65 वर्ष से अधिक न हो।

30.4 राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के अन्तर्गत कार्यरत संविदा कर्मी यदि भर्ती प्रक्रिया में प्रतिभाग करते है तो जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के अन्तर्गत लागू मानव संसाधन नीति के अनुसार NOC व अन्य का पालन सुनिश्चित किया जाये।

30.5 राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के अन्तर्गत सम्पादित सभी भर्ती प्रक्रियाओं में कोविड–19 काल में कार्यरत कर्मियों को कोविड–19 सेवाकाल में दी गयी सक्रिय सेवाओं के क्रम में ए0एम0एस0 पोर्टल पर पंजीकृत अल्पकालिक आउटसोर्स एवं संविदा कर्मियों को क्यू0आर0 कोड आधारित अनुभव प्रमाण–पत्र (सम्बन्धित जनपद द्वारा निर्गत) प्रस्तुत करने के आधार पर निम्नानुसार अधिमानी अंक प्रदान किये जाने का प्रावधान किया गया है, जिसकी अधिकतम सीमा 15 प्रतिशत अंक निर्धारित हैः–

- 06 माह की कोविड–19 में सेवा पूर्ण किये जाने पर 05 प्रतिशत अतिरिक्त अंक।
- 01 वर्ष की सेवा पूर्ण किये जाने पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त अंक।
- 01 वर्ष 05 माह या उससे अधिक सेवा पूर्ण किये जाने पर 15 प्रतिशत अतिरिक्त अंक।

अभ्यर्थी द्वारा न्यूनतम अंक प्राप्त करने के उपरान्त ही अधिमानी अंक प्रदान किये जाने का प्रावधान है।

- क्यू0आर0 कोविड अनुभव प्रमाण पत्र से सम्बन्धित पूर्ण दिशा–निर्देश समय–समय पर आयोजित भर्ती प्रक्रिया के दौरान जारी किये जाते है।

30.6 अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति के अनुमोदनोंपरान्त ही तैनाती, सेवा समाप्ति (एक अवसर सुनने का प्रदान किया जायेगा) एवं त्याग पत्र पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। उक्त से सम्बन्धित यदि कोई शिकायत, वाद–विवाद/कोर्ट केस, आर0टी0आई एवं अन्य प्राप्त होने की दशा में जिला स्वास्थ्य समिति स्वयं उत्तरदायी होगी।

**31.** प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–10/एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/एच0आर0/विविध/2023–24/4908 दिनांक 12.09.2023 एवं पत्र संख्या–307/पांच–09–2024 दिनांक 21.02.2024 एवं मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के पत्र संख्या–10/एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/एच0आर0/विविध/ 2023–24/4157 दिनांक 18.08.2023 के माध्यम से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति के अधीन कार्यरत किसी भी कर्मचारी का स्थानान्तरण न किये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया।

31.1 यदि किसी भी संविदा कर्मचारी का स्थानान्तरण किया जाता है तो ऐसी स्थिति में यदि कोई न्यायिक कार्यवाही होती है तो स्थानान्तरण करने वाले अधिकारी इसके लिये स्वयं उत्तरदायीं होंगें उक्त स्थानान्तरण की जिम्मेदारी राज्य द्वारा किसी भी दशा में व्यवहृत नहीं की जायेगी।

31.2 राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा संविदा कर्मियों की नियुक्ति स्थान विशेष के लिये की जाती है।

31.3 राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के अन्तर्गत भर्ती हेतु विज्ञापन विज्ञप्ति में भी यह वर्णित हैः– The posts are non-transferable.

31.4 राज्य स्तर से चयनित अभ्यर्थियों हेतु निर्गत ऑफर लेटर में भी यह वर्णित होता है कि "No transfer shall be done to another facility of concerned District Health Society/District in any circumstances."

**32.** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के अन्तर्गत जनपद स्तर पर जिला स्वास्थ्य समिति के अधीन तैनात संविदा कर्मियो की चेकलिस्ट अनुसार पर्सनल फाइल संबंधित जनपद कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई में संरक्षित किया जाना सुनिश्चित किया जायें।

**33.** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 में राज्य स्तर से अभ्यर्थियों के चयनोपरान्त सम्बन्धित जनपदों को जनपद स्तर पर एक कमेटी नामित करते हुये दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया सफलतापूर्वक सम्पादित किये जाने हेतु निर्देशित किया जाता है। सम्बन्धित जनपदों से अपेक्षा है कि चयनित अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत मूल दस्तावेजों का विज्ञापन में वर्णित वांछित योग्यता से मिलान करने के उपरान्त ही सफल अभ्यर्थियों की योगदान आख्या लेना सुनिश्चित करें।

**34.** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के अन्तर्गत जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में चिकित्सा इकाई (सर्विस डिलीवरी) के मानव संसाधन को किसी भी दशा में सम्बद्ध नहीं किया जायेगा।

**35.** संविदाकर्मी/चिकित्सक सेवा–अवधि के लिए पेन्शन सम्बन्धी सुविधाओं के हकदार नहीं होंगे। इन्हें ऐसे सेवा–अवधि के लिए कोई बोनस आदि देय नहीं होगा।

**36.** संविदाकर्मी/चिकित्सक अपने विनियमतीकरण अथवा स्थायीकरण का दावा नहीं कर सकेंगे और न ही उन्हें निर्धारित मानदेय के अतिरिक्त कोई अन्य सुविधा अनुमन्य होगी।

**37.** संविदा पर कार्यरत चिकित्सक/कर्मी की सेवायें संतोषजनक न पाये जाने पर एक माह का नोटिस अथवा एक माह का समतुल्य मानदेय देकर उनकी सेवाये राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 से समाप्त की जा सकती है।

**38.** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में राशि का व्यय ऑपरेशनल दिशा–निर्देश/गाइडलाइन्स फार आपरेशनल मैनेजमेंट में दी गई व्यवस्था तथा अन्य प्रभावी संगत नियमों एवं निर्देशों का अनुपालन करते हुए सक्षम अधिकारी की अनुमति प्राप्त करके ही की जायेंगी।

**39.** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के अन्तर्गत जनपदो में कार्यरत संविदा कर्मचारियो द्वारा कार्य में अनियमितता पाये जाने पर पत्रांक संख्याः 197/एस0पी0एम0यू0/ डैप–एच0आर0/ जी0आर0सी0/ 2018–19/12394 (75)–11 दिनांक 07.03.2019 में वर्णित दिशा–निर्देशो के अनुसार जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा अनुपालन सुनिश्चित कराया जाना है।

**40.** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के अन्तर्गत मण्डल/जनपद स्तर पर संविदा कर्मियो की समस्या के समाधान हेतु Grievance Redressal Committee का गठन किया गया है। उक्त के संदर्भ में पत्र संख्याः 24/एस0पी0एम0यू0/डैप–एच0आर0/शासन/2018–19/1769 दिनांक 26.05.2018 एवं 197/SPMU/ DAP-HR/GRC/2019-20/315 दिनांक 10.04.2019 एवं पत्र संख्या–199/एस0पी0एम0यू0/डैप–एच0आर0 /जी0आर0सी0/2023–24/3244–3 दिनांक 19.07.2023 में वर्णित दिशा–निर्देशो के अनुसार नियमित रूप से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाना है।

**41.** मण्डल/जनपद स्तर पर कार्यरत संविदा कर्मी यदि व्यक्तिगत कारणों से राज्य कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, उ0प्र0 पर आते है तो सक्षम अधिकारी से अवकाश एवं स्टेशन अवकाश के अनुमोदनोपरान्त, अवकाश की प्रति के साथ राज्य स्तर पर आना सुनिश्चित करें।

**42.** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के अन्तर्गत जनपद/ब्लॉक स्तर पर कार्यरत कर्मचारियो के लिए प्राशासनिक संरचना तथा राज्य/जनपद स्तर पर कार्यरत कर्मियो के वार्षिक वेतन वृद्धि हेतु

मूल्यांकन के लिए पदानुक्रम अपनायी जाने वाली प्रक्रिया एवं सेवा नवीनीकरण के सम्बन्ध मे दिशा निर्देश पत्र संख्या–06 / एस0पी0एम0यू / एच0आर0 / 2024–25 / 1288–2 दिनांक–07.06.2024 के माध्यम से प्रेषित किये गये है।

## 17.2 पैरामेडिकल स्टाफ (लैब टेक्नीशियन, एक्स–रे टेक्नीशियन) (एफ0एम0आर0 8.1.1.5.1 (FAMS FMR Code- 185.C.S0046) एवं 8.1.1.9 (FAMS FMR Code- 185.C.S0078))

वित्तीय वर्ष 2024–25 में संविदा पर कार्यरत लैब टेक्नीशियन, एक्स–रे टेक्नीशियन रु0 23227.00 (मानदेय+वार्षिक वेतन वृद्धि+एक्सपीरियन्स बोनस) तथा रु0 15,923.00 प्रतिमाह (रिक्त पदों हेतु) तथा नियमानुसार अतिरिक्त बजट ई0पी0एफ0 हेतु पद / मानदेय बजट ओल्ड एफ.एम. आर. कोड संख्या 8.1.1.5.1, 8.1.1.9/S.NO 185 में भारत सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया है। वर्तमान मानदेय पर वित्तीय वर्ष 2024–25 में 05 प्रतिशत की बढ़ोतरी केवल उन संविदाकर्मी पर लागू होगी, जिन्होंने एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर लिया है। तदनुसार अनुबन्ध पत्रों में संशोधन करा लिया जायें।

**कर्त्तव्य एवं दायित्वः–**

संविदा पर पैरामेडिकल स्टाफ (लैब टेक्नीशियन एवं एक्स–रे टेक्नीशियन) को अपेक्षित कार्यों एवं दायित्वों के अनुसार कार्यों का निर्वहन करना होगा। इनकी ड्यूटी भी निर्देशानुसार शिफ्ट् में लगाई जा सकती है।

**Performance Appraisal Form (Lab Technician)**

**PART-I**

| |
|---|
| Review period:<br>Name:<br>Date of joining:<br>Location:<br>Date of completion of contract: |

**PART-II**

**Performance & Achievements (Please comment on the major achievements during the reporting period)**

| Lab Technician | | |
|---|---|---|
| **Sl.No.** | **Activities** | **Achievement** (2023-24) |
| 1. | No. of routine blood tests (TLC/DLC/Haemoglobin/ESR | |
| 2. | Stool and urine tests | |
| 3. | Bleeding time, clotting time | |
| 4. | Diagnosis of RTI/STDs with wet mounting, Grams strain, etc. | |
| 5. | Sputum testing for tuberculosis (if designated asa microscopy cent under RNTCP) | |
| 6. | Blood smear examination for malarial parasite. | |
| 7. | Rapid tests for pregnancy/malaria | |
| 8. | RPR test for Syphilis/YAWS surveillance | |
| 9. | Any other tests (specify- ) | |

**Qualitative Assessment:-**

| Behaviour with patients/Community | | |
|---|---|---|
| **Good** | **Average** | **Bad** |
| Is punctual | | |
| **Always** | **Sometimes** | **Never** |
| Takes interest in assigned job | | |
| **Always** | **Sometimes** | **Never** |
| Attend and participate in staff meeting | | |
| **Always** | **Sometimes** | **Never** |
| **C: Any extraordinary achievement made or reasons for shortfall if any during the reporting period** | | |
| **D. Remark of the Assessing Authority - Overall assessment of the appraisee:** | | |
| **Date:** | **Name:** | **Signature:** |

## PERFORMANCE APPRAISAL FORM (X-Ray Technician)

**PART-I**

| |
|---|
| Review period:<br>Name:<br>Date of joining:<br>Location:<br>Date of completion of contract: |

**Performance & Achievements (Please comment on the major achievements during the reporting period)**

| Condition of X-RAY machine-funcional/non functional | | |
|---|---|---|
| **Sl.No.** | **Activities** | **Achievement** (2023-24) |
| 1. | Ensuring standards in Film Developing and processing modalities | |
| 2. | Following standards of exposure techniques in terms of KV,MA and time | |
| 3. | Following standards in recognition of the part of the body to be X-rayed and select the exposure factor accordingly. | |
| 4. | Preparation of fixer, developer, replenisher to maintain temperatu | |
| 5. | Use of proper exposure factors, collimators, cones and various protective measures. | |
| 6. | Number of X-Rays done | |

**QUALITATIVE ASSESSMENT:-**

| Behaviour with patients/Community | | |
|---|---|---|
| **Good** | **Average** | **Bad** |
| Is punctual | | |
| **Always** | **Sometimes** | **Never** |
| Takes interest in assigned job | | |
| **Always** | **Sometimes** | **Never** |
| Attend and participate in staff meeting | | |
| **Always** | **Sometimes** | **Never** |
| **C: Any extraordinary achievement made or reasons for shortfall if any during the reporting period** | | |
| **D. Remark of the Assessing Authority - Overall assessment of the appraisee:** | | |
| **Date:** | **Name:** | **Signature:** |

### 17.3 जनपदीय चिकित्सालयों में डाटा इन्ट्री ऑपरेटर (एफ0एम0आर0 16.4.3.1.9 (FAMS FMR Code- 185.C.P350)) :-

वित्तीय वर्ष 2024–25 में डाटा इन्ट्री ऑपरेटर रु0 18058.00 प्रतिमाह एवं रु0 12,432.00 (रिक्त पदों हेतु Minimum Wages act के अनुसार) का अधिकतम बजट (मानदेय+वार्षिक वेतन वृद्धि+नियमानुसार एक्सपीरियन्स बोनस–यदि पात्र हों तो) तथा नियोक्ता द्वारा वैधानिक कटौती योगदान हेतु (EPF@13.00%,ESI@3.25%,GST@18%, Max.Service Charge @10%) की दर से अतिरिक्त बजट का प्रावधान किया गया हैं। जोकि नियमानुसार अनुमन्य होने की दशा में लागू होगा जिसका पद/बजट ओल्ड एफ. एम. आर. कोड संख्या 16.4.3.1.9/S.NO 185 में भारत सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया है। वर्तमान मानदेय पर वित्तीय वर्ष 2024–25 में 05 प्रतिशत की बढ़ोतरी केवल उन संविदाकर्मी पर लागू होगी जिन्होंने एक वर्ष का संतोषजनक कार्यकाल पूर्ण कर लिया है। एक्सपीरियन्स बोनस का लाभ केवल जिला स्वास्थ्य समिति के संविदा कर्मियो को अनुमन्य हैं।

**PERFORMANCE APPRAISAL FORM (DATA ENTRY OPERATOR)**

**PART-I**

| |
|---|
| Review period:<br>Name:<br>Date of joining:<br>Location:<br>Date of completion of contract: |

**PART-II**

**Performance & Achievements (Please comment on the major achievements during the reporting period)**

**Data Entry Operator**

| **Sl.No.** | **Activities** | | **Achievement (2023-24)** |
|---|---|---|---|
| 1. | Data Entry of all required information/records on a concurrent basis and producing monthly/quarterly reports/formats | | **Not Submitted/ entered** |
| **Data/Records** | **Timely Submission** | **Late Submission** | |
| Janani Suraksha Yojna | | | |
| ASHA | | | |
| FRU/24 x 7 Delivery Services | | | |
| School Health Program | | | |
| National Disease Control Programmes | | | |
| RTI/STI Sevices | | | |
| Quarterly District updates (for CMO/DPM) | | | |
| Any other programme | | | |

## 17.4 दन्त चिकित्सक (एफ. एम. आर. कोड संख्या 8.1.4.1 (FAMS FMR Code- 185.C.S0253)) :–

वर्ष 2024–25 में मेनस्ट्रीम कार्यक्रम के अन्तर्गत संविदा पर कार्यरत दन्त चिकित्सक को रु0 67372.00 प्रतिमाह (मानदेय+वार्षिक वेतन वृद्धि+एक्सपीरियन्स बोनस) तथा रु0 39,900.00 प्रतिमाह (रिक्त पदों हेतु) पद/मानदेय बजट ओल्ड एफ. एम. आर. कोड संख्या 8.1.4.1/S.No 185 में भारत सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया है। वर्तमान मानदेय पर वित्तीय वर्ष 2024–25 में 05 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी केवल उन संविदाकर्मी पर लागू होगी जिन्होंने एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर लिया है। तदनुसार अनुबन्ध पत्रों में संशोधन करा लिया जाये।

## दन्त चिकित्सकों की तैनाती हेतु सामान्य नियम –

दन्त चिकित्सकों की तैनाती उपरोक्तानुसार उन्हीं स्थानों पर की जानी है जहां डेन्टल चेयर उपलब्ध है तथा नियमित दन्त चिकित्सक तैनात न हों एवं दन्त चिकित्सा से सम्बन्धित सारे उपकरण उपलब्ध हों। इसके लिए जनपदवार फॉट में जो स्वीकृति दी गई है उससे अधिक संख्या में बी0डी0एस0 चिकित्सकों की तैनाती अनुमन्य नहीं होगी। दंत चिकित्सकों की उपलब्धता का व्यापक प्रचार–प्रसार करायें ताकि अधिक से अधिक दंत रोगी उनका लाभ उठा सकें।

**PERFORMANCE APPRAISAL FORM (DENTAL SURGEON)**

| **S.No.** | **Activities** | **Achievement (2023-24)** |
|---|---|---|
| 1. | No. of OPD cases attended | |
| 2. | No. of cases handled at the facility | |
| 3. | No. of emergency cases attended against the total no. of cases | |
| 4. | No. of procedures handled at the facility | |

## 17.5 जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई

वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई में कार्यरत संविदा कर्मियों को निम्न मानदेय बजट भारत सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया है।

1 **जिला कार्यक्रम प्रबन्धक**–हेतु अधिकतम बजट रू0 67283.00 प्रतिमाह (मानदेय+वार्षिक वेतन वृद्धि+ एक्सपीरियन्स बोनस) तथा रु0 32700.00 प्रतिमाह (रिक्त पदों हेतु) पद/मानदेय बजट ओल्ड एफ. एम.आर. कोड संख्या 16.4.2.1.1/S.No 185 में भारत सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया है। प्रत्येक जनपद में एक पद स्वीकृत है।

2 **जिला लेखा प्रबन्धक**–हेतु अधिकतम बजट रू0 54761.00 प्रतिमाह (मानदेय+वार्षिक वेतन वृद्धि+ एक्सपीरियन्स बोनस) तथा रु 26,650.00 प्रतिमाह (रिक्त पदों हेतु) पद/मानदेय बजट ओल्डएफ.एम. आर. कोड संख्या 16.4.2.1.1/S.No 185 पर भारत सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया है। प्रत्येक जनपद में एक पद स्वीकृत है।

3 **जिला कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर**–हेतु अधिकतम बजट रू0 54761.00 प्रतिमाह (मानदेय+वार्षिक वेतन वृद्धि+एक्सपीरियन्स बोनस) तथा रु 26,650.00 प्रतिमाह (रिक्त पदों हेतु) पद/मानदेय बजट के ओल्ड एफ. एम. आर. कोड संख्या 16.4.2.1.1/S.No 185 में भारत सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया है। प्रत्येक जनपद में एक पद स्वीकृत है।

4 **जिला डाटा कम लेखा सहायक (डी0डी0एम0)**–हेतु अधिकतम बजट रू0 37380.00 प्रतिमाह (मानदेय+ वार्षिक वेतन वृद्धि+एक्सपीरियन्स बोनस) तथा रु0 18,150.00 प्रतिमाह (रिक्त पदों हेतु) पद/मानदेय बजट ओल्ड एफ.एम.आर. कोड संख्या 16.4.2.1.1/S.No 185 में भारत सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया है। प्रत्येक जनपद में एक पद स्वीकृत है।

5 **कार्यालय सहायक**–हेतु अधिकतम बजट रू0 13963.00 प्रतिमाह (मानदेय+वार्षिक वेतन वृद्धि) तथा रु0 10089.00 प्रतिमाह (Minimum Wages Act के अनुसार) (रिक्त पदों हेतु) तथा नियोक्ता द्वारा वैधानिक कटौती योगदान हेतु (EPF@13.00%,ESI@3.25%,GST@18%, Service Charge-max 10%) की दर से अतिरिक्त बजट का प्रावधान ओल्ड एफ.एम.आर. कोड संख्या 16.4.2.1.1/S.No 185 में भारत सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया है। प्रत्येक जनपद में एक पद स्वीकृत है।

6 **जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई हेतु ऑपरेशन व्यय**–जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 में ऑपरेशनल व्यय हेतु रू0 1,50,000.00 प्रतिमाह व्यय हेतु भारत सरकार द्वारा S.No 194 में स्वीकृत किया गया है।

### जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई में संविदा कर्मियों की तैनाती हेतु सामान्य नियम :–

1. जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई हेतु प्रेषित धनराशि को जिला स्वास्थ्य समिति के अन्तर्गत गठित शासी निकाय में चर्चा की जायेगी और सहमति प्राप्त की जायेगी। यदि शासी निकाय की बैठक में विलम्ब हो रहा हो तो अध्यक्ष–शासी निकाय से अनुमोदन प्राप्त कर कार्यवाही की जाये। आपसे अनुरोध है कि प्रेषित धनराशि को जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई के खाते में स्थानान्तरित करवाकर राज्य कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के कार्यालय को सूचित करने का कष्ट करें। जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई द्वारा वित्तीय नियमावली का अनुपालन करते हुए इस धनराशि का उपयोग किया जाये।
2. वित्तीय वर्ष 2024–25 में वास्तविक कार्य करने की तिथि से एवं संतोषजनक कार्य के आधार पर जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई के अधिकारियों/कर्मियों के मानदेय का भुगतान कर दिया जाये।

### जिला कार्यक्रम प्रबन्धक old FMR 16.4.2.1.1 for 12 months FY 2024-25 (FAMS Code- 185.C.P255) :–

- जिला स्वास्थ्य समिति शासी एवं कार्यकारी निकाय की नियमित रूप से प्रतिमाह बैठक कर सभी कार्यक्रमों के प्रगति की समीक्षा करवाना।
- जनपद स्तर पर कार्यरत कार्यक्रम समन्वयक/कन्सलटेन्ट (DMHC, DLC-NLEP, DPC-NTEP, DQC, DC-NTCP, DC-NVBDCP, UHCs-NUHM, DQIM, DEICM, FLC-NCD) के कार्यो की मासिक बैठक में कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा कर जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति एवं मुख्य चिकित्साधिकारी को फीडबैक उपलब्ध कराना। उक्त कार्य मे DPM द्वारा DCPM तथा DAM का सहयोग भी लिया जाये।
- जनपद में संविदा के आधार पर नवीन भर्ती होने व योगदान देने/प्रस्तुत करने के उपरान्त संबंधित सभी औपचारिकताओं को 10 कार्यदिवसों में पूर्ण करते हुये मानव सम्पदा पोर्टल पर पंजीकरण सुनिश्चित

कराना। यदि कोई संविदाकर्मी द्वारा त्याग–पत्र दिया गया हों या कर्मी की राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 से (संविदा) सेवा–समाप्ति की गयी हो तो ऐसे संविदाकर्मी की सूचना भी उपरोक्त उल्लिखित दिवसो में मानव सम्पदा पोर्टल पर दर्ज/अपडेट कराना सुनिश्चित करें जिसे जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा उक्त पोर्टल पर डाटा/विवरण का नियमित रूप से परीक्षण किया जायेगा।

- डिस्ट्रिक्ट वाक–इन के माध्यम से चयनित संविदा विशेषज्ञों/चिकित्सकों की चयन प्रक्रिया हेतु जिला कार्यक्रम प्रबंधक को नोडल नामित किया गया है तथा तत्क्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा पूर्ण सूचना ससमय राज्य स्तर पर अनुमोदन हेतु प्रेषित करना।
- प्रत्येक माह की 05 तारीख तक जनपद में कार्यरत संविदाकर्मी/आउटसोर्स/वेण्डर कर्मियों की व्यक्तिगत सूचना (जनपद का नाम, कार्यक्रम का नाम, पदनाम, योगदान तिथि) एवं संक्षेप/विस्तृत सूचना (Summarised) (कार्यक्रमवार, पदवार, कार्यरत कर्मियों की संख्या एवं रिक्त पदों की सूचना) मानव संसाधन अनुभाग को प्रेषित करना। इसके अतिरिक्त समय–समय पर वांछित सूचना को ससमय राज्य स्तर पर प्रेषित करना।
- जननी सुरक्षा योजना सहित सभी कार्यक्रमों के संचालन हेतु जनपद की सभी इकाईयों के पास पर्याप्त धनराशि की उपलब्धता सुनिश्चित करवाना एवं जच्चा का अस्पताल में 48 घंटे रूकने हेतु सत्यापन करना।
- डिलीवरी प्वाइंट्स सहित सभी इकाईयों तथा कार्यालयों मे कार्यरत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से वित्त पोषित कर्मियों की कार्यस्थल पर उपस्थिति का औचक निरीक्षण।
- जिला स्वास्थ्य समिति मे कार्यरत सभी कार्मिकों का मानव सम्पदा पर पंजीयन, अवकाश प्रबन्धन, वार्षिक अनुबन्ध तथा समय से मानदेय का भुगतान सुनिश्चित करवाना।
- जिला स्वास्थ्य समिति मे कार्यरत सभी कार्मिकों का छमाही परफॉरमेन्स अप्रेजल सुनिश्चित करना।
- प्रतिमाह निर्धारित सहयोगात्मक पर्यवेक्षण करना।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत आयोजित होने वाले सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों हेतु प्रतिभागियों का नामांकन तथा जनपद स्तरीय कार्यक्रम का समय से गुणवत्ता सहित आयोजन कराना।
- टीकाकरण सत्रो का (बुधवार एवं शनिवार) पर्यवेक्षण।
- अरबन हेल्थ पोस्ट पर डिस्प्ले बोर्ड की फोटोग्राफी तथा भौतिक प्रगति की रिपोर्ट।
- HMIS/UPHMIS पोर्टल पर माहवार एच.एम.आई.एस. की अद्यतन रिपोर्ट, जिला डाटा कम लेखा सहायक (DDAA) तथा जनपद स्तर पर वित्तीय वर्ष 2023–24 में अनुमोदित नवीन पद (District Monitoring & Evaluation Specialist) के द्वारा कियान्वित करते हुये आरसीएच पर पंजीकरण सुनिश्चित करवाना।
- निर्माण कार्य की माहवार अद्यतन सूचना।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार का कार्यक्रमों का आयोजन करना।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की वार्षिक कार्ययोजना का निर्माण तथा जिला स्वास्थ्य समिति से अनुमोदन की कार्यवाही कराना।
- राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत कम से कम दो विद्यालयों में स्वास्थ्य परीक्षण किये जाने के दौरान कार्यक्रम की समीक्षा विशेषकर मोबाइल टीम की उपस्थिति तथा स्वास्थ्य कार्ड एवं रजिस्टर का भरा जाना।
- एन0डी0सी0पी0 (राष्ट्रीय कार्यक्रम) से सम्बन्धित अद्यतन शासनादेशो/सर्कुलर/दिशा–निर्देशो/ एन0आर0एच0एम0 वेबसाइट पर उपलब्ध फार्म से मुख्य चिकित्साधिकारी एवं सम्बन्धित जिला कार्यक्रम अधिकारियों को अवगत कराना तथा उनके क्रियान्वयन में सहयोग करना।
- एन0डी0सी0पी0 (राष्ट्रीय कार्यक्रम) कार्यक्रमों का औचक निरीक्षण एवं उक्त से सम्बन्धित समीक्षात्मक आख्या एस0पी0एम0यू0 को ई–मेल द्वारा प्रेषित किया जाना।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के अन्तर्गत राज्य स्वास्थ्य समिति/एस0पी0एम0यू0 द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देश, निरीक्षण, सत्यापन एवं सौंपे गये अन्य कार्य।
- जनपद मे कार्यरत Devlopment Partners के साथ समन्वयय करते हुये कार्यक्रमों का क्रियान्वयन।
- सामूहिक बीमा योजना हेतु समस्त पात्र कर्मियों का डाटा प्रत्येक माह की 22 तारीख तक राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई को प्रेषित करना।

**जिला कम्युनिटी प्रोसेस प्रबंधक old FMR 16.4.2.1.1 for FY 2024-25 (FAMS Code- 185.C.P256):–**

- कम्युनिटी प्रोसेस अनुभाग द्वारा संचालित समस्त गतिविधियों के गुणवत्तापूर्वक संचालन, मूंल्याकन एवं अनुश्रवण में जनपदीय नोडल अधिकारी को सहयोग प्रदान करना।
- जनपद पर कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सी0एच0ओ0) द्वारा अपने पद से त्याग–पत्र देने की दशा में जिला कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर द्वारा संबंधित सी0एच0ओ0 के Surety Bond से संबंधित अर्हता का पालन करने में जनपद नोडल अधिकारी द्वारा सहयोग प्रदान करते हुये प्रत्येक माह की 09 तारीख तक सम्बन्धित सूचना कम्युनिटी प्रोसेस अनुभाग, वित्त अनुभाग एवं मानव संसाधन अनुभाग को प्रेषित करना सुनिश्चित किया जाना।
- जिला कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर द्वारा जनपद पर कार्यरत कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सी0एच0ओ0) को ससमय परफॉरमेन्स बेस्ड इन्सेन्टिव (PBI) के भुगतान का पालन करने में जनपद स्तर पर सहयोग प्रदान करते हुये प्रत्येक माह की 09 तारीख तक सम्बन्धित सूचना कम्युनिटी प्रोसेस अनुभाग, वित्त अनुभाग एवं मानव संसाधन अनुभाग को प्रेषित करना सुनिश्चित किया जाना।
- काम छोड़ चुकी आशा/आशा संगिनी और बिना आशा वाले गावो का आंकलन कर नई आशा/आशा संगिनी का चयन करवाने में सहयोग प्रदान करना।
- कम्युनिटी प्रोसेस अनुभाग से सम्बन्धित बजट का फॉलो अप (जिले से ब्लॉक को) अविरत रूप से फंड जारी किया जाना सुनिश्चित करना और उनके अधिकतम उपयोग में सहयोग करना।
- आशा व आशा संगिनी को प्रदान की जाने वाली प्रतिपूर्ति धनराशि का ससमय एवं नियमित भुगतान सुनिश्चित किया जाना।
- आशा किटो की आपूर्ति, वितरण एवं उन्हें फिर से भरने के लिए अच्छी व्यवस्था करना।
- आशा के लिए अतिरिक्त सहयोगी तंत्र जैसे–आशा पुरस्कार, शिकायत निवारण प्रणाली, आशा सहायता तंत्र स्थापित करना।
- राज्य स्तर से प्रेषित दिशा–निर्देशों को ब्लॉक स्तर पहुंचना।
- वीएचएसएनसी के गठन/पुनर्गठन का पर्यवेक्षण करना और जिला स्तरीय सहयोगी टीम के अधिकार क्षेत्र में आने वाले जिले के सभी गांवों में राज्य स्तर से प्रेषित दिशा–निर्देशों के अनुसार सामुदायिक निगरानी के लिए प्रक्रिया विकसित करना।
- कम्युनिटी प्रोसेस अनुभाग से सम्बन्धित गतिविधियों हेतु जिला प्रशिक्षण टीम के गठन एवं क्षमतावर्द्वन में सहयोग करना।
- एक व्यवस्थित प्रशिक्षण योजना तैयार करना, आशा, आशा संगिनी और वीएचएसएनसी सदस्यो के ब्लॉकवार प्रशिक्षण की व्यवस्था एवं निगरानी करना।
- प्रशिक्षण प्रक्रिया में सुचारु व्यवस्था, जैसे–समुचित आधारभूत सुविधाएं और प्रशिक्षण सामग्री उपलब्ध कराकर, गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाना।
- कम्युनिटी प्रोसेस अनुभाग से सम्बन्धित सभी प्रशिक्षकों और प्रशिक्षार्थियों का एक डेटा बेस रखना।
- कम्युनिटी प्रोसेस अनुभाग से सम्बन्धित जिला प्रशिक्षकों, आशा का प्रशिक्षण उपरांत मूल्यांकन सुनिश्चित करना और उनके एवं जिला प्रशिक्षण स्थल की प्रमाणीकरण प्रक्रिया में सहायता प्रदान करना।
- कम्युनिटी प्रोसेस अनुभाग से सम्बन्धित ब्लॉक टीम को पर्यवेक्षण एवं मार्ग–दर्शन प्रदान करने के लिए जिला नोडल अधिकारी और राज्य आशा और सामुदायिक संसाधन केंद्र के साथ समन्वय करना।
- ग्राम स्वास्थ्य योजनाओं का संकलन करने, और जिला स्वास्थ्य कार्य–योजना के सामुदायिक प्रक्रिया अनुभाग का बजट तैयार करने में डीपीएमयू के साथ समन्वय स्थापित कर, योगदान प्रदान करना।
- कम्युनिटी प्रोसेस अनुभाग से सम्बन्धित प्रशिक्षण और क्षमता वर्धन हेतु जिला संसाधन पूल को सुदृढ़ बनाने के लिए गैर–सरकारी संगठनों और अन्य सरकारी विभागों, जैसे कि महिला एवं बाल विकास, स्वच्छ पेय जल, ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समन्वय करना।
- ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर के साथ समय–समय पर समीक्षा बैठके करना।
- आशा एवं सामुदायिक प्रक्रियाओं से संबंधित गतिविधियों का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण करना।
- समुदाय स्तर पर संचालित विभिन्न गतिविधियों यथा राष्ट्रीय कार्यक्रमो, जे.ई./ए.ई.एस. आदि का समुदाय स्तर पर क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान सहायतित पर्यवेक्षण करना एवं भ्रमण आख्या से उच्चाधिकारियों को अवगत कराना।
- क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान वी.एच.एन.डी. का अनुश्रवण करना।

- प्रत्येक आशा के ब्यौरे, प्रशिक्षण स्थिति और ड्रॉपआउट संबंधी ब्लॉकवार डेटाबेस रखना।
- प्रमुख कार्यों में आशा की सक्रियता का मूल्यांकन करने के लिए ब्लॉक सामुदायिक संयोजकों द्वारा प्रस्तुत प्रारूपों के अनुरूप जिला स्तरीय निष्पादन रिपोर्टों का संकलन करना।
- कम निष्पादन करने वाले ब्लॉकों की पहचान करना, कम प्रदर्शन के कारणों का आकलन करना और सुधार के लिए रणनीतियां बनाना।
- जनपद के समस्त आयुष्मान आरोग्य मन्दिर का नियमित अनुश्रवण एवं सी0एच0ओ0 की क्रय त्रैमासिक समीक्षा बैठकों का आयोजन करना।
- वीएचएसएनसी के प्रशिक्षण, कार्यक्षमता, व्यय और लंबित कार्य (बैकलॉग) के बारे में ब्लॉकवार डेटाबेस बनाए रखना भी इसका एक नियमित कार्य है।
- रोगी कल्याण समिति के गठन/नवीनीकरण एवं सुचारू संचालन में आवश्यक सहयोग प्रदान करना।
- जनपद में स्थापित किये जाने वाले आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के चिन्हीकरण में सहयोग प्रदान किया जाना।
- आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के गैप एनालिसिस करवाने में सहयोग करना।
- गैप एनालिसिस के अनुसार आवश्यक उपकरण एवं सामग्री के उपलब्ध कराने में जनपदीय नोडल अधिकारी (एच.डब्ल्यू.सी.) को सहयोग प्रदान करना।
- आयुष्मान आरोग्य मन्दिर की क्रियाशीलता सुनिश्चित करने हेतु केन्द्रों का आवश्यक पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण कर जनपदीय नोडल अधिकारी (एच.डब्ल्यू.सी.) को अवगत कराते हुये जनपद एवं ब्लॉक स्तर पर आवश्यक सहयोग प्रदान करना।
- आयुष्मान आरोग्य मन्दिर से सम्बन्धित विभिन्न पोर्टल्स पर ससमय रिपोर्ट अपलोड किये जाने में जनपदीय नोडल अधिकारी (एच.डब्ल्यू.सी.) को सहयोग प्रदान किया जाना।
- अन्य कार्य जो कम्युनिटी प्रोसेस अनुभाग द्वारा प्रदान किये जायें।

**जिला लेखा प्रबन्धक old FMR 16.4.2.1.1 for FY 2024-25 (FAMS Code- 185.C.P258):–**

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जनपद के अन्दर समस्त कार्यक्रमों के लेखा सम्बंधी कार्यो का मासिक अनुश्रवण एवं समीक्षा करना।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रर्मो में एवं विभिन्न इकाईयों पर कार्यरत लेखाकंन अधिकारी/कर्मचारी का पर्यवेक्षण करना।
- फाइनेन्सियल गाइडलाइन्स के अनुसार लेखा पुस्तकों के अद्यतन रखरखाव के लिये प्रत्येक माह कम से कम चार सी0एच0सी0/पी0एच0सी0 का निरीक्षण कर आख्या जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में शामिल करना तथा राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई को उपलब्ध कराना।
- एफ.एम.आर, बी0आर0एस0, कमिटेड रिपोर्ट, कॉकरेन्ट ऑडिट रिपोर्ट एवं अन्य रिपोर्ट को मासिक अन्तराल पर राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई को प्रेषित करना।
- जिला स्वास्थ्य समिति, सी0एच0सी0/पी0एच0सी0, जिला अस्पताल एवं अन्य इकाईयों द्वारा एफ.ए. एम.एस. पोर्टल पर की गयी प्रविष्टियों की पूर्णतः की मासिक या कम अन्तराल पर समीक्षा करना।
- एफ.ए.एम.एस. पोर्टल से जिला स्वास्थ्य समिति के लेखा पुस्तकों का प्रिन्ट आउट निकालकर अभिरक्षित करना ।
- प्रत्येक माह ब्लाक लेखा प्रबन्धक की बैठक करना एवं रिपोर्ट राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई को उपलब्ध कराना।
- वित्तीय लेखा पुस्तकों के रख–रखाव के निरीक्षण रिपोर्ट के अनुपालन आख्या तैयार करवाना एवं वित्तीय नियमावली के अनुरूप कार्य की समीक्षा करना।
- जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई के समस्त लेखा कार्य की समीक्षा करना।
- पी0एफ0एम0एस0 पोर्टल को पत्र संख्या–एस.पी.एमयू./एन0आर0एच0एम0/लेखा/पी0एफ0एम0एस0/ 187/2017–18/1782–6 दिनांक 28.05.2018 एवं तद्पश्चात् जारी दिशा–निर्देश के अनुसार लागू कराना।
- कान्करेन्ट ऑडिट निष्पादित करवाना, प्रत्येक माह जनपद की समस्त इकाईयों बैंक समाधान विवरण एफ.ए.एम.एस. पोर्टल पर तैयार करवाना एवं राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई को उपलब्ध कराना।
- वार्षिक/त्रैमासिक वित्तीय विवरण तैयार करना एवं ई–मेल के माध्यम से ऑडिटर एवं राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई को उपलब्ध कराना।

- जिला ऑडिट समिति की प्रत्येक वर्ष कम से कम 06 बैठक आयोजित करवाना एवं कार्यवृत राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई को उपलब्ध कराना।
- कान्करेन्ट ऑडिट कृत कार्यवाही एवं अनुपालन आख्या को जिला ऑडिट समिति की समक्ष प्रस्तुत करना एवं राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई को उपलब्ध कराना।
- वैधानिक ऑडिट निष्पादित करवाना तथा कृत कार्यवाही एवं अनुपालन आख्या की समीक्षा करना तथा कृत कार्यवाही रिपोर्ट राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई को उपलब्ध कराना।
- जनपद के अन्दर की समस्त इकाईयों का बैंक समाधान विवरण बनवाने, मैनुअल रोकड़ बही एवं बाउचर पत्रावलियां के रख–रखाव की समीक्षा करना।
- जनपद के अन्दर समस्त इकाईयों की लेखा पुस्तकों की रख–रखाव की अद्यतन स्थिति का एजेण्डा जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में शामिल करवाना।
- टी0डी0एस0, जी0एस0टी0, ई0पी0एफ0 एवं अन्य वैधानिक दायित्वों की कटौती एवं समय से जमा करवाने की समीक्षा करना तथा डी0डी0ओ0 को यथा स्थिति एवं उसके परिणाम से अवगत कराना।
- राज्य स्वास्थ्य समिति से जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला स्वास्थ्य समिति से जिला अस्पताल सी0एच0सी0 / पी0एच0सी0 एवं अन्य इकाइयों के मध्य फण्ड समाधान विवरण तैयार करना।
- जनपद की समस्त इकाईयों पर फाईनेन्शियल एण्ड एकाउन्टिंग मैनेजमेन्ट सिस्टम (एफ0ए0एम0एस0) को लागू करवाना।
- फाईनेन्शियल एण्ड एकाउन्टिंग मैनेजमेन्ट सिस्टम (एफ0ए0एम0एस0) के अनुसार व्यय एवं पी0एफ0एम0 एस0 पोर्टल के अनुसार व्यय का इकाईवार रिपोर्ट तैयार करना तथा मुख्य चिकित्साधिकारी से प्रत्येक सप्ताह दोनों के व्यय में अन्तर की समीक्षा करवाना।
- प्रत्येक माह की 07 तारीख तक सभी कार्यरत कर्मियों का मानदेय निर्गत करते हुए, निर्गत सम्बन्धी सूचना वित्त अनुभाग एवं मानव संसाधन अनुभाग को प्रेषित करना।
- एन0आर0एच0एम0 के तहत राज्य स्वास्थ्य समिति / एस0पी0एम0यू0 द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देश, निरीक्षण, सत्यापन एवं सौंपे गये अन्य कार्य।

**जिला डाटा कम लेखा सहायक (District Data Manager) old FMR 16.4.2.1.1 for FY 2024-25 FAMS Code 185.C.P259) –**

राज्य स्तर से निर्धारित लेखांकन एवं अन्य कार्य, जिला लेखा प्रबन्धक के कार्यो में सहयोग, जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई के लेखा पुस्तकों को तैयार करना एवं अभिरक्षित करना तथा जिला कार्यक्रम प्रबन्धक के निर्देश में अन्य कार्य एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राज्य स्वास्थ्य समिति / एस0पी0एम0यू0 द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देश, निरीक्षण, सत्यापन एवं सौंपे गये अन्य कार्य।

## जिला कार्यक्रम प्रबंधको (डी0पी0एम0) हेतु वार्षिक वेतन वृद्धि का प्रारूप निम्नवत् है:–

### कार्य मूल्यांकन प्रपत्र

मूल्यांकन वर्ष ..........................................................................................................................
संविदा कर्मी का नाम ..................................................................................................................
तैनाती स्थल जनपद..................................................................
माह में अनुपस्थित रहे कार्य दिवसों की संख्या ..........................................................................
तैनाती की तिथि ...................................संविदा समाप्त होने की तिथि..........................................................

| क्र0 सं0 | कार्य / उत्तरदायित्व | अधिकतम अंक | प्राप्त अंक |
|---|---|---|---|
| 1. | जिला स्वास्थ्य समिति शासी एंव कार्यकारी निकाय की नियमित रूप से प्रतिमाह बैठक करवाना। | 10 | |
| 2. | जननी सुरक्षा योजना में धनराशि सुनिश्चित करवाना एवं जच्चा का अस्पताल में 48 घं रूकने हेतु सत्यापन करना। | 10 | |
| 3. | प्रत्येक माह की 05 तारीख तक जनपद में कार्यरत संविदाकर्मी / आउटसोर्स कर्मियों की व्यक्तिगत सूचना एवं संक्षेप सूचना मानव संसाधन अनुभाग को प्रेषित करना। | 10 | |
| 4. | जिला स्वास्थ्य समिति मे कार्यरत सभी कार्मिकों का मानव सम्पदा पर पंजीयन, अवकाश प्रबन्धन, वार्षिक अनुबन्ध तथा समय से मानदेय का भुगतान सुनिश्चित करवाना। | 10 | |
| 5. | डिलीवरी प्वाइंट्स सहित सभी इकाईयों तथा कार्यालयों मे कार्यरत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिश से वित्तपोषित कर्मियों की कार्यस्थल पर उपस्थिति का औचक निरीक्षण। | 10 | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6. | टीकाकरण सत्रों का (बुधवार एवं शनिवार) पर्यवेक्षण। | 10 | |
| 7. | HMIS/UPHMIS पोर्टल पर माहवार एच.एम.आई.एस. की अद्यतन रिपोर्ट, जिला डाटा लेखा सहायक (DDAA) तथा जनपद स्तर पर अनुमोदित नवीन पद (District Monitoring & Evaluation Specialist) के द्वारा कियान्वित करते हुये आरसीएच पर पंजीकरण सुनिश्चित करवाना। | 10 | |
| 8. | राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत कम से कम दो विद्यालयों में स्वास्थ्य परीक्षण किये जाने के दौरान कार्यक्रम की समीक्षा विशेषकर मोबाइल टीम की उपस्थिति तथा स्वास्थ्य कार्ड एवं रजिस्टर का भरा जाना। | 10 | |
| 9. | एन0डी0सी0पी0 (राष्ट्रीय कार्यक्रम) से सम्बन्धित अद्यतन शासनादेशों / सर्कुलर / दिशानिर्देशों / एन0आर0एच0एम0 वेबसाइट पर उपलब्ध फार्म से सी0एम0ओ0 एवं सम्बन्धित जिला कार्यक्रम अधिकारियों को अवगत कराना तथा उनके कियान्वयन में सहयोग। | 10 | |
| 10. | राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के अन्तर्गत राज्य स्वास्थ्य समिति / एस0पी0एम0यू0 द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देश, निरीक्षण, सत्यापन एवं सौंपे गये अन्य कार्य | 10 | |
| | **कुल योग** | **100** | |

- ग्रेडिंग का आधारः–

| आंकलन | कुल बिन्दु | मूल्यांकन |
|---|---|---|
| असन्तोषजनक | <= 40 | |
| संतोषजनक | 41-60 | |
| उत्तम | 61-80 | |
| अति उत्तम | 81-100 | |

## जिला कम्युनिटी प्रोसेस प्रबन्धक (डी0सी0पी0एम0) हेतु वार्षिक वेतन वृद्धि का प्रारूप निम्नवत् हैः–

## कार्य मूल्यांकन प्रपत्र

मूल्यांकन वर्ष ..........................................................................................................................................

संविदा कर्मी का नाम ..................................................................................................................................

तैनाती स्थल (जनपद का नाम)...............................................................

वित्तीय वर्ष में अनुपस्थित रहे कार्य दिवसों की संख्या (आकस्मिक / चिकित्सकीय / पैटरनिटी / मैटरनिटी / एल0डब्ल्यू0पी0 अवकाश इत्यादि) ................................................

तैनाती की तिथि ...................................संविदा समाप्त होने की तिथि...........................................................................

| क्र0 सं0 | कार्य उत्तरदायित्व | अधिकतम अंक | प्राप्त अंक |
|---|---|---|---|
| 1. | नई आशा एवं आशा संगिनी की नियुक्ति के साथ आशा की अद्यतन सूचना। | 10 | |
| 2. | वी0एच0एन0डी0 सत्रों का (बुधवार एवं शनिवार) पर्यवेक्षण। | 10 | |
| 3. | रोगी कल्याण समिति की धनराशि का माहवार उपयोग रिपोर्ट। | 10 | |
| 4. | ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति की बैठक की भ्रमण रिपोर्ट। | 10 | |
| 5. | ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस का सत्यापन एवं रिपोर्ट। | 10 | |
| 6. | हेल्थ एवं वैलनेस सेन्टर से सम्बन्धित समस्त रिपोर्टिंग ससमय सुनिश्चित करना। | 10 | |
| 7. | हेल्थ एवं वैलनेस सेन्टर टेली कन्सल्टेशन सुविधा का सुचारु एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करना | 10 | |
| 8. | आशाओं एवं आशा संगिनी को देय मॉनिटरी एवं नॉनमॉनिटरी प्रतिपूर्ति राशि की ब्लॉकवार समीक्षा एवं अनुश्रवण करना। | 10 | |
| 9. | हेल्थ एवं वैलनेस सेन्टर की कन्स्ट्रक्शन, ब्रान्डिंग व कियाशीलता की अद्युनान्त सूचना रखना | 10 | |
| 10. | एन0एच0एम0 के तहत राज्य स्वास्थ्य समिति / एस0पी0एम0यू0 द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देश, निरीक्षण, सत्यापन एवं सौंपे गये अन्य कार्य। | 10 | |
| | **कुल योग** | **100** | |

- **ग्रेडिंग का आधारः–**

| आंकलन | कुल बिन्दु | मूल्यांकन |
|---|---|---|
| असंतोषजनक | <= 40 | |
| संतोषजनक | 41-60 | |

| | | |
|---|---|---|
| उत्तम | 61-80 | |
| अति उत्तम | 81-100 | |

## जिला लेखा प्रबन्धक (डी0ए0एम0) हेतु वार्षिक वेतन वृद्धि का प्रारूप निम्नवत् है:–

### कार्य मूल्यांकन प्रपत्र

मूल्यांकन वर्ष ..........................................................................................................................................

संविदा कर्मी का नाम .................................................................................................................................

तैनाती स्थल (जनपद का नाम)......................................................................

वित्तीय वर्ष में अनुपस्थित रहे कार्य दिवसों की संख्या (आकस्मिक / चिकित्सकीय / पैटरनिटी / मैटरनिटी / एल0डब्ल्यू0पी0 अवकाश इत्यादि) ..................................................

तैनाती की तिथि .....................................संविदा समाप्त होने की तिथि..........................................................................

| क्र0 सं0 | कार्य उत्तरदायित्व | अधिकतम अंक | प्राप्त अंक |
|---|---|---|---|
| 1. | राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के समस्त कार्यक्रमों के लेखा कार्यो की समीक्षा। (कैश बुक बैंक समाधान विवरण / बिल वाउचर / पत्रावलियां का रख–रखाव एवं अन्य लेखा पुस्तिकें आदि) | 10 | |
| 2. | प्रत्येक माह कम से कम चार सी0एच0सी0 / पी0एच0सी0 का निरीक्षण कर वहां फाइनेन्सिय गाइडलाइन्स के अनुसार लेखा पुस्तकों के अद्यतन रखरखाव की स्थिति की आख्या। | 10 | |
| 3. | माहवार एफ.एम.आर, एवं अन्य रिपोर्ट की अद्यतन सूचना प्रेषण। | 10 | |
| 4. | प्रत्येक माह ब्लाक एकाउंट मैनेजर की बैठक करना एवं वित्तीय लेखा का निरीक्षण आख्या बनवाना एवं वित्तीय नियमावली के अनुरूप कार्य की समीक्षा करना। | 10 | |
| 5. | कांकरेन्ट ऑडिट सम्बन्धी कार्य। | 10 | |
| 6 | वैधानिक ऑडिट सम्बन्धी कार्य। | 10 | |
| 7 | वार्षिक / त्रैमासिक वित्तीय विवरण तैयार करना। | 10 | |
| 8 | एफ0ए0एम0एस0 को लागू करवाना। | 10 | |
| 9 | टी0डी0एस0 / जी0एस0टी0 / ई0पी0एफ0 / अन्य वैधानिक दायित्वों से सम्बन्धित कार्य। | 10 | |
| 10 | एन0आर0एच0एम0 के तहत राज्य स्वास्थ्य समिति / एस0पी0एम0यू0 द्वारा समय–समय पर दिये निर्देश, निरीक्षण, सत्यापन एवं सौंपे गये अन्य कार्य। | 10 | |
| | **कुल योग** | **100** | |

- **ग्रेडिंग का आधार:–**

| आंकलन | कुल बिन्दु | मूल्यांकन |
|---|---|---|
| असंतोषजनक | <= 40 | |
| संतोषजनक | 41-60 | |
| उत्तम | 61-80 | |
| अति उत्तम | 81-100 | |

## जिला डाटा कम लेखा सहायक (डी0डी0ए0ए0 / डी0डी0एम0) हेतु वार्षिक वेतन वृद्धि का प्रारूप

### कार्य मूल्यांकन प्रपत्र

मूल्यांकन वर्ष ..........................................................................................................................................

संविदा कर्मी का नाम .................................................................................................................................

तैनाती स्थल (जनपद का नाम)......................................................................

वित्तीय वर्ष में अनुपस्थित रहे कार्य दिवसों की संख्या (आकस्मिक / चिकित्सकीय / पैटरनिटी / मैटरनिटी / एल0डब्ल्यू0पी0 अवकाश इत्यादि) ..................................................

तैनाती की तिथि .....................................संविदा समाप्त होने की तिथि..........................................................................

| क्रम सं0 | कार्य उत्तरदायित्व | अधिकतम अंक | प्राप्त अंक |
|---|---|---|---|
| 1. | मुख्य चिकित्साधिकारी / जिला कार्यक्रम प्रबन्धक को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रमों / गतिविधियों को ब्लॉक स्तर पर कियान्वयन में सहयोग प्रदान करना। | 10 | |
| 2. | जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई की लेखा पुस्तकों का रख–रखाव करना। | 10 | |
| 3 | रोगी कल्याण समिति एवं ग्राम,स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति हेतु नियोजन एवं कियान्वय हेतु जिला कार्यक्रम प्रबन्धक को सहयोग प्रदान करना। | 10 | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | प्रत्येक माह कम से कम 8 से 10 दिन क्षेत्र का भ्रमण करना। | 10 | |
| 5 | जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई की पत्रावली/सर्पोटिंग बिल बाउचर/अन्य सम्बन्धित तैयार करना। | 10 | |
| 6 | मासिक व्यय रिर्पोट में ब्लॉक स्तर पर हुए व्ययों का समय से सम्मिलित करना। | 10 | |
| 7 | राज्य स्तर से निर्धारित वित्तीय एवं लेखाकंन कार्य। | 10 | |
| 8 | जिला स्वास्थ्य समिति के समस्त बैंक खातों का मासिक बैंक समाधान विवरण फैम्स पर तैयार करना। | 20 | |
| 9 | सम्बन्धित ब्लॉक के सभी कार्यक्रमों का अनुश्रवण करना। | 10 | |
| | **कुल योग** | **100** | |

- **ग्रेडिंग का आधारः–**

| आंकलन | कुल बिन्दु | मूल्यांकन |
|---|---|---|
| असंतोषजनक | <= 40 | |
| संतोषजनक | 41-60 | |
| उत्तम | 61-80 | |
| अति उत्तम | 81-100 | |

## 17.6 ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई (एफ0एम0आर0 कोड सं0–16.4.3.1.1)

जनपदों में ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई क्रियाशील हैं तथा इन इकाइयों पर विभिन्न स्तर के संविदा कर्मी कार्यरत हैं जिसमें प्रत्येक ब्लाक पर एक ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक एवं एक ब्लाक लेखा प्रबन्धक की स्वीकृति है।

वर्ष 2024–25 में ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई में कार्यरत संविदा कर्मियों को निम्न मानदेय बजट भारत सरकार द्वारा प्रतिमाह स्वीकृत किया गया है।

1. **ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक**– हेतु अधिकतम बजट रू0 39005.00 प्रतिमाह (मानदेय+वार्षिक वेतन वृद्धि+ एक्सपीरियन्स बोनस), 24255.00 प्रतिमाह (रिक्त पदों हेतु) पद/मानदेय बजट भारत सरकार द्वारा ओल्ड एफ. एम. आर. कोड संख्या 16.4.3.1.1 /S.NO 185 में स्वीकृत किया गया है।
2. **ब्लाक लेखा प्रबन्धक**– हेतु अधिकतम बजट एफ. एम. आर. कोड संख्या 16.4.3.1.1 पर रू0 29918.00 प्रतिमाह (मानदेय+वार्षिक वेतन वृद्धि+एक्सपीरियन्स बोनस) तथा रु0 22,325.00 प्रतिमाह (रिक्त पदों हेतु) पद/मानदेय बजट भारत सरकार द्वारा ओल्ड एफ. एम. आर. कोड संख्या 16.4.3.1.1/S.NO 185 में स्वीकृत किया गया है।
3. **ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई में ऑपरेशनल व्यय** हेतु S.NO 194 में रूपये 20101.00 प्रतिमाह की दर से स्वीकृत किया गया है।

उपरोक्त मानदेय बजट एवं ऑपरेशनल व्यय भारत सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया है, वर्तमान मानदेय पर वित्तीय वर्ष 2024–25 में 05 प्रतिशत की बढ़ोतरी केवल उन संविदाकर्मी पर लागू होगी जिन्होंने एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर लिया है। तदनुसार अनुबन्ध पत्रों में संशोधन करा लिया जाय।

ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई के संविदा कर्मियों की तैनाती हेतु सामान्य नियम निम्नवत् हैंः–

### ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई संविदा कर्मियों की तैनाती हेतु सामान्य नियम

1. ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई हेतु प्रेषित धनराशि को जिला स्वास्थ्य समिति के अन्तर्गत गठित शासी निकाय में चर्चा की जायेगी और सहमति प्राप्त की जायेगी। यदि शासी निकाय की बैठक में विलम्ब हो रहा हो तो अध्यक्ष–शासी निकाय से अनुमोदन प्राप्त कर कार्यवाही की जाय। ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई द्वारा वित्तीय नियमावली का अनुपालन करते हुए इस धनराशि का उपयोग किया जाय।
2. इस वित्तीय वर्ष में वास्तविक कार्य करने की तिथि से एवं संतोषजनक कार्य के आधार पर ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई के कर्मियों/अधिकारियों के मानदेय का भुगतान जनपदवार दी गई निर्धारित मानदेय के अनुसार कर दिया जाये।

## ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धन इकाइयों में कार्यरत संविदा कर्मियों के कार्य एवं दायित्व :–

### ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक (FMR 16.4.3.1.1 FAMS Code- 185.C.P345)

- **निर्धारित कार्य एवं उत्तरदायित्व**

- कार्यक्रमों के क्रियान्चयन हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी/प्रभारी अधीक्षक/जिला कार्यक्रम प्रबंधक को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मंशानुरूप सहयोग प्रदान करना।
- ब्लाक स्तर पर कार्यक्रम नियोजन, संचालन, पर्यवेक्षण, समन्वयन हेतु पूर्णरूपेण उत्तरदायी।
- ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई में कार्यरत सहयोगियों BAM, BCPM & DEO का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण करते हुये इकाई का संचालन।
- रोगी कल्याण समिति, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति के सदस्यों की कार्य क्षमता एवं विकास हेतु कार्ययोजना बनाना।
- ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण हेतु ग्राम संबंधी कार्ययोजना बनवाना, साथ ही उक्त समिति को समयानुसार धनराशि उपलब्ध करवाना।
- विकास खंड स्तर पर विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय करते हुये स्वास्थ्य कार्ययोजना का निर्माण तथा कियान्वयन मे अर्न्तविभागीय सहयोग प्राप्त करना।
- ए.एन.एम./आशा की मीटिंग में उपस्थित होकर सुझावों एवं समस्याओं के निस्तारण करना।
- प्रत्येक माह से प्रगति सूचना डाउनलोड कर चिकित्सा अधीक्षक के साथ चर्चा करना तथा ए.एन.एम. एवं आशा की मासिक बैठक मे डेटा प्रस्तुत करना।
- सभी लाभार्थियों तथा आशा एंव सेवा प्रदाताओं को समय से प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान सुनिश्चित करवाना।
- प्रभारी अधीक्षक/चिकित्साधिकारी के नेतृत्व में प्रत्येक स्तर पर पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण लागू करवाना
- राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत कम से कम दो विद्यालयों में स्वास्थ्य परीक्षण किये जाने के दौरान कार्यक्रम की समीक्षा विशेषकर मोबाइल टीम की उपस्थिति तथा स्वास्थ्य कार्ड एवं रजिस्टर का भरा जाना।
- माह में कम से कम 8–10 दिन की फील्ड विजिट तथा ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई के दैनिक संचालन, वित्तीय प्रबंधन करना।
- वित्तीय प्रबंधन में प्रभारी अधीक्षक/चिकित्साधिकारी को सहयोग प्रदान करना तथा BAM का पर्यवेक्षण करना।
- मसिक प्रगति आख्या प्रत्येक माह समय पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक को प्रस्तुत करना ।
- स्थापना, कार्यक्रम अनुश्रवण, नियोजन, सस्भागी समन्वयन मे उच्चाधिकारियों को सहयोग प्रदान करना।
- प्रत्येक माह में कार्यरत कर्मियों की उपस्थिति की सूचना जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई को ससमय प्रेषित करना जिससे कि मानदेय का ससमय भुगतान किया जा सके।

### ब्लाक लेखा प्रबन्धक FMR 16.4.3.1.1 (FAMS FMR Code- HSS.9.184.C.P346)

- अधीक्षक/प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक को वित्तीय कार्यो में सहयोग करना।
- पी0एफ0एम0एस0 लॉग बुक/चेक निर्गत रजिस्टर तैयार करना।
- रोकड़ बही एवं बैंक बही तैयार करना।
- प्रत्येक माह एफ.ए.एम.एस पोर्टल से बैंक समाधान विवरण तैयार करना।
- एफ.ए.एम.एस पोर्टल का प्रयोग करते हुए ही पी.एफ.एम.एस. पोर्टल से भुगतान करना तथा टी0डी0एस0, जी0एस0टी0 एवं अन्य वैधानिक दायित्वों की कटौती, उसी दिन समय से जमा करना एवं भुगतान की प्रविष्टि एफ.ए.एम.एस. पोर्टल पर अद्यतन करना।
- एफ.एम.आर एवं अन्य वित्तीय सूचना तैयार करना एवं जिला स्वास्थ्य समिति को उपलब्ध कराना।
- निर्देशित किया जाता है कि कार्यकम के अन्तर्गत गतिविधिवार, जनपदवार आंवटित धनराशि के सापेक्ष एन०एच०एम० के वित्तीय नियमों के अनुसार व्यय करते हुए संगत मद में तत्काल FAMS Portal पर अनिवार्य रूप से अंकित कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा व्यय की सूचना FAMS Portal पर अंकित न होने की दशा में आप स्वयं उत्तरदायी होगें।
- FAMS Portal पर आंवटित धनराशि की सीमा के सापेक्ष ही व्यय की सूचना की अंकित करें, आंवटित धनराशि से अधिक व्यय की सूचना अंकित करना नियम विरूद्ध है।
- जनपद स्तर से आशा एवं आशा संगिनियों का ससमय भुगतान के सम्बन्ध में कम्युनिटी प्रोसेस अनुभाग द्वारा समय–समय पर प्रेषित दिशा–निर्देशों के अनुरूप करना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में आप स्वयं उत्तरदायी होगें।
- जनपद द्वारा यह सुनिशिचित किया जायेगा कि कार्यक्रम के अन्तर्गत गतिविधिवार आवंटन की सीमा तक संगत मद में FAMS Portal पर व्यय विवरण अंकित किया जायेगा। किसी भी दशा में आवंटन की सीमा के ऊपर व्यय नहीं किया जायेगा अन्यथा की स्थिति में आप स्वयं उत्तरदायी होगें।
- जनपद स्तर पर क्रय–भारत सरकार के जेम पोर्टल के माध्यम से क्रय प्रक्रिया पूर्ण कराई जाये तथा ऐसे स्पेशिफिकेशन बनाये जाये जिसके कम से कम दो ओ०ई०एम० जेम पोर्टल पर उपलब्ध हो।
- राज्य स्तर/जनपद स्तर से आंवटित की जाने वाली समस्त लैब मैटिरियल/कन्जूमेबिलस का आंवटन निक्षय औषधि पर उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा। अतः निक्षय औषधि पर समस्त टी०यू०/डी०एम०सी० के द्वारा आवंटन के सापेक्ष उपयोगित का विवरण ससमय अंकित कराना सुनिश्चित करें, जिससे उपरोक्त का मूल्यांकन एवं अनुश्रवण किया जा सकें।
- संविदा पर मानव संसाधन मद में आवंटित बजट के सापेक्ष जनपद स्तर पर कार्यरत/वास्तविक मानव संसाधन/पदों को ही नियमानुसार ससमय मानदेय का भुगतान करना सुनिश्चित किया जायेगा। जनपदों द्वारा मानव संसाधन अनुभाग से निर्गत दिशा–निर्देशानुसार आउटसोर्स रिक्त पदों के सापेक्ष भर्ती प्रक्रिया करते हुये तथा अन्य पदों की अद्यतन स्थिति से इस कार्यालय को 07 कार्य दिवसों के अन्दर प्रेषित करना सुनिश्चित किया जायेगा।

# 20. गैर संचारी रोग कार्यक्रम

## 20.1 नेशनल प्रोग्राम फॉर हेल्थ केयर ऑफ एल्डर्ली

नेशनल प्रोग्राम फॉर हेल्थ केयर एल्डर्ली के क्रियान्वयन हेतु वर्ष 2024–25 में भारत सरकार द्वारा कार्यक्रम में होने वाली निम्न गतिविधियों में होने वाले व्यय की दरों को निम्नानुसार अनुमोदित किया है जिनके अनुसार ही कार्यक्रम के सुचारू क्रियान्वयन के लिए वित्तीय वर्ष 2024–25 में नवीन एफ0एम0आर0 में आवंटित धनराशि निम्नवत् हैं:–

### जिला अस्पताल हेतुः–

- प्रदेश के समस्त जनपदों हेतु **Old FMR NCD.3.99.EQ and New FMR Code-99.1** Machinery & Equipments For DH मद पर रू0 1.50 लाख प्रति जनपद की दर से धनराशि आवंटित की गयी है।
- प्रदेश के समस्त जनपदों हेतु **Old FMR NCD.3.102.IEC.1 and New FMR -102.1 Public Awareness & IEC for NPHCE** पर भारत सरकार द्वारा अनुमोदित धनराशि के सापेक्ष जनपद को रू0 2.00 लाख प्रति जनपद की दर से धनराशि आंवटित की गई है, जिससे कार्यक्रम के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु बैनर, पोस्टर, पैम्फेल्ट, साइनेज इत्यादि का मुद्रण जनपदों द्वारा नियमानुसार किया जायेगा। साथ ही पूर्व वर्षों की भांति दिनांक **01 अक्टूबर, 2024** को International Days of Older Person के रूप में मनाया जाता है, जिसमें International Days of Older Person के उपलक्ष में जनपद की प्रत्येक स्वास्थ्य इकाईयों में पूर्ण तैयारियों के साथ कार्यक्रम के प्रति जनमानस में व्यापक प्रचार–प्रसार किया जायेगा साथ ही रैली/पोस्टर प्रतियोगिता/निबंध प्रतियोगिता/ हस्ताक्षर अभियान/गोष्ठी/मानव श्रंखला आदि गतिविधियों के आयोजन के साथ–साथ एन0सी0डी0 स्क्रीनिंग, नेत्र, मानसिक स्वास्थ्य, न्यूरो, आर्थोपेडिक, दंत, नाक, कान एवं गले के परीक्षण हेतु कैम्प का आयोजन भी किया जायेगा। उपरोक्त गतिविधि का संचालन/क्रियान्वयन की पूर्ण जिम्मेदारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जनपदीय नोडल अधिकारी एन0पी0एच0सी0ई0 की होगी।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हेतुः–

- **Old FMR NCD.3.100.EQ and New FMR- 100.1 Machinery & Equipment For CHC** मद पर भारत सरकार द्वारा रू0 0.50 लाख प्रति सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की धनराशि आवंटित की गयी है, जिसका विवरण आंवटन शीट पर उपलब्ध है।
- मुख्य चिकित्सा अधिकारी को इस तथ्य का विशेष ध्यान देना है कि मदवार आवंटित धनराशि से अधिक का व्यय नहीं किया जायें।
- National Programme for Health Care of the Elderly (NPHCE) कार्यक्रम के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में जिला–स्वास्थ्य–समिति को जारी की गयी धनराशि का उपभोग कार्यक्रम के हित में 31 मार्च, 2025 के पूर्व कर लिया जाये।
- National Programme for Health Care of the Elderly (NPHCE) कार्यक्रम का क्रियान्वयन भारत सरकार के स्तर से निर्गत Operational Guidelines of NPHCE के अनुसार ही किया जायेगा।
- जनपदों में कार्यक्रम का संचालन मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में स्थापित जिला एन0सी0डी0सेल के द्वारा की जायेगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी अपने अधीन अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अथवा उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी को नोडल अधिकारी, एन0सी0डी0 नामित करेगें। नोडल अधिकारी का दायित्व होगा कि वह उक्त कार्यक्रम का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन जनपद में सुनिश्चित करें।
- जिला स्तरीय 10 बेडेड जीरियाटिक यूनिट एवं ओ0पी0डी0 क्लीनिक में प्रशासनिक/वित्तीय नियंत्रण मुख्य चिकित्सा अधिकारी के स्तर से एवं क्लीनिकल कार्यो पर नियंत्रण मुख्य चिकित्सा अधीक्षक का होगा। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक भी Operational Guidelines of NPHCE में दिये गये निर्देशों का अनुपालन करेगें।
- मुख्य चिकित्सा अधिकारी का यह दायित्व होगा कि वह कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला–स्वास्थ्य–समिति को उपलब्ध कराये गये बजट का उपभोग Operational Guidelines of NPHCE में दिये गये निर्देशों के अनुसार करेगें तथा क्रय सम्बन्धित कार्य वर्तमान में उपलब्ध क्रय–प्रक्रिया के अनुसार जिला–स्वास्थ्य–समिति के माध्यम से नियमानुसार करेगें।

- National Programme for Health Care of the Elderly (NPHCE) कार्यक्रम के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में जिला–स्वास्थ्य–समिति को जारी की गयी धनराशि का मदवार विवरण संलग्न है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् हैः–

## अन्य निर्देश–

- जिला एन0सी0डी0 सेल में कार्यरत इपिडिमियोलॉजिस्ट द्वारा कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रेषित की जाने वाली मासिक/त्रैमासिक रिपोर्ट का इपिडिमियोलॉजिकल स्टडी करते हुए उक्त रिपोर्ट को राज्य स्तर पर प्रेषित करेंगें।
- जिला एन0सी0डी0 सेल में कार्यरत जिला कार्यक्रम समन्वयक द्वारा इपिडिमियोलॉजिस्ट/जिला फाइनेन्स कम लॉजिस्टिक सलाहकार को सहयोग प्रदान करने के साथ–साथ जनपद में कार्यक्रम के अन्तर्गत समस्त प्रशिक्षण कार्यक्रम, जनपद स्तरीय भ्रमण एवं समस्त रिर्पोटिंग इत्यादि का कार्य करना सुनिश्चित करेगें।
- जिला एन0सी0डी0सेल में कार्यरत जिला फाइनेन्स कम लॉजिस्टिक सलाहकार द्वारा एन0पी0एच0सी0ई0 कार्यक्रम का समस्त वित्तीय कार्य सम्पादित करना सुनिश्चित किया जायेगा।
- जिला एन0सी0डी0 सेल/क्लीनिक में कार्यरत डाटा इन्ट्री आपरेटर द्वारा जिला एन0सी0डी0 सेल से सम्बन्धित समस्त रिपोर्ट (मासिक/त्रैमासिक) समसय राज्य एन0सी0डी0 सेल को प्रेषित करना सुनिश्चित करेगें।

## वित्तीय प्रबन्धन

- आवंटित धनराशि का व्यय शासकीय एवं विभागीय नियम एवं शर्तों का पालन करते हुए किया जाये।
- किसी भी कर्मी को किसी भी स्थिति में नगद भुगतान नहीं किया जायेगा।
- प्राविधानित धनराशि का व्यय आवंटित धनराशि की सीमा के भीतर ही किया जाये।
- धनराशि का आवंटन मात्र आपको व्यय करने के लिये प्राधिकृत नहीं करता, अपितु वित्तीय नियमों, शासना देशों एवं कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुये, सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त ही व्यय नियमानुसार किया जायेगा। जिस कार्यक्रम/मद में धनराशि आवंटित की गयी है उसी सीमा तक व्यय नियमानुसार किया जाये।
- जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024–25 में DHAP के सापेक्ष वित्तीय आवंटित धनराशि का व्यय वित्तीय नियमों के अनुरूप FAMS के माध्यम से नेशनल प्रोग्राम फॉर हेल्थ केयर ऑफ एल्डर्ली कार्यक्रम का व्यय सुनिश्चित किया जायेगा।
- जनपद द्वारा समस्त भुगतान FAMS Software का प्रयोग करते हुये PFMS Portal के माध्यम से किया जायेगा, जिससे कि उपलब्ध बजट का अनुश्रवण किया जा सकें।

प्रत्येक मद में स्वीकृत धनराशि की सीमा तक जिला कार्यक्रम/लेखा प्रबन्धक, नोडल अधिकार, नेशनल प्रोग्राम फॉर हेल्थ केयर ऑफ एल्डर्ली कार्यक्म एवं मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय के द्वारा वित्तीय नियमों को शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराते हुये कार्यक्रम के अन्तर्गत व्यय/भुगतान किया जायेगा। उपर्युक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। समयान्तर्गत अनुपालन न होने की स्थिति में सम्बन्धित अधिकरियों के विरूद्ध नियमानुसार विभागीय अनुशासनात्मक एवं दण्डात्मक कार्यवाही हेतु प्रकरण प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन को सन्दर्भित कर दिया जाएगा।

## नेशनल प्रोग्राम फॉर हेल्थ केयर ऑफ एल्डर्ली कार्यक्म के अंतर्गत मानव संसाधनः–

1. **Rehabilitation Worker मद सं0 185.C.S0560** पर भारत सरकार द्वारा अनुमोदित आर0ओ0पी0 के अनुसार कार्यक्रम के अन्तर्गत Rehabilitation Worker हेतु प्रति माह मूल मानदेय रू0 18,000.00 की दर से स्वीकृत है तथा पूर्व में कार्यरत मानव संसाधन के मानदेय हेतु एन0एच0एम0 के अनुमोदित नियमों के अनुरूप 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि तथा नियमतः देय Experience Bonus सहित जनपदवार मदवार धनराशि आवंटित की गयी है।

**कार्यदायित्व**

1) फिजियोथेरेपी सेवाओं की आवश्यकता वाले रोगियों का प्रबंधन और देखभाल करना।
2) शैय्याग्रस्त रोगियों को फिजियोथेरेपी सेवाएं प्रदान करने के लिए गृहस्वास्थ्य निरीक्षण करना।
3) एन0सी0डी रोगों के जोखिम कारकों के बारे में रोगी और उनके परिवार को परामर्श देना।
4) संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रदान किया गया कोई अन्य कार्य।

**2. Consultant Medicine मद सं0 185.C.S0194** पर वित्तीय वर्ष 2024–25 भारत सरकार द्वारा अनुमोदित आर0ओ0पी0 में प्राप्त नवीन पदों के मानदेय हेतु प्रविधानित रू0 3,00,000.00 पर अनुमोदन प्राप्त हुआ है तथा पूर्व में कार्यरत मानव संसाधन के मूल मानदेय रु0 1,50,000.00 की दर से स्वीकृत है।

अवगत कराना है कि पूर्व से कार्यरत Consultant Medicine पद हेतु नियुक्ति मानदेय के अनुसार तथा एन0एच0एम0 के अनुमोदित नियमों के अनुरूप कार्यरत 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि एवं नियमतः देय Experience Bonus सहित जनपदवार मदवार धनराशि आवंटित की गयी है।

उक्त के अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2023–24 में बिडिंग मॉडल के माध्यम से नियुक्त Consultant Medicine को नियुक्ति के आधार पर जनपदवार मदवार धनराशि आवंटित की गयी है तथा Consultant Medicine के रिक्त पदों की भर्ती बिडिंग मॉडल के माध्यम राज्य से की जायेगी।

**कार्यदायित्व**

1) वृद्धजनों की स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं की जांच और प्रबंधन करना।
2) जीरियाट्रिक वार्ड में भर्ती वृद्ध रोगियों को देखभाल प्रदान करना।
3) वृद्ध रोगियों का समय–समय पर फॉलोअप करना।
4) समय–समय पर पीएचसी/सीएचसी और अन्य स्वास्थ्य इकाइओं पर वृद्धावस्था शिविरों की योजना बनाना और उनका प्रबंधन करना।
5) जटिल मामलों को तृतीयक स्तर के चिकित्सालय/क्षेत्रीय जीरियाट्रिक केंद्रों में संदर्भित करना।
6) राष्ट्रीय एन0सी0डी0 सेल द्वारा निर्गत दिशा–निर्देशों के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान करना।
7) जिला स्तर पर कार्यक्रम के अन्तर्गत की जाने वाली गतिविधियों का मूल्याकंन एवं अनुश्रवण करना।

**3. Staff Nurse मद सं0 185.C.S0019** पर भारत सरकार द्वारा अनुमोदित आर0ओ0पी0 के अनुसार कार्यक्रम के अन्तर्गत Staff Nurse हेतु प्रति माह मूल मानदेय रू0 20,000.00 की दर से स्वीकृत है तथा पूर्व में कार्यरत मानव संसाधन के मानदेय हेतु एन0एच0एम0 के अनुमोदित नियमों के अनुरूप 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि तथा नियमतः देय Experience Bonus सहित जनपदवार मदवार धनराशि आवंटित की गयी है।

**कार्यदायित्व**

1) ओपीडी में आने वाले और वृद्धावस्था वार्ड में भर्ती वृद्ध रोगियों के प्रबंधन और अनुवर्ती कार्रवाई (फालोअप) में चिकित्सा अधिकारियों/परामर्शदाताओं की सहायता करना।
2) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं अन्य स्वास्थ्य इकाइओं पर वृद्धावस्था शिविरों की योजना और प्रबंधन में सहायता करना।
3) एन0सी0डी0 रोगों के जोखिम कारकों के बारे में रोगियों और उनके परिवार के सदस्यों को परामर्श देना।

**4. Physiotherapist मद सं0 185.C.S0085** पर भारत सरकार द्वारा अनुमोदित आर0ओ0पी0 के अनुसार कार्यक्रम के अन्तर्गत Physiotherapist हेतु प्रति माह मूल मानदेय रू0 20,000.00 की दर से स्वीकृत है तथा पूर्व में कार्यरत मानव संसाधन के मानदेय हेतु एन0एच0एम0 के अनुमोदित नियमों के अनुरूप 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि तथा नियमतः देय Experience Bonus सहित जनपदवार मदवार धनराशि आवंटित की गयी है।

## कार्यदायित्व

1) फिजियोथेरेपी सेवाओं की आवश्यकता वाले रोगियों का प्रबंधन और देखभाल करना।
2) शैययाग्रस्त रोगियों को फिजियोथेरेपी सेवाएं प्रदान करने के लिए गृहस्वास्थ्य निरीक्षण करना।
3) एन0सी0डी के जोखिम कारकों के बारे में रोगी और उनके परिवार को परामर्श देना।
4) संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रदान किया गया कोई अन्य कार्य।

5. **Hospital Attendant मद सं0 185.C.S0805** पर भारत सरकार द्वारा अनुमोदित आर0ओ0पी0 के अनुसार कार्यक्रम के अन्तर्गत Hospital Attendant हेतु प्रति माह मूल मानदेय रू0 10089.00 की दर से स्वीकृत है।

अवगत कराना है कि पूर्व में कार्यरत मानव संसाधन के मानदेय हेतु एन0एच0एम0 के अनुमोदित नियमों के अनुरूप नियमतः देय GST, ESI,Service Charge & EPF जनपदवार मदवार धनराशि आवंटित की गयी है। तथा **जनपद स्तर पर (जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से)** Hospital Attendant के रिक्त पदों **की नियुक्ति नियमानुसार एजेन्सी (Out Source) के माध्यम से की जानी है** एवं जनपद द्वारा नवीन नियुक्त कर्मी के मानदेय (GST, ESI,Service Charge & EPF) की गणना कर राज्य स्तर पर उपलब्ध करायी जायेगी तद्उपरान्त राज्य स्तर द्वारा जनपद से प्राप्त मांग पत्र के अनुसार मानदेय हेतु धनराशि अवमुक्त की जायेगी।

- **Hospital Attendant योग्यता Matriculation (दसवीं) होगी तथा 2 Year experience of working in a Hospital होना अनिवार्य है।**

6. **Sanitary Attendant मद सं0 185.C.S0810** पर भारत सरकार द्वारा अनुमोदित आर0ओ0पी0 के अनुसार कार्यक्रम के अन्तर्गत Sanitary Attendant हेतु प्रति माह मूल मानदेय रू0 10089.00 की दर से स्वीकृत है

अवगत कराना है कि पूर्व में कार्यरत मानव संसाधन के मानदेय हेतु एन0एच0एम0 के अनुमोदित नियमों के अनुरूप 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि तथा नियमतः देय GST, ESI,Service Charge & EPF जनपदवार मदवार धनराशि आवंटित की गयी है। तथा **जनपद स्तर पर (जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से) Sanitary Attendant** के रिक्त पदों **की नियुक्ति नियमानुसार एजेन्सी (Out Source) के माध्यम से की जानी है** एवं जनपद द्वारा नवीन नियुक्त कर्मी के मानदेय (GST, ESI,Service Charge & EPF) की गणना कर राज्य स्तर पर उपलब्ध करायी जायेगी तद्उपरान्त राज्य स्तर द्वारा जनपद से प्राप्त मांग पत्र के अनुसार मानदेय हेतु धनराशि अवमुक्त की जायेगी।

- Sanitary Attendant **योग्यता Matriculation (दसवीं) होगी तथा 2 Year experience of working in a Hospital होना अनिवार्य है।**

## कार्यदायित्व

1) ओ0पी0डी और जीरियाट्रिक वार्ड में स्वच्छता बनाए रखना।
2) रोगियों को पर्याप्त स्वच्छता देखभाल प्रदान करना।
3) संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रदान किया गया कोई अन्य कार्य।

## वित्तीय प्रबन्धन

- आवंटित धनराशि का व्यय शासकीय एवं विभागीय नियम एवं शर्तों का पालन करते हुए किया जाये।
- किसी भी कर्मी को किसी भी स्थिति में नगद भुगतान नहीं किया जायेगा।
- प्राविधानित धनराशि का व्यय आवंटित धनराशि की सीमा के भीतर ही किया जाये।
- धनराशि का आवंटन मात्र आपको व्यय करने के लिये प्राधिकृत नहीं करता, अपितु वित्तीय नियमों, शासनादेश एवं कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुये, सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त ही व्यय नियमानुसार किया जायेगा। जिस कार्यक्रम/मद में धनराशि आवंटित की गयी है उसी सीमा तक व्यय नियमानुसार किया जाये।

- जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024–25 में DHAP के सापेक्ष वित्तीय आवंटित धनराशि का व्यय वित्तीय नियमों के अनुरूप FAMS के माध्यम से नेशनल प्रोग्राम फॉर हेल्थ केयर ऑफ एल्डर्ली कार्यक्रम का व्यय सुनिश्चित किया जायेगा।
- जनपद द्वारा समस्त भुगतान FAMS Software का प्रयोग करते हुये PFMS Portal के माध्यम से किया जायेगा, जिससे कि उपलब्ध बजट का अनुश्रवण किया जा सकें।
- नेशनल प्रोग्राम फॉर हेल्थ केयर ऑफ एल्डर्ली कार्यक्रम के अन्तर्गत SHS द्वारा DHS को आवंटित धनराशि कार्यरत संविदा एवं एजेन्सी कर्मियों के मानदेय मद में मात्र Budgetry अनुमोदन प्रदान करता है सम्बन्धित DHS द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि एन0एच0एम0 के मानकानुसार प्रचलित नियमों के अनुरूप कार्यरत संविदाकर्मी एवं एजेंसी कर्मियों को नियमतः वर्तमान में मानदेय आहरण के लिये Minimum Wages act u.p का अनुपालन शत–प्रतिशत सुनिश्चित करते हुये मानदेय आरहण किया जायेगा।
- एजेन्सी कर्मियों के ई0पी0एफ0, जी0एस0टी0, ई0एस0आई0 एवं सर्विस चार्ज का नियमतः भुगतान की समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित DHS की होगी अन्यथा की स्थिति में सम्पूर्ण वैधानिक जबाबदेही/विविध कार्यवाही की जिम्मेदरी भी सम्बन्धित DHS की होगी।

प्रत्येक मद में स्वीकृत धनराशि की सीमा तक जिला कार्यक्रम/लेखा प्रबन्धक, नोडल अधिकारी, एन0पीएच0सी0ई0 एवं मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय के द्वारा वित्तीय नियमों को शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराते हुये कार्यक्रम के अन्तर्गत मानदेय आहरण किया जायेगा। उपर्युक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुये मानदेय आरहण किया जाये। समयान्तर्गत अनुपालन न होने की स्थिति में सम्बन्धित अधिकरियों के विरूद्ध नियमानुसार विभागीय अनुशासनात्मक एवं दण्डात्मक कार्यवाही हेतु प्रकरण प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन को सन्दर्भित कर दिया जाएगा।

## 21.2 नेशनल प्रोग्राम फॉर पैलिऐटिव केयर कार्यक्रम

नेशनल प्रोग्राम फॉर पैलिऐटिव केयर कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु वर्ष 2024–25 में भारत सरकार द्वारा कार्यक्रम में होने वाली निम्न गतिविधियों में होने वाले व्यय की दरों को निम्नानुसार अनुमोदित किया है जिनके अनुसार ही कार्यक्रम के सुचारू क्रियान्वयन के लिए वित्तीय वर्ष 2024–25 में नवीन एफ0एम0आर0 में आवंटित धनराशि निम्नवत् हैं :–

**Old FMR NCD.9.119.IEC.1–New FMR- 119.2 IEC for District:-**

उक्त मद में प्रचार–प्रसार हेतु रू0 1.00 लाख की धनराशि प्रति जनपद की दर से कार्यक्रम से आच्छादित समस्त 45 जनपदों हेतु आंवटित की गयी है, अवमुक्त धनराशि का उपभोग राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 में गाइडलाइन के अनुसार ही प्रचार–प्रसार सामग्री के मुद्रण हेतु किया जायेगा।

**Old FMR NCD.9.119.PME–New FMR 119.4 Misc. Travel / POL/ Stationery / Communication etc:-**

उक्त मद में Misc. Travel/POL/Stationery/Communication हेतु रू0 1.00 लाख प्रति जनपद की दर से धनराशि आंवटित की गयी है, अवमुक्त धनराशि का उपभोग राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 में गाइडलाइन के अनुसार ही किया जायेगा।

**Old FMR NCD.9.119.DS–New FMR -119.1 Drugs for NPPC:-**

उक्त मद में औषधियों हेतु रू0 1.00 लाख प्रति जनपद की दर से धनराशि आंवटित की गयी है, जिसके क्रम में पैलिऐटिव केयर के मरीजों को उपचार हेतु मॉरफीन औषधि अत्यंत आवश्यक है, जिसकी उपलब्धता प्रत्येक दशा में किया जाना अनिवार्य है, अतः कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुमोदित धनराशि से मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा समस्त क्रय एवं अन्य लागू नियमों एवं उपनियमों का पालन करते हुये औषधियों का क्रय किया जायेगा तथा उक्त औषधि के भण्डार, वितरण इत्यादि एवं गलत इस्तेमाल को रोकन हेतु मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा 01 चिकित्साधिकारी को नामित किया जायेगा।

1. जनपदों में कार्यक्रम का संचालन मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में स्थापित जिला एन0सी0डी0 सेल के द्वारा की जायेगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी अपने अधीन अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अथवा उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी को नोडल अधिकारी, एन0सी0डी0 नामित करेगें। नोडल अधिकारी का दायित्व होगा कि वह उक्त कार्यक्रम का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन जनपद में करायें।
2. जनपद में उक्त कार्यक्रम के अर्न्तगत प्रशासनिक / वित्तीय नियंत्रण मुख्य चिकित्सा अधिकारी के स्तर से एवं क्लीनिकल कार्यो पर नियंत्रण मुख्य चिकित्सा अधीक्षक का होगा। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक भी Operational Guidelines of NPPC में दिये गये निर्देशों का अनुपालन करेगें।

3– मुख्य चिकित्सा अधिकारी का यह दायित्व होगा कि वह कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला–स्वास्थ्य–समिति को उपलब्ध कराये गये बजट का उपभोग Operational Guidelines of NPPC में दिये गये निर्देशों के अनुसार करेगें तथा क्रय सम्बन्धित कार्य वर्तमान में उपलब्ध क्रय–प्रक्रिया के अनुसार जिला–स्वास्थ्य–समिति के माध्यम से नियमानुसार करेगें।

## अन्य निर्देशः–

1. भारत सरकार स्तर से प्रदत्त ऑपरेशनल गाइडलाइन में दिये गये त्रैमासिक प्रारूप पर ससमय राज्य पैलिएटिव केयर सेल, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, उ0प्र0 की ई–मेल– state.nodal.nppc@gmail.com पर प्रेषित करना सुनिश्चित करेगें।
2. जिला नोडल अधिकारी कार्यक्रम के अर्न्तगत मदवार एवं गतिविधिवार आवंटित धनराशि का नियमानुसार प्रत्येक दशा में मार्च, 2025 तक शत–प्रतिशत व्यय कराना सुनिश्चित करेंगे।
3. जिला एन0सी0डी0 सेल में कार्यरत इपिडिमियोलॉजिस्ट द्वारा एन0पी0पी0सी0 की प्रेषित की जाने वाली मासिक/त्रैमासिक रिपोर्ट का इपिडिमियोलॉजिकल स्टडी करते हुए उसकी मासिक/त्रैमासिक रिपोर्ट राज्य स्तर पर प्रेषित करेंगें।
4. जिला एन0सी0डी0सेल में कार्यरत जिला फाइनेन्स कम लॉजिस्टिक सलाहकार द्वारा एन0पी0पी0सी0 कार्यक्रम का वित्तीय कार्य सम्पादित किया जायेगा।
5- (प्रत्येक जनपद में नेशनल प्रोग्राम फॉर पैलिएटिव केयर (एन0पी0पी0सी0) हेतु एक ई मेल बनाने का कष्ट करें यथा–nppc (Name of District)@gmail) उदाहरण के लिए–nppcayodhya@gmail.com
6. जिला एन0सी0डी0 सेल द्वारा प्रत्येक तिमाही प्रेषित की जाने वाली त्रैमासिक रिपोर्ट अगले माह की 05 तारीख को ई–मेल–state.nodal.nppc@gmail.com पर प्रेषित करना सुनिश्चित करेगें।

**वित्तीय प्रबन्धन**

- आवंटित धनराशि का व्यय शासकीय एवं विभागीय नियम एवं शर्तों का पालन करते हुए किया जाये।
- किसी भी कर्मी को किसी भी स्थिति में नगद भुगतान नहीं किया जायेगा।
- प्राविधानित धनराशि का व्यय आवंटित धनराशि की सीमा के भीतर ही किया जाये।
- धनराशि का आवंटन मात्र आपको व्यय करने के लिये प्राधिकृत नहीं करता, अपितु वित्तीय नियमों, शासना देशों एवं कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुये, सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त ही व्यय नियमानुसार किया जायेगा। जिस कार्यक्रम/मद में धनराशि आवंटित की गयी है उसी सीमा तक व्यय नियमानुसार किया जाये।
- जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024–25 में DHAP के सापेक्ष वित्तीय आवंटित धनराशि का व्यय वित्तीय नियमों के अनुरूप FAMS के माध्यम से नेशनल प्रोग्राम फॉर पैलिऐटिव केयर कार्यक्रम का व्यय सुनिश्चित किया जायेगा।
- जनपद द्वारा समस्त भुगतान FAMS Software का प्रयोग करते हुये PFMS Portal के माध्यम से किया जायेगा, जिससे कि उपलब्ध बजट का अनुश्रवण किया जा सकें।

प्रत्येक मद में स्वीकृत धनराशि की सीमा तक जिला कार्यक्रम/लेखा प्रबन्धक, नोडल अधिकार, नेशनल प्रोग्राम फॉर पैलिऐटिव केयर कार्यक्रम एवं मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय के द्वारा वित्तीय नियमों को शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराते हुये कार्यक्रम के अन्तर्गत व्यय/भुगतान किया जायेगा। उपर्युक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। समयान्तर्गत अनुपालन न होने की स्थिति में सम्बन्धित अधिकरियों के विरूद्ध नियमानुसार विभागीय अनुशासनात्मक एवं दण्डात्मक कार्यवाही हेतु प्रकरण प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन को सन्दर्भित कर दिया जाएगा।

## नेशनल प्रोग्राम फॉर पैलिऐटिव केयर कार्यक्रम के अंतर्गत मानव संसाधनः–

1- **Physician मद सं0 185.C.S0193** पर भारत सरकार द्वारा अनुमोदित आर0ओ0पी0 वित्तीय वर्ष 2024–25 के अनुसार कार्यक्रम के अन्तर्गत Physician के पद हेतु प्रति माह मूल मानदेय रू0 1,00,000.00 की दर से स्वीकृत है।

अवगत कराना है कि **जनपद स्तर से फिजीशियन की नियुक्ति District Walk-in के माध्यम से नियमानुसार की जानी है।** तथा नवीन नियुक्त कर्मी के मानदेय की गणना करते हुए सूचना राज्य स्तर पर उपलब्ध करायी जायेगी तदोपरान्त राज्य स्तर द्वारा जनपद से प्राप्त मांग पत्र के अनुसार मानदेय हेतु धनराशि अवमुक्त की जायेगी।

- फिजीशियन की योग्यता MBBS एवं Equivalent Degree from Institution recognized by Medical Council of India तथा 01 year working Experience in a hospital.

**कार्यदायित्व**

क) ओपीडी/आईपीडी में उपशामक देखभाल (पैलिऐटिव केयर) की आवश्यकता वाले रोगियों की जांच और प्रबंधन करना।

ख) गंभीर रोगियों को उच्च देखभाल सुविधा हेतु संदर्भित करना।

ग) रोगियों को अनुवर्ती (फालोअप) उपशामक देखभाल (पैलिऐटिव केयर) प्रदान करना।

घ) यदि आवश्यक हो तो घर–आधारित उपशामक देखभाल (पैलिऐटिव केयर) प्रदान करना।

ड़) सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और जिला अस्पताल/सीएचसी/पीएचसी के अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को बुनियादी उपशामक देखभाल (पैलिऐटिव केयर) कौशल प्रदान करना।

च) संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रदान किया गया कोई अन्य कार्य।

2. **Staff Nurse मद सं0 185.C.S0017** पर भारत सरकार द्वारा अनुमोदित आर0ओ0पी0 के अनुसार कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व में कार्यरत Staff Nurse हेतु प्रति माह मूल मानदेय रू0 20,000.00 के साथ ही पूर्व में कार्यरत मानव संसाधन के मानदेय में एन0एच0एम0 के अनुमोदित नियमों के अनुरूप 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि तथा नियमतः देय Experience Bonus सहित जनपदवार मदवार धनराशि आवंटित की गयी है।

**कार्यदायित्व**

क) उपशामक देखभाल (पैलिऐटिव केयर) क्लिनिक/ओपीडी में आने वाले मरीजों और वार्ड में भर्ती मरीजों के प्रबंधन और अनुवर्ती (फालोअप) में चिकित्सक की सहायता करना।

ख) यदि आवश्यक हो तो, घर–आधारित उपशामक देखभाल (पैलिऐटिव केयर) प्रदान करना।

ग) सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और जिला अस्पताल/सीएचसी/पीएचसी के अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को बुनियादी उपशामक देखभाल (पैलिऐटिव केयर) नर्सिंग कौशल प्रदान करना।

घ) संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रदान किया गया कोई अन्य कार्य।

1- **Multi-task Worker मद सं0 185.C.S0800** भारत सरकार द्वारा अनुमोदित आर0ओ0पी0 वित्तीय वर्ष 2024–25 के अनुसार कार्यक्रम के अन्तर्गत Multi-task Worker हेतु प्रति माह मूल मानदेय रू0 12432.00 की दर से स्वीकृत है तथा **जनपद स्तर (जिला स्वास्थ्य समिति) से Multi-task Worker की नियुक्ति नियमानुसार एजेन्सी (Out Source) के माध्यम से की जानी है** एवं जनपदों द्वारा नवीन नियुक्त कर्मी के मानदेय (GST, ESI,Service Charge & EPF) की गणना कर राज्य स्तर पर उपलब्ध करायी जायेगी तद्उपरान्त राज्य स्तर द्वारा जनपद से प्राप्त मांग पत्र के अनुसार मानदेय हेतु धनराशि अवमुक्त की जायेगी।

- **Multi-task Worker योग्यता Higher Secondary from a recognized education Board or Equivalent (बारहवीं) होगी तथा 01 Year experience of working in a Hospital होना अनिवार्य है।**

अवगत कराना है कि **जनपद स्तर (जिला स्वास्थ्य समिति) से Multi-task Worker की नियुक्ति नियमानुसार एजेन्सी के माध्यम से की जानी है** तथा नवीन नियुक्त कर्मी के मानदेय (GST, ESI,Service Charge & EPF) की गणना कर राज्य स्तर पर उपलब्ध करायी जायेगी तद्उपरान्त राज्य स्तर द्वारा जनपद से प्राप्त मांग पत्र के अनुसार मानदेय हेतु धनराशि अवमुक्त की जायेगी।

## कार्यदायित्व

क) उपशामक देखभाल (पैलिऐटिव केयर) क्लीनिक/ओपीडी में आने वाले मरीजों और वार्ड में भर्ती मरीजों के प्रबंधन और अनुवर्ती (फालोअप) में चिकित्सक की सहायता करना।

ख) यदि आवश्यक हो तो घर–आधारित उपशामक देखभाल (पैलिऐटिव केयर) प्रदान करने में चिकित्सकों और नर्सों की सहायता करना।

ग) संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रदान किया गया कोई अन्य कार्य।

## वित्तीय प्रबन्धन

- आवंटित धनराशि का व्यय शासकीय एवं विभागीय नियम एवं शर्तों का पालन करते हुए किया जाये।
- किसी भी कर्मी को किसी भी स्थिति में नगद भुगतान नहीं किया जायेगा।
- प्राविधानित धनराशि का व्यय आवंटित धनराशि की सीमा के भीतर ही किया जाये।
- धनराशि का आवंटन मात्र आपको व्यय करने के लिये प्राधिकृत नहीं करता, अपितु वित्तीय नियमों, शासनादेश एवं कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुये, सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त ही व्यय नियमानुसार किया जायेगा। जिस कार्यक्रम/मद में धनराशि आवंटित की गयी है उसी सीमा तक व्यय नियमानुसार किया जाये।
- जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024–25 में DHAP के सापेक्ष वित्तीय आवंटित धनराशि का व्यय वित्तीय नियमों के अनुरूप FAMS के माध्यम से नेशनल प्रोग्राम फॉर पैलिऐटिव केयर कार्यक्रम का व्यय सुनिश्चित किया जायेगा।
- **जनपद द्वारा समस्त भुगतान FAMS Software का प्रयोग करते हुये PFMS Portal के माध्यम से किया जायेगा, जिससे कि उपलब्ध बजट का अनुश्रवण किया जा सकें।**
- नेशनल प्रोग्राम फॉर पैलिऐटिव केयर कार्यक्रम के अन्तर्गत SHS द्वारा DHS को आवंटित धनराशि कार्यरत संविदा एवं एजेन्सी कर्मियों के मानदेय मद में मात्र Budgetry अनुमोदन प्रदान करता है सम्बन्धित DHS द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि एन0एच0एम0 के मानकानुसार प्रचलित नियमों के अनुरूप कार्यरत संविदाकर्मी एवं एजेंसी कर्मियों को नियमतः वर्तमान में मानदेय आहरण के लिये Minimum Wages act U.P का अनुपालन शत–प्रतिशत सुनिश्चित करते हुये मानदेय आरहण किया जायेगा।
- एजेन्सी कर्मियों के ई0पी0एफ0, जी0एस0टी0, ई0एस0आई0 एवं सर्विस चार्ज का नियमतः भुगतान की समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित DHS की होगी अन्यथा की स्थिति में सम्पूर्ण वैधानिक जबाबदेही/विविध कार्यवाही की जिम्मेदरी भी सम्बन्धित DHS की होगी।

प्रत्येक मद में स्वीकृत धनराशि की सीमा तक जिला कार्यक्रम/लेखा प्रबन्धक, नोडल अधिकारी, एन0पी0पी0सी0 एवं मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय के द्वारा वित्तीय नियमों को शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराते हुये कार्यक्रम के अन्तर्गत मानदेय आहरण किया जायेगा। उपर्युक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुये मानदेय आरहण किया जाये। समयान्तर्गत अनुपालन न होने की स्थिति में सम्बन्धित अधिकरियों के विरूद्ध नियमानुसार विभागीय अनुशासनात्मक एवं दण्डात्मक कार्यवाही हेतु प्रकरण प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन को सन्दर्भित कर दिया जाएगा।

## 20.3 राष्ट्रीय बधिरता बचाव एवं रोकथाम कार्यक्रम

राष्ट्रीय बधिरता बचाव एवं रोकथाम कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु वर्ष 2024–25 में भारत सरकार द्वारा कार्यक्रम में होने वाली निम्न गतिविधियों में होने वाले व्यय की दरों को निम्नानुसार अनुमोदित किया है जिनके अनुसार ही कार्यक्रम के सुचारू क्रियान्वयन के लिए वित्तीय वर्ष 2024–25 में नवीन एफ0एम0आर0 में आवंटित धनराशि निम्नवत् हैं :–

1. **Screening of Deafness( Capacity building incl. training), New FMR- 121.1 अथवा Old FMR-NCD.11.121.CB-** इस मद के बजट फॉट से जनपदों में भारत सरकार की आपरेशनल गाइडलाईन के अनुसार जनपद के बाल रोग एवं महिला रोग विशेषज्ञ का एक दिवसीय, स्वास्थ्य केन्द्रों के चिकित्सा अधिकारी का दो दिवसीय, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं सुपरवाइजरों का एक दिवसीय, ग्रास रूट लेवल स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा, आंगनवाणी कार्यकर्ता, ट्रेन्ड बर्थ अटेन्डेन्ट इत्यादि का एक दिवसीय और प्राइमरी स्कूल टीचर तथा बधिरता से ग्रसित बच्चों के अभिभावकों का एक दिवसीय सेन्सीटाइजेशन ट्रेनिंग अनुमोदित है।

- बजट फॉट में 19 जनपदों को ट्रेनिंग हेतु 02 लाख रूपये दिये गये हैं उनके द्वारा आपरेशनल गाइडलाइन के अनुसार अभी तक छूटे हुए प्रशिक्षण को पूर्ण कर लिया जाये।
- बजट फॉट में 56 जनपदों को ट्रेनिंग हेतु 03 लाख रूपये दिये गये हैं उनके द्वारा आपरेशनल गाइडलाइन के अनुसार 01 दिवसीय बाल रोग एवं महिला रोग विशेषज्ञ एवं 02 दिवसीय स्वास्थ्य केन्द्रों के चिकित्सा अधिकारियों का प्रशिक्षण जनपद के ई0एन0टी0 सर्जन द्वारा जिला स्तर पर एवं ब्लाक स्तर पर कार्यरत स्टाफ नर्स/सी0एच0ओ0, ए0एन0एम0, ऑगनवाणी सुपरवाइजर तथा सी0डी0पी0ओ0 का 01 दिवसीय सेन्सीटाइजेशन प्रशिक्षण (Refresher Training) स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्साधिकारी द्वारा ब्लाक स्तर पर किया जायेगा।

2- **Management of Deafness (IEC & Printing), New FMR- 122.1 अथवा Old NCD.11.122.IEC**-

सम्बन्धित 75 जनपदों के लिए प्रति जनपद रू0 2.00 लाख की धनराशि अनुमोदित है, जो जनपद स्तर पर आई0ई0सी0/बी0सी0सी0 गतिविधि में भारत सरकार की आपरेशनल गाइड लाईन के अनुसार व्यय की जायेगी।

कार्यक्रम की आपरेशनल गाइडलाईन, संविदा कर्मी भर्ती हेतु टी0ओ0आर0, ट्रेनिंग माड्यूल, साउण्ड प्रूफ रूम एवं उपकरणो के मानक इत्यादि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के वेवसाइट www.mohfw.nic.in ij Major Programme > Non-Communicable diseases, Injury and Trauma > Non Communicable diseases- 1 > NPPCD > Operational Guideline for 12th Plan के लिंक पर भी उपलब्ध है।

**वित्तीय प्रबन्धन**

- आवंटित धनराशि का व्यय शासकीय एवं विभागीय नियम एवं शर्तों का पालन करते हुए किया जाये।
- किसी भी कर्मी को किसी भी स्थिति में नगद भुगतान नहीं किया जायेगा।
- प्राविधानित धनराशि का व्यय आवंटित धनराशि की सीमा के भीतर ही किया जाये।
- धनराशि का आवंटन मात्र आपको व्यय करने के लिये प्राधिकृत नहीं करता, अपितु वित्तीय नियमों, शासना देशों एवं कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुये, सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त ही व्यय नियमानुसार किया जायेगा। जिस कार्यक्रम/मद में धनराशि आवंटित की गयी है उसी सीमा तक व्यय नियमानुसार किया जाये।
- जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024–25 में DHAP के सापेक्ष वित्तीय आवंटित धनराशि का व्यय वित्तीय नियमों के अनुरूप FAMS के माध्यम से राष्ट्रीय बधिरता बचाव एवं रोकथाम कार्यक्रम का व्यय सुनिश्चित किया जायेगा।
- जनपद द्वारा समस्त भुगतान FAMS Software का प्रयोग करते हुये PFMS Portal के माध्यम से किया जायेगा, जिससे कि उपलब्ध बजट का अनुश्रवण किया जा सकें।

प्रत्येक मद में स्वीकृत धनराशि की सीमा तक जिला कार्यक्रम/लेखा प्रबन्धक, नोडल अधिकार, राष्ट्रीय बधिरता बचाव एवं रोकथाम कार्यक्रम एवं मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय के द्वारा वित्तीय नियमों को शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराते हुये कार्यक्रम के अन्तर्गत व्यय/भुगतान किया जायेगा। उपर्युक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। समयान्तर्गत अनुपालन न होने की स्थिति में सम्बन्धित अधिकरियों के विरूद्ध नियमानुसार विभागीय अनुशासनात्मक एवं दण्डात्मक कार्यवाही हेतु प्रकरण प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन को सन्दर्भित कर दिया जाएगा।

## राष्ट्रीय बधिरता बचाव एवं रोकथाम कार्यक्रम के अन्तर्गत मानव संसाधन

1. ई0एन0टी0 सर्जन मद सं0 185.C.S0214 पर भारत सरकार द्वारा अनुमोदित आर0ओ0पी0 वित्तीय वर्ष 2024–25 के अनुसार कार्यक्रम के अन्तर्गत ई0एन0टी0 सर्जन हेतु मानदेय रू0 3,00,000.00 की दर से स्वीकृत है, तथा जनपद रामपुर में पूर्व से कार्यरत ई0एन0टी0 सर्जन को मूल मानदेय रु0 80,000.00 की दर से स्वीकृत है साथ ही एन0एच0एम0 के अनुमोदित नियमों के अनुरूप 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि एवं नियमतः देय Experience Bonus सहित धनराशि आवंटित की गयी है। उपरोक्त रिक्त पदों की भर्ती बिडिंग के माध्यम से की जानी है तथा जनपद स्तर से ई0एन0टी0 सर्जन की नियुक्ति के उपरान्त नियुक्ति तिथि से मानदेय की गणना करते हुए सूचना राज्य स्तर पर उपलब्ध करायी जायेगी तद्पोरान्त राज्य स्तर द्वारा जनपद से प्राप्त मांग पत्र के अनुसार मानदेय हेतु धनराशि अवमुक्त की जायेगी।

### कार्य दायित्वः–

- जिला स्तर पर कान की देखभाल के लिए उपलब्ध संसाधनों तथा बधिर/श्रवण बाधित व्यक्तियों की संख्या के आधार पर माइक्रोप्लान तैयार करना।
- सरकारी सुविधाओं के उपयोग, गैर सरकारी संगठनों की भागीदारी और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से कार्यक्रम का समग्र कार्यान्वयन।
- कार्यक्रम गतिविधियों की निगरानी और गुणवत्ता नियंत्रण के साथ–साथ एन0पी0पी0सी0डी0 कार्यक्रम के सुचारू कार्यान्वयन के लिए राज्य को मासिक एवं त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट प्रेषित करना तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का मासिक सहयोगात्मक पर्यवेक्षण करना।
- वित्तीय एवं कार्यक्रम के लिए आवश्यक सामग्री का प्रबन्धन करना।
- समाजिक लामबंदी और जन–जागरूकता।
- स्वास्थ्य और अन्य संबंधित क्षेत्रों के विभिन्न पदाधिकारियों का उन्मुखीकरण।
- उपकरणों और अन्य सामग्रियों की खरीद में सहयोग प्रदान करना।
- सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के सहयोग से स्क्रीनिंग शिविरों की व्यवस्था।
- जिला अस्पताल में ईएनटी क्लीनिकल/सर्जिकल सेवाएं प्रदान करना।
- प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना।
- आईईसी गतिविधियों का पर्यवेक्षण।
- जनपद में कार्यक्रम के हितधारकों के साथ समन्वय स्थापित करना।

**2. ऑडियोलॉजिस्ट (ऑडियोलॉजिस्ट और स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजिस्ट) मद सं0 185.C.S0555** पर भारत सरकार द्वारा अनुमोदित आर0ओ0पी0 के अनुसार कार्यक्रम के अन्तर्गत ऑडियोलॉजिस्ट पद हेतु प्रति माह मूल मानदेय रू0 30,000.00 की दर से स्वीकृत है तथा पूर्व में कार्यरत मानव संसाधन के मानदेय हेतु एन0एच0एम0 के अनुमोदित नियमों के अनुरूप 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि तथा नियमतः देय Experience Bonus सहित जनपदवार मदवार धनराशि आवंटित की गयी है।

### कार्य दायित्वः–

- ई0एन0टी0 सर्जन के सहयोग से आडियोलॉजिकल सेवायें, वाणी–भाषा का मूल्यांकन और पुनर्वास एवं श्रवण सहायक उपकरण  निर्धारित करना।
- प्रशिक्षण कार्यक्रमो मे सहायता प्रदान करना।
- कार्यक्रम की निगरानी और मूल्यांकन।

- डेटाबेस का रख–रखाव।
- मासिक एवं त्रिमासिक रिपोर्ट राज्य को प्रेषित करने में जिला नोडल अधिकारी की सहायता करना।
- जिला नोडल अधिकारी/ई0एन0टी0 सर्जन के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का मासिक सहयोगात्क पर्यवेक्षण करना।
- जिला नोडल अधिकारी/ई0एन0टी0 सर्जन के सहयोग से आईईसी गतिविधियो/शिविरों का पर्यवेक्षण करना।

3. **ऑडियोमेट्रिक असिस्टेन्ट मद सं0 185.C.S0620** पर भारत सरकार द्वारा अनुमोदित आर0ओ0पी0 के अनुसार कार्यक्रम के अन्तर्गत ऑडियोमेट्रिक असिस्टेन्ट हेतु प्रति माह मूल मानदेय रू0 15,000.00 की दर से स्वीकृत है तथा पूर्व में कार्यरत मानव संसाधन के मानदेय हेतु एन0एच0एम0 के अनुमोदित नियमों के अनुरूप 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि तथा नियमतः देय Experience Bonus सहित जनपदवार मदवार धनराशि आवंटित की गयी है।

**कार्य दायित्वः–**

- ऑडियोलॉजिस्ट की देखरेख में ऑडियोलॉजिकल, स्पीच, भाषा की सेवाएं प्रदान करने में सहायता करना।
- श्रवण बाधित व्यक्तियों की स्क्रीनिंग के लिए निर्धारित तिथि पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर सहयोग प्रदान करना।
- प्रशिक्षण कार्यक्रमो में सहायता करना।
- कार्यक्रम की निगरानी और मूल्यांकन में आडियोलॉजिस्ट को सहयोग प्रदान करना।
- ऑडियोलॉजिकल डेटाबेस का रख रखाव करना।

4. **इन्स्ट्रक्टर फार द यंग हियरिंग इम्पेयर्ड चिल्ड्रेन मद सं0 185.C.S0625** पर भारत सरकार द्वारा अनुमोदित आर0ओ0पी0 के अनुसार कार्यक्रम के अन्तर्गत ऑडियोमेट्रिक असिस्टेन्ट हेतु प्रति माह मूल मानदेय रू0 15,000.00 की दर से स्वीकृत है तथा पूर्व में कार्यरत मानव संसाधन के मानदेय हेतु एन0एच0एम0 के अनुमोदित नियमों के अनुरूप 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि तथा नियमतः देय Experience Bonus सहित जनपदवार मदवार धनराशि आवंटित की गयी है।

**कार्य दायित्वः–**

- श्रवण बाधित बच्चों के लिए प्रशिक्षण, चिकित्सा और प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करना।
- डेटाबेस का रख रखाव करना।

**<u>वित्तीय प्रबन्धन</u>**

- आवंटित धनराशि का व्यय शासकीय एवं विभागीय नियम एवं शर्तों का पालन करते हुए किया जाये।
- किसी भी कर्मी को किसी भी स्थिति में नगद भुगतान नहीं किया जायेगा।
- प्राविधानित धनराशि का व्यय आवंटित धनराशि की सीमा के भीतर ही किया जाये।
- धनराशि का आवंटन मात्र आपको व्यय करने के लिये प्राधिकृत नहीं करता, अपितु वित्तीय नियमों, शासनादेश एवं कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुये, सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त ही व्यय नियमानुसार किया जायेगा। जिस कार्यक्रम/मद में धनराशि आवंटित की गयी है उसी सीमा तक व्यय नियमानुसार किया जाये।
- जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024–25 में DHAP के सापेक्ष वित्तीय आवंटित धनराशि का व्यय वित्तीय नियमों के अनुरूप FAMS के माध्यम से राष्ट्रीय बधिरता बचाव एवं रोकथाम कार्यक्रम का व्यय सुनिश्चित किया जायेगा।
- **जनपद द्वारा समस्त भुगतान FAMS Software का प्रयोग करते हुये PFMS Portal के माध्यम से किया जायेगा, जिससे कि उपलब्ध बजट का अनुश्रवण किया जा सकें।**
- राष्ट्रीय बधिरता बचाव एवं रोकथाम कार्यक्रम के अन्तर्गत SHS द्वारा DHS को आवंटित धनराशि कार्यरत संविदा एवं एजेन्सी कर्मियों के मानदेय मद में मात्र Budgetry अनुमोदन प्रदान करता है सम्बन्धित DHS द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि एन0एच0एम0 के मानकानुसार प्रचलित नियमों के अनुरूप कार्यरत संविदाकर्मी एवं एजेंसी कर्मियों को नियमतः वर्तमान में

मानदेय आहरण के लिये Minimum Wages act u.p का अनुपालन शत–प्रतिशत सुनिश्चित करते हुये मानदेय आरहण किया जायेगा।

- एजेन्सी कर्मियों के ई0पी0एफ0, जी0एस0टी0, ई0एस0आई0 एवं सर्विस चार्ज का नियमतः भुगतान की समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित DHS की होगी अन्यथा की स्थिति में सम्पूर्ण वैधानिक जबाबदेही/विविध कार्यवाही की जिम्मेदारी भी सम्बन्धित DHS की होगी।

प्रत्येक मद में स्वीकृत धनराशि की सीमा तक जिला कार्यक्रम/लेखा प्रबन्धक, नोडल अधिकारी, एन0पी0पी0सी0डी0 एवं मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय के द्वारा वित्तीय नियमों को शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराते हुये कार्यक्रम के अन्तर्गत मानदेय आहरण किया जायेगा। उपर्युक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुये मानदेय आरहण किया जाये। समयान्तर्गत अनुपालन न होने की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध नियमानुसार विभागीय अनुशासनात्मक एवं दण्डात्मक कार्यवाही हेतु प्रकरण प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन को सन्दर्भित कर दिया जाएगा।

## 20.4 राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु वर्ष 2024–25 में भारत सरकार द्वारा कार्यक्रम में होने वाली निम्न गतिविधियों में होने वाले व्यय की दरों को निम्नानुसार अनुमोदित किया है जिनके अनुसार ही कार्यक्रम के सुचारू क्रियान्वयन के लिए वित्तीय वर्ष 2024–25 में नवीन एफ0एम0आर0 में आवंटित धनराशि निम्नवत् हैं :–

- **New FMR- 97.1 old FMR code- NCD.2.97.CB** -Training of PHC Medical Officers, Nurses, Paramedical Workers & Other Health Staff working under NMHP**-** मानसिक स्वास्थ्य देखरेख अधिनियम, 2017 की धारा–29 एवं धारा–31 के अनुपालन में प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन हेतु इस मद में जनपद आगरा को रू0–60,000,00.00/(रूपये साठ लाख मात्र), जनपद वाराणसी को रू0–30,000,00.00/(तीस लाख़ मात्र) तथा जनपद बरेली को रू0–60,000,00.00/(रूपये साठ लाख मात्र) की धनराशि आवंटित की जा रही है।

- **New FMR Code FMR- 97.2 –Old FMR Code - NCD.2.97.OOC** Targeted interventions at community level Activities & interventions targeted at schools, colleges, workplaces, out of school adolescents, urban slums and suicide prevention**.** पर रूपये 8.00 लाख (रूपये आठ लाख मात्र) प्रति जनपद की धनराशि आवंटित की जा रही है जिसका विवरण निम्नवत् है–

| क्रम सं0 | गतिविधि का नाम | प्रति गतिविधि दर (रूपया में) | कुल धनराशि (रूपया में) | कुल धनराशि (रूपया में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर वार्षिक वृहद शिविर | 50,000.00 | 50,000.00X 8=400000.00 | 400000.00 |
| 2 | मानसिक स्वास्थ्य दिवस | 1,00,000.00 | 1,00,000.00 X 1 = 100000.00 | 100000.00 |
| 3 | विद्यालय कार्यक्रम | 10,000.00 | 10000X24=240000.00 | 240000.00 |
| 4 | अरबन स्लम शिविर | 5,000.00 | 60000.00 | 60000.00 |
| 5 | दुआ से दवा तक | 5,000.00 | | |
| 6 | स्ट्रेस मैनेजमेंट एट वर्क प्लेसेस | 5,000.00 | | |
| 7 | उच्चाधिकारियों हेतु जन स्वास्थ्य एवं जनहित में आयोजित किये जाने वाले अन्य मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम | 5,000.00 | | |
| | कुल धनराशि | | 8,00,000.00 | 8,00,000.00 |

- **New FMR- 97.3 – Old FMR NCD.2.97.PME.3** Operational expenses of the district centre : rent, telephone expenses, website etc. इस मद पर वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु रू0–10,000.00/जनपद की धनराशि का प्राविधान किया गया है।

- **New FMR- 97.4 –Old FMR NCD.2.97.PME.4 Miscellaneous/Travel/Contingency**: इस मद पर वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु रू0 05.00 लाख प्रति जनपद का प्राविधान किया गया है।

- **New FMR- 97.5- Old FMR NCD.2.97.IEC.1 and FMR-New NCD 97.6 – Old NCD.2.97.IEC.2** Translation of IEC material and distribution रू0 2.00 लाख प्रति जनपद एवं Awareness generation activities in the community, school, workplaces with community involvement: रू0 2.00 लाख, प्रति जनपद की दर से धनराशि आवंटित की गयी है।

वित्तीय वर्ष 2023–24 में राज्य से जारी निर्देश पत्रांक– एन0सी0डी0/एन0एम0एच0पी0–Main file/ई0सी0/05–D/2022–23/1712 दिनांक 26/05/2023 में अनुमन्य भौतिक एवं वित्तीय दिशा–निर्देश के अनुरूप गतिविधियों को वित्तीय वर्ष 2024–25 में जनपदवार, मदवार आवंटित धनराशि का व्यय नियमतः सम्बन्धित जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा सम्पादित किया जायेगा।

वित्तीय वर्ष 2024–25 में राज्य कार्यकारी समिति द्वारा अनुमोदन प्राप्त कर FAMS पर जनपदवार, मदवार धनराशि सम्बन्धित जनपदों को नियमतः व्यय हेतु आवंटित की जा रही है–

**वित्तीय प्रबन्धन**

- आवंटित धनराशि का व्यय शासकीय एवं विभागीय नियम एवं शर्तों का पालन करते हुए किया जाये।
- किसी भी कर्मी को किसी भी स्थिति में नगद भुगतान नहीं किया जायेगा।
- प्राविधानित धनराशि का व्यय आवंटित धनराशि की सीमा के भीतर ही किया जाये।
- धनराशि का आवंटन मात्र आपको व्यय करने के लिये प्राधिकृत नहीं करता, अपितु वित्तीय नियमों, शासना देशों एवं कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुये, सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त ही व्यय नियमानुसार किया जायेगा। जिस कार्यक्रम/मद में धनराशि आवंटित की गयी है उसी सीमा तक व्यय नियमानुसार किया जाये।
- जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024–25 में DHAP के सापेक्ष वित्तीय आवंटित धनराशि का व्यय वित्तीय नियमों के अनुरूप FAMS के माध्यम से राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का व्यय सुनिश्चित किया जायेगा।
- जनपद द्वारा समस्त भुगतान FAMS Software का प्रयोग करते हुये PFMS Portal के माध्यम से किया जायेगा, जिससे कि उपलब्ध बजट का अनुश्रवण किया जा सकें।

प्रत्येक मद में स्वीकृत धनराशि की सीमा तक जिला कार्यक्रम/लेखा प्रबन्धक, नोडल अधिकार, एन0एम0एच0पी0 एवं मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय के द्वारा वित्तीय नियमों को शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराते हुये कार्यक्रम के अन्तर्गत व्यय/भुगतान किया जायेगा। उपर्युक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। समयान्तर्गत अनुपालन न होने की स्थिति में सम्बन्धित अधिकरियों के विरूद्व नियमानुसार विभागीय अनुशासनात्मक एवं दण्डात्मक कार्यवाही हेतु प्रकरण प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन को सन्दर्भित कर दिया जाएगा।

## राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत मानव संसाधनः–

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत मानव संसाधन हेतु वित्तीय स्वीकृतियां कार्यकारी समिति की बैठक दिनांक– 09/05/2024 को प्राप्त की जा चुकी है।

1. मद सं0 185.C.S0201 पर भारत सरकार द्वारा अनुमोदित आर0ओ0पी0 के अनुसार कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व में कार्यरत मनोचिकित्सक हेतु प्रति माह मूल मानदेय रू0 1,75,000.00 एवं रु0 1,50,000.00 की दर से साथ ही पूर्व में कार्यरत मानव संसाधन के मानदेय में एन0एच0एम0 के अनुमोदित नियमों के अनुरूप 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि तथा नियमतः देय Experience Bonus सहित जनपदवार मदवार धनराशि आवंटित की गयी है।

**संपादित किये जाने वाले कार्य :–**

- जिला चिकित्सालय में **सप्ताह में 03 दिवसों पर** ओ0पी0डी0 का कार्य संपादित किया जायेगा तथा **02 दिवसों पर** मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा चयनित सी0एच0सी0/पी0एच0सी0 पर ओ0पी0डी0 के कार्यो तथा **01 दिन** विद्यालय/महाविद्यालय/विश्वविद्यालयों/''दुआ से दवा तक'' आदि कार्यक्रमों का नैदानिक मनोवैज्ञानिक एंव साईकिएट्रिक सोशल वर्कर के सहयोग से संपादन किया जायेगा।

- 20 (10 महिला एवं 10 पुरूष) चिन्हित शैय्याओं पर भर्ती रोगियों के उपचार में सहयोग करना।
- जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत आई0ई0सी0 कार्यक्रम का सफल संचालन करवाना।
- जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत मनोरोगों से संबंधित समुचित औषधियों की व्यवस्था करवाना एवं अपनी देख रेख में औषधियों के समुचित रख–रखाव हेतु व्यवस्था करवाना।
- सप्ताह में होने वाले विकलांग बोर्ड/ऑटिज्म प्रमाणन बोर्ड में सहयोग करना एवं मानसिक विकलांगता/मंदबुद्धि का प्रमाण पत्र निर्गत करवाने में सहयोग प्रदान करना।
- जुवेनाइल जस्टिस कामेंटी (उच्च न्यायालय) के निर्देशों का अनुपालन में साप्ताहिक राज्य किशोर/किशोरी/बाल/बालिका एवं शिशु गृहों(बाल एवं महिला कल्याण विभाग के) का भ्रमण एवं उनका मानसिक उपचार किया जाना।
- जिला चिकित्सालय में स्थापित मन–कक्ष के सफल संचालन हेतु काउसंलर एवं साईकोलॉजिस्टों की क्षमतावर्द्धन करना।

2. मद सं0 185.C.S0535 पर भारत सरकार द्वारा अनुमोदित आर0ओ0पी0 के अनुसार कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व में कार्यरत **नैदानिक मनोवैज्ञानिक** हेतु प्रति माह मूल मानदेय रू0 60,000.00 एवं रिक्त पदों हेतु रू0 प्रतिमाह मूल मानदेय रू0 60,000.00 के साथ ही पूर्व में कार्यरत मानव संसाधन के मानदेय में एन0एच0एम0 के अनुमोदित नियमों के अनुरूप 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि तथा नियमतः देय Experience Bonus सहित जनपदवार मदवार धनराशि आवंटित की गयी है।

**संपादित किया जाने वाला कार्य :–**

- जिला चिकित्सालय में **सप्ताह में 03 दिवसों पर** ओ0पी0डी0 में मनोचिकित्सक के निर्देशों का अनुपालन करतें हुए मरीजों की मानसिक जांच एवं मनोवैज्ञानिक उपचार/काउंसलिंग सेवाएं प्रदान करना। सप्ताह में **02 दिवसों** को मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा चयनित सी0एच0सी0/पी0एच0सी0 पर ओ0पी0डी0 में मनोचिकित्सक को मेंटेंल असिसमेंट इत्यादित में सहयोग तथा सप्ताह में 01 दिन स्कूल/विद्यालय/महाविद्यालय/विश्वविद्यालयों/दुआ से दवा आदि कार्यक्रमों में सेवाएं प्रदान करना।
- चयनित शैय्याओं/चिन्हित मानसिक रोगियों की आवश्यकतानुसार काउन्सलिंग एंव अन्य मनोवैज्ञानिक उपचार (मनोचिकित्सक के मार्गदर्शन में) प्रदान करना।
- जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत आई0ई0सी0 कार्यक्रम का सफल संचालन करवाना।
- सप्ताह में होने वाले विकलांग बोर्ड/आजिटज़्म प्रमाणन बोर्ड में भागीदारी सुनिश्चित करतें हुयें मानसिक विकलांगता/मंदबुद्धि का प्रमाण पत्र निर्गत करवाने में सहयोग प्रदान करना।
- जुवेनाइल जस्टिस कामेंटी(उच्च न्यायालय) के निर्देशों का अनुपालन में साप्ताहिक राज्य किशोर/किशोरी/बाल/बालिका एवं शिशु गृहों (बाल एवं महिला कल्याण विभाग के) का भ्रमण एवं उनका मानसिक उपचार/काउंसलिंग सेवाएं प्रदान करना।
- जनपद में समय–समय पर जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित जन जागरूकता कार्यक्रमों मे साईक्रेटिक सोशल वर्कर के साथ आवश्यकतानुसार कार्यक्रम को सफल बनाना जैसें कि विभागीय/ अर्न्तविभागीय/स्कूल/विद्यालय/ महाविद्यालय/विश्वविद्यालय/शहरी क्षेत्रों/ग्रामीण क्षेत्रों/मलिन बस्तियों भ्रमण करते हुए जागरूकता एवं उपचार प्रदान करना।
- चयनित विद्यालय/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करना।
- मन–कक्ष में निर्धारित दिवसों पर अपनी सेवाएं प्रदान करना एवं विभिन्न कार्यक्रमों में कार्यरत् काउंसलरों एवं साइकोलॉजिस्टों की क्षमतावर्द्धन किये जाने में सहयोग करना।
- यहॉ उल्लेखनीय है कि जिन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कार्यक्रम के अन्तर्गत कम्यूनिटी लेविल साईकोलॉजिस्ट की नियुक्ति होगी उन स्वास्थ्य केन्द्रों पर भ्रमण के

दौरान क्लीनिकल साईकोलॉजिस्ट उन केन्द्रों पर नही जायेगी एवं पूर्व निर्धारित अन्य कार्यो का सम्पादन करेंगी।

- कार्यक्रम के अन्तर्गत मनोविज्ञान विभाग वाले चयनित विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/विद्यालय में विद्यार्थियों को चरणबद्ध रूप में प्रशिक्षण प्रदान करना।
- जनपद मानसिक स्वास्थ्य के हित में उच्चाधिकारियों द्वारा प्रदत्त अन्य कार्य।

**3.** मद सं0 185.C.S0571 पर भारत सरकार द्वारा अनुमोदित आर0ओ0पी0 के अनुसार कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व में कार्यरत **साईकियाट्रिक सोशल वर्कर** हेतु प्रति माह मूल मानदेय रू0 50,000.00 एवं रिक्त पदों हेतु रू0 प्रतिमाह मूल मानदेय रू0 50,000.00 के साथ ही पूर्व में कार्यरत मानव संसाधन के मानदेय में एन0एच0एम0 के अनुमोदित नियमों के अनुरूप 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि तथा नियमतः देय Experience Bonus सहित जनपदवार मदवार धनराशि आवंटित की गयी है।

**<u>संपादित किया जाने वाला कार्यः–</u>**

- समाज में मानसिक रोगों से संबंधित भ्रान्तियों को दूर करने हेतु आई0ई0सी0 के माध्यम से राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत चिन्हित स्थलो पर शिविर लगवाना। जैसें कि विभागीय/अर्न्तविभागीय/स्कूल/विद्यालय/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय/शहरी क्षेत्रों/ग्रामीण क्षेत्रों/मलिन बस्तियों में जागरूकता शिविरों का आयोजन करवाना।
- जनपद स्तरीय/सी0एच0सी0/पी0एच0सी0 के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के सहयोग से आई0ई0सी0 गतिविधियों का संचालन करना।
- सी0एच0सी0/पी0एच0सी0 भ्रमण के दिवसों पर संबधित क्षेत्र के आशा, ए.एन.एम., ग्राम प्रधान इत्यादि से संपर्क कर क्षेत्र के मनोरोगियों की सूचनाओं का संकलन एवं उनके परिवारजन के संवेदीकरण करना।
- जनपद में कार्यरत स्वयंसेवी संगठनों का चिन्हिकरण करते हुऐ उनका मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में सहयोग लेना।
- स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से मानसिक रोगियों के कल्याण एवं सहायता हेतु समय–समय पर कार्यक्रमों का आयोजन करवाना।
- जो मनोरोगी स्वस्थ होनें के उपरान्त बेघर एवं बेरोजगार रहते है उनके जीवन उपार्जन हेतु वित्तीय संसाधनों की व्यवस्था करनें का प्रयत्न करना। इस हेतु जनपद में कार्यरत स्वयं सेवी संगठनों का सहयोग लेने का प्रयत्न करना।
- विद्यालय/विश्वविद्यालयों इत्यादि के प्रधानाचार्यों से संपर्क स्थापित करनें के उपरान्त वहां पर जागरूकता शिविर का आयोजन करना।
- साइक्याट्रिक सोशल वर्कर द्वारा योजनाबद्ध रूप में साईक्याट्रिक नर्स के सहयोग से वर्क–प्लेस स्ट्रेस मैनेजमेंट, अर्बन स्लम शिविरों, सुसाइड प्रिवेंशन शिविर आदि का आयोजन किया जायेगा।
- जनपद के समस्त ऐसे स्थानों का चिन्ह्किरण करना जहॉ झॉड़–फूंक के माध्यम से मानसिक रोगों का उपचार किया जाता है। तद्ोपरान्त वहॉ के प्रभारी का संवेदीकरण करते हुये वहॉ दुआ से दवा तक शिविरों का आयोजन करवाना।
- अर्बन स्लम स्वास्थ्य केन्द्रों के चिकित्सा अधिकारियों से संपर्क करने के उपरान्त शिविरों का आयोजन करना।
- अन्य समस्त बिन्दु, जो कि मासिक/त्रैमासिक रिपोर्ट के क्रम सं0 जे–2.3.2.3 (टारगेटेड इण्टरवेंशन प्रोग्राम) से संबंधित है, का सफल संचालन करना/करवाना।
- राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु उच्चाधिकारियों द्वारा प्रदत्त अन्य कार्य।

**4.** मद सं0 185.C.S0032 पर भारत सरकार द्वारा अनुमोदित आर0ओ0पी0 के अनुसार कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व में कार्यरत **साईकियाट्रिक नर्स** हेतु प्रति माह मूल मानदेय रू0 40,000.00 एवं रिक्त पदों हेतु रू0 प्रतिमाह मूल मानदेय रू0 40,000.00 के साथ ही पूर्व में कार्यरत मानव संसाधन के मानदेय में एन0एच0एम0 के अनुमोदित नियमों के अनुरूप 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि तथा नियमतः देय Experience Bonus सहित जनपदवार मदवार धनराशि आवंटित की गयी है।

**<u>संपादित किये जाने वाले कार्यः–</u>**

- ओ0पी0डी0के समय कम्युनिटी नर्स के साथ मिलकर मरीज की हिस्ट्री लेना एंव केस सीट तैयार करना।
- ओ0पी0डी0 में कम्युनिटी नर्स के साथ मरीजों दवा देना तथा दवाई खाने का तरीका एवं परहेज के बारे में जानकारी प्रदान करना।
- ओ0पी0डी0 में एंव सी0एच0सी0/पी0एच0सी0 में देखें गयें मरीजों का रिकार्ड व्यवस्थित करते हुऐ रोगों का वर्गीकरण करनें के उपरान्त मरीजों की गणना करना, ताकि भविष्य में शोध हेतु एवं अवश्यकतानुसार सुविधाओं को प्रदान किया जा सके।
- चिन्हित शैय्याओं पर भर्ती मानसिक रोगियों का वार्ड में जाकर समुचित आवश्यकतानुसार उपचार प्रदान किये जाने में सहयोग प्रदान करना।
- समाज में मानसिक रोगों से संबंधित भ्रान्तियों को दूर करने हेतु आई0ई0सी0 के माध्यम से समाज के हर स्तर पर शिविर लगाये जाने में सहयोग करना।
- मासिक/त्रैमासिक रिपोर्ट तैयार करवाये जाने में सहयोग प्रदान करना।
- राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु उच्चाधिकारियों द्वारा प्रदत्त अन्य कार्य।

**5.** मद सं0 185.C.S0034 पर भारत सरकार द्वारा अनुमोदित आर0ओ0पी0 के अनुसार कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व में कार्यरत **कम्युनिटी नर्स** हेतु प्रति माह मूल मानदेय रू0 25,000.00 एवं रिक्त पदों हेतु रू0 प्रतिमाह मूल मानदेय रू0 25,000.00 के साथ ही पूर्व में कार्यरत मानव संसाधन के मानदेय में एन0एच0एम0 के अनुमोदित नियमों के अनुरूप 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि तथा नियमतः देय Experience Bonus सहित जनपदवार मदवार धनराशि आवंटित की गयी है।

**<u>संपादित किया जाने वाला कार्यः–</u>**

- ओ0पी0डी0/सी0एच0सी0/पी0एच0सी0 भ्रमण में आवश्यकतानुसार योगदान देना।
- ओ0पी0डी0 में मरीजों को दवा वितरण करना।
- ओ0पी0डी0 एंव सी0एच0सी0/पी0एच0सी0 में देखें गयें मरीजों का रिकार्ड व्यवस्थित करते हुऐ रोगों का वर्गीकरण करनें में सहयोग देना।
- सोशल वर्कर के सहयोग से समाज में मानसिक रोगों से संबंधित भ्रान्तियों को दूर करने हेतु आई0ई0सी0 के माध्यम से चिन्हित स्थनों पर शिविर लगाना जैसें कि कि विभागीय/अर्न्तविभागीय/स्कूल/विद्यालय/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय/शहरीक्षेत्रों/ग्रामीण क्षेत्रों/मलिन बस्तियों में शिविर आयोजित करते हुए जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करवाना।
- सी0एच0सी0/पी0एच0सी0 भ्रमण के दौरान आशा, ए.एन.एम. आदि के सहयोंग से गंभीर मानसिक रोग से पीड़ित व्यक्तियों के परिजनों का संवेदीकरण करनां एवं उनको चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करानें के उपरान्त उनको समाज की मुख्य धारा में लाने का प्रयत्न करना। इस कार्य में साईक्रेट्रिक सोशल वर्कर उनके साथ रहेंगें एंव मार्गदर्शन भी प्रदान करेंगें।
- साईकियाट्रिक सोशल वर्कर के साथ जाकर मानसिक मंदित बच्चों की शिक्षा, एवं सरकार द्वारा मानसिक मंदित व्यक्तियों के लिए चलाई जा रही अन्य योजनओं की जागरूकता शिविरों में सहयोग करना।
- राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु उच्चाधिकारियों द्वारा प्रदत्त अन्य कार्य।

**6.** मद सं0 185.C.S0740 पर भारत सरकार द्वारा अनुमोदित आर0ओ0पी0 के अनुसार कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व में कार्यरत **केस रजिस्ट्री असिस्टेन्ट** हेतु प्रति माह मूल मानदेय रू0 15,000.00 एवं रिक्त पदों हेतु रू0 प्रतिमाह मूल मानदेय रू0 15,000.00 के साथ ही पूर्व में कार्यरत मानव संसाधन के मानदेय में एन0एच0एम0 के अनुमोदित नियमों के अनुरूप 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि तथा नियमतः देय Experience Bonus सहित जनपदवार मदवार धनराशि आवंटित की गयी है।

<u>संपादित किया जाने वाला कार्य</u> :–

- सी0आर0ए0 का कार्य एम0एण्ड0ई0 ऑफिसर के सहायक के रूप में कार्य निष्पादित करना है।
- राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न सेवाओं का लाभ लें रहें मरीजों एवं मन–कक्ष में सेवाएं प्राप्त करने वाले व्यक्तियों का विवरण रजिस्टर से नोट कर रिपोर्ट तैयार करने में एम0एण्ड0ई0ऑफिसर का सहयोग करना।
- कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न आउटरीच कार्यक्रमों के आयोजन में साईकिएट्रिक सोशल वर्कर एवं क्लीनिकल साईकोलॉजिस्ट को सहयोग प्रदान किया जायेगा।
- राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु उच्चाधिकारियों द्वारा प्रदत्त अन्य कार्यो का सम्पादन करना।

**7.** मद सं0 185.C.S0828 पर भारत सरकार द्वारा अनुमोदित आर0ओ0पी0 के अनुसार कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व में कार्यरत **वार्ड असिस्टेन्ट/आर्डली** हेतु प्रति माह मूल मानदेय रू0 15,000.00 एवं रिक्त पदों हेतु रू0 प्रतिमाह मूल मानदेय रू0 15,000.00 के साथ ही पूर्व में कार्यरत मानव संसाधन के मानदेय में एन0एच0एम0 के अनुमोदित नियमों के अनुरूप 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि तथा GST,ESI,Service Charge & EPF सहित जनपदवार मदवार धनराशि आवंटित की गयी है।

## <u>संपादित किया जाने वाला कार्य</u> :–

- ओ0पी0डी0/सी0एच0सी/पी0एच0सी0 भ्रमण वाले दिन मनोचिकित्सक साथ रहना और मरीजों को क्रमवार देखने मे सहायता करना।
- समस्त आउटरीच कार्यक्रमों में क्लीनिकल साईकोलाजिस्ट एवं साईकिएट्रीक सोशल वर्कर को सहयोग प्रदान करना।
- मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के हितार्थ उच्चाधिकारियों द्वारा प्रदत्त अन्य समस्त कार्यों का सम्पादन करना।

**8.** मद सं0 185.C.P320 पर भारत सरकार द्वारा अनुमोदित आर0ओ0पी0 के अनुसार कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व में कार्यरत **मानिटरिंग एंव ईवैलुएशन आफिसर** हेतु प्रति माह मूल मानदेय रू0 35,000.00 एवं रिक्त पदों हेतु रू0 प्रतिमाह मूल मानदेय रू0 35,000.00 के साथ ही पूर्व में कार्यरत मानव संसाधन के मानदेय में एन0एच0एम0 के अनुमोदित नियमों के अनुरूप 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि तथा नियमतः देय Experience Bonus सहित जनपदवार मदवार धनराशि आवंटित की गयी है।

## <u>संपादित किया जाने वाला कार्य</u> :–

- एम0एण्ड0ई0 ऑफिसर का कार्य जनपद में सी0एम0ओ0/जिला नोडल ऑफिसर/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक/मानसिक रोग विशेषज्ञ इत्यादि के मध्य समाजस्य(कोआर्डिनेशन) स्थापित करना एंव राज्य स्तर से प्रेषित दिशा–निर्देश, पत्र, अन्य आदेशों एवं मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम समस्त सूचनाए एवं गाइडलाइन्स उच्चाधिकारियों एवं डी.पी.एम.यू. को उपलब्ध कराना।
- जनपद मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम से संबंधित डाटा एवं प्रोग्राम रिपोर्ट इत्यादि राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठ को ससमय प्रेषित करना।
- कार्यक्रम की विभिन्न गतिविधियों का अनुश्रवण एवं मुल्यांकन करते हुए उच्चाधिकारियों को सतत अवगत कराते रहना।
- जिला लेखा प्रबंधक ईकाई के समन्वय से कार्यक्रम की भौतिक प्रगति की अद्यतन सूचनाओं से उच्चाधिकारियों को अवगत कराना तथा भौतिक एवं वित्तीय प्रगति बढ़ाने हेतु कार्यक्रम में कार्यरत् अन्य सदस्यों के समन्वय से योजना बनाकर नोडल अधिकारी को अवगत कराना।
- समस्त डी.एम.एच.पी. टीम के सामन्जस्य से डी.एम.एच.पी. के अन्तर्गत सम्पादित होने वाले विभिन्न गतिविधियों की कार्ययोजना बनाकर उच्चाधिकारियों को अवगत कराना एवं कार्ययोजनानुसार कार्यवाहियॉ सम्पादित करवाना।

- कम्युनिटी लेवल साईकोलॉजिस्ट द्वारा एकत्रित डाटा को संकलित कर जनपद के मानसिक रोगियों के डाटा की रिपोर्ट बनाना।
- राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत आवंटित धनराशि का समयान्तर्गत उपभोग किये जाने हेतु अन्य डी.एम.एच.पी. टीम के सहयोग से कार्ययोजना बनाना।

**9.** मद सं0 185.C.S0530 पर भारत सरकार द्वारा अनुमोदित आर0ओ0पी0 के अनुसार कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व में कार्यरत **कम्युनिटी लेवल साईकोलॉजिस्ट** हेतु प्रति माह मूल मानदेय रू0 35,000.00 एवं रिक्त पदों हेतु रू0 प्रतिमाह मूल मानदेय रू0 35,000.00 के साथ ही पूर्व में कार्यरत मानव संसाधन के मानदेय में एन0एच0एम0 के अनुमोदित नियमों के अनुरूप 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि तथा नियमतः देय Experience Bonus सहित जनपदवार मदवार धनराशि आवंटित की गयी है।

<u>संपादित किया जाने वाला कार्य</u> :–

- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द पर मानसिक रोग की समस्या लेकर आने वाले व्यक्तियों की काउंसलिंग एवं आवश्यकतानुसार जनपद चिकित्सालय रेफर करना।
- मरीजों का आवश्यकतानुसार मेंटल असिसमेंट करना एवं वर्गीकरण करना।
- राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर के दिवसों पर चिकित्सक का सहयोग करना एवं शिविर के आयोजन के पूर्व शिविर के आयोजन हेतु प्रचार–प्रसार करना।
- क्षेत्र की आशा, ए.एन.एम., आंगनवाड़ी एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों कों का संवेदीकरण करना एवं उनके सहयोग से मानसिक रोगियों का पता लगाना एवं उनका डाटा एकत्रित करना।
- मनोरोग विधा की औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित करवाने हेतु उच्चाधिकारियों को औषधी की अद्यतन स्थिति से अवगत कराते रहना।
- राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम से समन्वय स्थापित कर उनके सहयोग से बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य की स्क्रिनिंग करना एवं आवश्यकतानुसार रेफर करना।
- तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की टीम से समन्वय स्थापित कर संबंधित सामुदायिक केन्द्र के अन्तर्गत आयोजित होने वाली एफ0जी0डी0 (फोकस ग्रुप डिश्कशन) कार्यक्रम में सहयोग करना एवं एन.टी.सी.पी. टीम द्वारा आयोजित शिविरों में आवश्यकतानुसार काउसंलिग सेवाएं प्रदान करना।
- असंचारी रोग (एन0सी0डी0) नियंत्रण हेतु एन.पी.सी.डी.सी.एस. कार्यक्रम की टीम के साथ समन्वय स्थापित कर काउंसलिंग सुविधाएं उपलब्ध कराना।
- जिस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर नियुक्त है, उसके अन्तर्गत आने वाले समस्त हैल्थ एवं वेलनेस सेन्टर पर विजिट करते हुये मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं हेतु आवश्यकतानुसार सहयोग प्रदान करना।

10. मद सं0 185.C.P402 पर प्रदेश के तीन जनपद क्रमशः– आगरा, बरेली एवं वाराणसी में आउटसोर्स एजेंसी डाटा एन्ट्री ऑपरेटर को अनुरूप मानदेय में जी0एस0टी0, ई0पी0एफ0, ई0एस0आई, एवं अन्य कर देय होगा यदि किसी जनपद में एजेन्सी डेटा एन्ट्री ऑपरेटर पद रिक्त हो, तो जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से आउटसोर्स एजेंसी से नियमतः डेटा आपरेटर की सेवा प्राप्त की जायेगी। भारत सरकार द्वारा अनुमोदित आर0ओ0पी0 के अनुसार डाटा एन्ट्री ऑपरेटर हेतु प्रति माह Basic Salary रू0 12432.00 के साथ एन0एच0एम0 में अनुमोदित नियमों के अनुरूप 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि तथा नियमतः देय GST, ESI,Service Charge & EPF जनपदवा मदवार धनराशि आवंटित की गयी है।

11. <u>राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश में जनपद बरेली, वाराणसी, एवं आगरा में पृथक से **"संचालित मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों"** क्रियाशील मानसिक स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों (facilitation Center) हेतु प्रावधानित अनुमोदित मानव संसाधन के मानदेय को सम्मिलित करते हुये सम्बन्धित जनपदों को धनराशि आवंटित की गयी है।</u> (Clinical Psychologist, Psychiatric Social Worker & Data Entry Operator)

➢ **<u>राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत नवीन भार्तियां जो कि संविदा पर हुई है, उनके नवीनकरण किए जाने से पूर्व अनिवार्य शैक्षित योगयता का सत्यापन कर लिया जाए। तद्उपरान्त DHS के माध्यम से नवीनकरण किए जाने की कार्यवाही की जाए।</u>**

**<u>वित्तीय प्रबन्धन</u>**

- आवंटित धनराशि का व्यय शासकीय एवं विभागीय नियम एवं शर्तों का पालन करते हुए किया जाये।
- किसी भी कर्मी को किसी भी स्थिति में नगद भुगतान नहीं किया जायेगा।
- प्राविधानित धनराशि का व्यय आवंटित धनराशि की सीमा के भीतर ही किया जाये।
- धनराशि का आवंटन मात्र आपको व्यय करने के लिये प्राधिकृत नहीं करता, अपितु वित्तीय नियमों, शासना देशों एवं कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुये, सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त ही व्यय नियमानुसार किया जायेगा। जिस कार्यक्रम/मद में धनराशि आवंटित की गयी है उसी सीमा तक व्यय नियमानुसार किया जाये।
- जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024–25 में DHAP के सापेक्ष वित्तीय आवंटित धनराशि का व्यय वित्तीय नियमों के अनुरूप FAMS के माध्यम से राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का व्यय सुनिश्चित किया जायेगा।
- जनपद द्वारा समस्त भुगतान FAMS Software का प्रयोग करते हुये PFMS Portal के माध्यम से किया जायेगा, जिससे कि उपलब्ध बजट का अनुश्रवण किया जा सकें।
- राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत SHS द्वारा DHS को आवंटित धनराशि कार्यरत संविदा एवं एजेन्सी कर्मियों के मानदेय मद में मात्र बजटरिय अनुमोदन प्रदान करता है सम्बन्धित DHS द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि एन0एच0एम0 के मानकानुसार प्रचलित नियमों के अनुरूप कार्यरत संविदाकर्मी एवं एजेंसी कर्मियों को नियमतः वर्तमान में मानदेय आहरण के लिये Minimum Wages act up का अनुपालन शत–प्रतिशत सुनिश्चित करते हुये मानदेय आरहण किया जायेगा।
- एजेन्सी कर्मियों के ई0पी0एफ0, जी0एस0टी0, ई0एस0आई0 एवं सर्विस चार्ज का नियमतः भुगतान की समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित DHS की होगी अन्यथा की स्थिति में सम्पूर्ण वैधानिक जबाबदेही/विविध कार्यवाही की जिम्मेदरी भी सम्बन्धित DHS की हेगी।

प्रत्येक मद में स्वीकृत धनराशि की सीमा तक जिला कार्यक्रम/लेखा प्रबन्धक, नोडल अधिकारी, एन0एम0एच0पी0 एवं मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय के द्वारा वित्तीय नियमों को शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराते हुये कार्यक्रम के अन्तर्गत मानदेय आहरण किया जायेगा। उपर्युक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुये मानदेय आरहण किया जाये। समयान्तर्गत अनुपालन न होने की स्थिति में सम्बन्धित अधिकरियों के विरूद्ध नियमानुसार विभागीय अनुशासनात्मक एवं दण्डात्मक कार्यवाही हेतु प्रकरण प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन को सन्दर्भित कर दिया जाएगा।

## <u>20.5 राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम</u>

सामान्य जनता को तम्बाकू सेवन से होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक करने हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2007–2008 (11वीं पंचवर्षीय योजना) में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम 21 राज्यो के 42 जनपदों में प्रारम्भ किया गया। वर्तमान में यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों में चलाया जा रहा है।

तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभावों को रोकने के लिए राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंर्तगत मुख्यतः निम्न पांच गतिविधियों पर अधिक बल दिया गया है–

- तम्बाकू नियंत्रण कानून का अनुश्रवण, प्रवर्तन एवं रिपोर्टिग की गतिविधियॉ।
- सूचना, शिक्षा एवं संचार की गतिविधियां।
- विद्यालय गतिविधियां।
- प्रशिक्षण/जागरूकता की गतिविधियां।
- तम्बाकू नशा उन्मूलन की गतिविधियां।

कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 द्वारा जारी वित्तीय एवं भौतिक दिशा–निर्देशों तथां भारत सरकार द्वारा एन0टी0सी0पी0 की ऑपरेशनल गाइलाईन में जारी दिशा–निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित जिला स्वास्थ्य समिति की होगी,

तद्क्रम में जिला लेखा प्रबन्धक डी0पी0एम0यू0, एफ0एल0सी0, डी0पी0एम0 डी0पी0एम0यू0, एन0टी0सी0पी0 यूनिट, नोडल एन0टी0सी0पी0 एवं मुख्य चिकित्साधिकारी की होगी।

## राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपदों द्वारा की जाने वाली गतिविधियां
## जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ

### एफ0एम0आर मद सं0– (104.1 + 104.2 + 104.3 + 104.4 + 105.5) Training/Sensitization Programme–(कुल रू0 5.00 लाख प्रति जनपद)

1. जनपद स्तरीय स्टेक होल्डर विभागों के अन्तर्गत कार्यरत अधिकारियों का प्रशिक्षण एवं तम्बाकू नियंत्रण हेतु उनकी क्षमता का विकास करना कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण गतिविधि है।
2. तम्बाकू नियंत्रण हेतु संबंधित जनपद के समस्त विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रशिक्षण का आयोजन (यथा–जनपद प्रशासन, चिकित्सक, नर्स, आशा, पुलिस, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, विद्यालय के शिक्षक, स्वयं सेवी संगठनों, एन0सी0सी0, एन0एस0एस0, नगर महापालिका आदि) करना।
3. जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में तम्बाकू प्रयोग से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव, तम्बाकू के प्रकारों, तम्बाकू प्रयोग से आर्थिक–सामाजिक हानियां, तम्बाकू छोड़ने के लाभ आदि को रखना चाहिए।

प्रशिक्षण हेतु प्रति जनपद धनराशि निम्नवत् गतिविधियों के लिये पृथक्–पृथक् रूप से मदवार आंवटित की गई है, जिसका विवरण निम्नवत् है–

- सी0ओ0टी0पी0ए0 अधिनियम, 2003 को भली–भॉति लागू करने हेतु सम्बंधित विभागों यथा–रेल विभाग, खेल, नगर–निगम/परिषद, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग आदि के विभिन्न कार्मिकों का Orientation of Stakeholder Organizations के अन्तर्गत न्यूनतम 02 उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया जाना है। जिस हेतु एफ0एम0आर0 मद संख्या–104.1 पर रू0 40,000.00 (रूपये चालीस हजार) की धनराशि आंवटित की गई है।
- तम्बाकू नियंत्रण एवं सी0ओ0टी0पी0ए0 अधिनियम, 2003 के सम्बन्ध में चिकित्सकों, पैरामेडिकलस्टाफ, ए0एन0एम0 आदि का Training of Health Professionals के अन्तर्गत न्यूनतम 02 उन्मुखीकरण कार्यशाला/बैठक का आयोजन किया जाना है, जिस हेतु एफ0एम0आर0 मद संख्या–104.2 पर प्रति जनपद रू0 40,000.00 (रूपये चालीस हजार) की धनराशि आंवटित की गई है।
- जनपद प्रशासन के अधिकारियों यथा–पुलिस विभाग, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, नगर पालिका/निगम, कर विभाग, शिक्षा विभाग आदि का Orientation of Law Enforcers के अन्तर्गत न्यूनतम 02 प्रशिक्षण कार्यक्रम किया जाना है, जिस हेतु एफ0एम0आर0 मद संख्या–104.3 पर प्रति जनपद रू0 60,000.00 (साठ हजार) की धनराशि आंवटित की गई है।
- कार्यक्रम के अर्न्तगत विभिन्न विभागों/संस्थाओं के प्रतिनिधियों यथा जनपद प्रशासन, एन0एस0एस0, एन0सी0सी0, एन0एस0एस0ओ0, आई0एम0ए0, आई0डी0ए0, शिक्षक संगठन, स्वयंसेवी संगठन, ग्राम पंचायत, पंचायती राज, लोकपरिवहन, पुलिस विभाग आदि को प्रशिक्षित किया जाना है, जिस हेतु एफ0एम0आर मद सं0–104.4 Training of PRI's representatives/Police Personnel/ Transport Personnel/Teacher/ NGO personnel/other stakeholders_पर रू0 30000.00 (रूपये तीस हजार) प्रति जनपद की दर से धनराशि का आंवटन किया गया है।
- कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रतिभागियों के रूप में विभिन्न विभागों/राजकीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों यथा जनपद प्रशासन, एन0एस0एस0, एन0सी0सी0, एन0एस0एस0ओ0, आई0एम0ए0, आई0डी0ए0, शिक्षक संगठन, स्वयंसेवी संगठन, ग्राम पंचायत, पंचायती राज, शिक्षा विभाग, लोकपरिवहन, पुलिस विभाग आदि में आयोजित कार्यशाला में तम्बाकू नियंत्रण हेतु प्रशिक्षण/उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया जाना है, जिस हेतु एफ0एम0आर मद सं0–104.5 Other Trainings/Orientations - sessions incorporated in other's training पर रू0 330000.00 (रूपये तीन लाख तीस हजार) प्रति जनपद की दर से धनराशि का आंवटन किया गया है।

यहां यह उल्लेखनीय है कि जनपद द्वारा मानकानुसार प्रशिक्षण का आयोजन वित्तीय नियमों के दृष्टिगत जनपद द्वारा सम्पादित किया जायेगा एवं प्रशिक्षण में समस्त प्रतिभागियों की प्रतिभागी

सूची, फोटोग्राफ आदि को जनपद द्वारा ऑडिट आदि के संदर्भ में समस्त अपेक्षित अभिलेखों को जनपद में रक्षित रखा जायेगा अन्यत्र की स्थिति में समस्त वित्तीय एवं भौतिक अनियमियता की जिम्मेदारी सम्बन्धित जिला स्वास्थ्य समिति तथा एन0टी0सी0पी0 यूनिट की होगी।

उपरोक्त निर्धारित प्रशिक्षण कराने के उपरान्त यदि धनराशि शेष रह जाती है तो आप द्वारा कार्यक्रम हित एवं जनहित में निर्धारित प्रशिक्षण कार्यक्रम से अधिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों जैसे–आर0बी0एस0के0 टीम का संवेदीकरण आदि का आयोजन किया जा सकता है।

**एफ0एम0आर0 मद सं0–104.12 (SBCC/IEC for NTCP)– (कुल रू0 7.00 लाख प्रति जनपद)**

- जन सम्पर्क एवं जन जागृति हेतु जनपदवार एवं मदवार रू0–7,00,000.00 (रूपये सात लाख) प्रति जनपद की दर से धनराशि आंवटित की गई है। आवंटित धनराशि का उपभोग राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 में वित्तीय नियमों के अनुसार ही प्रचार–प्रसार के मुद्रण हेतु किया जायेगा।
- जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ को सामान्य जनता की जागरूकता हेतु जन जागरूकता के मिश्रित माध्यमों का उपयोग करना चाहियें। तम्बाकू सेवन से होनें वालें दुष्प्रभावों पर सन्देश हेतु स्वास्थ्य मेला, होर्डिंग, हाथ विल, पोस्टर, नुक्कड़ नाटक, पारम्परिक/लोक मीडिया, रेडियों आदि का प्रयोग करना चाहियें।
- जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ राष्ट्रीय स्तर की मीडिया के साथ समन्वय स्थापित कर सकतें है।
- जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ पोस्टर एवं स्टैण्डी का प्रयोग करके मोबाइल प्रदर्शनी किट विकसित कर सकती है। जिसमें कुछ ऑडियों विजुअल माध्यमों का प्रयोग करके इसे और आकर्षक बनाया जा सकता है।
- साईनेज पर चित्रों के माध्यम से सी0ओ0टी0पी0ए0–2003 के विभिन्न प्राविधानों को दर्शाया जा सकता है।
- स्वयं सेवी संगठनों के माध्यम से किसी प्रकार की गतिविधि संचालित नहीं की जायेगी, आशा, स्वंय सहायता समूहों आदि को तम्बाकू नियंत्रण हेतु आयोजित की जानें वाली गतिविधियों में प्रतिभाग करनें के लियें प्रेरित किया जाना चाहियें जिससें तम्बाकू नियंत्रण की जागरूकता अधिक से अधिक लोगों मे हो।
- तम्बाकू सेवन से होने वाली हानियों के विषय में जागरूकता हेतु जिला सलाहकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता को हर सप्ताह कम से कम दो बार क्षेत्रीय भ्रमण करना अनिवार्य होगा।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के मानकों एवं दिशा–निर्देश के अनुरूप तम्बाकू निषेध दिवस–31 मई, तम्बाकू मुक्त उत्तर प्रदेश एवं माह–मार्च के द्वितीय बुधवार को पारम्परिक रूप से मनाये जाने वाले ''नो स्मोकिंग डे'' के आयोजन आदि में उक्त मद का उपयोग किया जा सकता है।

**एफ0एम0आर0 कोड संख्या कोड संख्या– 104.11 Printing of Challan Books (रू0 21000 प्रति जनपद)**

एन0एच0एम0 में प्रचलित वित्तीय नियमों के अनुरूप एफ0एम0आर0 मद संख्या–104.11 चालान बुक का मुद्रण (Printing of Challan Books) मद के अन्तर्गत कोटपा अधिनियम, 2003 के प्रवर्तन हेतु 350 प्रतियाँ प्रति जनपद जुर्माने की रसीद एवं चालान बुक की छपाई हेतु अधिकतम प्रति चालान एवं जुर्माना बुक 60.00 रू0 का बजट उपलब्ध है। वर्णित रसीद बुक एवं चालान बुक विभिन्न विभागों को उपलब्ध कराते हुयें अधिनियम का क्रियान्वयन एवं उसकी ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण रिपोर्टिंग सुनिश्चित किया जाना आपेक्षित है।

**एफ0एम0आर0 कोड संख्या– (106.3 + 106.4 + 106.5 + 106.6 + 106.7) School Programme (कुल रू0 7.00 लाख प्रति जनपद)**

विद्यालय कार्यक्रम हेतु प्रति जनपद रू0 7.00 लाख की धनराशि आंवटित की गई है। इस धनराशि से एन0एच0एम0 के वित्तीय नियमानुसार किशोरों एवं युवाओं में तम्बाकू उपभोग से होने वाली हानियों/दुष्परिणामों से संवेदीकृत कराने एवं तम्बाकू उत्पादों का उपभोग न करने हेतु जनपद में विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ जागरूकता कार्यक्रम

कराया जाना है। इस कार्यक्रम में पूर्व से अनाच्छादित विद्यालयों का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।

विद्यालय कार्यक्रम के अन्तर्गत तम्बाकू निषेध से सम्बन्धित निबन्ध प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, कला प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाना चाहियें। वृत्त चित्र/फिल्मों, कठपुतली के खेल, लोक नृत्य आदि रोचक विधाओं से विद्यार्थियों को तम्बाकू उपभोग से होने वाली हानियों/दुष्परिणामों से जागरूक किया जा सकता है।

विद्यालय कार्यक्रम हेतु निम्नानुसार धनराशि का आंवटन किया गया है–

कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के 75 जनपदों की जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रक कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2024–25 हेतु विद्यालय कार्यक्रम को मानकानुसार आच्छादित किये जाने के लिए भारत सरकार द्वारा प्राप्त दिशा–निर्देशों के आलोक में कार्यहित की गुणवत्ता को प्राथमिकता प्रदान करते हुये दिनांक–09/05/2024 को अध्यक्ष कार्यकारी समिति की बैठक में जारी कार्यवृत्त में प्रमुख सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0/अध्यक्ष कार्यकारी समिति द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में विद्यालय कार्यक्रम एवं Tobacco Free Educational Institution (TOFEI) को स्वयं सेवी संस्था, समूह आदि से किसी भी प्रकार की विद्यालय गतिविधि संचालित नहीं की जायेगी इसका अनुपालन कड़ाई से सुनिश्चित किया जायेगा तथा कार्यक्रम हित में गुणवत्ता को दृष्टिगत रखते हुये प्राथमिक के आधार पर कार्यक्रम में विद्यालय कार्यक्रम गतिविधियों को जनपद द्वारा रोस्टर तैयार कर आर0बी0एस0के0, आर0के0एस0के0, बी0पी0एम0यू0 एवं जिला तम्बाकू नियंत्रण इकाई के माध्यम से जनपदों द्वारा गतिविधि संचालित किया जायेगा तद्सम्बन्ध में गतिविधि को जनपद एवं ब्लाक रोस्टर तैयार किये जाने के लिये जनपदीय नोडल, एन0टी0सी0पी0 एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, डी0पी0एम0यू0 द्वारा पत्र प्राप्त के 10 कार्यदिवसों के भीतर रोस्टर तैयार कर जनपद में प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जायेगा।

कार्यक्रम के अन्तर्गत भारत सरकार के अनुरूप सम्बन्धित जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा मुख्य अनिवार्यताओं को यथावत् पूर्ण करते हुये एन0एच0एम0 के वित्तीय नियमों के दृष्टिगत सम्पादित किया जायेगा अन्यत्र की स्थिति में वित्तीय एवं भौतिक अनियमियता की सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित DHS एवं जिला तम्बाकू नियंत्रण इकाई की होगी तद्सम्बन्ध में मानक निम्नवत् हैः–

1. कार्यक्रम में मानकानुसार जनपद द्वारा आच्छादित प्रत्येक विद्यालय में भारत सरकार के अनुसार 60 cm X 45 cm के राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण से सम्बन्धित 02 बोर्ड विद्यालय के अन्दर लगाया जायेगा।
2. कार्यक्रम में मानकानुसार जनपद द्वारा आच्छादित प्रत्येक विद्यालय में भारत सरकार द्वारा अनुमोदित दिशा–निर्देश के अनुसार 60 cm X 45 cm के राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण से सम्बन्धित 02 बोर्ड विद्यालय के अन्दर लगाया जायेगा।
3. कार्यक्रम में मानकानुसार जनपद द्वारा आच्छादित प्रत्येक विद्यालय में भारत सरकार द्वारा दिशा–निर्देश के अनुरूप 60 cm X 45 cm के राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण से सम्बन्धित न्यूनतम 15 थीम पोस्टर विद्यालय के अन्दर एवं 60 cm X 45 cm के राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण से सम्बन्धित न्यूनतम 15 थीम पोस्टर विद्यालय के बाहर लगाया जायेगा।
4. कार्यक्रम में मानकानुसार जनपद द्वारा आच्छादित प्रत्येक विद्यालय में भारत सरकार द्वारा दिशा–निर्देश के अनुरूप वर्ष में 02 बार विद्यार्थियों को जागरूक करते हुये शपथ दिलायी जाये।
5. कार्यक्रम में मानकानुसार जनपद द्वारा आच्छादित प्रत्येक विद्यालय में भारत सरकार द्वारा दिशा–निर्देश के अनुरूप 100 यार्ड के अन्दर धूम्रपान निषेध क्षेत्र निर्धारित करते हुये यलो लाईन पक्के पेन्ट की रोड राईटिग करायी जायेगी।
6. कार्यक्रम में मानकानुसार जनपद द्वारा आच्छादित प्रत्येक विद्यालय में भारत सरकार द्वारा दिशा–निर्देश के अनुरूप तम्बाकू उपयोग को निषेध पदार्थ के रूप में उपयोग न करने एवं समाज में उपयोग करने वाले व्यक्तियों को तम्बाकू उपयोग के स्वास्थ्य हानि के प्रति मोटिवेट करने के लिये आच्छादित प्रत्येक विद्यालय में वर्ष में न्यूनतम 01 बार बच्चों हेतु प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी एवं प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को मुमेन्टों के साथ सार्टिफिकेट प्रदान किया जायेगा एवं प्रत्येक माह महानिदेशालय को प्रेषित मासिक रिपोर्ट में विजयी बच्चों के नाम, विद्यालय एवं कक्षा की प्रगति सूचना प्रेषित की जाये।
7. कार्यक्रम में मानकानुसार जनपद द्वारा आच्छादित प्रत्येक विद्यालय में सम्पादित गतिविधियों के उपरान्त प्रधानाचार्य से सम्पादित समस्त गतिविधियों, पोस्टर, बैनर एवं बच्चों की प्रतियोगिता के प्रतिभागी बच्चों की सूची के साथ प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरूस्कृत बच्चों के नाम, पता एवं

दूरभाष नं0 की सूची सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा प्रगति सूचना प्रमाणित कराकर ब्लाक इकाई द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी को सम्पूर्ण सूचना प्रेषित किया जायेगा।

8. नोडल एन0सी0डी0 द्वारा एक सप्ताह में जनपद में आच्छादित होने वाले विद्यालयों की सूची तैयार कर ब्लाकवार रोस्टर गठित करते हुये मुख्य चिकित्साधिकारी को प्रेषित किया जायेगा, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा सम्बन्धित ब्लाक रोस्टर सम्बन्धित ब्लाक सी0एच0सी0/पी0एच0सी0 अधीक्षक को प्रेषित किया जायेगा जिससे नियत दिवस पर ब्लाक इकाई द्वारा आर0बी0एस0के0 दल/एच0ई0ओ0/बी0पी0एम0/बी0सी0पी0एम0 अथवा ब्लाक द्वारा अन्य अधिकारी/कर्मी द्वारा गतिविधि में प्रतिभाग किया जायें, इसी प्रकार जनपद के शहरी मुख्यालय के क्षेत्रों के विद्यालय गतिविधि एवं TOFEI के लिये राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण इकाई, डी0आई0सी0 आर0बी0एस0के0, डी0सी0पी0एम0 अथवा डी0एच0आई0ओ0 द्वारा आच्छादित किया जायेगा।
9. जनपदीय एवं ब्लाक के सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मियों द्वारा वर्ष में आच्छादित विद्यालयों में शिक्षकों एवं विद्यालय कर्मियों को भी राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रशिक्षित किया जायेगा।
10. जनपदीय एवं ब्लाक के सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मियों द्वारा वर्ष में आच्छादित विद्यालयों में Tobacco control monitor बनाया जायेगा जिसमें विद्यालय के शिक्षक/कर्मी/विद्यार्थी को Tobacco control monitor बनाया जायेगा, जिसके माध्यम से राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम को विद्यालय परिसर में प्रभावी रूप से लागू किया जायेगा।
11. प्रति जनपद FMR Code- 106.3 (Old FMR Code-NCD.4.106 .OCC.1) में रू0 01.00 लाख की धनराशि से 20 राजकीय/पब्लिक विद्यालयों में भारत सरकार के द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप प्रचार–प्रसार किया जायेगा।
12. प्रति जनपद FMR Code- 106.4 (Old FMR Code-NCD.4.106 .OCC.2) में रू0 02.00 लाख की धनराशि से 40 प्राईवेट विद्यालयों में भारत सरकार के द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप प्रचार–प्रसार किया जायेगा।
13. प्रति जनपद FMR Code- 106.5 (Old FMR Code-NCD.4.106 .OCC.3) में रू0 01.00 लाख की धनराशि से 20 राजकीय/पब्लिक विद्यालयों के अन्य विद्यालयों (राजकीय पोषित) में भारत सरकार के द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप प्रचार–प्रसार किया जायेगा।
14. प्रति जनपद FMR Code- 106.6 (Old FMR Code-NCD.4.106 .OCC.4) में रू0 01.00 लाख की धनराशि से 20 प्राईवेट विद्यालयों के अन्य विद्यालयों (गैर–राजकीय पोषित) में भारत सरकार के द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप प्रचार–प्रसार किया जायेगा।
15. प्रति जनपद FMR Code- 106.7 (Old FMR Code-NCD.4.106 .OCC.5) में रू0 02.00 लाख धनराशि से 40 इण्टर कॉलेज में भारत सरकार के द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप प्रचार–प्रसार किया जायेगा।
16. उपरोक्त मदों में मदवार आवंटित धनराशि के सापेक्ष निर्धारित विद्यालयों में जनपद द्वारा नियमानुसार एवं मानकानुसार गतिविधि संचालित की जायेगी।

उपरोक्तानुसार शिक्षण संस्थानों में विद्यालय कार्यक्रम–2024–25 हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के अन्तर्गत प्रचलित नियमों का अनुपालन करते हुए भारत सरकार की ऑपरेशनल गाइडलाइन–2015 का आलोक लिया जायेगा।

**तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान/तम्बाकू मुक्त युवा अभियान (TOFEI) FMR- 105.1 (रू0 3.00 लाख प्रति जनपद)**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत एफ0एम0आर0 संख्या–105.1 पर रू0 3.00 लाख की धनराशि प्रति जनपद अनुमोदित की गयी है, तद्सम्बन्ध में **तम्बाकू मुक्त युवा अभियान** का सफल क्रियान्वयन किया जाना है। इस कार्यक्रम में पूर्व से अनाच्छादित विद्यालयों का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा तद्सम्बन्ध में गतिविधि को जनपद एवं ब्लाक रोस्टर तैयार किये जाने के लिये जनपदीय नोडल, एन0टी0सी0पी0 एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, डी0पी0एम0यू0 द्वारा पत्र प्राप्त के 10 कार्यदिवसों के भीतर रोस्टर तैयार कर प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जायेगाः–

1. प्रति जनपद मद सं0– FMR Code- 105.1 (Old FMR Code-NCD.4.105.OCC.1) में रू0 03.00 लाख धनराशि से 60 विद्यालय कार्यक्रम के अन्तर्गत Tobacco Free Educational Institution (TOFEI) के अन्तर्गत विद्यालयों प्रचार–प्रसार किया जायेगा।
2. जनपदीय एवं ब्लाक के सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मियों द्वारा सम्पादित गतिविधि एक फोटोग्राफ

मासिक रिपोर्ट के साथ सम्मिलित करते हुये मुख्य चिकित्साधिकारी को प्रेषित की जायेगी।

3. जनपद एवं ब्लाक पर सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के लिये उपलब्ध चार पहिया वाहन के सहयोग से विद्यालय कार्यक्रम एवं Tobacco Free Educational Institution (TOFEI) हेतु विद्यालयों को आच्छादित किये जाने के लिये उपयोग में लिया जायेगा एवं आर0बी0एस0के0 कार्यक्रम के अन्तर्गत गठित दल द्वारा क्षेत्र में अपने रोस्टर के अनुसार पड़ने वाले क्षेत्रिय विद्यालयों को आर0बी0एस0के0 कार्यक्रम के चार पहिया वाहन से आच्छादित किया जायेगा साथ ही साथ प्रत्येक सप्ताह के शनिवार के दिन आर0बी0एस0के0 दल की टीम द्वारा आवश्यकतानुसार रोस्टर तैयार कर अपने ब्लाक के चयनित विद्यालयों में भी विद्यालय कार्यक्रम एवं Tobacco Free Educational Institution (TOFEI) हेतु गतिविधि को मानकानुसार संचालित किया जायेगा।
4. उपरोक्त मदों में मदवार आवंटित धनराशि के सापेक्ष निर्धारित विद्यालयों में जनपद द्वारा एन0एच0एम0 के वित्तीय नियमों के मानकानुसार गतिविधि संचालित की जायेगी।

भारत सरकार द्वारा तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान (Tobacco Free Educational Institution (ToFEI) की गाइडलाईन का आलोक लिया जायेगा इस मद (FMR- 105.1 रू0 3.00 लाख प्रति जनपद) द्वारा जनपद में **मॉडल तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान** विकसित करने का उद्देश्य है। यहां यह स्पष्ट करना है कि जिन विद्यालयों/शिक्षण संस्थानों का इस मद के अर्न्तगत आच्छादन नहीं हो रहा है, उनमें भी वर्तमान उपलब्ध संसाधनों के समुचित प्रयोग से ToFEI गाइलाइन का अनुपालन किया जाना है।

प्रत्येक जनपद के जिला नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम इस गतिविधि को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने एवं ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण रिपोर्टिंग हेतु उत्तरदायी होंगे तद्सम्बन्ध में जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, एन0एच0एम0 द्वारा अपेक्षित सहयोग एवं समन्वय प्रदान किया जायेगा।

**एफ0एम0आर0 कोड संख्या– 106.9 District level Coordination Committee meeting– (रू0 4000 प्रति जनपद)**

एफ0एम0आर0 कोड संख्या–106.9 के अन्तर्गत प्रतिवर्ष जनपद स्तरीय समन्वय समिति की न्यूनतम 2 बैठक कराया जाना अनिवार्य है, जिस हेतु रू0 2,000 (दो हजार मात्र) प्रति बैठक के अनुसार प्रति जनपद रू0 4,000 धनराशि का आवंटन किया गया है।

**एफ0एम0आर0 कोड संख्या– 106.10 (NCD.4.106.PME.2) Monitoring Committee meeting on Section 5 – (रू0 6000 प्रति जनपद)**

एफ0एम0आर0 कोड संख्या– 106.10 के अन्तर्गत सी0ओ0टी0पी0ए0 अधिनियम, 2003 की धारा–5 हेतु गठित अनुश्रवण समिति की 04 बैठक (प्रत्येक त्रैमास में एक बैठक) कराया जाना अनिवार्य है, जिस हेतु रू0 15,00.00 (एक हजार पांच सौ रूपये) की धनराशि प्रति बैठक के अनुसार रू0–6,000 (रू0 छः हजार) धनराशि का आवंटन किया गया है।

**एफ0एम0आर0 कोड संख्या– 106.11 (NCD.4.106.PME.3) Enforcement Squad Meeting– (रू0 20000 प्रति जनपद)**

एफ0एम0आर0 कोड संख्या–NCD.4.106.PME.3 के अन्तर्गत कोटपा अधिनियम, 2003 के अन्तर्गत प्रवर्तन हेतु गठित इन्फोर्समेन्ट स्क्वायड (सचल/प्रवर्तन दल) की 1 बैठक प्रति तिमाही (वर्ष में चार बैठक) कराया जाना है, जिस हेतु प्रति बैठक रू0 5000 (पांच हजार) के अनुसार कुल रू0 20,000.00 (बीस हजार) प्रति जनपद की दर से धनराशि उपलब्ध है।

**एफ0एम0आर0 कोड संख्या–106.12 Misc./Office Expences for District Tobacco Cell– (रू0 5.00 लाख प्रति जनपद)**

एफ0एम0आर0 कोड संख्या–106.12 Misc./Office Expences के अर्न्तगत रू0 5.00 लाख (पांच लाख) प्रति जनपद की धनराशि आंवटित की गई है, जिसका उपभोग कार्यालयोपयोगी सामग्री, स्टेशनरी एवं अन्य सामग्री का क्रय आदि हेतु किया जा सकता है।

भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रयोगशाला में तम्बाकू उत्पाद के सैम्पल आदि प्रेषित किये हेतु आने वाला व्यय भी Misc./Office Expences for District Tobacco Cell मद से किया जा सकता है। एफ0एम0आर0 कोड संख्या– 106.12 Misc./Office Expences for District Tobacco Cell में वित्तीय गतिविधियों का संचालित किये जाने हेतु एन0एच0एम0 के वित्तीय नियमों के आधार पर व्यय सम्पादित किया जायेगा अन्यत्र की स्थिति में वित्तीय अनियमियता पाये जाने पर सम्पूर्ण जिम्मेदारी जनपदीय नोडल, एन0टी0सी0पी0 की होगी।

**एफ0एम0आर0 कोड संख्या– 106.13 Mobility Support For DTCC–** (रू0 4.20 लाख प्रति जनपद)

एफ0एम0आर0 कोड संख्या–106.13 (NCD.4.106.PME.5) Mobility Support For DTCC मद के अन्तर्गत मोबिलिटी सर्पोट हेतु कुल 4.20 लाख प्रति जनपद की धनराशि आवंटित की गई है, जिसका उपभोग राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के टी0ए0/डी0ए0, मूल्याकंन एव अनुश्रवण, हेतु वाहन किराये पर लेने के लिए किया जा सकता है। वाहन का प्रयोग प्रवर्तन, छापेमारी एंव कार्यक्रम के अन्तर्गत अन्य गतिविधियों में भी किया जा सकता है तद्सम्बन्ध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के वित्तीय नियमों का अनुपालन किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

**एफ0एम0आर0 कोड संख्या– 106.14 Monthly meeting with the hospital staff –(रू0 48000.00 प्रति जनपद)**

एफ0एम0आर0 कोड संख्या–106.14 Monthly meeting with the hospital staff मद के अन्तर्गत प्रत्येक माह चिकित्सक, नर्स एवं चिकित्सालयों के कर्मचारियों के साथ तम्बाकू नियंत्रण हेतु बैठक किया जाना है, जिस हेतु कुल रू0 48000.00 की धनराशि आवंटित की गई है तद्सम्बन्ध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के वित्तीय नियमों का अनुपालन किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

**एफ0एम0आर0 कोड संख्या– 106.1 Weekly FGD with the tobacco users–(रू0 52000.00 प्रति जनपद)**

एफ0एम0आर0 कोड संख्या–106.1 Weekly FGD with the tobacco users मद के अन्तर्गत तम्बाकू का प्रयोग करनें वालों के साथ साप्ताहिक फोकस ग्रुप डिस्कशन हेतु बैठक किया जाना है, जिसमें सूक्ष्म जलपान, बैठक की व्यवस्था आदि हेतु रू0 1000.00 प्रति सप्ताह की दर से 12 माह हेतु कुल रू0 52000.00 (बावन हजार) की धनराशि आंवटित की गई है।

जिन जनपदो में कार्यक्रम के अर्न्तगत जनपद स्तर पर काउंसलर कार्यरत नहीं है वहां पर अन्य कार्यक्रमों यथा–एन0पी0–एन0सी0डी0, मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अथवा अन्य कार्यक्रमों मे कार्यरत काउंसलर द्वारा एफ0जी0डी0 करायी जाये, जिस हेतु सम्बन्धित काउन्सलर को प्रति एफ0जी0डी0 हेतु रू0 500 (पांच सौ) नियमानुसार मद संख्या–Mobility support 106.15 से प्रदान किया जायेगा। यहा यह भी उल्लेखनीय है कि प्रतिमाह सम्पादित की गयी एफ0जी0डी0 की सूचना प्रत्येक माह जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के माध्यम से महानिदेशालय को प्रेषित किया जायेगा।

**अन्य व्यय (Contingency/Miscellaneous)**–

एफ0एम0आर0 कोड संख्या–106.15 Mobility Support for TCC के अन्तर्गत तम्बाकू उन्मूलन की गतिविधियां यथा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार हेतु भ्रमण, एफ0जी0डी0 के आयोजन हेतु भम्रण तथा उन्मूलन सम्बन्धी अन्य गतिविधियों में आवागमन हेतु रू0 5000.00 (पांच हजार) प्रति माह की दर से 12 माह हेतु रू0 60000.00 (साठ हजार) की धनराशि प्रति जनपद आवंटित की गई है।

एफ0एम0आर0 कोड संख्या– 106.16 Office Expenses for TCC के अन्तर्गत कार्यालय व्यय हेतु रू0 1.00 लाख प्रति जनपद की दर से धनराशि आंवटित की गई है। तम्बाकू नियंत्रण हेतु उक्त मद द्वारा विविध व्यय जैसे– संचार, कार्यालयोपयोगी सामग्री, ¼Office Consumables½ आदि तथा ऐसे व्यय जो एन0टी0सी0पी0 कार्यक्रम के सफल संचालन में आवश्यक हो के लिये जिला स्वास्थ्य समिति से अनुमोदन प्राप्त कर एन0एच0एम0 के वित्तीय नियमों के आधीन व्यय किया जायेगा, वित्तीय अनियमियता की स्थिति में जिला नोडल, एन0टी0सी0पी0 की सम्पूर्ण जिम्मेदारी होगी।

**अन्य निर्देशः–**

1. जनपद सलाहकार अथवा मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय द्वारा नामित अधिकारी/कर्मी द्वारा जनपद के सभी विभागों के समन्वय स्थापित करते हुये कार्ययोजना बनाकर नोडल अधिकारी के अनुमोदनोपरान्त राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्धारित प्रशिक्षण कार्यक्रम/विद्यालय कार्यक्रम में स्वंयसेवी संस्था के सहयोग एवं अन्य गतिविधियों को सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेंगें।
2. जनपद सलाहकार अथवा मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय द्वारा नामित अधिकारी/कर्मी द्वारा समस्त विभागों में सी0ओ0पी0टी0ए0–2003, The Prohibition of Electronic Cigarettes (Production, Manufacture, Import, Export, Transport, Sale, Distribution, Storage and Advertisement) Act, 2019 (PECA-2019) के समस्त प्राविधानों/धाराओं एवं जे0जे0सी0 एक्ट–2015 की धारा–77 का जनपद में अनुपालन कराना सुनिश्चित करेंगें, साथ ही सप्ताह में एक दिन होने वाली एफ0जी0डी0 कार्यक्रम मे प्रतिभाग करेगें।
3. जनपद सलाहकार एवं सोशल वर्कर अथवा मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय द्वारा नामित अधिकारी/कर्मी द्वारा शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए भारत सरकार द्वारा प्रदत्त

''तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान'' ऑपरेशनल गाइडलाइन का अनुपालन कराना सुनिश्चित किया जायेगा, जिसकी प्रगति रिपोर्ट मासिक/त्रैमासिक रिपोर्ट के साथ प्रेषित की जायेगी।

4. सोशल वर्कर जनपद सलाहकार अथवा मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय द्वारा नामित अधिकारी/कर्मी के सहयोग से दिशा–निर्देशानुसार विद्यालय कार्यक्रम का क्रियान्वयन/अनुश्रवण करना/करवाना सुनिश्चित करेंगें।
5. प्रत्येक वर्ष आयोजित किये जाने वाले विशेष दिवस यथा– 31 मई को **''विश्व तम्बाकू निषेध दिवस''** एवं माह–मार्च के द्वितीय बुधवार को **''नो स्मोकिंग डे''** के अवसर पर जनपदों द्वारा निम्न गतिविधियां संचालित की जाय–
    - जनपद स्तर पर जिला स्तरीय समन्वय समिति तथा ब्लॉक स्तरीय तम्बाकू नियंत्रण समन्वय समिति की बैठक का आयोजन कर 01 माह का कैम्पेन के माध्यम से तम्बाकू नियंत्रण हेतु अभियान की कार्ययोजना तैयार करना।
    - प्रति सप्ताह स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग व अन्य के द्वारा संयुक्त रूप से छापामारी एवं चालान गतिविधि सी0ओ0टी0पी0ए0–2003 एवं इलेक्ट्रानिक सिगरेट के प्रतिबन्ध एवं हानियों के प्रति प्रचार–प्रसार एवं इन्फोर्समेंट किया जाना।
    - प्रदेश के समस्त जनपदों में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर दिनांक 31 मई, 2024 को ''तम्बाकू मुक्त उत्तर प्रदेश'' हेतु शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाय।
    - एन0टी0सी0पी0, एन0पी0सी0डी0सी0एस0 एवं एन0एम0एच0पी0 कार्यक्रमों के अन्तर्गत कार्यरत काउन्सलर/ साइकोलॉजिस्ट द्वारा ब्लॉक स्तर पर शिविरों के माध्यम से तम्बाकू का सेवन कर रहे व्यक्तियों की काउन्सलिंग।
    - ग्राम पंचायतों में होने वाली ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति की बैठक में तम्बाकू उपभोग से होने वाली हानियों के सम्बन्ध में प्रचार–प्रसार के माध्यम से जानकारी दी जाय।
    - जनप्रतिनिधियों के सहयोग से व्यापक प्रचार–प्रसाार।
    - प्रिंट/इलेक्ट्रानिक/सोशल मीडिया के माध्यम से ऑडियों विजुअल व अन्य व्यापक प्रचार–प्रसार।
    - शिक्षा विभाग के सहयोग से समस्त शिक्षण संस्थानों को तम्बाकू मुक्त घोषित करवाना एवं उनकी मॉनीटरिंग करना।
    - आकाशवाणी एवं अन्य स्थानीय एफ0एम0 रेडियो चैनल के माध्यम से व्यापक प्रचार–प्रसार।
    - नगर/ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित कूड़ा वाहनों में ऑडियो क्लिप के माध्यम से व्यापक प्रचार–प्रसार।
    - जिला/उप जिला चिकित्सालय/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में इलेक्ट्रानिक स्क्राल के माध्यम से तम्बाकू निषेध सम्बन्धित सूचना प्रसारण।
    - जनपद/ब्लॉक स्तर पर रैली/गोष्ठी/कार्यशाला/नुक्कड़ नाटक/पोस्टर/निबंध प्रतियोगिता आदि के माध्यम से प्रचार–प्रसार।
    - आशा–आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से ग्राम स्तर पर प्रचार–प्रसार।
    - ग्राम पंचायत स्तर पर गठित VHSNC के माध्यम से ग्राम स्तर तक जागरूकता अभियान आयोजित करना।
    - VHND/AHD/JAS आदि के माध्यम से गर्भवती महिलाओं व किशोर–किशोरियों को प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से तम्बाकू से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करना।
    - एन0टी0सी0पी0/आर0बी0एस0के0/आर0के0एस0के0 टीम के द्वारा स्कूल कार्यक्रम आयोजित कर छात्र/छात्राओं को तम्बाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना।
    - जनपद में एन0एच0एम0 के अन्य कार्यक्रमों के Stakeholder मानव संसाधन जैसे–मातृत्व स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, एन0यू0एच0एम0, कम्युनिटी प्रोसेस, क्वालिटी आदि के मानव संसाधन का अपेक्षित सहयोग प्राप्त करते हुये जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, डी0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, एन0टी0सी0पी0 यूनिट के सहयोग से जनपदी नोडल एन0टी0सी0पी0 द्वारा कार्यक्रम हित में गुणवत्तापूर्ण योजना तैयार की जाये एवं कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु डी0एच0एम0 से अनुमोदन प्राप्त कर जनपद में प्रभावी रूप IEC एवं BCC गतिविधियों को संचालित किया जा सकता है।

6. सोशल वर्कर द्वारा साइकोलॉजिस्ट की सहायता से अथवा मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय द्वारा नामित अधिकारी/कर्मी के सहयोग से ग्रामीण स्तर पर सप्ताह में एक दिन होने वाले एफ0जी0डी0 कार्यक्रम का क्रियान्वयन जनपद सलाहकार के सहयोग से किया जायेगा।

7. जिला नोडल अधिकारी/जिला सलाहकार, एन0टी0सी0पी0 द्वारा अथवा मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय द्वारा नामित अधिकारी/कर्मी के सहयोग से प्रत्येक माह की 05 तारीख तक मासिक रिपोर्ट राज्य तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, उ0प्र0 की ई–मेल–nodal.ntcp.up@gmail.com पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

8. जिला नोडल अधिकारी एन0टी0सी0पी0 द्वारा कार्यक्रम के अन्तर्गत मदवार एवं गतिविधिवार आवंटित धनराशि का व्यय ससमय एन0एच0एम0 के वित्तीय नियमों के आधीन जिला स्वास्थ्य समिति से अनुमोदन उपरान्त नियमानुसार शत–प्रतिशत व्यय कराना सुनिश्चित किया जायेगा।

9. जिला एन0सी0डी0 सेल में कार्यरत जिला फाइनेन्स कम लॉजिस्टिक सलाहकार/जिला लेखा प्रबन्धक, डी0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, द्वारा कार्यक्रम का वित्तीय कार्य सम्पादित करना सुनिश्चित किया जायेगा, जिसके क्रम में जिला नोडल अधिकारी एन0टी0सी0पी0 एवं मुख्य चिकित्साधिकारी के दिशा–निर्देश में जिला सलाहकार एन0टी0सी0पी0 अथवा मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय द्वारा नामित अधिकारी/कर्मी द्वारा कार्यक्रम की कार्ययोजना बनाकर वित्तीय एवं भौतिक नियमों के अनुरूप जनपद में गतिविधि को संचालित किया जायेगा।

10. जनपद सलाहकार एन0टी0सी0पी0 अथवा मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय द्वारा नामित अधिकारी/कर्मी द्वारा आपरेशनल गाइडलाइन्स एवं समय–समय पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 प्रेषित दिशा–निर्देशों पर आवश्यक कार्यवाही एवं जिन जनपदों में वर्तमान समय तक DLCC/इन्फोर्समेन्ट स्कवायड, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर समन्वय समिति का गठन नहीं किया गया है, का गठन करवाना सुनिश्चित करेंगें।

11. जनपद सलाहकार अथवा मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय द्वारा नामित अधिकारी/कर्मी द्वारा यलो लाइन कैम्पेन के माध्यम से जनपद के समस्त सरकारी कार्यालय एवं शैक्षणिक संस्थानों में ''यलो लाइन'' सम्पादन करवाना सुनिश्चित करेगें।

12. जनपद सलाहकार अथवा मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय द्वारा नामित अधिकारी/कर्मी द्वारा जनपद में DLCC/इन्फोर्समेन्ट स्कवायड का गठन, प्रशिक्षण इत्यादि गतिविधियां सम्पादित की जायेगी तथा ससमय मासिक एवं त्रैमासिक रिपोर्ट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें। यहां यह उल्लेखनीय है कि जनपद सलाहकार अथवा मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय द्वारा नामित अधिकारी/कर्मी द्वारा अपने आंवटित कार्यो में भ्रमण तथा कार्य सत्यापन उपरान्त जिला सलाहकार, एन0टी0सी0पी0/एफ0एल0सी0/जिला लेखा प्रबन्धक/नोडल एन0टी0सी0पी0 को भ्रमण आदि के लिये भत्ता भुगतान नियमानुसार निर्धारित उपयुक्त मद से किया जायेगा।

कार्यक्रम के अन्तर्गत उक्त वित्तीय एवं भौतिक नियमों का अनुपालन एन0एच0एम0 में प्रचलित वित्तीय एवं भौतिक नियमों के आधीन किया जायेगा अन्यत्र की स्थिति में प्रकरण को वित्तीय अनियमियता की श्रेणी में मानते हुये सम्बन्धित की विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

**वित्तीय प्रबन्धन**

- आवंटित धनराशि का व्यय शासकीय एवं विभागीय नियम एवं शर्तों का पालन करते हुए किया जाये।
- किसी भी कर्मी को किसी भी स्थिति में नगद भुगतान नहीं किया जायेगा।
- प्राविधानित धनराशि का व्यय आवंटित धनराशि की सीमा के भीतर ही किया जाये।
- धनराशि का आवंटन मात्र आपको व्यय करने के लिये प्राधिकृत नहीं करता, अपितु वित्तीय नियमों, शासना देशों एवं कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुये, सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त ही व्यय नियमानुसार किया जायेगा। जिस कार्यक्रम/मद में धनराशि आवंटित की गयी है उसी सीमा तक व्यय नियमानुसार किया जाये।
- जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024–25 में DHAP के सापेक्ष वित्तीय आवंटित धनराशि का व्यय वित्तीय नियमों के अनुरूप FAMS के माध्यम से राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम का व्यय सुनिश्चित किया जायेगा।
- जनपद द्वारा समस्त भुगतान FAMS Software का प्रयोग करते हुये PFMS Portal के माध्यम से किया जायेगा, जिससे कि उपलब्ध बजट का अनुश्रवण किया जा सकें।

- उक्त समस्त गतिविधियों को एन0एच0एम0 के प्रचलित भौतिक एवं वित्तीय नियमों के दृष्टिगत सम्बन्धित जिला स्वास्थ्य समिति से अनुमोदन प्राप्त कर व्यय सम्पादित कराया जायेगा साथ ही साथ जनपद में आयोजित होने वाली प्रत्येक जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में भौतिक एवं वित्तीय प्रगति को प्रदर्शित कर कार्यक्रम हित में अनुपालन कार्यवृत्त में प्रगति जिला नोडल, एन0टी0सी0पी0 द्वारा अंकित कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा अन्यत्र की स्थिति में सम्बन्धित गतिविधि एवं व्यय को वित्तीय अनियमियता की श्रेणी मानी जायेगी।
- प्रमुख सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन/अध्यक्ष कार्यकारी समिति एवं मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 द्वारा निरन्तर कार्यक्रम को प्रभावी रूप से संचालित किये जाने के लिये राज्य स्तर पर अनेकों समीक्षा बैठके आयोजित की जाती है, तद्सम्बन्ध में आप निर्देशित है कि जनपद द्वारा कार्यक्रम के अन्तर्गत सम्पूर्ण मासिक रिपोर्ट को कार्यालय महानिदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0, राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण इकाई को ससमय प्रेषित किया जाये, जिससे सक्षम स्तर के अधिकारीगणों को कार्यक्रम की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति से अवगत कराते हुये मार्ग दर्शन प्राप्त कर कार्यक्रम का प्रभावी संचालन तथा अनुश्रवण प्राप्त किया जा सकें।
- यहां यह भी अवगत कराना है कि देखा गया है कि प्रदेश के कतिपय जनपदों द्वारा गुणवत्तापूर्ण ससमय रिपोर्ट प्राप्त नहीं होती है अतः आप से अपेक्षित है कि कार्यक्रम में ससमय मासिक रिपोर्ट प्रेषित करें, अन्यत्र की स्थिति में कार्यक्रम में रूचि न लेने की दशा में सम्बन्धित जनपद के प्रकरण की शिकायत प्रमुख सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन/अध्यक्ष कार्यकारी समिति को प्रेषित की जायेगी।
- प्रमुख सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन/अध्यक्ष कार्यकारी समिति द्वारा दिनांक–09/05/2024 एवं 31/05/2024 को जारी कार्यवृत्त में जनपदों के लिये सुस्पष्ट निर्देश दिये गये है कि राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के सफल संचालन के लिये प्रत्येक जनपद में विद्यालय कार्यक्रम एवं TOFEI गतिविधि हेतु विद्यालयों में सम्पादित होने वाली समस्त गतिविधियों को जनपद एवं राज्य स्तरीय किसी भी प्रकार की एन0जी0ओ0 (स्वयं सेवी संस्थाओं) द्वारा सम्पादित नहीं किया जायेगा। साथ ही जनपद में आर0बी0एस0के0, आर0के0एस0के0, एन0टी0सी0पी0 यूनिट एवं जिला/ब्लाक प्रबन्धन इकाईयों के सहयोग से मानकानुसार गतिविधि संचालित करने के लिये पत्र प्राप्ति के 10 दिवसों के भीतर जनपद एवं ब्लाक में विद्यालय कार्यक्रम एवं TOFEI गतिविधि हेतु नोडल, एन0टी0सी0पी0, डी0पी0एम0, डी0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0 एवं एन0टी0सी0पी0 यूनिट के सहयोग से मासिक कार्ययोजना रोस्टर बनाकर जनपद में क्रियान्वित किया जायेगा एवं उपरोक्त सम्बन्धित मदों में अनुमन्य धनराशि तथा गतिविधियों को एन0एच0एम0 के वित्तीय नियमों के तहत व्यय किया जायेगा।
- कार्यक्रम के अन्तर्गत यह सुनिश्चित किया जायेगा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 द्वारा आई0ई0सी0 अनुभाग के सहयोग से प्रमुख सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन/अध्यक्ष कार्यकारी समिति द्वारा अनुमोदित मानकानुसार आई0ई0सी0 एवं भारत सरकार द्वारा ऑपरेशनल गाइडलाईन में जारी मानकानुसार आई0ई0सी0 का मुद्रण जनपदों द्वारा सम्पादित किया जायेगा, अन्यत्र आई0ई0सी0 मुद्रण की स्थिति में सम्बन्धित जनपद के वित्तीय अनियमियता मानी जायेगी। कतिपय जनपदों में पाया गया है कि जनपद स्तर पर कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रकाशित आई0ई0सी0 में अन्य स्वयं सेवी संस्थाओं (एन0जी0ओ0) के Logo को प्रकाशित किया जाता है जोकि राजकीय/एन0एच0एम0 मुद्रण बजट का पूर्णतः उल्लघन है। जनपदों द्वारा तद्सम्बन्ध में आई0ई0सी0 मुद्रण के समय विभाग, एन0एच0एम0, एन0टी0सी0पी0 कार्यक्रम तथा एन0टी0सी0पी0 कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा अनुमन्य Logo का उपयोग किया जायेगा।

प्रत्येक मद में स्वीकृत धनराशि की सीमा तक अथवा मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय द्वारा नामित अधिकारी/कर्मी/लेखा प्रबन्धक, डी0पी0एम0यू0/एफ0एल0सी0, नोडल, राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम एवं मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय के द्वारा वित्तीय नियमों को शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराते हुये कार्यक्रम के अन्तर्गत गतिविधि को किया जायेगा। उपर्युक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। समयान्तर्गत अनुपालन न होने की स्थिति में सम्बन्धित अधिकरियों के विरूद्ध नियमानुसार विभागीय अनुशासनात्मक एवं दण्डात्मक कार्यवाही हेतु प्रकरण प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन को सन्दर्भित कर दिया जाएगा।

## राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत मानव संसाधनः–

राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत मानव संसाधन हेतु वित्तीय स्वीकृतियां कार्यकारी समिति की बैठक दिनांक– 09/05/2024 को प्राप्त की जा चुकी है।

- **FMR Code- 185.C.P324** (Old FMR- HSS.9.184.C.P324) में जनपदों में जिला सलाहकार हेतु कार्यरत पदों पर देय मानदेय एवं देय 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि तथा देय Experience bonus सहित धनराशि आवंटित की गयी है एवं रिक्त पदों का मानदेय आवंटित नहीं किया गया है। भारत सरकार द्वारा अनुमोदित आर0ओ0पी0 के अनुसार कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला सलाहकार हेतु प्रति माह Basic Salary रू0 40000.00 की धनराशि एवं कार्यरत मानव संसाधन को मानदेय के साथ एन0एच0एम0 में अनुमोदित नियमों के अनुरूप 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि के साथ नियमतः देय Experience bonus सहित जनपदवार मदवार धनराशि आवंटित की गयी है।
- **FMR Code- 185.C.S0570** (Old FMR- HSS.9.184.C.S0570) जनपदों में कार्यरत सामाजिक कार्यकर्ता हेतु कार्यरत पदों पर देय मानदेय एवं देय 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि तथा देय Experience bonus सहित धनराशि आवंटित की गयी है एवं रिक्त पदों का मानदेय आवंटित नहीं किया गया है। भारत सरकार द्वारा अनुमोदित आर0ओ0पी0 के अनुसार कार्यक्रम के अन्तर्गत सामाजिक कार्यकर्ता हेतु प्रति माह Basic Salary रू0 25000.00 की धनराशि एवं कार्यरत मानव संसाधन को मानदेय के साथ एन0एच0एम0 में अनुमोदित नियमों के अनुरूप 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि के साथ नियमतः देय Experience bonus सहित जनपदवार मदवार धनराशि आवंटित की गयी है।
- **FMR Code-185.C.S0529** (Old FMR- HSS.9.184.C.S0529) में जनपदों में कार्यरत साइकोलाजिस्ट/काउन्सलर हेतु कार्यरत पदों पर देय मानदेय एवं देय 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि तथा देय Experience bonus सहित धनराशि आवंटित की गयी है एवं रिक्त पदों का मानदेय आवंटित नहीं किया गया है। भारत सरकार द्वारा अनुमोदित आर0ओ0पी0 के अनुसार कार्यक्रम के अन्तर्गत साइकोलाजिस्ट/काउन्सलर हेतु प्रति माह Basic Salary रू0 25000.00 की धनराशि एवं कार्यरत मानव संसाधन को मानदेय के साथ एन0एच0एम0 में अनुमोदित नियमों के अनुरूप 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि के साथ नियमतः देय Experience bonus सहित जनपदवार मदवार धनराशि आवंटित की गयी है।
- **FMR Code - 185.C.P356** (Old FMR- HSS.9.184.C.P356 ) जनपदों में पूर्व से कार्यरत संविदा डाटा इंट्री आपरेटर हेतु कार्यरत पदों पर देय मानदेय एवं देय 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि तथा देय Experience bonus सहित धनराशि आवंटित की गयी है। प्रदेश में जनपदों के आउटसोर्स एजेंसी डाटा इंट्री आपरेटर को अनुमन्य मानदेय में जी0एस0टी0, ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0 एवं अन्य कर देय होगा यदि किसी जनपद में संविदा/एजेंसी डेटा इन्ट्री ऑपरेटर द्वारा पद रिक्त हुआ है तो जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से आउटसोर्स एजेंसी से नियमतः डेटा ऑपरेटर की सेवा प्राप्त की जायेगी एवं यदि किसी जनपद में संविदा/एजेंसी डेटा इन्ट्री ऑपरेटर द्वारा पद रिक्त हुआ है तो जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से आउटसोर्स एजेंसी से नियमतः डेटा ऑपरेटर की सेवा प्राप्त की जायेगी एवं रिक्त पदों का मानदेय आवंटित नहीं किया गया है। भारत सरकार द्वारा अनुमोदित आर0ओ0पी0 के अनुसार कार्यक्रम के अन्तर्गत डाटा इंट्री आपरेटर हेतु प्रति माह Basic Salary रू0 12432.00 की धनराशि एवं कार्यरत मानव संसाधन को मानदेय के साथ एन0एच0एम0 में अनुमोदित नियमों के अनुरूप 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि के साथ नियमतः देय Experience bonus GST, ESI, Service charge & EPF सहित जनपदवार मदवार धनराशि आवंटित की गयी है।

### जिला सलाहकार (District Consultant)–

- कार्यक्रम के अर्न्तगत जारी एन0एच0एम0 के वित्तीय–भौतिक नियमों के अनुसार नियमतः मदवार कार्यो को जिला स्वास्थ्य समिति से अनुमोदन प्राप्त करते हुये गतिविधियों को संचालित किया जायेगा।
- जनपदीय नोडल, एन0टी0सी0पी0 को कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में शत–प्रतिशत सहयोग प्रदान किया जायेगा।

- जनपद को राज्य से प्रेषित दिशा–निर्देशों एवं अन्य प्रेषित पत्रों आदि की सूचना मुख्य चिकित्साधिकारी एवं नोडल एन0टी0सी0पी0 को प्रदान करते हुये कार्यक्रम हित में अग्रेतर कृत कार्यवाही की जायेगी।
- जनपद में सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए कार्ययोजना बनाकर नोडल अधिकारी के माध्यम से डी0एच0एस0 का अनुमोदन प्राप्त कर कार्यक्रम के अन्तर्गत बैठक, प्रशिक्षण, कार्यशाला, विद्यालय कार्यक्रम एवं अन्य IEC/BCC गतिविधियों को सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेंगें।
- समस्त विभागों में सी0ओ0पी0टी0ए0–2003 के समस्त प्राविधानों/धाराओं एवं जे0जे0सी0 एक्ट–2015 की धारा–77 का जनपद में अनुपालन हेतु गतिविधियों को संचालित करायेगे।
- समस्त विभागों में सी0ओ0पी0टी0ए0–2003 के समस्त प्राविधानों/धाराओं एवं जे0जे0सी0 एक्ट–2015 की धारा–77 के अन्तर्गत सप्ताह में न्यूनतम प्राथमिकता के आधार पर एक दिन होने वाली एफ0जी0डी0 कार्यक्रम मे प्रतिभाग करेगें।
- जनपद सलाहकार के द्वारा शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए भारत सरकार द्वारा प्रदत्त ''तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान'' ऑपरेशनल गाइडलाइन का अनुपालन किया जायेगा, जिसकी प्रगति रिपोर्ट राज्य मुख्यालय त्रैमासिक रिपोर्ट के साथ पृथक से प्रेषित की जायेगी।

**<u>सामाजिक कार्यकर्ता (Social Worker)–</u>**

- सप्ताह में एक दिन होने वाले एफ0जी0डी0 कार्यक्रम का क्रियान्वयन तथा साइकोलॉजिस्ट को सहायता प्रदान करेंगें।
- जनपदीय नोडल अधिकारी एन0टी0सी0पी0 से समन्वय स्थापित करते हुए कार्यक्रम संचालन एवं कार्यक्रम से सम्बन्धित अन्य गतिविधियों में सहयोग करेंगें।
- कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्धारित विद्यालय कार्यक्रम को कार्ययोजना तैयार कर गाइडलाइन में दिये गये निर्देशों के अनुसार सम्पन्न करेंगें तथा ससमय रिपोर्ट प्रेषित करेंगें।
- भारत सरकार द्वारा प्रदत्त ''तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान'' ऑपरेशनल गाइडलाइन का अनुपालन किया जायेगा, जिसकी प्रगति रिपोर्ट राज्य मुख्यालय त्रैमासिक रिपोर्ट के साथ पृथक से प्रेषित की जायेगी।

**<u>साइकोलाजिस्ट/काउन्सलर–</u>**

- जनपद में कार्यरत साइकोलॉजिस्ट/काउन्सलर द्वारा Tobacco Cessation Centre एवं टी0बी0–टोबैको गाइडलाइन का प्रभावी संचालन कराया जायेगा तथा उक्त से सम्बन्धित भौतिक प्रगति रिपोर्ट ससमय प्रेषित की जायेगी।
- जिला अस्पताल में तम्बाकू उन्मूलन केन्द्र में कार्य करना एवं तम्बाकू का उपयोग कर रहे व्यक्ति को तम्बाकू छोड़ने हेतु प्रेरित करना साथ ही तम्बाकू छोड़ने वाले व्यक्तियों को भारत सरकार के टोल फ्री नं0–1800112356 पर पंजीकरण कराने के लिए भी प्रोत्साहित किया जायेगा।
- सप्ताह में एक दिन जिला सलाहकार एवं सोशल वर्कर की सहायता से ग्राम स्तर पर एफ0जी0डी0 किया जाना, जिसकी प्रगति रिपोर्ट सोशल वर्कर के द्वारा तैयार कर निर्धारित प्रारूप ससमय प्रेषित की जाये।

उपरोक्त के अतिरिक्त जनपद सलाहकार, साइकोलॉजिस्ट/काउन्सलर एवं सामाजिक कार्यकर्त्ता द्वारा जनपदीय नोडल अधिकारी, एन0टी0सी0पी0 के दिशा–निर्देशों में मानकानुसार कार्य निष्पादन करेंगे एवं उपरोक्त पदवार कार्य दायित्वों के निष्पादन एवं मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय से प्राप्त दिशा–निर्देशों के आधार पर प्रत्येक वित्तीय वर्ष में जनपदीय नोडल अधिकारी, एन0टी0सी0पी0 द्वारा कार्य मूल्याकन के आधार पर वार्षिक सेवा का विस्तारीकरण किया जायेगा।

**<u>डाटा इन्ट्री ऑपरेटर (Data Entry Operator) –</u>**

- कार्यक्रम के अन्तर्गत मासिक सूचना तैयार करना।
- कार्यक्रम के अन्तर्गत समस्त टाईपिग एवं पी0पी0टी0 आदि कार्यो को निष्पादित करना।
- कार्यक्रम के अन्तर्गत समस्त फाइलों का रखरखाव करना।
- कार्यक्रम के अन्तर्गत अन्य अपेक्षित सूचनाओं को तैयार करना।
- कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य व जनपद की समीक्षा बैठकों में ससमय सूचना आदि को तैयार करना।

**अन्य कार्यक्रम में गतिविधिवार कार्य निष्पादन निर्देश :–**

1. जनपद सलाहकार अथवा मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय द्वारा नामित अधिकारी/कर्मी द्वारा जनपद के सभी विभागों के समन्वय स्थापित करते हुये कार्ययोजना बनाकर नोडल अधिकारी के अनुमोदनोपरान्त राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्धारित प्रशिक्षण कार्यक्रम/विद्यालय कार्यक्रम में स्वयसेवी संस्था के सहयोग एवं अन्य गतिविधियों को सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेंगें।
2. जनपद सलाहकार अथवा मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय द्वारा नामित अधिकारी/कर्मी द्वारा समस्त विभागों में सी0ओ0पी0टी0ए0–2003, The Prohibition of Electronic Cigarettes (Production, Manufacture, Import, Export, Transport, Sale, Distribution, Storage and Advertisement) Act, 2019 (PECA-2019) के समस्त प्राविधानों/धाराओं एवं जे0जे0सी0 एक्ट–2015 की धारा–77 का जनपद में अनुपालन कराना सुनिश्चित करेंगें, साथ ही सप्ताह में एक दिन होने वाली एफ0जी0डी0 कार्यक्रम मे प्रतिभाग करेगें।
3. जनपद सलाहकार एवं सोशल वर्कर अथवा मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय द्वारा नामित अधिकारी/कर्मी द्वारा शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए भारत सरकार द्वारा प्रदत्त ''तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान'' ऑपरेशनल गाइडलाइन का अनुपालन कराना सुनिश्चित किया जायेगा, जिसकी प्रगति रिपोर्ट मासिक/त्रैमासिक रिपोर्ट के साथ प्रेषित की जायेगी।
4. सोशल वर्कर जनपद सलाहकार अथवा मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय द्वारा नामित अधिकारी/कर्मी के सहयोग से दिशा–निर्देशानुसार विद्यालय कार्यक्रम का क्रियान्वयन/अनुश्रवण करना/करवाना सुनिश्चित करेंगें।
5. प्रत्येक वर्ष आयोजित किये जाने वाले विशेष दिवस यथा– 31 मई को **''विश्व तम्बाकू निषेध दिवस''** एवं माह–मार्च के द्वितीय बुधवार को **''नो स्मोकिंग डे''** के अवसर पर जनपदों द्वारा निम्न गतिविधियां संचालित की जाये–
    - जनपद स्तर पर जिला स्तरीय समन्वय समिति तथा ब्लॉक स्तरीय तम्बाकू नियंत्रण समन्वय समिति की बैठक का आयोजन कर 01 माह का कैम्पेन के माध्यम से तम्बाकू नियंत्रण हेतु अभियान की कार्ययोजना तैयार करना।
    - प्रति सप्ताह स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग व अन्य के द्वारा संयुक्त रूप से छापामारी एवं चालान गतिविधि सी0ओ0टी0पी0ए0–2003 एवं इलेक्ट्रानिक सिगरेट के प्रतिबन्ध एवं हानियों के प्रति प्रचार–प्रसार एवं इन्फोर्समेंट किया जाना।
    - प्रदेश के समस्त जनपदों में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर दिनांक 31 मई, 2024 को ''तम्बाकू मुक्त उत्तर प्रदेश'' हेतु शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाय।
    - एन0टी0सी0पी0, एन0पी0सी0डी0सी0एस0 एवं एन0एम0एच0पी0 कार्यक्रमों के अर्न्तगत कार्यरत काउन्सलर/ साइकोलॉजिस्ट द्वारा ब्लॉक स्तर पर शिविरों के माध्यम से तम्बाकू का सेवन कर रहे व्यक्तियों की काउन्सलिंग।
    - ग्राम पंचायतों में होने वाली ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति की बैठक में तम्बाकू उपभोग से होने वाली हानियों के सम्बन्ध में प्रचार–प्रसार के माध्यम से जानकारी दी जाय।
    - जनप्रतिनिधियों के सहयोग से व्यापक प्रचार–प्रसाार।
    - प्रिंट/इलेक्ट्रानिक/सोशल मीडिया के माध्यम से ऑडियों विजुअल व अन्य व्यापक प्रचार–प्रसार।
    - शिक्षा विभाग के सहयोग से समस्त शिक्षण संस्थानों को तम्बाकू मुक्त घोषित करवाना एवं उनकी मॉनीटरिंग करना।
    - आकाशवाणी एवं अन्य स्थानीय एफ0एम0 रेडियो चैनल के माध्यम से व्यापक प्रचार–प्रसार।
    - नगर/ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित कूड़ा वाहनों में ऑडियो क्लिप के माध्यम से व्यापक प्रचार–प्रसार।
    - जिला/उप जिला चिकित्सालय/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में इलेक्ट्रानिक स्क्राल के माध्यम से तम्बाकू निषेध सम्बन्धित सूचना प्रसारण।
    - जनपद/ब्लॉक स्तर पर रैली/गोष्ठी/कार्यशाला/नुक्कड़ नाटक/पोस्टर/निबंध प्रतियोगिता आदि के माध्यम से प्रचार–प्रसार।
    - आशा–आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से ग्राम स्तर पर प्रचार–प्रसार।
    - ग्राम पंचायत स्तर पर गठित VHSNC के माध्यम से ग्राम स्तर तक जागरूकता अभियान आयोजित करना।
    - VHND/AHD/JAS आदि के माध्यम से गर्भवती महिलाओं व किशोर–किशोरियों को प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से तम्बाकू से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करना।

- एन0टी0सी0पी0 / आर0बी0एस0के0 / आर0के0एस0के0 टीम के द्वारा स्कूल कार्यक्रम आयोजित कर छात्र / छात्राओं को तम्बाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना।
- जनपद में एन0एच0एम0 के अन्य कार्यक्रमों के Stakeholder मानव संसाधन जैसे–मातृत्व स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, एन0यू0एच0एम0, कम्युनिटी प्रोसेस, क्वालिटी आदि के मानव संसाधन का अपेक्षित सहयोग प्राप्त करते हुये जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, डी0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, एन0टी0सी0पी0 यूनिट के सहयोग से जनपदी नोडल एन0टी0सी0पी0 द्वारा कार्यक्रम हित में गुणवत्तापूर्ण योजना तैयार की जाये एवं कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु डी0एच0एम0 से अनुमोदन प्राप्त कर जनपद में प्रभावी रूप IEC एवं BCC गतिविधियों को संचालित किया जा सकता है।

6. सोशल वर्कर द्वारा साइकोलॉजिस्ट की सहायता से अथवा मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय द्वारा नामित अधिकारी / कर्मी के सहयोग से ग्रामीण स्तर पर सप्ताह में एक दिन होने वाले एफ0जी0डी0 कार्यक्रम का क्रियान्वयन जनपद सलाहकार के सहयोग से किया जायेगा।

7. जिला नोडल अधिकारी / जिला सलाहकार, एन0टी0सी0पी0 द्वारा अथवा मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय द्वारा नामित अधिकारी / कर्मी के सहयोग से प्रत्येक माह की 05 तारीख तक मासिक रिपोर्ट राज्य तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, उ0प्र0 की ई–मेल–nodal.ntcp.up@gmail.com पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

8. जिला नोडल अधिकारी एन0टी0सी0पी0 द्वारा कार्यक्रम के अन्तर्गत मदवार एवं गतिविधिवार आवंटित धनराशि का व्यय ससमय एन0एच0एम0 के वित्तीय नियमों के आधीन जिला स्वास्थ्य समिति से अनुमोदन उपरान्त नियमानुसार शत–प्रतिशत व्यय कराना सुनिश्चित किया जायेगा।

9. जिला एन0सी0डी0 सेल में कार्यरत जिला फाइनेन्स कम लॉजिस्टिक सलाहकार / जिला लेखा प्रबन्धक, डी0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, द्वारा कार्यक्रम का वित्तीय कार्य सम्पादित करना सुनिश्चित किया जायेगा, जिसके क्रम में जिला नोडल अधिकारी एन0टी0सी0पी0 एवं मुख्य चिकित्साधिकारी के दिशा–निर्देश में जिला सलाहकार एन0टी0सी0पी0 अथवा मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय द्वारा नामित अधिकारी / कर्मी द्वारा कार्यक्रम की कार्ययोजना बनाकर वित्तीय एवं भौतिक नियमों के अनुरूप जनपद में गतिविधि को संचालित किया जायेगा।

10. जनपद सलाहकार एन0टी0सी0पी0 अथवा मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय द्वारा नामित अधिकारी / कर्मी द्वारा आपरेशनल गाइडलाइन्स एवं समय–समय पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 प्रेषित दिशा–निर्देशों पर आवश्यक कार्यवाही एवं जिन जनपदों में वर्तमान समय तक DLCC / इन्फोर्समेन्ट स्कवायड, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर समन्वय समिति का गठन नहीं किया गया है, का गठन करवाना सुनिश्चित करेंगें।

11. जनपद सलाहकार अथवा मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय द्वारा नामित अधिकारी / कर्मी द्वारा यलो लाइन कैम्पेन के माध्यम से जनपद के समस्त सरकारी कार्यालय एवं शैक्षणिक संस्थानों में ''यलो लाइन'' सम्पादन करवाना सुनिश्चित करेगें।

12. जनपद सलाहकार अथवा मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय द्वारा नामित अधिकारी / कर्मी द्वारा जनपद में DLCC / इन्फोर्समेन्ट स्कवायड का गठन, प्रशिक्षण इत्यादि गतिविधियां सम्पादित की जायेगी तथा ससमय मासिक एवं त्रैमासिक रिपोर्ट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें। यहां यह उल्लेखनीय है कि जनपद सलाहकार अथवा मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय द्वारा नामित अधिकारी / कर्मी द्वारा अपने आंवटित कार्यो में भ्रमण तथा कार्य सत्यापन उपरान्त जिला सलाहकार, एन0टी0सी0पी0 / एफ0एल0सी0 / जिला लेखा प्रबन्धक / नोडल एन0टी0सी0पी0 को भ्रमण आदि के लिये भत्ता भुगतान नियमानुसार निर्धारित उपयुक्त मद से किया जायेगा।

**<u>वित्तीय प्रबन्धन</u>**

- आवंटित धनराशि का व्यय शासकीय एवं विभागीय नियम एवं शर्तों का पालन करते हुए किया जाये।
- किसी भी कर्मी को किसी भी स्थिति में नगद भुगतान नहीं किया जायेगा।
- प्राविधानित धनराशि का व्यय आवंटित धनराशि की सीमा के भीतर ही किया जाये।
- धनराशि का आवंटन मात्र आपको व्यय करने के लिये प्राधिकृत नहीं करता, अपितु वित्तीय नियमों, शासना देशों एवं कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुये, सक्षम

प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त ही व्यय नियमानुसार किया जायेगा। जिस कार्यक्रम/मद में धनराशि आवंटित की गयी है उसी सीमा तक व्यय नियमानुसार किया जाये।

- जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024–25 में DHAP के सापेक्ष वित्तीय आवंटित धनराशि का व्यय वित्तीय नियमों के अनुरूप FAMS के माध्यम से राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम का व्यय सुनिश्चित किया जायेगा।
- कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य द्वारा जनपदों को आवंटित धनराशि मानदेय मद में मात्र बजटरिय अनुमोदन प्रदान करता है सम्बन्धित जनपद एवं इकाई द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि मानकानुसार इकाईयों पर कार्यरत संविदाकर्मी एवं एजेंसी कर्मियों को एन0एच0एम0 में वर्तमान मे प्रावधानित नियमों के अनुसार मानदेय आहरण के लिये Minimum Wages act up का अनुपालन शत–प्रतिशत् सुनिश्चित किया जायेगा।
- जनपद द्वारा समस्त भुगतान FAMS Software का प्रयोग करते हुये PFMS Portal के माध्यम से किया जायेगा, जिससे कि उपलब्ध बजट का अनुश्रवण किया जा सकें।

प्रत्येक मद में स्वीकृत धनराशि की सीमा तक जिला कार्यक्रम/लेखा प्रबन्धक/एफ0एल0सी0, नोडल, राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम एवं मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय के द्वारा वित्तीय नियमों को शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराते हुये कार्यक्रम के अन्तर्गत मानदेय आहरण किया जायेगा। उपर्युक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। समयान्तर्गत अनुपालन न होने की स्थिति में सम्बन्धित अधिकरियों के विरूद्ध नियमानुसार विभागीय अनुशासनात्मक एवं दण्डात्मक कार्यवाही हेतु प्रकरण प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन को सन्दर्भित कर दिया जाएगा।

## 20.6 राष्ट्रीय आयोडीन अल्पता विकार नियन्त्रण कार्यक्रम (NIDDCP)

राष्ट्रीय आयोडीन अल्पता विकार नियन्त्रण कार्यक्रम (NIDDCP) प्रदेश के चिन्हित **24 एंडमिक जनपदों** (**आगरा, अलीगढ, आजमगढ, बुलन्दशहर, बहराइच, बरेली, बस्ती, बिजनौर, देवरिया, अयोध्या, गाजियाबाद, गोण्डा, गोरखपुर, जौनपुर, लखीमपुर–खीरी, मथुरा, मुजफ्फरनगर, रायबरेली, सुल्तानपुर, वाराणसी, शाहजहॉपुर, रामपुर, सहारनपुर एवं पीलीभीत**) में संचालित किया जा रहा है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अर्न्तगत राष्ट्रीय आयोडीन अल्पता विकार नियन्त्रण कार्यक्रम (NIDDCP) उत्तर प्रदेश में संचालित है, जिसका उद्देश्य बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं अन्य व्यक्तियों को आयोडीनयुक्त नमक का उपयोग, उसकी कमी से होने वाले दुष्परिणाम एवं आयोडीन की कमी दूर करने के उपाय के बारे में जागरूक करना है। इसी संदर्भ में प्रदेश के 24 एंडमिक जनपदों में आशाओं द्वारा नमक के नमूनों में आयोडीन की जाँच करना निर्धारित किया गया है।

आयोडीन एक आवश्यक पोषक तत्व है, जो हमारे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत आवश्यक है। आयोडीन की कमी से घेंघा ही नही वरन बहरापन, गूँगापन, मानसिक विकृतियाँ तथा अपंगता जैसी व्याधियाँ भी होती है, जिनका निदान सम्भव नही है। उपरोक्त विकृतियों के बचाव हेतु नमक का सार्वभौमिक आयोडीनीकरण (**USI-Universal Salt Iodisation**) सर्वाधिक व्यवहारिक, प्रभावी एवं सस्ता उपाय है। सार्वभौमिक आयोडीनीकरण (**USI**) 1986 से कुछ क्षेत्रों में शुरू किया गया। भारत सरकार द्वारा 15 मई, 2006 से आयोडीनरहित नमक की बिक्री एवं भण्डारण पर रोक लगा दी गयी है।

उपभोक्ता स्तर पर प्रयोग किये जाने वाले नमक में आयोडीन की मात्रा कम से कम 15 पी0पी0एम0 होना आवश्यक है, अतः प्रयोग किये जाने वाले नमक में आयोडीन की मात्रा की जॉच किया जाना अनिवार्य है।

राष्ट्रीय आयोडीन अल्पता विकार नियन्त्रण कार्यक्रम (NIDDCP) के अर्न्तगत भारत सरकार द्वारा अनुमोदित धनराशि के सापेक्ष जनपदवार मदवार एवं गतिविधिवार **रू0 203.44** लाख निम्नवत है–

### 1– आशा को अपने कार्य क्षेत्र में नमक की जॉच हेतु दिशा निर्देश :–

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत स्वास्थ्य सुविधाओं को समुदाय तक पहुॅचाने एवं उपलब्ध सेवाओं के सम्बन्ध में समुदाय को जागरूक करने में आशा की अहम भूमिका है।

- प्रत्येक आशा को प्रतिमाह एक साल्ट टेस्टिंग किट उपलब्ध कराई जायेगी, जिसके द्वारा **50 घरों के नमक के नमूनों की जॉच की जायेगी,** जिससे आयोडीनयुक्त नमक के उपयोग हेतु जागरूकता एवं आयोडीनयुक्त नमक की गुणवत्ता का अनुश्रवण किया जा सके। उक्त जाँचे सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर, आँगनबाडी केन्द्र, स्कूल तथा घरों में उपयोग किये जाने वाले नमक में की जायेगी।
- प्रत्येक आशा को माह में कम से कम **50 नमक के नमूनों में आयोडीन की जाँच** करना अनिवार्य है तथा उसके उपरान्त ही **रू. 25/= प्रतिमाह की दर** से भुगतान किया जायेगा।
- उपकेन्द्रो/प्राथमिक/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो की सम्बन्धित आशा संगिनी/ए0एन0एम0 के द्वारा प्रतिमाह आशा द्वारा किये गये नमक की जाँच के नमूनों का सत्यापन करने के पश्चात ही आशाओं को भुगतान किया जायेगा।
- आशाओं द्वारा निर्धारित प्रारूप पर नमक के नमूनों की जॉच की मासिक रिपोर्ट उपकेन्द्र की आशा संगिनी/ए0एन0एम0 के माध्यम से प्राथमिक/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा जिले के नोडल अधिकारी (आई0डी0डी0) को प्रेषित की जायेगी, जो संकलित रिपोर्ट राज्य स्तर पर प्रेषित करेगें।
- जनपद के नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय आयोडीन अल्पता विकार नियन्त्रण कार्यक्रम (NIDDCP) द्वारा मासिक रिपोर्ट राज्य कार्यक्रम अधिकारी (अपर निदेशक, राज्य स्वास्थ्य संस्थान, उ0प्र0, अलीगंज, लखनऊ) को ई–मेल adshi1972@gmail.com, Lkoadshi2024@gmail.com पर प्राप्त कराते हुए हार्ड कॉपी **प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह तक प्राप्त कराना सुनिश्चित करेंगें**।

**2. आशाओं द्वारा नमक में आयोडीन की मात्रा की जाँच की विधि हेतु दिशा निर्देश :–**

नमक में आयोडीन की मात्रा की जाँच **''साल्ट टेस्टिंग किट''** से होती है। इस किट का उपयोग बहुत आसानी से किया जा सकता है, जिसकी प्रक्रिया निम्नवत् है :–

- सर्वप्रथम एक से दो चम्मच नमक लेना है, जिसमें बडी सफेद रंग की शीशी से 1–2 बूँद टेस्ट घोल को मिलाना है।
- इसके उपरान्त नमक में उपलब्ध आयोडीन की मात्रा के अनुसार, नमक का रंग हल्का नीला से गहरा स्याही में परिवर्तित हो जायेगा।
- किट बाक्स पर उपलब्ध चार्ट के अनुसार नमक के रंग की तुलना करते हुए उसमें उपलब्ध आयोडीन की मात्रा राज्य स्वास्थ्य संस्थान, अलीगंज, लखनऊ द्वारा प्राप्त कराये गये रिपोर्टिंग प्रारूप पर लिखें।
- न्यूनतम् स्वीकार योग्य आयोडीन की मात्रा उत्पादक स्तर पर 30 पी0पी0एम0 एवं उपभोक्ता स्तर पर 15 पी0पी0एम0 होनी चाहिए।
- नमक अगर क्षारीय है या उसमें कोई क्षारीय केमिकल का मिश्रण है तो नमक में टेस्ट घोल को मिलाने के उपरान्त भी नमक के रंग में कोई भी परिवर्तन नही होगा, जबकि उस नमक में आयोडीन मिला हो सकता है। इस स्थिति में निम्न प्रक्रिया का पालन किया जायेगा :–
- 1–2 चम्मच नमक लें, उसमें 1 बूँद अम्लीय द्रव (पुनःजाँच) घोल छोटी शीशी से मिलायें।
- 1–2 बूँद टेस्ट घोल (सफेद बडी शीशी) मिलायें।
- किट बाक्स पर उपलब्ध चार्ट से नमक के रंग में आये बदलाव की तुलना करें।

**3–किट की आपूर्ति :– FMR Code 62.1 (Old FMR Code RCH.8.62.DS)**

आशाओं को प्रतिमाह जनपदीय स्तर पर राष्ट्रीय आयोडीन अल्पता विकार नियन्त्रण कार्यक्रम (NIDDCP) के अर्न्तगत नियुक्त नोडल अधिकारी/मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा नमक के नमूँनों में आयोडीन की मात्रा की जाँच हेतु एक साल्ट टेस्टिंग किट उपलब्ध कराई जायेगी। प्रत्येक साल्ट टेस्टिंग किट से लगभग 100 नमक के नमूनों की जाँच हो सकती हैं। अतः प्रत्येक **आशा को प्रतिमाह एक साल्ट टेस्टिंग किट दी जायेगी** जिससे कि कार्य बाधित न हो और ससमय नमक के नमूनों की जाँच करने के पश्चात निर्धारित प्रारूप पर रिपोर्ट राज्य स्तर पर प्रेषित की जा सके।

**वित्तीय वर्ष 2024–25 में जनपदों को साल्ट टेस्टिंग किट उ0प्र0 मेडिकल सप्लाई कार्पोरेशन द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी।**

**4– आशा प्रतिपूर्ति धनराशि / ASHA incentives:– FMR Code 62.3 (Old FMR Code RCH.8.62.ASHA)**

आशा द्वारा किये जा रहे कार्यो के आधार पर उक्त अनुमोदित गतिविधि में प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान किया जायेगा। प्रतिपूर्ति राशियों कें ससमय भुगतान किये जाने से आशाओं के उत्साह, मनोबल एवं कार्य क्षमता में बढोत्तरी होगी, जिससे वह अपने कार्यो को और सक्रिय रूप से कर पाने में सक्षम हो पायेगी तथा राष्ट्रीय आयोडीन अल्पता विकार नियन्त्रण कार्यक्रम (NIDDCP) को गुणवत्तापरक सेवायें प्रदान करेंगी।

आशाओं को उनके द्वारा किये जाने वाले नियमित गतिविधि (नमक नमूनों का परीक्षण) के लिए प्रतिपूर्ति राशि के रूप में **रू. 25=00 प्रतिमाह (50 नमक के नमूनों में आयोडीन की जाँच)** दिये जाने का प्रावधान किया गया है।

(आशा प्रतिपूर्ति धनराशि का भुगतान वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए **FMR Code 62.3** में निर्गत की गयी धनराशि से किया जायेगा)

आशा द्वारा विगत माह की 21 तारीख से वर्तमान माह की 20 तारीख तक की गयी गतिविधि (नमक के नमूनों में आयोडीन की जाँच) का विवरण आशा पेमेण्ट वाउचर में अंकित (अन्य कालम)/अथवा इस हेतु चिन्हित कालम में किया जायेगा।

**5–प्रचार–प्रसार मद / IEC & Printing:– FMR Code 62.4 (Old FMR Code RCH.8.62.IEC)**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय आयोडीन अल्पता विकार नियन्त्रण कार्यक्रम (NIDDCP) के अन्तर्गत **FMR Code 62.4** में प्रचार–प्रसार मद में अनुमोदित धनराशि 24 जनपदो को **रू0 25,000=00** की दर से धनराशि अवमुक्त की जा रही है। उक्त धनराशि का उपयोग **ग्लोबल आई0डी0डी0 दिवस (21st October, 2024)** पर अधिक से अधिक विभागों के अधिकारियों एव मीडिया प्रभारियों, एन0जी0ओ0 इत्यादि की भागीदारी सुनिश्चित करते हुये प्रेस कान्फ्रेंस का आयोजन करेगें जिससे जनपद के मुख्य समाचार पत्रों के माध्यम से जन जागरूकता बढाई जा सके। इसके अतिरिक्त अन्य प्रचार–प्रसार सम्बन्धी कार्य भी इसी धनराशि से कराया जा सकते हैं।

**6–अनुश्रवण एवं मूल्यांकन :–**

- क्लस्टर बैठक में आशाओं को साल्ट टेस्टिंग किट से नमक के नमूनों की जाँच हेतु समस्त जानकारी दी जायेगी एवं जिन आशाओं द्वारा अच्छा कार्य किया जायेगा उनको प्रोत्साहित किया जायेगा।
- भ्रमण के दौरान ब्लाक, जनपद एवं राज्य स्तर के अधिकारियों द्वारा ए0एन0एम0 से आशाओं की नमक के नमूने की रिपोर्ट प्राप्त करके उनके द्वारा किये गये कार्य का समय–समय पर सत्यापन किया जायेगा।

**7–प्रति माह जॉच हेतु नमक के नमूने एकत्र कर कार्यालय अपर निदेशक, राज्य स्वास्थ्य संस्थान, उ0प्र0 को भेजने हेतु दिशा–निर्देश**

- सीलबन्द प्लास्टिक के लिफाफे में **नमक (पाउडर/बडगरा) के नमूनों को ग्रामीण एवं शहरी** घरों एवं फुटकर विक्रेताओं से प्रतिमाह **50 नमूनों एकत्रित कर** संस्थान में जॉच हेतु प्रेषित किये जायेगें तथा यह भी सुनिश्चित कर ले कि जनपद के अधिकांश भागो से नमॅूने सम्मिलित कर लिये जाये।
- प्रत्येक नमक नमूनों की मात्रा 100 ग्राम होनी चाहिए।
- एकत्र किये गये नमूनों में से 25 ग्रामीण क्षेत्र से,15 शहरी क्षेत्र के घरों से, 07 ग्रामीण फुटकर विक्रेता से एवं 03 शहरी फुटकर विक्रेता से होने चाहिए।
- नमक नमूनों के लिफाफे को सीलन एवं धूप से दूर रखना आवश्यक है अन्यथा नमक में आयोडीन की मात्रा कम हो जायेगी।
- विवरण प्रपत्र से मिलान करते हुए ही नमक के नमूनों के लिफाफे पर नमक का ब्रान्ड एवं क्रम संख्या डालें।

- एकत्र किये गये नमक के नमूनों का विवरण,दिये गये प्रपत्र पर बिन्दुवार विस्तृत रूप से अंकित किया जाये।

**जनपद का नाम ...........................................** **माह ................................**

| क्रम संख्या | नमूना एकत्र करने वाले कर्मचारी का नाम व पदनाम | नमूना एकत्र करने का दिनॉक | नमक के ब्रान्ड का नाम | ग्रामीण / शहरी | | राशन वितरण केन्द्र का नाम व पता | नमक का प्रकार (पाउडर अथवा बडगरा) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | परिवार के मुखिया का नाम (यदि नमूना घर से लिया गया हो) | फुटकर विक्रेता का नाम व पता | | |
| 01 | | | | | | | |

**8–Diagnostics (Consumables, PPP, Sample Transport) FMR Code 62.4 (Old FMR Code RCH.8.62.DI)–** नमक का नमूना एकत्र करने के पश्चात एक सप्ताह के अन्दर पत्र वाहक अथवा कोरियर से संस्थान में प्राप्त कराना सुनिश्चित करे। जनपदो को नमक के नमूने कोरियर द्वारा भेजने हेतु **रु0 500/प्रतिमाह/प्रति जनपद की दर से (6000/वर्ष)** Diagnostics (Consumables, PPP, Sample Transport) **FMR Code 62.4** मे निर्गत की गई है।

- **संस्थान का पता–अपर निदेशक,राज्य स्वास्थ्य संस्थान,उ0प्र0,सेक्टर–सी,अलीगंज,लखनऊ–226024**
- कार्यक्रम के क्रियान्यवयन में किसी प्रकार की कठिनाई/समस्या होने पर दूरभाष सं–9648418514 पर सम्पर्क कर सकते है।
- ई–मेल पता- **adshi1972@gmail.com, gmncdnhm@gmail.com & upncd2019@gmail.com**

**9– वित्तीय व्यवस्था**

- आवंटित धनराशि का व्यय शासकीय एवं विभागीय नियम एवं शर्तों का पालन करते हुए किया जाये।
- प्राविधानित धनराशि का व्यय आवंटित धनराशि की सीमा के भीतर ही किया जाये।
- धनराशि का आवंटन मात्र आपको व्यय करने के लिये प्राधिकृत नहीं करता, अपितु वित्तीय नियमों, शासना देशों एवं कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुये, सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त ही व्यय नियमानुसार किया जायेगा। जिस कार्यक्रम/मद में धनराशि आवंटित की गयी है उसी सीमा तक व्यय नियमानुसार किया जाये।
- जनपद द्वारा समस्त भुगतान FAMS Software का प्रयोग करते हुये PFMS Portal के माध्यम से किया जायेगा, जिससे की उपलब्ध बजट का अनुश्रवण किया जा सके।
- उपर्युक्त धनराशि के उपयोग में किसी प्रकार की अनियमितता के लिये जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी उत्तरदायी होंगे।

## 20.7 राष्ट्रीय फ्लोरोसिस बचाव एवं नियंत्रण कार्यक्रम (NPPCF)

फ्लोरोसिस जन सामान्य से जुड़ी एक समस्या है जो फ्लोराइड तत्व की सामान्य (1पी0पी0एम0) से अधिक मात्रा में शरीर में लगातार प्रवेश करने से होती है। फ्लोराइड तत्व पीने के पानी, खाद्य पदार्थों कारखानों से निकले दूषित पदार्थों इत्यादि के लम्बे समय तक सेवन के कारण शरीर में प्रवेश कर दाँतो, हड्डियों एवं अन्य अंगो को प्रभावित कर विकृति उत्पन्न करता है जो आगे चल कर अपरिवर्तनीय स्थाई अपंगता के रूप में विकसित होता है।

फ्लोरोसिस बचाव एवं नियंत्रण कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में वर्ष 2016–17 में सम्मिलित किया गया है। वर्तमान मे कार्यक्रम जनपद आगरा, सोनभद्र, झाँसी, वाराणसी, गाजीपुर, मथुरा, उन्नाव, प्रतापगढ, रायबरेली, फिरोजाबाद में संचालित है। इस कार्यक्रम के वर्ष 2024–25 में संचालन हेतु विस्तृत दिशा निर्देश प्रेषित किये जा रहे हैं।

**1—जनपद में फ्लोरोसिस उपचार केन्द्र की स्थापना**

i. मुख्य चिकित्सा अधिकारी जनपद स्तर पर पुरूष/संयुक्त चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक तथा नोडल अधिकारी के साथ बैठक कर चिकित्सालय में फ्लोरोसिस बचाव एवं नियंत्रण कार्यक्रम हेतु एक कक्ष चिन्हित करेंगे। जिसके बाहर **फ्लोरोसिस उपचार केन्द्र** नाम का एक बोर्ड लगाया जायेगा तथा फ्लोरोसिस से सम्बन्धित समस्त जानकारियों को पोस्टर एवं बैनर के माध्यम से प्रदर्शित किया जायेगा। चिकित्सालय में तैनात एक फिजीशियन/ बालरोग चिकित्सक को राष्ट्रीय फ्लोरोसिस बचाव एवं नियंत्रण कार्यक्रम चिकित्सा प्रभारी नामित किया जायेगा।

ii. मुख्य चिकित्सा अधिकारी एक अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्तर के अधिकारी को जनपदीय नोडल अधिकारी नामित करेगे।

iii. जनपदों में प्रयोगशाला स्थापित करने के लिए चिकित्सालय में स्थान चिन्हित कर लें एवं प्रयोगशाला स्थापित कर कार्य करना सुनिश्चित करें।

iv. प्रभारी चिकित्सक इस कार्यक्रम का अलग से एक ओ0पी0डी0 रजिस्टर रखेंगे तथा सभी सम्भावित फ्लोरोसिस प्रभावितों को पुष्टि हेतु मूत्र जाँच के लिए लैब में भेजेंगे।

v. प्रयोगशाला में संविदा पर कार्यरत लैब टेक्नीशियन द्वारा फ्लोरोसिस प्रभावितों के मूत्र नमूनों तथा क्षेत्र से प्राप्त जल नमूनों की जाँच आयनमीटर से की जायेगी।

vi. रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात प्रभावितों को आवश्यक उपचार तथा स्वास्थ्य शिक्षा दी जायेगी।

vii. सभी प्रभावितों की मासिक रिपोर्ट "फ्लोरोसिस बचाव एवं नियंत्रण कार्यक्रम" के परामर्शदाता तथा लैब टेक्नीशियन के सहयोग से चिकित्सालय से प्राप्त कर नामित चिकित्सा अधिकारी अथवा जनपदीय नोडल अधिकारी के माध्यम से प्रतिमाह राज्य स्तर पर अपर निदेशक, राज्य स्वास्थ्य संस्थान, उ0प्र0, लखनऊ को प्रेषित करेंगे।

**2—प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की स्क्रीनिंग**

i. मुख्य चिकित्सा अधिकारी नोडल अधिकारी के माध्यम से समस्त अधीक्षक/एम0ओ0आई0सी0 के साथ एक बैठक आहूत कर उन्हें अपने क्षेत्र के सभी प्राथमिक विद्यालयों की सूची (ए0एन0एम0 के क्षेत्रवार)बैठक में लाने के निर्देश देगें तथा इस कार्यक्रम के सभी बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा करेंगें।

ii. प्रत्येक ब्लाक पर कार्यरत स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी/एच0वी0 को कार्यक्रम के अन्तर्गत स्कूली बच्चों की स्क्रीनिंग व आई0ई0सी0 का प्रभारी बनाया जायेगा। यह जिला परामर्शदाता के साथ मिलकर अपने ब्लाक के 10 प्राथमिक पाठशाला प्रतिमाह के दर से रोस्टर बनायेंगें। प्रत्येक तीन माह के इस रोस्टर को सभी ब्लाकों से प्राप्त कर जिला नोडल अधिकारी को प्राप्त कराना जिला परामर्शदाता का उत्तरदायित्व होगा।

iii. तीन माह का यह रोस्टर सम्बन्धित ए0एन0एम0 तथा एच0वी0 को भी उपलब्ध कराया जायेगा जिससे वह आशा आदि को पूर्व से सूचित कर स्कूल में पर्याप्त व्यवस्था करवा सके। एक माह में यथा सम्भव 10 अलग—अलग ए0एन0एम0 के क्षेत्रों के स्कूल आच्छादित किये जायें।

iv. प्रत्येक सत्र में न्यूनतम 100 बच्चों की फ्लोरोसिस के लक्षणों हेतु जाँच की जायेगी जिसके रिकार्ड के लिये रजिस्टर बनाया जायेगा। ए0एन0एम0 द्वारा व्यवस्थित किये जाने वाले स्क्रीनिंग रजिस्टर मे प्रभावित बच्चों को जिला पुरूष/संयुक्त चिकित्सालय पर उपचार हेतु संदर्भित किया जायेगा।

v. जिस स्कूल में टीम स्क्रीनिंग करेगी उसी क्षेत्र के न्यूनतम 4 हैण्डपम्प से पानी के नमूने भी एकत्र कर जनपद पर स्थापित लैब में भिजवाये जायेगें।

vi. ब्लाक के स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, ए0एन0एम0 तथा एच0वी0 से प्रारूप—1घ पर रिपोर्ट प्राप्त कर माह की 25 तारीख तक परामर्शदाता को प्राप्त करायेगें जिससे परामर्शदाता सभी ब्लाकों से

प्राप्त रिपोर्ट को संकलित कर माह की 30 तारीख तक नोडल अधिकारी के माध्यम से राज्य स्तर पर राज्य स्वास्थ्य संस्थान उ0प्र0 लखनऊ को **ई–मेल (adshi1972@gmail.com)** पर प्रेषित करेगें। इसी प्रकार NPPCF उपचार केन्द्र की उपलब्धि की रिपोर्ट भी परामर्शदाता भरवाकर प्रतिमाह संकलित करेगे।

**3–जल निगम से समन्वय**

जिला नोडल अधिकारी तथा जिला परामर्शदाता जलनिगम के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर ब्लाकवार/ग्राम सभावार क्षेत्र के सभी हैण्ड पम्पों के विषय में सूचना एकत्र करेगें एवं फ्लोराइड प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल व्यवस्था हेतु की जाने वाली कार्यवाही की अद्यतन जानकारी लेगें तथा प्रगति की रिपोर्ट प्रतिमाह राज्य स्वास्थ्य संस्थान को प्रेषित करेगें।

**4– वित्तीय स्वीकृतियाँ**

i. **Diagnostics (Consumables, PPP, Sample Transport) New FMR 120.1** (Old FMR code NCD.10.120.DI) – प्रति जनपद रू0 0.50 लाख (रू0 पचास हजार) की दर से **रू0 5.00 लाख** की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है।

ii. **Drug (Recurring Grant–in-Aid Medical Management including treatment surgery & rehabilitation) New FMR 120.2** (Old FMR code NCD.10.120.DS) – प्रति जनपद रू0 1.20 लाख (रू0 एक लाख बीस हजार मात्र) की दर से **रू0 12.00 लाख** की धनराशि एन0एच0एम0 द्वारा अवमुक्त की जा चुकी है, जिससे दंत चिकित्सा, विकृत हड्डियों के सुधारात्मक उपचार, पुनर्वास इत्यादि पर व्यय किया जा सकेगा।

iii. **Planning & M&E (NPPCF Quaterly coordination meeting) New FMR 120.4** (Old FMR code NCD.10.120.PME) - के अन्तर्गत प्रति जनपद रू0 40,000 हजार की दर से **रू0 4.00 लाख** की धनराशि एन0एच0एम0 द्वारा अवमुक्त की जा चुकी है।

iv. **IEC & Printing New FMR 120.3** (Old FMR code NCD.10.120.IEC)

भारत सरकार द्वारा **FMR code NCD.10.120.IEC** के अन्तर्गत समस्त 10 जनपदों हेतु प्रति जनपद रू0 2.30 लाख (रू0 दो लाख तीस हजार मात्र) की दर से **रू0 23.00 लाख** की धनराशि एन0एच0एम0 द्वारा अवमुक्त की गयी है।

**5– वित्तीय व्यवस्था**

**i.** आवंटित धनराशि का व्यय शासकीय एवं विभागीय नियम एवं शर्तों का पालन करते हुए किया जाये।

**ii.** प्राविधानित धनराशि का व्यय आबंटित धनराशि की सीमा के भीतर ही किया जाये।

**iii.** धनराशि का आंवटन मात्र आपको व्यय करने के लिये प्राधिकृत नहीं करता, अपितु वित्तीय नियमों, शासनादेशों एवं कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुये, सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त ही व्यय नियमानुसार किया जायेगा। जिस कार्यक्रम/मद में धनराशि आबंटित की गयी है उसी सीमा तक व्यय नियमानुसार किया जाये।

**iv.** जनपद द्वारा समस्त भुगतान FAMS Software का प्रयोग करते हुये PFMS Portal के माध्यम से किया जायेगा, जिससे की उपलब्ध बजट का अनुश्रवण किया जा सके।

**v.** उपर्युक्त धनराशि के उपयोग में किसी प्रकार की अनियमितता के लिये जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी उत्तरदायी होंगे।

## राष्ट्रीय फ्लोरोसिस बचाव एवं नियत्रंण कार्यक्रम के अन्तर्गत मानव संसाधन

**जिला सलाहकार**

1. **मद सं0 185.C.P323** पर भारत सरकार द्वारा अनुमोदित आर0ओ0पी0 वित्तीय वर्ष 2024–25 के अनुसार कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला सलाहकार हेतु प्रति माह मूल मानदेय रू0 40,000.00 की दर से स्वीकृत है तथा पूर्व में कार्यरत मानव संसाधन के मानदेय हेतु एन0एच0एम0 के अनुमोदित नियमों के अनुरूप 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि तथा नियमतः देय Experience Bonus सहित जनपदवार मदवार धनराशि आवंटित की गयी है।

**कार्यदायित्वः–**

- जिले में फ्लोरोसिस की भयावहता के आकलन के लिए सर्वेक्षण करना।
- पी0एच0ई0डी0 विभाग से पानी में फ्लोराइड के स्तर की जानकारी एकत्र करना और जिलों के स्थानिक गांवों का मानचित्रण करना। पानी, यूरिन और सीरम के फ्लोराइड आकलन के लिए प्रयोगशाला स्थापित करना।
- विभिन्न श्रेणियों के कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सहायता करना।
- डेटा बेस की निगरानी और रखरखाव।
- स्थानिक जिलों में फ्लोरोसिस के बारे में जागरूकता और व्यवहार परिवर्तन (बी0सी0सी0) पैदा करने के लिए आईईसी और बीसीसी गतिविधियों का समन्वय करना।
- राज्य नोडल अधिकारियों, सार्वजनिक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग विभाग (पी0एच0ई0डी0) और अन्य स्टेक होल्डर्स के साथ समन्वय।
- रिपोर्ट तैयार करना और डेटा की नियमित रिपोर्टिंग करना।
- फ्लोराइड प्रभावित गांवों की लाइन–लिस्टिंग करना।
- जिले में संचालित प्रयोगशाला में फ्लोराइड परीक्षण की सुविधाएं उपलब्ध कराना।
- मेडिकल ऑफिसर के परामर्श से लाभान्वित होने वाले व्यक्तियों हेतु सुधारात्मक सर्जरी के लिए उच्च स्तरीय चिकित्सालयों में संदर्भित करना।

**लैब टेक्नीशियन**

2. **मद सं0 185.C.S0047** पर भारत सरकार द्वारा अनुमोदित आर0ओ0पी0 वित्तीय वर्ष 2024–25 के अनुसार कार्यक्रम के अन्तर्गत लैब टेक्नीशियन हेतु प्रति माह मूल मानदेय रू0 11,000.00 की दर से स्वीकृत है तथा पूर्व में कार्यरत मानव संसाधन के मानदेय हेतु एन0एच0एम0 के अनुमोदित नियमों के अनुरूप 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि तथा नियमतः देय Experience Bonus सहित जनपदवार मदवार धनराशि आवंटित की गयी है।

**कार्यदायित्वः–**

- फ्लोराइड स्तर के विश्लेषण के लिए स्कूलों और गांवों से पानी और यूरिन के नमूने एकत्र करना।
- फ्लोराइड के नमूनों का विश्लेषण करना।
- प्रयोगशाला रिपोर्ट को नियमित रूप से जिला सलाहकार/जिला नोडल अधिकारी को प्रस्तुत करना।
- मासिक रिपोर्ट तैयार करने में सहायता प्रदान करना।
- प्रशिक्षण और आईईसी गतिविधियों में सहायता प्रदान करना।

**वित्तीय प्रबन्धन**

- आवंटित धनराशि का व्यय शासकीय एवं विभागीय नियम एवं शर्तों का पालन करते हुए किया जाये।
- किसी भी कर्मी को किसी भी स्थिति में नगद भुगतान नहीं किया जायेगा।
- प्राविधानित धनराशि का व्यय आवंटित धनराशि की सीमा के भीतर ही किया जाये।
- धनराशि का आवंटन मात्र आपको व्यय करने के लिये प्राधिकृत नहीं करता, अपितु वित्तीय नियमों, शासनादेश एवं कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुये, सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त ही व्यय नियमानुसार किया जायेगा। जिस कार्यक्रम/मद में धनराशि आवंटित की गयी है उसी सीमा तक व्यय नियमानुसार किया जाये।
- जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024–25 में DHAP के सापेक्ष वित्तीय आवंटित धनराशि का व्यय वित्तीय नियमों के अनुरूप FAMS के माध्यम से राष्ट्रीय फ्लोरोसिस बचाव एवं नियत्रंण कार्यक्रम का व्यय सुनिश्चित किया जायेगा।
- **जनपद द्वारा समस्त भुगतान FAMS Software का प्रयोग करते हुये PFMS Portal के माध्यम से किया जायेगा, जिससे कि उपलब्ध बजट का अनुश्रवण किया जा सकें।**
- राष्ट्रीय फ्लोरोसिस बचाव एवं नियत्रंण कार्यक्रम के अन्तर्गत SHS द्वारा DHS को आवंटित धनराशि कार्यरत संविदा एवं एजेन्सी कर्मियों के मानदेय मद में मात्र Budgetry अनुमोदन प्रदान

करता है सम्बन्धित DHS द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि एन0एच0एम0 के मानकानुसार प्रचलित नियमों के अनुरूप कार्यरत संविदाकर्मी एवं एजेंसी कर्मियों को नियमतः वर्तमान में मानदेय आहरण के लिये Minimum Wages act u.p का अनुपालन शत–प्रतिशत सुनिश्चित करते हुये मानदेय आरहण किया जायेगा।

- एजेन्सी कर्मियों के ई0पी0एफ0, जी0एस0टी0, ई0एस0आई0 एवं सर्विस चार्ज का नियमतः भुगतान की समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित DHS की होगी अन्यथा की स्थिति में सम्पूर्ण वैधानिक जबाबदेही/विविध कार्यवाही की जिम्मेदारी भी सम्बन्धित DHS की होगी।

प्रत्येक मद में स्वीकृत धनराशि की सीमा तक जिला कार्यक्रम/लेखा प्रबन्धक, नोडल अधिकारी, एन0पी0पी0सी0एफ0 एवं मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय के द्वारा वित्तीय नियमों को शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराते हुये कार्यक्रम के अन्तर्गत मानदेय आहरण किया जायेगा। उपर्युक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुये मानदेय आरहण किया जाये। समयान्तर्गत अनुपालन न होने की स्थिति में सम्बन्धित अधिकरियों के विरूद्ध नियमानुसार विभागीय अनुशासनात्मक एवं दण्डात्मक कार्यवाही हेतु प्रकरण प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन को सन्दर्भित कर दिया जाएगा।

## 20.8 राष्ट्रीय ओरल हेल्थ कार्यक्रम

राष्ट्रीय ओरल हेल्थ कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु वर्ष 2024–25 में भारत सरकार द्वारा कार्यक्रम में होने वाली निम्न गतिविधियों में होने वाले व्यय की दरों को निम्नानुसार अनुमोदित किया है जिनके अनुसार ही कार्यक्रम के सुचारू क्रियान्वयन के लिए वित्तीय वर्ष 2024–25 में नवीन एफ0एम0आर0 में आवंटित धनराशि हेतु संक्षिप्त दिशा–निर्देश निम्नवत् है–

1. कार्यक्रम का संचालन/क्रियान्वयन भारत सरकार स्तर से निर्गत Operational Guidelines of NOHP के अनुसार ही किया जायेगा, जोकि आपको पूर्व में प्रेषित की जा चुकी है।
2. National Oral Health Programme (NOHP) के अन्तर्गत प्रशिक्षण हेतु दिशा निर्देश राज्य स्तर से जारी किये जायेंगे उक्त प्रशिक्षण में जनपद के Dental surgeon एवं Dental Hygienist द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।
3. कार्यक्रम के अन्तर्गत मद सं0 **Procurement of Consumables and Diagnostics- FMR 115.1 (Old FMR Code NCD.8.115.DI)** पर रू0 5.00 लाख की धनराशि प्रति जनपद की दर से अनुमोदित की गयी है, जिसके अन्तर्गत जनपद में जिला चिकित्सालयों/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर स्थापित Dental Clinic में उपयोग किये जा रहे उपकरणों का क्रय एवं उसकी क्रियाशीलता बनाये रखने हेतु Cosumables आदि का क्रय (निम्न तालिका अनुसार) एवं उसकी उपलब्धता हेतु उक्त मद में उपलब्ध धनराशि का उपयोग नियमानुसार किया जाना है। जिससे कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन हो सके। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व जनपदीय नोडल अधिकारी की होगी कि प्रत्येक Dental Clinic में आवश्यक उपकरण क्रियाशील एवं Cosumables आदि की उपलब्धता भी पूर्ण रहें। जिससे जनमानस को समुचित स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो सके।

अवगत कराना है कि जिला चिकित्सालयों/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्थापित डेन्टल क्लीनिक में उपकरण/Cosumables आदि का क्रय डेन्टल क्लीनिक में कार्यरत डेन्टल सर्जन द्वारा उपलब्ध कराये गये इन्डेट का जनपद स्तर पर कार्यरत सीनियर डेन्टल सर्जन के सहयोग से जिला नोडल अधिकारी, एन0ओ0एच0पी0 द्वारा परीक्षण किया जायेगा तदोपरान्त ही आवश्यक/जरूरी उपकरण/Cosumables आदि का क्रय किया जायेगा तथा समय–समय पर जिला नोडल अधिकारी, एन0ओ0एच0पी0 द्वारा उक्त का मूल्यांकन एवं अनुश्रवण किया जायेगा।

| **Comprehensive List of Consumables and Examination Instruments Required in Dentistry for Government Healthcare Facilities** | |
|---|---|
| ❖ **Consumables:** | ❖ **Examination and Exploration Instruments:** |
| • **Dental Anesthetics:**<br><br>Lidocaine<br>Articaine<br>Mepivacaine | • Diagnostic Instruments:<br>Dental mirrors<br>Explorers (sickle, shepherd's hook)<br>Periodontal probes<br>Dental tweezers |
| • **Dental Needles and Syringes:**<br><br>Disposable needles | • **Radiographic Instruments:**<br>X-ray machine (intraoral and panoramic)<br>X-ray film holders (e.g., bite-wing holders) |

| | |
|---|---|
| Local anesthesia syringes | X-ray film or digital sensors<br>Lead aprons and thyroid collars |
| • **Restorative Materials:**<br>Composite resin<br>Glass ionomer cement<br>Resin-modified glass ionomer cement<br>Zinc oxide and eugenol<br>Calcium hydroxide<br>Polycarboxylate cement | • **Restorative Instruments:**<br>Dental handpieces (high-speed and low-speed) preferably fiberoptic<br>Burs and diamond points<br>Composite placement instruments<br>Matrix bands and retainers |
| • **Impression Materials:**<br>Alginate<br>Zinc oxide eugenol impression paste | • **Endodontic Instruments:**<br><br>Root canal files (hand and rotary)<br>Gates-Glidden drills<br>Spreaders and pluggers<br>Lentulo spirals<br>Apex locator |
| • **Disposables:**<br>Face masks<br>Gloves (latex or nitrile)<br>Disposable gowns<br>Saliva ejectors<br>Cotton rolls<br>Dental bibs | • **Prosthodontic Instruments / materials**<br>Impression trays (metal and plastic)<br>Denture base materials<br>Denture teeth<br>Articulators<br>Wax rims<br>Articulators<br>Cold cure material (pink and clear)<br>POP<br>Dental stone / Die stone<br>Wax / Lacron knife<br>Bowl and spatula |
| • **Infection Control:**<br>Disinfectants (e.g., glutaraldehyde, sodium hypochlorite)<br>Sterilization pouches and rolls<br>Autoclave tape<br>Hand sanitizers | • **Orthodontic Instruments:**<br><br>Band pushers and seaters<br>Ligature and wire cutters<br>Arch contouring pliers<br>Bracket removing pliers |
| • **Endodontic Materials:**<br>Gutta-percha points<br>Root canal sealers<br>Paper points<br>Rubber dams<br>File holders<br>Endodontic files and reamers | • **Periodontal Instruments:**<br>Periodontal probes<br>Scaling and root planning instruments (e.g., scalers, curettes)<br>Periodontal knives<br>Gingival retraction instruments<br>ZOE dressing paste |
| • **Prophylactic and Preventive Materials:**<br><br>Fluoride varnish<br>Dental sealants<br>Prophylaxis pastes<br>Fluoride gels | • **Surgical Instruments:**<br>Dental elevators<br>Forceps (extraction forceps, hemostatic forceps)<br>Surgical curettes<br>Bone files and chisels<br>Sutures (3-0 silk, catgut)<br>BP Blade (11,12,15) with handle<br>Retractors (cheek/lip)<br>Bite block<br>Bone rounzer<br>Mallet<br>Tissue holding forcep<br>Artery forceps<br>Needle holding forceps<br>Scissors (curved/straight)<br>Arc bars and ligature wires |
| • **Orthodontic Materials:**<br>Orthodontic brackets<br>Archwires (stainless steel, nickel-titanium) | • **OTHERS-**<br>Formocresol<br>Sodium hypochlorite 5.2 % |

| | |
|---|---|
| Ligature ties<br>Elastics | Pulp devitalizer<br>Metapex |
| • **Periodontal Materials:**<br>Periodontal dressing<br>Periodontal scalers<br>Periodontal curettes | |
| **Conclusion:**<br>This comprehensive list covers the essential consumables and examination instruments required for providing comprehensive dental care in government healthcare facilities. Regular inventory management, maintenance, and training on the proper use of these materials and instruments are essential to ensure quality dental care delivery to patients. Additionally, adherence to infection control protocols and safety guidelines is crucial to maintain a safe and hygienic working environment for dental professionals and patients alike. | |
| **Note:**<br>1- All the Dental Surgeons are required to place an indent to their respective CMOs and CMSs as per their requirement and the foot fall of the Dental Department. The demand should be in accordance with the cases handled by the Dental Surgeon of the respective DH or CHC. Excessive materials should not be made as the consumption of the consumables shall be continuously monitored.<br>2. All the CMO's and CMSs are requested to procure the consumables and instruments only as per the indent given by the Dental Surgeons.<br>3. The requirement /indent shall be continuously monitored by the District Nodal officer in coordination and consultation with the senior most Dental Surgeon of the District. | |

उक्त मद से क्रय सम्बन्धी कार्य जिला–स्वास्थ्य–समिति के अनुमोदनोंपरान्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में प्रचलित वित्तीय नियमो/उपनियमों के अनुसार ही किया जायेगा।

4. कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के 18 मण्डलीय चिकित्सालयों हेतु एफ0एम0आर0 मद संख्या– **Diagnostics for 18 Divisional Dental Lab- FMR 118.1 (NCD.8.118.DI.1)** पर रू0 5.00 लाख धनराशि प्रति मण्डल की दर से मण्डलीय जनपदों को आवंटित की गयी है, उक्त धनराशि का उपयोग डेन्टल लैब की स्थापना नियमुनसार किया जायेगा।

   यहां यह उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मण्डलीय चिकित्सालयों के सम्बन्धित निदेशक/एस0आई0सी0/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक की यह जिम्मेदारी होगी कि वह अपने चिकित्सालय में 400 स्क्वायर फीट का स्थान चिन्हित करते हुए डेन्टल लैब की स्थापना करेंगे।

5. वर्ष 2024–25 में प्रदेश के समस्त जनपदो हेतु एफ0एम0आर0 कोड– **IEC & Printing under NOHP**-FMR 115.5 **(NCD.8.115.IEC.1)** पर रु0 5.00 लाख प्रति जनपद की दर से धनराशि अनुमोदित की गयी है। जिसका उपयोग National Oral Health Programme के अर्न्तगत प्रचार–प्रसार सामग्री ( जैसे पोस्टर, बैनर, पैम्पलेटस, फ्लैक्स आदि के मुद्रण) के लिए अनुमोदित की गई है। National Oral Health Programme (NOHP) के अर्न्तगत होने वाली IEC/BCC activity निम्नवत है–

a) जनपदों हेतु प्रचार–प्रसार सामग्री जैसे पोस्टर, बैनर, पैम्पलेटस, फ्लैक्स आदि के मुद्रण का कराया जाना है, जिसका प्रोटोटाइप एवं स्पेशीफिकेशन राज्य स्तर से पृथक से प्रेषित किया जायेगा, जिससे कि प्रचार–प्रसार सामग्री में एकरूपता बनी रहें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी/जिला नोडल अधिकारी का यह दायित्व होगा कि कार्यक्रम का प्रचार–प्रसार की सामग्री की उपलब्धता जनपद के प्रत्येक स्वास्थ्य इकाईयों पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध हो।

b) विश्व ओरल स्वास्थ्य दिवस का आयोजन प्रदेश के समस्त जनपदो द्वारा प्रत्येक वर्ष दिनांक 24 मार्च को किया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिए कार्यक्रम के अर्न्तगत आई0ई0सी0 मद में आवंटित धनराशि से अधिकतम रू 50 हजार तक का व्यय किया जा सकता है। विश्व ओरल स्वास्थ्य दिवस का आयोजन की रिपोर्ट जिला ओरल हेल्थ सेल के माध्यम से वीडियो क्लिप/फोटोग्राफ statenohpup@gmail.com & upbmwnodal@gmail.com, gmncdnhm@gmail.com पर उपलब्ध कराया जायेगा।

c) कार्यक्रम की आवश्यकतानुसार लोकल चैनल, रेडियो, एफ0एम0, ई–रिक्शा के माध्यम से डिजिटल प्रचार–प्रसार वित्तीय नियमों के दृष्टिगत नियमानुसार किया जा सकता है।

   उपरोक्त IEC/BCC activity को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के वित्तीय नियमो के अर्न्तगत जिला–स्वास्थ्य–समिति के अनुमोदन के उपरान्त व्यय किया जाएेगा अन्यथा की स्थिति में वित्तीय अनियमितता की जिम्मेदरी सम्बन्धित जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जिला नोडल अधिकारी, एन0ओ0एच0पी0 की होगी।

6. National Oral Health Programme के अन्तर्गत Dental surgeon द्वारा निम्न सेवाएं प्रदान की जानी है जोकि निम्नवत है–

| S.no | Services |
|---|---|
| 1 | OPD service to patients |
| 2 | Extractions |
| 3 | Minor Surgeries |
| 4 | Root Canal Treatment |
| 5 | Oral Prophylaxis |
| 6 | Dentures Provided (RPD,CD) |
| 7 | Restorations (only permanent) |
| 8 | Pit&FissureSealant |
| 9 | Fracture reduced |
| 10 | Precancerous patients treated |
| 11 | Cases referred to Higher Centers |

साथ ही Dental surgeon एवं Dental Hygenist द्वारा ओरल कैंसर की स्क्रीनिंग कर मरीजों की सूचनाएं ई–कवच पोंटल पर अपलोड कराना एवं ओरल हेल्थ कार्यक्रम के रिर्पोटिंग प्रपत्र पर सूचना प्रति माह ससमय राज्य स्तर पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे ।

7. जनपदों में कार्यक्रम का संचालन मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में स्थापित जिला ओरल हेल्थ सेल/जिला एन0सी0डी0 सेल के द्वारा की जायेगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा नामित नोडल अधिकारी, एन0सी0डी0 द्वारा उक्त कार्यक्रम को जनपद में संचालित किये जाने का पूर्ण दायित्व होगा।

8. मुख्य चिकित्सा अधिकारी का यह दायित्व होगा कि वह कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला–स्वास्थ्य–समिति को उपलब्ध कराये गये बजट का उपभोग Operational Guidelines of NOHP में दिये गये निर्देशों के अनुसार करेगें तथा क्रय सम्बन्धित कार्य वर्तमान में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधीन प्रचलित क्रय–प्रक्रिया एवं वित्तीय नियमो के अर्न्तगत जिला–स्वास्थ्य–समिति के माध्यम से नियमानुसार करेगें।

9. मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा इस तथ्य का विशेष ध्यान दिया जाये कि मदवार आवंटित धनराशि से अधिक व्यय नहीं किया जाय।

10. National Oral Health Programme (NOHP) के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में जिला स्वास्थ्य समिति को जारी की गयी धनराशि का उपभोग कार्यक्रम के हित में 31 मार्च, 2025 के पूर्व कर लिया जाये साथ ही व्यय की गयी धनराशि का लेखांकन समयान्तर्गत एफ0ए0एम0एस0 पोर्टल पर करायेगें।

11. जिला एन0सी0डी0 सेल में कार्यरत जिला फाइनेन्स कम लॉजिस्टिक सलाहकार द्वारा National Oral Health Programme (NOHP) का समस्त वित्तीय कार्य सम्पादित करना सुनिश्चित किया जायेगा।

12. जनपदों द्वारा कार्यक्रम की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की रिपोर्ट प्रति माह मिशन निदेशक, रा0स्वा0मिशन, उ0प्र0 एवं महानिदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0 उपलब्ध कराया जायेगा।

13. National Oral Health Programme (NOHP) के प्रभावी संचालन हेतु भविष्य में किसी भी प्रकार के परिर्वतन एवं परिर्वधन मिशन/महानिदेशालय स्तर से पृथक से जारी किये जाऐंगे।

14. **उपरोक्त के अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2024–25 में स्वीकृत नवीन गतिविधि से सम्बन्धित दिशा निर्देश पृथक् से प्रेषित किये जायेगें।**

## राष्ट्रीय ओरल हेल्थ कार्यक्रम के अन्तर्गत मानव संसाधन

**मद सं0 185.C.S0254** पर भारत सरकार द्वारा अनुमोदित आर0ओ0पी0 के अनुसार कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व में कार्यरत **बी0डी0एस0 (डेन्टल सर्जन)** हेतु प्रति माह मूल मानदेय रू0 50,000.00 के साथ कार्यरत मानव संसाधन के मानदेय में एन0एच0एम0 के अनुमोदित नियमों के अनुरूप 05 प्रतिशत

मानदेय वृद्धि तथा नियमतः देय Experience Bonus सहित जनपदवार मदवार धनराशि आवंटित की गयी है।

## कार्यदायित्वः–

- जनपद में लाभार्थियों को ओ0पी0डी0 सुविधायें प्रदान करना।
- जनपद में समय–समय पर ओरल हेल्थ कैम्प की योजना बनाना एवं कैम्प का आयोजन करना।
- मुख स्वास्थ्य सम्बन्धी जटिल मामलों को Tertiary Care Facility में संदर्भित करना एवं उनका Follow-up करना।
- राष्ट्रीय ओरल हेल्थ्य कार्यक्रम का प्रचार–प्रसार करना एवं आई0ई0सी0/बी0सी0सी0 विकास में सहयोग प्रदान करना।
- जनपद में कार्यरत अन्य पैरा–मेडिकल स्टाफ को ओरल हेल्थ्य से सम्बन्धित प्रशिक्षण प्रदान करना।
- राष्ट्रीय ओरल हेल्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित गतिविधियों का पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण कर ओरल स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाना।
- मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जनपदीय नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय ओरल हेल्थ्य कार्यक्रम द्वारा आवंटित किये गये कार्यों में सहयोग प्रदान करना।
- मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जनपदीय नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय ओरल हेल्थ्य कार्यक्रम से समन्वय स्थापित कर कन्ज्यूमेबल एवं उपकरणों की उपलब्धता को सुनिश्चित करना है।
- राष्ट्रीय ओरल हेल्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा निर्धारित मासिक रिर्पोट फॉर्मेट को भरकर राज्य स्तर को उपलब्ध कराना।

1. **मद सं0 185.C.S0265** पर भारत सरकार द्वारा अनुमोदित आर0ओ0पी0 के अनुसार कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व में कार्यरत **डेन्टल हाइजेनिस्ट** हेतु प्रति माह मूल मानदेय रू0 20,000.00 के साथ कार्यरत मानव संसाधन के मानदेय में एन0एच0एम0 के अनुमोदित नियमों के अनुरूप 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि तथा नियमतः देय Experience Bonus सहित जनपदवार मदवार धनराशि आवंटित की गयी है।

**कार्यदायित्वः–**

- रोगियों के मुख स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग करना।
- रोगियों के मुख का रेडियोग्राफ/एक्स–रे लेना।
- रोगियों को प्रोफिलेक्सिस, फैब्रिकेशन एवं डेंचर से सम्बन्धित सेवा प्रदान करना।
- रोगियों को ओरल हेल्थ से सम्बन्धित स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करना।
- बी0डी0एस0 (डेन्टल सर्जन) को राष्ट्रीय ओरल हेल्थ्य कार्यक्रम से सम्बन्धित गतिविधियों के क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान करना।
- मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जनपदीय नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय ओरल हेल्थ्य कार्यक्रम द्वारा आवंटित किये गये कार्यों में सहयोग प्रदान करना।
- जनपद में आयोजित ओरल हेल्थ कैम्प में लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना।
- राष्ट्रीय ओरल हेल्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा निर्धारित मासिक रिर्पोट फॉर्मेट हेतु डाटा डेन्टल सर्जन को ससमय उपलब्ध कराना, जिससे मासिक रिर्पोट राज्य को ससमय उपलब्ध करायी जा सकें।

2. **मद सं0 185.C.S0265** पर भारत सरकार द्वारा अनुमोदित आर0ओ0पी0 के अनुसार कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व में कार्यरत **डेन्टल अस्टिेंट** हेतु प्रति माह मूल मानदेय रू0 12432.00 के साथ कार्यरत मानव संसाधन के मानदेय में एन0एच0एम0 के अनुमोदित नियमों के अनुरूप 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि तथा नियमतः देय GST, ESI,Service Charge & EPF जनपदवार मदवार धनराशि आवंटित की गयी है।

**कार्यदायित्वः–**

- डेन्टल क्लीनिक के वातावरण को रोगाणु रहित एवं साफ–सुथरा बनाये रखें जिससे रोगियों में संक्रमण की स्थिति उत्पन्न न हो।

- कन्ज्यूमेबल एवं उपकरणों के आपूर्ति सूची (Stock) को समय–समय पर अपडेट करना एवं वर्तमान स्थिति से डेन्टल सर्जन/डेन्टल हाइजेनिस्ट को अवगत कराना।
- रोगियों के आपॉइनमेन्ट का निर्धारण करना एवं रिकार्ड किपिंग करना।
- जनपद में आयोजित ओरल हेल्थ कैम्प में सेवा प्राप्त लाभार्थियों की सूची एवं प्रदान की गयी स्वास्थ्य सेवाओं के अभिलेखों का संकलन करना।

<u>वित्तीय प्रबन्धन</u>

- आवंटित धनराशि का व्यय शासकीय एवं विभागीय नियम एवं शर्तों का पालन करते हुए किया जाये।
- किसी भी कर्मी को किसी भी स्थिति में नगद भुगतान नहीं किया जायेगा।
- प्राविधानित धनराशि का व्यय आवंटित धनराशि की सीमा के भीतर ही किया जाये।
- धनराशि का आवंटन मात्र आपको व्यय करने के लिये प्राधिकृत नहीं करता, अपितु वित्तीय नियमों, शासनादेश एवं कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुये, सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त ही व्यय नियमानुसार किया जायेगा। जिस कार्यक्रम/मद में धनराशि आवंटित की गयी है उसी सीमा तक व्यय नियमानुसार किया जाये।
- जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024–25 में DHAP के सापेक्ष वित्तीय आवंटित धनराशि का व्यय वित्तीय नियमों के अनुरूप FAMS के माध्यम से नेशनल ओरल हेल्थ कार्यक्रम का व्यय सुनिश्चित किया जायेगा।
- **जनपद द्वारा समस्त भुगतान FAMS Software का प्रयोग करते हुये PFMS Portal के माध्यम से किया जायेगा, जिससे कि उपलब्ध बजट का अनुश्रवण किया जा सकें।**
- नेशनल ओरल हेल्थ कार्यक्रम के अन्तर्गत SHS द्वारा DHS को आवंटित धनराशि कार्यरत संविदा एवं एजेन्सी कर्मियों के मानदेय मद में मात्र Budgetry अनुमोदन प्रदान करता है सम्बन्धित DHS द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि एन0एच0एम0 के मानकानुसार प्रचलित नियमों के अनुरूप कार्यरत संविदाकर्मी एवं एजेंसी कर्मियों को नियमतः वर्तमान में मानदेय आहरण के लिये Minimum Wages act u.p का अनुपालन शत–प्रतिशत सुनिश्चित करते हुये मानदेय आरहण किया जायेगा।
- एजेन्सी कर्मियों के ई0पी0एफ0, जी0एस0टी0, ई0एस0आई0 एवं सर्विस चार्ज का नियमतः भुगतान की समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित DHS की होगी अन्यथा की स्थिति में सम्पूर्ण वैधानिक जबाबदेही/विविध कार्यवाही की जिम्मेदारी भी सम्बन्धित DHS की होगी।

प्रत्येक मद में स्वीकृत धनराशि की सीमा तक जिला कार्यक्रम/लेखा प्रबन्धक, नोडल अधिकारी, एन0ओ0एच0पी0 एवं मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय के द्वारा वित्तीय नियमों को शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराते हुये कार्यक्रम के अन्तर्गत मानदेय आहरण किया जायेगा। उपर्युक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुये मानदेय आरहण किया जाये। समयान्तर्गत अनुपालन न होने की स्थिति में सम्बन्धित अधिकरियों के विरूद्ध नियमानुसार विभागीय अनुशासनात्मक एवं दण्डात्मक कार्यवाही हेतु प्रकरण प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन को सन्दर्भित कर दिया जाएगा।

## 20.9 राष्ट्रीय दृष्टिविहीनता एवं दृष्टिदोष नियंत्रण कार्यक्रम

<u>राष्ट्रीय दृष्टिविहीनता एवं दृष्टिदोष नियंत्रण कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु वर्ष 2024–25 में भारत सरकार द्वारा कार्यक्रम में होने वाली निम्न गतिविधियों में होने वाले व्यय की दरों को निम्नानुसार अनुमोदित किया है जिनके अनुसार ही कार्यक्रम के सुचारू क्रियान्वयन के लिए वित्तीय वर्ष 2024–25 में नवीन एफ0एम0आर0 में आवंटित धनराशि निम्नवत् हैं</u> :–

- उपरोक्तानुसार राष्ट्रीय दृष्टिविहीनता एवं दृष्टिदोष नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत वित्तीय स्वीकृतियां कार्यकारी समिति की बैठक दिनांक– 09/05/2024 को प्राप्त की जा चुकी है।
- FMR Code No–**88.1** (Old FMR- **NCD.1.88.OOC.1**) में एन0जी0ओ0/प्राईवेट क्षेत्र के चिकित्सालयों द्वारा मोतियाबिन्द ऑपरेशन हेतु रू0 2000/ऑपरेशन की दर से धनराशि का भुगतान किया जाना है।

- FMR Code- **87.1** (Old FMR- **NCD.1.87.DI.1**) में राजकीय क्षेत्र के चिकित्सालयों द्वारा मोतियाबिन्द ऑपरेशन हेतु रू0 1000/ऑपरेशन की अधिकतम दर से ऑपरेशनों में प्रयोग होने वाली सामग्री का क्रय किया जाना है।
- FMR Code- **89.1** (Old FMR- **NCD.1.89.OOC.1**) में Diabitic Retinopathy वाले नेत्र रोगो के ऑपरेशन की चिकित्सा एवं इलाज की सुविधा हेतु चुने हुए एन0जी0ओं0/प्राईवेट चिकित्सालयों को रू0 2000.00 प्रति केस की दर से भुगतान किया जाना है।
- FMR Code- **89.2** (Old FMR- **NCD.1.89.OOC.2**) में Childhood Blindness होने वाले नेत्र रोगो के ऑपरेशन की चिकित्सा एवं इलाज की सुविधा चुने हुए एन0जी0ओं0/प्राईवेट चिकित्सालयों को रू0 2000.00 प्रति केस की दर से भुगतान किया जानाहै।
- FMR Code- **89.3** (Old FMR- **NCD.1.89.OOC.3**) में Glaucoma के ऑपरेशन की चिकित्सा एवं इलाज की सुविधा चुने हुए एन0जी0ओ0/प्राईवेट चिकित्सालयों को रू0 2000.00 प्रति केस की दर से भुगतान किया जाना है।
- FMR Code- **89.4** (Old FMR- **NCD.1.89.OOC.4**) में Keratoplasty के ऑपरेशन की चिकित्सा एवं इलाज की सुविधा चुने हुए एन0जी0ओं0/प्राईवेट चिकित्सालय कों रू0 7500.00 प्रति केस की दर से भुगतान किया जाना है।
- FMR Code- **89.5** (Old FMR- **NCD.1.89.OOC.5**) में Vitreoretinal Surgery के ऑपरेशन की चिकित्सा एवं इलाज की सुविधा चुने हुए एन0जी0ओं0/प्राईवेट चिकित्सालयों रू0 10,000.00 प्रतिकेस की दर से भुगतान किया जाना है।
- FMR Code- **93.1** (Old FMR- **NCD.1.93.EQ.1**) में स्कूलों मे छात्रों के नेत्र परीक्षण व निःशुल्क चश्मों का वितरण रू0 350.00 प्रति लाभार्थी की दर से धनराशि समस्त जनपदों की जिला स्वास्थ्य समिति के खाते में अवमुक्त की जा रही है जिसके अन्तर्गत एन0पी0सी0बी0एण्डवी0आई0 एवं आर0बी0एस0के0 के समस्त आयुवर्ग के बच्चों को चश्मा वितरित करने हेतु धनराशि उपलब्ध है।
- FMR Code- **94.1** (Old FMR- **NCD.1.94.EQ.1**) में राजकीय चिकित्सालयों में बुजुर्ग (रिफ्रैक्टिव एरर के कारण दृष्टिबाधित) लोगों को नेत्र परीक्षण के उपरान्त निःशुल्क चश्मा वितरण रू0 350/चश्में प्रति लाभार्थी की दर से अवमुक्त की जा रही हैं।
- FMR Code- **92.1** (Old FMR- **NCD.1.92.OOC**) में नेत्र बैंको द्वारा कॉर्नियां दान में प्राप्त कर प्रत्यारोपण रू0 2000.00 प्रति जोड़ी की दर से किया जाना है।

वित्तीय वर्ष 2023–24 में राज्य से जारी निर्देश पत्रांक– SPMU/NCD/NPCB&VI/Prog. PIP Prop. 2022-24/2021-22/01I/1103-75 दिनांक–10/05/2023 में अनुमन्य भौतिक एवं वित्तीय दिशा–निर्देश के अनुरूप गतिविधियों को वित्तीय वर्ष 2024–25 में जनपदवार, मदवार आवंटित धनराशि का व्यय नियमतः सम्बन्धित जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा सम्पादित किया जायेगा।

**<u>वित्तीय प्रबन्धन</u>**

- आवंटित धनराशि का व्यय शासकीय एवं विभागीय नियम एवं शर्तों का पालन करते हुए किया जाये।
- किसी भी कर्मी को किसी भी स्थिति में नगद भुगतान नहीं किया जायेगा।
- प्राविधानित धनराशि का व्यय आवंटित धनराशि की सीमा के भीतर ही किया जाये।
- धनराशि का आवंटन मात्र आपको व्यय करने के लिये प्राधिकृत नहीं करता, अपितु वित्तीय नियमों, शासना देशों एवं कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुये, सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त ही व्यय नियमानुसार किया जायेगा। जिस कार्यक्रम/मद में धनराशि आवंटित की गयी है उसी सीमा तक व्यय नियमानुसार किया जाये।
- जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024–25 में DHAP के सापेक्ष वित्तीय आवंटित धनराशि का व्यय वित्तीय नियमों के अनुरूप FAMS के माध्यम से राष्ट्रीय दृष्टिविहीनता एवं दृष्टिदोष नियंत्रण कार्यक्रम का व्यय सुनिश्चित किया जायेगा।
- जनपद द्वारा समस्त भुगतान FAMS Software का प्रयोग करते हुये PFMS Portal के माध्यम से किया जायेगा, जिससे कि उपलब्ध बजट का अनुश्रवण किया जा सकें।

प्रत्येक मद में स्वीकृत धनराशि की सीमा तक जिला कार्यक्रम/लेखा प्रबन्धक, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, अंधता एवं मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय के द्वारा वित्तीय नियमों को शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराते हुये कार्यक्रम के अन्तर्गत व्यय/भुगतान किया जायेगा। उपर्युक्त निर्देशों का कड़ाई से

अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। समयान्तर्गत अनुपालन न होने की स्थिति में सम्बन्धित अधिकरियों के विरूद्ध नियमानुसार विभागीय अनुशासनात्मक एवं दण्डात्मक कार्यवाही हेतु प्रकरण प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन को सन्दर्भित कर दिया जाएगा

## राष्ट्रीय दृष्टिविहीनता एवं दृष्टिदोष नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत मानव संसाधन

राष्ट्रीय दृष्टिविहीनता एवं दृष्टिदोष नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत मानव संसाधन हेतु वित्तीय स्वीकृतियां कार्यकारी समिति की बैठक दिनांक– 09/05/2024 को प्राप्त की जा चुकी है।

- **FMR Code- 185.C.S02** (Old FMR- HSS.9.184.C.S02) में जनपदों में नेत्र शल्यकों हेतु कार्यरत पदों पर देय मानदेय एवं देय 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि तथा देय Experience bonus सहित धनराशि आवंटित की गयी है एवं रिक्त पदों का मानदेय आवंटित नहीं किया गया है। कार्यक्रम के अन्तर्गत सम्बन्धित 28 जनपदों में प्रति जनपद 01 नेत्र शल्यकों हेतु संविदा पद का अनुमोदन सृजित है। भारत सरकार द्वारा अनुमोदित आर0ओ0पी0 के अनुसार कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व से कार्यरत नेत्र शल्यकों हेतु प्रति माह Basic Salary रू0 66000.00 की धनराशि एवं कार्यरत मानव संसाधन को मानदेय के साथ एन0एच0एम0 में अनुमोदित नियमों के अनुरूप 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि के साथ नियमतः देय Experience bonus सहित जनपदवार मदवार धनराशि आवंटित की गयी है।

- **FMR Code- 185.C.S0610** (Old FMR- HSS.9.184.C.S0610) जनपदों में कार्यरत Ophthalmic Assistant हेतु कार्यरत पदों पर देय मानदेय एवं देय 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि तथा देय Experience bonus सहित धनराशि आवंटित की गयी है एवं रिक्त पदों का मानदेय आवंटित नहीं किया गया है। भारत सरकार द्वारा अनुमोदित आर0ओ0पी0 के अनुसार कार्यक्रम के अन्तर्गत Ophthalmic Assistant हेतु प्रति माह Basic Salary रू0 12432.00 की धनराशि एवं कार्यरत मानव संसाधन को मानदेय के साथ एन0एच0एम0 में अनुमोदित नियमों के अनुरूप 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि के साथ नियमतः देय Experience bonus & EPF सहित जनपदवार मदवार धनराशि आवंटित की गयी है।
- **FMR Code-185.C.S0520** (Old FMR- HSS.9.184.C.S0520) में जनपदों में कार्यरत ग्रीफ काउंसलर हेतु कार्यरत पदों पर देय मानदेय एवं देय 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि तथा देय Experience bonus सहित धनराशि आवंटित की गयी है एवं रिक्त पदों का मानदेय आवंटित नहीं किया गया है। भारत सरकार द्वारा अनुमोदित आर0ओ0पी0 के अनुसार कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रीफ काउंसलर हेतु प्रति माह Basic Salary रू0 15000.00 की धनराशि एवं कार्यरत मानव संसाधन को मानदेय के साथ एन0एच0एम0 में अनुमोदित नियमों के अनुरूप 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि के साथ नियमतः देय Experience bonus & EPF सहित जनपदवार मदवार धनराशि आवंटित की गयी है।

- **FMR Code - 185.C.P360** (Old FMR- HSS.9.184.C.P360) जनपदों में पूर्व से कार्यरत संविदा डाटा इंट्री आपरेटर हेतु कार्यरत पदों पर देय मानदेय एवं देय 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि तथा देय Experience bonus सहित धनराशि आवंटित की गयी है। प्रदेश में जनपदों के आउटसोर्स एजेंसी डाटा इंट्री आपरेटर को अनुमन्य मानदेय में जी0एस0टी0, ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0 एवं अन्य कर देय होगा यदि किसी जनपद में संविदा/एजेंसी डेटा इन्ट्री ऑपरेटर द्वारा पद रिक्त हुआ है तो जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से आउटसोर्स एजेंसी से नियमतः डेटा ऑपरेटर की सेवा प्राप्त की जायेगी एवं यदि किसी जनपद में संविदा/एजेंसी डेटा इन्ट्री ऑपरेटर द्वारा पद रिक्त हुआ है तो जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से आउटसोर्स एजेंसी से नियमतः डेटा ऑपरेटर की सेवा प्राप्त की जायेगी। भारत सरकार द्वारा अनुमोदित आर0ओ0पी0 के अनुसार कार्यक्रम के अन्तर्गत डाटा इंट्री आपरेटर हेतु प्रति माह Basic Salary रू0 12432.00 की धनराशि एवं कार्यरत मानव संसाधन को मानदेय के साथ एन0एच0एम0 में अनुमोदित नियमों के अनुरूप 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि के साथ नियमतः देय Experience bonus GST, ESI, Service charge & EPF सहित जनपदवार मदवार धनराशि आवंटित की गयी है।

## मानव संसाधन के मुख्य कार्य दायित्व–

### नेत्र शल्यक

- सभी प्रकार की नेत्र सम्बन्धित सर्जरी करना।
- नेत्र से सम्बन्धित सभी चिकित्सकीय मामलों में नेत्र चिकित्सा, सुविधा प्रदान करना।
- सभी प्रकार की नेत्र चिकित्सा सेवा ओ0पी0डी0 के माध्यम से प्रदान करना।
- कार्यक्रम में प्रत्येक वर्ष विशेष दिवस पर आयोजित होने वाली गतिविधियों की चिकित्सकीय सेवाओं आदि को सम्बन्धित स्वास्थ्य इकाई में प्रदान करना।
- नेत्र सर्जरी एवं अन्य नेत्र चिकित्सा सेवाओं की प्रत्येक माह मासिक रिपोर्ट सम्बन्धित को ससमय उपलब्ध कराना।
- नेत्रदान एवं नेत्र चिकित्सा सेवाओं को बढ़ावा देने के लिये शिक्षा, सामाजिक कल्याण, विकासात्मक/एन0जी0ओ0 क्षेत्र सहित विभिन्न हितधारकों के साथ समन्वय और सम्पर्क बनाये रखना।
- राज्य एवं उच्च अधिकारियों द्वारा समय–समय पर प्राप्त निर्देशों के अनुसार कार्यक्रम हित में कार्यो को कुशलतापूर्वक निष्पादित करना।

### ग्रीफ काउंसलर

- नेत्र दान से सम्बन्धित लाभार्थियों को ओ0पी0डी0 के माध्यम से पंजीकरण के लिये अभिप्रेरित करना।
- स्वास्थ्य संस्थान के वार्ड/मुर्दाधर/हताहत/आई0सी0यू0 में मृत्यु के बाद नेत्रदान के लिये मृतक के परिवार/परिचारकों को प्रेरित और परामर्श देना।
- नेत्रदान जागरूकता पखवाड़ा/अन्य सूचना, शिक्षा और संचार (आई0ई0सी0) गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेना है।
- मासिक भौतिक प्रगति रिपोर्ट तैयार करना एवं अपने सम्बन्धित अधिकारी को नियमित रिपोर्ट भेजना।
- नेत्रदान/नेत्र देखभाल सेवाओं को बढ़ावा देने के लिये शिक्षा, सामाजिक कल्याण, विकासात्मक/एन0जी0ओ0 क्षेत्र सहित विभिन्न हितधारकों के साथ समन्वय और संपर्क बनाये रखना।
- नेत्रदान सम्बन्धित आई0ई0सी0 को चिकित्सालयों की ओ0पी0डी0 एवं आई0पी0डी0 में प्रदर्शित करवाना।
- कार्यक्रम में प्रत्येक वर्ष विशेष दिवस पर आयोजित होने वाली गतिविधियों की चिकित्सकीय सेवाओं आदि को सम्बन्धित स्वास्थ्य इकाई में प्रदान करना।

### डाटा इन्ट्री ऑपरेटर

- कार्यक्रम के अन्तर्गत मासिक सूचना तैयार करना।
- कार्यक्रम के अन्तर्गत समस्त टाईपिग एवं पी0पी0टी0 आदि कार्यो को निष्पादित करना।
- कार्यक्रम के अन्तर्गत समस्त फाइलों का रखरखाव करना।
- कार्यक्रम के अन्तर्गत अन्य अपेक्षित सूचनाओं को तैयार करना।
- कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य व जनपद की समीक्षा बैठकों में ससमय सूचना आदि को तैयार करना।
- राजकीय एवं प्राईवेट चिकित्सालयों के माध्यम से सम्पादित नेत्र सर्जरी की प्रगति रिपोर्ट को पोर्टल में अंकित करवाना।
- मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिये एन0जी0ओ0 क्षेत्र में पंजीकृत इकाईयों के अनुबन्ध समाप्ति के 03 माह पूर्व नवीन अनुबन्ध को 02 वर्ष के लिये सम्पादित किये जाने पत्राचार तैयार कर पत्रावली सक्षम स्तर के अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करना।

- राजकीय क्षेत्र एवं एन0जी0ओ0 क्षेत्र में सम्पादित मोतियाबिन्द ऑपरेशन के भुगतान के लिये मानकानुसार ससमय पत्रावली तैयार कर सक्षम स्तर के अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करना।
- कार्यक्रम में प्रत्येक वर्ष विशेष दिवस पर आयोजित होने वाली गतिविधियों की चिकित्सकीय सेवाओं आदि को सम्बन्धित प्रगति रिपोर्ट को तैयार करना।

**नेत्र परीक्षण अधिकारी–**

- नेत्रों की जांच करना एवं निःशुल्क चश्मा प्रदान करना।
- मोतियाबिन्द सर्जरी और अन्य सर्जरी के रोगियों को चिन्हित करते हुये पंजीकरण करना एवं उन्हें नेत्र शल्य चिकित्सा इकाईयों में संदर्भित कर नेत्र सर्जरी चिकित्सकीय सेवा प्रदान करना।
- वृद्धों एवं बच्चों के चश्मों को चिकित्सा इकाई के क्षेत्र में जाकर चश्में उपलब्ध कराना।
- ब्लाईड रजिस्टर को प्रतिदिन अद्यतन करते हुये मानकानुसार सूचना अंकित करना।
- मासिक प्रगति रिपोर्ट को प्रत्येक माह ससमय जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, अंधता को प्रेषित करना।
- नेत्रदान सम्बन्धित आई0ई0सी0 को चिकित्सालयों की ओ0पी0डी0 एवं आई0पी0डी0 में प्रदर्शित करवाना।
- कार्यक्रम में प्रत्येक वर्ष विशेष दिवस पर आयोजित होने वाली गतिविधियों की चिकित्सकीय सेवाओं आदि को सम्बन्धित स्वास्थ्य इकाई में प्रदान करना।

**वित्तीय प्रबन्धन**

- आवंटित धनराशि का व्यय शासकीय एवं विभागीय नियम एवं शर्तों का पालन करते हुए किया जाये।
- किसी भी कर्मी को किसी भी स्थिति में नगद भुगतान नहीं किया जायेगा।
- प्राविधानित धनराशि का व्यय आवंटित धनराशि की सीमा के भीतर ही किया जाये।
- धनराशि का आवंटन मात्र आपको व्यय करने के लिये प्राधिकृत नहीं करता, अपितु वित्तीय नियमों, शासना देशों एवं कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुये, सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त ही व्यय नियमानुसार किया जायेगा। जिस कार्यक्रम/मद में धनराशि आवंटित की गयी है उसी सीमा तक व्यय नियमानुसार किया जाये।
- जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024–25 में DHAP के सापेक्ष वित्तीय आवंटित धनराशि का व्यय वित्तीय नियमों के अनुरूप FAMS के माध्यम से राष्ट्रीय दृष्टिविहीनता एवं दृष्टिदोष नियंत्रण कार्यक्रम का व्यय सुनिश्चित किया जायेगा।
- कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य द्वारा जनपदों को आवंटित धनराशि मानदेय मद में मात्र बजटरिय अनुमोदन प्रदान करता है सम्बन्धित जनपद एवं इकाई द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि मानकानुसार इकाईयों पर कार्यरत संविदाकर्मी एवं एजेंसी कर्मियों को एन0एच0एम0 में वर्तमान मे प्रावधानित नियमों के अनुसार मानदेय आहरण के लिये Minimum Wages act up का अनुपालन शत–प्रतिशत् सुनिश्चित किया जायेगा।
- जनपद द्वारा समस्त भुगतान FAMS Software का प्रयोग करते हुये PFMS Portal के माध्यम से किया जायेगा, जिससे कि उपलब्ध बजट का अनुश्रवण किया जा सकें।

प्रत्येक मद में स्वीकृत धनराशि की सीमा तक जिला कार्यक्रम/लेखा प्रबन्धक, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, अंधता एवं मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय के द्वारा वित्तीय नियमों को शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराते हुये कार्यक्रम के अन्तर्गत मानदेय आहरण किया जायेगा। उपर्युक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। समयान्तर्गत अनुपालन न होने की स्थिति में सम्बन्धित अधिकरियों के विरूद्ध नियमानुसार विभागीय अनुशासनात्मक एवं दण्डात्मक कार्यवाही हेतु प्रकरण प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन को सन्दर्भित कर दिया जाएग

## 20.10 NP-NCD (NPCDCS) गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु दिशा–निर्देश

भारत सरकार द्वारा प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में NP-NCD कार्यक्रम को चालू वित्तीय वर्ष 2024–25 में पूर्व की भांति संचालित किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

### 1. कार्यक्रम क्रियान्वयन हेतु सामान्य दिशा निर्देश–

1.1. मुख्य चिकित्सा अधिकारी अपने अधीन 01 अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अथवा उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी को नोडल अधिकारी, एन0सी0डी0 नामित करेगें जो नेशनल प्रोग्राम फॉर प्रिवेंशन ऐंड कंट्रोल ऑफ नॉन कम्यूनिकेबल डिजीजेज (NP-NCD) कार्यक्रम के वित्तीय एवं भौतिक दिशा–निर्देशों के अनुसार जनपदों में सफलतापूर्वक क्रियान्वन कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

1.2. एन0पी0–एन0सी0डी0 कार्यक्रम से संबंधित समस्त गतिविधियों हेतु जनपदीय चिकित्सालयों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर एक चिकित्सा अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया जाएगा। इस हेतु कार्य चिकित्सक को वरीयता दी जाए परन्तु कार्य चिकित्सक की अनुपलब्धता की स्थिति में किसी सक्रिय एवं सुभिज्ञ एम0बी0बी0एस0 चिकित्सा अधिकारी को भी नोडल नामित किया जा सकता है।

1.3. नामित नोडल अधिकारी का उत्तरदायित्व होगा कि वह संबंधित चिकित्सालय के स्तर पर एन0पी0–एन0सी0डी0 कार्यक्रम से संबंधित समस्त गतिविधियों के संचालन हेतु संबंधित गतिविधियों का चिकित्सालय में सुचारू रूप से संचालन एवं रिपोर्टिंग सुनिश्चित कराएं। उपरोक्त कार्यक्रमों हेतु उपलब्ध समस्त गैर संचारी कार्यक्रमों के मानव संसाधनों को पूल करते हुए आवश्यकतानुसार उपरोक्त सभी गतिविधियों हेतु प्रयोग किया जा सकता है।

1.4. जनपद स्तर पर जिला एन0सी0डी0 सेल मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अधीन क्रियाशील रहेगीं । जिला पुरूष चिकित्सालय तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर संचालित एन0सी0डी0 क्लीनिक के क्लीनिकल कार्यों पर नियंत्रण तथा इनका उत्तरदायित्व संबंधित चिकित्सा इकाई के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/चिकित्सा अधीक्षक अथवा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी का होगा। जनपदीय चिकित्सालयों में एन0पी0–एन0सी0डी0 कार्यक्रम के अंतर्गत क्रय किए जाने वाले उपकरणों, सामग्री, औषधियों इत्यादि हेतु तथा जनपद स्तरीय चिकित्सालयों में संचालित की जाने वाली गतिविधियों हेतु आवंटित बजट मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/अधीक्षिका को उपलब्ध कराया जाएगा। उक्त के व्यय हेतु एन0एच0एम0 के वित्तीय नियमों के अनुसार जिला स्वास्थ्य समिति की अनुमति उपरान्त नियमतः व्यय किया जाए।

1.5. संपूर्ण जनपद में कार्यक्रम की गतिविधियों की रिपोर्टिंग, विश्लेषण, मॉनिटरिंग तथा कार्यक्रम संबंधी प्रशिक्षण इत्यादि का उत्तरदायित्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी अधिष्ठान के अंतर्गत नामित जनपदीय नोडल अधिकारी एवं एन0सी0डी0 सेल मे कार्यरत समस्त स्वास्थ्य कर्मियो का होगा।

1.6. मुख्य चिकित्सा अधिकारी का यह दायित्व होगा कि वह कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति को उपलब्ध कराये गये बजट का उपयोग DHAP में दिये गये निर्देशों के अनुसार करते हुए क्रय, मुद्रण, टेन्डर एवं जेम (GEM) पोर्टल से संबंधित समस्त कार्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के द्वारा निर्गत वित्तीय नियमों के अनुसार कार्यक्रम हित में अवमुक्त धनराशि की अधिकतम सीमा तक नियमानुसार करेगें। कार्यक्रम के अन्तर्गत गतिविधि, मदवार धनराशि जिला स्वास्थ्य समिति से अनुमोदन प्राप्त करने के उपरान्त एन0एच0एम0 के वित्तीय नियमों के दृष्टिगत् व्यय किया जाए।

1.7. NP-NCD कार्यक्रम के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में जिला–स्वास्थ्य–समिति को जारी की गयी धनराशि का मदवार एवं जनपदवार विवरण तथा कार्यक्रम से संबंधित विभिन्न गतिविधियों हेतु दिशानिर्देश निम्नवत हैं –

1.8. **जिला एन0सी0डी0 सेलः–**

2.1.1. **एफ0एम0आर0 कोड– 110.18 Monitoring & Supervision, Mobility, TA, DA, POL, Contingency and Miscellaneous-** उक्त मद में प्रत्येक जनपद में मुख्य चिकित्सा अधिकारी अधिष्ठान के अधीन संचालित जिला एन0सी0डी0 सेल हेतु रू0 6.00 लाख प्रतिवर्ष की दर से धनराशि आंवटित की गई है जिसका उपयोग निम्न गितिविधियों हेतु किया जाए–

2.1.1.1 **सहयोगात्मक पर्यवेक्षण–** सहयोगात्मक पर्यवेक्षण हेतु जेम पोर्टल/दैनिक वाहन प्रक्रिया/जनपद में पूर्व से अनुमन्य टेन्डर दर के आधार पर 01 चार पहिया कमर्शियल टैक्सी वाहन की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। यह वाहन NP-NCD कार्यक्रम के नामित जिला नोडल अधिकारी, एवं जिला एन0सी0डी0 सेल में कार्यरत इपिडिमियोलॉजिस्ट/जिला कार्यक्रम समन्वयक/जिला फाइनेन्स कम लॉजिस्टिक सलाहकार एवं अन्य कर्मचारी के भ्रमण हेतु उपलब्ध कराया जायेगा। प्रत्येक माह की 01 से 05 तारीख तक मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अनुमोदित भ्रमण प्लान को जनपद की समस्त सी0एच0सी0/पी0एच0सी0, एन0सी0डी0 क्लीनिक, आयुष्मान अरोग्य मंदिर, मण्डल एवं राज्य स्तर पर साझा किया जायेगा । जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा किए जाने वाले भ्रमण में निम्न गतिविधियों का गहन अनुश्रवण किया जाए–

- आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर एन0पी0–एन0सी0डी0 कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित गतिविधियों के विषय में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिस, एएनएम तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारियों के ज्ञान का व्यवहारिक क्षमतावर्धन किया जाए।
- ई–कवच पर एन0सी0डी0 पोर्टल के संचालन का मूल्यांकन, अनुश्रवण एवं क्षमतावर्धन।
- 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के व्यक्तियों का एन0सी0डी0 स्क्रीनिंग हेतु इनुमरेशन मूल्यांकन, अनुश्रवण एवं क्षमतावर्धन।
- उक्त लाभार्थियों की वास्तविक एन0सी0डी0 स्क्रीनिंग का मूल्यांकन, अनुश्रवण एवं क्षमतावर्धन।
- एन0सी0डी0 स्क्रीनिंग में लक्षण युक्त पाए गए व्यक्तियों के उपचार प्रारंभ किए जाने तथा उपचार की निरंतरता एवं फॉलो–अप की स्थिति।
- कार्यक्रम से सम्बधिंत समस्त औषधियो एवं लॉजिस्टिक की प्रत्येक सम्बन्धित स्वास्थ्य इकाई पर ससमय उपलब्धता की स्थिति।
- उपरोक्त संपूर्ण प्रक्रिया की पोर्टल पर रिपोर्टिंग का मूल्यांकन, अनुश्रवण एवं क्षमतावर्धन।
- कार्यक्रम से सम्बंधित IEC सामग्री के प्रर्दशन का मूल्याकंन एवं वस्तु स्थल मार्गदर्शन प्रदान किया जाए।
- इसी के साथ उपरोक्त गतिविधियों के स्थलीय निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों के विषय में तत्काल संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को अवगत कराते हुए उनकी हैंड होल्डिंग एवं स्थलीय क्षमतावर्धन भी किया जाएगा तथा औषधियो एवं लॉजिस्टिक की Gap Analysis करते हुए ससमय उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना।
- इस हेतु भ्रमण प्लान इस प्रकार बनाया जाए कि प्रत्येक क्वार्टर में जनपद के आयुष्मान आरोग्य मंदिर से लेकर जिला चिकित्सालय स्थित एन0सी0डी0 क्लिनिक स्तर तक की समस्त इकाइयों का एक बार अनिवार्य रूप से भ्रमण एन0सी0डी0 सेल के अधिकारियों के द्वारा कर लिया जाए।
- प्रत्येक भ्रमण के उपरान्त भ्रमण में संपादित की गई समस्त गतिविधियों, पाई गई कमियों तथा अपेक्षित सुधारों की आख्या संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों एवं चिकित्सा इकाइयों को अनिवार्य रूप से भ्रमण के उपरांत तीन कार्य दिवसों के अंदर उपलब्ध करा दी जाए एवं अगले भ्रमण से पूर्व भ्रमण में पायी गयी कमियों की प्रगति सुनिश्चित की जायेगी।
- प्रत्येक माह की 05 से 10 तारिख के मध्य विगत सम्पूर्ण माह की संकलित भ्रमण आख्या मण्डल एवं राज्य स्तर पर प्रेषित की जाए जिसमें चिकित्सा इकाईवार अपेक्षित सुधारों एवं विगत भ्रमण के सापेक्ष अब तक हो चुके सुधारों की सूचना आवश्यक रूप से अंकित की गयी हो।

- प्रत्येक माह जिला नोडल अधिकारी, एन0सी0डी0 द्वारा न्यूनतम 05 भ्रमण एवं जिला एन0सी0डी0 सेल के कर्मचारियो द्वारा न्यूनतम 10 भ्रमण (कुल 15 भ्रमण) करना आवश्यक होगा ।
- चार पहिया कमर्शियल वाहन के भुगतान के साथ लॉग बुक पर भ्रमणकर्ता के हस्ताक्षर, भ्रमण का स्थान एवं भ्रमण का उद्देश्य आवश्यक रूप से अंकित किया गया हो एवं भ्रमण चेक लिस्ट व भ्रमण आख्या की प्रति मुख्य चिकित्सा अधिकारी को प्रस्तुत की जाये।

2.1.1.2 **<u>टीए/डीए का भुगतान–</u>** इस मद में उपलब्ध धनराशि का प्रयोग जिला एन0सी0डी0 नोडल अधिकारी अथवा एन0सी0डी0 क्लीनिक में कार्यरत कर्मी/एन0सी0डी0 क्लिनिक के कार्यों हेतु नामित अधिकारियों/कर्मचारियों के प्रशिक्षण तथा बैठकों इत्यादि में प्रतिभाग करने की स्थिति में टीए/ डीए के भुगतान हेतु एन0एच0एम0 के नियमों के दृष्टिगत अनुमन्य सीमा तक वास्तविक व्यय के आधार पर किया जाए।

2.1.1.3 **<u>लॉजिस्टिक्स तथा आवर्ती व्यय–</u>** जिला एन0सी0डी0 क्लीनिक पर आवश्यक लॉजिस्टिक्स यथा पेपर, प्रिंटर कार्ट्रिज, इंटरनेट कनेक्शन, प्रिंटर कार्ट्रिज की रिफिलिंग, साफ–सफाई हेतु आवश्यक गतिविधियों, डिस्प्ले बोर्ड की उपलब्धता हेतु भी इस बजट का प्रयोग किया जा सकता है। इसी के साथ एन0सी0डी0 कार्यक्रम से संबंधित समय–समय पर आवश्यकतानुसार जनपद स्तरीय मीटिंग/गतिविधियो के प्रबंधन हेतु भी उक्त बजट का प्रयोग किया जा सकता है तद्सम्बन्ध में सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त कर पत्रावली प्रचलित कर एन0एच0एम0 वित्तीय नियमों के अनुसार व्यय किया जाए।

2.1.2 **<u>एफ0एम0आर0 कोड– 110.13 District Level IEC</u>** इस मद में जनपद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों/उपकेंद्रों/आयुष्मान आरोग्य मंदिरों आदि पर प्रचार प्रसार गतिविधियों हेतु समस्त प्रचार–प्रचार सामग्री का मुद्रण मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्तर से कराकर सभी संबंधित स्थानों पर उपलब्ध कराकर प्रदर्शित कराई जाए। आवंटित धनराशि का प्रयोग एन0सी0डी0 रोगों के विषय में सामान्य प्रचार प्रसार हेतु तथा एन0सी0डी0 कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित पांच विशेष दिवसों (World Cancer Day, World Heart Day, World Hypertension Day, World Diabetes Day and World COPD Day) हेतु जनपद की स्वास्थ्य इकाईयो के साथ ही जनपद के विभिन्न स्थानो पर प्रदर्शन कर प्रचार प्रसार किया जाए।

- **<u>जिला मुख्यालय</u>** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, जिलाधिकारी कार्यालय, मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय तथा भीड़ भाड़ वाले स्थानों यथा रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन इत्यादि पर आई0ई0सी0 प्रदर्शित की जायेगी।
- **<u>जनपदीय चिकित्सालय</u>** ओ0पी0डी0 ब्लॉक, इनडोर ब्लॉक तथा इमर्जेन्सी ब्लॉक इत्यादि प्रमुख स्थानों पर आई0ई0सी0 प्रदर्शित की जायेगी।
- **<u>सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र</u>** ओ0पी0डी0 तथा इनडोर ब्लॉक्स पर आई0ई0सी0 प्रदर्शित की जायेगी।
- **<u>जनपद के प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र</u>** ओ0पी0डी0 कक्ष में आई0ई0सी0 प्रदर्शित की जायेगी।
- **<u>जनपद के प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर</u>** ओ0पी0डी0 कक्ष में आई0ई0सी0 प्रदर्शित की जायेगी।

जनपदो द्वारा एन0पी0–एन0सी0डी0 कार्यक्रम के अन्तर्गत आई0ई0सी0 की निम्नवत गतिविधियों द्वारा प्रचार–प्रसार एन0एच0एम0 के नियमानुसार अनुमन्य बजट से उपयोगिता के आधार पर सम्बन्धित जनपद में आई0ई0सी0 मानको के आधार पर निम्नवत् उपयोग किया जाए–

- फ्लैक्स बैनर– साइज 6X3 फिट, मल्टीकलर।
- फ्रेम्ड पोस्टर– साइज 30X20 इंच, मल्टीकलर, न्यूनतम 100 जी0एस0एम0 पेपर, वुडेन अथवा मेटल फ्रेमिंग, फ्रेम्ड पोस्टर (फ्रेमिंग सहित), एन0सी0डी0 रोगों के विषय में सामान्य प्रचार–प्रसार हेतु।
- अनफ्रेम्ड (सामान्य) पोस्टर– साइज 30X20 इंच, मल्टीकलर, न्यूनतम 100 जी0एस0एम0 सेल्फ एडहेसिव पेपर।

- होर्डिंग– साइज 30X20 फीट, मल्टीकलर, एन0सी0डी0 रोगों के विषय में सामान्य प्रचार–प्रसार हेतु।
- वॉल राइटिंग– साइज 8X6 फीट, प्लास्टिक पेंट के बेस पर प्लास्टिक पेंट से लिखाई हेतु।

उपरोक्त समस्त प्रचार प्रसार गतिविधियों हेतु प्रचार–प्रसार सामग्री सम्बंधी आवश्यकतानुसार दिशा–निर्देश समय–समय पर पृथक से जनपदों को उपलब्ध कराई जाएगी। उपरोक्त एफ0एम0आर0 कोड के सापेक्ष जनपदो को रू0 3.00 लाख प्रति जनपद आवंटित धनराशि के सापेक्ष जनपद स्तर पर एन0एच0एम0 नियामानुसार प्रचार–प्रसार पर व्यय किया जाए।

2.1.3. **एफ0एम0आर0 कोड– 110.09 Training at District Level-** जनपदों में एन0सी0डी0 कार्यक्रम के सफल संचालन एवं रिपोर्टिंग तथा क्षमतावर्धन हेतु गहन प्रशिक्षण की नितांत आवश्यकता है, जिसे हेतु राज्य मुख्यालय पर प्रशिक्षण प्राप्त जनपदीय मास्टर ट्रेनर्स तथा अन्य कर्मियो द्वारा चरणबद्ध रूप से एन0एचएम0 द्वारा जनपद व ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगें।

एन0पी0–एन0सी0डी0 कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न रोगों से संबंधित स्क्रीनिंग की प्रक्रिया, डिजिटल डाटा इंट्री तथा रिपोर्टिंग एवं कार्यक्रम के संचालन में विभिन्न कर्मियों संवर्गों की भूमिका के विषय में आर0सी0एच0 मानकों के अनुसार उपरोक्त एफ0एम0आर0 कोड के सापेक्ष जनपदो को 2.00 लाख प्रति जनपद आवंटित धनराशि के सापेक्ष जनपद स्तर पर एन0एच0एम0 नियामानुसार प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा।

**2.2 जिला एन0सी0डी0 क्लीनिकः–**

2.2.1 **एफ0एम0आर0 कोड–107.03 Drugs & Supplies for DH-** इस मद में समस्त जनपदों हेतु रू0 2. 40 लाख प्रति जनपद की दर से धनराशि अनुमोदित है। रोगी भार के अनुसार उक्त धनराशि का उपयोग NP-NCD कार्यक्रम से सम्बंधित रीजेन्टस, कैमिकल एवं आवश्यकतानुसार औषधियों के क्रय हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के द्वारा जारी वित्तीय नियमानुसार किया जायेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्तर से यह राशि संबंधित चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को हस्तगत कर दी जाए। जनपदीय चिकित्सालय संबंधी व्यय जिला स्वास्थ्य समिति से अनुमोदन प्राप्त करते हुए एन0एच0एम0 के नियमो के दृष्टिगत किया जाए।

2.2.2 **एफ0एम0आर0 कोड– 109.01 Drugs and Supplies for CCU/STEMI–** उक्त मद हेतु पृथक से दिशा–निर्देश जनपदों को प्रेषित किया जायेगा।

2.2.3 **एफ0एम0आर0 कोड– 107.04 Contingency for DH-** इस मद में समस्त जनपदों हेतु रू0 1.00 लाख प्रति जनपद, प्रतिवर्ष की दर से धनराशि आंवटित की गई है। इस धनराशि का उपयोग जिला चिकित्सालय स्थित एन0सी0डी0 क्लीनिक पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों हेतु किया जाएगा। इस धनराशि का प्रयोग जिला एन0सी0डी0 क्लीनिक के संचालन हेतु आवश्यक लॉजिस्टिक्स यथा पेपर, स्टेशनरी, प्रिंटर कार्टेज की रिफिलिंग, वायर्ड ब्रोड्बैंड कनेक्शन इत्यादि की व्यवस्था हेतु किया जा सकता है। साथ ही इस धनराशि का प्रयोग कर जनपदीय एन0सी0डी0 क्लीनिक पर क्वार्टरली बैठकों का आयोजन भी किया जा सकता है जिसमें जिला चिकित्सालय के समस्त चिकित्सकों का नॉन कम्युनिकेबल रोगों तथा एन0सी0डी0 क्लीनिक की गतिविधियों एवं उपलब्ध सुविधाओं के विषय में संवेदीकरण किया जा सकता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्तर से यह राशि संबंधित चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को हस्तगत कर दी जाए। जनपदीय चिकित्सालय संबंधी व्यय जिला स्वास्थ्य समिति से अनुमोदन प्राप्त करते हुए एन0एच0एम0 के नियमानुसार व्यय की जाए।

2.3. **एफ0एम0आर0 कोड– 110.05 Drugs and Supplies for Stroke**– उक्त मद हेतु पृथक से दिशा–निर्देश जनपदों को प्रेषित किया जायेगा।

2.4 **सी0एच0सी0 एन0सी0डी0 क्लीनिकः–**

2.4.1 **एफ0एम0 आर0 कोड– 108.05 Drugs & Consumables for CHC NCD Clinic-** इस मद में संलग्न तालिका के अनुसार विभिन्न जनपदों के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों हेतु रू0 0.60 लाख प्रति इकाई, प्रतिवर्ष की दर से धनराशि आंवटित की गई है। यह धनराशि NP-NCD कार्यक्रम मे सी0एच0सी0 एन0सी0डी0 क्लीनिक के उपयोगार्थ है। रोगी भार के अनुसार उक्त धनराशि का उपयोग कर NP-NCD कार्यक्रम से

सम्बंधित रीजेन्टस, कैमिकल्स एवं आवश्यकतानुसार औषधियों का क्रय राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के द्वारा जारी वित्तीय नियमानुसार किया जायेगा। जनपदीय चिकित्सालय संबंधी व्यय जिला स्वास्थ्य समिति से अनुमोदन प्राप्त करते हुए एन0एच0एम0 के नियमानुसार व्यय की जाए।

2.4.2 **<u>एफ0एम0आर0कोड– 108.06 Miscellaneous cost communication, montoring, TA,DA,POL, Contingency etc.</u>** इस मद में संलग्न तालिका के अुनसार विभिन्न जनपदों के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को रू0 1.00 लाख प्रति सामुदयिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रतिवर्ष की दर से धनराशि आंवटित की गई है। इस धनराशि का प्रयोग ब्लॉक स्तरीय एन0सी0डी0 क्लीनिक में कार्यरत कर्मियों अथवा ब्लॉक स्तर पर एन0सी0डी0 गतिविधियों के संचालन में लगे अधिकारियों/कर्मचारियों के बैठक अथवा प्रशिक्षण में प्रतिभाग की स्थिति में एन0एच0एम0 मानकों के अनुसार TA/DA के भुगतानए पर्यवेक्षण भ्रमण हेतु परिवहन/POL की व्यवस्था, ब्लॉक एन0सी0डी0 क्लीनिक हेतु आवश्यक कंटिन्जेंसी यथा पेपर, स्टेशनरी, वायर्ड ब्रोड्बैंड कनेक्शन, प्रिंटर कार्टेज की रिफिलिंग तथा ब्लॉक स्तर पर विभिन्न कर्मियों की संवेदीकरण गतिविधियों हेतु किया जाएगा। इस धनराशि का उपयोग कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा आच्छादित क्षेत्र में असेवित क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए तैयार माइक्रो प्लान के आधार पर ग्रामीण असेवित क्षेत्रों मे स्क्रीनिंग एवं उपचार सुविधाऐं भी जनमानस तक एन0एच0एम0 के नियमों के दृष्टिगत् उपलब्ध करायी जाए।

2.4.3 **<u>एफ0एम0आर0कोड– 110.15 Patient Referral card at PHC level-</u>** इस मद में संलग्न तालिका के अनुसार जनपद के समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को रू0 2500/– (दो हजार पॉच सौ) कुल 500 पेशेन्ट रेफरल कार्ड के मुद्रण हेतु प्रति इकाई, प्रतिवर्ष की दर से धनराशि आंवटित की गई है। रेफरल कार्ड का मुद्रण एवं आपूर्ति मुख्य चिकित्सा अधिकारी के स्तर से एन0एच0एम0 के नियमानुसार कराया जाए।

2.4.4 **<u>एफ0एम0आर0 कोड– 110.16 Patient Referral card at SC level-</u>** इस मद में संलग्न तालिका के अनुसार रू0 2500/– (दो हजार पॉच सौ) की धनराशि कुल 500 पेशेन्ट रेफरल कार्ड, प्रति इकाई, प्रतिवर्ष की दर से धनराशि आंवटित की गई है। प्रति पेशेन्ट रेफरल कार्ड हेतु अधिकतम धनराशि रू0 05.00 की दर स्वीकृत है। रेफरल कार्ड का मुद्रण एवं आपूर्ति मुख्य चिकित्सा अधिकारी के स्तर से एन0एच0एम0 के नियमानुसार कराया जाए।

**Quantity for Printing all unit-District NCD Cell, District NCD Clinic, CHC, PHC & Sub Center as in attached list**

| S. No. | Printing Activty | Material Specification | Sixe (Approx) | Quantiy@ /-per Units as per Attach list | Print Protoype Source | per Unit Cost (Rs.) | Total cost (In Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Referral card | 75gam size(Half of A4) color print (TwoA4 refrral slips will be printed side by side on A4 sgeet with perforation | (Half of A4) | 500<br>For PHC & SC | Page no.52 Of GOI Guidelines | 05.00 | 2500.00 |
| 2 | All Reporting Performa | A4 size,80 gsm black and white internal page with carbon copy 15 Rows in page | A4 | Distrct NCD Cell,Distrct NCD Clinic, CHC NCD Clinic & Sub center | Page no. 53,54,59,& 60 fo GoI Guidelines | 01.00 | As per use |

<u>अनुमोदित नवीन गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु दिशा–निर्देश</u>

**3. <u>जिला एन0सी0डी0 क्लीनिक (नवीन गतिविधियॉं)–</u> निम्न एफ0एम0आर0 कोड के सापेक्ष NP-NCD कार्यक्रम में गतिविधियॉं जिला एन0सी0डी0 क्लीनिक के स्तर पर सम्पादित की जाएँगी अतः धनराशि को जिला स्वास्थ्य समिति से अनुमोदन प्राप्त करने के उपरान्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के निवर्तन पर हस्तगत किया जाएगा। सम्बन्धित धनराशि का व्यय एन0एच0एम0 के नियमों के दृष्टिगत किया जाये–**

3.1 **<u>एफ0एम0आर0 कोड–110.02 Establishment of cancer day care center-</u>** इस मद में रू0 2.75 लाख प्रति जनपदीय चिकित्सालय की दर से 20 जनपदों को धनराशि आवंटित की जा रही है जिसका

उपयोग कैंसर डे केयर सेंटर की स्थापना तथा इस केंद्र के क्रियान्वन हेतु आवश्यक उपकरणों एवं संसाधनों के क्रय हेतु किया जाएगा। धनराशि का प्रयोग कर कैंसर डे केयर के रूप में चिन्हित कक्ष को व्यवस्थित किया जायेगा। उक्त केन्द्र में ऐसे कैंसर रोगी, जिनका उपचार उच्चीकृत कैंसर केयर केन्द्र (टी0सी0सी0सी0) यथा– मेडिकल कालेज एवं तृतीयक देखभाल केन्द्रों में चल रहा है, का फालोअप कीमोथेरेपी एवं चिकित्सकीय प्रबन्धन किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। इन सेंटर्स के क्रियान्वन के हेतु अधोसंरचना की स्थापना के उपरांत सम्बंधित चिकित्सालय के कार्य चिकित्सक/चिकित्सा अधिकारी को प्रशिक्षण एन0एच0एम0 द्वारा दिया जायेगा साथ ही उक्त सेंटर्स की लिंकिंग टर्शियरी हेल्थ फैसिलिटी से भी की जाएगी। जिला स्वास्थ्य समिति से अनुमोदन प्राप्त कर मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्तर से यह धनराशि संबंधित चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को हस्तगत कर दी जाए।

3.2 **एफ0एम0आर0 कोड–107.02 Procurement of BP Apparatus-** इस मद में रू0 0.03 लाख प्रति जनपदीय चिकित्सालय की दर से धनराशि आवंटित की जा रही है जिसका प्रयोग जिला एन0सी0डी0 क्लीनिक हेतु एक उच्च गुणवत्ता वाले चार्जर अथवा रिचार्जेबल सेल युक्त डिजिटल ब्लड प्रेशर उपकरण, चार्जर एवं अतिरिक्त बैटरी के क्रय हेतु किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्तर से यह राशि जिला स्वास्थ्य समिति से अनुमोदन प्राप्त करते हुए संबंधित चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को हस्तगत कर दी जाए।

3.3 **एफ0एम0आर0 कोड–110.06 Drugs for cancer–** इस मद में रू0 1.00 लाख प्रति जनपद की दर से 20 जनपदों को धनराशि आवंटित की जा रही है, जिसका उपयोग आवश्यकता के आधार पर कैंसर डे केयर सेंटर कैंसर में उपचाराधीन रोगियों हेतु औषधीयाँ खरीदने के लिए किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्तर से यह राशि जिला स्वास्थ्य समिति से अनुमोदन प्राप्त करते हुए संबंधित चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को हस्तगत कर दी जाए। उक्त गतिविधि की Reporting तथा सम्बंधित सूचना प्रति माह राज्य स्तर पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

3.4 **एफ0एम0आर0 कोड–111.02 Organisation of cancer screening camp-** इस मद में रू0 0.50 लाख प्रति जनपद की दर से संलग्न सूची के अनुसार 35 जनपदों को धनराशि आंवटित की गई है, जिसका उपयोग वर्ष मे दो बार (04 फरवरी विश्व कैंसर दिवस एवं ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता माह अक्टूबर में किसी भी 01 दिवस हेतु स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाना है।) उक्त कैंप हेतु आवश्यक उपकरण एवं कन्ज्यूमेबल (Examination Lamp, cusco's Vaginal speculum, gloves, Acetic Acid, Wooden Sticks, Cotton, Swab, Gauze, LED Torch इत्यादि) की उपलब्धता तथा वृहद IEC आदि हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी स्तर से एन0एच0एम0 नियमों के दृष्टिगत् आयोजन किया जायेगा। कैंप के आयोजन में होने वाले आवर्ती व्यय यथा– टेण्ट, परिवहन, रिफ्रेशमेंट इत्यादि की व्यवस्था में भी इस धनराशि का प्रयोग किया जा सकता है। कैंप का आयोजन एन0सी0डी0 के अन्तर्गत NOHP, NTCP तथा NP-NCD कार्यक्रम के कर्मियो के सहयोग से किया जायेगा, ऐसे जनपद, जहाँ जनपदीय चिकित्सालय में डे कैंसर यूनिट क्रियाशील है, वहां पर कैम्प का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी अधिष्ठान के द्वारा डे कैंसर यूनिट के सहयोग से किया जाएगा तथा इन कैम्प में Breast and Cervical Cancer की स्क्रीनिंग हेतु राज्य स्तर पर प्रशिक्षित जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का सहयोग लिया जायेगा व Oral Cancer की स्क्रीनिंग हेतु Dental Surgeon एवं ENT Surgeon का सहयोग लिया जायेगा। इन कैम्प के आयोजन में जनपद में क्रियाशील टर्शियरी हेल्थ फैसिलिटी/मेडिकल कालेज का सहयोग भी लिया जा सकता है।

3.5 **एफ0एम0आर0 कोड–107.01 Procurement of Spirometer for DH-** इस मद में रु0 0.40 लाख प्रति जनपद की दर से धनराशि आवंटित की गई है, जिसका प्रयोग जिला एन0सी0डी0 क्लीनिक हेतु एक उच्च गुणवत्ता वाले स्पाइरोमीटर के क्रय हेतु किया जायेगा (भारत सरकार से स्वीकृत स्पेसिफिकेशन)। मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्तर से यह राशि जिला स्वास्थ्य समिति से अनुमोदन प्राप्त करते हुए संबंधित चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को हस्तगत कर दी जाए।

4. **सी0एच0सी0 एन0सी0डी0 क्लीनिक (नवीन गतिविधियाँ)–**

4.1 **एफ0एम0आर0 कोड–108.01 Procurement of COPD Equipment Peak Flow Meter-** इस मद में रू0 0.005 लाख प्रति पीक फ्लो मीटर प्रति सा0स्वा0केन्द्र की दर से धनराशि आंवटित की गई है,

जिससे प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हेतु 10 पीक फ्लो मीटर का क्रय किया जाना है। पीक फ्लो मीटर का उपयोग सी0ओ0पी0डी0 एवं अस्थमा की स्क्रीनिंग में किया जायेगा, इसमें प्रयोग होने वाले डिस्पोजबल माउथ पीस का क्रय एफ0एम0आर0 मद0 सं0 108.05 मद पर आंवटित धनराशि से नियमानुसार किया जा सकता है। उपकरणों की गुणवत्ता एवं एकरूपता सुनिश्चित करने हेतु उचित होगा कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी अधिष्ठान के स्तर से उक्त उपरकरण का क्रय जिला स्वास्थ्य समिति से अनुमोदन प्राप्त करते हुए एन0एच0एम0 के वित्तीय नियमों के दृष्टिगत् समस्त सा0स्वा0केन्द्रों को उपलब्ध करा दिया जाए।

4.2 **<u>एफ0एम0आर0 कोड–108.02 Procurement of BP Apparatus-</u>** इस मद में रू0 0.03 लाख प्रति बी0पी0 उपकरण प्रति सा0स्वा0केन्द्र की दर से धनराशि आंवटित की गई है, जिसका प्रयोग सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर एन0सी0डी0 क्लीनिक हेतु एक उच्च गुणवत्ता वाले चार्जर अथवा रिचार्जेबल सेल युक्त डिजिटल ब्लड प्रेशर उपकरण, चार्जर एवं अतिरिक्त बैटरी के क्रय हेतु किया जाएगा। उपकरणों की गुणवत्ता एवं एकरूपता सुनिश्चित करने हेतु उचित होगा कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी के स्तर से उक्त उपरकरण का क्रय कर समस्त सा0स्वा0केन्द्रों को जिला स्वास्थ्य समिति से अनुमोदन प्राप्त करते हुए एन0एच0एम0 के नियमों के दृष्टिगत उपलब्ध करा दिया जाए।

4.3 **<u>एफ0एम0आर0 कोड–108.03 Establishment cost for CHC-</u>** इस मद में रू0 08.00 लाख प्रति सा0स्वा0केन्द्र की दर से दिशा–निर्देश के साथ संलग्न तालिकानुसार 137 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर एन0सी0डी0 क्लीनिक की स्थापना हेतु धनराशि आंवटित की गई है जिसका प्रयोग चिन्हित कक्ष की रिपेयर, सज्जा, फर्नीचर, कंप्यूटर, प्रिंटर, वायर्ड ब्रॉडबैंड कनेक्शन, स्पाईरोमीटर तथा सम्बन्धित उपकरणों को प्राथमिकता प्रदान करते हुए जिला स्वास्थ्य समिति से अनुमोदन प्राप्त करते हुए एन0एच0एम0 के नियमों के दृष्टिगत क्रय किया जाए।

4.4 **<u>एफ0एम0आर0 कोड–108.04 Procurement of ECG machines for CHC-</u>** इस मद में रू0 0.60 लाख प्रति ई0सी0जी0 उपकरण/सा0स्वा0केन्द्र की दर से धनराशि आंवटित की गई है, जिसका प्रयोग सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर एन0सी0डी0 क्लीनिक हेतु एक उच्च गुणवत्ता वाले ई0सी0जी0 उपकरण हेतु किया जायेगा। उपकरणों की गुणवत्ता एवं एकरूपता सुनिश्चित करने हेतु उचित होगा कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी अधिष्ठान के स्तर से उक्त उपरकरण को समस्त सा0स्वा0केन्द्रों को जिला स्वास्थ्य समिति से अनुमोदन प्राप्त करते हुए एन0एच0एम0 के नियमों के दृष्टिगत सम्बन्धित स्वास्थ्य इकाई को उपकरण ससमय उपलब्ध कराये जाए।

## <u>NP-NCD कार्यक्रम के अन्तर्गत पापुलेशन बेस्ड स्क्रीनिंग वित्तीय–वर्ष 2024–25 के क्रियान्वयन हेतु दिशा–निर्देश</u>

वित्तीय वर्ष 2024–25 में NP-NCD कार्यक्रम के अन्तर्गत भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से प्रदेश के समस्त जनपदों में **<u>पापुलेशन बेस्ड स्क्रीनिंग</u>** के संचालन हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है।

1– पापुलेशन बेस्ड स्क्रीनिंग का क्रियान्वयन भारत सरकार के स्तर से निर्गत Operational Guidelines के अनुसार ही किया जायेगा। जोकि ई–मेल के माध्यम से आपको भेजी जा चुकी है, यथावत् आपको ई–मेल के माध्यम से भेजा जा रहा है।

2– जनपदों में कार्यक्रम का संचालन हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में पूर्व से ही संचालित जिला एन0सी0डी0 सेल के द्वारा उक्त कार्यक्रम का क्रियान्वयन, मूल्यांकन एवं अनुश्रवण किया जायेगा। जिला नोडल अधिकारी, एन0सी0डी0 उक्त कार्यक्रम के नोडल होगें। नोडल अधिकारी का दायित्व होगा कि वह उक्त कार्यक्रम का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन जनपद में करवाना सुनिश्चित करें।

3– भारत सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देश के अन्तर्गत जनपद की कुल जनसंख्या, जिनकी आयु 30 वर्ष तथा 30 वर्ष से अधिक आयुवर्ग की स्क्रीनिंग की जायेगी।

4– मुख्य चिकित्सा अधिकारी का यह दायित्व होगा कि वह कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला–स्वास्थ्य–समिति को उपलब्ध कराये गये बजट का उपभोग Operational Guidelines में दिये गये निर्देशों के अनुसार जिला स्वास्थ्य समिति से अनुमोदन प्राप्त करते हुए एन0एच0एम0 के नियमों के दृष्टिगत क्रय सम्बन्धित कार्य वर्तमान में उपलब्ध क्रय–प्रक्रिया के अनुसार नियमानुसार करेगें।

5– कार्यक्रम से आच्छादित जनपदों में उपकेन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्धारित किये गये है जिसका विवरण पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित किया जा चुका है।

6. NP-NCD कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपदों हेतु पापुलेशन बेस्ड स्क्रीनिंग को चालू वित्तीय वर्ष 2024–25 में जिला–स्वास्थ्य–समिति को जारी की गयी मदवार एवं जनपदवार धनराशि के सापेक्ष संक्षिप्त विवरण निम्नवत् हैः–

7– **<u>FMR Code 110.03- Drugs & supplies for Universal Screening of NCDs</u>**- उक्त मद पर रू0 14,000.00 प्रति उपकेन्द्र की दर से NCD Screening(Hypertension, Diabetes, COPD, Cancer etc) हेतु आवश्यक Consumable इत्यादि का क्रय राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के वित्तीय नियमानुसार किया जायेगा।

8– **FMR Code 110.01-** Procurement for Universal Screening of NCDs मद पर रू0 30,000.00 प्रति उपकेन्द्र की दर से उपरोक्त तालिका (Health Facilities Covered under PBS) के अनुसार 7717 उपकेन्द्रों के लिये धनराशि आंवटित की गई है, जिससे निम्न तालिकानुसार उपकरणों का क्रय (अतिरिक्त बैटरी अथवा चार्जेबल बैटरी सहित) भारत सरकार स्तर से निर्गत आपरेशनल गाइडलाइन एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के वित्तीय नियमानुसार सुनिश्चित किया जाये–

| Sl. No. | Particular | Quantity |
|---|---|---|
| 1 | Equipment for HT (Sphygmomanometer) | 1 |
| 2 | Equipment for VIA (examination Lamp) | 1 |
| 3 | Equipment for VIA (cusco’s Vaginal speculum) | 1 |
| 4 | Equipment for VIA (Autoclave) | 1 |
| 5 | Equipment for VIA (Torch) | 1 |
| 6 | Equipment for OVE (LED Torch) | 1 |
| 7 | Equipment for OVE (Mouth Mirror) | 1 |

9– **FMR Code 110.14-** IEC/BCC for Universal NCD Screening (CBAC and Family Folder Printing) मद पर रू0 5000.00 प्रति उपकेन्द्र की दर से समस्त जनपदों हेतु धनराशि आंवटित की गई है, अवमुक्त धनराशि का उपभोग राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 में प्रचलित प्राविधानों के अनुसार फैमिली फोल्डर एवं सी0बैक प्रपत्र के मुद्रण हेतु किया जायेगा तथा गतिविधियों हेतु प्रारूप के मुद्रण के लिये मानक एवं आवश्यक विवरण निम्नवत् है–

<u>पपुलेशन बेस्ड स्क्रीनिंग गतिविधियों (PBS Activity) हेतु धनराशि का फॉट एवं मुद्रण विवरण निम्नवत है।</u>

| Sl. No. | Items | Specification | Material | Color | Estimated Unit Cost Amt. In Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | फैमिली फोल्डर | Four color offset printing dye cut folder (300 gsm FRC), Size-484mmX450mm including pocket. | 300 Gsm FRC | Multi color offset | कुल–500 परिवारों हेतु रू 2500/– **प्रति फैमिली फोल्डर हेतु रू 05/–प्रति नग** |
| 2 | **समुदाय आधारित मूल्यांकन प्रपत्र**, सहमति पत्र, व्यक्तिगत् स्वास्थ्य कार्ड | Four color offset printing single side, (170 Gsm lucky print) size 220 mm X 317 mm. | 170 Gsm lucky print | Four color offset | 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के कुल–500 लाभार्थियों हेतु रू 2500/– **समुदाय आधारित मूल्यांकन प्रपत्र हेतु रू 05/–प्रति नग** |
| Total | | | | | **Rs. 5,000.00 @ Per Sub center** |

जनपदों द्वारा उपरोक्त तालिका के अनुसार वर्णित उपकेन्द्रों पर, शत प्रतिशत परिवारों के पंजीकरण एवं 30 वर्ष एवं 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के समस्त व्यक्तियों की स्क्रीनिंग गतिविधि आयोजन कराये जाने हेतु, फैमिली फोल्डर एवं सी0बैक प्रपत्र का मुद्रण नियमता एन0एच0एम0 के वित्तिय नियमो के दृष्टिगत कराये जाने हेतु उपयोग की जाये।

10– मुख्य चिकित्साधिकारी को इस तथ्य का विशेष ध्यान देना है कि मदवार आवंटित धनराशि से अधिक का व्यय नही किया जाये।

11– नेशनल प्रोग्राम फॉर प्रिवेंशन एंड कन्ट्रोल ऑफ नॉन कम्यूनिकेबल डिजीज (एन0पी0–एन0सी0डी0) के अन्तर्गत पापुलेशन बेस्ड स्क्रीनिंग हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 में जिला–स्वास्थ्य–समिति को जारी की गयी धनराशि का उपभोग जिला स्वास्थ्य समिति से अनुमोदन प्राप्त करते हुए एन0एच0एम0 के नियमों के दृष्टिगत कार्यक्रम के हित में 31 मार्च, 2025 के पूर्व कर लिया जाये।

5. **<u>अन्य निर्देशः–</u>**

5.1 जिला एन0सी0डी0 सेल में कार्यरत इपिडिमियोलॉजिस्ट NP-NCD गतिविधियों की मासिक/त्रैमासिक रिपोर्ट का इपिडिमियोलॉजिकल विश्लेषण करते हुये उक्त रिपोर्ट को विश्लेषित निष्कर्षों के साथ राज्य स्तर पर प्रेषित करेगें तथा साथ ही साथ NP-NCD कार्यक्रम के अन्तर्गत दिये गये स्क्रीनिंग लक्ष्य को प्राप्त करते हुये भौतिक प्रगति सुनिश्चित करेगें।

5.2 जिला एन0सी0डी0 सेल में कार्यरत इपिडिमियोलॉजिस्ट, जिला फाइनेन्स कम लॉजिस्टिक सलाहकार एवं अन्य कर्मचारी अपने समस्त कार्यो के साथ–साथ जनपद में कार्यक्रम के अन्तर्गत समस्त प्रशिक्षण कार्यक्रम, जनपद स्तरीय भ्रमण एवं समस्त रिपोर्टिंग इत्यादि का कार्य करना सुनिश्चत करेगें।

5.3 जिला एन0सी0डी0 सेल/क्लीनिक मे कार्यरत डाटा इन्ट्री आपेरटर द्वारा जिला एन0सी0डी0 सेल से सम्बन्धित समस्त रिर्पोर्ट समसय राज्य एन0सी0डी0 सेल को राज्य कार्यक्रम अधिकारी, NP-NCD के ई मेल–npcdcsup@gmail-com पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें एवं राज्य कार्यक्रम अधिकारी, एन0पी0–एन0सी0डी0 द्वारा जनपदों द्वारा प्रेषित मासिक रिपोर्ट को संकलित करते हुये प्रमुख सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन/अध्यक्ष कार्यकारी समिति तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 को संकलित सूचना प्रेषित की जायेगी।

5.4 गतिविधियों के आयोजन एवं सूचनाओं के सम्प्रेषण में किसी प्रकार की शिथिलता की स्थिति में जनपदीय नोडल अधिकारी (एन0सी0डी0) के साथ–साथ जिला एन0सी0डी0 सेल में कार्यरत समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को उत्तरदायी माना जायेगा।

5.5 जिन जनपदों में NP-NCD के अन्तर्गत जिला कार्यक्रम समन्वक/इपिडिमियोलॉजिस्ट/जिला फाइनेन्स कम लॉजिस्टिक सलाहकार कार्यरत नहीं है, उन जनपदों में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के स्तर से अन्य एन0सी0डी0 कार्यक्रमों (तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, पेलिएटिव केयर कार्यक्रम, कैन्सर डे केयर सेंटर, नेशनल प्रोग्राम फॉर हेल्थ केयर ऑफ एल्डरली कार्यक्रमों) में तैनात कार्यक्रम सम्वयकों/कर्मचारी को नामित करते हुए गतिविधियों का ससमय सम्पादन एवं सूचना सम्प्रेषण का कार्य कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

5.6 इपिडिमियोलॉजिस्ट/जिला कार्यक्रम समन्वयक द्वारा समस्त भौतिक एवं जनपदीय फाइनेन्स कम लॉजिस्टिक सलाहकार द्वारा समस्त वित्तीय कार्यो का निर्वाहन किया जाए।

5.7 जनपदों मे रिक्त पद के सापेक्ष एन0सी0डी0 कार्यक्रमों के समस्त कार्यक्रमों (एन0सी0डी0 के अन्य कार्यक्रम/एन0एच0एम0 के अन्य कार्यक्रमों के संविदाकर्मियों द्वारा) मे से जनपद में तैनात जिला समन्वयक को नामित करते हुए प्रभारी अधिकारी/कर्मचारी द्वारा कार्यों का निर्वाहन किया जाए।

5.8 उपरोक्त दिशा–निर्देशों के अतिरिक्त NP-NCD कार्यक्रम में विगत में प्रचलित ऑपरेशनल गाइड लाईन 2013–17 कें क्रम में भारत सरकार द्वारा एन0पी0–एन0सी0डी0 कार्यक्रम वित्तीय वर्ष 2024–25 मे मानकानुसार गतिविधि संचालित की जायेगी यहां यह भी अवगत कराना है कि भारत सरकार द्वारा नवीन ऑपरेशनल गाइडलाइन 2023–30 तैयार की गयी है एवं राज्यों को औपचारिक रूप से भारत सरकार द्वारा जारी किये जाने के उपरान्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 द्वारा जनपदों को नवीन दिशा–निर्देश प्रभावी किये जाने के निर्देश जारी किये जायेगे तद्उपरान्त ही नवीन दिशा–निर्देश प्रभावी होगे।

वित्तीय वर्ष 2024–25 के दिशा–निर्देश इस आशय के साथ प्रेषित हैं कि कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा दिशा–निर्देशों का ससमय अनुपालन सुनिश्चत किया जा सके। किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही की अवस्था/स्थिति में सम्बन्धित अधिकरी/कर्मचारी के विरूद्ध नियमानुसार विभागीय अनुशासनात्मक एवं दण्डात्मक कार्यवाही हेतु प्रकरण अध्यक्ष कार्यकारी समिति/प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0, शासन पर सन्दर्भित कर दिया जायेगा।

# 21. पी.एम.–अभीम योजना/ 15वें वित्त आयोग

# पी.एम.–अभीम योजना

- पी0एम0–अभीम योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में 91 बी0पी0एच0यू0 हेतु कुल 182 लैब टेक्निशियन एवं 23 आई0पी0एच0एल0 के लिए 92 लैब टेक्निशियन के दो माह (01 फरवरी, 2024 से 31 मार्च, 2024 तक) के मानदेय हेतु मद संख्या ABHIM.3.2 No. of BPH Units supported for recurring expenditure के अन्तर्गत धनराशि रू0 87.36 लाख (Eighty Seven Lakh and Thirty Six Thousand only) एवं मद संख्या ABHIM.4.2 No. of Integrated District Public Health Laboratories: recurring expenditure मे रू0 44.16 लाख (Fourty Four Lakh and Sixteen Thousand only) की कुल धनराशि रू0 13152000.00 (Rs. One Crore Thirty one Lakh Fifty Two Thousand Only) पत्रांक SPMU/PM-ABHIM/15thFC/DHAP-2023-24/08/2096-2 दिनांक 12.07. 2024 के माध्यम से सम्बंधित जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को यूनिटवार, जनपदवार एवं मदवार आवंटित की गयी है।

- पी0एम0–अभीम योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में 91 बी0पी0एच0यू0 हेतु कुल 182 लैब टेक्निशियन एवं 23 आई0पी0एच0एल0 के लिए 92 लैब टेक्निशियन के बारह माह (01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक) के मानदेय हेतु मद संख्या ABHIM.3.2 No. of BPH Units supported for recurring expenditure के अन्तर्गत धनराशि रू0 524.16 लाख (Five Crore Twenty Four Lakh and Sixteen Thousand only) एवं मद संख्या ABHIM.4.2 No. of Integrated District Public Health Laboratories: recurring expenditure मे रू0 264.96 लाख (Two Crore Sixty Four Lakh and Ninety Six Thousand only) की कुल धनराशि रू0 78912000.00 (Rs. Seven Crore Eighty Nine Lakh Twelve Thousand Only) पत्रांक SPMU/PM-ABHIM/DHAP-2024-25/39/1626-2 दिनांक 21.06.2024 के माध्यम से सम्बंधित जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को यूनिटवार, जनपदवार एवं मदवार आवंटित की गयी है।

# 15वें वित्त आयोग

- 15वाँ वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट (बी0पी0एच0यू0) में 620 एवं District Level Quality Lab के 150 लैब टेक्नीशियनों के 11 माह (01 अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 तक) के मानदेय हेतु मद संख्या 185.C.S1171 मे रू0 1636.8 लाख (Sixteen Crore Thirty Six Lakh and Eighty Thousand only) एवं मद संख्या 185.C.S1166 के अन्तर्गत धनराशि रू0 396 लाख (Three Crore Ninty Six Lakh only) की कुल धनराशि रू0 **203280000** (Rs. Twenty Crore Thirty Two Lakh Eighty Thousand Only) पत्रांक SPMU/NHM/15th FC/2024-25/40/2467-2 दिनांक 30.07.2024 के माध्यम से सम्बंधित जनपदों की जिला स्वास्थ्य समितियों को यूनिटवार, जनपदवार एवं मदवार आवंटित की गयी है।

# 22. वित्तीय

## वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु जनपदो को वित्तीय लेखा पुस्तकों का रख–रखाव, आन्तरिक नियंत्रण एवं अनुशासन स्थापित करने के सम्बन्ध में दिशा–निर्देशः–

### ऑपरेशनल गाइडलाइन फॉर फाइनेन्शियल मैनेजमेन्ट

भारत सरकार द्वारा जारी ऑपरेशनल गाइडलाइन फॉर फाइनेन्शियल मैनेजमेन्ट को राज्य स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय द्वारा अंगीकृत किया जा चुका है। ऑपरेशनल गाइडलाइन फॉर फाइनेन्शियल मैनेजमेन्ट के प्रावधान उसी प्रकार से लागू है, जैसा कि उसमें वर्णित है, जब तक किसी प्रावधान के लिए अन्यत्र दिशा–निर्देश जारी न किये जाये।

### मैनुअल / कम्प्यूटराईज लेखा पुस्तकों का रख–रखाव

ऑपरेशनल गाइडलाइन फॉर फाईनेन्शियल मैनेजमेन्ट में निर्धारित वित्तीय लेखा–अभिलेखों का रख– रखाव जिला स्वास्थ्य समिति, सी0एच0सी0 / पी0एच0सी0, सब सेन्टर, वी0एच0एस0एन0सी0 एवं अन्य चिकित्सा इकाई स्तर पर किया जाये।

जिला स्वास्थ्य समितियों, सी0एच0सी0 / पी0एच0सी0, जिला अस्पताल एवं अन्य चिकित्सा इकाईयों में हस्तलिखित कैश / बैंक बुक एवं PFMS Log /Cheque Issue Register तैयार किया जाना अनिवार्य है। साथ ही अन्य मूल वित्तीय प्रपत्र एवं रजिस्टर जैसे– बैठको की कार्यवाही के कार्यवृत्त की पत्रावली / रजिस्टर, वेतन रजिस्टर, बिल / बाउचर, टेण्डर / कोटेशन पत्रावली, स्थायी सम्पत्ति / डेड स्टॉक रजिस्टर इत्यादि का समुचित रूप से रख–रखाव किया जाना अपेक्षित है तथा निम्नानुसार निर्धारित समयान्तराल पर वित्तीय अभिलेख तैयार कर सक्षम अधिकारी से हस्ताक्षर करवाते हुए अभिरक्षित किया जाना सुनिश्चित किया जाएः–

| क्रम सं0 | विवरण | समयान्तराल | प्रत्यक्ष रूप से उत्तरदायी व्यक्ति |
|---|---|---|---|
| 1. | चेक निर्गत रजिस्टर / पी0एफ0एम0एस0 लॉग रजिस्टर | प्रतिदिन | पी0एफ0एम0एस0 मेकर / चेकर आई0डी0 यूजर |
| 2. | मैनुअल रोकड बही एवं बैंक बही (जिला स्वास्थ्य समिति के समस्त कार्यक्रम) | प्रतिदिन | लेखा लिपिक |
| 3. | मैनुअल रोकड बही एवं बैंक बही सी0एच0सी0 / पी0एच0सी0 / जिला अस्पताल) | प्रतिदिन | ब्लॉक लेखा प्रबन्धक / जिला अस्पताल का लेखाकार |
| 4. | मैनुअल रोकड बही एवं बैंक बही (डी0पी0एम0यू0) | प्रतिदिन | जिला डाटा कम लेखा सहायक |
| 5. | बैंक समाधान विवरण (एफ0एम0ए0एस0) | मासिक | जिला डाटा कम लेखा सहायक / ब्लॉक लेखा प्रबन्धक / जिला अस्पताल का लेखाकार |
| 6. | पत्रावली / सर्पोटिंग बिल वाउचर्स् के साथ एफ0एम0ए0एस0 से तैयार पेमेंट वाउचर एवं पेमेंट प्रपोजल अन्य सम्बन्धित प्रपत्र का तैयार करना (जिला स्वास्थ्य समिति ) | प्रतिदिन | लेखा लिपिक |
| 7. | पत्रावली / सर्पोटिंग बिल वाउचर्स के साथ एफ0एम0ए0एस0 से तैयार पेमेंट वाउचर एवं पेमेंट प्रपोजल अन्य सम्बन्धित प्रपत्र का | प्रतिदिन | जिला डाटा कम लेखा सहायक |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | तैयार करना (डी0पी0एम0यू0) | | |
| 8. | पत्रावली/सर्पोटिंग बिल वाउचर्स् के साथ एफ0एम0ए0एस0 से तैयार पेमेंट वाउचर एवं पेमेंट प्रपोजल अन्य सम्बन्धित प्रपत्र का तैयार करना (सी0एच0सी0/पी0एच0सी0) | प्रतिदिन | ब्लॉक लेखा प्रबन्धक |
| 9. | पत्रावली/सर्पोटिंग बिल वाउचर्स् के साथ एफ0एम0ए0एस0 से तैयार पेमेंट वाउचर एवं पेमेंट प्रपोजल अन्य सम्बन्धित प्रपत्र का तैयार करना (जिला अस्पताल ) | प्रतिदिन | जिला अस्पताल का लेखाकार |

राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के वित्त एवं लेखांकन सम्बन्धी समस्त कार्य जिला लेखा प्रबन्धक के निर्देशन में डाटा कम लेखा सहायक (DCAA, NUHM) द्वारा निष्पादित किया जायेगा। जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई के वित्त एवं लेखांकन सम्बन्धी समस्त कार्य जिला लेखा प्रबन्धक के निर्देशन में जिला डाटा कम लेखा सहायक/DDAA द्वारा निष्पादित किया जायेगा। नॉन कम्युनिकेबल डिजीज के अन्तर्गत आच्छादित कार्यक्रमों के वित्त एवं लेखांकन सम्बन्धी समस्त कार्य जिला लेखा प्रबन्धक के निर्देशन में फाईनेन्स कम लाजिस्टिक कन्सलटेन्ट द्वारा निष्पादित किया जायेगा। कम्युनिकेबल डिजीज के आच्छादित कार्यक्रमों का वित्त एवं लेखांकन सम्बन्धी समस्त कार्य जिला लेखा प्रबन्धक के निर्देशन में लेखाकार (एन0टी0ई0पी0) द्वारा निष्पादित किया जायेगा।

पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/लेखा/2014–15/210/7108–2 दिनांक 05.10. 2015 एवं 174–75 दिनांक 12.04.2017 के माध्यम से जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों में वित्तीय एवं लेखांकन कार्य हेतु संविदा पर कार्यरत लेखाधिकारी/लेखाकार द्वारा जिला लेखा प्रबन्धक द्वारा आवंटित वित्तीय/लेखांकन कार्य निष्पादित किया जायेगा।

वित्तीय वर्ष 2020–21 तक जिला स्वास्थ्य समितियो, जिला अस्पताल एवं सी0एच0सी0 /पी0एच0सी0 द्वारा Tally ERP-09 का डेटा बैकअप स्वयं सम्बन्धित इकाई के द्वारा तथा जनपद की समस्त इकाईयो का टैली डाटा डी0पी0एम0यू0 द्वारा अभिरक्षित किया जायेगा। राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई स्तर पर जिला स्वास्थ्य समिति के टैली डाटा का बैकअप अभिरक्षित किया जायेगा।

उपरोक्त के अतिरिक्त समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशो का भी अनुपालन किया जाये।

## लेखाकार (जनपदीय चिकित्सालय)

जिला अस्पताल में वित्तीय अभिलेखों के रख–रखाव के लिए जिला अस्पताल में लेखाकारो की तैनाती की गयी है। जनपदो के जिला अस्पताल में तैनात लेखाकारो का मानदेय, एफ0एम0आर0 कोड 185.CP 275 में डी0एच0ए0पी0 के माध्यम से आवंटित धनराशि से आहरित की जायेगी। वार्षिक वृद्धि एवं लॉयल्टी का भुगतान राज्य स्तर से निर्गत दिशा–निर्देश के अनुसार किया जायेगा। नियुक्ति की तिथि /कार्यावधि/मूल्यांकन के आधार पर वास्तविक मानदेय का निर्धारण करते हुए मानदेय का भुगतान किया जायेगा। डी0एच0ए0पी0 में आवंटित मानदेय बजट मात्र है। बजट का आवंटन मात्र आपको व्यय करने के लिए प्राधिकृत नहीं करता अपितु वित्तीय नियमों , शासनादेशो एवं कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित प्रकिया का पालन करते हुए सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरांत ही व्यय नियमानुसार किया जायेगा।

पत्रांक संख्या –एन0एच0एम0/एस0पी0एम0यू0/लेखा/बैम/2014–15/213/3923–75 दिनांक 17.07.2013 के अन्तर्गत जिला अस्पताल में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लिये नियुक्त लेखाकार के कार्य एवं दायित्व को निर्धारित किया गया है।

## लेखाकार (जनपदीय चिकित्सालय) के कार्य एवं दायित्वः–

1. जिला चिकित्सालय से संबंधित समस्त लेखांकन मैनुअल एवं कम्प्युटराइज्ड कार्य।
2. पी0एफ0एम0एस0 में मेकर आई0डी0 का प्रयोग करके समस्त भुगतान तैयार करना।
3. पी0एफ0एम0एस0 लॉग/चेक ईशु रजिस्टर तैयार करना।
4. मैनुअल कैशबुक तैयार करना।

5. मासिक बैंक समाधान विवरण तैयार करना।
6. एफ0एम0आर0, कमिटेड रिपोर्ट, उपयोगिता प्रमाण–पत्र एवं अन्य वित्तीय रिपोर्ट जिला स्वास्थ्य समिति को उपलब्ध कराना।
7. एफ0ए0एम0एस0 सॉफ्टवेयर पर कार्य किया जायेगा।

## फाईनेन्शियल एण्ड एकाउन्टिंग मैनेजमेन्ट सिस्टम (एफ0ए0एम0एस0)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत वित्तीय प्रबन्धन एवं लेखा पुस्तकों के रख–रखाव हेतु Finance and Accounting Management System (FAMS) सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है, जिसके माध्यम से Accounting, Auditing, ROP/DHAP/BHAP, Expenditure & Release इत्यादि व्यवहरित किया जाता है तथा पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण हेतु प्रत्येक स्तर पर ऑन लाईन समस्त रिपोर्ट उपलब्ध रहती है। राज्य स्तर से सम्बन्धित कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा ऑन लाईन डी0एच0ए0पी0 (डैप) तैयार किया जाता है, जिसके उपरान्त जनपद स्तर पर बी0एच0ए0पी0 (बैप) तैयार किया जाता है। वित्तीय लेन–देन की एकाउन्टिग इन्ट्री सॉफ्टवेयर पर की जाती है तथा एफ0ए0एम0एस0 सॉफ्टवेयर के माध्यम से तैयार एक्सल शीट को पी0एफ0एम0एस0 पोर्टल पर अपलोड करके भुगतान किया जाता है। पी0एफ0एम0एस0 पोर्टल से तैयार प्रिन्ट पेमेन्ट एडवाइज की संख्या एवं दिनांक एफ0ए0एम0एस0 पोर्टल पर अंकित किया जायेगा। टी0डी0एस0/जी0एस0टी0/ई0पी0एफ0 इत्यादि जिनका भुगतान चेक/नेट बैंकिंग के माध्यम से किया जाता है। भुगतान पश्चात् , भुगतान विवरण एवं दिनांक एफ0ए0एम0एस0 पोर्टल पर अंकित की जाती है। बैंक समाधान विवरण एफ0ए0एम0एस0 सॉफ्टवेयर द्वारा तैयार किया जाता है।

एफ0ए0एम0एस0 में निम्नलिखित Modules को सम्मिलित किया गया हैः–

1- Budget Module
2- Account Module
3- Audit Module
4- MIS Module
5- User Management Module (Utility Module)
6- Beneficiary Employee/Vendors Management Module
7- Master Module
8- Help desk Module
9- Integration Module

समस्त स्वास्थ्य एवं प्रशासनिक इकाईयो द्वारा सर्वप्रथम एफ0ए0एम0एस0 सॉफ्टवेयर से तैयार एक्सेल फाइल के माध्यम से पी0एफ0एम0एस0 पोर्टल द्वारा भुगतान किये जाने का निर्देश पत्र संख्याः 145–5 दिनांक 08.04.2021 के द्वारा दिया जा चुका है। राज्य स्तर पर एफ0ए0एम0एस0 पोर्टल के माध्यम से तैयार एफ0एम0आर0, एस0एफ0पी0 एवं अन्य वित्तीय रिर्पोट्स के आधार पर समीक्षा की जाती है।

## FAMS पोर्टल से सम्बंधित दिशा–निर्देशः–

1. जिला डाटा कम लेखा सहायक द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति के समस्त खातो की कैश बुक FAMS पोर्टल से निकाल कर सक्षम प्राधिकारी से हस्ताक्षर कराया जायेगा।
2. जिला अस्पताल के लेखाकार द्वारा जिला अस्पताल के समस्त बैंक खाते की कैश बुक FAMS पोर्टल से निकाल कर सक्षम प्राधिकारी से हस्ताक्षर कराया जायेगा।
3. ब्लॉक लेखा प्रबन्धक द्वारा ब्लॉक के समस्त CHC/PHC खातो की कैश बुक FAMS पोर्टल से निकाल कर सक्षम प्राधिकारी से हस्ताक्षर कराया जायेगा।

## केन्द्रीयकृत वेतन/मानदेय तथा ई0पी0एफ0

पत्र संख्या एन0एच0एम0/एस0पी0एम0यू0/लेखा/बुककीपिंग/2022–23/484/8805 दिनांक 20.02.2023, एन0एच0एम0/एस0पी0एम0यू0/लेखा/इटंरनेट बैकिंग/2023–24/279 /7123 दिनांक 12.12.2023 एवं 575/एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0 एच0आर0 /2023–24/9268 दिनांक 22.02.2024 के माध्यम से केन्द्रीयकृत वेतन/मानदेय तथा ई0पी0एफ0 के भुगतान की व्यवस्था की गयी है।

- प्रत्येक माह का देय मानदेय/वेतन का भुगतान अगामी माह की 03 तारीख तथा ई0पी0एफ0 का भुगतान 15 तारीख तक किया जाना होता है इसके अतिरिक्त प्रत्येक वर्ष के मार्च माह का देय वेतन/मानदेय एवं ई0पी0एफ0 का भुगतान 31 मार्च तक कर दिया जायेगा।
- कर्मचारी एवं नियोक्ता के अंशदान की धनराशि जिला स्वास्थ्य समिति NHM के ZBSA खातों से जिला स्वास्थ्य समिति के Holding Bank A/c में हस्तान्तरित किया जायेगा, तत्पश्चात् ई0पी0एफ0ओ0 को कॉरपोरेट इन्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से इस बैंक खाता के संयुक्त हस्ताक्षरी द्वारा अपना–अपना आई0डी0 एवं पासवर्ड का प्रयोग करके भुगतान किया जायेगा।
- जनपद के अन्तर्गत मुख्य चिकित्साधिकारी के अधीन आने वाली स्वास्थ्य इकाइयों (सी0एच0सी0/पी0एच0सी0/उपकेन्द्र इत्यादि) पर कार्यरत समस्त अधिकारी/कर्मचारी के मानदेय/वेतन का भुगतान जिला स्वास्थ्य समिति से किया जायेगा।
- मेडिकल कॉलेज जो कि मुख्य चिकित्साधिकारी के अधीन नहीं आते है, उन इकाइयों में कार्यरत्त एन0एच0एम0 संविदा कर्मियो के मानदेय का भुगतान कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी से किया जायेगा।
- जनपद के अन्दर कार्यरत कर्मियों जिनके मानदेय/वेतन का नियमानुसार भुगतान जिला स्वास्थ्य समिति स्तर से किया जाएगा, का वेतन रजिस्टर जिला स्वास्थ्य समिति स्तर पर तैयार किया जायेगा।

उपरोक्त के अतिरिक्त समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों का भी अनुपालन किया जाये।

## पब्लिक फाइनेन्शियल मैनेजमेंट सिस्टम (Public Financial Management System)

वित्तीय व्यवहार, लेनदेन एवं भुगतान में पारदर्शिता लाने ऑनलाइन ससमय वित्तीय रिपोर्ट तैयार करने हेतु भारत सरकार द्वारा जारी पब्लिक फाईनेन्शियल मैनेजमेंट सिस्टम (पी0एफ0एम0एस0) वेब पोर्टल के माध्यम से राज्य, जनपद एवं ब्लॉक स्तरीय इकाईयो (उपकेन्द्र एवं वी0एच0एन0सी0 को छोड़कर) द्वारा समस्त धनराशियों का भुगतान/अवमुक्त/स्थानान्तरण (राज्य एवं केन्द्र सरकार के ट्रेजरी को भुगतान किये जाने वाली धनराशि जैसे–आयकर, व्यापार कर, अन्य कटौतिया/वैधानिक देयताओ को छोड़कर) पत्र संख्या एस0पी0एम0यू0/एन0आर0एच0एम0/2012–13/लेखा/पी0एफ0एम0एस0/187/5067 दिनांक 04.02.2015 एवं 08.04.2015 के अनुरूप किया जाना अनिवार्य कर दिया गया है।

भारत सरकार द्वारा इस पोर्टल को लागू करने का उद्देश्य मध्यस्थ को भुगतान न करके सीधे सम्बन्धित लाभार्थी, अधिकारी/कर्मचारी एवं आपूर्तिकर्ता एवं सेवा प्रदाता के खाते में भुगतान पी0एफ0एम0एस0 वेब पोर्टल के माध्यम से ई–पेमेन्ट प्रिन्ट एडवाइज के द्वारा किया जाना है। इस सम्बन्ध में पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0/एन0आर0एच0एम0/2012–13/ लेखा/ पी0एफ0एम0एस0/187/1380–ए दिनांक 11.06.2015 एवं पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0/ एन0आर0एच0एम0/ लेखा/ पी0एफ0एम0एस0 /187/2017–18/1787–6 दिनांक 28.05.2018 के द्वारा दिशा–निर्देश जारी किये गये है।

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं पी0एम0–अभीम के अन्तर्गत SNA तथा नेशनल टेली मेंटल हेल्थ प्रोग्राम के अन्तर्गत CNA व्यवस्था लागू की गयी है, जिसके अन्तर्गत Implementing Agency के लिए ZBSA एवं Holding Bank A/c खोला गया है। PFMS पोर्टल में दी गयी व्यवस्था के

अनुसार जी0एस0टी0 / टी0डी0एस0 / ई0पी0एफ0 / ई0एस0आई0 एवं अन्य वैधानिक ऑडिट कटौती आदि का भुगतान Holding Bank A/c से किया जायेगा।

- जन आरोग्य मन्दिर (उपक्रेन्द स्तरीय), उपकेन्द्र, ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति एवं महिला आरोग्य समिति का पंजीकरण पी0एफ0एम0एस0 वेब पोर्टल पर किया जाना अनिवार्य है। जब तक उपकेन्द्र एवं ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति एवं महिला आरोग्य समिति का पंजीकरण पी0एफ0एम0एस0 वेब पोर्टल पर नहीं किया जाता है, तब तक इनको धनराशि का हस्तान्तरण नहीं किया जा सकेगा। उपकेन्द्र एवं ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति एवं महिला आरोग्य समिति द्वारा अपने व्यय का भुगतान चेक या नियमानुसार अन्य माध्यम से किया जा सकता है।
- पत्र संख्या एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / लेखा / पी0एफ0एम0एस0 / 1782–6 दिनांक 28.05.2018 के माध्यम से पी0एफ0एम0एस0 संचालन में चेकर / मेकर एवं उनके कार्य व दायित्वों का निर्धारण किया गया है, जिसका अनुपालन सुनिश्चित करें।

## आन्तरिक नियंत्रण व्यवस्था (इन्टर्नल कन्ट्रोल सिस्टम)

**आन्तरिक नियंत्रण हेतु चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अन्तर्गत मण्डलीय / जनपद स्तर पर वित्त एवं लेखा सेवा के अधिकारियों / कर्मचारियों की नियुक्ति की गयी है, जिनके कार्य एवं दायित्व निम्न हैः–**

एन0एच0एम0 के अन्तर्गत वित्तीय लेन देनों में आन्तरिक नियंत्रण एवं पारदर्शिता लाने के लिये शासनादेश संख्या–637 / सेक –5–पांच– 2016–320 / 2011 टी0सी0 दिनांक 17.05.2016 के अन्तर्गत जनपदों में मुख्य चिकित्साधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के कार्यालयो में तैनात वित्त एवं लेखा अधिकारियों के माध्यम से निम्नवत् कार्य दायित्व निर्धारित किया गया हैः–

(क) मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में समस्त वित्त एवं लेखा अधिकारियों से एन0एच0एम0 / राज्य बजट से सम्बन्धित समस्त लेखा सम्बन्धी कार्य लिये जाये, क्योकि वित्त लेखा अधिकारियो को उक्त कार्यों की विशिष्टता प्राप्त है और वे विभाग में वित्तीय अनुशासन को सुदृढ करने में सक्रिय भूमिका निभा सकते है। समस्त जनपदों में मुख्य चिकित्साधिकारियों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यो में सहायता करने, लेखा–अभिलेखों को पूर्ण कराने, प्रत्येक माह एफ0एम0आर0 भेजने, वित्तीय मामलों में परामर्श देने के लिये जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई में जिला लेखा प्रबन्धक की नियुक्ति की गयी है। जिला लेखा प्रबन्धक जनपदों में एन0एच0एम0 से सम्बन्धित धनराशि के व्यय एवं उनका लेखा–जोखा रखने के लिए उत्तरदायी होगें। वर्तमान में मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में वित्तीय परामर्श से सम्बन्धित पत्रावलियां जिला लेखा प्रबन्धक के पास नहीं आती है, जिसके कारण वित्तीय नियंत्रण शिथिल रहता है।

(ख) एन0एच0एम0 से सम्बन्धित समस्त पत्रावलियां सम्बन्धित कार्यक्रम अधिकारियों के लिपिकों द्वारा तैयार कराकर सम्बन्धित कार्यक्रम अधिकारी व जिला लेखा प्रबन्धक के माध्यम से वित्त एवं लेखा अधिकारी को प्रस्तुत करें, जो मुख्य चिकित्साधिकारियों को प्रस्तुत करेंगे। यह प्रकिया प्रशासनिक तथा वित्तीय स्वीकृति प्राप्त करने हेतु की जाये।

(ग) पत्र संख्या एस0पी0एम0यू0 / एन0आर0एच0एम0 / लेखा / 2017–18 / 9461–75 दिनांक 08.12.2017 के माध्यम से भुगतान / धनराशि अवमुक्त किये जाने की प्रकिया निर्धारित की गयी थी। तदानुसार ब्लॉक एवं इकाइयों को फण्ड ट्रान्सफर तथा सेवायें / कार्य के भुगतान की पत्रावली को वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी / वित्त एवं लेखाधिकारी के माध्यम से अग्रसारित किया जाना सुनिश्चित करें।

(घ) राज्य बजट की समस्त पत्रावलियां जिसमें वित्तीय उपाशय निहित हो, सम्बन्धित अधिकारी द्वारा वित्त एवं लेखा अधिकारियों के माध्यम से मुख्य चिकित्सा अधिकारियो को प्रस्तुत की जाए, जिससे वित्तीय उपाशयों में वित्त एवं लेखा अधिकारियों का मंतव्य अवश्य लिया जाए तथा क्रय एवं टेण्डर सम्बन्धित समस्त कार्य वित्त एवं लेखा अधिकारियो की सहभागिता से कराये जाये। यह प्रकिया प्रशासनिक तथा वित्तीय स्वीकृति प्राप्त करने हेतु की जाये।

(च) वित्त एवं लेखा अधिकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के कार्यालय के लेखों के रख–रखाव, आगामी वित्तीय वर्ष के बजट की तैयारी, व्यय विवरण तैयार करना एवं समय से महानिदेशालय

को भेजना, बचत–व्ययाधिक्य का विवरण तैयार करना इत्यादि समस्त कार्य के लिए उत्तरदायी होगें।

(छ) उपरोक्त समस्त उत्तरदायित्व वित्तीय हस्तपुस्तिका–5, अध्याय–18 एवं समय–समय पर निर्गत शासनादेशों में निहित वित्त एवं लेखा अधिकारियो के उत्तरदायित्व मुख्य चिकित्सा अधिकारियो के कार्यालय में वही होंगे, जो विभागाध्यक्ष स्तर पर वित्त नियंत्रक के होते है।

**बैकिंग व्यवस्था एवं बैक खातों का संचालन**

राज्य स्तर से द्वारा निर्देशित नवीन बैंकिंग व्यवस्था लागू किये जाने के सम्बन्ध में जारी शासनादेश संख्या–1252/पाँच–9–2014–9(32)/07 दिनांक 09.10.2014 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार बैक खातों का संचालन किया जाये। इस सम्बन्ध में जारी पत्र संख्या एस0पी0एम0यू0/एन0आर0एच0एम0 /लेखा/2014–15/3867–75 दिनांक 02.12.2014, पत्र संख्या एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0 /लेखा/2019–20/85/2077–4 दिनांक 24.07.2021 एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/लेखा /2019–20/85/3026 दिनांक 27.08.2021, पत्र संख्या एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/लेखा /2019–20/85/3075–3 दिनांक 31.08.2021 में दिये गये निर्देशों का अनुपालन कर नवीन बैंकिंग व्यवस्था के अन्तर्गत धनराशि स्थानान्तरित/अवमुक्त की जाये।

**रोगी कल्याण समिति का वैधानिक अंकेक्षण**

प्रदेश की समस्त रोगी कल्याण समिति का पंजीकरण समिति पंजीकरण अधिनियम के अन्तर्गत किया गया है। चूंकि रोगी कल्याण समिति अलग से पंजीकृत संस्था है, अतः अलग से वैधानिक आडिट कराया जाना आवश्यक है। राज्य ऑडिट कमेटी द्वारा आर0के0एस0 ऑडिट हेतु देय अधिकतम ऑडिट फीस का निर्धारण किया गया है, जो कि निम्नवत् हैः–

| वित्तीय वर्ष (जिसका ऑडिट किया जाना है) | राज्य ऑडिट कमेटी की बैठक की तिथि | रोगी कल्याण समिति का स्तर | फीस (प्रतिवर्ष/प्रति आर0के0एस0) |
|---|---|---|---|
| 31.03.2016 तक | 28.05.2015 | ब्लॉक स्तरीय | रु0 500.00 |
| | | जनपद स्तरीय | रु0 1500.00 |
| 2016–17 | 14.01.2016 | ब्लॉक स्तरीय | रु0 1000.00 |
| | | जनपद स्तरीय | रु0 2000.00 |
| 2017–18<br>2018–19<br>2019–20 | 25.01.2017 | ब्लॉक स्तरीय | रु0 2000.00 |
| | | जनपद स्तरीय | रु0 3000.00 |
| 2020–21<br>2021–22<br>2022–23<br>2023–24 | 25.01.2017 | ब्लॉक स्तरीय | रु0 2000.00 |
| | | जनपद स्तरीय | रु0 3000.00 |

राज्य ऑडिट कमेटी की बैठक में जनपद/ब्लाक रोगी कल्याण समिति का वैधानिक अंकेक्षण वार्षिक अधिकतम सीमा तक निर्धारित की गई है।

**कान्करेन्ट ऑडिट**

भारत सरकार द्वारा जारी ''ऑपरेशनल गाइडलाइन्स फॉर फाइनेन्शियल मैनेजमेंट'' में कान्करेन्ट आडिट सिस्टम की व्यवस्था की गयी है, जिसके अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति के खातो का मासिक आडिट जिला स्वास्थ्य समिति से नियुक्त कान्करेन्ट आडिटर द्वारा की जाती है तथा कान्करेन्ट आडिट की रिपोर्ट मासिक रुप से जिला स्वास्थ्य समिति को उपलब्ध करायी जाती है, जिसकी एक प्रति जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा राज्य स्वास्थ्य समिति को उपलब्ध करायी जाती है।

**जिला ऑडिट कमेटी के सदस्यो का विवरणः–**

| Person | Designation in Committee |
|---|---|
| District Magistrate | Chairman |
| Chief Medical Officer | Member-Secretary |

| | |
|---|---|
| Senior Finance & Account Officer / Finance & Account Officer | Member |
| District Accounts Manager | Member |
| Representative from NDCP (at least one) | Member |

**जिला ऑडिट कमेटी के प्रमुख कार्यः–**

- Selection and appointment of District concurrent auditors (in concurrence with the State Audit Committee).
- Monitoring timely audits at the district level and timely submission of audit reports.
- Discussing the key audit findings with district concurrent auditor and District Accounts Manager and suggest appropriate actions.
- Monitoring whether adequate follow up action is being taken by the District Accounts Manager on the audit observations.
- Monitor whether ATR has been prepared by the DAM/ CMO and given to the auditor and whether the same has been vetted and sent by the auditor within the requisite time limit.
- Carrying out an assessment of the audits in case the auditors are being considered to be reappointed with intimation to State Audit Committee (SAC).
- Renewal of the auditors' contracts with intimation to SAC.

**कान्करेन्ट ऑडिट रिपोर्ट**

कान्करेन्ट ऑडीटर से टी0ओ0आर0 में दर्शाये गये समस्त कार्य कराए जाये। कान्करेन्ट ऑडिटर द्वारा अगले माह की 10 तारीख तक रिपोर्ट जिला स्वास्थ्य समिति को उपलब्ध कराया जायेगा। जनपद द्वारा अगले माह की 15 तारीख तक मासिक कान्करेन्ट आडिट रिपोर्ट राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई को उपलब्ध करायी जाये।

**जिला ऑडिट कमेटी की बैठकः–**

**जिला ऑडिट कमेटी की प्रत्येक वित्तीय वर्ष में कम से कम 6 बैठके आयोजित किया जाना है।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गयी ऑपरेशल गाइडलाइन फॉर फाईनेन्शियल मैनेजमेन्ट को वित्तीय वर्ष 2012–13 से प्रदेश में लागू किया गया है, जिसके अनुपालन में राज्य स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय द्वारा अपनी बैठक दिनांक 06.06.2012 में अनुमोदनानुसार पत्रांक– एन0आर0एच0एम0/एस0पी0एम0यू0/कॉन0ऑडिट/2012.13/174/583–11 दिनांक 25.06.2012 के द्वारा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला ऑडिट कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें मुख्य चिकित्साधिकारी सहित वित्त एवं लेखाधिकारी तथा जिला लेखा प्रबन्धक सम्मिलित है। जिला ऑडिट कमेटी की बैठक कम से कम प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 06 बार की जानी है, जिसमें कान्करेन्ट आडिट में की गयी संस्तुतियो और खामियों पर त्वरित कार्यवाही अपेक्षित है।

**जिला ऑडिट कमेटी की बैठक के मुख्य एजेण्डा बिन्दु**

जिला ऑडिट कमेटी का सदस्य सचिव होने के नाते मुख्य चिकित्साधिकारी का यह दायित्व है कि नियमित अन्तराल पर जिला ऑडिट कमेटी की बैठक आहूत कराये। जिला ऑडिट कमेटी की बैठक में एजेन्डा में निम्न बिन्दुओं को आवश्यक रूप से शामिल किया जाए–

1. जिला कान्करेन्ट ऑडिटर के चयन एवं परफॉरमेन्स ऑडिट कार्य की समीक्षा।
2. राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई को ऑडिट रिपोर्ट को प्रेषित किये जाने की समीक्षा।
3. जनपद की समस्त इकाईयों के लेखा पुस्तकों के रख–रखाव की समीक्षा।
4. ऑडिट आपत्तियों पर कृत कार्यवाही की समीक्षा।
5. राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई को ए0टी0आर0 प्रेषित किये जाने की समीक्षा।
6. बड़े कार्य/सेवाएं के टेन्डर की समीक्षा भी की जाए।
7. दस लाख से अधिक के टेण्डरों की प्रक्रिया एवं वैधता का कान्करेन्ट ऑडिटर से परीक्षण कराकर ही क्रय आदेश जारी करने की समीक्षा की जाए और अनियमित प्रक्रिया होने पर क्रय आदेश निर्गत न किये जाए। अविलम्ब प्रशासनिक कार्यवाही करें।

8. ''कान्करेन्ट ऑडिट में यह अवश्य देख लिया जाए कि जी0एफ0आर0 प्रक्रिया/सी0वी0सी0 गाईडलाईन/वित्त पथ/क्रय मैनुअल का पालन हो रहा है या नहीं, Fair Competetion Allow किया गया है, इस प्रक्रिया से जिलाधिकारी/मिशन निदेशक–एन0एच0एम0/महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं को सूचित किया जाए, जिससे अग्रिम प्रभावी कार्यवाही हो सके।''
9. अन्य बिन्दु आवश्यकतानुसार।

## ऑडिट फीस का भुगतान

जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा कान्करेन्ट ऑडिटर की ऑडिट फीस हेतु एफ0एम0आर0 कोड संख्या 194.54 पर प्रावधानित धनराशि का उपयोग भारत सरकार से प्राप्त "Operational Guideline of Financial Management" में दिये गये प्राविधानों एवं टी0ओ0आर0 के अनुरूप ऑडिट निष्पादन के उपरान्त किया जाना है। कॉन्करेन्ट ऑडिटर को फीस का भुगतान त्रैमासिक आधार पर रिपोर्ट उपलब्ध कराये जाने के उपरान्त किया जाये। इसके साथ ही यदि किसी कारणवश जनपदीय स्वास्थ्य समिति/राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई द्वारा जनपदीय कान्करेन्ट ऑडिटर के कार्य को अस्वीकार कर दिया जाता है तो इस स्थिति में जनपद के कान्करेन्ट ऑडिटर की फीस का भुगतान देय नहीं होगा।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तथा विभाग की अन्य योजनाओं में वित्तीय अनुशासन लागू किया जानाः–

आम जनता को लाभ पहँचाने के उद्देश्य से योजनाओं के संचालन में शासन/एन0एच0एम0 का बहुत बड़ा बजट जनपद को निर्गत किया जाता है, जिसका उपयोग मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला स्वास्थ्य समिति की देख रेख में किया जाता है। योजना के क्रियान्वयन तथा बजट के व्यय में वित्तीय अनुशासन बना रहे तथा किसी तरह का भ्रष्टाचार/गबन इत्यादि न हो इसके लिये प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/ कॉ0ऑडिट/ 2019–20/412/6111–2 दिनांक 16 अक्टूबर 2019 के माध्यम से योजना क्रियान्वयन/क्रय प्रक्रिया के सम्बन्ध दिशा–निर्देश निर्गत किया गया है ।

## एन0एच0एम0 के अन्तर्गत कार्यक्रमों की वैधानिक सम्प्रेक्षा

एन0एच0एम0 के अन्तर्गत राज्य स्वास्थ्य समिति तथा जिला स्वास्थ्य समिति के वैधानिक आडिट के उपरान्त भारत सरकार को आडिट रिपोर्ट, ऑडिटेड बैलेन्स शीट एवं आडिटेड उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजा जाय। वैधानिक अंकेक्षण के दौरान निम्नलिखित कार्यवाहियॉ अपेक्षित हैः–

1. ऑडिट टीम के पहुॅचने के पूर्व ही जनपद/ब्लाक एवं अन्य कार्यालयों में रखे अभिलेखों को अद्यतन करा लें तथा आडिट टीम के पहुॅचने पर टीम के समक्ष तत्काल प्रस्तुत करायें।
2. जनपद के लेखों के रख–रखाव हेतु जनपद के जिला लेखा प्रबन्धक (DAM) को पूर्ण रूप से उत्तरदायी बनाते हुये समस्त अभिलेख प्राप्त करवा दें।
3. ऑडिट टीम के 'रफनोट' (मेमो) में अंकित आपत्तियों को स्थल पर ही दूर करायें उन्हें कदापि अनुत्तरित न छोड़ें।
4. FAMS पोर्टल पर समस्त वित्तीय प्रविष्टि एवं BHAP की कार्यवाही पूर्ण कर लें।

## लेखा पुस्तकों के अन्तिमीकरण के दिशा–निर्देश

1. कैश एवं बैंक बुक को ससमय पूर्ण किया जाना।
2. सभी कार्यक्रमों के खाता बही ससमय तैयार किया जाना।
3. सभी कार्यक्रमों के जर्नल, खाता बही बनाया जाना चाहिए एवं सभी प्रारंभिक अवशेष के साथ ही साथ समायोजन प्रविष्टियों और अग्रिम प्रविष्टियों का लेखा–परीक्षा रिपोर्ट के अनुसार समायोजन कर पूर्ण किया जाना।
4. वाउचर क्रमानुसार संख्या में होना चाहिए।
5. बैंक समाधान विवरण ससमय तैयार करें।
6. त्रैमासिक एवं वार्षिक वित्तीय विवरण एवं मासिक ट्रायल बैलेंस Concurrent ऑडिटर के द्वारा प्रमाणित कराना।
7. वैधानिक ऑडिट के प्रारंभ से पहले प्रत्येक स्तर पर प्राप्ति, भुगतान एवं आय और व्यय खाते बैलेंस शीट में अंगीकृत कर लें।

8. फंड प्राप्त एवं अन्तरण का विवरण ससमय तैयार कर मिलान कर लें।
9. वैधानिक अंकेक्षण के प्रारंभ से पूर्व राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई से प्रेषित अनुदेश के अनुसार कृत कार्यवाही तैयार कर वैधानिक (स्टेच्यूटरी) अंकेक्षण को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
10. एन0एच0एम0 के अन्तर्गत सभी कार्यक्रमों के सभी रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जाना चाहिए।
11. अग्रिम धनराशि का विश्लेषण कर उसका समाधान ससमय कराना सुनिश्चित करें।
12. एन0एच0एम0, पी0एम0 अभीम, ई0सी0आर0पी0–I, ई0सी0आर0पी0–II, 15th FC एवं राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा Funded अन्य समितियो के अन्तर्गत सभी कार्यक्रमों की पी0एफ0एम0एस0 लॉग रजिस्टर/चेक बुक रजिस्टर बैंक खाता के हस्ताक्षरी से सत्यापित कराना।
13. एन0एच0एम0 के अन्तर्गत अचल संपत्ति का भौतिक सत्यापन करना।
14. महत्वपूर्ण अनुबंध/सहमति, ज्ञापन रजिस्टर में पंजीकृत कर सुरक्षित अभिरक्षा में रखा जाना ।
15. स्टॉक रजिस्टर वैधानिक (स्टेच्यूटरी) आडिटर के द्वारा प्रमाणित होना चाहिए।
16. टी०डी०एस० की कटौती की धनराशि एवं रिर्टन को ससमय जमा किया जाना चाहिए।
17. एफ.एम.आर./स्टेटमेंट ऑफ़ फंड पोजीशन का मिलान कर कांकरेंट ऑडिटर से प्रमाणित कर लें।
18. जनपद की समस्त इकाइयों के खाता बहियों का रख–रखाव फैम्स पर कराना सुनिश्चित करें।
19. वी0एच0एस0एन0सी0 एवं उपकेन्द्रों से प्राप्त उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ ब्लॉक स्तरीय सी0एच0सी0/पी0एच0सी0 पर अभिरक्षित रखें।
20. रोगी कल्याण समिति से प्राप्त उपयोगिता प्रमाण पत्र को जिला स्वास्थ्य समिति एवं ब्लॉक स्तरीय सी0एच0सी0/पी0एच0सी0 पर अभिरक्षित रखें।
21. रोगी कल्याण समिति की वैधानिक ऑडिट रिपोर्ट की एक प्रति जिला स्वास्थ्य समिति पर अभिरक्षित रखें।
22. कांकरेंट ऑडिट रिपोर्ट की एक प्रति जिला स्वास्थ्य समिति पर अभिरक्षित रखें।

## अन्य वित्तीय दिशा–निर्देश

- धनराशि व्यय/अवमुक्त किये जाने के सम्बन्ध में इस कार्यालय के पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0 एन0आर0एच0एम0/2013–14/3367–75 दिनांक 3.11.2014 में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।
- धनराशि का आवंटन मात्र आपको व्यय करने के लिये प्राधिकृत नहीं करता, अपितु ऑपरेशनल गाइडलाइन फॉर फाइनेंशियल मैनेजमेन्ट में दी गयी व्यवस्था, वित्तीय नियमों, शासनादेशों, अन्य प्रभावी नियमों/निर्देशों एवं निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए, सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त ही व्यय नियमानुसार किया जाये। जिस कार्यकम/मद में जितनी धनराशि आवंटित की गयी है, उसी सीमा तक व्यय नियमानुसार किया जाये।
- राज्य कार्यकारी समिति, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की अनुमति के बिना स्वीकृत मद का पुर्नविनियोग (re-appropriation) कदापि न किया जाये। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाये कि एक कार्यक्रम की धनराशि दूसरे कार्यक्रमों में स्थानान्तरित न हो।
- जिला स्वास्थ्य समिति एवं समस्त इकाइयों के वित्तीय अभिलेख कैशबुक, बैंक बुक, लेजर, चेक इश्यू रजिस्टर, स्थायी सम्पत्तियों का रजिस्टर आदि लेखा पुस्तकों में सभी प्रविष्टियॉ समय से पूर्ण कराये।
- जिला स्वास्थ्य समिति एवं समस्त इकाइयों के बैंक समाधान विवरण प्रत्येक माह के अन्त में तैयार करना सुनिश्चित कराये, जिससे बैंक खातों तथा सोसाइटी एवं समस्त इकाइयों के लेखों में कोई भिन्नता न रहें।
- समस्त इकाईयों को अग्रिम के रूप में अवमुक्त की गयी धनराशियों के सापेक्ष व्यय की गई धनराशियों के उपयोगिता प्रमाणपत्र प्राप्त करते हुए लेखा पुस्तकों में समायोजन दर्शाना सुनिश्चित करें।

- प्रत्येक माह का मासिक व्यय विवरण (एफ0एम0आर0) लेखा पुस्तकों की प्रविष्टियों से मिलान कर तैयार किया जाये तथा यह भी सुनिश्चित कर लें कि प्रत्येक माह की एफ.एम.आर. में दर्शायी गयी धनराशि एवं लेखा पुस्तकों में प्रविष्टि की गयी धनराशि में मदवार कोई अन्तर न रहे।
- व्यय से सम्बन्धित समस्त लेखाबहियॉ, बिल वाउचर्स व अन्य अभिलेखों को अपने स्तर पर सुरक्षित रखें एवं नियुक्त मासिक कान्करेन्ट आडिटर, स्टेटच्यूरी आडिटर, महालेखाकार के आडिट एवं सक्षम निरीक्षण अधिकारी हेतु उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत उपलब्ध कराये गये आपरेशनल गाइडलाइन्स फॉर फाइनेन्शियल मैनेजमेन्ट (अद्यावधिक संशोधित) में दिये गये दिशा–निर्देशों एवं प्रक्रिया का पालन समस्त स्तरो पर किया जाना सुनिश्चित करें।

**कमिटेड बजट धनराशि को फैम्स पोर्टल के माध्यम से व्यय हेतु दिशा–निर्देशः–**

1. वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु फैम्स पोर्टल पर कमिटेड के रूप में रक्षित कराये जाने के पश्चात् भुगतान करना सुनिश्चित किया जाये।
2. भारत सरकार के ऑपरेशनल गाइडलाइन फॉर फाईनेन्शियल मैनेजमेन्ट के अध्याय–2 प्रस्तर 2. 4.4 एवं कमिटेड धनराशि के प्राविधानों के अनुरूप कमिटेड धनराशि का निर्धारण किया गया हो तथा जनपद में उपलब्ध बजट के सापेक्ष फैम्स पोर्टल से कमिटेड बजट के रूप में रक्षित कराया गया हो।
3. गतिविधियों हेतु धनराशि को कमिटेड कर लिया जाना मात्र ही भुगतान हेतु स्वीकृति नहीं है, मात्र उन्हीं दायित्वों का भुगतान किया जाए जिनके व्यय के सम्बन्ध में समस्त औपचारिकतायें पूर्ण करते हुए सक्षम स्तर से व्यय हेतु स्वीकृति भी प्राप्त कर ली गयी हो। जनपदो द्वारा उपलब्ध धनराशि से कमिटेड धनराशि का व्यय किया जायेगा एवं किसी भी प्रकार के अनियमित व्यय के सापेक्ष भुगतान कदापि मान्य नहीं होगा तथा भुगतान हेतु स्थापित नियमों तथा समय–समय पर प्रेषित निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।
4. मानव संसाधन में स्वीकृत पद के सापेक्ष नियुक्त एवं कार्यरत संविदा कर्मी जिनका भुगतान संगत वर्ष में नहीं किया जा सका है, का भुगतान प्राप्त बजट से वर्ष 2023–24 में किये गये भुगतान को समायोजित करते हुए अवशेष धनराशि की सीमा तक ही किया जाये।
5. वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु जारी डैप/कमिटेड/आर0ओ0पी0/एस0आर0ओ0पी0 एवं जारी स्वीकृति आदेश के अतिरिक्त किसी अन्य मद में कमिटेड धनराशि का भुगतान मान्य नहीं है तथा किसी भी मद में अवशेष बजट से अधिक कमिटेड धनराशि अनुमन्य नहीं है। अतः फैम्स सॉफ्टवेयर में उपलब्ध बजट की सीमा तक धनराशि कमिटेड हेतु रक्षित है।
6. कमिटेड धनराशि का व्यय फैम्स पोर्टल के माध्यम से उन्हीं गतिविधियों (एफ0एम0आर0 कोड) में किया जाए, जिस गतिविधि (एफ0एम0आर0 कोड) में धनराशि कमिटेड हेतु रक्षित करायी गयी है एवं व्यय गत वर्ष के क्रय संपन्न गतिविधि के सापेक्ष किया जाये।
7. **जनपदो द्वारा किसी ऐसी गतिविधि का कमिटेड धनराशि के रूप में रक्षित कराया गया हो जिसका वाद मा0 न्यायालय के अधीन प्रकरण लम्बित है। उक्त धनराशि का व्यय मा0 न्यायालय के निर्णयानुसार धनराशि का समायोजन/भुगतान किया जायेगा। मात्र कमिटेड के रूप में रक्षित कराया जाना उक्त गतिविधि हेतु स्वीकृत नहीं मानी जायेगी और न ही मात्र कमिटेड कराया जाना देयता का आधार होगा।**
8. कमिटेड के सापेक्ष व्यय की गयी धनराशि बिन्दु–1 से 7 में दिये गये प्राविधानों के अनुरूप न होने की स्थिति में उक्त व्यय वित्तीय अनियमित्ता की श्रेणी में आयेगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित कर्मचारी/अधिकारी का होगा।

9. कमिटेड के रूप में रक्षित करायी गयी धनराशि का मदवार व्यय भुगतान वास्तविक देयता के आधार पर ही होगा। भुगतान फैम्स सॉफ्टवेयर के माध्यम से ही किया जायेगा तथा बिल बाउचर भविष्य के लिये सुरक्षित रखा जायेगा, जिसे वैधानिक/कान्करेन्ट/सी0ए0जी0/ए0जी0 ऑडिट के समक्ष सम्प्रेक्षा हेतु उपलब्ध कराया जायेगा।

आपसे अनुरोध है कि कृपया दिये गये दिशा–निर्देशों की प्रति समस्त जनपदीय ए0सी0एम0ओ0/कार्यक्रम अधिकारियां, जिला स्तरीय चिकित्सालय, जो कि मेडिकल कॉलेज में परिवर्तित हो चुके हैं अथवा परिवर्तित किये जा रहें हैं, जनपदीय चिकित्सालयों के एस0आई0सी0/सी0एम0एस0 व सी0एच0सी0 एवं पी0एच0सी0 के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को उपलब्ध करा दें तथा दिये गये निर्देशों का पालन कराना सुनिश्चित करें, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभावना न रहे एवं योजनाओं को ससमय निर्धारित मानकानुसार प्रत्येक स्तर पर संचालित किया जा सके। आवंटित धनराशि का व्यय एन0एच0एम0 की ऑपरेशनल गाइडलाइन्स फॉर फाइनेन्शियल मैनेजमेंट के अनुसार किया जाये तथा यह सुनिश्चित किया जाये कि योजनाओं/गतिविधियों हेतु जनपदवार, मदवार स्वीकृत धनराशि की सीमा तक ही व्यय हो। किसी भी दशा में उपलब्ध कराई गयी धनराशि का व्यय अन्य किसी मद में न किया जाये। यदि किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता पाई जाती है तो आप व्यक्तिगत रुप से उत्तरदायी होंगे।

***संलग्नक – यथोक्त।***

भवदीया,

Pinky 07/10/24

**(डॉ0 पिंकी जोवल)**
मिशन निदेशक

**पत्र संख्या – एस0पी0एम0यू0/नियं.जन/17/2024–25/** **तद्दिनांक**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –**

1. अपर सचिव एवं मिशन निदेशक (एन0एच0एम0), भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली।
2. प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
3. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4. महानिदेशक, परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
5. महानिदेशक, प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
6. सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
7. अधिशासी निदेशक, सिफ्सा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
8. अधिशासी निदेशक, यू0पी0–टी0एस0यू0, लखनऊ।
9. प्रबन्ध निदेशक–यू0पी0एम0एस0सी0एल, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
10. निदेशक, राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, इंदिरा नगर, लखनऊ।
11. समस्त मंडलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
12. समस्त मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश।
13. समस्त महाप्रबन्धक/उपमहाप्रबन्धक/प्रभारी मुख्य अभियन्ता, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश।
14. वित्त नियंत्रक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश।
15. समस्त मण्डलीय/जनपदीय कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, उत्तर प्रदेश।

**(डॉ0 पिंकी जोवल)**
मिशन निदेशक

9. कमिटेड के रूप में रक्षित करायी गयी धनराशि का मदवार व्यय भुगतान वास्तविक देयता के आधार पर ही होगा। भुगतान फैम्स सॉफ्टवेयर के माध्यम से ही किया जायेगा तथा बिल बाउचर भविष्य के लिये सुरक्षित रखा जायेगा, जिसे वैधानिक / कान्करेन्ट / सी0ए0जी0 / ए0जी0 ऑडिट के समक्ष सम्प्रेक्षा हेतु उपलब्ध कराया जायेगा।

आपसे अनुरोध है कि कृपया दिये गये दिशा–निर्देशों की प्रति समस्त जनपदीय ए0सी0एम0ओ0 / कार्यक्रम अधिकारियों, जिला स्तरीय चिकित्सालय, जो कि मेडिकल कॉलेज में परिवर्तित हो चुके हैं अथवा परिवर्तित किये जा रहें हैं, जनपदीय चिकित्सालयों के एस0आई0सी0 / सी0एम0एस0 व सी0एच0सी0 एवं पी0एच0सी0 के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को उपलब्ध करा दें तथा दिये गये निर्देशों का पालन कराना सुनिश्चित करें, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभावना न रहे एवं योजनाओं को ससमय निर्धारित मानकानुसार प्रत्येक स्तर पर संचालित किया जा सके। आवंटित धनराशि का व्यय एन0एच0एम0 की ऑपरेशनल गाइडलाइन्स फॉर फाइनेन्शियल मैनेजमेंट के अनुसार किया जाये तथा यह सुनिश्चित किया जाये कि योजनाओं / गतिविधियों हेतु जनपदवार, मदवार स्वीकृत धनराशि की सीमा तक ही व्यय हो। किसी भी दशा में उपलब्ध कराई गयी धनराशि का व्यय अन्य किसी मद में न किया जाये। यदि किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता पाई जाती है तो आप व्यक्तिगत रुप से उत्तरदायी होंगे।

***संलग्नक – यथोक्त।***

भवदीया

**(डॉ0 पिंकी जोवल)**
मिशन निदेशक

**पत्र संख्या – एस0पी0एम0यू0 / नियोजन / 17 / 2024–25 /** 4386-2(15) **तद्दिनांक**
**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –**

1. अपर सचिव एवं मिशन निदेशक (एन0एच0एम0), भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली।
2. प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
3. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4. महानिदेशक, परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
5. महानिदेशक, प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
6. सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
7. अधिशासी निदेशक, सिफ्सा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
8. अधिशासी निदेशक, यू0पी0–टी0एस0यू0, लखनऊ।
9. प्रबन्ध निदेशक–यू0पी0एम0एस0सी0एल, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
10. निदेशक, राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, इंदिरा नगर, लखनऊ।
11. समस्त मंडलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
12. समस्त मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश।
13. समस्त महाप्रबन्धक / उपमहाप्रबन्धक / प्रभारी मुख्य अभियन्ता, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश।
14. वित्त नियंत्रक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश।
15. समस्त मण्डलीय / जनपदीय कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, उत्तर प्रदेश।

07/10/24
**(डॉ0 पिंकी जोवल)**
मिशन निदेशक